અસિત શાહ : અત્યાગ્રહમાં પણ એ જ વાત છે. શ્રીમહાપ્રભુજી એને સેવા છોડવાનું કહી રહ્યા છે. એ તો અત્યાગ્રહ કાયમ રાખીને પણ સેવા કરી શકે છે. પણ એમ કરવાથી ભક્તિ સાઈડટ્રેક થઈ જશે અને એનો અહંકાર વધતો જશે જે શ્રીમહાપ્રભુજીને અનભિપ્રેત છે. એટલે આપ આજ્ઞા કરે છે કે સેવા છોડો. પણ ત્યાં પ્રતિબન્ધ નથી.

પરેશ શાહ : મને એમ લાગે છે કે દોષ અને બાધક માં કંઈક ભેદ છે. ઉદ્વેગ, પ્રતિબન્ધ અને ભોગ ને હું દોષ નથી માનતો બાધક માનું છું. બાધકના સાધનનો પરિત્યાગ છે અને દોષમાં અપરાધ છે. જેમ હૃદમાં જલ પડે તો પીવા લાયક રહેતું નથી એમ અહીં દોષરૂપ ગણવું જોઈએ. દોષ હોય તો સેવા ન કરવી.

અસિત શાહ : અત્યાગ્રહ એ આપણી ગર્હિત મનોવૃત્તિ છે. પણ અશક્તિ એવી વસ્તુ નથી. માણસ પોતે તો એવું વિચારતો હોય કે મારામાં એવી શક્તિ હોય કે હું સેવા કરી શકું. પણ વાર્ધક્ય આદિ કારણે તે એવું ન કરી શકે. તો દોષ એ શારીરિક અશક્તિ છે. એ દોષ કંઈ ગર્હિત દોષ નથી.

હિતેન્દ્ર શાહ : જેજે એ શરુઆતમાં પ્રતિબન્ધ અને અપરાધ એમ બે વાત બતાવી. પ્રતિબન્ધ એવી વસ્તુ છે કે જેનું નિવારણ થઈ શકે. અને દોષ એવી વસ્તુ છે કે જે અપરાધને કારણે તમારે શ્રીમહાપ્રભુજીની આજ્ઞા "सेवा त्यक्तव्या" શિરોધાર્ય કરવી તે સિવાય બીજો કોઈ પર્યાય જ

નથી. તેથી દોષને એમણે અપરાધ ગણ્યો હોય એવું લાગે છે કે જ્યાંથી પાછા વળવું ડિફિકલ્ટ છે. તેથી આવામાં સાવા છોડ્યા સિવાય છૂટકો નથી. એવું મને લાગે છે.

गो. श्या. म. : ''गृहस्थानामपि पूजायां पञ्चदोषसम्भवे ...पूजा त्यक्तव्या''. असितने ये बात कही वो सच है के अशक्ति इतनो गर्हित दोष नहीं है. विक्षेप, अशक्ति, प्रतिबन्ध, अत्याग्रह या परपीडा होवे. जा व्यक्तिकुं कोई भी कारणसुं अपने धर्ममें निष्ठा है. ...जैसे एक प्रसिद्ध वचन है ''न जातु कामान् न भयान् न लोभाद् धर्म त्यजेत् जीवितस्यापि हेतोः''. काममें, भयमें, लोभमें और यहां तक के मरते हो तो मर जाओ पर धर्म मत छोड़ो. तो एक ओर धर्मकेलिये इतनो आग्रह है. ये उचित भी है. इनको सन्दर्भ अपनकुं विचारनो चहिये. पर साथ-साथ अपनी एक नीति है के अपन जो सेवा-भक्ति कर रहे हैं वाकुं धर्म नहीं मान रहे हैं ऐसो नहीं है. ''स्वस्यायमेव धर्मो हि'' धर्मतो निश्चित मान रहे हैं. पर श्रीमहाप्रभुजी आज्ञा करे हैं के सेवाधर्मको आचरण भी अपनकुं धर्मनिष्ठासुं नहीं करके धर्मिनिष्ठासुं करनो चहिये. दो अतिवाद हैं. धर्मिनिष्ठाके कारण धर्मको अनाग्रह या धर्मको त्याग ये एक अतिवाद है. और धर्मको अत्याग्रह, ऐसो अत्याग्रह के **''भगवन्तमेव न स्मरति''**. ये धर्मिनिष्ठाके त्याग पूर्वक कियो जातो धर्माचरण है. ऐसो धर्माचरण करे हैं तो धर्मकी दृष्टिसुं वो शायद उत्तम बात हो सके है पर जहां भक्तिको प्रश्न है वहां श्रीमहाप्रभुजी बिदक जायेंगे. ये गड़बड़ हो गयी. क्योंके ऐसो धर्माग्रह जो अपनने ''कृष्णएव तात्पर्यम्'' विषय लियो हतो के कृष्णमें तात्पर्यसुं सेवा करी भी जा सके है और छोड़ी भी जा सके है. वो धर्मिनिष्ठाकी बात हती. श्रीहरिरायजीने भी 'पुष्टिमार्गलक्षणानि'में या बातपे भार दियो है के अपनो सारो आचरण धर्मिनिष्ठासुं है. **''स्वरूपमात्रपरता तात्पर्यज्ञानपूर्वकम्, धर्मनिष्ठा यत्र नैव पुष्टिमार्गः स कथ्यते''**. वार्तामें देखें तो धर्मिनिष्ठासुं किये गये अधर्माचरणकी भी कोई तरहसुं प्रशंसा करदी गयी है.

''भगवद्रूपसेवार्थम्''में सेवामें धर्म है और भगवद्रूपमें धर्मी है. यासुं धर्मी + धर्म ऐसे आ रह्यो है. अब पकड़नो इन दोनोनकुं एकसाथ है. पर दोनोंकुं साथ पकड़ते भये भी अपनी निष्ठा धर्मीमें

होनी चहिये. ये करीब-करीब ऐसी ही स्थिति है के जब विवाहमें हस्तमिलाप होवे है तब वो अङ्गनिष्ठासुं नहीं होके अङ्गीनिष्ठासुं होवे है. विवाह अङ्गनिष्ठासुं भी हो सके है. हाथ ही तो पकड्यो है! हाथ छोड़ दियो : तलाक तलाक तलाक. बस छुट्टी. अपने यहां अङ्ग या धर्मनिष्ठासुं धर्माचरण नहीं है, धर्मिनिष्ठासुं धर्माचरण है. जब धर्मिनिष्ठासुं अपन धर्माचरण कर हे हैं तब जहां धर्मिको स्वरूप विकृत होतो होवे, अनादर होतो होवे तो वहां सेवा अधर्मरूप बन जावे है. ये अपनो तात्पर्य है.

या सन्दर्भसुं परपीडाकुं सोचें तो मैं सेवा करतो होऊं वाके कारण मेरे परिवारको कोई व्यक्ति दुःखी होतो होवे तो वामें मेरो क्या गयो? पर श्रीमहाप्रभुजी स्पष्ट हैं के या तो तुम वा व्यक्तिकुं सेवामें पार्टी मत बनाओ. और यदि वाकुं पार्टी बनाते हो तो वाके आनुकूल्यको विचार करके बनाओ. वो भी तुम नहीं कर सको तो फिर तुम्हारे अंदर इतनी हिम्मत होनी चहिये के तुम वाको त्याग कर सको. पर उनकुं दुःखी रखके सेवा करनी वामें धर्मीको स्वरूप अपनने विकृत सोच्यो है के अपनो सेव्य शनीकी तरह तेलको दान मांग रह्यो है. वाकुं देनो ही पड़ेगो दशा लगी है करके. ऐसे ठाकुरजीकी अपनकुं दशा नहीं लगी है. अपनो धर्मी आनन्दस्वरूप है, सुखरूप है, क्लेशासहिष्णु है, कृपालु है. वाके स्वरूपको अपन या तो अस्वीकार कर रहे हैं या अभावन कर रहे हैं. या विचारके कारण यहां प्रतिबन्धकता है.

अशक्तिमें अपन सेवा कर रहे हैं तो कितनी बड़ी बात है. पर ऐसेमें अपन कहीं प्रभुके स्वरूपकी कठोरताको तो भावन नहीं कर रहे हैं!

यासुं इन पांच दोषनमें अपने नेचरमें कोई गलती नहीं है. क्योंके धर्ममें है तो वामें अपनी इतनी निष्ठा तो होनी ही चहिये के ''न जातु कामान् न भयान् न लोभाद् धर्म त्यजेत् जीवितस्यापि हेतोः''. पर यदि अपनो आग्रह अपन वा एक्सटेंट् तक कर हे हैं के धर्मी खुद कैंसल् हो रह्यो होवे तो ये बात ऐसे बरघोडा जैसी हो जायेगी के बरराजा घोडापेसुं गिर गयो है और बराती वासुं बेखबर होके नाचनेमें मस्त हैं. क्योंके नाचनो ही धर्म है. या स्थितिमें मोकुं

लगे है के ये पांच प्रतिबन्धमें प्रसक्त हो जायेंगे.

यामें देखनेवालेकेलिये सीन् कुछ ओर होयगो, भक्तकेलिये कुछ ओर और प्रभुकेलिये कुछ ओर सीन् होयगो. देखनेवालो ऐसो आग्रह कर सके है के ये अशक्तिमें सेवा कर रहे हैं या अत्याग्रहसुं सेवा कर रहे हैं या विक्षेपकेसाथ सेवा कर रहे हैं. यामें निर्णय ले पानो मुश्किल है. अपन कोईके ऊपर इनकुं लेके आरोप नहीं लगा सके हैं के कौन कैसे सेवा कर रह्यो है. अन्तरात्मा ही यामें प्रमाण हो सके है. पर फिर भी हर सेवाकर्ताकुं इतनी सावधानी बरतनी चहिये के श्रीमहाप्रभुजी जब सेवाकी आज्ञा या तरहसुं कर रहे हैं ... और यहां एक बात खास ध्यानमें रखनेकी है के न जाने क्यों यहां श्रीमहाप्रभुजीने 'सेवा'के बजाये 'पूजा' शब्द वापर दियो है! 'पूजा' यद्यपि 'सेवा' को पर्याय है पर मोकुं नहीं लगे है के यहां पर्याय होनेके कारण 'पूजा' शब्द वापर्यो है. सेवा अपन अपने बच्चाकी भी कर सके हैं, पत्नीकी भी कर सके हैं. और आगे जानो होवे तो अपन अपने पालतु घोड़ा, चिड़िया, बिल्ली, कुत्ता की भी सेवा करे ही हैं. पर उनमें सेवाकर्ताकुं पूज्यभाव नहीं होवे है. पूज्यभाव को मतलब है माहात्म्यज्ञानके सहित सेवा करनी जो भक्तिको एक अङ्ग है. अपने प्रभुको जो भक्तिमार्गीय माहात्म्य वर्णित कियो है वाकुं भूलके यदि अपन कुछ आचरण कर रहे हैं तो फिर प्रभुकी पूजा नहीं हो रही है, अपूजा हो रही है. या अर्थमें श्रीमहाप्रभुजीने 'पूजा' शब्द वापर्यो होनो चहिये. ऐसो मोकुं लगे है.

द्वितीयदिवसीय उपक्रम

गोस्वामी श्रीश्याम मनोहरजी

सेवा, भक्ति और प्रपत्ति में प्रतिबन्धके विचारके अन्तर्गत कल अपनने अज्ञान, चिन्ता, भोग और अत्याग्रह इन चार तरहके प्रतिबन्धपे लिखे आलेखन्पे विचार कियो. एक बात फिरसु आपके ध्यानपे लानो चाहूंगो के प्रतिबन्ध और अपराध के भेद कल अपनने देखे उनके अन्तर्गत फिर चाहे अज्ञान होवे, चिन्ता होवे, भोग होवे, चाहे अत्याग्रह होवे या आगे आनेवाले दूसरे भी प्रकार होवें उन सबके ये दो रूप तो निरन्तर होते जायेंगे. कल याकी चर्चाको अवकाश नहीं रह्यो हतो.

जब इनके प्रतिबन्ध और अपराध ऐसे दो रूप बने हैं तब ध्यान देनेकी बात ये है के प्रतिबन्धमें जब अपनो कर्तृत्व प्रकट होवे है तो वो अपराधको रूप ले लेवे है. और जिन प्रतिबन्धनमें कर्तृत्व प्रकट नहीं होवे है तो वो फिर अपराध भी क्यों न होवे, गाममें लोग वाकु अपराध कहते होंगे, पर टेक्निकली वो अपराध नहीं है, केवल प्रतिबन्ध है. ये बात साफ-साफ समझ रखनी चहिये. वाके निकष ध्यानमें रखने चहिये. अपनी सिस्टम्के तहत एक बात आपके ध्यानपे लानो चाहूंगो.

प्रतिबन्ध यदि स्वभावकृत है. मतलब, जैसे श्रीमहाप्रभुजी आज्ञा करे हैं : **"जीवाः स्वभावतो दुष्टाः"**. स्वभावतः दुष्ट होनो जीवको स्वकृत दोष नहीं है. वो तो वाको स्वभाव जैसो बनायो गयो है वामें दोष प्रकट हो रह्यो है. यदि स्वकृत दोषन्के कारण दुष्ट होतो तो "स्वभावतो दुष्टाः" नहीं कहके "जीवाः स्वकर्मतो दुष्टाः" कह्यो होतो. बात सीधी लगे है पर अपने धर्मकी खासीयत यामें रही भयी है.

वाकु समझो. आदमने फल खायो जाकी वाकु मनाई हती. ईश्वरकी आज्ञाके उल्लंघनके कारण वाको अधःपतन भयो. बायबल्के अनुसार अपन वा आदमकी सन्तानें हैं. आदमने ईश्वरसुं बहस करी है के तेनें मोकु जो जीवनसाथी दियो वाके आग्रहसुं मैंने फल खायो हतो. मेरी इच्छासुं मैंने फल नहीं खायो हतो. आदम ये कहनो चाह रह्यो हतो के फल खानो दोष हो सके है पर अपराध नहीं है. जब यहवाने ईवकु पूछी तो वाने कही के मोकु शैतानने उकसायो हतो के जो आपको फरिश्ता है. ईव भी अपनी रिस्पोन्सिबिलिटी

ट्रान्फर् कर रही है के मैने अपने बनते नहीं खायो है. यहवाने फरिस्ताकुं पूछी . उनके यहां फरिश्ता ऐसे हैं जैसे अपने यहां नारद, सप्तर्षि हैं. फरिस्ताने कही के तुमने याके पैर छूनेकी कही तो मैं याकी परीक्षा लेनो चाहतो हतो के ये वाके लायक है के नहीं! मैने तो याकी परीक्षा ली हती. अब याने फल खा लियो तो वामें मैं क्या करूं! तो यहवा फरिस्ताके ऊपर भी नाराज़ हो गयो. यहवाने कही के *यू विल् बी ट्रीटेड एज़ अ डार्क फोर्सिस्*. अब परिस्थिति बहोत उलझ गयी है के यामें आखिर जिम्मेदार कौन है! कहांसु आखिर ये अपराध पैदा भयो है! मुसलमाननमें ऐसे कह्यो जाय है : "ज़िन्दगी क्या है गुनहा ए आदम, ज़िन्दगी है तो गुनहगार हूं मैं". आदम और हौवा नहीं होवें तो अपन हो नहीं सके हैं. और उनकु श्राप भगवानने ये दियो के तुम ही नहीं तुम्हारी सारी सन्तति भी गुनहगार कही जायेंगी. अमने कोई अपराध नहीं कियो होवे, बस मांके पेटसुं जन्मे हैं. ये भी अपराध है बायबल्के अनुसार. अपराध अपनकु परम्परामें मिल रह्यो है. बात कहां जा रही है वापे ध्यान दो. अपने यहां आदमीकी उत्पत्तिमें ओरिजिनल् सिन् जैसी अपराधकी कोई धरणा नहीं है. अपने यहां क्या है? "पराभिध्यानात्तु तिरोहितं ततो ह्यस्य बन्ध-विपर्ययौ". अपने यहां उत्पत्तिमें अपराध नहीं है. पर एतावता प्रतिबन्ध नहीं है ऐसे तो नहीं कह सकेंगे. अपनेमें जो आनन्दको तिरोभाव भयो है, वाके कारण जो ऐश्वर्यादिको तिरोभाव भयो और वाके कारण जो अध्यासें पैदा भये हैं वो सब तो अपने यहां भी प्रतिबन्धक हैं ही. पर वाके बावजूद क्योंके वामें अपनो कर्तृत्व जुड़ नहीं रह्यो है करके अपन याकु अपराध नहीं मानें हैं.

कर्तृत्वके जुड़नेकी पहली शर्त ज्ञान-इच्छा-प्रयत्न है. जिन प्रतिबन्धनकु अपन अपने ज्ञान, इच्छा और प्रयत्न सुं उत्पन्न करें हैं वहां कर्तृत्व प्रकट होवे है. याके कारण वहां अपनो अपराध भी प्रकट होवे है. वहां केवल प्रतिबन्ध नहीं रहे है. याकी डेलिकेट् सिच्युएशन्पे ध्यान दो के कोई काममें अपनी इच्छा और प्रयत्न है पर ज्ञान नहीं है के या कार्यको परिणाम क्या होयगो, याको स्वरूप क्या है, याकु करनेके अपन अधिकारी हैं के नहीं हैं. जब अपनकु ज्ञान नहीं है और इच्छा-प्रयत्नसुं कोई कार्य अपनने कर दियो तो फिर अपन अपराधी नहीं हैं. जैसे मेने कोई फल मेरी इच्छासु खायो. मोकु ये ज्ञान नहीं है के वो दोषजनक है या गुणजनक. वो फल जहरीलो हतो. मैने वो खायो और मैं मर गयो. क्या मोकु आत्महत्याको पाप लगेगो? नहीं लगेगो. क्योंके मैने आत्महत्या करनेकेलिये फल नहीं खायो हतो.

अब इच्छाकु लो. कोई अपनसु अपनी इच्छाके विरुद्ध जबरदस्ती काम करवा रह्यो है. अपन जान रहे हैं के अपनेसु जो करवायो जा रह्यो है वो अपराध है. पर अपन विवश हैं. अब क्या होयगो? "**सर्वान् बलकृतान् अर्थान् अकृतान् मनुरब्रवीत्**". बलकृत कार्य अकृतवत् माने जायेंगे. फिर अपनो कर्तृत्व नदारद हो गयो.

मानो के ज्ञान और इच्छा दोनों है. पर अपनने अभी तक अपने ज्ञान और इच्छा के अनुरूप कोई प्रयत्न नहीं कियो है. समझो के घरको कोई वृद्ध व्यक्ति दारुण रुग्णावस्थामें तड़प रह्यो है. प्रायः लोग ऐसेमें इच्छा करते होवे हैं के मरे तो अच्छो, बिचारो बहोत तकलीफ पा रह्यो है. अब देखो, ज्ञान और इच्छा दोनों है पर जब तक अपन वाकु मारनेकी क्रिया नहीं करेंगे तब तक अपनकु वधको अपराध नहीं लगेगो. ऐसी इच्छा होनो बुरी बात है. पर क्योंके अपनो कर्तृत्व प्रकट नहीं भयो यासु अपराध नहीं मान्यो जायेगो. कोई ऐसो आक्षेप कर सके है के तुमकुं जाननो चहितो हतो के मरनेके बजाये ये बच कैसे सके. पर जाननेको उपाय आदमी तब कर सके है के जब वो जानतो होवे. जाननेकी सब सामग्री अपने अधीन तो है नहीं. तो अज्ञान भी कोई स्थितिमें प्रतिबन्ध है और कोई स्थितिमें अपराध भी हो सके है. अज्ञान अपराध वा स्थितिमें हो सके है के जामें अपनकु ये पता है के अज्ञान बुरी बात है, अपन ये चाह रहे हैं के अज्ञानसुं ही हमारो सब स्वार्थ सिद्ध होयगो. अपन प्रयत्न भी ऐसे ही कर रहे हैं के कोई भी तरहसुं ज्ञान प्रकट नहीं हो जाये. ऐसेमें अज्ञान भी अपराध है. वरना अज्ञान अपराध नहीं होके केवल प्रतिबन्ध है. ये बात जैसे अज्ञानपे लागू होयगी ऐसे ही चिन्तापे भी लागू होयगी, भोगपे भी लागू होयगी, अत्याग्रहपे भी लागू होयगी और ऐसे ही आगे आनेवाले कई तरहके विषयनपे लागू होयगी. ये बात या सन्दर्भमें समझ लेनी चहिये.

दूसरो विषय मैं आपकु प्रस्तुत चर्चागोष्ठीसुं सम्बन्धित नहीं है पर जनरल् पॉलिसीके तहत बता रह्यो हूं क्योंके अज्ञानको प्रश्न आयो हतो वा लिये. सामान्यतया कोई भी मत, फिर वो धार्मिक होवे, दार्शनिक होव, चिकित्सा संगीत या कला शास्त्रीय मत होवे, यदि कोई सिस्टम् ऑफ् थोट् है, बहोत सारे प्रपोज़िशन्सकी, तो वामें तीन व्यूह होवे हैं. प्रथम व्यूह **पदार्थविभाजन** माने केटेगरीज़ होवे हैं. दूसरो व्यूह उन पदार्थविभाजन **प्रतिपादन** होवे हैं. बहारके दर्शनमें सामान्यतया प्रतिपादन लक्षण-प्रमाणसुं होवे है. अपने यहां वाके स्थानपे शास्त्रवचन प्रतिपादक होवे हैं. अपन यहां

वाल्लभसिद्धान्तकी बात कर रहे हैं यासु आचार्यवचन प्रतिपादक माने जायेंगे. और इन दोके बीचमें एक प्रक्रिया होवे है. प्रक्रिया ये बतावे है के पदार्थनको समायोजन कैसे है, स्ट्रक्चर् कैसो है, उनकी परम्परा क्या है. दूसरी बात प्रक्रिया ये समझावे है के प्रतिपादक वचननको समायोजन कैसे करनो. उनमें भी हेयरार्की होवे है. जैसे श्रीमहाप्रभुजीने विविदिषादशाकी हेयरार्की बताई के **''वेदाः श्रीकृष्णवाक्यानि व्याससूत्राणि चैव हि, समाधिभाषाव्यासस्य प्रमाणं तच्चतुष्टयम्, उत्तरं पूर्वसन्देहवारकं परिकीर्तितम्, अविरुद्धन्तु यत्त्वस्य प्रमाणं तच्च नान्यथा''**. ये प्रक्रिया है. प्रमाणचतुष्टय है ये एक स्टेट्मेंट् है, प्रक्रियाकी बात नहीं है. पर इनकी प्रक्रिया पाछी ओर है. प्रक्रिया श्रीमहाप्रभुजीने बताई है : **''उत्तरं पूर्वसन्देहवारकं परिकीर्तितम्, अविरुद्धन्तु यत्त्वस्य प्रमाणं तच्च नान्यथा''**. प्रक्रिया जैसे पदार्थविभाजनकी होवे है ऐसे प्रतिपादक वचननकी भी प्रक्रिया प्रायः सभी व्यवस्थित सिस्टममें होवे है. प्रमाणकी प्रक्रियाको निरूपण श्रीमहाप्रभुजीने अनेकत्र कई तरहसुं कियो है. उनकुं अपन संकलित करें तो कई भ्रान्तियें दूर हो सके हैं. प्रक्रिया नहीं जाननेके कारण लोगनमें ऐसी बेवकूफी भरी भ्रान्ति फैल गई के श्रीमहाप्रभुजी चार प्रस्थान मानें हैं. अपने यहां प्रस्थानचतुष्टय है ही नहीं. ऐसे ही पदार्थविभाजनको ज्ञान होवे पर वाकी प्रक्रियाको ज्ञान नहीं होवे तो भी अनर्थ होवे है. यासु अपनकु केटेगरीज़ कितनी हैं वाको भी ज्ञान होनो चहिये और साथ-साथ उनको समायोजन कहां-कैसे हो रह्यो है वाको ज्ञान भी अपनकु होनो चहिये. ऐसे जब अपनकुं पदार्थविभाजन, प्रमाण और दोनोंको समायोजन कैसे होवे है या प्रक्रियाको भी सम्यक् ज्ञान होवे तो निर्णय व्यवस्थित हो सके. याही लिये अपने यहां लालूभट्टजीने 'प्रमेयरत्नार्णव' प्रक्रियाग्रन्थ लिख्यो. मूलमें श्रीमहाप्रभुजीने सर्वनिर्णयनिबन्ध प्रक्रियाग्रन्थके रूपमें ही लिख्यो हतो, पदार्थविभाजनके तहत नहीं लिख्यो हतो. प्रक्रियाको प्रौढतासुं निरूपण प्रस्थानरत्नाकरमें भयो है. अपन वो नहीं जानें तो क्या होवे वाको उदाहरण समझो. ''चेतस्तत्श्रवणं सेवा'' कहते भये श्रीमहाप्रभुजीकुं अचानक ''मायिकं सगुणं कार्यं स्वतन्त्रं'' ऐसे अन्यान्य मतनकी बात कहांसुं सूझी! ऐसो विचार अपनकु तब आवे के जब अपन प्रक्रिया नहीं जानते होवें. श्रीमहाप्रभुजी सेवाकु समझाते भये सेवक, सेव्य, सेवा, सेवास्थल सब कछु समझा रहे हैं. वाके तहत अन्य मतकी भी बात आयी है. ये प्रक्रिया है. ऐसे ही कोईकु ऐसो भी समझमें आ सके है के ''मुरारिपुश्च सन्तुष्यति'' कहते-कहते बालबोधमें

श्रीमहाप्रभुजी ''तदाश्रय-तदीयत्वबुद्ध्या किञ्चित् समाचरेत्'' आज्ञा कर रहे हैं यासु शिवको आश्रय और शिवकी तदीयता ही करनी चहिये. ऐसी अबुद्धि क्यों होवे है? या तो अपनकु पदार्थविभाजन पता नहीं है या वाकी प्रक्रिया पता नहीं है. वो पता है तो प्रमाणनको समायोजन कैसे करनो वो पता नहीं है. यासु अपनकुं अपनेमें ऐसी कुशलता जगानी चहिये के कोई भी विषयको प्रतिपादन करते वख्त पदार्थविभाजन, वाको प्रतिपादन और वाकी प्रक्रिया इन तीनों व्यूहनकुं साथ लेते भये चलें.

भगवत्सेवामें प्रतिबन्ध

(शिक्षापत्रमें मिलते उपदेशोंके प्रकाशमें)

जयलक्ष्मी अनुपम तैलंग

उपक्रम :

श्रीमदाचार्यचरणको शतशः नमन वह उनकी कृपादृष्टिके विश्वासके साथ मैं यहां यह आलेख जो प्रस्तुत करने जा रही हूं उसका विषय है सेवामें प्रतिबन्ध (शिक्षापत्रमें मिलते उपदेशोंके प्रकाश में) सेवामें प्रतिबन्धका उल्लेख करते वक्त मैंने श्रीमदाचार्यचरणके ग्रन्थोंके अथाह सागरमेंसे 'सिद्धान्तमुक्तावली' 'सिद्धान्तरहस्य' 'भक्तिवर्धिनी' 'नवरत्न' 'सेवाफल' और 'साधनप्रकरण' रूपी मुक्ताओंको चुना है. साथ ही आपके वचनोंको उद्धृत करते हुए श्रीहरिरायजीके 'शिक्षापत्र' ग्रन्थका अवलम्बन ले कर प्रतिपाद्य विषयके स्पष्टीकरणका प्रयास किया है. शिक्षापत्रके अवलम्बन लेनेका हेतु है यही है कि यह ग्रन्थ हमारे सम्प्रदायका एक ऐसा दस्तावेज है कि जिसके कारण साधारणतया हम सभी अनुगामी जन श्रीमहाप्रभुजीके पुष्टिमार्गीय साधनाचरण सम्बन्धी सिद्धान्तोंकी अनमोल विरासतके उत्तराधिकारी बनते चले आये हैं. अतः शिक्षापत्र सुविज्ञ लोगोंसे ले कर सामान्य अनुगामी तकके लिए सुगम होनेसे इसका आधार ले कर उपपादन करने पर विषय सर्वग्राही बन पायेगा. साथ ही श्रीहरिरायजी ने ये ४१ पत्र अपने अनुज श्रीगोपेश्वरजीकी भगवत्सेवामें प्रतिबन्ध उत्पन्न होनेकी सम्भावनाको देखते हुए ही प्रकट किये थे; अतः ये मुझे अपने विषयके सबसे अधिक सहायक व समीप भी प्रतीत हुए.

पुष्टिमार्गमें सेव्य भगवत्स्वरूप और उनकी पुष्टिसेवा :

वेदोंमें प्रतिपादित अनादि अनन्त अजन्मा ब्रह्म फिर भी यशोदोत्संगलालित, अर्जुनको अपनी विराटता दिखला कर हतप्रभ करनेवाल किन्तु मां यशोदाके वात्सल्यके समक्ष पराजित हो उखलसे बांधे जाने पर रोने-मचलनेवाला, वैसे विश्ववन्द्य किन्तु ब्रजकी निकुंजोंमें राधाके पदकमलोंमें पलौटनेवाला वह विरुद्धधर्माश्रय कृष्ण अपनी रति-मति-गतिका अवलम्बन

तब ही बन सकता है जब हम उसे अपनी जीवनप्रणालीके तरसे सेवाकी दृढ़ रज्जुसे बांध पायें.

पुष्टिमार्गमें सेवा ही वह साधन है जो पल-पल अपनी क्रीडाके हेतु निर्मित इस सृष्टिके रंग बदलनेवाले नटखट नन्दकिशोरको अपने घरके पालनेमें चुपचाप लेट कर झुलनेको विवश कर सकती है, जिसका साक्ष्य सूरदासजीका यह पद है : *''यशोदा हरि पालने झुलावे हुलरावे दुलरावे, मेरे लालको आओ री निंदरिया जोइ सोइ कछु गावे''.*

श्रीमहाप्रभु द्वारा निर्देशित तनुवित्तजा और मानसी सेवाके प्रशस्त पथ पर यदि हम सच्चे सनेह, सर्वस्व-समर्पण और अटूट निष्ठाके आकाशदीपके सहारे आगे बढ़ें तो पुष्टिप्रभु हमसे दूर नहीं. आवश्यकता केवल सेवाकी आज्ञाको बुद्धि और हृदयके दोनों करोंमें दृढ़तासे थामें रहनेकी है.

वल्लभवाणीके अनुसार सेवाका आशय :

तो आईये इस सेवापथ पर अग्रसर होनेसे पूर्व आचार्यचरणाभिप्रेत 'सेवा' शब्दका आशय समझ लें सेवाको परिभाषित करते हुए वे यह आज्ञा करते हैं कि **''चेतस्तत्प्रवणं सेवा तत्सिद्ध्यै तनुवित्तजा''** (सिद्धा.मुक्ता.२) अर्थात् चित्तका श्रीहरिमें रम जाना ही सेवा है. और सेवाकी इस परम उच्चकक्षाके प्राप्तिपथमें तनुवित्तजा दिशासूचक पट्ट है. तनु-वित्तके परस्पर संयुक्त विनियोग द्वारा ही अपनी अहन्ता-ममता समर्पित और परिष्कृत कर ही जीव मानसीकी कक्षा तक पहुंच सकता है. प्रभुके प्रति सनेहके बीजभावको अंकुरित करना हो तो सेवाके नीर द्वारा सतत सींचन आवश्यक है. और इसी बातको समझाते हुए कहा गया है कि **''बीजदार्ढ्यप्रकारस्तु गृहे स्थित्वा स्वधर्मतः अव्यावृत्तो भजेत् कृष्णं भजेत् कृष्णं पूजया श्रवणादिभिः''** (भ.व.३). स्वधर्माचरणपूर्वक घरमें रह कर भगवत्सेवाके प्रतिकूल उद्योगोंको त्याग कर पूजा और श्रवण आदिसे श्रीकृष्णका भजन करना ही इस बीजभावकी दृढ़ताका उपाय है. सेवाके साथ-साथ सेव्यके प्रति सेवकके बरतावके विषयमें भी अपेक्षित सावधानीके उपदेश **''सेवकानां यथा लोके व्यवहारः प्रसिध्यति तथा कार्यं समर्प्यैव सर्वेषां ब्रह्मता ततः''** (सिद्धा.रह.७)में यह समझाया गया है कि लोकमें जैसे एक सेवक अपने

स्वामीके साथ जैसे विनयपूर्वक बरतता है वैसे ही अपने सेव्यप्रभुके प्रति दैन्यभावके साथ सेवामें तत्पर रहना चाहिए.

सेवाके पथको कंटीले बनाते प्रतिबन्ध :

इन आचार्याज्ञाओंको आत्मसात् कर आगे बढ़नेवालोंकेलिए भी सेवाका पथ इतना सहज या सरल नहीं है. यहां पद-पद पर विभिन्न प्रतिबन्धोंके कण्टक सेवापथके पथिकके चरणोंको लहुलुहान करने मुंहबांये खड़े हैं. भगवत्सेवाके अनुष्ठानमें तीन प्रमुख प्रतिबन्ध ये गिनाये गये हैं : ''**[1]उद्वेगः [2]प्रतिबन्धो वा [3]भोगो वा स्यात्तु बाधकः**'' (से.फ.२) अर्थात् उद्वेग प्रतिबन्ध और भोग ये तीनों सेवामें बाधक माने गये हैं. अतएव श्रीहरिरायजी भी ''**उद्वेगः प्रतिबन्धो वा भोगश्चापि प्रजायते, प्रतिबन्धसेवनं तैः प्रत्याशा का फलस्य हि?**'' (शि.प.२७।१६-१७) इस वचनमें इन तीनोंकी भगवत्सेवामें बाधकता प्रतिपादित करते हैं.

[1]**उद्वेग :** यह हमारे मनमें चाहे स्वयंकृत हो या प्रभुकृत, दोनोंके ही कारण भगवत्सेवामें चित्त प्रवण रह नहीं पाता. इसलिए श्रीमहाप्रभुजी आज्ञा कर रहे हैं ''**चित्तोद्वेगं विधायापि हरिः यद्यत् करिष्यति तथैव तस्य लीलेति मत्वा चिन्तां द्रुतं त्यजेद्**'' (न.र.८) अर्थात् जीव ही नहीं प्रभु भी चित्तमें कभी उद्वेग प्रकट करते हों तो भी चिन्ताका त्याग शीघ्र कर देना उचित है.

[3]**भोग :** भोग भी दो तरहके दिखलाये हैं ''**भोगेऽप्येकं तथाऽपरं निष्प्रत्यूहं महान् भोगः प्रथमें विशते सदा, सविघ्नोऽल्पो घातकः स्याद्**'' (से.फ.४-५) एक लौकिक एवं दूसरा अलौकिक. इनमें लौकिक भोग अल्प तथा अनेक विघ्नोंके साथ जुड़ा होनेसे त्याज्य होता है किन्तु अलौकिक भोग तो अलौकिकसामर्थ्यरूप फलके अन्तर्गत माना गया है.

[2]**प्रतिबन्ध :** प्रतिबन्ध भी दो तरहके होते हैं ''**प्रतिबन्धोऽपि द्विविधः, साधारणो भगवत्कृतश्च. तत्र आद्यो बुद्ध्या त्याज्यः, भगवत्कृतः चेत् प्रतिबन्धः तदा भगवान् फलं न दास्यति इति मन्तव्यम्, तदा ज्ञानमार्गेण स्थातव्यं शोकाभावाय इति विवेकः**'' (से.फ.वि.४) अर्थात् प्रतिबन्धके दो प्रकारोंमें एक साधारण होता है और दूसरा भगवत्कृत. इनमें साधारण प्रतिबन्ध

लौकिक चतुराईके प्रयोग द्वारा दूर किये जा सकते हैं किन्तु भगवत्कृत प्रतिबन्धमें प्रभुकी फल प्रदान करनेकी इच्छा न होनेके कारण अपनी अनधिकारिता समझ लेनी चाहिए. ऐसी परिस्थितिमें भगवत्सेवाकी हठ पकड़नेके बजाय शोक-मोह दूर करनेको ज्ञानमार्गका अवलम्बन श्रेयस्कर होता है.

प्रतिबन्धोंके विविध रूपोंका वर्गीकृत रूप सरलताके साथ समझना हो तो प्रस्तुत सारणीका अवगाहन लाभकारी हो पावेगा :

अर्थात् सेवामें भक्तिरूपा सीताका अपहरण कर उन्हें प्रिय पतिसे विलग करनेवाले रावणके दस मुख जैसे ये प्रतिबन्धक हैं.

[1]असमर्पितोपभोगके त्यागके बारेमें आचार्यचरण ''**असमर्पितवस्तूनां तस्माद् वर्जनमाचरेद्**'' (सि.र.४) आदेश देते हैं. सेवाके प्रथम संकल्पके रूपमें असमर्पितका त्याग आवश्यक है. पुष्टिमार्गीय पद्धतिके अनुसार आचार्यनिवेदित जीवको अपने उपभोगार्थ सम्पादित वस्तुओंको उपभोगसे पूर्व अपने सेव्य प्रभुकी सेवामें अर्पण करना अनिवार्य है. श्रीआचार्यचरणके आदेशको स्पष्ट करते हुए श्रीहरिरायजी आज्ञा करते हैं ''**दुष्टान्नभक्षणं चापि ह्यसमर्पितभक्षणम्... सर्वथा हि भावबाधकः**

इष्यते" (शि.प.९।३३). श्रीगोपेश्वरजी इस श्लोककी व्याख्या करते हुए कहते हैं कि दुष्टपुरुषोंके अन्नका भक्षण, दुष्कर्मसे उपार्जित अन्नका भक्षण; और असमर्पित अन्नका भक्षण ये तीनों ही सर्वथा बाधक हैं. दुष्टान्न कितना विघातक हो सकता है इसके उदाहरण भीष्म पितामह हैं जो सब कुछ जानते हुए भी दुर्योधनके अन्न पर निर्भर होनेके कारण कौरवोंके अन्याय और अधर्मके दुष्पक्षका त्याग कर नहीं पाये.

[२]असत्संग प्रतिबन्धात्मक रावणका दूसरा मुख है. इसी असत्संगके त्यागकी आज्ञा करते हुए श्रीहरिरायजी कहते हैं "**असत्संगस्य च त्यागो भावबाधकता यतो यथा व्याघ्रो बाधकः स्यात् शरीरादेः शरीरिणः**" (शि.प.१४।३). असत्पुरुषोंका संग त्यागना चाहिए क्योंकि इससे भगवद्भाव नष्ट होता है. उदाहरणतया शरीरका भक्षण करनेवाले बाघसे जैसे देहधारी मनुष्य दूर रहता है वैसे ही भगवद्भावके नाशक इस असत्संगरूप बाघसे भक्तको दूर रहना चाहिए. असत्संगकी घातकताको लक्ष्यमें रख कर ही यह कहा गया है कि "**संगः सर्वात्मना त्याज्यः स चेत् त्यक्तुं न शक्यते स सद्भिः सह कर्तव्यः सन्तः संगस्य भेषजम्**" (पं.श्लो.२) अर्थात् सच्चे भगवदीयका संग संसारी भक्तको भगवद्भावयुक्त बनानेकी परम औषधि है. इस सत्संगकी महत्ता और असत्संगके दुष्परिणामसे पूर्णतः परिचित होनेके कारण श्रीकुंभनदासजी ने देशाधिपतिके समक्ष निर्भीक हो कर यह पद गाया *"संतन को सिकरी सों कहा काम? ...बिसर गयो हरिनाम, जिन को देख कुबुद्धि उपजत है तिन को करनो पर्यो प्रणाम"* (८४ वै.वा.८३।३). इसलिए नवरत्नमें श्रीमहाप्रभुजी ने सर्वथा तादृशी जनोंके साथ निवेदनके स्मरणकी आवश्यकता पर बल दिया है. इसी तरह सुबोधिनीमें भी भगवान्के आधिभौतिक दो चरणारविन्दोंमें प्रथम चरण सत्संग और दूसरा चरण भागवत है ऐसी भावना भी समझायी है (द्रष्ट.न.र.२ तथा सुबो.१०।३।३७).

[३]उद्वेग पर जब हम दृष्टिपात करते हैं तब अविवेक, अधैर्य एवं भगवदाश्रयकी शिथिलता यों तीन उद्वेगजनक डरावने मुख नज़र आते हैं. इन तीनों मुखोंसे वैष्णवोंको उद्वेगमुक्त करनेको ही श्रीमहाप्रभुजी ने विवेकधैर्याश्रय ग्रन्थकी रचना की. और इनमें प्रथम उपायरूप विवेककी परिभाषा "पुष्टिमार्गीय विवेक श्रीहरि सब कुछ निजेच्छासे ही करते हैं" (वि.धै.आ.१) दरसायी है.

निजेच्छाका वास्तविक स्वरूप समझाते हुए श्रीहरिरायजी कहते हैं "**अनिष्टमेव सर्वज्ञो बलाद् दूरीकरोति हि इष्टानिष्टविवेको हि जीवबुद्ध्या न जायते**" (शि.प.६।८) अर्थात् हम अपनी अल्पबुद्धिके आधार पर अपने वास्तविक हित या अहित क्या है यह समझ न भी पाते हों परन्तु भगवान् सर्वज्ञ होनेके कारण उसे जानते हैं और अतएव कभी हमारा अहित होने नहीं देंगे. ऐसे भगवदीय विवेकको चार प्रकारसे निभाना होता है : १.प्रार्थनात्याग २.अभिमानत्याग ३.हठत्याग ४.धर्माधर्मका विवेक रखते हुए उनके अविवेकके कारण पैदा हुए आग्रहका त्याग. प्रार्थनात्याग इसलिए आवश्यक है कि जब हमारे हित या अहितका वास्तविक स्वरूप क्या यह जान पाने हम समर्थ ही न हों तो किसी अहितपूर्ण बातमें हमारा हित मान कर भगवान्के सामने प्रार्थना करनेका अविवेक हमें प्रकट नहीं करना चाहिए. दूसरे जिसे अपनी इष्ट उपलब्धि मान कर हम थोथे अभिमानमें रचपच जाते हैं वह हमारे लिए वस्तुतः स्पृहणीय उपलब्धि न हो कर अनिष्टकारी तत्त्व भी हो सकता है. तीसरी हठत्यागकी आवश्यकताके हेतुतया भी यही बात लक्ष्यमें रखने लायक है. कई बार अपने अविवेकके कारण अपने लौकिक वा अलौकिक हितकी भ्रान्तिमें वस्तुतः अहितकारी कर्म या वस्तुकी हठ पकड़ कर हम बैठ जाते हैं. प्रभुसम्बन्धी कार्योंमें भी यदि हठधर्मिता अपनाई जाती है तो कई बार प्रभुको वह परिश्रम देनेका निमित्त बन जाती है. इस प्रसंगमें त्रिपुरदासजीकी वार्ताका उदाहरण विचारा जा सकता है (८४ वै.वा.२३।२). इसी तरह धर्माधर्मके विवेकको निभानेको अविवेकजनित आग्रहको त्याग देनेके आदेशका अभिप्राय यही है कि श्रौत-स्मार्त धर्मोंका आचरण भगवत्सेवाके अनवसरमें सम्पन्न करना चाहिए, भगवत्सेवाको छोड़ कर नहीं.

[४]धैर्यकी परिभाषा दरसाते हुए श्रीआचार्यचरण कहते हैं कि आधिभौतिक आध्यात्मिक तथा आधिदैविक तीनों तरहके दुःखोंको आजीवन सह लेना ही धैर्यकी रीति है (वि.धै.आ.६). श्रीहरिरायजी ने धैर्यधारणकी बात दसवें पत्रमें समझायी है. इसमें विविध प्रकारकी आर्ति=क्लेश प्रदान कर भगवान् कैसे हमारी भक्तिको स्वस्थ रखते हैं यह निरूपण किया गया है. इसके निष्कर्षतया श्रीहरिरायजी कहते हैं "**लौकिकार्तेरगणनं परमानन्दचिन्तनाद् यथा न गणयेद् रोगी तिक्तभेषजभक्षणम्, अहितं निजभक्तानां विदधाति हरिर्नहि समस्तानां सखा स्वीयभक्तानां न कथं**

भवेत्?'' (शि.प.१०।७-८) अर्थात् लौकिक आर्ति या क्लेशके संकट आ पड़ने पर भगवान्के परमानन्द स्वरूप पर हमारा ध्यान जुटाना चाहिए. रोगार्तिके निवारणार्थ तीखी या कड़वी दवाई खानेका कष्ट हम धैर्य धारण करके झेल लेते हैं. ऐसे ही धैर्य धारण कर लौकिक आर्तिजनित कष्ट हमें सह लेने चाहिए. अतएव इस धैर्यको धारण करनेके हेतु चार सटीक उदाहरण ये दिये गये हैं :

१.'तक्रवद्' उदाहरण द्वारा यह समझाया गया है कि जैसे घोर यातनापूर्ण जीवन जीनेवाली ग्वालन केलिए छाछका ढुल जाना एक नगण्य दुःख बन जाता है, वैसे ही सहस्रों वर्षोंके प्रभुविछोहके आगे लौकिक दुःख कोई मायने नहीं रखते.

२.'देहवद्' उदाहरण द्वारा यह समझाना अभीष्ट है कि सेवामें प्रतिबन्ध करनेवाले पारिवारिक जनोंका और असत्पुरुषोंका तिरस्कार इस भावनाके साथ सह लेना चाहिए कि अपनी देह पर केवल अपना एकाधिकार नहीं प्रत्युत यह सभीके अधिकारकी सार्वजनिक सम्पत्ति है.

३.'जडवद्' उदाहरण द्वारा यह उपदेश दिया गया है कि काया मन और वाणीका निरोध करनेको इन्द्रिय संबन्धित दुःखोंमें जड़भरतका अनुकरण करते हुए जो भी दुःख जीवनमें सामने आयें उन्हें सहज उदासीनताके साथ स्वीकार लेना चाहिए.

४.'गोपभार्या'के उदाहरण द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि अपने असामर्थ्यका विचार करके आधिदैविक दुःखोंको उसी प्रकार सहन कर लेना चाहिए जैसे व्रजकी गोपिकाओं ने भगवान्के मथुरा-द्वारका पधार जाने पर भगवदिच्छाको शिरोधार्य कर भगवद्विरह सहन कर लिया.

'आश्रयकी परिभाषा श्रीमहाप्रभुजी ''इहलोक या परलोक सर्वत्र श्रीहरिके शरणमें होनेकी अखण्ड निष्ठा बनाये रखना आवश्यक है'' (वि.पै.आ.१०) विधानमें दी है. चाहे कोई कार्य अशक्य हो सुशक्य दोनोंमें ही सदा-सर्वदा श्रीहरिकी शरण ही बांछनीय है. ऐसे दृढ़ आश्रयकी ओर संकेत करते हुए श्रीहरिरायजी कहते हैं ''**विश्वासेन यथाप्नोति चातकः स्वातौ जलं तथा चेत् कृष्णजलदः स्वानन्दं वर्षयिष्यति**'' (शि.प.२६।९) अर्थात् जैसे विश्वासके कारण चातक स्वाति नक्षत्रमें बरसे जलबिन्दुओंको प्राप्त कर पाता है वैसे ही श्रीकृष्ण घनश्याम अपने चातकों (भक्तों)की दृढ़

आश्रयभावनाको देख कर आनन्दकी वृष्टि करेंगे ही. इस आश्रयको निभानेके भी चार उपाय समझाये गये हैं : १.अपने मनमें और वाणी द्वारा शरणभावनाको दोहराते रहना २.श्रीहरिके सिवा अन्य किसीके आश्रय होनेकी भावना नहीं करनी ३.श्रीहरि पर कभी अविश्वास नहीं करना ४.अच्छे-बुरे या उत्कृष्ट-अपकृष्ट सभी कर्मोंमें श्रीहरि पर अपनी अनन्य निर्भरताके भावको भुला नहीं देना चाहिए.

अतः विवेक धैर्य और आश्रय हमारी सेवापद्धतिके प्रयोगमें आनेवाली एक प्राणायामके जैसीकी प्रक्रिया है. इसमें विवेकको पूरक, आश्रयको कुम्भक; तथा, धैर्यको रेचक हम मान सकते हैं. अर्थात् हमारे मन वाणी और कायाके व्यवहारोंको विवेकसे पूरित करते रहना चाहिए. आश्रयके मनोभावोंको कुम्भककी तरह अपने भीतर सदा संजोये रखना आवश्यक होता है. इसी तरह धैर्यकी रेचनप्रक्रिया द्वारा सारे दुःखोंका विरेचन कर देना भी भगवत्सेवामें अति उपकारक होता है. अन्यथा विवेक धैर्य आश्रय रूपी श्वसनप्रक्रिया पर क्षणिक अनियन्त्रण भी एक परम भगवदीयके पुत्रको म्लेच्छ बना कर सेवारूप स्वास्थ्यमें कैसी-कैसी व्याधियां उत्पन्न करने लगता है यह श्रीदामोदरदास संभलवालेकी वार्ता (द्रष्ट. : ८४ वै.वा.३।)से स्पष्ट है.

जैसा कि उल्लिखित सारणीके अवलोकन करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रतिबन्धके दो प्रकार होते हैं : भगवत्कृत या साधारण प्रतिबन्ध. अतः इन दोनोंके ही पांच-पांच अवान्तर प्रकार हो सकते हैं. इन्हें सेवाफल ग्रन्थमें निरूपित साधारण प्रतिबन्ध और भगवत्कृत प्रतिबन्धके साथ समन्वित करके एकरूपता प्राप्त करनी हो तो इन्हीं पांचो प्रतिबन्धोंका यदि लौकिकचतुराईके प्रयोग द्वारा निवारण शक्य हो तो भगवत्सेवाका सहसा त्याग ही करना महाप्रभुको अभिप्रेत आशय हो नहीं सकता है. जब, किन्तु, इन प्रतिबन्धोंका निराकरण कर पाने भगवत्सेवाकर्ता सक्षम न हो तो सेवाफल ग्रन्थमें निर्दिष्टरीतिके अनुसार इन्हें भगवत्कृत प्रतिबन्ध मान भगवत्सेवाका परित्याग उचित कर्तव्य माना जा सकेगा. अतः उन्हें क्रमशः देख लेना उपयुक्त होगा.

इनका विवरण श्रीमहाप्रभुजी ने इस तरह दिया है-

"विक्षेपादथवाशक्त्या प्रतिबन्धादपि क्वचिद् अत्याग्रहप्रवेशे वा परपीडादिसम्भवे... तत्र पूजा त्यक्तव्या, तदा अन्यत्रापि तथात्वे परदेशे शून्यदेवालये पूजा विधेया, तत्रापि दोषसम्भवे तीर्थपर्यटनं कर्तव्यम्, पापानां प्रतिबन्धकरूपाणां नाशाय, तदा यत्रैव गत्वा सेवा सम्पत्स्यते तत्रैव सेवा कर्तव्या."

(त.दी.नि.प्र.२।२४७).

यहां यह कहा गया है कि गृहस्थको भगवत्पूजा या सेवा करनेमें तत्पर होने पर पांचं तरहके दोष प्रतिबन्धक बन सकते हैं. इन्हें सेवाफल ग्रन्थमें निरूपित प्रतिबन्धके दो उपभेदोंके साथ जोड़ कर देखने पर ये दोष यदि अप्रतीकार्य हों तो इन्हें भगवत्कृत प्रतिबन्ध मानना चाहिए और यदि भगवत्सेवा करनेवाला यथाकथंचित् इनका प्रतीकार कर पाने समर्थ हो तो उसे अपनी चतुराई प्रयोगमें ला कर इन प्रतिबन्धोंका परिहार कर लेना ही उचित होगा नकि भगवत्सेवाका इन दोषोंके कारण परित्याग. इन दोषोंके अन्तर्गत प्रथम विक्षेप दोष मानसिक दोषरूप होता है. दूसरा अशक्ति शारीरिक दोष होता है. तीसरा प्रतिबन्ध पारिवारिक दोष होता है. चौथा अत्याग्रह आहंकारिक दोष होता है. अन्तिम परपीड़ा मामकारिक दोष होता है.

[1]मानसिक विक्षेप अर्थात् फर्ज़-अदाई या मशीनी ढंगसे या यन्त्रवत् भगवत्सेवाको कर्मकाण्डकी तरह किसी तरह करते चले जाने पर मानसिक अशान्ति या मनकी चंचलता भगवत्सेवाकी सरसता या तादात्म्यको समाप्त कर देती है. इसी बातका उल्लेख करते हुए श्रीहरिरायजी कहते हैं "**सत्संग-कृष्णस्मरण-शरणागति-साधनैः तदभावे कृतिः सर्वा वैयर्थ्यमेति हि**" (शि.प.२९।२). अर्थात् सत्संग श्रीकृष्णका स्मरण और शरणागतिको साधनरूपमें ग्रहण करके बुद्धिकी रक्षा करनी चाहिए. यदि इस प्रकार रक्षाकी नहीं जाती है तो सम्पूर्ण कृति व्यर्थ हो जायेगी. इसी श्लोककी टीकामें श्रीगोपेश्वरजी कहते हैं कि "श्रीकृष्णाश्रयमें कहें हैं सो शरणकी भावना करे. काहेते? जो भाव बिना क्रिया करे सो सब व्यर्थ है, जैसे राखमें होम ताको कहा फल तैसे ही भाव बिना जो करे सब व्यर्थ है" (वही). मनकी चिन्ता या विग्रह सेवामें बाधक बनती है इस बातका सशक्त हस्ताक्षर श्रीमहाप्रभुजीका

'नवरत्न' नामक ग्रन्थ है. श्रीगोविन्द दूबे घरमें सेवा करते थे परन्तु मानसिक विग्रहके कारण सेवामें चित्त लगता नहीं था. तब उन्होंने अपने इस विक्षेपका उल्लेख करते हुए श्रीमहाप्रभुजीको पत्र लिखा था. इसके प्रत्युत्तरके रूपमें श्रीमहाप्रभुजी ने 'नवरत्न' ग्रन्थ लिख कर भेजा था (८४ वै.वा.३४।१). इसका प्रथम श्लोक है "**चिन्ता कापि न कार्या निवेदितात्मभिः कदापीति भगवानपि पुष्टिस्थो न करिष्यति लौकिकीं च गतिम्**" (न.र.१). चौरासी वैष्णवकी वार्तासे यद्यपि यह स्पष्ट है कि श्रीगोविन्द दूबेका मानसिक विक्षेप भगवत्सम्बन्धी ही था *"जीव तो द्वारकालीला-सम्बन्धी और सेवाभावना व्रजकी करे."* (८४ वै.वा.भा.प्र.३४।१) किन्तु फिरभी वह इस तथ्यका तो उद्घोष है ही कि किसी भी प्रकारका मानसिक विक्षेप चाहे वह लौकिक हो या अलौकिक सेवापथमें बाधक तो होता ही है.

[2]भगवत्सेवामें प्रतिबन्ध हो पानेवाले तत्त्वोंमें शारीरिक अक्षमता भी एक प्रमुख बाधक कभी किसीकेलिए हो सकती है. वार्धक्य अथवा रोगादिके कारण भी कई बार भगवत्सेवा निभा पानेको शरीर असमर्थ या अशक्त हो जाता है. अतः श्रीहरिरायजी कहते हैं "**न देहाद्यर्थसिद्ध्यर्थं भगवानपि अपेक्षते यतो देहादिरक्षापि प्रभुलीलोपबोगतः**"(शि.प.३४।१०). अर्थात् भगवत्सेवा करनेवाले भक्तिमान् साधकको अपने देह-परिवार आदिकी पालन-पोषण करनेको भगवान्की अपेक्षा करनी भक्तिमार्गोचित भावसे विपरीत होने पर भी भगवत्सेवाके निर्बाध निर्वाहके हेतु देह-परिवार आदिका पालन-पोषण सर्वथा भक्तिमार्गोचित मनोभाव ही होता है. शारीरिक अस्वस्थता न केवल जीवको सेवापथपर आगे बढ़ पानेको अक्षम बनाती हैं बल्कि ऐसी अस्वस्थता प्रभुको भी परिश्रम देनेका निमित्त बनती हैं, जिसका उदाहरण दोसौ बावन वैष्णवन्की वार्ताके अन्तर्गत किशोरीबाईकी वार्ता (द्रष्ट. : २५२वै.वा.२०९)में आता है कि किशोरी बाईके अस्वस्थ होनेके कारण स्वयं श्रीयमुनाजीको पधारना पड़ा. अतः सर्वप्रथम तो उपचार द्वारा शरीरको स्वस्थ-सशक्त बनाना आवश्यक होता है अन्यथा अन्यान्य अनुकल्पोंको अपनाया जासकता है.

[3]मानसिक और शारीरिक बाधा तो केवल सेवकसे ही सम्बन्धित हैं. अतः वह श्रीआचार्यचरण द्वारा दिखलाये गये उपायोंके प्रयोगद्वारा उनपर

नियन्त्रण पाया जा सकता है. जब, परन्तु, पारिवारिक प्रतिबन्ध भगवत्सेवामें बाधक बनने लगें तब अर्थात् युद्धक्षेत्रमें आ फंसे अर्जुनकीसी मनःस्थिति हो तो सेवामें परायण रहना चाहते भक्तकेलिए युद्धस्थल जैसे बने गृहमें क्या-कैसा कर्तव्य होना चाहिए? इसके उत्तरस्वरूप श्रीमहाप्रभुजी तथा श्रीहरिरायजीकी ये आज्ञायें गीतोपम प्रदीप बनकर हमारे सेवापथ पर छाये सारे अन्धकारका निराकरण कर देती हैं **''भार्यादिरनुकूलश्चेत् कारयेद् भगवत्क्रियाम् उदासीने स्वयं कुर्यात् प्रतिकूले गृहं त्यजेत्''** (त.दी.नि.२।२३१). प्रतिबन्धकी निवृत्तिके निमित्त अपनी शक्तिके अनुरूप उपाय करना और प्रतिकूलताका निराकरण कथमपि शक्य न हो तो गृह या भगवत्सेवा परित्याग एक उपाय बच जाता है. यही बात शिक्षापत्रमें भी दोहरायी गयी है **''यावच्छक्तिः प्रकर्तव्यो ह्युपायस्तन्निवर्तने प्रतिकूले च तत्त्यागपर्यन्तं विहितं पुनः''** (शि.प.३६।१४). इस श्लोककी टीकामें श्रीगोपेश्वरजकेलिए हैं *''या भांति वैष्णवप्रतिबन्धकी निवृत्तिपूर्वक हरिशरणके उपायमें रहे प्रतिबन्धके त्यागमें मन राखें. जो कोई कुटुम्बी स्त्री-पुत्र-माता-पिता आदि प्रतिकूल होंय तो तिनको त्याग करें, जो अनुकूल न होंय ता अकेले सेवा करे, उनको महाप्रसाद और प्रसादी वस्त्र दैवे पोषण करे जो केवल प्रतिबन्धरूप होंय-भगवद्धर्ममें द्वेष राखें तो उनको त्याग करे''*. श्रीआचार्यचरणकी ऐसी आज्ञाको शिरोधार्य कर अनेक वैष्णवोंके वृत्तान्त हमें ८४ तथा २५२ वैष्णवोंकी वार्ताओंमें मिलते ही हैं. दामोदरदास संभलवालेकी वार्तामें पुत्रके म्लेच्छ बन जानेके कारण उनकी पत्नीने पतिके देहके शान्त होने पर पुत्रको सेवासामग्री सौंपनेके बजाय गुरुके पास सेव्य तथा सेवासामग्री पहुंचवादी (द्रष्ट. : ८४ वै.वा.३।८). इस सम्बन्धी और भी अनेक तथ्य चौरासी वैष्णवोंकी वार्ता (५९ तथा१७)के अवलोकन द्वारा निर्धारित किये जा सकते हैं जहां स्वयं सेव्यप्रभु भी महाप्रभुकी भावनाका समादर कर स्वयं तिरोहित हो गये

[९]अत्याग्रह अर्थात् आहंकारिक दोष भी सेवामें बाधक बनता है जिसके बारेमें श्रीमहाप्रभुजी आज्ञा करते हैं **''अत्याग्रहप्रवेशे... स्वस्य वा परमाग्रहः उत्पद्यते येन तमसि प्रविष्टो भगवन्तं न स्मरति''** (त.दी.नि.प्र. २।२४७). कहनेके अभिप्राय यह है कि कभी-कभी ऐसे पूर्वाग्रहसे सेवा करनेवाला बंध जाता है कि उसे भगवत्सेवाके अन्य सभी साधनों या बारीकियोंका तो दुराग्रह कठोर होता है परन्तु स्वयं सेव्य प्रभुकी सुधी रह नहीं

जाती. इस मनोवृत्ति को, सिद्धान्तकी स्पष्ट प्रेरणा जान लेनेके बाद भी नियन्त्रित कर पाना शक्य न हो तो भगवत्सेवा अर्थहीन बन जाती होनेसे उसका परित्याग एक अच्छी बात है. अन्यथा पूर्वसिद्ध साधनोंका मोह उसे ऐसे दिग्भ्रमित कर देता है कि वह- *''है अंधेरी रात पर दीया जलाना कब मना है''* पंक्तिका सार ग्रहण कर उन भिन्न परिस्थितियोंमें अपनेलिए सेवाके प्रशस्त राजमार्गको भूल कर किसी सांकरी खोरमें आगे बढ़नेके बजाय सेवा ही छोड़ देता है कभी-कभी अपनी श्रेष्ठताका अहंकार ही अपनी सेवाके पथकेलिए पादशूल बन जाता है. इस ओर ध्यान आकृष्ट करनेको श्रीहरिरायजी कहते हैं **''देहाभिमानः कुलजो विद्यादिविहितोऽपि च भगवत्सेवनाभावसहितं देहपोषणम्''** (शि.प.२७।४) अर्थात् ऊंचे कुलमें जनमनेके कारण.पनपा देहका अभिमान अथवा विद्या-धन-प्रतिष्ठा आदि अर्जित करनेके कारण पनपा देहका अभिमान और भगवान्की सेवा किये बिना देहके पोषणकी मनोवृत्ति सेवाभक्तिमें बाधक बन जाती है. इसी अहंकारके परित्यागका आदेशार्थ कहते हैं **''अतो दैन्यं हि मार्गेऽस्मिन् परमं साधनं मतम्, अभिमानो मदश्चापि सततं तद्विरोधिनो''** (शि.प.३३।४).अभिमान और मद ये दोनों ही दैन्यभावके विरोधी हैं अतएव श्रीमहाप्रभुने वासुदेवदास छकड़ाके समक्ष इसी प्रश्नको रखा था *''तुमकों गर्व बहोत मनमें रहत है सो हमारी सरनी आवके कहा करोगे? हमारी सरनतें दैन्यता होत है''* (८४वै.वा.भा.प्र.३८।१). वासुदेवदासजीने तब यही कहा कि उन्हें गर्व नहीं चाहिए, क्योंकि गर्वसे बिगाड़ होता है. तब श्रीमहाप्रभुजीने उनका नाम 'छकड़ा' रख कर कहा ''आगे गर्वमें छके रहते अब भगवद्रसमें छके रहोगे'' (वहीं). अहंकारके परित्यागके साथ अत्याग्रहके त्यागकी शिक्षा देती सिंहनदकी क्षत्राणीकी वार्ता भी अनुसंधेय है जहां स्वयं ठाकुरजी आज्ञा करते हैं कि उधार लेकर पकवानकी तुलनामें प्रभुको चुपड़ी रोटी अधिक भाती हैं (द्रष्ट. : ८४ वै.वा.६०।१). केवल छोलेका भोग धरनेवाले श्रीपद्मनाभ-दासजीके साथ रहनेका श्रीमथुराधीशका आग्रह भी इसी सिद्धान्तका पोषक है कि प्रभुसेवामें अत्याग्रह नहीं प्रत्युत भगवद्भाव ही प्रमुख है.

[१०]परपीड़ा मामकारिक दोष है. यह भी भगवत्सेवामें बाधक माना गया है. ''मुझे भगवत्सेवा करनी है अतः मेरे परिवारके सभी सदस्यों केलिए भी वह अनिवार्य कर्तव्य है'' ममताका ऐसा अतिरेक पारिवारिक जनोंकेलिए बड़ी पीड़ादायक स्थिति पैदा करता है. अतः श्रीहरिरायजी कहते हैं

"गृहवित्ताद्यनासक्त्या तदीयेष्वविरागतः नवरत्नस्य पाठेन सर्वचिन्ता निवर्तते" (शि.प.२३।१४) अर्थात् गृह और धन आदिमें अनासक्ति रखते हुए भगवदीयमें अनुराग रखते हुए नवरत्न ग्रन्थके पाठ करने पर सभी चिन्ता दूर हो जाती हैं. भगवद्भाव हमारेलिए एक हृदयैकग्राह्य भाव होना चाहिए कन्धों पर लादा जानेवाल बोझ नहीं. यही बात श्रीआचार्यचरणके सेवक श्रीगोपालदास क्षत्रिय नरोड़ावालेकी वार्ताके आधारपर भी मुखरित हो रही है. उन्हें श्रीआचार्यचरणने आज्ञाकी "तुमतें भगवत्सेवा तो बनेगी नहीं. काहेतें, स्त्री-पुत्र दैवी नाहिं हैं. तुम दैवी हो" (८४वै.वा. भा.प्र.७९।१). तब श्रीमहाप्रभुजीने उन्हें श्लोक और पञ्चाक्षर लिखकर किलिए इनको भोग धरकर खान-पान करना. यहां पर भी गोपालदासजीको परिवारके जनोंपर सेवा लादनेका उपदेश न दे कर अपने हृदयमें भगवत्सनेहसे भगवद्भावका दीप सदैव प्रज्वलित रखनेको प्रेरित किया.

इन सेवाप्रतिबन्धोंका आचार्योपदिष्ट समाधान :

इस प्रकार सेवामें प्रतीकार्य दोषों केलिए श्रीआचार्यचरणने सेवा नहीं तो कथा, कथा नहीं तो वैष्णवोंके श्रीहरिपूजाके स्थलोंमें प्रपत्ति, और यह नहीं तो तीर्थाटनका उपदेश दिया है, जो तत्त्वार्थदीपनिबन्धके सर्वनिर्णयान्तर्गत साधनप्रकरणमें उपलब्ध होता है :

> "अथवा सर्वदा शास्त्रं श्रीभागवतमादरात् पठनीयं प्रयतकेन सर्वहेतुविवर्जितं... प्रपत्तिमार्गम् आह जगन्नाथे विट्ठले च श्रीरंगे वेंकण्टे तथा यत्र पूजाप्रवाहः स्यात् तत्र तिष्ठेत तत्परः... तत्रापि दोषसम्भवे तीर्थपर्यटनं कर्तव्यं पापानां प्रतिबन्धकरूपाणां नाशाय तदायत्रैव गत्वा सेवा सम्पत्स्यते तत्रैव सेवा कर्तव्या."
>
> (त.दी.नि.प्र.२।२५३, २५५,२४७)

श्रीहरिरायजीने इन और अन्य दोषोंको 'हरिविस्मारक' कह कर इनसे सावधान रहनेकी आज्ञा दी है "एते चान्ये च बोद्धव्याः दोषाः विस्मारकाः हरेः सावधानीभूय दासैः कृष्णस्य स्थेयमादरात्" (शि.प.२७।११) इस प्रकार जिनका प्रतिकार शक्य हो उन दोषों केलिए तो मार्गदर्शन प्रदान किया

ही है किन्तु जो ये ही मानसिक विक्षेप आदि पांच प्रतिबन्ध यदि भगवत्कृत हों तो यह सुस्पष्टआज्ञा प्रदानकी है कि भगवदिच्छा और अपनी-अपनी अनधिकारिताका विवेक बरतते हुए भगवत्सेवाका आग्रह त्याग दो. आप सेवाफलमें कहते हैं "अकर्तव्यं भगवतः सर्वथा चेद् गतिः नहि यथावा तत्त्वनिर्धारो विवेकः साधनं मतम्... भगवत्कृतः चेत् प्रतिबन्धः तदा भगवान् फलं न दास्यति इति मन्तव्यम्. तदा आसुरोऽयं जीवः इति निर्धारः. तदा ज्ञानमार्गेण स्थातव्यं शोकाभावाय इति विवेकः" (से.फ.वि.३). अर्थात् "मेरा यह जन्म आसुरावेशवाला है ऐसा विचार कर 'राज़ी हैं हम उसीमें जिसमें तेरी रज़ा है' मानकर निरुद्विग्न रहना ही विवेक है.

उपसंहार :

इस प्रकार सेवाके प्रतिबन्धोंका निरूपण करनेके साथ ही साथ महाकारुणि अदेयदानदक्ष श्रीमदाचार्यचरण और श्रीहरिरायचरणने उन प्रतिबन्धोंके निराकरणकी राहभी दिखलायी है. अब आवश्यकता इस बातकी है हम आपके सिद्धान्तोंकी उंगली पकड़े निर्भीकतासे आगे बढ़ें. जैसे नन्हा बालक चलना सीखनेकी शरुआतमें लड़खड़ता भी है और कई बार गिरकर भी उंगली पकड़े होनेके कारण सम्हल ही जाता है. वैसे ही हम बालबोधकक्षाके पुष्टिमार्गी कभी इन प्रतिबन्धोंके कारण स्वमार्गपर चलते लड़खड़ा भी जायें तब भी आपश्रीके सिद्धान्तोंकी उंगलीके सहारे चलनेकी मनोवृत्ति रखें तो वे हमारेलिए आश्वासनदायक अवलम्बन बनेंगे ही. अतः अपनी पुष्टि-अस्मिताके संरक्षणहेतु आगे बढ़ें तो बाधाएं स्वयं रास्ता देने लग जायेंगी. एक कविके भावोंको दोहराउं तो *"कौन कहता है आस्मामें सुराख नहीं हो सकता एक पत्थर तो तबीयतसे उछालो यारों"* यहां यह पत्थर कुछ और नहीं केवल प्रतिबन्धोंके आकाशमें सेवक द्वारा किया गया "कृष्णएव गतिर्मम"का गर्जन है. यदि हम अपनी अहन्ता-ममताके प्रवाहको सांसारिक पोखरके स्थानपर प्रभुसनेहके सागरकी दिशा दे पायें, यदि हम आश्रयके दीपको हृदयके सनेहसे अन्याश्रयकी आंधीमें बुझने न दें; और यदि हम मानसिक शारीरिक पारिवारिक आदि बाधाओंकी मछलिओंको निश्चिन्तता स्वास्थ्योपाय और सेवापरायणताकी जलराशिमें रहती-तैरती बना पायें तो प्रतिबन्धोंकी उत्ताल तरंगें अवश्यमेव शान्त हो जायेंगी. आवश्यकता केवल श्रीहरिरायचरणके इस वचनको मानसपटलपर अंकित करनेकी है "सेवैव साधनं सेवा

फलमैहिकमत्र सा सेवा लौकिकदेहेन सम्भवेत् पारलौकिकम्'' (शि.प.४१।७). अर्थात् सेवा ही साधन और सेवा ही फल है. अतः सेवाफलकी भावना रखना पुष्टिमार्गीयिका प्रमुख कर्तव्य है. यद्यपि इस कर्तव्यके निर्वाहके समय भी अपराधोंसे भरे जीवसे कई त्रुटियोंकी सम्भावना बनी रहती हैं फिर भी ऐसी स्थितिमें भी उद्वेगकी कोई आवश्यकता नहीं है. विज्ञप्तिके **''बलिष्ठाअपि महोषाः त्वत्क्षमाग्रेऽतिदुर्बलाः तस्याः ईश्वरधर्मत्वाद् दोषाणां जीवधर्मतः''** (नवविज्ञ.३।१९) विज्ञप्तिके अनुसार हमारे दोष चाहे जितने बलिष्ठ क्यों न हों पर भगवान्की क्षमा प्रदान करनेकी सामर्थ्यकी तुलनामें अतीव दुर्बल ही सिद्ध होते हैं क्योंकि दोष जीवोंका गुणधर्म है जबकि क्षमा तो परमेश्वरका दिव्य गुणधर्म होता है. अतः अपने दोषोंके कारण घिघियाते रहनेके बजाय नवरत्नकी आज्ञाको आत्मसात् करें **''अतः सेवापरं चित्तं विधाय स्थीयतां सुखम्''** (न.र.७). सेवामें चित्तकी स्थिरता ही सारे पुष्टिसुखोंका उत्स है और सेवामें रति मति गति पुष्टिजीवनकी कृतार्थता है.

काम–क्रोध–लोभादिकी प्रतिबन्धकता

योगेश गोस्वामी

मङ्गलाचरण :

तावद्भयं द्रविणगेहसुहृन्निमित्तं शोकः स्पृहा परिभवो विपुलश्च लोभः।
तावन्ममेत्यसदवग्रह आर्तिमूलं यावन्न तेऽङ्घ्रिमभयं प्रवृणीत लोकः।।
(भा.पु.३।९।६).

अर्थ : जब तक पुरुष भगवान्के अभयप्रद चरणारविन्दोंका आश्रय नहीं लेता, तभी तक उसे धन, घर और बन्धुजनों के कारण प्राप्त होनेवाले भय, शोक, लालसा, दीनता और अत्यन्त लोभादि सताते है और तभी तक उसे मैं-मेरेपनका दुराग्रह रहता है, जो दुःखका एकमात्र कारण है.

कामादिकी उत्पत्ति प्रक्रिया :

श्रीआचार्यचरण कामादिकी उत्पत्ति प्रक्रिया समझाते हुए कहते हैं :

''भगवान्को जब सृष्टि रचनाकी इच्छा हुई तब अपने स्वरूपात्मक सच्चिदानन्दमें से सदानन्द एक कोटिमें रहा और चैतन्यांश दूसरी कोटिमें रहा. उसमें चिद्रूपकी शक्ति व्यामोहिका माया है. यह व्यामोहिका माया पुरुषको मोहमें डालकर उसे जीव बना डालती है. यद्यपि यह पुरुष चिद्रूप है तथापि इसका आनन्दस्वरूप इससे अन्तर्निगूढ हो चुका है, इसलिये आनन्दकी प्राप्तिके लिये वह माया इसे भूलावेमें डालती है. यह जीव ऐसा समझता है कि इस मायाके सम्बन्धसे उसे (जीव को) आनन्द मिलेगा. और इसी कारण उस मायासे वह सम्बन्ध करता है. यह मोहक माया बहुरूपवाली है. अतएव जब यह व्यष्टिजीव उसके साथ सम्बन्ध करता है तब खुदभी बहुरूप जैसा दीखने लगता है. और अनेक रूपान्तरोंवाला अपने आपको मानने लगता है. रोगी, बलिष्ट, दरिद्र, धनी, इत्यादि. यह जीव बहुरूप होकर उसके गुणों या विषयों में रमण करने लगता है. यह गुण मायाके हैं लेकिन वह खुद उसे

ग्रहण करना चाहता है.'' (सुबो.२।९।१-२)

अतएव श्रीमद्भागवतमें कहा गया है : ''जिस समय यह मन मैं और मेरेपनेके कारण होनेवाले काम-लोभादि विकारोंसे मुक्त एवं शुद्ध हो जाता है उस समय वह सुखदुःखसे छूटकर सम-अवस्थामें आ जाता है. इससे स्पष्ट होता है कि देहादि पदार्थोंमें हमारी अहन्ता-ममता ही काम-क्रोध-लोभका कारण है.'' (भा.पु.३।२५।१६).

हमारी ममता और अहन्ता का ही अदम्य विस्फोट क्रमशः काम और क्रोध के रूपमें होता है. भगवान् कहते हैं ''हमारी अहन्ता हमारे रजोगुणका साथ पाकर हमारे भीतर क्रोधके रोगका रूप धारण कर लेती है. इसीतरह हमारी ममता हमारे रजोगुणका साथ पाकर हमारे भीतर कामके रोगका रूप धारण कर लेती है'' (भ.गी.३।२७). कामका यही विकृत रूप लोभ है और लोभका ही विकसित रूप मोह है. इसी तरह क्रोधका विकृत रूप मद और आगे चलकर मात्सर्यका रूप भी वह ले लेता है.

रागको उत्पन्न करनेवाला काम है. भिन्न-भिन्न पदार्थोंकी इच्छारूप कामही रागके उत्पन्न होनेमें कारण है. द्वेषको उत्पन्न करनेवाला क्रोध है परन्तु यह क्रोध कामका ही परिणाम है. क्योंकि कामना पूर्ण न होनेपर क्रोध होता है. क्रोध तो काम-क्रोध-लोभ इन तीनोंके बीचमें रहनेवाला है क्योंकि कामपूर्ति न होनेपर क्रोध होता है. इसीतरह लोभका अर्थ सिद्ध न होनेपरभी क्रोध प्रकट होता है.

भगवान् इस कामको दुष्पूर और महापाप करानेवाला बतातें हैं (द्रष्ट. : भ.गी.३।३७-३९). कामोपभोगसे भी यह शांत नहीं होता है, इसलिए इसे 'दुष्पूर' कहा है. श्रीमद्भागवतमें कहा है कि काम इच्छित पदार्थोंके भोगसे कभीभी शांत नहीं होता है किन्तु घृतकी आहुतिसे जैसे अग्नि प्रवृद्ध होती है ऐसे भोग उसे पुनः बढ़ाता ही जाता है (द्रष्ट. : भा.पु.९।१९।१४). काम दुष्पूर होनेसे ही महापाप कराता है. इसलिए खुदकी इच्छा न होनेके बावजूद वह (काम) पुरुषको राग-द्वेषमें प्रवृत्त करके पापका आचरण बलात् करानेवाला है. इसलिए भगवान् इसको शत्रु बता रहे हैं. भगवान्ने इस कामके रहनेके स्थान

इन्द्रियां, मन और बुद्धि बताये हैं (द्रष्ट. : भ.गी.३।४०).

काम-क्रोधादि का स्वरूप :

इन काम क्रोध आदिका स्वरूप श्रीआचार्यचरण सर्वनिर्णयनिबन्धमें समझाया है :

> ''सुख धर्मी है और सुखका धर्म (आकार) इच्छा या काम होता है. विषयकी अभिलाषारूप जो सुखाकार स्वल्प अभिव्यक्त होता है, उसे 'इच्छा' कहते है. विषयकी आशंसारूप जो सुखाकार अधिक प्रकट होता है वह 'काम' कहा जाता है. इष्ट विषयके अनुभवके समय जो अनुकूलताके ज्ञानसहित मानस आनन्द प्रकट होता है वह 'सुख'कहा जाता है. इस प्रकार यह तीनो, इच्छा-काम-सुख अनुकूल बुद्धिसे वेद्य है.
>
> इस प्रकार द्वेष-क्रोध-दुःख भी धर्मीरूप दुःखके धर्म हैं. विषयकी अनाशंसारूप जो दुःखाकार स्वल्प अभिव्यक्त होता है वह 'द्वेष' है. वही दुःखाकार जब अधिक प्रकट होता है तब वह 'क्रोध' कहा जाता है. अनिष्ट विषयके अनुभवके समय जो प्रतिकूलताके ज्ञानसहित मानससुखका तिरोभाव होता है उसे दुःख समझना चाहिये. यह तीनो द्वेष-क्रोध-दुःख प्रतिकूल बुद्धिसे वेद्य है.
>
> सुख तथा दुःख रूपी दोनों धर्मिओंका जब एकसाथ उद्गम होता है तब वह 'लोभ' कहा जाता है. विषयकी अत्यंत अभिलाषासे प्रगट हुए सुखके आकारकी (अर्थात् 'यह विषय या पदार्थ मुझेही प्राप्त हो) तथा अन्य जीवके लिए अनाशंसासे (अर्थात् अन्यको यह पदार्थ प्राप्त न हो) प्रगट हुए दुःखके आकारकी एकताका नाम 'लोभ' है. काम तथा द्वेष का एकीभाव होता है वह लोभ है. लोभमें 'यह पदार्थ जो मुझे अत्यंत अभिष्ट है उसका भोग मैं अकेला ही करूं' ऐसा सुखाकार मनमें होता है. इतना ही नहि परन्तु 'अन्य इस पदार्थका भोग न करें' ऐसी दुःखाकारकी वृत्तिभी मनमें होती है. इस प्रकार जब सुखाकारका तथा दुःखाकारका ऐक्य मनमें होता है तब लोभका उद्भव हुआ समझना चाहिए.
>
> मोह राग या प्रीति से उत्पन्न हुआ दो रूपवाला एक मनोभाव है.

जैसे किसी वृक्षकी एक लतासे दो पत्र अलग-अलग रूपवाले उत्पन्न होते है. जैसे धर्मरूप सुखका कुछ उद्भेदरूप मोह पुत्रके वात्सल्यमें होता है और धर्मरूप दुःखका कुछ उद्भेदरूप मोह पुत्रादिकमें क्लेश हो तब होता है.

चित्तकी प्रसन्नताको 'हर्ष' कहते है. जब इस हर्षका उत्कर्ष होता है तब 'मद' हुआ समझना चाहिए. जब दूसरोंका उत्कर्ष सहन नहीं होता है तब 'मात्सर्य' दोष हुआ समझना चाहिए. यहां 'मद' सुखरूप है परन्तु मात्सर्य दुःखरूप है. इसीप्रकार राग, भय, लज्जा आदिका स्वरूप भी सुखदुःखोंका ही यथासम्भव उद्गम ही है. सुखकी सूक्ष्मपूर्वावस्था राग है, दुःखकी सूक्ष्मपूर्वावस्था भय है. जैसे धर्म करनेसे सुखकी प्राप्ति होती है और अधर्म करनेसे दुःखकी प्राप्ति होती है ऐसेही आभासमात्रधर्म (अपूर्ण धर्म) करनेसे इच्छा-कामादि होते हैं. आभासमात्र अधर्म करनेसे क्रोध-द्वेषादि उत्पन्न होते हैं."

(त.दी.नि.२।२८४-२८६).

अवस्था या विषय भेदसेही कामादिकका निर्दुष्ट या दुष्ट होना :

श्रीआचार्यचरण सुबोधिनीजी (१०।७।१३) में आज्ञा करते हैं कि काम-क्रोध-लोभ ये तीन, अवस्था और विषय के भेदसे ही, 'दोष' कहे जाते हैं. हर अवस्थामें या हर विषयमें इन्हें सदा दोषरूप ही मान लेना आवश्यक नहीं है. परन्तु काम-क्रोध-लोभके कार्यरूप दोष तो सब अवस्थाओंमें और सब विषयोंमें सदा दोषरूप होते हैं. इन तीनोंके कार्यरूप छह दोष है –

(१) असूया : गुणोंमें भी दोषोंका आरोपण करना.
(२) अनृत : झूठ बोलना अर्थात् काया-वाणी-मनकी एकरूपता न होना.
(३) दम्भ : दूसरोंको अपनी उत्तमता दिखानेके लिए चेष्टा करना.
(४) हिंसा : दूसरोंको मारना या सताना.
(५) ईर्ष्या : दूसरोंके गुणोत्कर्ष सहन न होनेसे उनमें दोषोंको ढूंढना.
(६) मान : दूसरोंको सतानेपर जो गर्व होता है वही अभिमानरूप दोष.

यहां पर असूया और अनृत वाणीके, दम्भ और हिंसा कायाके, ईर्ष्या

और मान मनके दोष हैं.

काम-क्रोध-लोभके विषय यदि भगवान् बन जाते हैं तब ये भाव दुष्ट होनेपर भी पतनके कारण नहि बनते हैं, बशर्ते कि वहां भगवान्का साक्षात् प्राकट्य हुआ होना चाहिए, जैसेकि भगवान्के अवतारकालमें. भागवतके सप्तमस्कन्ध (७।१।२८-३१) में यही बात बताई है कि जब राजसूययज्ञ प्रसंगमें युधिष्ठिरजीने नारदजी से पुछा था कि जन्मसेही द्वेष करनेवाले शिशुपालको भगवत्सायुज्य ऐसा श्रेष्ठ फल कैसे मिला? इस प्रश्नके उत्तरमें नारदजीने बताया कि यदि मनुष्य भगवान्में द्वेष-क्रोधके भावसे मनको तन्मय बना देता है तो वह भगवद्रूप हो जायेगा, जैसे भृङ्गी कीड़ेको लाकर अपने भीतर अपने छिद्रमें बन्द कर देता है और वह भय तथा उद्वेग से भृङ्गीका चिन्तन करते-करते उसके जैसाही हो जाता है. यही बात भगवान् श्रीकृष्णके सम्बन्धमें भी है क्योंकि लीलाकेद्वारा मनुष्य जैसे मालूम पड़ते हुए ये सर्वशक्तिमान भगवान् ही तो है. इनसे वैर करनेवाले भी इनका चिन्तन करते-करते पापरहित होकर इन्हींको प्राप्त होगये. एक नहीं अनेको मनुष्य कामसे, क्रोधसे, द्वेषसे, भयसे और स्नेहसे अपने मनको भगवान्में लगा कर एवं अपने सारे पाप धोकर उसी प्रकारसे भगवान्को प्राप्त हुए है जैसे भक्त भक्तिसे. गोपियोंने तीव्र कामसे, कंसने भयसे, शिशुपाल-दन्तवक्त्र आदि राजाओंने द्वेषसे, यदुवंशियोने परिवारके सम्बन्धसे, तुम लोगोंने (युधिष्ठिरादि) स्नेहसे और हम लोगोंने भक्तिसे अपने मनको भगवान्में लगाया है. उनमेंसे राजा वेनकी तो किसीमें भी गणना नहीं की जा सकती क्योंकि उसने किसी भी प्रकारसे भगवान्में मन नहीं लगाया था. भगवान्के पार्षद जय-विजयके दैत्यभावका मर्दनभी भगवान्ने उन्हें सनकादिमुनिओंद्वारा शाप दिलवा कर तीन जन्मोके अन्तरायके बाद किया. प्रथम जन्ममें हिरण्यकशिपु और हिरण्याक्ष बना राक्षसयोनिमें उनसे लोभ करवा कर, द्वितीय जन्ममें रावण और कुम्भकर्ण के रूपमें काम करवा कर, तीसरे जन्ममें दन्तवक्त्र और शिशुपाल के रूपमें उनसे क्रोध करवा कर उनका उद्धार प्रभुने किया था. दोसौ बावन वैष्णवोकी वार्तामें एक कृपणकी वार्तामें आता है कि वह अत्यन्त लोभी था. श्रीविट्ठलनाथ प्रभुचरणने उसके लोभको ही प्रभुमें जुड़वा कर उसे मानसी सेवा सिद्ध करवा दी थी. गीता (७।११) में भी धर्मसे अविरुद्ध कामको भगवान्का स्वरूप बताया गया है. भागवत (१०।१९।२६) में भी भगवान् कहते है कि जिस

प्रकार भुंजे हुए और बफे हुए जौ की धानी फिरसे बीज उत्पन्न नहीं कर सकती, उसी प्रकार बुद्धि मुझमें आविष्ट हुई है, उनका काम दूसरे काम को उत्पन्न नहीं कर सकता. भागवतमें वर्णित रासलीलाके बारेमें भी परीक्षितको लौकिक काम जैसा होनेकी शंका हुई थी किन्तु श्रीआचार्यचरण इस विषयमें सुबोधिनी (१०।२६।४२) मे बहुतही सावधानीपूर्वक समझाते हैं कि रसशास्त्रमें कही हुई सभी लौकिक क्रिया जैसी क्रियायें रासलीलामें है. उनमें, परन्तु, लौकिक काम नहीं है. स्वयं गोपीजन कहती है कि वे सभी विषयोंका परित्याग कर भगवान्के चरणोंमें गयी थी (द्रष्ट. : भा.पु.१०।२९।३१). इससे सिद्ध होता है कि गोपीजन भगवान्की ही तरह निष्काम (लौकिक काम रहित) ही हैं. यदि गोपीजनोंका काम लौकिक होता तो, न तो वह भगवान्के अलौकिक कामसे पूर्ण होता बल्कि उसके परिणाम स्वरूप पुत्र इत्यादि उत्पन्न होते. ऐसा, परन्तु, रासलीलाके परिणाम स्वरूप ऐसा कुछभी नहि हुआ है. इससे स्पष्ट होता है कि भगवान्के कामकी तरह गोपीजनोंका काम भी अलौकिक था. शुकदेवजी परीक्षित को कहते हैं "शिशुपाल भगवान्से द्वेष करता था परन्तु वह भगवत्सायुज्य प्राप्त कर सका, तो फिर ये भगवान्के प्रिय गोपीजन सिद्धि प्राप्त करें, इसमें क्या आश्चर्य है? अप्राकृत, अचिन्त्य, निर्गुण और सभी गुणों के आत्मरूप, ऐसे भगवान्का प्राकट्य मनुष्योंके कल्याणके लिये ही है. जो मनुष्य सदा भगवान्में काम, क्रोध, भय, स्नेह, एकता या भक्ति रखते हैं वे भगवद्रूप हो जाते हैं" (भा.पु.१०।२९।१३-१६). आगे भी शुकदेवजी भागवतमें स्पष्ट शब्दोंमें कहते हैं "जो कोई भगवान्की इस अलौकिक निष्काम रासलीलाका श्रवण-कथन करते हैं, उनके कामरूपी हृद्रोगका शीघ्र नाश होता है और वे सब प्रकारसे निष्काम हो जाते हैं" (भा.पु.१०।३०।४०).

इन्हीं काम-क्रोध-लोभके विषय यदि लौकिक हों तो वे मनुष्यका नाश कर देते हैं. इसका विवेचन गीता (२।६२-६३) में ऐसे किया है कि लौकिक विषयोंका ध्यान-चिन्तन करनेवाले पुरूषको विषयोंमें आसक्ति होती है, विषयासक्ति हो जानेसे विषयभोगकी कामना जगती है. यह कामना जब पूर्ण नहीं होती है तब क्रोध उत्पन्न होता है. क्रोधके कारण संमोह हो जाता है. जिससे विवेक खो जाता है. मोह होनेसे शास्त्रमें अथवा गुरुद्वारा जो उपदेश श्रवण किया होता है उसकी स्मृतिका भ्रंश हो जाता है. स्मृतिके भ्रंश होनेसे बुद्धिका नाश होता है. बुद्धिनाश होनेसे पुरुषका स्वयंका भी नाश हो जाता है.

कामादिकी प्रतिबन्धकता :

गीता (१६।२१) में भगवान् आज्ञा करते हैं कि काम-क्रोध-लोभ ये तीनों आत्माके नाशक और नरकके द्वार हैं. इसलिए इन तीनोंका त्याग करना चाहिए. श्रीआचार्यचरण सुबोधिनीकारिका (३।१।९-१०) में आज्ञा करते हैं कि कर्म, ज्ञान और भक्ति ये तीनों मार्ग मोक्ष देनेवाले है. ये यदि स्थिर रहें तो यहां सृष्टिही न होगी. इसलिए इनकी स्थिरता नही रहती है. इनका भी नाश हो जाता है, जिससे सृष्टि होती रहती है. कामसे कर्मका, क्रोधसे ज्ञानका और लोभसे भक्तिका नाश होता है. इसमें प्रमाण देते है कि कर्म करनेवाले कश्यपजीने कामवश होकर अपने कर्मका नाश किया, ज्ञानी सनत्कुमारोने जय-विजयपर क्रोध करके अपने ज्ञानका नाश किया, जय-विजयने अधिकारके लोभवश घमण्ड किया. फलतः उनकी भी भक्ति नष्ट हुई. चौरासी वैष्णवोंकी वार्तामें कृष्णदास अधिकारीको भी जय-विजयकी तरह ही अधिकारका लोभ होनेसे गर्व हुआ था, जिसके कारण उन्होंने श्रीविट्ठलनाथप्रभुचरणको श्रीनाथजीकी सेवामें जानेसे रोका था.

श्रीआचार्यचरण सन्यासनिर्णयग्रन्थमें आज्ञा करते है कि जब तक हृदयमें लौकिक विषयोंका आवेश है; और इनके कारणभूत कामादि दोषोको जब तक जीत नहि लिया जाता, तब तक हृदय कभी भी शुद्ध नहि होता है. ऐसे अशुद्ध हृदयमें प्रभुका वास कभी भी नहि होता है. श्रीहरिरायमहाप्रभुने अपने कामाख्यदोषविवरण ग्रन्थमें सभी दोषोका मूल कामदोषको ही माना है. इन्द्रियोंको जब अभिलषित विषयोकी पूर्ति नहि होती है, तभी अनेक अनर्थ उत्पन्न होते है. कठोपनिषद्में भी बताया गया है कि यदि इन्द्रियरूप अश्वोंको नियमनमें नहि रखा गया तब तो यह शरीररूप रथ उल्टा हो जानेसे सर्वनाश हो जायेगा.

इस कामदोषका प्रभाव इतना बलवान है कि इसके कारण बड़े-बड़े ऋषि-महर्षि, महात्मा और योगी भी सामान्य जैसी स्त्रियोंके पास कामपूर्तिकी याचना करने लगते हैं. इस ग्रंथमें उदाहरणके रूपमें पुराणोंमें आते कई महात्माओंकी गिनती की गई है, जिनको काम दोषने घेर लिया था. जैसे कि विश्वामित्र, पराशरमुनि, मनुराजाके पौत्र आग्नीध्र, इन सभीकी तपस्या इसी काम रूपी दोषने विफल कर दी थी. स्वयं महादेव शिवजी भी प्रभुके मोहिनी

अवतारके दर्शन करते हुवे काममुग्ध हो गये थे. भक्त नारदको तो इसी कामतृप्तिके लिये स्त्रीका रूप धारण करना पड़ा था. इसके फलरूप उन्होंने अपने स्त्रीरूपसे साठ पुत्रोंको भी जन्म दिया था. इससे तो यही लगता है कि प्रभुने कामदेवको इसीलिये इतना बलशाली बनाया है कि जिससे इन महापुरुषोंका गर्व न रहे. इसी संदर्भमें श्रीआचार्यचरण पुष्टि-प्रवाह-मर्यादा ग्रंथमें आज्ञा करते हैं कि मिश्रपुष्टि जीवोंकी अन्यमें आसक्ति देखकर अथवा उनका अहंकार देखकर कभी भगवान्ही उनको श्राप दिलवाते हैं जिससे उनका मिश्रभाव दूर होकर उन्हें भक्ति प्राप्त हो. इसी तरह ऋषभदेवजीके पुत्र राजा भरतको, जिनका अन्तिम जन्म होनेके बावजूद, वनमें एक मृगके बच्चेमें आसक्ति हो जानेसे, उन्हें तीन जन्मोंके अन्तरायके बाद मोक्ष प्राप्त हुआ. राजा पुरञ्जनको भी स्त्रीकी इच्छा एवं उसीके स्मरणके कारण स्त्रीयोनी प्राप्त हुई थी. स्वयं ब्रह्माजीभी अपनी पुत्रीमें कामासक्त हो गये थे. बादमें प्रायश्चित्तके रूपमें अपने देहका परित्याग किया था. यह सभी दृष्टांत श्रीहरिरायमहाप्रभुने अपने इस ग्रन्थमें उद्धृत किये हैं.

कर्ममार्गमें प्रतिबन्धकता :

भागवत एकादश स्कंधमें जिनकी कामना अति प्रबल है, ऐसे अति आसक्त जीवोके लिये कर्ममार्गका उपदेश बताया है क्योंकि कर्ममार्गमें साधककी ममताको विभिन्न देवताओंसे जोड़नेकी प्रणाली अपनाई गई है. स्वयंके उपभोगसे पूर्व देवताओंके यजनकी आवश्यकता यहां दिखलाई है. जिससे साधक निष्कामकर्मकी ओर कर्ममार्गमें बढ़ता चला जाता है. इस निष्काम कर्मयोगका विवेचन गीताके तीसरे अध्यायमें हुआ है. परन्तु यह कामरूप दोष साधकको निष्कामकर्म करने नहीं देता है बल्कि वह अपनी ममतामयी सकामवृत्तिके द्वारा निर्दुष्ट निष्कामकर्मको सकाम बना देता है. फलतः वह आत्मसुखरूप स्वर्गफलसे वञ्चित रहकर, क्षणिक लौकिकफल एवं पारलौकिक स्वर्गलोकके फलमें उलझ जाता है. ऐसे जीवोंके लिये भगवान् आज्ञा करते हैं "वे निष्पाप तीनों वेदोंके जाननेवाले, स्वर्गलोकके फलके लिये देवोंका यजन करते हैं. वस्तुतः यजन भगवान्का ही स्वरूप है, इस बातको कामदोषके कारण नहीं जान कर वे स्वर्गलोकमें दिव्य भोगोंको भोग कर, पुनः पुण्य क्षीण हो जानेपर मर्त्यलोकमें आते हैं और फिर इसतरहसे जन्म-मरणके फेरेमें फंस जाते है" (भ.गी.९।२०-२१).

परन्तु यदि कोई साधक अपनी कामनाको नियंत्रित करके अपने उपभोगसे पूर्व यदि थोड़ी धीरज रख कर देवताओंके लिये "यह मेरा नहीं आपका है" यों कह कर देवयजनके रूपमें निष्कामताके मार्गपर आगे बढ़ता है, तो उसे अन्तमें यही निष्कामकर्म आत्मसुख या शाश्वत स्वर्गका सुख प्रदान करेगा. यह निष्काम कर्ममार्ग, किन्तु, हमारी अहन्ताकी परवाह अधिक नहीं करना चाहता. हमारी ममताको मार्गदर्शन देना चाहता है. अहन्ताकी उपेक्षाके कारण इस कर्ममार्गकी प्रारम्भिक साधनावस्थामें अहन्ता और राजसगुणके साहचर्यसे पनपे क्रोधकी सम्भावना पद-पदपर रहती है. इस तरह कर्ममार्गमें प्राधान्यतया कामही प्रतिबन्धक है. कभी असावधानीमें क्रोधभी हानि पहुंचा सकता है.

ज्ञानमार्गमें प्रतिबन्धकता :

भागवतके एकादशस्कंधमें वैराग्य जिसे सिद्ध है ऐसे अनासक्त जीवोंको ज्ञानमार्गका अधिकारी माना है. क्योंकि ऐसे अनासक्त जीवकी ममता विकृत नहीं होती है, उनके वैराग्य सिद्ध होनेके कारण. अतः ज्ञानमार्ग जीवकी अहन्ता स्वस्थ बनानेका प्रयास है. कर्ममार्गमें जैसे ममताको देवताओंसे जोडा गया था इसीतरह ज्ञानमार्गमें साधकको अपनी अहन्ताको ब्रह्मके साथ जोड़नेका प्रयास करना पड़ता है. जैसे "मैं ब्रह्मही हूं, मैं ही मेरा होम ब्रह्ममें करता हूं" ऐसी साधना साधकको करनी पड़ती है. 'भक्तिवर्धिनी'के ग्रन्थपरिचय (श्रीश्याममनोहरजीकृत) में बताया गया है कि ज्ञानयोग ब्रह्माग्निमें अपनी अहन्ताकी आहुति देना सिखलाता है परन्तु यदि अपनी अहंकारकी धधकती ज्वालाओंमें ब्रह्मकी आहुति दी जाय तब फिर वह ज्ञानयोग नहीं रह जाता है. प्रायः ऐसा देखा जाता है कि साधक जब 'मैं ब्रह्म हूं' ऐसी साधना करता है तब यदि 'मैं' पर ज्यादा जोर आ गया तब इस 'मैं' के अलावा सभीमें मिथ्या होनेकी दृष्टि पनपती है. जिससे यह ज्ञानमार्ग ही नष्ट हो जाता है. यहां मूलमें अहन्ताके साथ रजोगुणका संयोग क्रोधरूप दोष उत्पन्न करता है. इस क्रोधसे ज्ञानमार्ग ही अस्थिर हो जाता है और सर्वज्ञता प्रगट नहीं होने देता.

कई बार ऐसा भी होता है कि कभी विफल ज्ञानमार्गीय साधककी उपेक्षित ममता, ज्ञानमार्गपर चलते हुए साधकको रजोगुणके साथ मिलकर शिष्येषणा जैसी कामनाओंका रूप धारणकर मोहमें फंसा देती है. गीता (३।३९) में भगवान् बताते हैं कि यह कामरूपी दुष्पूर अग्निने ज्ञानीओंका ज्ञान ढक दिया

है. इसलिये इस कामको ज्ञानीका शत्रु जानना चाहिए.

भक्तिमार्गमें प्रतिबन्धकता :

श्रीहरिराय महाप्रभु कामाख्यदोषविवरण ग्रन्थमें बताते हैं कि काम और लोभ दो बड़े पर्वतके समान है. जैसे बड़े पर्वत को लांघ कर जाना बहुत ही कठिन है, उसी तरह ये काम और लोभ दोनोंको वशमें लाना बहुत कठिन है. जब तक इन दोनों पर विजय प्राप्त न किया जाय तब तक भगवानकी प्राप्ति नहि हो सकती है. आप शिक्षापत्र (३४।२६-२८) में आज्ञा करते हैं कि "कामके कारण इन्द्रियां भगवानसे विमुख होकर विषयोंकी तरफ भागती हैं. जिससे बहिर्मुखता आती है. लोभमें पाखण्डकी संभावना है क्योंकि जिसको लोभ होता है वह द्रव्यादिकके लिये अनेक पाखण्ड करता है. क्रोध तो यह तीन (काम-क्रोध-लोभ) के बीचमें रहनेवाला है क्योंकि काम पूर्ति न होनेपर क्रोध होता है. उसी तरह लोभका अर्थ सिद्ध न होने पर क्रोध प्रकट होता है. क्रोध प्रकट होनेपर अन्य अनेक तरहके मोह इत्यादि दोष प्रकट होते है. जिससे अष्टप्रहर लौकिकावेश एवं लौकिक ध्यान हृदयमें रहता है. जो दैन्यभावका नाशक है. आपश्री आज्ञा करते है कि श्रीकृष्णकी सेवा, कथा और आश्रय ऐसे सर्व कार्यमें दैन्यही बीज है. जैसे मन्त्रशास्त्रमें बीजयुक्त मन्त्र फल देनेवाला होता है, इसी तरह पुष्टिभक्तिमार्गमें सेवा, कथा, आश्रय ये सभी दैन्ययुक्त होनेपर ही फल देनेवाले बनते हैं. अन्यथा वे भगवान्के अनुग्रहके साधक नहीं है. यह क्रोध सभीका बीजरूप सर्वस्वरूप दैन्यका नाश करनेवाला है.

पुष्टिभक्तिमार्गान्तर्गत शरणमार्गमें प्रतिबन्धकता :

भक्तिमार्गमें सर्वप्रथम भगवदाश्रयकी अतीव आवश्यकता बताई गई है. एक भगवान्के अनन्याश्रय बिना भक्ति कभी भी फलित नहीं होती है. श्रीआचार्यचरणने भगवदाश्रय दृढ़ करनेके विवेकधैर्याश्रयग्रन्थमें चार उपाय बतलाये है :

(१)आश्रयकी मानसिक-वाचिक भावना.
(२)अन्याश्रयत्याग.
(३)प्रभुमें दृढ़ विश्वास.
(४)शरणभावना हृदयमें दृढ़ रखकर जो कुछभी सहज प्राप्त हो जाता है उसीका निर्मम सेवन करना.

जीव जब भगवान्की शरण जाता है तब सबसे पहले उसे यह दृढ़ विश्वास होना अति आवश्यक है कि प्रभु जो कुछ भी अपनी इच्छासे करेंगे वह जीवके कल्याणके लिये ही करेंगे, ऐसा प्रभुमें विश्वास रखकर, जो कुछ भी सहजमें प्राप्त हो जाए, उसीको प्रभुका प्रसाद मान कर, ममतारहित हो कर जीवननिर्वाह करना चाहिए. भगवान् भी आज्ञा करते हैं "जो लोग अनन्य होकर मेरा चिंतन करते हुए सर्वप्रकारसे मेरी सेवा-भजनमें जुड़ गये हैं, ऐसे भक्तोंका योगक्षेम तो स्वयं मैं ही चलाता हुं" (भ.गी.९।२२). प्रभुमें दृढ़ विश्वास और जो सहज प्राप्त है और उसीका निर्ममभोग, इन दोनोंका निर्वाह होनेपर तो जीव कभी अन्याश्रय कर ही नहीं सकता. उसका चित्त प्रभुमें स्थिर हो जाता है. जिससे वह भगवान्की शरण भावना मानसिक और वाचिक रूपमें कर पानेमें समर्थ बनता है. फलत: उसे भगवदाश्रय दृढ़ हो जाता है.

किन्तु काम-लोभ दो ऐसे दोष हैं कि वे इन चारों उपायोंको अच्छी तरहसे जीवको निभाने ही नहीं देते हैं. लोभसे वश हुआ जीव सहज प्राप्तका निर्मम सेवन नहीं कर पाता है. वह विषयोंकी ओर भागता है. इस दौड़भागमें कई बार विवेक खो कर, जीव भगवान्से क्षुद्र फलकी याचना भी कर लेता है. प्रभुतो भक्तोंका कल्याण करनेवाले हैं, वे ऐसे तुच्छ फल कि जिससे जीवका पतन हो, नहीं देते हैं. प्रभुकी स्वयंकी जो इच्छा है उसी तरह आप फलदान करते हैं. जीवको, परन्तु, अज्ञानवश वहां प्रभुमें अविश्वास हो जाता है और वह भगवान्को छोड़ कर अन्यदेवोंकी शरणमें जाता है. भगवान् आज्ञा करते हैं कि "जिनका ज्ञान अनेक कामनाओंकी अपेक्षाओंके कारण नष्ट हो चुका है, ऐसे लोग अपने राजस या तामस स्वभावके वश होकर अपनी अन्तहीन इच्छाओंको पूर्णकरनेके लिये मेरा आश्रय छोड़ कर अन्य अनेक देवोंको प्रसन्न करनेके लिये उनके शरण जाते हैं. अन्यदेवोंकी उपासना-व्रतादि करते हैं, जिससे उनकी मनोकामनाए पूर्ण हों. वे भगवान्का भजन नहीं करते हैं" (भ.गी.७।२०). इस तरह यह कामरूप दोष जीवसे अन्याश्रय करवाता है. ऐसे जीवोंके लिये आगे भगवान् कहते हैं "इन अल्पबुद्धिवालोंके फल विनाशी होते हैं. ये लोग भगवान्को प्राप्त नहीं होते लेकिन उन-उन देवोंको प्राप्त होते हैं" (भ.गी.७।२३). काम-लोभ जीवको निरंतर लौकिक विषयोंमें भटकनेके लिये प्रेरित करते हैं. जिसके कारण चित्त स्थिर नहीं रह पाता है और बिना स्थिर चित्तके आश्रय सिद्ध नहीं होता है. यही कारण है कि जीव भगवदाश्रयकी

मानसिक-वाचिक भावना भी नहीं कर पाता है. फलतः वह शरणमार्गसे भ्रष्ट होजाता है.

पुष्टिभक्तिमार्गान्तरगत कथापक्षमें प्रतिबन्धकता :

कथापक्षसे भक्ति दृढ़ करनेके जो उपाय श्रीआचार्यचरणने भक्तिवर्धिनी एवं निरोधलक्षण ग्रन्थोंमें बताये हैं वहांपर भी ये दोनो दोष प्रतिबन्ध खड़े करते हैं. कथापक्षमें भगवान्के गुणोंका वर्णन करना ही मुख्यसाधन माना गया है. इससे प्रभुका प्राकट्य भक्तके हृदयमें होता है. श्रीहरिरायमहाप्रभुने कामाख्यदोषविवरण ग्रन्थमें बताया है कि जिसका हृदय कामदोषके कारण पराभूत हो चुका है, ऐसे मनुष्यका ध्यान प्रभुमें स्थिर नहीं हो सकता है, क्योंकि अपनी कामनापूर्तिकी लालचमें उसका चित्त लौकिक विषयोंकी तरफ आकर्षित होता है. ऐसी स्थितिमें वह प्रभुके गुणगान कहांसे कर पाएगा? प्रभुके गुणगानका कार्य संसारासक्ति दूर कर वैराग्य उत्पन्न करना है, जबकि कामवश चित्ततो सांसारिक विषयोंकी प्राप्तिमें ही उलझा हुआ रहता है. उसे प्रभुके गुण कहांसे अच्छे लगेंगे इसीलिये श्रीआचार्यचरण आज्ञा करते हैं "लोभरहित एवं मात्सर्यरहित होकर प्रभुके गुणगान सदा वर्णन करने चाहिये". (निरो.लक्ष.१६). परन्तु जब तक व्यक्ति लोभ एवं मात्सर्यरहित होकर गुणगानमें प्रवृत्त नहीं होता है, तब तक उसकी सहज रुचितो गुणगानमें न होकर लौकिक विषयोंमें ही रहती है. परिणामतः वह व्यक्ति—

(१)प्रभुके गुणगानको ही अपने लाभ (द्रव्यप्राप्तिके लिये) पूजा (अपनी कीर्ति लोकमें फैलानेके लिये) के लिये करने लग जाएगा. फलतः वह भक्तिमार्गसे भ्रष्ट होजाता है.

(२)प्रभुकी अलौकिक, निर्दोष, निष्काम लीलाओंमें लौकिकता ढूंढने लगता है. जैसे पीलिया रोगसे पीड़ित रोगीको सारी दुनिया पीली दिखाई देती है, ठीक उसी तरह लौकिक कामी पुरुषको प्रभुकी दिव्य आदिदैविक लीलाओंमेंभी प्राकृतता-लौकिकता दिखाई देती है. ऐसे व्यक्तिकोभी प्रभुके गुणगान कभी फलित नहीं होते हैं बल्कि वहभी भक्तिमार्गसे गिर जाता है.

गुणगानकी प्रक्रियामें प्रभुको हृदयमें धारण करना है परन्तु जबतक

हृदय शुद्ध नहीं हो प्रभु वहां नहीं पधारते हैं. शिक्षापत्र (३२।१-५)में श्रीहरिराय महाप्रभुजीने कैसे हृदयमें प्रभु कभी भी प्रवेश नहीं करते उसकी पूरी एक सूचि बताई है वह निम्नलिखित है.

(१)कामसे आविष्ट (२)क्रोधयुक्त (३)संसारासक्त (४)लोभसे व्याप्त (५)निरन्तर धनसंचय करनेमें तत्पर (६)दयारहित (७)सक्लेहरहित (८)संतोषरहित (९)शोकसे व्याकुल (१०)भयसे आक्रान्त (११)लौकिक विषयोंके ध्यानमें तत्पर (१२)अहंकारयुक्त (१३)क्रूर (१४)दुष्ट व्यक्तिका पक्षपाती (१५)प्रभु स्वामी और खुद सेवक है ऐसे भावसे रहित होकर ज्ञानमार्गमें स्थित (१६)अन्यदेवोंके समान प्रभुको जानना (१७)लौकिक विषयोंमें सन्मुख (१८)श्रीकृष्णके भक्तोंसे विमुख (१९)श्रीकृष्णकी अलौकिक लीलामें दोषदृष्टि (२०)भगवान्की सेवा-कथाको गौण मानकर कर्ममें आसक्त (२१)श्रीआचार्यचरणसे विमुख अर्थात् उनकी वाणीरूप उपदेशसे विपरीत चित्तवाला (२२)गुरु और शास्त्रवाणी के बारेमें नित्य कुतर्क करके उन्हें झूठ स्थापित करनेकी वृत्ति.

उपर गिनावेगए बाईस दोष अविद्याके कारण होते हैं. कामादि षड्वर्गसे ही ये सभी प्रेरित होते हैं.

पुष्टिमार्गान्तर्गत सेवापक्षमें प्रतिबन्धकता :

सिद्धान्तमुक्तावली ग्रन्थमें श्रीआचार्यचरणने हरिमें चित्तका प्रवण होना ही सेवाका स्वरूप बताया है. मनका प्रभुमें लग जाना ही सेवाकी श्रेष्ठत्तम अवस्था है. हरिमें चित्तप्रवणताकी सिद्धिके लिए सर्वस्वसमर्पणपूर्विका तनुवित्तजा सेवाका उपदेश वहां आपश्रीने दिया है. प्रभुको अपने घरमें पधरा कर घर-परिवार-धन-सम्पत्ति सबको प्रभुसेवामें लगाते हुए यदि हम खुदभी प्रभुकी सेवा करते हैं, तभी हमारा मन अपने आप प्रभुमें लग जाएगा इसीको सर्वस्वसमर्पणपूर्विका 'तनुवित्तजा सेवा' कहते हैं. पुष्टिमार्गमें केवल सेवा नहीं किन्तु सर्वस्वसमर्पणपूर्विका तनुवित्तजासेवा बताई गयी है. सर्वस्वसमर्पणका प्रकार सिद्धान्तरहस्य ग्रन्थमें श्रीमहाप्रभुजीने बताया है. सिद्धान्तरहस्य ग्रन्थमें वर्णित सर्वस्वसमर्पण प्रकारसे रहित सेवाका प्रकार पुष्टिमार्गमें मान्य ही नहीं है.

इसीलिए श्रीगुसांईजी सि. मु. ग्रन्थकी अपनी विवृत्तिमें 'तनुवित्तजा सेवा' का अर्थ समझाते हुए बताते हैं–

> ''द्रव्य देकर किसी औरके द्वारा करवाई गई सेवा और दूसरोंसे द्रव्यादि लेकर की गई सेवातो सेवा ही नहीं है. इस प्रकार की जाती सेवासे चित्त कभी कृष्णप्रवण हो नहीं सकता है. इस अपने अभिप्रायको प्रकट करनेके लिए श्रीआचार्यचरणने 'तनुवित्तजा' ऐसे समस्त पदका प्रयोग किया है. इससे यह सिद्ध होता है कि किसीभी तरहके लौकिक भावोंके अधिन हुए बिना अपने सर्वस्वका निवेदन भगवान्को करके, अपने देहकाभी भगवदर्थ विनियोग करनेपर, जब भगवत्प्रेम प्रकट होता है तब कहीं जाकर चित्त कृष्णप्रवण हो पाता है''.

परन्तु काम-लोभवश जीवसे प्रभुको सर्वस्वसमर्पण करपाना कठिन होता है. जीवकी विकृत ममता उसे लौकिक विषयोंमें भोगकी ओर प्रेरित करती है. ऐसा काम-लोभ युक्त चित्त 'लौकिक विषयोंकी पूर्ति न हुई तो' ऐसी आशंकाके कारण भयभीत भी रहता है. यही भय उसे उद्वेग कराता है. उद्वेगका अर्थ है 'अब मेरा क्या होगा?' ऐसा मनमें भाव होना. लौकिक भोग और उद्वेग इन दोनोंको ही श्रीआचार्यचरणने सेवाफल ग्रन्थमें सेवाके प्रतिबन्धक गिनाये हैं. मूलमें लौकिक भोग और उद्वेग दोनोंही भक्ति विरोधीभाव है जो जीवको प्रभुसे दूर ले जाते हैं. इन दोनोंके मूलमें कामादि दोषही कार्य करते हैं. उद्वेगकी प्रतिबन्धकता एवं उसके निवारणका विवेचन नवरतग्रन्थ एवं शिक्षापत्र ३६में हुआ है. वहां उद्वेगके निवारणके रूपमें मुख्यतः आत्मनिवेदनके चिन्तनका उपाय ही बताया गया है.

लौकिक काम जीवको प्रभुसेवामें रुचि उत्पन्न नहीं होने देता है, बल्कि लौकिक विषयोंकी ओर आकर्षित करता है इससे उसे सेवामें स्वतः आनन्द नहीं आता है. श्रीहरिराय महाप्रभुजी कामाख्यदोषविवरण ग्रन्थमें बताते हैं कि भक्तिमार्गीय जीवको प्रभुके अलावा अन्य किसीभी वस्तुकी प्राप्तिकी इच्छा नहीं होती. किन्तु कामी पुरुषोंको कामतृप्ति, इन्द्रियोंके विषयोंकी तृप्तिकी इच्छा सदा जागृत रहती है. एक ही समयमें एकही कार्य सम्भव है दो

नहीं, यातो लौकिक विषयोंकी इच्छा या फिर अलौकिक प्रभुकी चाहना. ऐसे कामी पुरुषोंसे सतत प्रभुकी शरणभावना एवं समर्पण भावना शक्य नहीं होती क्योंकि उनका हृदय लौकिक विषयोंके कारण चलायमान रहता है. उन्हें सदा लौकिक फलकी ही इच्छा हृदयमें रहती है, जिसके कारण सभी वस्तुओंको प्रभुको समर्पण करना भी दुष्कर होता है. अन्य पदार्थमें रही हुई ममताके कारण समर्पण अच्छी तरह नहीं निभ पाता है. जिस कारण असमर्पितका त्यागभी नहीं हो पाता है और असमर्पित भक्षणसे बहिर्मुखता आती है. यहां असमर्पितके त्यागका अर्थ केवल खाद्यपदार्थोंतक सीमित न लेकर जीवनके सभी लौकिक-वैदिक व्यवहारों तक लेना चाहिए.

कई बार ऐसे लोग अपनी सेवाको दूसरोंकी ओर प्रदर्शित करनेमें बाधित होते हैं. अपनी सेवाको बाहर जनतामें दिखाकर खुदकी कीर्ति बढ़ानेके चक्करमें वह फंस जाता है. फिर उससे ''स्वीयान् भक्तान् प्रदर्शयेत्'' (साध.दीपि.१०८) अर्थात् जो अपने स्वजन हों और भक्त हों ऐसेकोही अपने श्रीठाकुरजीके दर्शन कराने चाहिए इस सिद्धान्तकी अवहेलना हो जाती है. और फिर पाखंडवश सभी हमारे स्वजन हैं और भक्त हैं ऐसा आभास खुदको होता है या दूसरोंको करवाता है. इसीलिये भाष्यकार कहते हैं ''भगवद्भावके रसात्मक होनेके कारण, वह गुप्त रहता है तभी वृद्धिगत हो सकता है. अतः लोकमें आश्रमधर्मोंकी ओटमें अपने भगवद्भावको छिपाये रखना चाहिये. इसी आशयसे भगवद्भावके साथ-साथ आश्रमधर्मोंका भी निरूपण किया गया है. जिसके हृदयमें भगवान् बिराजते नहीं है वही व्यक्ति अपने भावोंको जनतामें प्रदर्शित कर सकता है. प्रभु यदि हृदयमें बिराजते हों तो भगवद्भावोंका बाहर प्रदर्शन सम्भव नहीं है. (अणुभा.३।४।४९). पुष्टिमार्गमें प्रभुका स्वरूप और प्रभुसेवा दोनों ही भावात्मक है. प्रभु और प्रभुसेवाके दर्शन किसी भी विवेक बिना सभीको करवा कर, व्यक्ति इस बहाने संचय-परिचय, कीर्ति इत्यादि लौकिक विषयोंकी पूर्ति करने लगजाता है. यह पाखंड व्यक्तिमें रहा हुआ लोभ ही करवाता है. आगे चलकर इसी बहाने धीरे-धीरे प्रभुकी सेवाके लिये द्रव्यादि स्वीकार करना इत्यादि प्रकारभी शुरु हो जाते हैं, जो सर्वथा मार्गीय सिद्धान्तसे विपरीत है. इसी सन्दर्भमें श्रीगुसांईजी आज्ञा करते हैं कि ''यदि कोई लोकार्थी हो कर कृष्णका भजन करता है तो वह सर्वथा क्लेश ही पाता है. यदि कोई आजीविका कमानेके लिये या यश पानेके लिये भजन करता है, तो

न केवल उसे ऐहिक क्लेश ही होता है प्रत्युत ऐसे निषिद्ध आचरणके कारण उसके सारे पारलौकिक अधिकार और फल भी नष्ट हो जाते हैं. (सि.मुक्ता.). ऐसी देवलक वृत्तिको शास्त्रमें महापतित माना है.

इस तरह जो लोग खुदके घरमें प्रभुसेवा नहीं करते, परन्तु धन देकर दुसरोंके द्वारा दुसरोंके वहां सेवा करवाते हैं, वे भी ऐसी लौकिक भोगरूप प्रतिबन्धके शिकार है, क्योंकि उन्हें यह भय लगता है कि यदि घरमें प्रभुकी सेवा सर्वस्वसमर्पणपूर्विका की जाए तो उनकी लौकिक भोगकी वृत्तिमें बाधा आ जाएगी. या फिर अकेले ही अपने संकुचित द्रव्यसे सेवा करनेसे उन्हें सुख नहीं मिलता है, क्योंकि मूलमें लौकिक विषयोंपर उनकी दृष्टि टीकी हुई है, प्रभुमें नहीं. आधुनिक समयमें जो तथाकथित पुष्टिमार्गीय सार्वजनिकसेवाका प्रकार, मार्गीय सिद्धान्तसे सर्वथा विपरीत होनेपर भी, बहुसंख्यामें चल रहा है, इसका कारणभी यही समझमें आता है कि सेवा करनेवाले और करवानेवाले दोनोंहीके हृदय काम-लोभ दोषसे आक्रान्त हो चुके हैं. जिससे उन्हें अपने घरमें सर्वस्वसमर्पणपूर्विका तनुवित्तजासेवाका श्रीआचार्यचरण प्रमाणित प्रकार मान्य नहीं है या सुहाता नहीं है. सच पूछो तो श्रीआचार्यचरणने ऐसे अधिकारी जिनमें 'विक्षेप' दोष आ पड़ा है, उन्हें सेवा त्यागकी बात बताई है, अन्यथा वही सेवा जो पुष्टिमार्गका प्राण है, उनके लिये पतित बननेका कारण बन जायेगी. 'विक्षेप' दोषका अर्थ सर्वनिर्णय निबन्धमें बताया है कि स्वतः सेवामें प्रवृत्त नहीं होनेवाली इन्द्रियोंको बलात् सेवामें लगानेपर, ऐसी इन्द्रियें चित्तमें विक्षेप उत्पन्न करती है. ऐसे विक्षेपके साथ सेवा करनेपर, प्रभुसेवा अशुद्ध बन जाती है. यह विक्षेपदोष भी अति कामासक्त और लोभयुक्त चित्तका ही परिणाम है.

कामादिदोषोंके निवारणका प्रयोजन एकमात्र भक्ति :

शास्त्रोंमें जितनेभी नियमसम्बन्धी आदेश हैं उनका एकमात्र तात्पर्य यही है कि काम-क्रोध-लोभ-मोह-मद-मात्सर्य इन छह शत्रुओंपर विजय प्राप्त कर ली जाए. ऐसा होनेपर भी यदि उन नियमोंके द्वारा भगवान्के ध्यान-चिंतन आदिकी प्राप्ति नहीं होती तो उन्हें केवल श्रम ही श्रम समझना चाहिए (द्रष्ट. : भा.पु.७।१५।२८). धर्मका ठीक-ठीक अनुष्ठान करनेपर भी यदि मनुष्यके हृदयमें भगवान्की लीलाकथाओंके प्रति अनुरागका उदय नहो तो वो

निरा श्रम ही श्रम है (द्रष्ट. : भा.पु.१।२।८). यहांपर कामादि इन छह दुर्गुणोंको शत्रुकी उपमा इसलिये दी है कि ये सभी दुर्गुण भगवान्की भक्तिमें प्रतिबन्धक है. इन दुर्गुणोंको दूर करनेका भी एकमात्र प्रयोजन तो भगवान्की निर्बाध भक्ति होना ही है. अतएव दोष दूर भी हो गये परन्तु जो भगवान्की भक्ति न हुई तो ऐसी निर्दोषता भी किस कामकी है भक्तके लिये तो ऐसी निर्दोषता भी निरर्थक ही है.

कामादिदोषोंके निवारणका उपाय :

इस प्रकार कामादि दोषोंकी भयंकरता और उनकी भक्तिमार्गमें प्रतिबन्धकता का विवरण देख लेनेके बाद, इन दोषोंके निवारणके उपायोंका विचार करना भी आवश्यक है. पहले देख चुके हैं कि व्यामोहिका मायाके कारण ही कामादि दोषोंकी उत्पत्ति होती है. इस व्यामोहिका मायाको ही यदि वशमें कर ली जाए तो ये दोष अपने-आप दूर हो जाएंगे. शास्त्रोंमें जितने भी धर्मसम्बन्धी नियम, जैसेकी तप, अभ्यास, वैराग्य, सन्तोष, अनेक प्रकारके व्रत इत्यादि बताये हैं, उन सबका प्रयोजन भी इस मायाको वशमें करना ही है. परन्तु इस मायाको दूर करनेका श्रेष्ठतम उपाय स्वयं भगवान्ने बताया है "जो मेरा ही आश्रय करता है वही मेरी इस गुणमयी दैवी दुस्तर मायाको तैर पाता है" (भ.गी.७-१३). विद्या (ज्ञान) और अविद्या (अज्ञान) दोनोंकी नियामिका यही माया है. भगवान्की शरण जानेसे अतिरिक्त अन्य जितने भी उपाय है, जैसेकि कर्म, ज्ञान, तप, इत्यादि, वे कोई भी इस दुस्तर मायाको तैर पानेमें समर्थ नहीं है. केवल भगवत्शरणागति ही एकमात्र उपाय है (द्रष्ट. : स.नि. ३०४-३०५). इसीलिये श्रीआचार्यचरण कृष्णाश्रय (श्लो.९) ग्रन्थमें आज्ञा करते हैं "विवेक, धैर्य, भक्तिसे रहित और विशेषरूपसे पापाचरणमें आसक्त जीवके लिये श्रीकृष्णकी शरणागतिसे अतिरिक्त ओर कोई मार्ग नहीं है.

श्रीहरिराय महाप्रभु कामाख्यदोषविवरण ग्रन्थमें आज्ञा करते हैं "कामादि दोषका स्वरूप अति भयंकर है, उनपर विजय पाना बहुत ही कठिन है. किन्तु उनको जितनेका भी श्रेष्ठ साधन एकही है; और वह है अपने श्रीआचार्यचरणकी शरणमें जाना. जीवमें सभी साधनोंके अभाव होनेपरभी श्रीआचार्यचरण अपने अनुग्रहसे जीवका उद्धार कर देंगे. इसलिए जिन्हें श्रीगोकुलेशके भजनकी आकांक्षा है, उन्हें तो श्रीमहाप्रभुजीका शरण

स्वीकारनेके अलावा ओर कोई मार्ग है ही नहीं इस सन्दर्भमें भागवतमें भी कहा है :

"स्वयं समुत्तीर्य सुदुस्तरं द्युमन् भवार्णवं भीममदभ्रसौहृदाः।
भवत्पदाम्भोसहनावमत्र ते निधाय याताः सदनुग्रहोभवान्।।

(भा.पु१०।२।३१).

अर्थ : हे परमप्रकाशस्वरूपपरमात्मन् सत्पुरुष भक्तोंपर आपकी बड़ी कृपा है, जिससे वे स्वयं इस भयंकर और दुस्तर संसारसागरको पार कर, जाते-जाते अन्य लोगोंके कल्याणके लिये आपके चरणकमलोंकी नौका स्थापित कर जाते हैं.

इस श्लोकका भाव समझाते हुए श्रीगुसांईजी भक्तिहंसमें आज्ञा करते हैं कि भगवान्के चरणकमल, भक्तिमार्गरूप होनेके कारण, उनका स्थापित करना वस्तुतः भक्तिमार्गरूप सम्प्रदायका प्रवर्तन करनाही है. जो लोग समर्थसाधनोंसे रहित हैं उनपरभी भगवान् अनुग्रह करते हैं, क्योंकि उनलोगोंने सत्पुरुषोंकी शरण ली है और भगवान् सत्पुरुषोंपर अनुग्रह करनेवाले हैं. भगवान् अपने द्वारा साक्षाद् रूपसे अनुगृहीत भक्तोंका पक्षपात करते हैं. इस कारण ऐसे भक्तोंसे सम्बन्ध होनेके कारण, उनके द्वारा प्रवर्तित सम्प्रदायमें प्रवृत्त लोगोंकेसमर्थसाधन-रहित होनेपरभी, भगवान् ऐसे साधनरहितों परभी अनुग्रह करते हैं.

"किरातहूणान्ध्रपुलिन्दपुल्कसा आभीरकङ्का यवनाः खसादयः।
येऽन्ये च पापा यदुपाश्रयाश्रयाः शुध्यन्ति तस्मै प्रभविष्णवे नमः।।"

(भा.पु २।४।१८).

अर्थ : किरात हूण आन्ध्र पुलिन्द पुल्कस आभीर कंकयवन और खस आदि नीची जातियां तथा दूसरे पापी, जिनके शरणागत भक्तोंकी शरण ग्रहण करनेसे ही पवित्र हो जाते हैं, उन सर्व शक्तिमान् भगवान्को बार-बार नमस्कार है.

चर्चा

काम-क्रोध-लोभादिकी प्रतिबन्धकता

श्रीयोगेश गोस्वामी

असित शाह : आलेखमें 'काम' शब्द दो-तीन अर्थछायामें यूज़ कियो है. कहीं तो काम-क्रोध-लोभ-मोह-मद-मात्सर्य ये छे बताये हैं. कहीं जैसे श्रीहरिरायजीको कामाख्यदोषनिरूपणम् है तो वामें विजातीय आकर्षण और वा प्रकारके कामको निरूपण है. इन दोको कोरिलेशन् समझनो है.

गो. योगेश : सर्वनिर्णयमें श्रीमहाप्रभुजी 'काम'की व्याख्या जनरल् बता रहे हैं. यहां वाके प्रतिबन्धक पक्षपे ज्यादा भार नहीं है. और हरिरायमहाप्रभु लौकिक विषयन्में अपनी आसक्ति कैसे भक्तिमें प्रतिबन्धक हो रही है वो बात समझा रहे हैं.

असित शाह : आप लिख रहे हो के अहन्ताके कारण क्रोध होवे है और ममताके कारण काम होवे है. आगे आप बता रहे हो के ममताके कारण काम होवे है और कामके कारण क्रोध पैदा होवे है. यासु आप क्या कहनो चाह रहे हो?

गो. योगेश : कामकी पूर्ति नहीं होवे तब क्रोध होवे है. यासुं क्रोध कामको परिणाम है.

असित शाह : ये तो समझमें आवे है पर अहन्तासुं वो कैसे जुड़े है?

गो. योगेश : अहन्ताके ऊपर विशेष भार आ जावे तो अपन दूसरेको उत्कर्ष अपन सहन नहीं कर पावें और अपनकु क्रोध आ जावे. यासु अहन्ताके विरुद्ध कुछ भी होयगो तो अपनकु तुरन्त क्रोध आवेगो.

गो. श्या. म. : मोकु यामें ऐसो लगे है के कामके मूलमें ममत्व और क्रोधके मूलमें अहन्ता है ...फ्रॉयड् और दूसरे मनोवैज्ञानिक सर्टन् ड्राईव्ज़कुं बेज़िक् माने हैं. उनके कारण अपनो ईगो, अपनो एटेच्मेंट् डेवलप् होवे है. अपनी साय्कोलोजी दूसरी बात कह रही है. जैसे फ्रॉयड्केलिये सेक्स अपनी इतनी बेज़िक् ड्राईव् है के वो वाकु अपन जैसे परब्रह्म-परमात्मा माने हैं ऐसो मूल तत्त्व माने है. यासु वो अपनी

सब वृत्तीन्को मूल सेक्स माने है. एक जमानामें फ्रॉयड्की तूती चलती हती. आजकल वाको प्रभाव उतनो नहीं रह्यो है, दूसरी बहोतसी थियरीएं आ गयी हैं. पर अपने यहांकी साय्कोलोजीके हिसाबसुं अपन फ्रॉयड्की तरह नहीं माने हैं. यद्यपि अपने यहां ऐसे वचन मिले हैं के **"कामस्तदग्रे समवर्ततााधि"** और **"काममयोऽयं पुरुषः"** पर वहां जो काम है वो सेक्सवालो काम नहीं होके विषयकाम है. **"ध्यायतो विषयान् पुंसः सङ्गस्तेषूपजायते, सङ्गात् सञ्जायते कामः कामात् क्रोधोभिजायते"** ये साय्कोलोजिकल प्रक्रिया गीतामें बताई है. तो अपने हिसाबसुं बेज़िक् ड्राईव कहनी होवे तो अपन यों माने हैं के मनुष्य ...वैसे मोड्र्न साय्कोलोजिस्टमें भी कईने स्वीकार्यो है के मनुष्य ग्रेगेरियन् एनिमल् है, संगमें रहनो चाहे है, निःसंग नहीं रहनो चाहे है. अपनो अनुभव भी ऐसो है के निःसंग रहनेमें अपनकु भय होवे है. श्रीमहाप्रभुजी भी आज्ञा करे हैं के **"बाधसम्भावनायान्तु नैकान्ते वास इष्यते, हरिस्तु सर्वतो रक्षां करिष्यति न संशयः"**. तो एकान्तसुं अपनकु डर है. तो अपने यहांकी साय्कोलोजीके हिसाबसु अपन ये माने हैं के मूलमें अपन संगजीवी प्राणी हैं. संग अपनेमें ममता पैदा करे है. जिनमें अपनी ममता है वामें काम पैदा होवे है. सेक्स् तो वाकी एक वेरायटी है. फ्रॉयड्की तरह अपन सब जगह सेक्स् नहीं माने हैं. क्योंके यदि वो सेक्स् कैंसल् हो जावे तब भी ये काम कैंसल् नहीं हो सके है. मूल बात ये है. अब संगजीवी प्राणीको संगमें जीनो ये जैसे एक पहलू है ऐसे अपनमें एक तरहकी सेल्फ्अवेरनेस् भी है के मैं संगजीवी हूं. और एक बात ध्यानसुं समझो के संगमें दूसरो आदमी खो जावे है पर कभी भी अपन नहीं खोवें हैं. जैसे भीड्में अपने संगको आदमी खो सके है पर अपन अपनेआपकेलिये एक लाखकी भीड्में भी खो नहीं सके हैं. ये उदाहरण शाङ्करनने "दशमस्त्वमसि"के रूपमें दियो है. पर श्रीमहाप्रभुजी वाकु हेल्दी उदाहरण नहीं मानें हैं. अहन्ताकी विस्मृति दीखनो विकृत उदाहरण है, स्वस्थ साय्कोलोजिकल् उदाहरण नहीं है. महाप्रभुजीके हिसाबसु और शङ्कराचार्य भी कहे हैं के **"सर्वोऽपि लोको अहमस्मीति प्रत्येति नाहमस्मीति ब्रूयात्"**.

"मैं नहीं हूं" या "मैं खो गयो हूं" ऐसी अनुभूति न कोईकु नहीं होवे है. मेरे लोग खो गये हैं ऐसे तो होवे है पर मैं खो गयो हूं ऐसो कभी नहीं होवे है. तो अपनी अहन्ताको कभी भी विलोपन नहीं होवे है. अहन्ता प्रबल-निर्बल हो सके है. जैसे भय होते ही अहन्ता निर्बल हो जावे है. तब अपन संरक्षण चाहे हैं. शरणागतिमें भी मूलमें अपनो ये ही भाव है. अपनी अहन्ताकु कमजोर बनाके शरणागत हो जाओ. अहन्ता जब प्रबल है तो "काम अपूर्ण + अहन्ता = क्रोध" ऐसो ईक्वेशन् है. "- अहन्ता = क्रोध" ऐसो कभी भी नहीं हो सके है. क्योंके वो अपनमें ऐसो फ्रस्ट्रेशन् पैदा करे है के जामें अपने अहंकारके कारण अपनकु ऐसो लगे है के क्यों मेरो काम पूर्ण नहीं भयो. अरे, पर तू कौनसे सुरखाबके पर लगाके आयो है के तेरो काम पूर्ण होनो ही चहिये! पर वो बात सोचनेकु अपनी अहन्ता अपनकु समय नहीं दे है. यदि अपनकु ये बोध हो जावे के ऐसो कोईको अहंकार नहीं हो सके है के जाकी सब कामनायें पूर्ण होनी ही चहिये तो अपनकु क्रोध नहीं होयगो. "प्राप्तं सेवेत निर्ममः" या बाजु ममताकु सोबर बनानेकी प्रक्रिया है पर 'सेवेत'में सेवनमें जो ममता प्रकट हो रही है के इनको मोकु सेवन करनो है वो अहन्ताकु सोफ्ट् बनानेके कारण अपूर्णकाम + निर्बल अहन्ता क्रोधकी जनक नहीं होयगी पर प्रबल अहन्ता हर बक्त क्रोधकी जनक होवे है. अक्सर अपूर्ण अहन्ता और काम जब एकदम रजोगुणसुं संबलित होके जब विकराल रूप धारण करे है, रजोगुणको मतलब अहन्ता स्थिर नहीं होके चञ्चल हो गयी. इतनी के कहीं भी अपनो आश्रय खोज रही है. अहन्ता सात्विक-राजस-तामस तीनों तरहकी हो सके है. अपने यहांकी साय्कोलोजिके हिसाबसुं सात्विक अहन्ता स्थिर-अचञ्चल और जाग्रत है. तामस अहन्ता स्थिर है पर सुषुप्त-जडीभूत है. और राजस अहन्ता एकदम चञ्चल है. वो सखणी नहीं बैठे है. वाके कारण अपनकु उद्वेग ज्यादा होवे है. यदि वो स्थिर और प्रकाशरूप हो जाय तो वो उद्वेग पैदा नहीं करेगी. वो नहीं होवे तो चञ्चल अहन्ता क्रोध पैदा करेगी ये अपने यहांकी साय्कोलोजी है. वाकु श्रीमहाप्रभुजीने समझायो है के सुख धर्मसुं इच्छा पैदा होवे है. इच्छा प्रबल होनेके बाद काम होवे है. हर इच्छा अपनी काम नहीं

है. वात्सन्ने याके पेरेलल् वान्ट्स् और डिज़ायर् को भेद बतायो है. वोन्ट्स् हेबिट्सुं पैदा होवे है. वो जब फुल्फिल् नहीं होवे तो तुमकु वाकी डिज़ायर् होवे है. वोन्ट्स् और डिज़ायर् को जो भेद है वो अपने यहां इच्छा और काम हैं. अंग्रेजीमें वाकु हंगर् और एपेटाईट् भी कह सके हैं. हंगर भूखसामान्य है पर एपेटाईट् विशेष वस्तुकी भूख है. मोकु ढोकला ही खाने हैं, फाफड़ा ही खाने हैं. ये एपेटाईट् है. वो कामको रूप है. हंगर् इच्छाको रूप है. वो पैदा हो रही है सुखसुं. क्योंके जासुं दुःख होवे वाकी अपनकु इच्छा नहीं होवे है. श्रीमहाप्रभुजीकी साय्कोलोजीकी ब्यूटी देखो के इच्छा सुखसुं पैदा हो रही है. सुख कहांसुं पैदा हो रह्यो है? आनन्दसुं. "**यो वै भुमा तत्सुखं नाल्पीवे सुखमस्ति**". "**आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति**" आत्मरूप काममें धर्मभूत आनन्दकी अनुभूति हो रही है वासुं अपनकुं सुखानुभूति होवे है. वो सुखानुभूति जाके सम्पर्कमें अपन आवे हैं वाके कारण इच्छाको रूप धारण कर रही है. वो इच्छा जब स्पेसिफाईड् होवे है तब कामको रूप धारण करे है. और वो जब अन्फुल्फिल्ड होवे, और जब अहन्ता सात्त्विक अवस्थामें नहीं है तो झट्सु वो क्रोधको रूप धारण कर लेवे है. और अन्फुल्फिल्ड् काम और मूढ अहन्ता आदमीकु हिस्टीरिया, स्युसाईड्, डिप्रेशन् जैसी बातन्में ले जावे है. ये सब मूढ अहन्ताके प्रकार हैं. पर राजस अहन्ता जो एजाईल् है वो अपूर्णकामकुं सहन करने नहीं दे है. अहन्ताको ईगो हर्ट् होवे है. वो क्रोधको रूप धारण करे है.

सात्त्विक अहन्ता जागृत है पर एजाईल् नहीं है. यासु अपूर्ण काम है पर अहन्ता सात्त्विक है तो आप अपूर्ण कामकुं फील् करोगे. बस्. दुनियामें न जाने कितने ऐसे व्यक्ति हैं के जिनके काम अपूर्ण हैं. वामें एक मेरो भी काम पूर्ण नहीं भयो तो वामें कौनसी गाज गिर गई! सात्त्विकता आपकु ये रियलाईज़ करायेंगे के ऐसे क्यों मान लेनो चहिये के मोकु कामना भई तो वो पूर्ण होनी ही चहिये. वो इच्छाकु देखेगी के मोकु याकी इच्छा हो रही है. पर अपूर्ण है. क्या करनो? इतनो देखके वो पाछी चली जायेगी. क्योंके वो सात्त्विक है, स्थिर है. पर राजस अहन्ता दौड़ती भयी अहन्ता है. वो क्रोध पैदा करे है.

मैं समझुं हूं के युरोपकुं अपनी साय्कोलोजी समझनेमें बहोत टाईम लगेगो. अपनी साय्कोलोजी बहोत डीपर है.

गो. शरद् : उपनिषद्में सृष्टिकी उत्पत्तिके सम्बन्धमें वर्णन आवे है के "**यथा स्त्री-पुमांसौ सम्परिष्वक्तौ स इममेव आत्मानं द्वेधाऽपातयत् ततः पतिश्च पत्नी चाभवताम्**" यहां स्त्री-पुरुषके कामको वर्णन आवे है. वाके पीछे भागवतमें ब्रह्माजीद्वारा सृष्टि करनेको वर्णन है वहां भी सृष्टिको विस्तार हो नहीं रह्यो हतो तब ब्रह्माजीके देहमेंसुं स्वायम्भुव मनु और शतरूपा उत्पन्न भवे. ऐसे सृष्टिके वर्णनमें स्त्री-पुरुषके कामको वर्णन मिले है. याके कारण कई लोग ऐसो कहे हैं के अपने यहांके ये सब वर्णन फ्रोयडियन् साय्कोलोजीकी धारणाकुं सपोर्ट करे हैं. या सम्बन्धमें अपनी क्या धारणा है?

गो. श्या. म. : मैने या ही लिये खुलासा कियो हतो के 'काम'को सेक्स् अर्थ पहाड़की चोटीकुं पहाड़ समझ लेने जैसो है. पर चोटीको पहाड़ बहोत क्षुद्र-छोटो होवे है. पर वा चोटीकु बनाये रखनेकेलिये वाके नीचे तरहटी तक पहाड़को जो विस्तार है वो बहोत बड़ो है. ऐसे सेक्सवालो काम बहोत क्षुद्र काम है. बाकीके कामको विस्तार इतनो बड़ो है के मेरे पोताके पोतेकेलिये भी मैं पैसा जमा करनो चाहुं हूं! कोईने शेठजीकु कही के आपकी सम्पत्ति तो इतनी है के आपकी तीन पीढ़ीकु खाने-पीनेकी कोई चिन्ता नहीं है. ये सुनके शेठजीकु रोनो आ गयो के मेरी चौथी पीढ़ीको क्या होवगो! शिलालेख लोग लिखवावें हैं वो क्या है? वो ही काम है. वल्लभ पञ्चशतीके बखत परिषद्कुं कुछ करनेको उत्साह आयो. एक गटरके पास कोई बगीचा हतो. परिषद्ने वाको नाम "वल्लभाचार्य उद्यान" रखवा दियो. गटरके पासके बगीचाको नाम श्रीमहाप्रभुजीपे रखनेकी क्या तुक! पर काम लग गयो है तो कुछ तो करनो ही है! श्रीमहाप्रभुजीको वो काम नहीं हतो. तुम्हारे घरमें सेवाको बगीचा खिलाओ तो श्रीमहाप्रभुजी अधिक प्रसन्न होंगे. गटरके पास गार्डन्को नाम 'वल्लभाचार्य उद्यान' रखनेसुं क्या फायदा? परिषद्कुं पञ्चशतिपे दूरसो काम जग्यो के सब बड़े-बड़े लोगन्की टपाल टिकिट छपे है तो श्रीमहाप्रभुजीकी भी छपनी चहिये. पांचसो वर्षमें कभी कोईके बापकी ताकत नहीं हती के श्रीमहाप्रभुजीकुं थूंक लगा सके वो वैष्णव परिषद्ने

वल्लभपञ्चशतिपे लगवाई. श्रीमहाप्रभुजीके प्रति ये कैसी ममताको भाव है? देखो, ये सब कामके खेल हैं. तो देखो के ग्राउंड् लेवल्पे काम वा एक्स्टेंट् तक जावे है. याकु सेक्स्वाले कामके साथ कोई लेना-देना नहीं है. तो "नान्तो कामस्य विद्यते". टिकिट छपवानेमें भी पाछी हाँसातोंसी इतनी भई के लोग झगड़ने लगे. एकने कही के टिकिट मैने छपवाई. तो दूसरेने कही के चित्र मैने दियो हतो वासु मेरो नाम आनो चहिये. पोस्ट ऑफिस् वालेनकु पता भी नहीं है के वल्लभाचार्य कौन हते और अपन उनपे थूक लगवाये जा रहे हैं! ये सब काम है.

આસુરાવેશ

અસિત શાહ

ઉપક્રમ :

શ્રીમહાપ્રભુજીવિરચિત 'શિક્ષાશ્લોકી' એ **"धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः"** શાસ્ત્રવચનનું અધોપિત પુષ્ટિમાર્ગીય ભાષ્ય જ છે જાણે! **"यदा बहिर्मुखा यूयं ... नैव लौकिकम्"** એ **"धर्म एव हन्तो हन्ति"**નું ભાષ્ય છે, જ્યારે કે **"भावस्तत्राप्यस्मदीयः ... हि नः"** એ **"धर्मो रक्षति रक्षितः"** નું.

આસુરાવેશને સમજવા માટે આ "धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः" સૂત્ર સમજવું આવશ્યક છે. કેમ કે આપણે ત્યાં કોઈ શૈતાન તો છે નહીં જે પુરુષને ભરમાવીને રવાડે ચઢાવે! **"એष उ एव साधुकर्म कारयति"** અને **"એष उ एव असाधुकर्म कारयति"**. એક જ દિગ્દર્શક છે આ ક્રીડામાં. કર્તા જીવ છે ને કારયિતા પ્રભુ છે.

આ સૂત્રને બીજા શબ્દોમાં કહીએ તો હણાતા ધર્મમાં વ્યક્તિને હણવાનું સામર્થ્ય છે, જ્યારે કે રક્ષાયેલ ધર્મમાં વ્યક્તિને રક્ષવાનું સામર્થ્ય છે. અરક્ષિત ધર્મમાં રક્ષવાનું સામર્થ્ય નથી અને ન હણાઈ રહેલ ધર્મમાં હણવાનું સામર્થ્ય નથી. આને આપણે આપણા શરીરમાં દાંત સાથે સરખાવી સમજી શકીએ. દાંતની આપણે કાળજી લઈએ તો દાંત આપણા સ્વાસ્થ્યની કાળજી ખોરાકને સુપાચ્ય બનાવી લે છે. અને દાંત સડી કે પડી જાય તો સ્વાસ્થ્ય પણ કથળી જાય છે. સડેલા દાંતમાં સ્વાસ્થ્યને રક્ષવાનું સામર્થ્ય નથી અને સારા દાંતમાં સ્વાસ્થ્ય બગાડવાનું સામર્થ્ય નથી. સંક્ષેપમાં ધર્મને રક્ષક કે ભક્ષક બનવાને સમર્થ અર્થાત્ ફલમુખ્યયોગ્ય વ્યક્તિ સ્વયં જ બનાવી શકે છે; સ્વરૂપયોગ્યતા ધર્મમાં બન્ને પ્રકારની હોવાથી. આવો લીલાનિયમ કે રુલ ઓફ ધ ગેમ છે આ સૃષ્ટિમાં.

ભાષ્યમાં સૂત્રોક્ત સાથે અનુક્ત વાત પણ કહેવાય છે. તે ન્યાયે શિક્ષાશ્લોકીમાં શ્રીઆચાર્યચરણ **"गोपीशः विधास्यति अखिलं हि नः"** આજ્ઞા કરી સૂચવે છે કે પુષ્ટિજીવો માટે વિશેષતયા સ્વયં પ્રભુ અર્થાત્ ધર્મી સામર્થ્ય પ્રકટ કરે છે; તેને ધર્મનું સામર્થ્ય પ્રકટ થતું ન જાણવું. અસ્તુ.

યૌગિકાર્થ :

અસુરસંબંધી તે આસુર; આસુર એવો આવેશ તે આસુરાવેશ. **"આસુરી યોનિમાપન્ના મૂઢા જન્મનિ જન્મનિ મામપ્રાપ્યૈવ કૌન્તેય તતો યાન્ત્યધમાં ગતિમ્"** ગીતાવચનને આધારે પ્રલયપર્યન્ત ભગવદ્પ્રાપ્તિ જેમના વરણમાં લખાઈ હોય તે આસુરી જીવો. તો દૈવી જીવો પણ આસુરી જીવો જેવું ભગવદ્વિમુખતાભર્યું વર્તન કરે ત્યારે તેમનામાં આસુરાવેશ થયો જાણવો. આમ આસુરી જીવોને તો અસુરપણું સિદ્ધ હોય છે; ચિર કે અચિરકાલસ્થાયી આસુરાવેશ તો દૈવી જીવોને જ થઈ શકે.

આસુરાવેશવિચારૌચિત્ય :

"વિષયાક્રાન્તદેહાનાં નાવેશઃ સર્વથા હરેઃ" જેવા વચનો વાંચતા જ લાગે કે વિષયાવેશ અને ભગવદ્યાવેશ વચ્ચે સહાવસ્થાનાસહિષ્ણુ વિરોધ છે આગ અને પાણી જેવો. પણ તે તો ઉત્કટ આવેશને તબક્કે. પ્રારંભિક કે અનુત્કટ આવેશનું તો ચક્ર ચાલતું હોય છે. અનાયાસ ભગવદ્યાવેશ અને આસુરાવેશ આવી-જઈ શકે છે. તેથી જ શ્રીમહાપ્રભુજીના શબ્દોમાં ગાયના શિંગડા પર રાઈનો દાણો ટકે તેટલી વારે ય ભગવન્નામ છુટ્યું તો આસુરાવેશ આવ્યો જ જાણો એવી પરિસ્થિતિ હોવા છતાં ય આસુરાવેશથી ગભરાયા વિના તેનો સ્વભાવ જાણી સાવધ રહેવું પર્યાપ્ત છે.

આસુરાવેશ અને ભગવદાવેશમાં સામ્ય અને તેના પર આધારિત ઉપદેશ :

(૧) **"પરાભિધ્યાનાત્ તુ તિરોહિતં તતો હ્યસ્ય બન્ધવિપર્યયઃ"** બ્રહ્મસૂત્ર અને **"વિદ્યાવિદ્યે હરેઃ શક્તી માયયૈવ વિનિર્મિતે તે જીવસ્યૈવ નાન્યસ્ય દુઃખિત્વં ચાપ્યનીશતા"** એ શ્રીમહાપ્રભુજીના વચનાનુસાર જીવનું બંધન એ ભગવત્કૃતિ છે. તેથી જેમ વિદ્યા અને અવિદ્યા એ બે ભગવાનની શક્તિની અસર તળે જીવમાં જ્ઞાન અને અજ્ઞાનનું એક સતત ચક્ર ચાલતું રહે છે તેમ જ દૈવી અને આસુરી આવેશોનું પણ ચક્ર સતત ચાલતું રહે છે. **"દ્વયા હ વૈ પ્રાજાપત્યા"** એ શ્રીભાગવતવચન પ્રમાણે ઇન્દ્રિયોમાં દૈવી અને આસુરી બંને પ્રકારની વૃત્તિઓ હોય છે.

(૨) **"પરાંચિ ખાનિ વ્યતૃણોત્ સ્વયંભૂ તસ્માત્ પરાગેવ પશ્યતિ નાન્તરાત્મન્"** શ્રુત્યનુસાર ઇન્દ્રિયો બહિર્ગામી હોવાથી તેમના સ્વભાવવશાત્

ચિત્તવૃત્તિને બહાર વિષયો તરફ ખેંચી જાય છે. આ ભૌતિક દેહ પ્રાકૃત હોવાથી આમ જ ચાલતું રહે છે. નવતનુત્વની સિદ્ધિ થાય તો, **"જહુઃ ગુણમયં દેહં"** શ્લોકમાં અંતર્ગૃહ્યતા ગોપીજનો માટે નિરૂપણ થયું છે તેમ નૂતન અપ્રાકૃત દેહ મળતાં, આ ચક્રની બહાર નિકળી જવાય. પછી સેવોપયોગી દેહ મળે તે આસુરાવેશરહિત હોય. પણ તે તો ભગવત્સામર્થ્યજનિત પ્રક્રિયા છે જે તાત્કાલિક અસરકર્તા હોય છે. તેમાં ભગવત્સામર્થ્ય તો પ્રકટ થાય પણ ભક્તિમાર્ગીય પ્રક્રિયા પ્રકટ નથી થતી.

(૩) આ સિવાયની એક તનુનવત્વની અલૌકિક સામર્થ્યની પ્રક્રિયા છે, જે લાંબી હોવા છતાં રસાલ હોય છે; એક માટીના કાચા ઘડાને પકવવા જેવી સર્જનાત્મક પ્રક્રિયા. તેમાં કામ તો **"પ્રદાનવત્"** સૂત્રાનુસાર ભગવત્સામર્થ્ય કરતું જ હોય છે પણ તો ય ભગવત્સામર્થ્ય અપ્રકટ રહેતું હોવાથી જીવે જ પ્રસૂતિપીડા ભોગવવાની રહે છે. આ પ્રક્રિયાના ફલસ્વરૂપે દેહેન્દ્રિયાદિ પ્રાકૃત રહે તે છતાં ય તેમાં આસુરાવેશ નથી થતો. મન નિરુદ્ધ થઈ જવાથી પ્રપંચવિસ્મૃતિપૂર્વક ભગવદાસક્તિ બની રહે છે. આ પ્રક્રિયા ભક્તિશાસ્ત્રાનુસારી અને કેટલેક અંશે રસશાસ્ત્રાનુસારી હોય છે. મન તેમાં ઇન્દ્રિયોનું દોરવાયું ન દોરવાતા ઇન્દ્રિયોને દોરે છે. ભગવદ્રસાવેશવશાત્ પ્રતિક્ષણ નૂતન આહ્લાદ અનુભવાતો રહે છે; ન સ્થગ અનુભવાય કે ન સમય.

આની શરૂઆત માર્ગરુચિથી થાય છે. પછી સેવા-કથાની પ્રક્રિયાથી ભગવત્સંગ બન્યો રહે તો ભગવદાવેશનો સમયગાળો વધતો જાય છે. **"યદા યદા હરિઃ કૃષ્ણઃ મનસ્યાવિશતે નિજે તદા તદા સાધનેષુ પરિનિષ્ઠા વિવર્ધતે"** ન્યાયે માર્ગરુચિથી ભગવદ્રુચિ અને ભગવદ્રુચિથી ભજનરુચિનું વર્ધન થતું રહે છે. વૃદ્ધિંગત ભજનરુચિ ભગવત્પ્રેમાસક્તિવ્યસન સિદ્ધ કરી દે છે. આ છે ભગવદાવેશની વૃદ્ધિની સ્વમાર્ગીય પ્રક્રિયા.

આસુરાવેશ પણ વૃદ્ધિંગત થઈ શકે છે! સાંખ્યશાસ્ત્રમાં કોઈ પારિભાષિક શબ્દ આ માટે શોધીએ તો તે 'પ્રકૃતિવિકૃતિ' છે. અર્થાત્ તે જન્ય પણ છે અને જનક પણ. **"ધ્યાયતે વિષયાન્ પુંસઃ સંગસ્તેષૂપજાયતે સંગાત્ સંજાયતે કામઃ..."** ગીતાવચનાનુસાર વિષયસંગાદિ બાહ્ય કે મનશ્ચાંચલ્યાદિ આંતરિક કારણોથી આસુરાવેશ પેદા થઈ શકે છે અને અવિશ્વાસ, સન્દેહ,

દુઃસંગ, અન્યાશ્રય, ભગવાનમાં લૌકિક બુદ્ધિ આદિ બહિર્મુખતાના સ્રોતોને પેદા પણ કરી શકે છે.

(૪) આ સિવાય તેમાં અને ભગવદાવેશમાં એક સામ્ય એ પણ છે કે બંને ક્રિયા-વાણી-મન ત્રણેયમાં અંશતઃ કે પૂર્ણતઃ વ્યાપી રહે છે. સેવામાં કીર્તન કરતી ઘડીએ મન વિષયોમાં ભટકતું હોય એવું સહજ સંભવે.

(૫) નિરાયાસ કે સપ્રયત્ન, સાધનદશામાં ભગવદાવેશ કે આસુરાવેશ અખંડ અવિચ્છિન્ન બન્યા નથી રહેતા. આયુર્વેદમાં શારીરિક આવેગો માટે કહ્યું છે તેમ આસુરાવેશના આવેગને રોકવાથી કે વધારવાથી ભક્તિમાર્ગીય રોગોનો ઉપદ્રવ થઈ શકે છે. તેને ક્યારેક સહજતાથી લઈ લેતા ચક્રાત્મક પ્રક્રિયાન્તે પાછો ભગવદાવેશ ઉપલબ્ધ થઈ જતો હોય છે. તેથી શ્રીગોપીનાથજી સાધનદીપિકામાં **"ततो वार्ता स्वकीयानां बहुपायैरनाकुलाम् यात्रार्थमेव सेवेत नाभिवेशोऽत्र संचरेत्" "सुतार्थिनी स्वपत्नी चेत् व्रजेत् तां जेतुमिन्द्रियम्"** જેવી અનુજ્ઞાઓ આપે છે.

(૬) ભગવદાવેશ દિન હોય તો આસુરાવેશ રાત્રિ છે. તેમનું ચક્ર ચાલતું રહે છે. રાતભરકા હૈ મહેમાન અંધેરા, કિસકે રોકે રુકા હૈ સબેરા. પણ આમાં ગાફેલ રહેવું ન પાલવે. કેમકે તેને બેરોકટોક ચાલવા દઈએ તો ભજનમાં વિઘ્ન કર્યા વગર ન રહે. તેથી **"ऋणदेहवदातुरः"** ન્યાયે આસુરાવેશને સહી લેવો, તેનું પોષણ ન કરવું. **"यस्य वा भगवत्कार्यं यदा स्पष्टं न दृश्यते तदा विनिग्रहस्तस्य कर्तव्य"** અને **"वृथालापक्रियाध्यानं सर्वथैव परित्यजेत्"** આચાર્યવચનો આ જ ઉપદેશે છે.

(૭) વળી મન કે બુદ્ધિ સાવ ત્રિક્ષણાવસ્થાથી નહીં તો ય ચંચલ તો રહેવાના જ, તેથી જેમ ભજનમાં આસુરાવેશ વ્યવધાન કરી શકે છે તેમ આસુરાવેશમાં ય ભજનાનુરૂપ ક્રિયાદ્વારા વ્યવધાન કરી તેને બને તેટલો જલ્દી નિવૃત્ત કરી શકાય છે. તેથી અહર્નિશ અષ્ટાક્ષરરટણ કરવાનો ઉપદેશ છે, કે કમસે કમ વાણી તો ભગવન્નિષ્ઠ રહે તો ય પાછી ગાડી પાટે ચઢે ભજનની.

(૮) "સો શ્રીઆચાર્યજીકો યહ નિયમ હતો જો રાત્રિમેં દોય તીન બેર

ઉઠિ સગરે સેવકનકોં દેખિ જાય, જો કોઈ સેવક લૌકિક વાર્તા, કાહૂકી નિંદ્ય ન કરન પાવે. સો અર્ધરાત્રિસમય એક દિવસ શ્રીઆચાર્યજી પધારે. સો દૂરતેં દેખે તો કોઈ સેવક કીર્તન ગાવત હૈ, કોઈ સેવક ધોલ ગાવત હૈ, કોઈ સેવક પંચાધ્યાયીકો પાઠ કરત હૈ, કોઈ ભગવદ્વાર્તા કરત હૈ. સો દેખિકે પ્રસન્ન ભયે, જો કોઈ લૌકિક બાત કાહૂકી નિંદા નાહીં કરત હૈ. પાછેં ગોપાલદાસકોં આય દેખેં તો નીંદકો ઝોકા આયો હૈ પરંતુ પાનનકો પંખા કરત હૈં. તબ શ્રીઆચાર્યજી મહાપ્રભુ ગોપાલદાસકે ઉપર બહોત પ્રસન્ન ભયે, જો યહ સબતેં શ્રેષ્ઠ હૈ જો નીંદ હૂ આવતમેં ભગવત્સેવા કરત હૂં."

આ દૃષ્ટાન્તનું વિશ્લેષણ કરીએ તો ભક્તિમાર્ગીય સાધનાના શરૂઆતના તબક્કે એવી પુરુષતન્ત્ર પ્રક્રિયા અપેક્ષિત છે જેમાં મન અને ઈન્દ્રિયોનો નિગ્રહ કરી તેમને ભગવદભિમુખ કરવાના રહે છે. પણ સિધ્ધકક્ષામાં રાગતન્ત્રવશાત્ તેઓ એમની મેળે જ ભગવદભિમુખ થઈ જાય છે. આને શ્રીયમુનાષ્ટકમાં સ્વભાવવિજય કહેવામાં આવેલ છે. મુર અસુર જો આસુરાવેશનું મૂર્તિમાન રૂપ હોય તો મુરારિ પ્રભુ તેને નાથી શકે છે. શ્રીયમુનાષ્ટકમાં નિરુપ્યું છે તેમ સ્વભાવવિજય થતાં સમસ્તદુરિતક્ષય, મુકુન્દમાં રતિ, સકલસિદ્ધિ અને મુરારિનો સન્તોષ બધું જ સરળતાથી મળી રહે છે.

આસુરાવેશ અને ભગવદાવેશમાં અસામ્ય :

ભગવદાવેશ કેવળ દેહાદિના સ્વભાવજન્ય ન હોઈને ભગવદ્વરણજન્ય પણ હોય છે. તેથી ભક્તિનો બીજભાવ દેવીજીવમાં કાયમ રહે છે; ભલે તેને અહર્નિશ આસુરાવેશ પણ કેમ ન થઈ જાય. એક જન્મમાં ભગવદાવેશવૃધ્ધિની પ્રક્રિયા પૂરી ન થાય તો **"खंडशः क्रियमाणा भक्तिः अन्तिमजन्मनि फलं जनयति"** ન્યાયે જન્માન્તરમાં તે પૂર્ણ થાય છે. કોઈપણ સ્થિતિમાં ભક્તિના બીજભાવનો નાશ નથી થતો. ૨૫૨ વૈષ્ણવોમાંના ગુલાબદાસ/ખાનની વાર્તા આનું દૃષ્ટાન્ત છે કે મ્લેચ્છવત્ દીનચર્યા થઈ ગયેલ હોવા છતાં શ્રીગુસાંઈજીએ મોકલેલ વૈષ્ણવનો ભેટો થતાંજ વિરહાર્તિ જાગી અને પ્રબળ દૈવી આવેશ પુનઃ પ્રકટ્યો.

જેમ બીજભાવ નષ્ટ નથી થઈ શકતો તેમ પેદા પણ નથી થઈ શકતો. તે તો જેનામાં હોય તેનામાં હોય. તેથી ખાસ તો ઉપદેશકોએ એ સમજવાનું રહ્યું કે ભગવદાવેશવર્ધનની કોઈ સાર્વજનિક પ્રક્રિયા ન હોઈ શકે.

શિક્ષાપત્રમાં આ બાબતનો ઉપદેશ :

શિક્ષાશ્લોકી અને શિક્ષાપત્ર બન્ને વડીલે સ્વજનોના હિતાર્થે આપેલ સન્દેશ છે. બન્નેમાં 'શિક્ષા'શબ્દનું હોવું કોઈ યોગાનુયોગમાત્ર નથી. એકમાં મૌનવ્રતધારી છતાં ય સ્પષ્ટવક્તા, દેહદેશત્યાગની સ્વામીની આજ્ઞાને અનુસરનારા છતાંય સ્વજનહિતેપિતાના અત્યાગી સંન્યાસીને છાજે તેવી સન્મુખ ઉપસ્થિત શોકગ્રસ્ત પુત્રાદિને ઉપદેશ આપવાની શૈલી છે. તો બીજામાં જવાબદાર ગૃહસ્થ મોટાભાઈએ દૂર રહીને ય કાન્તાસમ્મિત શૈલીમાં શોકગ્રસ્ત નાનાભાઈને ઉપદેશ આપેલ છે. તેથી સંક્ષેપ-વિસ્તારનો ભેદ રહેવાનો જ. છતાં ય બન્નેનું સ્વારસ્ય ભગવદભિમુખ બની રહેવામાં જ સ્વજનોનું હિત છે તે જણાવવામાં છે. શિક્ષાશ્લોકી સૂત્ર હોય તો શિક્ષાપત્ર તેનું ભાષ્ય છે. વિસ્તારભયે અહીં પંક્તિશઃ ઉલ્લેખો આપતો નથી. દરેક શિક્ષાપત્ર અહીં ટાંકી શકાય તેવા સમૃદ્ધ છે છતાં ય કેટલાકનો જ અહીં ઉલ્લેખ કરીશ.

૨૦મા શિક્ષાપત્રમાં અક્ષરાક્ષર, આત્મસંબંધદીક્ષા, સેવા, ગુણગાન, આર્તિ, તાપ અને વિરહ ઉત્તરોત્તર દોષસમૂહનાશક બતાવ્યા છે એક પુષ્ટિભક્તિમાર્ગીયના જીવનમાં. પરંતુ અવિશ્વાસ એવો મહાબાધક છે કે તે પેદા થાય તો કોઈ ગતિ નથી. તેથી આજીવન આપાતસુંદર એવા અલ્પજ્ઞના વચનોથી બુદ્ધિ ચલિત ન થાય તે માટે સેવા-સદાચાર-ધર્મમાર્ગસ્થિતિ, અવિરુદ્ધવચન-કૃતિ, આચાર્યવચનેકનિષ્ઠા, સતત ભાવુકતા, તદીયજનસંસર્ગ અને અન્યસંગ-વિવર્જનનો ઉપદેશ છે.

૨૨મા શિક્ષાપત્ર અનુસાર હૃદયમાં ભગવદ્ભાવ નિધિરૂપ અને તેથી સર્વથા સંરક્ષ્ય છે. તેનું વિરોધી ત્યાગવું.

૨૭મા શિક્ષાપત્રમાં હરિવિસ્મારક ૪૦ દોષો ગણાવ્યા છેઃ ધન, ગૃહ, ગૃહાસક્તિ, લોકવેદમાં પ્રતિષ્ઠા, મનની કર્માદિમાં નિષ્ઠા, સ્વર્ગાદિફલાકાંક્ષા, લૌકિકમાં પરમપ્રીતિ, વિરુદ્ધવિષયેષણા, વિષયાસક્તિ, ભોજન, દેહ-કુલ-વિદ્યાભિમાન, દેહપોષણ, અસત્સંગ, કૃષ્ણાનુચ્છિષ્ટભક્ષણ, નિવેદનાનુસંધાનત્યાગ, શરણવિસ્મૃતિ, દેવાન્તરાશ્રય, તેમની પ્રાર્થના, ફલાર્થિતા, ભગવચ્ચિત્તરહિતા લૌકિકી વ્યાવૃત્તિ, ગુરુદ્રોહ, ભગવદીયોથી પોતાને અધિક જાણવા, અત્યન્તદેહસામર્થ્ય, ઇન્દ્રિયોનું પોષણ, ગૃહમાં અભિરતિ,

ભાર્યાપુત્રાદિમાં મનોગતિ, કૃષ્ણાનુભાવરહિત દેશમાં સતત સ્થિતિ, લોકમાં લાભથી હર્ષ અને લોકમાં હાનિથી શોક, સ્વાતંત્ર્યભાવન (સ્મર્તવ્ય ગીતા– "ઈશ્વરોઽહં અહં ભોગી..."), જીવસ્વાભાવિક હઠ, અધિકાર, પાપરતિ, દુષ્પક્ષપાત, હૃદયકૂરતા, દીનજનોપેક્ષા, અક્ષમા. તેમનાથી બચવા સાવધાન થઈ કૃષ્ણદાસે ભગવન્માર્ગમાત્રસ્થિતિ, તન્માર્ગફલાકાંક્ષા, અન્યત્ર વિરક્તિ, કૃષ્ણગુણાસક્તાન્તરાત્મતા, સ્વાચાર્યશરણ, વિશ્વાસ, અખિલ પરિત્યાગ અને દર્શનોત્સુકતા બનાવી રાખવાનો ઉપદેશ છે.

૨૯મા શિક્ષાપત્રમાં "**બુદ્ધિનાશાત્ પ્રણશ્યતિ**" એ ગીતાવચનને ધ્યાનમાં રાખી બુદ્ધિને રત્નની જેમ જાળવવાનો ઉપદેશ છે. તે માટે સત્સંગ-કૃષ્ણસ્મરણ-શરણાગતિદ્વારા બુદ્ધિને ગોપ્ય રાખવાનું કહેલ છે. તે ઉપરાંત નિત્યસેવાકૃતિ, પ્રસાદભક્ષણ, સત્સંગ અને કૃષ્ણકથાશ્રવણકીર્તન કરવા.

૩૨મા શિક્ષાપત્રમાં કેવા હૃદયમાં ભગવદાવેશ ન થાય તે બતાવેલ છે– કામાવિષ્ટ, ક્રોધયુત, સંસારાસક્તિસંયુત, લોભાભિભૂત, સતત ધનાર્જનપરાયણ, દયાવિરહિત, રુક્ષ, નિત્યસન્તોષવર્જિત, શોકાકુલ, ભયક્રાંત, વિષયધ્યાનતત્પર, અહંકારયુત, ક્રૂર, દુષ્પક્ષૈકપોષક, જ્ઞાનમાર્ગસ્થિત, સર્વસામ્યચિન્તનભાવિત, લૌકિકમાં સન્મુખ અને કૃષ્ણજનવિમુખ, કૃષ્ણલીલામાં દોષદૃષ્ટિયુક્ત, કર્મજડ, આચાર્યવિમુખ, નિત્ય અસદ્વાદવિભૂષિત. વળી કેવા હૃદયમાં ભગવદાવેશ થાય તે ય બતાવેલ છે– દીન, શુદ્ધ, નિઃપ્રપંચ, લીલાચિન્તનતત્પર, સ્વાચાર્યશરણ, નિત્ય સર્વકામવિવર્જિત, વ્રજસ્ત્રીચરણરેણુપ્રાપ્ત્યભિલાષી, ગુણગાનપરાયણ, કૃષ્ણનામાર્થપરિભાવુક, અનન્ય, અનન્યસેવૈકનિષ્ઠાતત્પર, ભગવદ્ધર્મનિરત, વિરક્ત, ગુણસંગી, કૃષ્ણાર્તિભાવસંયુક્ત, સરસ, અન્યરસાતીત, અચંચલ, કૃષ્ણલીલાચંચલ, દર્શનાકુલ, મનોરથશતાક્રાંત, સર્વોદ્વિગ્નન્યસંયુત.

૩૪મા શિક્ષાપત્રમાં કહેલ છે કે કામથી ઇન્દ્રિયવૈમુખ્ય થાય છે તેથી તેને વશમાં રાખવા વૈરાગ્ય કેળવવો. લોભથી પાખંડ વધે છે તેથી પરિતોષ કેળવવો. અને ક્રોધ દૈન્યભાવવિનાશક હોવાથી ક્રોધ ન કરતાં દૈન્ય કેળવવું.

૩૫મા શિક્ષાપત્રમાં ઉપદેશક માટે માર્ગદર્શન છે. આધિભૌતિક દુષ્ટ જીવ દુષ્કર્મા હોય તેને સત્ક્રિયાનો ઉપદેશ કરતાં તેને કર્તવ્યબોધ થતાં તે સુધરી જાય છે.

આધ્યાત્મિક દુષ્ટ જીવ જ્ઞાનશૂન્ય કે અન્યથાજ્ઞાનવાન હોઈ તત્ત્વબોધથી તેને શુધ્ધ કરી શકાય. પણ પ્રીતિશૂન્ય નીરસ આધિદૈવિક દુષ્ટ જીવ શ્રવણાદિથી પણ ન સુધરે. તેમને આસુરી જીવ જાણી છોડી દેવા.

સંક્ષેપમાં ભગવદ્ભાવ અને બુધ્ધિને કેળવવાનો, પોષવાનો, ગુપ્ત રાખવાનો અને બાધકોથી બચાવવાનો ઉપદેશ અહીં ઉપલબ્ધ થાય છે.

ઉપસંહાર :

ભગવદ્ગીતાદિમાં પણ દૈવી અને આસુરી ભાવ-ક્રિયાદિનું વિસ્તારથી નિરૂપણ છે. વિસ્તારભયે અહીં ત્યાંના વચનો ઉધ્ધૃત નથી કર્યા. એકંદરે જોતાં એવું લાગે છે કે આસુરાવેશનિવૃત્તિ માટે પ્રાથમિકોપદેશમાં ભાર સતત સાવધાન રહી ભાવ અને બુધ્ધિને સ્વમાર્ગીયસાધનાપરાયણ રાખવાના જીવપ્રયત્ન પર છે. તેવા પ્રયત્નોથી ન નાથી શકાય તો જ આસુરાવેશનિવૃત્તિની ચિંતા ભગવાન પર છોડવાનું કહેલ છે. આ ગડમથલ પરંતુ સાધનકક્ષામાં જ છે; સિધ્ધકક્ષામાં નિયમરૂપે આસુરાવેશ બાધા નથી કરતો. અપવાદરૂપે કૃષ્ણદાસ અધિકારીને થયું તેમ (*"सुरतें असुर थये असुरतें सुर थये चरनन छांय"*) સિધ્ધકક્ષામાં આસુરાવેશ થાય તો તેને ભગવત્કૃતિ જાણવી.

આધુનિક સાંપ્રદાયિક પરિસ્થિતિ :

આને વર્ણવવા તો રેડીમેડ ફાસ્ટફૂડ કલ્ચર કે પ્રદૂષિત નદીઓનું દૃષ્ટાન્ત જ કામ લાગે. જેટલા કહેવાતા સાંપ્રદાયિક આયોજનોમાં સમ્મિલિત થાઓ તેટલું ભક્તિમાર્ગીય સ્વાસ્થ્ય કથળે ને આસુરાવેશ વધે તેવી હાલત છે. આહારની જાણે કે રોજિંદી ઘટમાળભર્યા નીરસ ફાસ્ટ જીવનમાં ઉત્તેજક, વિસ્મારક અથવા રેચક (થ્રીલ કે ચીલ આઉટ) તરીકેની જ ભૂમિકા હોય તેવું ઠસાવવાનો સભાન પ્રયત્ન જેમ ફાસ્ટફૂડ કલ્ચર વિકસાવનારા કરે છે તેમ ભક્તિ પણ વીક એન્ડમાં પિકનિક કે મેળાવડારૂપે કરવાનો ચસકો લગાડવાના પ્રયાસ થાય છે. આમાં ભગવદ્ભાવેશ તો નજરઅંદાજ થતાં થાય પરંતુ આસુરાવેશનું ય અવમૂલ્યન થતું જણાય છે. આસુરાવેશ કાંઈ આવી કાચીપોચી માયા નથી; જડભરત જેવા તેના હિટલિસ્ટમાં સામેલ છે. આથી ગાફેલ રહેવું સર્વથા ન પોષાય. *"बुध्धियोरकृष्णस्य पादपद्मं प्रसीदतु!"*

चर्चा

આસુરાવેશ

શ્રીઅસિત શાહ

ગો. શરદ્ : "भगवदावेश केवळ देहादिना स्वभावजन्य न होईने भगवद्वरणजन्य पण होय छे" . या सन्दर्भमें आसुरावेशके सम्बन्धमें मैने जो बात कही हती वासु अलग अभिप्राय होवे तो वाको स्पष्टीकरण अपेक्षित है.

दूसरो, "भगवदावेश वर्धननी कोई सार्वजनिक प्रक्रिया न होई शके" तो शुं व्यक्तिगत होय ऐसो आशय है!

तीसरी बात "सिद्धकक्षामां नियमरूपे आसुरावेश बाधा नथी करतो" या विधानको क्या आशय है?

इन तीनके अतिरिक्त एक जिज्ञासा यह है के जीवको आसुरत्व और आसुरी योनी इनमें क्या भेद है.

दूसरी जिज्ञासा आवेश और प्राकट्य में जो प्रक्रिया भगवान्‌में सम्भव हो पा रही है क्योंके भगवान् अन्दर भी हैं और बाहर भी हैं यासु चाहें तो हृदयस्थित भगावान् बाहर भी प्रकट हो जावें. और सर्वत्र हैं यासु हृदयमें भी बिराजे रहें. या तरहसु आसुरावेशकु कैसे समझानो.

साधनदीपिकामें श्रीगोपीनाथजी आज्ञा करे हैं के "देहः संशोधनीयो ही हरिभावो न चान्यथा, शौचाचारविहीनस्य आसुरावेश सम्भवात्" यहां प्रसङ्ग गर्भाधानादि षोडशसंस्कारको है. इनकी भक्तिमार्गमें आवश्यकता बताते भये श्रीगोपीनाथजी आज्ञा कर रहे हैं के भगवदावेशके लायक देहकु बनानेकेलिये देहको संशोधन संस्कार और शौचाचारके पालन द्वारा करनो चहिये. यदि या तरहसु देहको संस्कार नहीं हो पायो तो आसुरावेश होयगो. याकु कैसे समझनो?

અસિત શાહ : "भगवदावेशना वर्धननी कोई सार्वजनिक प्रक्रिया न होई शके" यासुं मैं ये कहनो चाह रह्यो हूं के भगवदावेश है वामें एक कारण

भगवद्वरण और बीजभाव को होनो है. बीजभाव वरणके अनुसार बनेगो. जैसे दृढ है के अदृढ है. वाकी मार्गरुचि भी वैसी ही होयगी. सेवामें या कथामें रुचि. जाको जैसो बीजभाव होयगो वैसी वाकी मार्गरुचि होयगी. वाके अनुसार वाको भगवदावेशको वर्धन होयगो. वाकी कोई सार्वजनिक प्रक्रिया नहीं हो सके है.

गो. शरद् : 'सार्वजनिक' सर्वाधिकारक-सर्वसामान्यके अर्थमें कहनो चाह रह्यो है के पब्लिक् और प्रायवेट् के अर्थमें?

असित शाह : कॉमन् प्रक्रिया नहीं हो सके है. एक ही प्रक्रिया दस आदमीकु बता दो के तुब सब ऐसो काम करो तो तुम्हारो भगवदावेश बढ़ जायेगो. कोईको भगवदावेश कुछ करनेसुं बढ़ेगो तो कोईको भगवदेवेश कुछ दुसरो काम करनेसुं बढ़ेगो. और कोईमें यदि बीजभाव है ही नहीं तो वो कितने भी उपाय करेगो तो भी वाको भगवदावेश नहीं बढ़ेगो. तात्पर्य ये है के सबकेलिये कोई कॉमन् प्रक्रिया नहीं हो सके है. प्रायमाफेसी अपन ये कह सके हैं के एक सेवाकी प्रक्रिया है, दूसरी कथाकी है. पर उनमें भी व्यक्तिशः थोड़ो-थोड़ो चेंज् आयेगो. भक्तिवर्धिनीमें भी पांच अधिकारी बताये हैं.

दूसरी बात अंदरसुं बाहर और बाहरसुं अंदरकी हती. यामें में ये कहनो चाह रह्यो हूं के सर्वत्र व्याप्त है वो भी प्रकट हो सके है. वामें अंदरसुं बाहर या बाहरसुं अंदर जैसो कुछ नहीं है. वो सर्वत्र है ही. आवेश भी ऐसो ही होवे है. वो अंदरसुं बाहर आवे या बाहरसुं अंदर जावे ऐसो नहीं है.

गो. शरद् : सर्वत्र है वो प्रकट होवे वो शायद भक्तकु अभीष्ट नहीं होयेंगे. भक्तकु तो वाने भगवान्के जा स्वरूपकु अपने भावसुं भावित कियो है वो प्रकट होवे तो वाकु कामके...

असित शाह : और खुलासा करुं हूं. शिक्षाश्लोकीमें कह्यो है के "**तदा कालप्रवाहस्था देहचित्तादयोप्युत, सर्वथा भक्षयिष्यन्ति युष्मान्**" यामें कालको प्रवाह श्रीमहाप्रभुजी बता रहे हैं. वामें देह-चित्त दोनों बता रहे हैं. तो अंदरसुं बाहर भी जा सके है और बाहरसुं अंदर भी आ सके है. यदि आपको देह कालप्रवाहस्थ होके भगवद्विमुख हो गयो तो वाके कारण आवेश वा डिरेक्शन्में जा सके

है. माने देहके कारण चित्तादि प्रभावित होवें. और रिवर्समें ये भी सम्भव है के आसुरावेश चित्तमें होवे तो वाके कारण वो इन्द्रिय और देह में संक्रान्त होवे. ऐसे कोई भी डिरेक्शन्में जा सके है. 'आवेश' माने ये सोचनो जरुरी नहीं है के वो अंदरसुं बाहर ही होवे या बाहरसुं अंदर ही होवे.

गो. शरद् : वृत्रासुर चतुःश्लोकीमें प्रभुचरण आज्ञा करे हैं के "**जीवस्य भगवदीयत्वेपि देहस्य आसुरत्वेन अयोग्यत्वात् देहान्तरे दासो भविष्यामि**". तेने कही के भगवदावेश जैसे चित्त-देहेन्द्रियादि सबमें हो सके है ऐसे आसुरावेश भी हो सके है. वामें कोई आसुरावेश ऐसो होवे के जो केवल देह तक होवे. जीवमें तो प्रश्न नहीं है यदि वो दैवी है. परन्तु कुछ आवेश अन्तःकरणमें होवे हैं. कुछ आसुरावेश ...ये प्रश्न या लिये उठ्यो है के "**उत्पन्नाखिविधा जीवाः देव-दानव-मानवाः**" ऐसो वचन है. इनमें देव-मानवकुं तो शास्त्रनियमानुसार स्वर्गादि फल प्राप्त होवे हैं. पर वेद-पुराणन्में ऐसे वर्णन मिले हैं के राक्षस लोग बिना कुछ कर्म करे स्वर्गमें घुस जावे हैं. यहां तक के स्वर्गको राज्य हड़पके इन्द्र तककुं स्वर्गसुं भगा देवे हैं. तो राक्षस एक अलग कक्षा है. ऐसे राक्षसकुलमें दैवीजीवको प्राकट्य भी होवे है. जैसे प्रह्लादजी. याही तरहसुं राक्षस देह भी होवे है. जा देहके रहते भगवान् स्वयं भी वाकु दासत्वेन अङ्गीकार करनो नहीं चाह रहे हैं. जब तक तु या राक्षस देहको त्याग नहीं करेगो तब तक तु मेरे लायक नहीं बनेगो. और दूसरी ओर "**देवोऽसुरो मनुष्यो वा यक्षो गन्धर्व एव वा**" जैसे वचन भी हैं. इन सबको क्या मतलब है?

असित शाह : मोकुं ऐसो लगे है के ये प्राधान्येन व्यपदेश है. जैसे कोई योनि पापयोनि कही जाय है. जैसे स्त्री-शूद्रयोनि. कोई योनि पुण्ययोनि कही जाय है. जैसे द्विज. ये प्राधान्येन व्यपदेश है. यामें लचीलोपन है. ऐसो वोटरटाईट् नहीं है के या योनिमें आ गये तो भक्ति कर ही नहीं सके. पर मोस्ट ऑफ् ध टाईम् वामें पोटेन्शियालिटि ऐसी है के असुर लोग पापदिशामें ज्यादा प्रवृत्त होवें. जैसे पुष्टिप्रवाहमर्यादाभेद में श्रीमहाप्रभुजी बतावें हैं के "**प्रवाहेपि समागत्य पुष्टिस्थस्तैर्न युज्यते**". तो योनि प्रबल बाधक नहीं है के वामें पड़ गये तो भक्ति

बढ़ ही नहीं सके है. पर साधारणतया ऐसो देखवेमें आवे है के वा योनिमें जीव गयो तो वामें भगवदावेशवर्धनके चांस् कम हो जावें हैं, इन् कम्पेर् टु मनुष्ययोनि. ऐसो दैवीयोनिमें भी हो सके है. जैसे अपने यहां कह्यो जाय है के वैकुण्ठकी प्राप्ति भक्तकुं अपेक्षित नहीं होवे है क्योंकि भक्ति जैसी भूलोकमें हो सके है ऐसी स्वर्गादि या वैकुण्ठ में नहीं हो सके है. तो अपन यों माने हैं के देवयोनि भी भक्तिकेलिये उतनी अच्छी नहीं है जितनी मनुष्ययोनि अच्छी है. अपन मनुष्ययोनिमें भक्ति कर पानेकी पोटेन्शियालिटि अधिक सोचे हैं. ऐसे ही आसुरयोनिमें भी भगवदावेश बढ़नेकी पोटेन्शियालिटि कम है. पर यदि बीजभाव है तो वो नष्ट नहीं होयगो. आसुरयोनिमें वो होयगो तो प्रतिकूलता ज्यादा रहेगी.

''सिद्धकक्षामां नियमरूपे आसुरावेश बाधा नथी करतो'' या विषयमें , एक ऐसी मान्यता है के वैकुण्ठादिमें या सिद्धकक्षाके अधिकारी हैं उनकु आसुरावेश नहीं हो सके है या ईर्ष्यादि नहीं जग सके है. ये एक साधारण नियम है. पर वाके भी अपवाद हो सके हैं. जैसे श्रीमहाप्रभुजी आज्ञा करे हैं ''भगवानेव शापं दापयति क्वचित्''. श्रीहरिरायजी भावप्रकाशमें बतावें हैं के सिद्धकक्षाके भक्तमें यदि आसुरावेश अपनकुं दीखे, जैसे कृष्णदास अधिकारी, तो वाकु भगवल्लीला जाननी चहिये. अपन उनकी निन्दा करें ऐसे नहीं वो खुद अपनी निन्दा कर रहे हैं के ''सुरते असुर भये असुरते सुर भये चरणन छोय''. कृष्णदास सिद्धकक्षाके हैं, श्रीगुसांईजी उनकु मान्य कर रहे हैं पर बावजूद वाके उनमें आसुराचेश दीख रह्यो है. पर उनको आसुरावेश सामान्य जीवमें होते सायक्लिकल् आसुरावेश जैसो नहीं है. आपवादिक तया भगवदिच्छासुं आवे है. नियम ये ही है के सिद्धकक्षामें आसुरावेश नहीं होवे है.

संस्कार और शौचाचार के विषयमें स्वयं भगवान् आज्ञा करें हैं के ''**श्रुति-स्मृती ममैवाज्ञे**''. श्रुति-स्मृति मेरी ही आज्ञायें हैं. जो उनको पालन नहीं करे है वो मेरी आज्ञाको उल्लंघन करे है. वो मोकु प्रिय नहीं है. यासु जो भगवदाज्ञाको अनुसरण करवेकी दृष्टिसुं शौचाचार पाले हैं तो उनको भगवदावेश बढ़ेगो. यासुं श्रीगोपीनाथजी अपनकुं समझा रहे हैं के शौचाचारको आग्रह रखनो

चहिये.

''भगवदावेश केवळ देहादिना स्वभावजन्य न होईने भगवद्वरणजन्य पण होय छे'' या सन्दर्भमें : जैसे मैंने बतायो है के ''द्वया ह वै प्राजापत्याः''. देह-इन्द्रियादि सब ऐसे बनाये गये हैं के जासुं उनमें कुछ दैवीपनो भी है और कुछ आसुरीपनो भी है. देहादिमें दैवीपनो है यासुं भगवदावेश होनेकी सम्भावना रहे है ऐसे ही आसुरीपनो होनेसु उनमें आसुरावेश आनेकी भी सम्भावना है. पर भगवदावेश ऐसी बात नहीं है के जो वाके अंदर रहे भये दैवीपने मात्रसुं आ जातो होवे. भगवदावेशमें असाधारण कारण भगवद्वरण होवे है. जाको भगवान् वरण करें वाकुं ही भावदावेश हो सके है. भगवदावेश आनेकेलिये भगवान्को वरण और देहादिककी दैविता ये दो फेक्टर् होवे हैं. जब कि आसुरावेश तो देहादिकमें रहे भये आसुरांश मात्रसुं आ सके है. कहनो होवे तो अपन यों कह सके हैं जैसे गीताजीमें कह्यो है ''आसुरीं योनिमापन्नाः मूढाः जन्मनि-जन्मनि'' ये भी एक तरहको वरण ही है. पर ये अपन आसुरी जीवके बारेमें तो कह सके हैं पर जा दैवीजीवकुं आसुरावेश आ रह्यो है वाके बारेमें भगवान्को वरण ऐसो नहीं है के वो सदा आसुरी बन्यो रहे. भगवान्को वरण वाके बारेमें ऐसो ही है के वो सदा दैवी ही रहे पर क्वचित् वामें आसुरावेश आ सके है. यासु आसुरावेश आनेमें देहादिको स्वभाव ही एक कारण है.

जयलक्ष्मी तैलंग : लेखके अन्तमें ''आने वर्णववा तो रेडीमेड् फास्टफूड् कल्चरनुं दृष्टान्त ज काम लागे'' लिख्यो है वाको क्या तात्पर्य है?

असित शाह : आसुरावेशको निवारण और भगवदावेशकु बढ़ानेको प्रयत्न अपनकु सतत करनो पड़े ऐसो है. ये ऐसी बात नहीं है के थोड़े दिन कुछ कर लियो और अपनो काम हो गयो. अपने यहां भक्ति भी टेम्परारी नहीं है के एक बार रवीवारकु थोड़ी भक्तिकी मजा ले ली, कथामें जा आये तीन घंटा या कहीं दर्शन कर आये. ये फास्टफूड कल्चर जैसो है के जामें खाना पकानेकी कोई झंझट नहीं है. गये और खा लियो. काम पूरो हो गयो. आपकु ये पता नहीं है के खाना कैसे पके है, पकानेको आनन्द कैसो है...भक्ति या तरहसुं नहीं की जा सके है. यदि अपनो लक्ष्य भगवदावेश बढ़ानो और आसुरावेशको

निवारण करनो है तो उपदेशकनुकु साधनाके नैरन्तर्यपे भार देनो चहिये. दर्शन-मनोरथ-सप्ताह-बैठकयात्रा जैसे फास्टफूड् कल्चरकुं बढ़ावा नहीं देनो चहिये.

धर्मेन्द्रसिंह झाला : सामान्तया साधनावस्थामें तीन तरहसुं विचार कियो गयो है : १.प्रतिकूलता २.उदासीनता और ३.अनुकूलता. जब अपन भगवदावेश और आसुरावेश की बात करे हैं तब शायद प्रतिकूलता और अनुकूलता के ही एंगल्सुं कर रहे हैं. जैसे कीर्तन कर रहे हैं और मन कीर्तनमें नहीं है. तो वाकुं क्या आसुरावेश कहेंगे? ये प्रश्न क्यों भयो के जैसे श्रीगुसांईजी आज्ञा करे हैं "तस्मात् सर्वात्मना नित्यं श्रीकृष्णः शरणं मम, वदद्भिरेव सततं स्थेयम्" वहां आगे जाके आज्ञा करे हैं के सर्वभावसुं शरणागतिकी भावना करते भये अष्टाक्षरको जप करनो. पर कभी वो नहीं हो सके तो "**अन्तःकरणे तथाभावे अतथाभावेपि तथावदनम् आवश्यकम्**" वैसे बोलते तो रहनो चहिये. जा कारण तीनों फेकल्टिसुं प्रभुमें अपन नहीं लगे हैं तो एकके कारण दूसरी, वाके कारण तीसरी...एसे क्यो दो ही कम्पार्टमेंट् हैं : भगवदावेश और आसुरावेश. जैसे अपन कीर्तन कर रहे हैं. मन कीर्तनमें नहीं है तो क्या मनमें आसुरावेश है ऐसो कह्यो जायेगो?

असित शाह : उत्कट अवस्थामें आसुरावेश होयगो तब भगवदावेश नहीं रहेगो और भगवदावेश रहेगो तब आसुरावेश नहीं रहेगो. पर अनुत्कट अवस्थामें ये सम्भव है के दोनों साथ-साथ रहें. जैसे मन-वाणी-कायामेंसुं एक-दो भगवदाविष्ट हैं तो एक-दो आसुराविष्ट हैं.

धर्मेन्द्रसिंह झाला : उदासीनकी केटेगरि यामें है ही नहीं. मन न प्रतिकूल है और न अनुकूल है. साधनावस्थामें मन प्रभुमें नहीं जा रह्यो है तो क्या ऐसी अवस्थाकुं अपन आसुरावेश कहेंगे?

असित शाह : 'आसुर' शब्द थोड़ो कठोर है. पर 'आसुरावेश' सुनके घबड़ानेकी जरूर नहीं है. वाकी भी अवस्थाएं अलग-अलग हो सके हैं. प्रारम्भिक अवस्थामें आसुरावेश होवे तो समझो के मन-वाणी-देहमेंसुं वाने एकुकु ग्रसित कियो है. वो भी चंचल है. ऐसो नहीं है के मनमें घुस गयो तो निरन्तर वो प्रोब्लेम् करतो ही रहेगो. कीर्तन कर रहे हैं और मन थोड़ी देर विषयमें घूमके पाछो आ गयो. ऐसो नहीं

सोचनो चहिये के आसुरावेश भयो मतलब अपन पातालमें ही चले गये.

गो. श्या. म. : वाकु ऐसे भी सोच सके हैं : "**ऊर्ध्वं गच्छन्ति सत्त्वस्था मध्ये तिष्ठन्ति राजसाः अधो गच्छन्ति तामसाः**". तो राजस भाव न तो स्पेसिफिकलि आसुर भाव है और न दैवी भाव है. वो मनुष्यको भाव है. साधारणतया मनुष्य जैसो निर्मित है...श्रीमहाप्रभुजीकी साय्कोलोजीको तृतीयस्कन्धमें निरूपित चेप्टर् देखें तो आपने प्रायः सभी साय्कोलोजिकल् केटेगरीज़्की उत्पत्ति राजसमेंसुं बताई है. मनुष्य यदि अपनेमें सत्त्वकु विकसित करलेवे पर स्वभासुं वो राजस ही है. और देव अपनेमें तमोगुण या राजसगुण प्रकट कर भी देवें तब भी वो स्वभावसुं सात्त्विक हैं. ऐसे ही राक्षादिं योनि भी यदि अपनेमें सत्त्वगुण प्रकट कर लेवें, सत्त्वगुणकी बात तो दूरकी है निर्गुण भाव भी प्रकट कर लेवें व्रत्रासुर-प्रह्लाद जैसे तब भी स्वभावसुं वो तामस हैं. यासु या तरहको बैलेन्स् मानसको भाव है. वो एक्ज़ेक्टली उदासीन भाव है. वैसे बहोत पेरेडोक्स् है यामें के रजोगुण चञ्चल है फिर भी वाकु उदासीन कह रहे हैं. पर इन दोनोंको सम्बन्ध हाथ और दस्ताने जैसो है. कोई भी ठिकाने वो स्थिर या लिये नहीं रह सके है क्योंके जहां वो टिके वहां थोड़ी ही देरमें वाकु उदासीनता आ जावे है. जावे बहोत झपटके है पर स्थिरता निभा नहीं सके है. यासुं ये उदासीनता प्रतिक्षण प्रकट होती रहे है जो प्रतिक्षण नये आकर्षणकी मांग करे है. ये राजसको गुण है के वामें क्षणमें छांव और क्षणमें धूप आ जावे है. ये वस्तुतः मनुष्यकी अधिकारिता है के वो चाहे तो देव बन जाय, चाहे तो राक्षस बन जाय, चाहे तो वो अपनेमें आसुरावेश खिला लेवे, चाहे तो दैवी आवेश प्रकट कर लेवे. चाञ्चल्यके कारण मनुष्यकु मिल्यो ये एड्वान्टेज् है. वामें डिस्एड्वान्टेज् भी बहोत सारे हैं पर चाञ्चल्यको ध बेस्ट् एड्वान्टेज् है तो ये है. क्योंके या बाजु सत्त्व और तम दोनों लाचार हैं क्योंके दोनों अचञ्चल हैं. तमस् मूढतासुं ग्रस्त अचञ्चल है और ये स्वस्थताके कारण अचञ्चल है. बिना चञ्चलताके आगे गति हो नहीं सके है. यासुं अपने यहांकी साय्कोलोजिकी प्रक्रियामें ये स्पष्ट बतायो है के अहंकार कोई तरहकी मूढता लियो भयो है पर मन निरन्तर चञ्चल

है. वाको ये लाभ है के अपन रोड़पे चलते भये कारसुं टकरा नहीं जावे हैं. क्योंके जब अपन साईन् बॉर्ड या दुकान-मकान देख रहे होवे हैं वा बखत अपनो चञ्चल मन आती भयी बस-कार सबकी खबर रखे है. इन्द्रियमें ये सामर्थ्य कहां है! वो तो इतनी आसुरी वृत्तिसुं ग्रस्त है के देखने लग गई तो देखती ही रहेगी. मनकु धन्यवाद है के इन्द्रिय देखती रह और वो कहीं ओर चल्यो जाय. या ही लिये भगवान् आज्ञा करे हैं "**इन्द्रियाणां मनश्चास्मि**". जबरदस्त सामर्थ्य वामें है के वो कहीं भी लिप्त हो जाये और कहीं भी अलिप्त हो जाय. याकेलिये मन रजोगुणको आभारी है. पाश्चात्यवाले मूर्ख लोग मनुष्यकी परिभाषा बुद्धिसुं करे हैं. पर अपने यहां मनुष्यकी परिभाषा मनसुं है. जो मनस्वी है वो मनुष्य है. 'मनु' अवबोधनेसुं ही 'मन' शब्द बन्यो है और वासु ही 'मनुष्य' शब्द भी बन्यो है. यासु मन मनुष्यकी बहोत बड़ी उपलब्धि है. मन मनुष्यमें ही अपने सब रंग दिखा सके है क्योंके मन भी राजस है और अपनी योनि भी राजस है. ये अपनो डिसएड्वांटेज् भी है और ये अपनो बहोत बड़ो प्लस्पोइंट् भी है. मन नहीं होतो तो अपन कैसे भगवद्ध्यान धरते! मन नहीं होतो तो अपन कैसे खड्डामें गिरते! यासु मनकी परिभाषा "संकल्प-विकल्पात्मको मनः" दी गयी है. "ये काम मोकु करनो है" "वाको मोकु देखनो है" ऐसो सोचें इतनेमें मन कुछ दूसरो सोचने लग जाये है. मनको ऐसो अद्भुत सामर्थ्य है. "मनो जवं मारुततुल्यवेगम्" मनकी गति असाधारण है.

पुष्टिभक्ति-प्रपत्ति साधनामें प्रतिबन्धः

अध्यास

शरद् गोस्वामी

पुष्टिभक्ति-प्रपत्ति साधनाका सामान्य परिचयः

भगवद्रूपसेवार्थ सृष्ट दैवी पुष्टिजीवोंके उद्धारार्थ महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्यचरणों द्वारा प्रवर्तित पुष्टिभक्तिसम्प्रदाय उनको परब्रह्म श्रीकृष्णकी यथाधिकार प्रपत्ति और भक्ति का मार्ग दिखलाता है. श्रीकृष्णके श्रवण-कीर्तन-स्मरणके द्वारा उनके प्रति शरणभावनाके दृढ हो जानेपर भी श्रीकृष्णका आभ्यन्तर भजन कर पानेयोग्य दास्य-सख्य-आत्मनिवेदनके भावोंका प्राकट्य न हुवा हो और/अथवा श्रीकृष्णका पादसेवन-अर्चन-वन्दनरूप बाह्यभजन कर पानेका आनुकूल्य सम्पादित न हुवा हो तो पुष्टिमार्गीको- वैसा भाव और आनुकूल्य भगवान जब तक सम्पादित न करा दें तब तक "**तथैव तस्य लीलेति ..., भक्त्यभावे ... अशक्ये वा सुशक्ये वा सर्वथा शरणं हरिः**" सिद्धान्तको स्वीकार कर -शरणमार्गमें सन्निष्ठ रहना चाहिये. स्मर्तव्य है कि भगवद्रूपसेवार्थ सृष्ट पुष्टिजीवकी गति कभी भी लौकिक-वैदिक हो ही नहीं सकती. उनकी तो गति हो नियति हो चाहे फल, वह तो गुण-स्वरूपके भेदसे स्वयं श्रीकृष्ण ही होते हैं. ऐसे निजफलकी प्राप्तिसे पुष्टिसृष्टि वञ्चित न रह जाये तदर्थ उनको पुष्टिभक्तिका मार्ग दिखलाना ही आचार्यचरणोंके प्राकट्यका प्रमुख प्रयोजन है. अतएव शरणागत पुष्टिजीवको भगवान् आज नहीं तो कल, कभी-न-कभी अपनी भक्ति कर पानेका सौभाग्य अवश्य देंगे ही.

भगवान जिन पुष्टिजीवोंसे अपने स्वरूपका बाह्यभजन करवाना चाहते हैं वे ब्रह्मसम्बन्धदीक्षा लेकर-आत्मनिवेदित होकर अपने तनु-वित्तका विनियोग स्वगृहमें विराजते प्रभुकी सेवामें करते हुवे असमर्पित भोगके त्याग पूर्वक सेवा-स्मरणमय जीवन जीनेमें समर्थ हो जाते हैं.

जिन पुष्टिजीवोंको भगवान् आत्मनिवेदन-दास्य-सख्य आदि भावोंका

दान करके तो समृद्ध कर देते हैं तथापि वे जीव उनका पादसेवन-अर्चन-वन्दनरूप बाह्यभजन कर पायें ऐसा आनुकूल्य जब तक भगवान् सम्पादित नहीं करते तब तक उनकेलिये हृदयमें बिराजते भावात्मक प्रभुके श्रवण-कीर्तन-स्मरणरूप आन्तरभजनद्वारा भक्तिमार्गमें टिके रहना ही एक उपाय रह जाता है. पुष्टिभक्तिसम्प्रदायमें इसीको 'कथापक्ष' 'कथासाधना' या 'गुणगानसाधना' कहा जाता है.

साधनावस्थाके विचारसे साधककी स्थिति कुल मिलाकर यह बनती है: स्वगृहमें गुणगान सहित भगवत्सेवा परायण पुष्टिमार्गीकी भक्ति आचार्यचरणोंकी दृष्टिमें सर्वाङ्गपूर्ण-साधनसम्पन्न है. केवल भगवत्सेवा अथवा केवल भगवत्कथा परायण पुष्टिमार्गीकी भक्ति आचार्यचरणोंकी दृष्टिमें विकलाङ्ग है. और पुष्टिमार्गके अन्तर्गत जो शरणमार्गमें है वह तो निस्साधन है.

प्रतिबन्धके प्रकार :

प्रस्तुत लेखका विचार्य विषय पुष्टिमार्गीय साधनामें प्रतिबन्धक अध्यासका निरूपण करना है. अतः सर्वप्रथम प्रतिबन्धके स्वरूपको समझ लेना चाहिये.

प्रतिबन्ध अनन्तविध होते हैं : अश्रद्धा, संशय, अपवित्रता, पाप, अज्ञान, काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य, हिंसा, असत्य, चोरी, अधर्माचरण, विधर्माचरण, परधर्माचरण, दुःख, उद्वेग, चिन्ता, अविवेक, अधैर्य, दुराग्रह, हठ, अन्तःकरणाध्यास, प्राणाध्यास, इन्द्रियाध्यास, देहाध्यास, स्वरूपविस्मृति इत्यादि.

प्रतिबन्धका नाम चाहे कुछ भी हो, उसका प्रभाव मुख्यतया गत्यवरोध, विचलन, अधोगति, विनाश जैसे रूपोंमें प्रकट होता है.

प्रतिबन्धोंका वर्गीकरण भी अनेक तरहसे उपलब्ध होता है. यथा: सर्वसाधारण-मार्गीय, सादि-अनादि, भगवत्कृत-साधारण, आन्तर-बाह्य, आधिभौतिक-आध्यात्मिक-आधिदैविक, स्वाभाविक-औपाधिक-आगन्तुक

निवार्य-अनिवार्य, वस्तुकृत-कल्पित, स्वकृत-परकृत आदि.

अध्यास:

अध्यास सर्वसाधारण जीवोंको सृष्टिकालमें होता है. भगवच्छक्तिरूपा अविद्योपाधिक होनेसे औपाधिक-परकृत होता है. जीवकृत साधनोंसे अंशतः निवर्तनीय और पूर्णतः तो भगवच्छरणागति-भक्तिसे ही निवर्तनीय होता है. अन्तःकरणसे लेकर देह पर्यन्त और अहन्ताप्रसूत ममताके कारण देहादिसे भी आगे बढ़कर सकल आत्मीय पदार्थोंमें व्याप्त होनेसे उसके आन्तर-बाह्य दोनों स्वरूप स्वीकारे जा सकते हैं. त्रिविध अविद्याके कारण इसके भी त्रिविध स्वरूप होते हैं. आत्मा-अविद्या-अन्तःकरणेन्द्रियादिके ब्रह्मात्मक-सत्य होनेपर भी 'अध्यास' स्वयं कल्पित होते हैं.

अध्यासके सम्बन्धमें संक्षेपमें किये गये उल्लिखित निरूपणका यथाप्रसङ्ग विस्तार आगे किया जायेगा.

श्रेयांसि बहु विघ्नानि :

महाप्रभु आज्ञा करते हैं कि जिस तरह भगवानने क्रीडाकेलिये जगत् प्रकट किया है उसी तरह जागतिक जीव उनको प्राप्त कर सकें तदर्थ भगवानने भक्तिमार्ग पृथक् प्रकट किया है. भगवत्प्रकटित, भगवत्कृपैकलभ्य और भगवत्प्रापक होनेसे भक्तिमार्ग 'भगवन्मार्ग' कहलाता है. विचार्य यह है कि प्रतिबन्ध क्या भगवन्मार्गमें भी आ सकते हैं?

भगवान् और भक्तों के चरित्रका अवलोकन और शास्त्रवचनोंका भी अनुसन्धान करनेपर उक्त जिज्ञासाका समाधान अपेक्षाकृत अस्पष्टसा प्राप्त होता है. यथा,

> "पुष्टिः कालादिबाधिका" "यानास्थाय ... न स्खलेन् न पतेद् इह" "अभयं सर्वभूतेभ्यः" "समस्तदुरितक्षयो भवति" "हरिस्तु सर्वतो रक्षां करिश्यति" "न करिष्यति लौकिकिं च गतिम्" "नान्यथातु करिष्यति" "कालोऽयं कठिनोपि श्रीकृष्णभक्तान् न बाधते" "हरिस्त्र न शक्नोति कर्तुं बाधां कुतोऽपरे"

—इत्यादि वचनोंका यह तात्पर्य ध्वनित होता है कि भगवन्मार्गमें

प्रतिबन्धको कोई अवकाश ही नहीं है, गन्धमात्र भी नहीं है. तो दूसरी ओर

''क्लिष्टो भवति सर्वथा'' ''तस्मात् स्थानाच्च नश्यति'' ''असमर्पितवस्तूनां तस्माद् वर्जनमाचरेत्'' ''लोके स्वास्थ्यं तथा वेदे हरिस्तु न करिष्यति'' ''कदाचिदपमानेपि मूलतः का क्षतिर्भवेत्'' ''आपद्गत्यादिकार्येषु'' ''त्रिदुःख सहनम् ... आमृतेः सर्वतः सदा'' ''दुःख-हानौ तथा पापे भये कामाद्यपूरणे ...''

—इत्यादि शास्त्र और सम्प्रदाय ग्रन्थोंमें निरूपित भक्तिमार्गीय अधिकांश उपदेशों और स्तुतिमें से एक ही ध्वनि निकलती है ''इससे बचो'' ''उससे डरो'' ''इसको छोड़ो'' ''यहांसे भागो'' ''मुझे बचाओ'' ''त्राण करो'' ''उद्धार करो'' ''कल्याण करो'' ''निर्भय करो'' ... डग-डगपर बाधा ही बाधा, प्रतिबन्ध ही प्रतिबन्ध, भय ही भय दिखलाई देते हैं. जिसको पकड़ो वह कब बाधक बन जाता है यह पता नहीं चलता है. जिसे छोड़ दिया हो वह कब अत्यावश्यक बन जाता है इसका निश्चय नहीं हो पाता है.

तथैव तस्य लीलेति :

प्रथम विचारमें स्थिति सचमुचमें अस्पष्ट ही लगती है. इसका प्रमुख कारण है, प्रतिबन्धका विचार सृष्टिके घटक अन्य पक्षोंकी उपेक्षा करके केवल जीवात्माके पक्षसे किया जाना. जगत्कर्ता-जगद्रूप-जगत्क्रीडाकर्ता परमात्मा और उनकी जगत्क्रीडा के पक्षसे प्रतिबन्धका विचार करनेपर स्थिति अस्पष्ट सर्वथा नहीं है. ''एष उ ह्येवैनं ...'' ''सुखं दुःखं भवो भावो ...'' ''मत्तः स्मृतिर्ज्ञानमपोहनञ्च'' ''कृतप्रयत्नापेक्षस्तु विहितप्रतिषिद्धावैयर्थ्यादिभ्यः'' ''यस्यानुग्रहमिच्छामि'' ''विनोद्वेगं विधायापि'' ''लोके स्वास्थ्यं तथा वेदे'' इत्यादि शास्त्रीय और साम्प्रदायिक वचनोंका विचार करनेपर जीवोंको प्रतीत होते प्रतिबन्ध भगवत्कर्तृक और भगवत्क्रीडासे अधिक और कुछ भी नहीं होते हैं. अतएव भक्तहृदयसे इस समग्र सृष्टिको देखनेवाले आचार्यचरण इसको ''तथैव तस्य लीलेति'' कहते हैं.

सृष्टिका प्राकट्य और स्थिति जैसे एक भगवल्लीला है उसी तरह सृष्टिका संहार भी प्रभुकी एक लीला ही है. मुक्ति जैसे एक लीला है उसी तरह बन्धन भी एक लीला ही है.

जीवविचारसे प्रतिबन्ध :

शौकीन पर्वतारोहकोंकेलिये पर्वतारोहणका श्रम करना क्रीडा मात्र होता है. परन्तु उनका सामान ढोनेवाले मजदूरोंकेलिये तो वह पीड़ा ही होती है यदि वे स्वयं भी उसके शौकीन न हों तो. इसी तरह जीवात्माकी बद्धावस्था परमात्माकेलिये तो क्रीडा है किन्तु संसारमुक्तिकामी जीवात्माको वही पीडादायक लगती है.

आद्यप्रतिबन्ध : पराभिध्यानात्तु तिरोहितम्

सृष्टिक्रमकी दृष्टिसे प्रतिबन्धका विचार करनेपर, अंशी परमात्मामेंसे व्युच्चरित सच्चिदानन्दात्मक ब्रह्मांशमेंसे पारमात्मिक आनन्दांशके भगवदिच्छासे तिरोधानको भावी प्रतिबन्धोंकी शृंखलाका आद्य जनक कहा जा सकता है. आनन्दांशके प्रकट रहते प्रतिबन्ध अकिञ्चित्कर होते हैं. उसके तिरोधानसे ही चिदंशमें प्रतिबन्धयोग्यता प्रकट होती है. इसीका निरूपण ''**पराभिध्यानात्तु तिरोहितं ततोह्यस्य बन्ध-विपर्ययौ**'' ''**देहयोगाद्वा सोपि**'' (ब्रह्मसू.३।२।५-६) इन सूत्रोंमें व्यासचरणोंने किया है.

ततो ह्यस्य बन्ध-विपर्ययौ :

आनन्दांशके तिरोधानके अनन्तर ''**एकस्यैव ममांशस्य जीवस्यैव महामते, बन्धोऽस्याविद्ययानादिः...**'' (भाग.पुरा.११।११।४) वचनानुसार अविद्या भगवदंश ऐसे केवल जीवको अपने बन्धनसे बांधती है. जीवात्माको होनेवाला यह प्रथम-आदि बन्धन है. इस वचनमें ध्यातव्य यह है कि ब्रह्मके चिदंशभूत जीवको छोडकर ब्रह्मके अन्य अंश, सदंश-जगत् और आनन्दांश-अन्तर्यामी, पर अविद्या अपना प्रभाव नहीं डालती है.

अविद्या क्या है ?

''**श्रिया पुष्ट्या गिरा कान्त्या कीर्त्या तुष्ट्येलयोर्जया,**
विद्ययाऽविद्यया शक्त्या मायया च निषेवितम्''

(भाग.पुरा.१०।३९।५५)

''**विद्याविद्ये मम तनू विद्ध्युद्धव शरीरिणाम्,**
मोक्षबन्धकरी आद्ये मायया मे विनिर्मिते''

(भाग.पुरा.११।११।३)

''विद्याञ्चाविद्याञ्च यस्तद्वेदोभयं स ह,
अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते''

(ईशोप. ११)

उपर्युक्त शास्त्रवचनोंका स्वारस्य समझाते हुवे आचार्यचरण निबन्धके शास्त्रार्थप्रकरणमें लिखते हैं: ''मायाके अधीन रहनेवाली विद्या और अविद्या दोनों भगवान्‌की शक्ती हैं''.

त्रिविधमाया :

माया पुनः तीन प्रकारकी होती हैं: आधिभौतिकी, आध्यात्मिकी और आधिदैविकी. जीवोंको मोहित करनेवाली माया आधिभौतिकी, कामदेवकी पत्नी मायावती आध्यात्मिकी और साक्षात् भगवान् जिसके पति हैं वह आधिदैविकी माया कहलाती है. अतएव ''मम माया'' और ''मायया मे विनिर्मिते (विद्याविद्ये)'' सदृश वचनोंके कारण प्रतीत होते विरोधका समाधान हो जाता है.[1]

अविद्याका जीवपर प्रभाव :

''न तं विदाथ य इमा जजानान्यद् युष्माकम् अन्तरं बभूव, नीहारेण प्रावृता जल्प्या चासुतृप उक्थशासश्चरन्ति'' (ऋग्वेद१०।८२।७)[2], **''ऋतेऽर्थं यत् प्रतीयेत न प्रतीयेत आत्मनि''** (भाग.पुरा.२।९।३३) वचनानुसार माया जीवपर दो तरहसे अपना प्रभाव प्रकट करती है : **बन्धन/अज्ञान/आच्छादन और विपर्यय/अन्यथाज्ञान/अन्यथाप्रतीति.**

धर्म-धर्मीके भेदसे कभी तो माया धर्मकी अप्रतीति कराती है तो कभी धर्मीकी तो कभी दोनोंकी भी. इसी तरह माया कभी धर्मीकी तो कभी धर्मकी अन्यथाप्रतीति कराती है ते कभी दोनोंकी भी. तदनुसार जीवद्वारा ब्रह्मरूप सृष्टि— काल कर्म स्वभाव प्रकृति पुरुष महद् अहङ्कार ज्ञानेन्द्रिय कर्मेन्द्रिय तन्मात्रा महाभूत आदि —को अब्रह्मरूप समझना और ब्रह्मके दिव्य धर्मोंके स्थानपर सृष्टिको प्राकृत धर्मोंवाली समझना अन्तरायभूत अविद्याका ही प्रभाव है.

'सिद्धान्तमुक्तावली' की कारिका ''आत्मनि ब्रह्मरूपे...''की

प्रभुचरणकृत विवृति और उसपर श्रीपुरुषोत्तमचरणोंद्वारा विरचित प्रकाशमें इसका निरूपण इन शब्दोंमें किया गया है:

ब्रह्मांश जीव वस्तुतः अक्षरब्रह्मात्क होते हैं तथापि अविद्याके अन्तरायवश वे अपनी अक्षरब्रह्मताका अनुभव नहीं कर पाते हैं. इसीके कारण उनको अहन्ता-ममतात्मक संसार प्राप्त होता है. संसारकी प्रयोजिका होना ही अविद्याकी उपाधिरूपता है. ... अविद्याके कारण ही अक्षरात्मक जीवको अपनेमें असङ्गत्वादि ब्रह्मधर्मोंके स्थानपर क्षुद्रत्व-दुःखित्व-अत्यन्तभिन्नत्व आदि अब्रह्मधर्मोंकी प्रतीति होती है.(सि.मु.वि.प्रकाश१२)[1]

ऊपर कहा जा चुका है कि अविद्याका दूसरा कार्य विपर्यय/अन्यथाज्ञान/अन्यथाप्रतीति भी होता है. जीवात्माको अपने अक्षरात्मक स्वरूपका अज्ञान कराकर ही अविद्या शान्त नहीं हो जाती है. जीवात्मा जब प्राकृत अन्तःकरण, प्राण, इन्द्रि और देह के सम्पर्कमें आती है तब अविद्या-मायाके प्रभावसे जीवात्मा अनात्मभूत अन्तःकरण, प्राण, इन्द्रिय और देह को भ्रमवश अपना स्वरूप मानने लगती है. अतएव कहा गया है : **''नैवात्मनो न देहस्य संसृतिः सुविविक्तयोः, अविवेकस्तयोर्योंसाविह तस्यैव संसृतिः''** (भाग.पुरा.११।२८।१०). अर्थात्, आत्मा और देह के शुद्ध स्वरूपसे परिचित ऐसे सुविविक्तोंको संसारसम्बन्ध नहीं रह जाता है. क्योंकि आत्माका जो देहेन्द्रियादिकोंके साथ अज्ञानमूलक अभेदाभिमान है वही संसार है. अतः यही अध्यास, अहन्ता या संसार है.

सृष्टि आध्यासिक नहीं है :

श्रीशङ्कराचार्यके 'अध्यासभाष्य'-'अध्यासवाद' के कारण 'अध्यास' शब्दमें भी जनसामान्यको केवलाद्वैतका अध्यास होने लगता है. यहां यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि जैसे श्रीशङ्कराचार्य समूची जड-जीवात्मिका सृष्टिको अध्यासजन्य होनेसे मिथ्या मानते हैं ऐसा वाल्लभ वेदान्तमें मान्य नहीं है. एतद्विषयक सिद्धान्तका निरूपण करते हुवे महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्यचरण लिखते हैं :

श्रुति तो यह निरूपण करती है कि रमणकेलिये ब्रह्म स्वयं

सृष्टिरूपेण आविर्भूत हुवा है. वैचित्र्यके विना क्योंकि रमण हो नहीं पाता है अतः भगवान्‌की अविद्या शक्तिसे जीवको संसार होनेकी बात कही गयी है. ''असत्‌की कभी सत्ता नहीं होती है'' इस सिद्धान्तसे संसार वस्तुतः उत्पन्न होता ही नहीं है. क्योंकि संसार तो अभिमत्यात्मक काल्पनिक होता है. अतः उसकी गणना भी असद्रूप पदार्थके रूपमें की गयी है. आशय यह है कि शास्त्रमें जहां भी 'अज्ञान' 'भ्रम' 'असत्' इत्यादि शब्दोंका प्रयोग किया जाता है वह जीवकल्पित अहन्ता-ममतात्मक संसारकेलिये ही किया जाता है, जगत्-प्रपञ्चकेलिये नहीं. प्रपञ्च तो ब्रह्मात्मक होनेसे सत्य है.

इसका फलितार्थ यह है कि भगवान् क्रीडाकेलिये ही प्रपञ्चके रूपमें आविर्भूत होते हैं अतः जगतमें रहे हुवे जीव, जीवोंके द्वारा किये जाते साधन और जीवकृत साधनोंसे प्राप्त होते फल के रूपमें भी स्वयं भगवान् ही सर्वत्र क्रीडा कर रहे होते हैं. जब यह स्थिति है तब जीवात्माका ''मैं इस कर्मका कर्ता हूं'' ''इस कर्मसे उत्पन्न हुवा फल मेरा है'' ''इस फलका भोक्ता मैं हूं'' ऐसा समझना यह सब उसका केवल भ्रम ही सिद्ध होता है. क्योंकि ऐसी समझमें वह अपनेको, स्वकृत साधनको और तज्जनित फलको अब्रह्मरूप मान रहा है. ऐसा सब उसको अहन्ता-ममतात्मक अविद्याके कारण ही होता है. तत्त्वका ज्ञान हो जानेपर उसका यह अज्ञान निवृत्त हो जाता है और सबकी ब्रह्मरूपताका ज्ञान उसको होने लगता है. संसारके निवृत्त हो जानेपर भी जगत्‌के रह जानेसे यह सिद्ध होता है कि अविद्याजन्य संसार असत् है और ब्रह्मात्मक सत् जगत् उससे भिन्न ही पदार्थ है.[४]

जीवके प्रकार और अवस्था भेदसे अध्यास :

पूर्वोदाहृत **''एकस्यैव ममांशस्य जीवस्यैव महामते, बन्धोस्याविद्ययानादिः...''** (भाग.पुरा.११।११।४) वचनके आधारपर आचार्यचरणोंने अविद्याको 'जीवगाः' कहा है. अर्थात् अविद्या केवल जीवको ही प्रभावित करती है, अन्य भगवदंशोंको नहीं. यह विचारणीय है.

''त्रयः प्राजापत्याः ... देवा मनुष्या असुरा'' (बृहदा.उप.५।२।१) **''त्रयो ह वै प्राजापत्याः'' ''त्रिविधा जीवसंघास्तु देव-मानुष-दानवाः''** इत्यादि श्रुति-स्मृतिवचनोंमें जीवोंकी गणना करते समय देव, दानव और मानव परिगणित हैं. जिज्ञास्य यह है कि अध्यास जीवमात्रको होता है कि उनमें कोई अपवाद होते हैं.

एक अन्य प्रकारसे जीवोंका वर्गीकरण नित्यमुक्त और जीवन्मुक्त इस तरह भी किया जाता है. 'जीवगाः' अविद्याका इन जीवोंपर प्रभाव कैसा रहता है यह भी जिज्ञास्य बनता है.

प्रथम जिज्ञासाका समाधान संक्षेपमें यह है कि ब्रह्मादिदेवोंको मायाकृत अविद्या, अध्यास अथवा संसार नहीं होता है. तत्त्वार्थदीपनिबन्धके भागवतार्थप्रकरणमें इस जिज्ञासाका सविस्तर समाधान देते हुवे आचार्यचरण लिखते हैं:

ब्रह्मादि देवोंको स्थूल देह होता है ऐसा समझमें आता है. अतः स्थूलदेहके कारणभूत लिङ्गदेहका अध्यास भी उनको होता है ऐसा कहनेमें क्या आपत्ति है? यह शङ्का उचित नहीं है. क्योंकि अन्य जीवोंके देहेन्द्रियादि जैसे आहङ्कारिक होते हैं वैसे ब्रह्मादि देवोंके नहीं होते हैं. उनकी इन्द्रियां ज्ञान-योगमय होती हैं. और ''इस जीवके द्वारा मैं इस कर्यको करूंगा'' ऐसी भगवदिच्छासे उनका सब कुछ भगवनके अधीन होता है, माथाके नहीं. अतः उनको मायाके कार्यरूप देहादिके अध्यास भी नहीं होते हैं.[५]

प्रसङ्गवश यह भी स्मर्तव्य है कि ब्रह्माद्वारा वत्सहरणके निरूपक अध्यायोंको आचार्यचरणोंने भागवतमें प्रक्षिप्ताध्याय माने हैं. ऐसा स्वीकारनेमें एक कारण यह भी है कि ब्रह्माजीको मोह नहीं होनेका वर **''भवान् कल्पविकल्पेषु न विमुह्यति कर्हिचित्''** (भाग.पुरा.२।९।३६) भगवान् द्वारा प्रदत्त होने पर भी इन अध्यायोंमें ब्रह्माजीके मोहित होनेका वर्णन किया गया है जो कि भागवतके ही वचनसे विपरीत है.

द्वितीय जिज्ञासाका समाधान यह है कि नित्यमुक्त जीवोंमें यद्यपि

धर्मीभूत आनन्दांशका तो तिरोधन अवश्य होता है किन्तु धर्मभूत आनन्द तो उनमें अतिरोहित ही रहता होनेसे ऐसे जीव अविद्यासे अप्रभावित ही रहते हैं. इसी तरह जीवन्मुक्ति भी अविद्याका अभिभव होनेपर ही प्राप्त होती होनेसे ऐसे जीव भी अविद्यासे प्रायः अप्रभावित रहते हैं. निष्कर्षतः इनको छोड़कर शेष जीवोंको अविद्या प्रभावित करती है.

अध्यास होनेका क्रम :

''स्वरूपाज्ञानमेकं हि पर्व देहेन्द्रियासवः,
अन्तःकरणमेषां हि चतुर्थोऽध्यास उच्यते,
पञ्चपर्वा त्वविद्येयं यद्बद्धो याति संसृतिम्''

(शा.प्र.३२-३३)

अविद्याको पञ्चपर्वा, अर्थात् पांच गोंठोवाली कहा गया है. जीवात्माको अपने अक्षरात्मक स्वरूपका विस्मरण हो जाना यह अविद्याका प्रथम पर्व है. देहाध्यास, इन्द्रियाध्यास, प्राणाध्यास और अन्तःकरणाध्यास ये अविद्याके शेष चार पर्व होते हैं. पञ्चपर्वा अविद्यासे बद्ध जीव जन्म-मरणरूप संसारको प्राप्त होता है.

जीवको देहादिका सम्बन्ध दो तरहसे होता है : १.आध्यासिक और २.भगवत्कृत. देहादिका आध्यासिक सम्बन्ध तो विद्यासे दूर हो जाता है किन्तु भगवत्कृत सम्बन्ध तो भगवान् दूर करते हैं तब ही मिटता है.[१]

अनुभवकी दृष्टिसे सोचनेपर स्थूलदेहका प्रत्यक्ष स्पष्ट-सरलतया होता है. शेष इन्द्रिय-प्राणान्तःकरण परोक्ष होते हैं. अतः अध्यास भी हमें देहमें ही प्रबल प्रतीत होता है. परन्तु सृष्टि क्योंकि सूक्ष्मसे स्थूलके क्रमसे होती है, पुनःश्च आत्माके सन्निकट भी अन्तःकरणादि ही होते हैं अतः आत्माको अध्यास देहेन्द्रिय-प्राणान्तःकरणके क्रमसे न होकर अन्तःकरण-प्राणेन्द्रिय-देहके क्रमसे होते हैं. श्रीपुरुषोत्तमचरणोंने निबन्धावरणभङ्गमें इसका निरूपण इस तरहसे किया है:

> भगवान्की सर्वभवनसामर्थ्यरूपा प्रकृति-मायासे प्रथम महत्-चित्त उत्पन्न होता है. महत्से चिदचिद्ग्रन्थिरूप

> अहङ्कारकी उत्पत्ति होती है. ये दो अन्तःकरणरूप होते हैं. सर्वप्रथम, अतः, आत्माको अन्तःकरणाध्यास होता है.
>
> अहङ्कारका रूपान्तर इन्द्रियोंको शक्ति प्रदान करनेवाला प्राण होता है. अतः द्वितीय क्रममें आत्माको प्राणाध्यास होता है.
>
> तैजस अहङ्कारसे क्रिया-ज्ञानकी करणरूपा इन्द्रियां प्रकट होती हैं. अतः तृतीय क्रममें आत्माको इन्द्रियाध्यास होता है. प्राण, इन्द्रिय और अन्तःकरण मिलकर सूक्ष्मदेह बनता है.
>
> तामस अहङ्कारसे पञ्चतन्मात्राएं प्रकट होती हैं जिनका स्थूल रूप पञ्चमहाभूत होते हैं. स्थूल देह पाञ्चभौतिक होता है. जीवात्माका स्थूलदेहमें प्रवेश सूक्ष्मदेहके साथ होता है. तब जीवात्माको देहाध्यास होता.
>
> इस तरह चारों अध्यासोंसे अध्यस्त हो जानेपर अन्ततः जीवात्माको अपने स्वरूपका पूर्णरूपेण विस्मरण हो जाता है.[२]

'अध्यास'का सामान्यतया अर्थ अविद्याके कारण जीवात्माको होता भ्रम, अन्यथाज्ञान या विपर्यय होता है. तदनुसार चतुर्विध अध्यासका अर्थ ऐसा होता है :

अन्तःकरणाध्यास : अनात्मभूत अन्तःकरण और उसके धर्मोंको आत्माद्वारा अपना स्वरूप और अपने धर्म समझना 'अन्तःकरणाध्यास' कहलाता है.[३]

प्राणाध्यास : अनात्मभूत प्राण और उसके धर्मोंको आत्माका अपना स्वरूप और अपने धर्म समझना 'प्राणाध्यास' कहलाता है.

इन्द्रियाध्यास : अनात्मभूत इन्द्रिय और उसके धर्मोंको आत्माद्वारा अपना स्वरूप और अपने धर्म समझना 'इन्द्रियाध्यास' कहलाता है.

देहाध्यास: आत्माका पाञ्चभौतिक देह और उसके धर्मोंको अपना स्वरूप और अपने धर्म समझना 'देहाध्यास' कहलाता है.

अहन्ता-ममता और संसार :

अध्यासके स्वरूपको समझनेके पश्चात्त अध्यासके प्रभावका भी समझ लेना चाहिये. अहन्ता-ममता और तज्जन्य संसार अध्यासका फल है. अनात्मभूत देहादिमें आत्मबुद्धि 'अहन्ता' कहलाती है. जड-चेतन विषयोंमें

आत्मसम्बन्धी बुद्धि 'ममता' कहलाती है. इन्ही दोके सहारे आत्मा अपना काल्पनिक संसार रचती है और उसमें फंसती चली जाती है.[९]

अध्यासका स्थूल प्रभाव :

अविद्याकृत अध्यासके सामान्य प्रभावका निरूपण किया गया कि उससे जीवात्माको अनात्मभूत देहादिमें आत्मबुद्धि हो जाती है और इसके कारण वह अहन्ता-ममतात्मक संसार और जन्म-मरण के चक्रमें फंसती है. अब यहां तत्तदध्यासके स्थूल प्रभावोंका निरूपण प्रासङ्गिक बनता है.

अन्तःकरणाध्यास :

सुख-दुःख: जैसा कि प्रसिद्ध है **"अशरीरं वा व सन्तं प्रियाप्रिये न स्पृशतः"** (छान्दो.उप.८।१२।१) प्रिय-अप्रिय/सुख-दुःख से आत्मा अस्पृश्य होती है. कर्मस्वरूप भगवान् जीवकृत विहित-निषिद्ध कर्मोंके फलतया सुख-दुःखरूपेण अन्तःकरणमें प्रकट होते हैं, न कि आत्मामें. अतः सुख-दुःखादि अन्तःकरणके ही धर्म होते हैं, न कि आत्माके.[१०] फिर भी, अध्यासवश, अन्तःकरणके मन-बुद्धि-अहंकाररूप घटकोंमें अनुभूत होनेवाले सुख, इच्छा, काम, दुःख, द्वेष, क्रोध, लोभ, मोह, हर्ष, मद, मात्सर्य, राग, भय, ह्री, निश्चय, धृति, अधृति, यत्न आदिको आत्मा अपने सुखादि मान लेती है. फलतः वह अपनेको सुखी, दुःखी आदि मानने लगती है.[११]

कर्तृत्व : ब्रह्मके सभी धर्म नित्य ही होते हैं तथापि सर्वव्यापकत्व, जगत्कर्तृत्व, भोक्तृत्व, सर्वज्ञत्व, सर्वनियन्तृत्व आदि धर्मोंका स्फुटतया बोध जब जगत्की उत्पत्ति हो जाती है तब ही हो पाता है उसी तरह— **"कृतप्रयत्नापेक्षस्तु विहितप्रतिषिद्धावैयर्थ्यादिभ्यः"** **"परात्तु तच्छ्रुतेः"** **"कर्ता शास्त्रार्थवत्त्वात्"** (ब्रह्मसूत्र २।३।४२, ४१, ३३) सूत्रोंसे यह सिद्ध होता है कि बद्ध जीवात्माकी मुक्तिकेलिये परमात्माने उसे शास्त्रीय विधि-निषेधोंका ज्ञान प्राप्त कर तदनुसार सत्कर्मोंमें प्रवृत्त होनेकेलिये कर्तृत्व भी प्रदान किया होने पर भी —अन्तःकरणादिके अध्यासके बिना जीवात्माके कर्तृत्वका बोध भी स्फुटतया हो नहीं पाता है.

भागवतार्थ निबन्धके चतुर्थस्कन्धनिरूपक कारिकामें आचार्यचरणोंने

इसका निरूपण अधोलिखित प्रकारसे किया है:

कारीगरको हाथ न होनेपर वह जैसे हथीयारोंको पकड़ नहीं पाता है उसी तरह अहङ्कारादि करणोंके न होनेपर आत्मा अकेले कुछ कर नहीं पाती है. अहङ्कारादिके उपलब्ध होने जानेपर भी उनके साथ यदि उसका सम्बन्ध नहीं हुवा हो तब भी वह, निरध्यस्त जीवन्मुक्तोंकी तरह, उपलब्ध करणोंसे न तो कुछ करवा पाती है और न उन करणोंसे होते सदसत्कर्मोंके फलोंको भोग पाती है. अध्यास ही लिङ्गदेह और आत्मा को परस्पर जोड़ता है. अध्यासके कारण आत्माका कर्तृत्व स्फुट होता है और लिङ्गदेहका करणत्व.[१२]

तात्पर्य यह है कि जीवात्मा अन्तःकरणादिके अभावमें स्वतः कुछ भी कर पानेमें समर्थ नहीं होती है. साथ ही साथ अन्तःकरणादिको जब तक वह अपना नहीं मानती तब तक वे उसके साधन भी बन नहीं पाते हैं. अन्तःकरणाध्याससे यह सम्भव हो जाता है.

अध्यस्त आत्मा लिङ्गशरीरको अपना करण तो बना लेती है परन्तु प्राकृत विषयों और प्राकृत लिङ्गशरीर के साजात्यवश उनमें प्रकट होते पारस्परिक आकर्षणके कारण बेलगाम उद्दंड घोड़े जिस तरह रथीकी इच्छाको तिरस्कृत कर अपनी निरङ्कुश इच्छासे अपनी मनोवाञ्छित जगह ले जाते हैं उसी तरह आत्माके करण आत्माकी इच्छाको दबाकर अपनी ही इच्छाके अनुसार स्वच्छन्द आचरण करने लगते हैं. यह ही जीवात्माकी अधोगतिका मुख्य कारण है.[१३]

अध्यस्त जीवात्माका संसाराभिनिवेश, विनाशक विषयोंकी प्राप्ति, देहकी विभिन्न अवस्था, जन्म-मरण, सुख-दुःखादिका अनुभव आदिसे लेकर विद्याप्राप्ति और भगवच्छरणागतिसे अविद्यासे मुक्त होनेका बड़ा रोचक वर्णन श्रीभागवत चतुर्थस्कन्धके (अध्याय २५-२९) पुरञ्जनोपाख्यानमें वर्णित हुवा है.

प्राणाध्यास :

प्राण राजस अहंकारका कार्य होता है. क्रियाशक्तिवाला होनेसे प्राण

सकल इन्द्रियोंको बल प्रदान करता है. वायुके रूपमें यह दशविध होता है: प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान, नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त और धनञ्जय. ओज (इन्द्रियकी शक्ति), सह (मनकी शक्ति) और बल (शरीरकी शक्ति) भी इसीके कार्य होते हैं.[१४]

प्राणाध्यासके कारण जीवात्मा प्राणके कार्य और धर्मों को अपना कार्य और धर्म मान लेती है. फलतः श्वासोच्छ्वास, वायुनिःसरण, अन्नपाचन, अन्नादिको ऊपर लाना, अन्न-रसादिको नाडियोंमें पहुंचाना, उद्गार, नेत्रोंके निमेष-उन्मेष, छींक, उबासी, शरीरको फुलाना आदि क्रियाओंका कर्तृत्व भी आत्मा अपनेमें समझती है. प्राणोंके प्रबल होने पर वह स्वयंको बलिष्ठ-ओजस्वी आदि समझती है और निर्बल होने पर शक्तिहीन, क्षुधा आदि भी प्राणोंके कारण प्रतीत होते हैं.

इन्द्रियाध्यास :

राजस अहङ्कारसे ही पांच ज्ञान और पांच कर्म के भेदसे दश इन्द्रियां प्रकट होती हैं. "**मनःषष्ठानीन्द्रियाणि**" "**इन्द्रियाणि दशैकञ्च**" से इन्द्रियोंमें मन भी परिगणित है ही. किन्तु उसकी उत्पत्ति सात्त्विक अहंकारसे होती होनेसे और उसका समावेश अन्तःकरणमें होता होनेसे यहां उसकी विवेचना नहीं की गयी है. अनात्मभूत ज्ञान-कर्मेन्द्रियोंका अध्यास आत्माको होनेपर इन्द्रियोंके कार्य-अवस्था आदिको आत्मा अपने कार्य-अवस्था आदि मानने लगती है. फलतः "मैं मूक हूं" "मैं बधिर हूं" "सुलोचन हूं" आदि प्रतीति आत्माको होने लगती है.

देहाध्यास :

स्थूल शरीरको 'देह' कहा जाता है. वह पाञ्चभौतिक होता है. पशु-पक्षी-मनुष्यादि योनि, स्त्री-पुरुषादि लिङ्ग, वर्ण-जाति आदि, बाल-किशोरादि अवस्था, कृष-पुष्टादि, रोगी-निरोगी, सुन्दर-असुन्दर आदि सभी शास्त्रीय-लौकिक व्यवहार स्थूल देहके ही सम्बन्धमें किये जाते हैं. देहाध्यासके कारण आत्मा अनात्मभूत स्थूलदेह और उसके पश्वादि प्रकार-अवस्थादिको अपना स्वरूप-अवस्थादि मान लेती है. इसीके कारण परिवार, समाज, राष्ट्र आदि विषयक लौकिक और वर्ण-आश्रमादि विषयक शास्त्रीय

विधि-निषेध भी उसको प्रसक्त होते हैं.

अध्यासकी प्रतिबन्धकता :

यहां तक किये गये अध्यास विषयक निरूपणके आधारपर यह निःसंकोच कहा जा सकता है कि जीवात्माके उद्धारमें अवरोध पैदा करनेवाले पाप, अज्ञान, काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य, हिंसा, असत्य, चोरी, अधर्माचरण, विधर्माचरण, परधर्माचरण, दुःख, उद्वेग, चिन्ता, अविवेक, अधैर्य, दुराग्रह, हठ, अश्रद्धा, संशय, अपवित्रता आदि प्रतिबन्ध साक्षात् अथवा परम्परया अविद्याकृत अध्यासमूलक होते हैं.

अध्यास सर्वत्र प्रतिबन्धक :

अध्यास क्योंकि ज्ञान, कर्म, उपासना और स्वतन्त्र भक्ति रूप सभी उद्धारक मार्गोंमें सामान्य-विशेष रूपसे प्रतिबन्धक होते ही हैं अतः तत्तन्मार्गीय दृष्टिसे उनकी प्रतिबन्धकता और उनके निवारणके तत्तन्मार्गीय उपायोंका भी विचार पृथक्-पृथक् किया जा सकता है. प्रस्तुत प्रबन्धमें, किन्तु, अन्यमार्गीय दृष्टिसे प्रतिबन्ध और उसके निवारणके उपायोंका निरूपण प्रसङ्गोचित न होनेसे केवल पुष्टि भक्ति और प्रपत्ति मार्गके सन्दर्भमें ही उसका निरूपण किया गया है.

वर्तमान सन्दर्भ :

वैसे तो सृष्टिके प्राकट्यकालमें ही सृष्ट सभी जीवोंको अविद्याजन्य अध्यास सर्वसामान्यरूपसे होता होनेसे वर्तमानमें अध्यासके मूलभूत स्वरूपमें तो कोई वैशिष्ट्य आता नहीं है. तथापि शास्त्रोंमें उपलब्ध होते कलिवर्ज्यप्रकरण, कलिकी करालताके वर्णन तथा "प्रायेणाल्पयुषः सभ्य कलावस्मिन् युगे जनः, मन्दाः सुमन्दमतयो मन्दभाग्या ह्युपद्रुताः" (भाग.पुरा.१।१।१०)[१५] "**कलौ च खलधर्मिणि पाषण्डप्रचुरे लोके**" "**अधुना ह्याधिकारास्तु सर्वएव गताः कलौ**" "**अधुना तु कलौ सर्वे ... ते दुर्लभतरा कलौ**" सदृश शास्त्र एवं आचार्य वचनोंके तात्पर्यका विचार करनेपर कलिकालमें आत्माके अध्यास अन्य प्रतिबन्धोंकी ही तरह अधिक प्रबल हो जाते हैं इतना तो वैशिष्ट्य कलिकालका स्वीकारना ही पड़ता है.

दूसरी दृष्टिसे विचार किया जाये तो जीवात्मा जितने लंबे समय तक

बद्धावस्थामें रहती है उतने अधिक कर्मोंमें वह फंसती है. जितने अधिक कर्म वह करती है उतने अधिक कर्मफल सञ्चित होते हैं. कर्मफलोंको भोगनेकेलिये उतने अधिक समय तक उसको जन्म लेना पड़ता है. इस क्रममें उसका अध्यास भी अधिक बढ़ता जाता है.

भक्ति-प्रपत्तिमें अध्यासकी प्रतिबन्धकता :

भक्तिमार्गका एक मात्र लक्ष्य भगवान् होते हैं. जिन जीवोंको भगवानने भक्तिमार्गका अनुसरण करनेकेलिये चुना है उनसे भगवान् अपनी अनन्य शरणागति पूर्वक सर्वेहमयी सर्वस्वसमर्पणात्मिका सेवाकी अपेक्षा रखते हैं. जब, परन्तु, अन्तःकरणादिके अध्यासके कारण जीवको भगवदंशरूप अपने स्वरूपकी पूर्णतया विस्मृति हो जाती है, अनात्मभूत देहादिको ही जब वह अपना स्वरूप मानने लगता है और अनन्तविध जागतिक विषयोंके सम्पर्कमें आकर जब वह उनमें आसक्त हो जाता है तब उसका सीधा परिणाम भगवद्वैमुख्य के रूपमें प्रकट होता है. चेतन होनेपर भी वह अचेतन-प्राकृत देहादिके अधीन हो जाता है "**इन्द्रियाणि प्रमाथीनि हरन्ति प्रसभं मनः**" "**काममाश्रित्य दुष्पूरं दम्भमानमदान्विताः, मोहाद् गृहीत्वाऽसद्ग्राहान् प्रवर्तन्तेऽशुचिव्रताः**" न्यायेन विषयकाम उसमेंसे भगवत्कामको दूर हटा देता है. दूसरी ओर "**प्रकृतेः क्रियमाणानि गुणैः कर्माणि सर्वशः, अहङ्कारविमूढात्मा कर्ताहम् इति मन्यते**" (भग.गीता३।२७) न्यायेन कर्तृत्वाभिमान उसको भगवान्‌को अपने अनन्य शरणतया स्वीकारनेसे रोक देता है. ऐसे संसारासक्त बहिर्मुख जीवोंको ही लक्षित कर "**ईश्वरोऽहमहं भोगी सिद्धोऽहं बलवान् सुखी.... प्रसक्ताः कामभोगेषु**" (भग.गीता१६।१०) "**लोकार्थी चेद् भजेत्...**" "**विषयाक्रान्तदेहानां नावेशः सर्वदा हरेः**" "**विवेक-धैर्य-भक्त्यादि रहितस्य विशेषतः, पापासक्तस्य दीनस्य**" आदि वचन प्रसक्त होते हैं.

भक्तिमार्गमें अध्यासकी प्रतिबन्धकता दो स्तरपर देखी जा सकती है: १.भक्तिमार्गमें प्रवेशके पूर्व और २.भक्तिमार्गके अन्तर्गत/भक्तिमार्गमें प्रवेश हो जाने पर. प्रथम स्तरकी प्रतिबन्धकता मनुष्यकी भक्तिमार्गमें रुचि उत्पन्न होने नहीं देती है. द्वितीय स्तरीय अध्यासकृत प्रतिबन्धकता भक्तिमार्गपर चलनेवालेको रोक देना (**तदा भगवान् फलं न दास्यति**), गतिको मन्द कर

देना (**क्लिष्टो भवति सर्वथा**), पीछे धकेल देना (**हीनेषु जायते**), दूसरे रास्तेपर चढ़ा देना (**तस्मात् स्थानाच्च नश्यति**) इत्यादि रूपमें हो सकती है.

सम्प्रदायग्रन्थोंमें भक्ति और प्रपत्ति साधनामें आते प्रतिबन्धोंका निरूपण उन साधनाओंके विभिन्न पक्षोंको लक्ष्यमे रखकर अनेक रूपोंमें उपलब्ध होता है. यथा: काम-क्रोधादि, अविवेक, अधैर्य, अन्याश्रय, वृथालापक्रियाध्यान, भोग, प्रार्थना, विक्षेप, अशक्ति, प्रतिबन्ध, अत्याग्रह, परपीडा, अधर्माचरण, वेदनिन्दा, संग इत्यादि. यह पूर्वमें कहा जा चुका है कि अविद्याकृत अध्यास जीवात्माको जगत्सृष्टिकालमें ही लग जाते हैं. अतः खास करके भगवत्कृत और सामान्यतया देश-काल-वस्तु और अन्यजीव कृत प्रतिबन्धोंको छोडकर अन्य सभी देह-इन्द्रिय-मनोजन्य होते हैं.

प्रतिबन्धोंके मूल चतुर्विध अध्यासोंके भीतर खोजे जा सकते हैं. अधोनिर्दिष्ट टेबलमें प्रतिबन्धोंको उनसे सम्बद्ध अध्यासके नीचे रखा गया है.

भगवान् आज्ञा करते हैं :

"**शरीरवाङ्मनोभिर्यत् कर्म प्रारभते नरः ... पञ्चैते तस्य हेतवः,**
अधिष्ठानं तथा कर्ता करणं च पृथग्विधम्,
विविधाश्च पृथक् चेष्टा दैवं चैवात्र पञ्चमम्"

मनुष्य कायिक-वाचिक-मानसिक जो भी कर्म करता है उसमें गौण-मुख्य प्रकारसे देह, जीव, अन्तर्बाह्य करण, विविधचेष्टा-वृत्तियां और अन्तर्यामी ये पांचो सम्मिलित रहते हैं. अतः अन्तःकरणाध्यास जन्य काम-क्रोधादिकी किसी न किसी रूपमें बाह्य (ऐन्द्रिक-दैहिक) प्रतिक्रिया होती ही है. इसी तरह अत्यन्त बाह्य प्रतीत होनेवाले वार्धक्यादिके भी कोई न कोई आन्तर रूप होते ही हैं. यथा :

"**सीदन्ति मम गात्राणि मुखं च परिशुष्यति,**
वेपथुश्च शरीरे मे रोमहर्षश्च जायते,
गांडीवं संस्रते हस्तात् त्वक्चैव परिदह्यते,
न च शक्नोम्यवस्थातुं भ्रमतीव च मे मनः".

ऐसा होनेपर भी टेबलमें प्रतिबन्धोंको "**प्राधान्येन व्यपदेशा भवन्ति**" न्यायेन वर्गीकृत किया गया है अतः सभी आन्तरके बाह्य और

बाह्यके आन्तर स्वरूप-प्रकार लिखे नहीं गये हैं. स्पष्टरूपमें जिनका उल्लेख साम्प्रदायिक ग्रन्थोंमें उपलब्ध हुवा है उनको ही तत्तदध्यासोमें वर्गीकृत किया गया है.

अन्तःकरणाध्यास	प्राणेन्द्रियाध्यास	देहाध्यास
अविवेक		
प्रार्थनावृत्ति-काम-लोभ	प्रार्थना-वाचिक	
हठ-आग्रह-अत्याग्रह		
अज्ञान-मोह		
अभिमान-मद-अहन्ता		
वृथाध्यान	वृथालाप	वृथाक्रिया
असहन-मानसिक	असहन-ऐन्द्रिक	असहन-कायिक
मानसिक अन्याश्रय	अन्याश्रय-वाचिक	अन्याश्रय-कायिक
संगवृत्ति	संग-ऐन्द्रिक	संग-दैहिक
विक्षेप	विक्षेप ऐन्द्रिक	विक्षेप दैहिक
भोगवृत्ति	भोग ऐन्द्रिक	भोग दैहिक
परपीडा-मानसिक	परपीडा ऐन्द्रिक	परपीडा दैहिक
	अशक्ति ऐन्द्रिक	अशक्ति दैहिक

यहां यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि मनकी गणना छठी/ग्यारहवीं इन्द्रियतया भी की जाती है. इस दृष्टिसे मनके विकारोंकी गणना इन्द्रियाध्यासके अन्तर्गत भी की जाती है. चार अन्तःकरणोंमें मनकी गणना एक करणके रूपमें भी की जाती है. इस दृष्टिसे मनके विकारोंको अन्तःकरणाध्यासके अन्तर्गत भी रखा जा सकता है.

भक्तचरित्रसन्दर्भ :

उल्लिखत टेबलमें तत्तदध्यासजन्य प्रतिबन्ध-दोषोंके जिन दृष्टान्तोंको भक्तचरित्रोंमेंसे खोजकर परिचर्चामें भाग लेनेवालोंने अपने-अपने पत्रोंमें प्रस्तुत किये हैं वे सभी के सभी, प्रायः यथावत्, तत्तदध्यासजन्य प्रतिबन्धके दृष्टान्त बन ही सकते हैं. तथापि संक्षेपमें कुछ दृष्टान्त एक विशेष दृष्टिसे इस तरह सोचे जा सकते हैं.

१. अन्तःकरणाध्यास :

भक्तिमार्गमें प्रवेशसे पूर्व :

राणाव्यास : अहंकार.

बूलामिश्र : अन्यान्य पुरुषार्थोंमें आसक्ति.

रामानन्द पंडित : अहङ्कारसे आचार्यचरणोंके साथ वाद करना.

विष्णुदास छीपा : वैराग्य आ जानेके भयसे थानके रुपये लौटाना.

भगवानदास सांचोरा : यशःकामना.

नरहरदास : पिताके तिरस्कारसे खेद.

नरहर सन्यासी:स्त्रीमें आसक्ति.

भक्तिमार्गमें/मार्गप्रवेशके अनन्तर :

दामोदरदास : आधी गादी दाबकर बैठना.

रघुनाथदास : ईर्ष्यावश माताकी सेवा छुडवानेकेलिये अलग होना.

माधवदास : वेश्यामें आसक्ति.

गोविंददास भल्ला : अहङ्कार.

नारायणदास ब्रह्मचारी : तातीखीर; गुरुके दर्शनार्थ भगवत्स्मृतिकी विस्मृति.

जगन्नाथ जोषी : क्रोधित होकर फूलमालाका फेंकना.

राणाव्यास : देसायनिमें आसक्त होना.

गोविंद दूबे : मन व्यग्रह रहना. सेवामें चित्तका न लगना.

रामानन्द पंडित : लोभ वश स्त्रीसे छाना बीन लेनेको कहना.
आचार्यजीद्वारा त्याग किये जानेपर आचारभ्रष्ट होना.

कृष्णदास : गंगाबाईमें आसक्ति, श्रीगुसांईजीके प्रति मात्सर्य.

२-३. प्राणेन्द्रियाध्यास:

भक्तिमार्गमें प्रवेशसे पूर्व :

जीवनदास क्षत्री : राग-संगका इश्क.

राणाव्यास : इन्द्रजीत होनेका अहंकार.

वासुदेवदास : बलिष्ठ होनेका गर्व.

भक्तिमार्गमें/मार्गप्रवेशके अनन्तर :

कृष्णदास मेघन : मुखरतादोष.

पारखती : हाथ-पांवमें कोढ निकलनेपर सेवामें ग्लानी.

४. देहाध्यास :

भक्तिमार्गमें प्रवेशसे पूर्व :

राणाव्यास : दैहिक कष्टोंको सह न पानेके कारण तीर्थयात्राका त्याग.

भगवानदास : टका दक्षिणा मिलने पर अपने ब्राह्मणत्वको धिक्कारना.

अच्युतदास सारस्वत : परिजनोंकी मृत्युसे दुःखी होना.

भक्तिमार्गमें/मार्गप्रवेशके अनन्तर :

संभलवारे : गरमीमें चौबारेमें सोने जाना.

संभलवारेकी स्त्री : पिताके मना करने पर जल भरने न जाना.

गोपालदास : पिताको वृद्ध हुवे जानकर सेवामें प्रवृत्त होनेका विचार आना.

जगन्नाथ जोषी : बागा धरके अरोगनेसे भोगके छू जानेकी शङ्का.

अध्यासका निवारण :

अविद्या क्योंकि भगवच्छक्तिरूपा मायाके अधीन होती है अतः अविद्याकृत अध्यासकी पूर्णतया निवृत्ति तो तभी हो सकती है कि जब भगवान् स्वयं मायाको आदेश देकर जीवकी अविद्याको दूर करें. भगवान् जब तक ऐसा नहीं करते हैं तब तक, प्रभुकी शरणागति और भक्ति के मार्गपर जिन्होंने चलना शुरु कर दिया है ऐसे भक्ति-प्रपत्तिमार्गी जीवोंको भी अध्यास और तज्जन्य प्रतिबन्धों का सामना तो करना ही पड़ता है. यह स्थिति कुछ वैसी ही होती है कि जैसे रोगनिवारक औषधिका सेवन आरम्भ कर देनेपर भी शरीरस्थ रोगोंके कारणोंका पूर्णतया नाश जब तक हो नहीं जाता तब तक, औषधिका सेवन करते होने पर भी, ज्वर-खांसी-शरीरदर्द आदि सहन करने ही पड़ते हैं. अधीर रोगी और उसे भी अधिक अधीर रोगीके अभिभावक चिकित्ससे आक्षेपगर्भित प्रश्न करते सुने जाते हैं : "दवाई नियमित लेनेपर भी बुखार क्यों चढ़ता रहता है?" चिकित्सक उसपर भरोसा रखने और धीरज धरने की सलाह देते हुवे कहता है : "रोगके जन्तुओंका जब तक पूरा सफाया नहीं होगा तब तक कष्ट झेलना ही पड़ेगा". इसी तरहके प्रश्न तब खडे होते हैं कि जब कोई भक्तिमार्गी काम-क्रोधादि दुर्मनोवृत्तिवाला, अधर्माचरण करनेवाला देखा जाता है. कभी-कभी खुद भक्तिमार्गीओंको भी स्वयं अपने बारेमें इसी तरहके प्रश्न होते हैं. समाधन इन प्रश्नोंका वही है जो एक चिकित्सक

चिकित्सार्थीको देता है : "भरोसा रखो, धीरज रखो, औषधिका सेवन निर्देशानुसार करते रहो, पथ्यका पालन करो, रोगके कारणोंका पूर्णतया नाश होने पर सब अच्छा हो जायेगा".

प्रमेयबलसे अध्यासका निवारण :

भक्तोंके प्रतिबन्धोंका निवारण भगवान् प्रमेयबल और प्रमाणबल ऐसे दो तरहसे करते हैं. प्रमेयबलसे जब भगवान् प्रतिबन्धोंका निवारण करते हैं तब भक्तके अधिकार और भक्तकृत साधनों को भगवान् लक्ष्यमें नहीं लेते हैं. विशेषकर अवतारकालमें भगवान् भक्तोंके चित्तका अपनेमें निरोध करनेकेलिये ऐसा करते हैं.

अविद्यापूतना नष्टा :

पूतनाद्वारा धारण किये गये मोहक रूपसे माताएं और श्रीकृष्णकी रक्षाकेलिये नियुक्त किये गये गोप मोहित हो कर अपना 'स्वरूप भूल गये. पुरुषत्वाभिमान अर्थात् 'देहाध्यास के कारण रक्षक गोप पूतनाके स्त्रीरूपसे मोहित हुवे और उन्होंने पूतनाको अंदर जानेसे रोका नहीं. 'इन्द्रियाध्यासके कारण पूतनाके शृंगार-सुगन्धी द्रव्योंके लेप आदिने उनके मनको हर लिया. पूतनाके गिरनेसे भयभीत हुवे गोप अपने प्राणोंकी रक्षाकेलिये भूमिपर गिर पड़े. 'प्राणाध्यासके कारण उनको भगवान्के हिताहितकी चिन्ता उस समय न हुई. गोपिओंको तो पूताना साक्षात् लक्ष्मीका रूप ही प्रतीत हुई. यह उनके 'अन्तःकरणाध्यासके कारण हुवा.

पूतनाका वध होनेसे सबकी अविद्या निवृत्त होते ही माता-गोप-गोपीको अपने स्वरूपका ज्ञान हुवा. श्रीकृष्णकी रक्षामें असावध रहनेके कारण ऐसा संकट आया यह उनको बोध हुवा.

तामसप्रमेयप्रकरण अर्थात् भागवत दशमस्कन्धके १२वें अध्यायके उपक्रममें लिखित सुबोधिनी कारिका और उसपर लिखित टिप्पणी-प्रकाश-योजना-कारिकार्थमें व्रजभक्तोंकी पञ्चपर्वा अविद्याका निवारण करके उनके चित्तको किस तरह भगवानने अपनेमें निरुद्ध किया उसका निरूपण किया गया है. तदनुसार :

देहाध्यासो हि धेनुकः

देहाध्यास मनुष्यको देहसम्बन्धि कर्मोंमें उलझाकर प्रभुसेवा-स्मरणादिमें विघ्न उपस्थित करता है. धेनुकासुर भी इसी तरह गोपबालकोंद्वारा कीजाती भगवत्सेवामें विघ्न उपस्थित करता था. धेनुकका वध होनेपर गोपबालकोंका देहाध्यास निवृत्त हुवा.

कालीय इन्द्रियाण्याहुः विषवांस्तद्विषं मतम्

कालियनाग इन्द्रियरूप था. और उसका विष विषयरूप. विषसे जैसे मृत्यु होती है उसी तरह विषयोंमें लिप्त इन्द्रियोंसे भी मरण होता है. कालियका विषयरूप विष यमुनाके विषाक्त जलके पानसे गोपबलकोंमें प्रविष्ट हुवा. उसके कारण वे सब निष्प्राण हो गये. भगवानने उनको पुनर्जीवित कर न केवल नूतन देह प्राप्त करवाया अपितु इन्द्रियरूप कालियके शिरोंका मर्दन कर उनको नाथ भी लिया. इस तरह गोपबालकोंका इन्द्रियाध्यास निवृत्त हुवा.

इन्द्रियप्राणयोर्दोषो निवार्यस्तु सहैव हि

क्षुधा प्राणधर्म होती है. कालियनागका दमन होनेके पश्चात श्रमित व्रजवासी भूखे-प्यासे कालिन्दीके तटपर ही सो गये. उसी समय वनमें प्रकटे दावाग्निने सबको घेर लिया. दावाग्नि व्रजवासियोंका प्राणाध्यास था. दावाग्निका पान करके भगवानने व्रजवासियोंके प्राणाध्यासकी निवृत्ति की. प्राण इन्द्रियोंको बल देता है अतः इन्द्रिय और प्राण दोनोंके दोष भगवानने साथ-साथ दूर किये.

प्रलम्बस्य वधो महान् ...अन्तःकरणदोषः...निवर्त्यते

गोपोंको भगावान्में परम प्रेम था. तथापि अन्तःकरणके दोषके कारण खेलमें भगावान्के ऊपर कभी सवारी कर लेनेमें उनको सङ्कोच नहीं होता था. भगवानने बलरामजीमें आविष्ट होकर प्रलम्बासुरका वध करके गोपोंके अन्तःकरणाध्यासकी निवृत्ति की.

अज्ञानात्मा ह्यात्मदोषो दावाग्निः तन्निवारणम्

अपने और भगवान् के स्वरूपका अज्ञान 'स्वरूपविस्मृति' कहा जाता है. भगवान्के प्रति सख्यभाव होनेके कारण गोपबालक "हम प्रभुके दास हैं"

ऐसा अपना स्वरूप भूल गये थे. स्वरूपविस्मृतिरूप दावाग्नि सब कुछ राख करदेनेवाला होता है. दावानलसे भयभीत गोपोंको भगवान्की शरण ग्रहण करनेके अतिरिक्त ओर कुछ नहीं सूझा. भगवानने दावानलका पान कर गोपोंके स्वरूपाज्ञानका निवारण किया.

इस तरह हम देख सकते हैं कि जिन जीवोंको प्रपञ्चका विस्मरण कराकर उनको अपनेमें आसक्त बनानेकी भगवानने ठानली थी उनके आध्यासिक दोषोंका निवारण भी स्वयं भगवानने ही कर दिया था.

अनवतारकालमें अध्यासका निवारण :

महाप्रभुकी प्रसिद्ध उक्ति है: "वर्षाकालमें जल सर्वत्र सुलभ होता है इससे नदि-कूप-तालाब आदि निरुपयोगी नहीं बन जाते हैं". तात्पर्य यह है कि वर्षाकाल सर्वदा रहता नहीं है अतः अन्य ऋतुओंमें तो नदि-कूपादिमें संग्रहीत हुवा वर्षाजल ही जीवनका आधार बनता है. भगवान्का अवतारचरित्र वर्षाकालकी तरह होता है. वह परन्तु सर्वदा रहता नहीं है. अतः अनवतारकाल में मनुष्य अपना उद्धार, नदि-कूप-तालाब आदिमें संग्रहीत वर्षाजलके उपयोगकी तरह, अवतारचरित्र और शास्त्र द्वारा उपलब्ध कराये गये साधनोंसे करें ऐसा भगवान चाहते हैं. अवतारकालको अल्पकालीन रखना और अनवतारकालमें भी उद्धारयोग्य जीवोंका शेष रह जाना इसी सिद्धान्तकी पुष्टि करता है.

विद्यासे अविद्याका अभिभव :

अविद्या अज्ञान है तो विद्या ज्ञान है. अज्ञानका निवारण ज्ञानसे होता है. अतः **"तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्थाः विद्यतेऽयनाय"** (श्वेता.उप.३।८) श्रुत्युक्तरीत्या अविद्याका निवारण भी भगवत्स्वरूपके ही यथार्थ ज्ञानसे सम्भव है. अतः महाप्रभु आज्ञा करते हैं कि

"पञ्चात्मकः स भगवान् ... सर्वत्र च त्रिविधभेदविवर्जितात्मा,
तस्य ज्ञानाद्धि कैवल्यम् अविद्याविनिवृत्तितः" (निब.शा.४३-४४)[६]

ऐसे अनन्त दिव्य धर्मोंवाले ब्रह्मके ज्ञानसे अविद्याकी निवृत्ति होती है.

पञ्चपर्वा विद्या :

अविद्या जैसे पञ्चपर्वा होती है उसी तरह विद्याके भी पांच पर्व होते

हैं : वैराग्य, सांख्य, योग, तप और भक्ति.

वैराग्यः विषयोंमें विराग.
सांख्यः नित्य-अनित्यके विवेक पूर्वक गृहादि वस्तुमात्रका परित्याग.
योगः एकान्तवास करके अष्टाङ्ग योगकी साधना.
तपः विचार पूर्वक मनन, एकाग्रता पूर्वक स्थिति.
भक्तिः निरन्तर भावना करनेसे भगवान्में होता प्रेम.

दैवीसृष्टिके जीव विध्युपजीवी बनकर उक्त विद्याको मुख्य-गौण प्रकारसे यदि साधते हैं तो भगवत्कृपाके होनेपर उनकी अविद्या निवृत्त होती है. तब उनको यथाधिकार कैवल्यादिरूप मोक्ष प्राप्त होता है.

मोक्षमार्गी और भक्तिमार्गी विद्यामें भेद :

अविद्याके निवारणोपायरूप विद्याकी उपर्युक्त व्याख्याको देखनेपर स्पष्टतया समझा जा सकता है कि यह व्याख्या मुक्तिमार्गीओंको लक्ष्यमें रखकर दी गयी है न कि स्वतन्त्र भक्तिमार्गीओंको.

भगवान् आज्ञा करते हैं : **"तस्मान् मद्भक्तियुक्तस्य योगिनो वै मदात्मनः, न ज्ञानं न च वैराग्यं प्रायः श्रेयो भवेदिह"** (भाग.पुरा.११।२०।३१). भगवद्भक्तोंको ज्ञान-वैराग्यादि साधन श्रेयस्कर सिद्ध नहीं होते हैं. अतः भगवद्भक्तिके सामने स्वर्गापवर्गनर्कको तुल्य माननेवाले और जिन गृह-देह-धनादिको मोक्षमार्गमें सर्वथा हेय-त्याज्य माना जाता है ऐसे घरमें रहकर देह-धनादिसे भगवत्सेवा करनेका अवसर यदि प्राप्त होता हो तो उस स्थितिको ब्रह्मभावप्राप्तिसे भी उत्कृष्टतम माननेवाले भक्तिमार्गीओंको अविद्यानिवृत्तिके उपर्युक्त उपाय, उसी रूपमें, उनकी रुचि स्वभाव और लक्ष्य को देखते हुवे, न तो रुचिकर लगेंगे और न उनके अभीष्ट लक्ष्यको प्राप्त करानेमें सहायक ही बन पायेंगे.

निष्कर्षतः अध्यासके निवारणके उपाय खोजना अपरिहार्य है. सांख्य-योगादि उपाय यदि उपर्युक्त अर्थमें भक्तिमार्गके अथवा भक्तोंको अनुकूल प्रतीत न होते हों तो दूसरे कोई उपाय, उन रूपोंमें नहीं तो किसी दूसरे रूपमें,

खोजने पड़ेंगे. आवश्यक केवल इतना है कि जो भी साधन खोजे जायें वो भक्तिमय हों, अन्यथा भक्तिमार्गसे अविरुद्ध तो हों ही.

प्रसङ्गवश यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि प्रत्यक्षसे बाधित होनेसे, भक्तिमार्गीओंको अध्यास होते ही नहीं हैं अतः उसके निवारणके उपायकी भक्तिमार्गमें कोई आवश्यकता नहीं है ऐसा तो कोई कह नहीं सकता है. इसी तरह भक्तीमार्गीको अध्यास होते हों तब भी उनके निवारणका उपाय उसे करनेकी आवश्यकता नहीं है क्योंकि उसका तो सब कुछ भगवान् ही करेंगे ऐसा भी कहा नहीं जा सकता है. क्योंकि ऐसा कहनेपर भगवान् एवं आचार्यों द्वारा भक्तिमार्गीओंको उपदिष्ट सब साधनोंकी व्यर्थता होगी. और यह तो पहले ही स्पष्ट किया जा चुका है कि अनवतारकालमें भगवान् जीवोंका अङ्गीकार ससाधन करना चाहते हैं. अतः भक्तद्वारा किया जाता भक्तिमार्गीय साधनाचरण न तो प्रमेयबलकी अस्वीकृति है और न कृपाके सिद्धान्तका तिरस्कार ही.

एक ही रोगका निवारण आयुर्वेदिक, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, युनानी, एलोपेथि, होमियोपेथि जैसी अनेक देशी-विदेशी पद्धतिसे किया जा सकता है यह प्रसिद्ध है. अतएव भगवन्मार्गमें अविद्याका निवारण भगवान्की अनन्य शरणागति और ऐकान्तिक भक्तिसे हो जाता है:

"दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया,
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते"
(भग.गीता.७।१४)

"यत् कर्मभिः यत् तपसा ज्ञान-वैराग्यतश्च यत्,
योगेन दान-धर्मेण श्रेयोभिः इतरैरपि,
सर्वं मद्भक्तियोगेन मद्भक्तो लभतेऽञ्जसा,
स्वर्गापवर्गं मद्धाम कथञ्चिद् यदि वाञ्छति"
(भाग.पुरा.११।२०।३२-३३).

"केचित् केवलया भक्त्या वासुदेवपरायणाः,
अघं धुन्वन्ति कात्स्न्र्येन नीहारमिव भास्करः"
(भाग.पुरा.६।१।१५)

प्रपत्ति और भक्ति जब प्रौढ़ हो जाती हैं तब तो अन्य सहायक उपायोंसे निरपेक्ष होकर खुद ही सभी बाधाओंको पार कर जाती हैं. ऐसा न होनेपर प्रपत्ति और भक्ति को यदि तन्मार्गीय ज्ञान-वैराग्यादिरूप साधनोंका सहारा मिल जावे तो फलप्राप्ति अल्पावधिमें हो सकती है. इसी विचारसे आचार्यचरणोंने पञ्चविध विद्याका भक्तिमार्गके अनुकूल स्वरूप दिखलाया है:

विद्याका भक्तिमार्गीय स्वरूप :

वैराग्य : लौकिक विषयोंमें आसक्तिके रहनेपर अन्तःकरणमें भगवदावेश हो नहीं पाता है. तब भगवत्सेवा भी मनोयोग पूर्वक हो नहीं पाती है अतः अभगवदीय व्यक्ति-वस्तुमें वैराग्य होना आवश्यक है.

ज्ञान : ज्ञान न होनेपर मनुष्यको किसी विषयका निश्चय नहीं हो पाता है. और निश्चय कर न पानेपर कार्यमें प्रवृत्ति नहीं हो पाती है. अतः ज्ञान सर्वथा आवश्यक होता है. भक्तिमार्गीय सन्दर्भमें 'ज्ञान'से तात्पर्य सृष्टिकी लीलात्मकता आदिका और भजनीयके यथार्थ स्वरूपका शास्त्रीय ज्ञान, अर्थात् माहात्म्यज्ञान.

योग : चञ्चल मन प्रभुसेवामें भी विघ्न करता है. अतः चित्तवृत्तिके निरोधरूप योग भी भक्तिमें सहायक होता है.

प्रेम : प्रभुमें प्रेमके न होनेपर सेवामें रसाकी अभिव्यक्ति नहीं हो पाती है. ऐसी स्थितिमें भगवत्सेवा स्वतन्त्रपुरुषार्थरूपा नहीं हो पायेगी. अतः सेवामें प्रेम अत्यावश्यक है.

तप : तपश्चर्यासे देहेन्द्रिय परिपक्व होते हैं. अपरिपक्व देहेन्द्रियसे भगवत्सेवा सम्भव नहीं होती. अतः तप भी भगवत्सेवामें उपकारक है.[१७]

भगवान् कहते हैं कि श्रेयसाधक उपाय तो कर्म-ज्ञान-भक्ति ये तीन ही होते हैं. इनसे अतिरिक्त अन्य तप ध्यान तीर्थ योग मन्त्र आदि कोई भी उपाय स्वतन्त्रतया श्रेयसाधक बन नहीं पाते हैं. इसी तरह कर्म-ज्ञान-भक्ति मार्गोंका विचार करनेपर तत्तन्मार्गोंमें भी कुछ उपाय अङ्गीभूत मुख्य होते हैं तो कुछ अङ्गभूत सहायक होते हैं. तदनुसार भक्तिमार्गमें भगवद्भक्ति मुख्य साधन है. अन्य ज्ञान कर्म तप तीर्थ आदि साधन अङ्गभूत माने जाते हैं. साम्प्रदायिक प्रकरणग्रन्थोंका अवलोकन करनेपर पुष्टिमार्गीय साधनामें कहीं भी विद्याके उपर्युक्त पर्वोंका उपायतया कण्ठोक्त वर्णन उपलब्ध नहीं होता है. इसके कारण

विद्याके उक्त पर्वोंका पुष्टिमार्गीय साधनामें कोई स्थान है या नहीं ऐसा संशय हो सकता है. नीचे दिये गये टेबलका अवलोकन करनेपर उपर्युक्त ज्ञान-वैराग्यादिको पुष्टिमार्गीय साधनाके सहायक उपायतया महाप्रभुने किस रूपमें ग्रहण किया है यह अथवा पुष्टिमार्गीय साधनामें उनका समावेश किस तरह हो जाता है यह जाना जासकता है.

वैराग्य	अभगवदीय वस्तु-व्यक्ति-कार्यमें, असत्संग-अन्याश्रय-असमर्पितका त्याग (योगाङ्ग 'यम-नियम'का अन्तर्भाव यथायोग्य वैराग्य-तपमेंमें समझ लेना चाहिये)
ज्ञान	भजनीय-परिकर-भगवल्लीला-भक्ति-भक्त आदिका ज्ञान, विवेक आदि
योग	आसन = गृहस्थिति-तदीयसंग, जप-पाठ-कीर्तनादिकेलिये बैठना प्राणायाम = भगवदर्थ प्राणादिको धारण करना प्रत्याहार = भगवत्कार्येतर कार्योंमें इन्द्रियोंकी प्रवृत्तिको रोकना, इन्द्रियनिग्रह ध्यान = सेव्यस्वरूपके दर्शन, जप-स्तोत्रपाठके समय धारणा = अनवसरमें निवेदन-स्वरूप-लीलादिका चिन्तन समाधि = मानसी-व्यसन-निरोध
प्रेम	सेवा-स्मरण
तप	वृथालाप-क्रिया-ध्यानका त्याग, वैष्णवव्रत, त्रिदुःखसहनरूप धैर्यादि

उल्लिखित निरूपणसे यह स्पष्ट हो जाता है कि विद्याके पांचों पर्वोंका प्रकारान्तरसे समावेश पुष्टिमार्गीय साधनामें हो जाता है.

अधिकारीभेदसे अध्यासका निवारण :

महाप्रभुने विभिन्न अधिकारवाले पुष्टिमार्गीओंको उनके अधिकार-कक्षानुसार भक्ति-प्रपत्ति साधनाके विविध प्रकार सुझाये हैं. अतः अब पुष्टिमार्गीय साधनाके मुख्य-गौण प्रकारोंका अनुसरण करनेवाले पुष्टिमार्गीओंके अध्यासोंके निवारणके सम्बन्धमें विचार प्रासङ्गिक बनता है.

भक्तिबीजकी दृढता-अदृढता और भक्तिमार्गोंकी व्यावृत्त-अव्यावृत्त

को दृष्टिमें रखकर पुष्टिमार्गीय साधनाके मुख्य प्रकार इस तरह हैं :

१. माहात्म्यज्ञान पूर्वक सुदृढ सर्वतोधिक सनेहसे सर्वस्वसमर्पण और अव्यावृत्ति पूर्वक स्वगृहमें प्रभुसेवा-स्मरण परायण रहना यह पुष्टिमार्गीय साधनाका सर्वोत्कृष्ट प्रकार है.

२. दृढबीजभाववाले, परन्तु, स्वगृहमें भगवत्सेवा नहीं कर सकनेवाले पुष्टि-मार्गीको विरहानुभवार्थ गृहत्याग पूर्वक श्रवणादिपरायण रहनेकी अनुज्ञा है. अदृढबीजभाववाले भक्तिमार्गी व्यावृत्त और अव्यावृत्त दोनों तरहके हो सकते हैं.

३. अव्यावृत्त भक्तिमार्गी तो सर्वस्वसमर्पण पूर्वक स्वगृहमें गुणगान सहित भगवत्सेवा कर ही सकता है. अतः उसको भक्तिसाधनाका यही प्रकार उपदिष्ट हुवा है.

४. व्यावृत्त भक्तिमार्गीसे सेवा और गुणगान दोनों सम्भव न हो पायें तो उससे जो भी सम्भव हो उसीको दृढतासे करे.[९]

५. और जिससे भक्तिके इन प्रकारोंमेंसे किसी भी प्रकारका अनुसरण हो न पाये वह अपनेमें निःसाधनताकी भावना करता हुवा भगवान्‌के शरणमें रहे.[१०]

१-२. इन पञ्चविध भक्तिमार्गीओंमेंसे प्रथम दो तो जीवन्मुक्त तुल्य होते हैं, मानसी अथवा व्यसन अवस्थाकी प्राप्तिरूप भक्तिका बीजभाव दृढ हो गया होनेसे, भक्तिमार्गीय मुख्य फलकी प्राप्ति जब तक प्राप्त हो नहीं जाती है और प्रारब्धवश देहादिकी स्थिति जब तक बनी रहती है तब तक इनको संसारावेश पुनः हो न जाये तदर्थ वैराग्यादिका पूर्ववत् अनुष्ठान करना होगा. ये अनुष्ठान अविद्याके निवारणार्थ न होकर अध्यास उनको पुनः जकड़ न लें उस दृष्टिसे होता है. अतः "**उद्वेगः प्रतिबन्धो वा भोगो वा स्यात् तु बाधकम् ... बाधकानाम् परित्यागः**" "**भगवद्धर्मसामर्थ्याद् विरागो विषये स्थिरः**" "**तादृशस्यापि सततं ...**" आदि उपदेश इसी सन्दर्भमें समझने चाहिये.

३. अव्यावृत्त होकर स्वगृहमें भगवत्सेवा-स्मरण कर सकनेके सौभाग्यवाले भक्तिमार्गीका बीजभाव जब तक सुदृढ नहीं हो जाता है तब तक अविद्या निवारणके वैराग्यादि उपाय उसको सन्निष्ठ होकर करने पड़ेंगे. भक्तिके

अदृढ होनेके कारण अध्यास प्रबल हो जाते हैं अथवा अध्यासोंकी प्रबलताके कारण भक्ति दृढ नहीं हो पाती है ऐसा भी कहा जा सकता है. ऐसी स्थितिमें साधक उपायोंको करते हुवे बाधकोंका परित्याग भी आवश्यक बन जाता है.

४. एक ओर अदृढ भक्ति, दूसरी ओर व्यावृत्ति और इतना होनेपर भी साधक उपायोंका आधा-अधूरा आचरण. साधनाका ऐसा प्रकार कष्ट, विलम्ब और बाधाओंसे भरपूर है. परन्तु जिसके पास जो उपलब्ध होगा उसीको तो वे साधन बना पावेगा अतः ऐसी अवस्थावाला भक्तिमार्गी यदि उसको उपलब्ध साधनाको दृढतासे पकड़े रहता है तो महाप्रभु उसको अभय प्रदान करते हैं : "**यावज्जीवं तस्य नाशो न क्वापीति मतिर्मम**".

प्रपत्तिमार्गमें अध्यासकी निवृत्ति :

आचार्यचरण आज्ञा करते हैं कि अविद्याका निवारण विद्याके वैराग्यादि पांचों पर्वोंसे युक्त होकर भगवद्भजन करनेपर शीघ्रतासे होता है. यह मुख्य कल्प है. ऐसा सम्भव न होने पर चार, तीन, दो या फिर किसी एक पर्वको भी दृढतासे साधते हुवे भगवद्भजन किया जाता है तब भी भगवान्‌की कृपा होने पर भजन सिद्ध हो जाता है.[११]

पुष्टिमार्गके अन्तर्गत प्रपत्ति भक्तिमार्गका आरम्भिक सोपान भी है और पुष्टिभक्तिमार्गीय साधनाको अनुसरनेका सन्निष्ठ प्रयास करनेपर भी उसमें सफलता न मिलनेपर प्राप्त होती निस्साधनताकी स्थिति भी है. किसी भी स्थितिमें यह स्पष्ट है कि क्रियाशक्ति और इन्द्रियोंका भगवद्विनियोग प्रपत्तिमार्गमें हो नहीं पाता है, ज्ञानमार्गीकी तरह. प्रपत्तिमार्गी अधिकसे अधिक निवृत्तिरूप उपायोंका कर पाता है. ऐसी स्थितिमें अर्थात् प्रवृत्तिरूप-साधक उपायोंके अभावमें साधनबलसे तो उसके अध्यासोंका निवारण हो पाना दुष्कर लगता है. तथापि "**बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान् मां प्रपद्यते**" (भग.गीता७।१९) "**ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा ... मद्भक्तिं लभते पराम्**" (भग.गीता१८।५४) "**ते प्राप्नुवन्ति मामेव**" (तत्रैव१२।४) इत्यादि भगवद्वचनोंके अनुसार, ज्ञानीको भगवान् जब अपनी भक्ति प्रदान करते हैं तब जाकर उसको भक्तिद्वारा निर्गुणमुक्ति प्राप्त होती है उसी तरह प्रपत्तिमार्गीको भी जब तक भक्तिकी प्राप्ति नहीं होती है तब तक उसको

भक्तिमार्गीय उत्तम फलकी प्राप्ति नहीं होती है. फलतः यह कहा जा सकता है कि प्रपन्न जीवात्माकी अविद्या दीर्घकालमें निवृत्त होती है. अतएव प्रपन्न जीवको निबन्धोक्त "एकेनापि दृढेनेशं भजन् सिद्धिमवाप्नुयात्" कल्पमें रखा जा सकता है.

यों तो प्रपत्तिमें विवेक, धैर्य और आश्रय इस तरह तीन साधन हों ऐसा प्रतीत होता है किन्तु सूक्ष्मतासे देखा जाये तो आश्रयभावन ही वैराग्य-योगकी तरह फलोपकारी उपाय है, धैर्य और विवेक तो यथाक्रम ज्ञान-तपकी तरह स्वरूपोपकारक और प्रेमकी तरह स्वरूपोत्कर्षाधायक ही होते हैं.

अध्यासकी साधक-बाधकता :

जीवात्मा उसको प्राप्त अन्तःकरणादिके अभावमें स्वतः कुछ भी कर पानेमें समर्थ नहीं होती है. साथ ही साथ अन्तःकरणादिको जब तक वह अपना नहीं मानती है तब तक वे उसके साधन भी बन नहीं पाते हैं. अविद्याके कारण पनपी अहन्तासे यह कार्य होता है. इतना हो जानेपर यदि जीवात्मा उसको बन्धनरूपेण प्राप्त अन्तःकरणादिको अपने उद्धारका साधन बनाती है तो वे उसकेलिये उपकारक बन जाते हैं. पर यदि वो उनका उपयोग संसाभिनिवेशको बढानेमें करती है तो वे ही उसकी अधोगतिका कारण भी बन जाते हैं. इससे सिद्ध होता है कि जिसे बाधक अथवा त्याज्य माना जाता है उसका सर्वांशमें सभी रूपोंमें बाधक या त्याज्य होना आवश्यक नहीं है.

उदाहरणतया अज्ञान और अन्यथाज्ञान को ही लिया जाय तो उनकी बाधकता कौन नहीं स्वीकारेगा परन्तु आचार्यचरण आज्ञा करते हैं : "**अज्ञानम् अन्यथाज्ञानं प्रमाणं भक्तिहेतुकम्**" (भाग.निब.१०।४३) अवतारलीलामें भगवानने पूतनादि दैत्योंके वधको निमित्त बनाकर व्रजभक्तोंकी अविद्या और तत्कृत अध्यासोंका निवारण तो किया परन्तु फिर भी प्रभुने व्रजभक्तोंके प्रभुस्वरूप विषयक अज्ञान और प्रभुको प्राकृत बालकवत् माननेरूप अन्यथाज्ञान को निवृत्त नहीं किया. भगवानने ऐसा इसलिये किया क्योंकि उस तरहका अज्ञान और अन्यथाज्ञान भक्तिमें सहायक होता है.

इसी तरह, शरीरको आत्मा माननेके कारण जीवात्माका शरीरप्रवेश

होता है. संसारी जीव मोहवश शरीरमें आत्माभिमानका अरोप करते हैं इसलिये उनका शरीरको आत्मा मानना 'अध्यास' कहलाता है. मुक्त पुरुष, परन्तु, "**प्राणन्नेव प्राणो भवति वदन्नेव वाग् भवति**" (मुक्त पुरुष श्वास लेता हुवा भी श्वासरूप है, बोलता हुवा भी वाणीरूप है) श्रुतिके अनुसार सर्वस्वरूप हो जाता है इसलिये उनका शरीरको आत्मा मानना वास्तविक है.

भक्त्युपयोगी अध्यासका निवारण अपेक्षित नहीं :

मोक्षमार्गोंमें अध्यासको जीवात्माकी मुक्तिमें सबसे बड़ी बाधा माना गया है. अतएव वहां अध्यास बढ़ानेवाले विषयोंका परित्याग, तदर्थ सर्वत्र दोषदर्शन, देहादिमें अनात्मभाव, तदर्थ देहादिका दमन, अहन्ता-ममताका नाश आदि पर भार दिया गया है.

भक्तिमार्गमें अध्यास एक दृष्टिसे बाधक है तो दूसरी दृष्टिसे साधक भी माने गये हैं. भगवद्विमुखता और लौकिकासक्ति के जनक अध्यासको तो भक्तिमार्गमें भी बाधक माना गया है. परन्तु भगवद्भक्ति क्योंकि 'दासोऽहम्' और 'श्रीकृष्णः शरणं मम' रूप आधिदैविकी अहन्ता-ममताके बिना सम्भव हो नहीं पाती है अतः आचार्यचरण भी आज्ञा करते हैं "**करणपक्षेतु ममता कार्यार्थ इति न त्यागः**" (भाग.सुबो.१०।१७।३९). श्रीपुरुषोत्तमजी इसे स्पष्ट करते हुवे लिखते हैं : "**भक्तानां भगवति ममतादर्शनेन तस्याश्च अहन्तां विना असम्भवेन ममतादृद्वारा तस्या निरोधकरणत्वेन उपकारित्वाद्**". अतः बाधक अध्यासोंसे बचते हुवे, उपर्युक्त मोक्षमार्गके विपरीत, प्राप्त देहादि और तत्सम्बन्धि पदार्थोंका भगदिवनियोग, तदर्थ उनका रक्षण, सर्वत्र भगल्लीलाका भावन, देहादिमें भगद्दासत्वका अनुसन्धान, तदर्थ उनका भगवदीय पदार्थोंसे पोषण आदि पर भक्तिमार्गमें भार अधिक दिया गया है.

तात्पर्य यह है कि लौकिक 'अहं'के करते ब्राह्मिक 'सोऽहम्' मोक्षकेलिये अच्छा होता है. परन्तु भक्तिकेलिये तो उससे भी श्रेष्ठ भगवदीय "दासोऽहम्" ही होता है. इसी तरह, लौकिक 'मम' के करते ज्ञान-वैराग्यरूप "न मम" अच्छा होता है. परन्तु भक्तिमार्गीकी दृष्टिमें "ममेदं कृष्णाय" उत्कृष्टतर है.

ऐसा सोचनेके पीछे मुख्य मुख्य भावना यह छिपी हुयी है कि किसी वस्तुकी दोषयुक्तता उसके भगवत्सम्बन्धसे रहित होनेके कारण ही होती है. "**मन्निष्ठं निर्गुणं स्मृतम्**" जो प्रभुके साथ जुड जुड जाता है वह सभी दोषोंसे मुक्त हो जाता है. अतः जीवात्माको देह-हेन्द्रिय-प्राणान्तःकरण, परिवार, घर-सम्पत्ति आदि जो कुछ भी भगवदिच्छासे प्राप्त हुवा है उनका यदि कोई भगवदुपयोग खोजा जा सकता हो तो वह श्रेष्ठतम बात होगी. अतएव आचार्यचरण आज्ञा करते हैं कि "व्यर्थ त्याग करनेके बजाये प्रभुको समर्पित करना या हो जाना उत्तम होता है". "गृह-धनका त्याग कर नहीं सकेवालोंको उनको प्रभुसेवामें लगाना चाहिये". यही कारण है कि आत्मनिवेदनकी साम्प्रदायिक दीक्षामें भी आत्मा और आत्मीय सकल वस्तुको दास्य भावनासे प्रभुको समर्पित कर दिया जाता है.

वर्तमानसन्दर्भमें अध्यासकी निवृत्ति और उपसंहार :

जैसा कि पहले निरूपित हो चुका है, कलिकालमें अध्यास अन्य सभी दोष-प्रतिबन्धोंकी तरह तीव्रतर हो जाते हैं. तथापि उनके निवारणकेलिये उपर्युक्त उपायोंसे अतिरिक्त अन्य कोई नवीन उपायोंको खोजनेकी आवश्यकता नहीं है. रोगके बढ़ने पर जैसे रोगनिवारक औषधिकी मात्रा बढ़ायी जाती है उसी तरह कालबलसे तीव्र हुवे भगवद्वैमुख्यापादक अध्यासोंके निवारणकेलिये भगवच्छरणागति और भगवत्सेवा में अपनी मति-रति-कृतिको सुदृढतम बनाना चाहिये. आचार्यचरण भागवतार्थ निबन्धमें आज्ञा करते हैं:

"अध्यास अविद्या रूप होते हैं. 'एक मेरी ही शरणमें आनेपर मायाको पार किया जा सकता है' ऐसी भगवान्की आज्ञा होनेसे अविद्याका निवारण केवल कृष्ण ही कर सकते हैं. अतः कृष्णकी ही सेवा करनी चाहिये".: "तन्निवृत्तिः कृष्णसाध्या तेन सेव्यः सएव हि".[१]

नृषु तव मायया भ्रममयीष्वगात्म भृशं त्वयि सुधियोऽभवे दधति भावमनुप्रभवम्
कथमनुवर्तितां भवभयं तव यदभ्रकुटिः सृजति मुहुस्त्रिणेमिरभवच्छरणेषु भवम्

परिशिष्ट :

१. माया तु त्रिविधा प्रोक्ता शक्तिर्वै वासुदेवगा, अधिभूता समस्तानां मोहिकैव स्थिता भुवि

मायाबली तु कामस्य द्वितीया विनिरूपिता, दैविकी त्रिगुणमाख्याता पतिस्तस्याः स्वयं हरिः.
(भाग.निब.४३६-३८)

२. न तं विदाथ य इमा जजान अन्यद् युष्माकम् अन्तरं बभूव,
नीहारेण प्रावृता जल्प्या चासुतृप उक्थशासश्चरन्ति. (ऋग्वेद१०।८२।७)

श्रीपुरुषोत्तमचरणकृतविवेचन : "श्रुतौ अज्ञानजनकतया 'अन्तर'शब्देन उक्तत्वाद् अन्तराय-भूतया स्वात्मानं ब्रह्मात्मकं न विदन्ति, तेन संसारम् 'अहं-मम' इति अभिमानरूपम् आपद्यन्ते.

सायणभाष्य : हे नराः तं विश्वकर्माणं न विदाथ, न जानीथ य इमा इमानि भूतानि जजान उत्पादितवान्, ... नीहारेण प्रावृताः सूर्य नीहारसदृशेन अज्ञानेन आच्छन्नाः. अतो न जानीथ. ... न केवलं प्रावृतत्वं किन्तु लज्प्या च, देवोऽहं मनुष्योऽहम् इत्याद्यनृतजल्पनेन प्रावृताः.

३. "अत्रमविषये उच्यते इति शेषः. जीव हि अणवो अक्षरात्मकाः, तदात्मकत्वम् अविद्यान्तरायभूतया न विदन्ति. तेन संसारम् आपद्यन्ते. इदमेव उपाधिरूपत्वं तस्याः, नतु तत्कृतं जीवत्वम्. ..." (सिद्धा.मुक्ता.विवृति१२)

४. प्राप्तव्यो भगवत्कार्यः तद्रूपो मायया ऽभवत्, तच्छक्त्याऽविद्यया त्वस्य जीवसंसार उच्यते.

प्रकाश : वस्तुतः "स वै नैव रेमे" (बृहदा.उप.१।४।३) इत्यादिश्रुतिभ्यो रमणार्थमेव प्रपञ्चरूपेण आविर्भावात्, तदन्तःपातिपुरुषरूपेण, तत्कृतसाधनरूपेण आविर्भूय तत्फलरूपेण च आविर्भावन् क्रीडति भगवान्. एवं सति "अहम् एतत्कर्मकर्ता, एतज्जनितं फलं च मम, अहम् एतस्य भोक्ता" इत्यादिज्ञानानि स्वस्य, स्वक्रियायाः, तत्फलस्य च अब्रह्मत्वेन ज्ञानाद् भ्रमरूपाणि इति मन्तव्यम्. स च अहन्ता-ममतात्मको अविद्यया क्रियते. तत्त्वज्ञाने सति, उक्तरूपत्वज्ञानात् निवर्तते, नतु प्रपञ्चः, ब्रह्मात्मकत्वात्. (सुप्रकाश निब.शा.२३)

५. ब्रह्मादीनामपि स्थूलदेहत्वात् तद्धेतुः बुद्धि-प्राणेन्द्रियगणाध्यासो अवश्यं वाच्यः.

ज्ञानयोगमयास्तेषाम् इच्छामात्रप्रकाशिनः, मायात्वसिद्धौ शङ्का तु प्रार्थनाऽन्यस्य सम्भवात्. ...तथा च ज्ञानादिरूपत्वेन अहङ्काराजन्यत्वाद् इच्छानात्राधीनत्वेन मायानधीनत्वात् तत्कार्यविद्यापर्वाणामपि देहाद्यध्यासानाम् अभावः इति भावः. (तत्त्वार्थ.निब.भाग.१८२)

६. "अनुज्ञापरिहारौ देहसम्बन्धाज्ज्योतिरादिवत्" (ब्रह्म.सू.२।३।४८)

भाष्य : सम्बन्धश्च आध्यासिको भगवत्कृतश्च. आध्यासिको हि ज्ञानात् निवर्तते. द्वितीयो भगवतैव, जीवन्मुक्तानामपि व्यवहारदर्शनात्.

७. "मायातश्च महतः उत्पत्तिः. ततो अहम्, तौ च अन्तःकरणरूपाविति पूर्वं तदध्यासः. अहमएव रूपान्तरं प्राण इति ततस्तदध्यासः. ततो भूतानीति देहाध्यासः, देहस्य भौतिकत्वाद् इति. एवम् अध्यासे पूर्णं स्वरूपविस्मरणम् इति बोधयितुं मूलप्रतिलोम्येन व्याख्यातम्"
(आ.भं.३२)

"लिङ्गेन सहितो जीवः स्थूलदेहे सुखी भवेत्, अतो गर्भप्रवेशादिष पूर्वं कृष्णविनिर्मिते,

बुद्धिप्राणेन्द्रियगणे तदभ्यासोऽनुवर्ण्यते'' (निब.भाग.१७६-७७)

८. अविद्यया कृतः कर्तृत्वाद्यभिमानजनको जीवनिष्ठो अन्तःकरणाभेदभ्रत्ययो अन्तःकरणाध्यासः.(आ.भं.)

९. ''यथाहम्ममतां धीराः शरीरादिष्वनात्मसु''(भाग.पुरा.१०।२०।३९) सुबोः अहङ्कारो ... तत्र आत्मबुद्धिरेव इति. प्रका.: ''स्वमतम् आहुः 'अहङ्कारः...' इत्यादि. तत्र आत्मबुद्धिः इति गौणी शरीरादिषु आत्मबुद्धिः''. लेखः ''अहङ्कारस्य पदार्थान्तरत्वाभावेन आत्मत्वेन ज्ञानमेव अहङ्कारः इति वयं ब्रह्मवादिनो वदन्ति इति अर्थः''.

''ममतास्वरूपन्तु सर्वत्र आत्मसम्बन्धिबुद्धित्यमेव इति बोध्यम्''. (तत्रैव प्रकाश)

१०. अग्रपश्चाद्भावतश्च कर्मणा स्फुरितो हरिः, अग्रोद्गमानुदग्रमैः सुख-दुःखे तनोति हि

प्रकाशः ननु एते आत्मधर्माः कुतो न भवन्ति? अन्तःकरणधर्मत्वे वा किं प्रमाणम्? तत्र आह 'अग्रपश्चाद्भावतश्च' इति. कर्मस्वरूपो भगवान् अन्तःकरणएव प्रकटो भवति, न आत्मनि. अतः सुखदुःखादयो अन्तःकरणस्यैव धर्मा इति उच्यते. स च कर्मात्मा विधि-निषेधप्रकारेण स्फुरितः पूर्वोक्तन्यायेन सुखदुःखे तनोति. (तत्त्व.दी.नि.सर्वनि.२९४)

११. एते सर्वे विशेषेण जीवसन्निधिमाश्रतः, स्फुरन्त्यन्यस्याभिमानाज् जीवो दुःखी निगद्यते.

(तत्त्व.दी.नि.सर्वनि.२९३)

१२. ''करणाध्यासरहित्ये सर्वमेवाऽन्यथा भवेत्''

प्रकाशः अध्यासनिरूपणं विना आत्मनः कर्तृत्वं लिङ्गस्य करणत्वं च न निरूपयितुं शक्यम्, कारुबत्कराद्यभावेन तद्ग्रहणाद्यसम्भवात्. न च चेतनसंयोगमात्रेण व्यापारः सम्भवति जडे, लोके तथानुपलब्धेः. तथा च लिङ्गात्मनोः सम्बन्धाभावे तत्कृतपुण्य-पापैः आत्मनः सम्बन्धाभावे प्रवृत्तिमार्गो निवृत्तिमार्गश्च व्यर्थः स्याद् अतो अध्यासनिरूपणेन तत्सम्बन्धे (तत्सम्बन्धिनि) निरूपिते सर्वम् उपपद्यतइति अध्यासनिरूपणं कृतम् इति अर्थः.(तत्त्वा.निब.भाग.४।२२५)

१३. इन्द्रियाणि हयानाहुः विषयांस्तेषु गोचरान्, आत्मेन्द्रियमनोयुक्तं भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः
यस्त्वविज्ञानवान् भवत्युक्तेन मनसा सदा, तस्येन्द्रियाण्यवश्यानि दुष्टाश्वा इव सारथेः

(कठोप.३।३)

१४. प्राण ओजः सहो बलम्, तैजसानु विकुर्वाणाद् इन्द्रियाणि दशाभवन्,
ज्ञानशक्तिः क्रियाशक्तिः बुद्धिः प्राणश्च तैजसौ, श्रोत्रं त्वग्घ्राण-दृग्-जिह्वा वाग्दोर्मेढ्राङ्घ्रि-पायवः'' (भाग.पुरा.२।५।२६, ३१).

१५. सुबोधिनी: ''मन्दाः अलसाः. आलस्यं चित्तजाड्यम्. सुष्ठु मन्दाः मतिः येषाम् इति ज्ञानेन्द्रियदोषः. मन्दभाग्याः इति अदृष्टस्य कर्मेन्द्रियसाध्यत्वात् तद्दोषः. उपद्रुताः रोगादिभिः इति शरीरदोषः.''(भाग.पुरा.सोबो.१।१।१०)

१६. पञ्चात्मकः स भगवान् द्विषडात्मकोऽभूत् पञ्चद्वयीशतसहस्रपरामितश्च,
एकः समोप्यखिलदोषसुनिर्झतोऽपि सर्वत्र पूर्णगुणकोऽपि बहूपगोऽभूत्,
निर्दोषपूर्णगुणविग्रह आत्मतन्त्रो, निश्चेतनात्मकशरीरगुणैश्च हीनः,
आनन्दमात्रकरपादमुखोदरादिः, सर्वत्र च त्रिविधभेदविवर्जितात्मा,

तस्य ज्ञानाद्धि कैवल्यम् अविद्याविनिवृत्तितः. (निब.शा.४३-४४)

१७. ...निरूपितस्य भक्त्युपयोगम् आहः

वैराग्य-ज्ञान-योगैश्च प्रेम्णा च तपसा तथा, एकेनापि दृढेनेशं भजन् सिद्धिम् अवाप्नुयात्.

निब.प्रकाशः पञ्चाङ्गयुक्तः पुरुषो भगवन्तं भजेत्. तत्र प्रथमं वैराग्यम् अङ्गम्, तदभावे भगवदावेशाभावात् न भजनसिद्धिः. द्वितीयं ज्ञानम् सर्वपदार्थानां याथार्थ्यरूपं भगवतश्च, तदभावे निश्चयाभावान् न प्रवृत्तिः. योगः अपि अङ्गम्, मनसश्चाञ्चल्ये भजनानुपपत्तेः. तथा प्रेम अपि अङ्गम्, तदभावे भजनं स्वतःपुरुषार्थरूपं न भवेत्, रसाभिव्यक्ताभावात्. तपः अपि अङ्गम्, तदभावे देहादेः आत्मत्वात् न भजनं सिद्ध्यति, तपसा च देहेन्द्रियादीनां पाकः. पञ्चानां समुदायो दुर्लभइति गौणपक्षम् आह 'एकेनापि' इति.(निब.शा.९५)

१८. द्रष्टव्य भक्तिवर्धिनी.

१९. द्रष्टव्य 'विवेकधैर्याश्रय', 'कृष्णाश्रय' और निबन्ध सर्वनिर्णयप्रकरणान्तर्गत 'साधनप्रकरण'का उपसंहार.

२०. वैराग्य-ज्ञान-योगैश्च प्रेम्णा च तपसा तथा, एकेनापि दृढेनेशं भजन् सिद्धिम् अवाप्नुयात्

(निब.शा.९५)

२१. ''तन्निवृत्तिः कृष्णसाध्या तेन सेव्यः सदैव हि''

प्रकाशः ...तस्य अविद्यारूपत्वेन तन्निवर्तकश्च भगवानेवेति तद्भजनम् उक्तवान्. ''मामेव ये प्रपद्यन्ते'' इत्यादुपपत्तिः 'हि'शब्देन उच्यते''(तत्त्वा.निब.भाग.४।२२५)

चर्चा

पुष्टिभक्ति–प्रपत्ति साधनामें प्रतिबन्ध: अध्यास

श्रीशरद् गोस्वामी

असित शाह : "माया पुनः तीन प्रकारकी होती हैं : आधिभौतिकी, आध्यात्मिकी और आधिदैविकी. जीवोंको मोहित करनेवाली माया आधिभौतिकी, कामदेवकी पत्नी मायावती आध्यात्मिकी और साक्षात् भगवान् जिसके पति हैं वह आधिदैविकी माया कहलाती है." वे श्रीमहाप्रभुजीके अभिप्रायसुं थोड़ो अलग पड़ रह्यो है ऐसो मोकुं लगे है. मेरी समझ ऐसी है के आधिभौतिकी माया सर्वभवनसामर्थ्यरूपा है, सदंशके ऊपर जाको प्रभाव है. जाकुं श्रीमहाप्रभुजी कहे हैं "**प्रपञ्चो भगवत्कार्यः तद्रूपो माययाऽभवत्**". आध्यात्मिकी माया वो है के जो चिदंशकुं प्रभावित करे है, जाकुं व्यामोहिका कह्यो है. श्रीमहाप्रभुजी जाकु कहे हैं "**महेन्द्रजालवत् सर्वं कदाचिन् माययाऽभवत्**". और आधिदैविकी माया योगमाया है जाको जन्मप्रकरणमें वर्णन आवे है. वाकी उपयोगिता आनन्दांशकी सृष्टिमें है. आपने जो क्लासिफिकेशन् कियो है वो वासुं डायवर्ट् हो गयो है.

गो. शरद् : मायाके सम्बन्धमें मैने जो निरूपण कियो है वो श्रीमहाप्रभुजीके अभिप्रायसुं अलग पड़ रह्यो है ये आक्षेप मोकु स्वीकार्य नहीं है. क्योंके मायाके त्रिविध प्रकार मैने अपनी कल्पनासुं नहीं लिखे हैं. श्रीमहाप्रभुजीके भागवतार्थनिबन्धके वचनको लिटरल् अनुवाद मैने पेपरमें दियो है जो वचन परिशिष्टमें मैने दियो है : "**माया तु त्रिविधा प्रोक्ता शक्तिर्वै वासुदेवगा, अधिभूता समस्तानां मोहिकैव स्थिता भुवि, मायावती तु कामस्य द्वितीया विनिरूपिता, दैविकी त्वियमाख्याता पतिस्तस्याः स्वयं हरिः**". असित मायाके जो त्रिविध प्रकार सजेस्ट कर रह्यो है वो भी श्रीमहाप्रभुजीके वचनके आधारपे कर रह्यो है और मैने जो लिख्यो है वो भी श्रीमहाप्रभुजीके ही वचन हैं. वासु निरूपणकी प्रामाणिकता

और अप्रामाणिकता को विचार अप्रासङ्गिक है.

अब विचारनो केवल इतनो ही है के उन वचनन्की गति कहां और कैसे है. त्रिविध मायाको निरूपण मोकु या लिये करनो पड्यो क्योंके अविद्याकुं एक ओर तो भगवच्छक्तिरूपा कह रहे हैं और दूसरी ओर "**माययैव विनिर्मिते विद्याविद्ये**" में अविद्या भगवान्की माया द्वारा विनिर्मित मायाकी शक्ति है ऐसो बताके वाकुं भगवान्सुं थोड़ी पृथक् भी बता रहे हैं. याकुं कैसे उपपन्न करनो ये मुख्य समस्या है!

दूसरी समस्या ये है के भगवान् एक ओर ये कह रहे हैं के "**मम माया दुरत्यया, मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरन्ति ते**" मेरी माया दुरत्यया है. यासुं मेरी प्रपत्ति ही मायासुं पार उतार सके है. श्रीमहाप्रभुजी भी आज्ञा करे हैं के "**निर्गुणा मुक्तिरस्माद्धि सगुणा सान्यसेवया, ज्ञानेऽपि सात्त्विकी मुक्तिः जीवन्मुक्तिरथापिवा**" निर्गुणा मुक्ति तो भक्तिसुं जब कृष्णसायुज्य होवे तब ही प्राप्त होवे है. और "**सत्त्वात् सञ्जायते ज्ञानम्**" ज्ञान सत्वगुणको कार्य है यासुं ज्ञानमार्ग सगुण है. वासुं प्राप्त होती मुक्ति भी सगुण है. विद्या और अविद्या पाछी परस्परोपमर्दक होवे हैं ये आचार्यचरण आज्ञा कर रहे हैं "**जागृत्स्वप्नवदुद्भवः**", याको समाधान कहांसुं लानो? या लिये श्रीमहाप्रभुजी ये बता रहे हैं के भगवच्छक्तिरूपा व्यामोहिका मायाकी विद्या और अविद्या दोनों शक्तियां हैं. मुक्ति वा व्यामोहिका मायाकुं तरनेपे ही हो पायेगी के जो भगवच्छरणागतिसुं ही सम्भव है. यासुं विद्या और अविद्या जा आधिभौतिकी मायाकी शक्तियां हैं वाकुं समझानेकेलिये आचार्यचरण आज्ञा कर रहे हैं के "**अधिभूता समस्तानां मोहिकैव स्थिता भुवि**", याकु आधिभौतिकी कहनेका कारण ये है के ये माया सृष्ट्यन्तःपाती है, सृष्टिमें प्रकट जीवनकुं वो व्यामुग्ध कर रही है. और कामदेवकी पत्नी मायावती क्योंके देव कक्षाकी माया है यासुं वाकु आध्यात्मिकी कह रहे हैं. और जो माया भगवान्की पत्नी है वाकु आधिदैविकी कही है. ये वाको सन्दर्भ है.

असित शाह : यहां जो प्रक्रिया अपन समझनो चाह रहे हैं के अपने यहां मायाके कारण विद्या और अविद्या की उत्पत्ति कैसे है. वामें कामदेवकी पत्नीको निरूपण उतनो उपयुक्त नहीं है. 'आधिभौतिक'

शब्दको अपन विचार करें तो अधिभूतसु जो सम्बन्धित होवे वो आधिभौतिक कह्यो जाय है. व्यामोहिका मायाको सदंशके ऊपर कोई प्रभाव नहीं होवे है. वाको प्रभाव चिदंशरूप जीव है वापे है. या लिये मोकुं लग्यो के आपने जो तीन बताये वो या सन्दर्भमें ज्यादा उपयुक्त हैं. वैसे मेरो या विषयपे इतनो आग्रह नहीं है. क्योंके माया वस्तु ही ऐसी है के जाके बारेमें कुछ कह्यो नहीं जा सके है के वो क्या है और क्या नहीं है.

गो. शरद् : मेरे सामने समस्या दो वचननकी संगति बैठाके वाकी प्रक्रिया स्फुट करनेकी हती. वचन दो हैं : **''मम माया दुरत्यया''** और **''मायया मे विनिर्मिते विद्याविद्ये''**. अविद्या माया और व्यामोहिका मांया यदि एक हैं तो एक वचनमें व्यामोहिका मायाकुं भगवान्‌की शक्ति कह रहे हैं और दूसरेमें विद्या और अविद्या कुं मायाके अधीन कह रहे हैं. याकुं उपपन्न कैसे करनो? मोकुं याकी उपपत्ति भागवतार्थ निबन्धके वचनसुं समझमें आयी यासुं मैने वो निरूपण कियो है.

गो. श्या. म. : वैसे मायाकुं लालूभट्टजीने तीन तरहसुं समझायो है पर श्रुति-पुराण आदिमें सर्वत्र अपन यदि सन्दर्भ देखें तो माया अनेक बतायी हैं. मायाको स्वरूप 'माति' और 'याति' ऐसो भी बतायो है. यासुं आप कह रहे हो वो भी हो सके है और असित कह रह्यो है वो भी हो सके है यामें सन्देकुं कोई अवकाश नहीं है. पर मायाके जो भिन्न-भिन्न स्वरूप बताये हैं उनमें अपन होच्-पोच् न करें तो अच्छो. यासुं असितने जो कही के आधिभौतिकी माया सर्वभवनसामर्थ्यरूपा माया लेनी वो मोकु ठीक नहीं लग रह्यो है. क्योंके अधिभूत वासुं पैदा भये हैं, वो अधिभूतसुं पैदा नहीं भयी है. पिताकी तरह पुत्र होवे है, पुत्रकी तरह तो पिता नहीं हो सके है न! यासुं सर्वभवनसामर्थ्यरूपा मायाकुं अपन कभी भी आधिभौतिकी कह नहीं सकेंगे. वो तो भगवान्‌की बड़ी दिव्य शक्ति है. वो भौतिकी शक्ति नहीं है. पर उपनिषद् और पुराणन् में भी देखें तो वहां त्रिगुणात्मिका प्रकृतिकुं भी माया कही है. यासुं आधिभौतिकी माया के जो सर्वमें व्याप्त है ये त्रिगुणात्मिका प्रकृतिरूपी आधिभौतिकी माया है. वो यहां लेनी चहिये. और व्यामोहिका मायाके बारेमें

श्रीमहाप्रभुजीने स्पष्ट खुलासा कर रख्यो है के वो चिदंशकी शक्ति है. कामदेव कोई तरहको देव है, देव होनेके अर्थमें भी और भगवान्‌को पुत्र होनेके अर्थमें भी. वो पाछो व्यूह भी है. तो व्यामोहिका माया आध्यात्मिकी तो हो सके है पर आधिदैविकी नहीं है. अब रही बात कामदेवकी पत्नी मायावतीकी के वो अपने भीतर व्यामोहन करे है के नहीं. ये बहोत ही अछूतो पहलू है जो एक आखो पेपर मांगले इतनो विस्तार याको सम्भव है. और यदि श्रीमहाप्रभुजीकी प्रक्रिया देखो तो प्रत्येक भौतिकको कोई आध्यात्मिक पहलू है. प्रत्येक आध्यात्मिकको कोई आधिदैविक पहलू है. ऐसे ही व्यामोहिका मायाकी अधिष्ठाता कामदेव और रति हो सके हैं. और 'कामदेव' और 'रति' अपने यहांके बहोत ही खूबसूरत शब्द हैं. एक काम है और एक रति है. उन दोनोंन्में दाम्पत्य है. मूलमें काम भोक्तृभाव-पुंभाव है और रति भोग्यभाव-स्त्रीभाव है. वो अपने भीतर रहे भये सारे कामात्मकभाव और रमणात्मकभाव के दोनों अधिष्ठाता हैं. और भागवतमें कौनसी कामना होवे तो कौनको पूजन करनो वाको निरूपण देखोगे तो वाको खुलासा मिल जायेगो. तो ये अपने अधिष्ठाता हैं जैसे बाहुको अधिष्ठाता इन्द्र है, नेत्रको चन्द्रमा है ऐसे. ऐसे अपने भीतर जो व्यामोहके कारण काम पैदा हो रहे हैं वो आध्यात्मिकी मायासुं हो रहे हैं.

आचार्यचरणने वहां ये भी खुलासा कियो है के प्रभुकी विद्या-अविद्या शक्ति हैं वो तो द्वादश शक्तिमें परिगणित है. वो प्रभुकी आधिदैविकी शक्तियां है. वो अपनेपे काम कर रही हैं पर अपनेमें हैं नहीं. विद्या और अविद्या एक तरहकी केपिटल् लोन् है जासुं अपने संसारको सारो ज्ञानात्मक-अज्ञानात्मक धंधा चल रह्यो है. यासुं वो तो अपनी पैतृक सम्पत्ति है. इनके अधिष्ठाता वो बन जाये हैं इनकु इन्टिगेट् करनेकेलिये. क्योंके अपने यहां सब काम थ्रिटावर् सिस्टम्में बतायो जाय है. जो भूतमें होवे है वाके कोरोस्पोन्डिंग् कुछ अध्यात्ममें हो रह्यो है, वाके कोरोस्पोन्डिंग् कुछ अधिदेवमें भी हो रह्यो है. विद्या-अविद्या अधिदेवसुं जुड़ी भयी हैं. क्योंके जहां ये द्वादश शक्तिकी गणना है वहां **''मायया च निषेवितम्''** कह्यो है. यासुं वो तो वाके पास हाजिर रही भयी

आधिदैविकी शक्तियें हैं. वो पाछी या पहलूकी नियामिका हैं. जैसे मूर्तिमति गङ्गा तीर्थरूपाकी नियामिका है, तीर्थरूपा गङ्गा पाछी भौतिकी गङ्गामें प्रकट होवे है. ऐसे दैविकी मायाएं अपनेमें कहीं-कहीं प्रकट होवे हैं. यामें देखनेकी बात ये है के रति अपनेमें प्रभुके आनन्दांशको आतो भयो धर्म है "न वा अरे सर्वस्य कामाय सर्वं प्रियं भवति" या "अहमात्मात्मनां धातः प्रेष्ठः सन् प्रेयसामपि, अतो मयि रतिं कुर्यात् देहादिर्यत्कृते प्रियः", तो रति तो वहांसुं आ रही है. पर वाकु डायवर्ट करनेवाली व्यामोहिका माया है. वो (कामदेवकी पत्नी) रतिमें भी रति यहां(आनन्दांश)सुं आ रही है. यदि कामदेवकुं रति चाहती होवे तो वो या लिये के वाके भीतर भी ब्रह्मकी आत्मरति काम कर रही है. यदि ब्रह्मकी आत्मरति काम नहीं करती होती तो "न वा अरे पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवति. आत्मनस्तु कामाय पतिः प्रियो भवति." नहीं होतो. कामदेव जल गयो तो रति कह देती के मैं कोई दूसरो खोज लूंगी. पर वाने विलाप कियो. यासुं रतिमें भी ब्राह्मिकी रति काम कर रही है. वो तो सर्वत्र काम कर रही है. मगर अपनेपे जब रति प्रकट हो रही है, वाकी इंचार्ज् ऑफिसर् कामदेववाली रति है. और नोर्मली अपन ये कह सके हैं के वो अधिष्ठातृ देवता ...श्रीमहाप्रभुजीने वाकेलिये सुन्दर सूत्रसो दियो है के इन्द्रियनिग्रह करनेसुं इन्द्रियाधिष्ठातृ सब देवताएं नाराज़ हो जावे हैं और वो सीधे अपने साथ कन्फ्रन्टेशन्में आवें हैं. ये तो एक उपलक्षण है. रतिनिग्रह करनेसुं रति भी कन्फ्रन्टेशन्में आयेगी. क्योंके उनकी एक्टिविटिमें अपन विघ्न पैदा कर रहे हैं. इन्द्रियाधिष्ठातृ देवता अपने कन्फ्रन्टेशन्में नहीं आवें वाकेलिये क्या उपाय करनो? देवाधिदेवकुं पकड़ोगे तब तो डरके मारे वो कन्फ्रन्टेशन्में नहीं आयेंगे. यासुं जब निग्रह अपन भगवद्विनियोगकेलिये करें हैं तब तो वो कन्फ्रन्टेशन्में नहीं आयेंगे. तब वो हाथ बांधके खड़े रहे हैं "**भीषास्माद् वातः पवते. भीषोदेति सूर्यः. भीषास्मादग्निश्चेन्द्रश्च. मृत्युर्धावति पञ्चम इति. सैषानन्दस्य मीमांसा भवति**". तो आनन्दमें विनियोग भयो तब तो ये कन्फ्रन्टेशन्में नहीं आयेंगे. क्योंके इनको काम ये ही है. और वाको खुलासा श्रीमहाप्रभुजीने "**इदमेवेन्द्रियवतां फलं मोक्षोऽपि**

नान्यथा, यथान्धकारे नियता स्थितिर्नाक्ष्णो फलं भवेत्" अन्धकारमें यदि आंखनकुं डाली तो आंख बहोत रिवोल्ट् करेगी. ऐसी जगह बैठ जाओ के जहां कुछ भी अवाज नहीं आती होवे तो कान खुद शब्द सुनने लग जावे है. अपनी इन्द्रियनमें ऐसी वृत्ति निहित है के वाके विषयसुं वाकु जैसे वञ्चित करो वैसे ही वे अपने विषयके सपना देखने लग जाये हैं. जितने भूत-प्रेत-पिशाच दीखे हैं वो अंधेरामें ही क्यों दीखे हैं वाको मूल कारण ये है के जब कछु दीखे नहीं तो आंख कहे है के तब लाओ भूत-प्रेत-पिशाच. कुछ तो देखुं! ये देवतानको डाय्नामिक् फंक्शन्को एक तरहको विद्रोह है. ये मायाको स्वरूप है.

और जो माया भगवान्की पत्नी है वो तो लक्ष्मीजी हैं. वो माति और याति है. वाने वाकु जान्यो के ये परम है. और भगवानने उनकु मान्यो करके सब देवताएं हाथ धोते रह गये. उपनिषद्में मायाको अर्थ प्रज्ञा भी बतायो है. पर ये माया लक्ष्मी है. या मायाकुं श्रीमहाप्रभुजीने आक्षरानन्दरूपा मानी है. तो माया कई तरहकी हो सके हैं. वाकु या पर्स्पेक्टिव्में देखेंगे तो दोनोंको समाधान हो जायेगो.

गो. शरद् : यहां वचन ऐसो है : "**अधिभूता समस्तानां मोहिकैव स्थिता भुवि**" ...

गो. श्या. म. : ...प्रकृतिको क्यों वाको कारण श्रीमहाप्रभुजीने बतायो है और पुराणन्में भी बतायो है.

गो. शरद् : गीतामें जो परा-अपरा प्रकृति भगवान् बता रहे हैं वाको सन्दर्भ है? "**अपरेयमितस्त्वन्यां प्रकृतिं विद्धि मे परां, जीवभूतां महाबाहो ययेदं धार्यते जगत्**".

गो. श्या. म. : एक्झेक्ट् वो ही. प्रकृतिकु क्यों ऐसो बतायो वाको एक कारण अपन ये समझ सके हैं के जो सर्वभवनसामर्थ्यरूपा भगवान्की आधिदैविकी माया है वाको प्रकृति एक आधिभौतिक मोडल् है. वाकी प्रतिनिधि है. वे श्वेताश्वतरोपनिषत्में बतायो है "**अजामेकां लोहितं शुक्लकृष्णां बह्वी प्रजां सृजमाना स्वरूपाम्**" तो जैसे वो आधिदैविकी सर्वभवनसामर्थ्य है वो "बह्वी प्रजां सृजमाना स्वरूपाम्" है. ऐसे ही ये प्रकृति भी "बह्वी प्रजां सृजमाना स्वरूपाम्" है. कई लोगनने याको कन्फ्युजन् कियो है. एक अपने

श्रीमहाप्रभुजी हैं के जिनने याको खुलासा कियो के प्रकृति और सर्वभवनसामर्थ्य कुं अलग समझो. ये एक फिनोमिना नहीं है. शाङ्करवेदान्तके शुरुआतके ग्रन्थमें भी या बारेमें कन्फ्युज़न् है के प्रकृति माया है के माया प्रकृति है. प्रक्रिया ग्रन्थ जब लिखे गये तब उनने याको खुलासा कियो के ये तोनों अलग हैं. अपने श्रीमहाप्रभुजीने तो याको स्पष्ट खुलासा कियो है के प्रकृति और माया एक फिनोमिना नहीं है. पर आजकी तारीखमें भी बहोतसे वेदान्तके चिन्तक भगवान्की जगत् सर्जिका माया और त्रिगुणात्मिका प्रकृति मायाकुं एक-दूसरेकी सिनोनिम् मानके कन्फ्युज़न् पैदा करें हैं. जो मैने शुरुमें कही हती के पदार्थविभाजन जाननो बहोत जरूरी है वो या अर्थमें के सर्वभवनसामर्थ्य अलग पदार्थ है. वो आधिदैविक पदार्थ है. और प्रकृति अलग पदार्थ है. ये आधिभौतिक तो नहीं है पर आधिभौतिकताको यापे उपचार होवे है. आधिभौतिक याकु या लिये नहीं कह्यो जाय है क्योंके सारो अधिभूत यामें पैदा भयो है. जैसे सृष्टिको पालन सत्त्वगुणको कार्य है. पालन करनेके कारण विष्णुकुं सात्त्विक कह्यो जाय है. उत्पत्ति रजोगुणको कार्य है. वा कार्यकु करते होनेके कारण ब्रह्माकुं राजस कह्यो जाय है : **''सत्त्वं रजस्तम इति प्रकृतेर्गुणास्ते युक्तः परः पुरुष एक इहास्य धत्ते''**. गुणके नियामक होनेके अर्थमें उनकुं सात्त्विक-राजस कह्यो है. वा ढंगसुं सोचेंगे तो सारो कन्फ्युज़न् दुर हो जायेगो.

गो. शरद् : या स्थितिमें मेरे लेखनमें संशोधनीय क्या है ये स्पष्ट नहीं भयो. क्योंके वचनमें आधिभौतिकी मायाकु जीवनकुं व्यामोहमें डालनेवाली कही है.

गो. श्या. म. : प्रकृति व्यामोहन करे है. इतने सारे विविध रूप प्रकट कर देवे है वा अर्थमें प्रकृति व्यामोहन करे है. पर ये व्यामोहन ऑब्जेक्टिव् है. और व्यामोहिका माया ऑब्जेक्टिव् व्यामोहन नहीं करके सब्जेक्टिव् व्यामोहन करे है. प्रकृति व्यामोहनकुं ऑब्जेक्टिव् ग्राउंड् प्रोवाईड् करे है. क्योंके ''अजा प्रजा सृजमाना स्वरूपां'' है. व्यामोहिका माया अपनकुं एटेंड् करती करे है. ऐसे वो सब्जेक्टिव् व्यामोहन करे है. करके जो चिदंशव्यामोहिका है. चिदंश पहले यामें आकृष्ट हो जावे है व्यमोहिका मायासुं. यासुं व्यमुग्ध होनेके कारण यामें भी व्यामुग्ध हो

जावे है. ये वाकु ऑब्जेक्टिव् ग्राउंड् प्रोवाईड् करे है. ये एक्ज़ेक्ट प्लेस् है के जहांसुं श्रीमहाप्रभुजीने शाङ्कर वेदान्तसुं अपनो डिपार्चर् बता दियो है के हर व्यामोहको जैसे एक सब्जेक्टिव् रीज़न् है ऐसे एक ऑब्जेक्टिव् रीज़न् अलग है. यासुं जगत् तुम्हारी कल्पना नहीं है. उनके यहां व्यामोहनके कारण वाकुं सीधेसीधो कह दियो के व्यामोहन है, व्यामुग्ध है, भ्रम है. पर श्रीमहाप्रभुजी कहे हैं के भ्रम तो है पर भ्रमको भी **''विषये विषयता काचित् स्वीकर्तव्या यया दृष्टिः सविषया स्यात्''** विषयता पैदा करनेवालो ऑब्जेक्टिव् ग्राउंड् भी है.

गो. योगेश : पञ्चपर्वा विद्यामें भक्ति एक पर्व बतायो है. मेरी समझसुं भक्ति मुक्तिदायिनी है, मतलब मर्यादाभक्ति. अपन ये कहे हैं के विद्या-अविद्या एक-दूसरेको उपमर्दन करे है. आत्यन्तिक मुक्ति नहीं मिले है. तो फिर भक्तिकुं कैसे मुक्तिदायिनी मानेंगे?

गो. शरद् : याकी व्यवस्था तो श्रीमहाप्रभुजीने बताई है गीतामें भगवानने जो आज्ञा करी है वाके आधारपे के अध्यास निवृत्त हो जायेंगे पर फिर भी जीवन्मुक्तिकी स्थितिमें भी अन्तःकरणाध्यास बच जावे है. वो नहीं होवे वाकेलिये वाको अभिभव बतायो. और जब ''बहूनां जन्मनामन्ते ज्ञानवान् मां प्रपद्यते'' या न्यायसुं ज्ञानी ज्ञाननिष्ठा छोड़के जब प्रपन्न होयगो तब वाकु निर्गुणा मुक्ति प्राप्त होयगी. अन्यथा सगुण मुक्ति तो वाकु प्राप्त होयगी ही.

गो. योगेश : विद्याके पर्वमें जो भक्ति है यो कौनसी भक्ति है?

गो. शरद् : श्रीमहाप्रभुजीने शास्त्रार्थप्रकरणमें विद्याके पांच पर्वको निरूपण दो तरहसुं कियो है. पहले तो मोक्षमार्गीय प्रकारसुं विद्याको निरूपण कियो है. वाके अन्तर्गत जो भक्ति है वो मर्यादाभक्ति है. और वाके बादमें विद्याके पर्वनको निरूपण शुद्धभक्तिमार्गीय दृष्टिसुं कियो है. वाके अन्तर्गत भक्ति प्रेमाख्या पुष्टिमार्गीया है.

गो. योगेश : मर्यादाभक्तिसुं मुक्ति नहीं मिलेगी?

गो. शरद् : मुक्ति तो मिलेगी ही. श्रीमहाप्रभुजीने मुक्तिके सगुण और निर्गुण भेद बताये हैं. इतनो अन्तर पड़ जायेगो.

गो. योगेश : तो अविद्या वापिस हावी हो सके है?

गो. शरद् : हां, जीवन्मुक्तके अंदर हो सके है. यासुं ही पंक्ति भी है के **''अतएव ज्ञानिनो भीताः संसाराद् विरक्ता भवन्ति''**. ज्ञानीनकुं

डर लगे है के फिरसुं कहीं उनके ज्ञानको अभिभव नहीं हो जाये.

गो. श्या. म. : यामें एक रहस्य जानके रखोगे तो कभी तकलीफ नहीं होयगी. श्रीमहाप्रभुजीने एक बहोत मज़ेदार बात शायद कोईने नहीं कही होय ऐसी कही है. आप कहे हैं के ब्रह्मज्ञान होवे वा बखत अन्य सब विषयके ज्ञान होते बंद हो जायें हैं, केवल ब्रह्मको ज्ञान होवे है. तो जब ब्रह्मज्ञान होवे है तब कुछ अज्ञान भी तो हो रह्यो है! वहां प्रश्न ये उठायो है श्रीमहाप्रभुजीने के फिर ब्रह्मज्ञान ज्ञान है के अज्ञान! याके समाधानमें आप ये समझावें हैं के ब्रह्मेतर विषयको अज्ञान क्योंके ब्रह्मज्ञानको अङ्गभूत होनेके कारण ज्ञानाङ्ग अज्ञान है. यासुं बो अज्ञान भी ज्ञानरूप है. पर ज्ञान भी जहां अज्ञानाङ्ग होके आवे तो वाकु अज्ञान समझेनो चहिये. वाही न्यायसुं पञ्चपर्वा विद्यामें जब भक्ति वाको अङ्ग बनके आ रही है तो वो विद्या ही है, भक्ति नहीं है. और पञ्चपर्वा विद्या भी जब भक्तिको पर्व बन जावे तो वो भक्ति ही है, विद्या नहीं है. जैसे श्रीगुसांईजी भी आज्ञा करे हैं के आजीविकाको अङ्ग भक्ति बनी तो वो भक्ति नहीं है धंधा ही है. और आप कहे हैं के **''निषिद्धाचरणात् पापमपि. शौचार्थिगङ्गास्पर्शवच्च''**. छीवे धोनेकेलिये गङ्गाजल वापरोगे तो वामें गङ्गाजलकी पावकता थोड़ी आयेगी! वो तो पाप ही है. वासुं **''मलनिवृत्यतिरक्तं फलं न सिद्ध्यति''**. ऐसे आजीविकाकेलिये भक्ति करी तो वो भक्ति है ही नहीं, संसार ही है. बल्कि पाप और है. और श्रीमहाप्रभुजी याके रिवर्समें आज्ञा करे हैं के आपने संसार भी यदि भक्तिकेलिये कियो तो वो भक्ति ही है संसार नहीं है. ऐसे अङ्गाङ्गीभाव वालो रिलेशन् बता रहे हैं. ऐसे ज्ञान भी जब भक्तिकेलिये कियो तो वो वैसे ज्ञान है पर वैसे भक्ति है. ऐसे ही कर्मको भी है. जैसे ''प्राधान्येन व्यपदेशाः भवन्ति'' है ऐसे ''अङ्गिनः व्यपदेशाः भवन्ति'' ईडियम् अपन बना सके हैं. व्यपदेश अङ्गीको होवे है. कैसी फनी बात है! वैसे ये 'महाराष्ट्र' है, पर है राष्ट्रको प्रान्त.

गो. योगेश : एक कन्फ्युज़न है. अध्याससुं अज्ञान होवे है के अज्ञानसुं अध्यास होवे है?

गो. श्या. म. : अन्योन्याश्रित है, बीजाङ्कुरवत्. हर अध्यास एक अज्ञानकुं पैदा करे है. ऐसे ही हर अज्ञान एक अध्यास पैदा करे है.

गो. शरद् : आदि परम्पराकु देखें तो बाकी सब अध्यास स्वरूपाज्ञानमूलक हैं.

गो. श्या. म. : पञ्चपर्वामें भी स्वरूपाज्ञानमूलक चार अध्यास हैं और चार अध्यासमूलक स्वरूपविस्मृति है. वो पीछेसुं आती बात है. स्वरूपविस्मृति पहले नहीं होवे है. वो चार अध्यासके कारण होवे है. और चार अध्यास स्वरूपाज्ञानके कारण होवे हैं. स्वरूपाज्ञान और स्वरूपविस्मृति में अन्तर केवल इतनो ही है के वामें पहलेकी बात भूल गये हैं और यामें कुछ नयी शुरुआत हो रही है. बाकी दोनों एक चीज़ हैं.

धर्मेन्द्रसिंह झाला : देह इन्द्रिय प्राण और अन्तःकरणाध्यास को आपने रिवर्स् कर दियो है. वाको कारण क्या है ?

गो. शरद् : पेपरमें ही वाकी स्पष्टता है. श्रीपुरुषोत्तमजी कहे हैं के श्रीमहाप्रभुजीने अध्यासन्की गणना देहेन्द्रियप्राणान्तःकरण क्रमसुं करी है परन्तु जब अध्यास होवे है तब अन्तःकरण-प्राण-इन्द्रिय-देहके क्रमसुं होवे है.

धर्मेन्द्रसिंह झाला : वाके बाद आपने प्राण और इन्द्रिय कुं क्लब् कियो है वाको क्या कारण है.

गो. शरद् : प्राणको मुख्य कार्य इन्द्रियनकु बल प्रदान करनो है. और एक सच बात ये है के क्षुधाकुं छोड़के प्राणके स्वतन्त्र धर्म कहीं देखनेमें नहीं आये...

गो. श्या. म. : पांचों प्राणन्के पांच अलग फंक्शन् हैं.

गो. शरद् : वो तो मैने दिये हैं. पर वो वायु और

गो. श्या. म. : एक बात बताउं के प्राण और इन्द्रिय कुं छुट्टो करनो ये बादकी सोच है. पुराने उपनिषद्में इन्द्रियनकुं प्राण कह्यो गयो है. और प्राणकी इन्द्रियमें गणना भयी है. ये तो टेक्निकल् टर्मके तहत प्राण और इन्द्रिय कुं अपनने छुट्टे कर दिये हैं. बाकी प्राण और इन्द्रिय एक ही हैं. छुट्टे क्यों किये वाको कारण समझो के प्राणको इन्द्रियात्मक फंक्शन् नहीं मिल्यो और अनिन्द्रियात्मक फंक्शन् मिल्यो करके प्राणकुं इन्द्रिय और प्राण कुं अलग कियो गयो है. बाकी ओरिजिनलि इन्द्रिय और प्राण कुं एक ही मान्यो गयो है. 'इन्द्रिय' शब्द उतनो प्राचीन नहीं है जितनो 'प्राण' शब्द प्राचीन है.

तृतीय दिवसीय उपक्रम

गोस्वामी श्रीश्याम मनोहरजी

कल अपनने काम-क्रोध-लोभादि प्रतिबन्ध, शिक्षापत्रके सन्दर्भमें प्रतिबन्ध, आसुरावेश और अध्यास इन चार आलेखपत्रनकुं अपनने सुन्यो और कुछ विचार भी वापे कियो.

काम-क्रोध-लोभादि प्रतिबन्धनको सीधो सम्बन्ध ह्युमन् साय्कोलोजीके साथ ज्यादा है. वा आलेखमें भी अपनने देख्यो के कैसे सुखसुं इच्छा, इच्छासुं काम आदि गुणधर्म प्रकट होवे हैं. मैने एक बात आपकु बताई हती के वैसे प्रतिबन्ध भी हो सके हैं और अपराध भी हो सके हैं. वो अपनी विवेचनाकुं अपन पकड़के चलें तो काम-क्रोध-लोभ-मोह-मद-मात्सर्य प्रतिबन्ध हैं के अपराध हैं ये प्रश्न है. मैने कल जो बात आपकुं बताई के अपराध तब होवे है के जब प्रतिबन्धनमें अपनो कर्तृत्व आवे है. यदि अपनो कर्तृत्व नहीं है तो वो अपराध नहीं है. ज्ञान, इच्छा और प्रयत्न तीनों मिलके कर्तृत्व बने है. इनमेंसुं कोई एक नहीं है तो कर्तृत्व खण्डित हो जावे है. एक बात और यामें मैं अपने दृष्टिकोणसुं, माने श्रुति-सूत्र-स्मृति-भागवतकी श्रीमहाप्रभुजीने जा तरहसुं व्याख्या की है वा दृष्टिकोणसुं, बतानो चाहुं हूं के फेस् वेल्युपे ये सब छे दुर्गुण अपराधरूप ही लगे हैं. इनकुं षड्रिपु कह्यो गयो है. इनके साथ मोरालिटिके कॉन्सेप्ट् जुड़े भये हैं यासुं ये नैतिक प्रतिबन्ध लगे हैं, धार्मिक प्रतिबन्धसुं भी पहले पैदा होते भये. क्योंके धर्म तो बादमें आनेवाली कथा है. वासुं पहले पैदा होती नैतिकता यामें जुड़ी भयी है. आदम और ईव की कथा आपकुं मैने या सन्दर्भमें बताई हती. यदि ये काम-क्रोधादि सचमुचमें अपने संकल्पसुं पैदा होते तो इतने प्रबल नहीं होते जितने कि ये प्रबल हैं. यामें तानाबानाकी तरह अपनो स्वभाव और संकल्प एक-दूसरेसुं बुना गये हैं. और अपन निश्चित नहीं कर पावें हैं के कौनसो काम, कौनसो क्रोध आदि स्वभाववश पैदा भयो है और कौनसो अपने संकल्पवश. फिरसुं याद रखो के यदि स्वभाववश पैदा भयो है तो अपराध नहीं है. कर्तृतावश पैदा भये होवें तो अपराध है. तो ये स्वभाववश पैदा हो रहे हैं के अपनी कर्तृताके कारण ये प्रश्न जटिल हो जावे है. जब धोबीकी तरह इनकी धुलाई करनी होवे तब प्रत्येक धार्मिक प्रवचनमें इनकी अच्छी धुलाई होवे है पर इनपे थोड़ो ध्यान

ह्युमन् साय्कोलोजीकी दृष्टिसुं दो के इन छे रिपुनमें अपने स्वभावको कितने प्रतिशत हिस्सा है और कितने प्रतिशत अपनी कर्तृताको है. मैने तो कई बखत अपनेपे याकुं सोच्यो तो एक्युरेट् परसेंट् याके मिलें नहीं हैं. आप लोग भी सोचियो. कोई बखत अचानक ही अपनेमें ये फूट पड़े हैं. अपन निश्चित नहीं कर पावें हैं के ये अपन करनो चाह रहे हैं के हो जा रह्यो है. पर फिर भी इनकुं अपनी श्वासोच्छ्वासकी प्रक्रियाकी मोडलिटिपे इनकुं समझ्यो जा सके है के जो स्वभावसुं भी चल रही है और जाकु संकल्पसुं भी चलायी जा सके है. बहोत बड़े योगिनमें ऐसी सिद्धि आ सके है के वो रक्तको अभिसञ्चरण या हृदयकी धड़कन् भी अपने संकल्पसुं चला सकें. ऐसी सिद्धि शायद अपनकुं नहीं होवे पर फिर भी प्राणायामादिके तहत अपन भी छोटे-मोटे, स्केलपे श्वासोच्छ्वासुं अपने संकल्पसुं चला सके हैं. ऐसो ही काम-क्रोधादिके विषयमें भी है. अपन अपने संकल्पसुं इनमें दखल कर सके हैं, प्राणायामकी तरह. जैसे ही आपने संकल्प छोड्यो या अपने सामर्थ्यसुं अधिक संकल्प कियो सो ही स्वभाव हावी हो जायेगो. असितने जैसे अपने पेपरमें बतायो के आसुरावेशको साय्कल् चले है वापे ध्यान दो के कैसे अपने संकल्प और स्वभाव को यामें भी साय्कल् चले है. थोड़ो भी आपने संकल्पकुं कमजोर बनायो तो स्वभाव उनकुं अपनी रिधम्में चलायेगो. और जैसे ही स्वभावसुं जो चल रह्यो है याकुं फिरसुं संकल्पसुं वशमें लानो है तो लायो जा सके है. प्राणायामके सन्दर्भमें देखें तो जिनने योगकी साधना करी होवे है वो तीन-तीन दिन तक समाधी लगा सके हैं. ये बहोत बड़ी बात है. ऐसे योगिनके जमाना तो गये. पर हाय्बर्नेशनमें जानेवाले सब्ह्युमन् स्पीसिस्-प्राणियें तो छे-छे महीना दो-दो साल तक को प्राणायाम कर सके हैं. मेंढक या बरसातमें समाधी लगायेगो सो आवते बरस वो समाधिमेंसुं जागेगो. सम्भव है के अपनने योग इन प्राणिनसुं सीख्यो होवे! तो स्वभावसिद्ध और संकल्पजन्य में कोई तरहको साय्कल चल रह्यो है. जब स्वभावको साय्कल् चलतो होवे तो अपन आत्मग्लानीकी स्थितिमें नहीं होवे हैं. अपने कारण जाकु हानि भयी होवे वो अपनकुं दोष देवे वो बात अलग है. पर जब अपन संकल्पसुं कोई दुराचरण कर रहे हैं तब अपने भीतर आत्मग्लानि बोलती होवे है के ये काम गलत है पर करनेकी इच्छा हो गयी है करके करनो है. ये बात ध्यानसुं समझो के यामें कैसे प्रतिबन्ध और अपराधिता के नेचर् रहे भये हैं. यासुं भगवान्ने भी कह्यो है के "**संकल्पप्रभवान् कामान् त्यक्त्वा सर्वान् अशेषतः**". संकल्पप्रभव काम अपने भीतर अपराधकी तरह प्रकट

होवे हैं, केवल शुद्ध प्रतिबन्धकी तरह नहीं.

यासुं भी मझेदार पहलूं यामें एक ये भी है के कर्तृताके नियामक तीन फेक्टर् : ज्ञान, इच्छा और प्रयत्न इनके बारेमें भगवान्ने ये ओर कह दियो है के **"मत्तः स्मृतिर्ज्ञानमपोहनञ्च" "ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति, भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया"**. तो प्रयत्न, ज्ञान, इच्छा सब वामें गये. जब ज्ञान, इच्छा और प्रयत्न सब वाको ही है तो फिर अपनो क्या बच्यो? पुष्टिमार्गको प्रसिद्ध जोक् है : लालबावामें ठाकुरजीकुं पेड़ा भोग आने वाले हते. भोग आनेसुं पहले मुखिया-भीतरिया-दुधघरियामें झघड़ा भयो के तेरे कितने पेड़ा, मेरे कितने पेड़ा. महाराजश्री पीछेसुं सुन रहे हते जो बोले के इनमेंसुं ठाकुरजीको एकाध पेड़ा है के नहीं? ऐसे अपन अपनी कर्तृताके नामपे जो-जो बातें गिना रहे हैं वो सब तो ठाकुरजीने अपने हाथसुं पहले ही खोंस लिये हैं! फिर अपनी कर्तृता कैसी! ये भी एक विचारणीय पहलू है जाकुं श्रीमहाप्रभुजीकी फ्रेम्वर्कके तहत अपनकुं समझनो चहिये.

वाकुं समझनेकेलिये अपन कोई इलेक्ट्रोनिक् साधनकुं ले सके हैं के जो ऑटोमेटिक् चले है. वाकु जब बनायो जाय है तब वाके हर पार्टकुं अपन वामें डाल रहे हैं. जब सब पार्ट् वामें डाल दिये फिर वो अपने आप चले है. ऐसे ज्ञान-इच्छा-प्रयत्न अपनेमें भगावन्ने डाले हैं पर डाल देनेके बाद जीव वाकुं चलावे है. मशीनमें ऑटोमेशन् है, यहां अपनी कर्तृता है. ये फिनोमिना कोईकु अपराध तो कोईकुं प्रतिबन्ध बनावे है. नहिं तो अपराध और प्रतिबन्धकी विभाजक रेखा पाछी धुंधली हो जायेगी यदि या फेक्टरकुं अच्छी तरह नहीं समझोगे. अपन अपने शुद्धाद्वैतके आधारपे दम-खमसुं कह सके हैं के अंश अपने यहां मिथ्या या विवर्त नहीं है लिहाजा वामें प्लान्टेड् मेकेनिजम् भी मिथ्या-मायिक-प्रतिभास नहीं है, सत्य है. तो जब वामें ज्ञान, इच्छा और प्रयत्न की मेकेनिज़म् डाली है और वो तीनों कोओर्डिनेट् होके जब वर्किंग् ओर्डरमें आयी वो अपनी है, प्रभुकी नहीं है. वहां जाके अपनो कर्तृत्व आ रह्यो है. और अपनो कर्तृत्व आ रह्यो है वाको मतलब ऐसो नहीं है के ये भगवान्के द्वारा ये मेकेनिज़म् प्लान्टेड् नहीं है. डेफिनेट्ली प्लान्टेड् है. गीतामें भगवान् जो दावा कर रहे हैं वो भी खोटो नहीं है. एट् ध सेम टाईम् अपनने प्रतिबन्ध और अपराध को जो डिविज़न् कियो है वो भी शुद्धाद्वैतकी प्रक्रियाके आधारपे ही कियो है. अंश और अंशी दोनों परमार्थ हैं. परमार्थ होते भये भी द्वैत नहीं है. अद्वैत होते भये भी अंशांशीभावको विलोपन नहीं है. दोनों परमार्थ हैं करके

अंश स्वतन्त्र भी नहीं है, अंशीके अधीन है. या तरहसुं सारी प्रक्रिया चल रही है. ये बात काम-क्रोध-लोभादिके आलेख पत्रके सम्बन्धमें ध्यानमें रखनी चहिये.

गो. शरद् : भगवान् आज्ञा करे हैं **"अधिष्ठानं तथा कर्ता करणञ्च पृथग्विधं, विविधाश्च पृथक्चेष्टा दैवं चैवात्र पञ्चमम्, शरीर-वाङ्-मनोभिर्यत् कर्म प्रारभते नरः, न्याय्यं वा विपरीतं वा पञ्चैते तस्य हेतवः"**. वामें भगवानने शरीर-वाङ्-मनसुं होते न्याय्य और अन्याय्य सभी तरहके कर्ममें अधिष्ठान, कर्ता, पृथग्विध करण और विविध चेष्टा के साथ-साथ दैवकी भी हेतुता बताई है. ऐसी स्थितिमें आपने जो अभी निरूपण किया वाकुं या वचनमें कैसे एकोमोडेट् कर पायेंगे?

गो. श्या. म. : मैं ये नहीं समझ पायो के ये आपको प्रश्न है के आक्षेप. पहले आप ये स्पष्ट करो.

गो. शरद् : आपने ये कह्यो के भगवानने अपनकुं ज्ञानेच्छाप्रयत्नसुं सम्पन्न करके कार्यरत कर दिये हैं. या स्थितिमें अपन जो कर्म करे हैं वाको उत्तरदायित्व अपने ऊपर ले सके हैं. या स्थितिमें यदि अपन अपने कर्तृत्वसुं काम-क्रोधादि कर रहे हैं तो वो प्रतिबन्ध होनेके साथ-साथ अपराध भी है. और जब अपन **"यस्य नाहङ्कृतो भावो बुद्धिर्यस्य न लिप्यते, हत्वाऽपि स इमांल्लोकान् न हन्ति न निबध्यते"** या न्यायसुं निरहंकृत भावसुं कोई कर्म कर रहे हैं, अर्थात् स्वभावसुं कर रहे हैं, तब वो प्रतिबन्धरूप तो हो सके है पर वाको अपराधरूप होनो आवश्यक नहीं है. ये आपको आशय है. अब भगवान्ने जो आज्ञा करी है वामें भगवानने जो पांच हेतु बताये हैं वामें एक दैवकुं भी हेतु मान्यो है. वासुं ऐसो लगे है के भगवानने अपनकुं सृष्टिकालमें बिलकुल स्वतन्त्र कर दिये होवें ऐसो नहीं लगे है. दैवके रूपमें, फिर चाहे अपन अन्तर्यामी स्वरूपसुं प्रेरकतया कहें, भगवान् भी अपने सदसद् सभी कर्ममें हेतु रूपसुं साथ जुड़े भये हैं. यासुं ही भाष्यमें भी ये ही निर्णय दियो गयो है के जीवमें रह्यो भयो कर्तृत्व भी वाको खुदको नहीं होके भगवत्प्रेरित कर्तृत्व है. तत्त्वदृष्ट्या देखें तो सभी जगह भगवान् ही कर्तकि रूपमें प्राप्त होवे हैं. वासुं ही **"बुद्धिर्ज्ञानमसम्मोहः क्षमा सत्यं दमः शमः, सुखं**

दुःखं भवोऽभावो भयं चाभयमेव च, अहिंसा समता तुष्टिः तपो दानं यशोऽयशः, भवन्ति भावा भूतानां मत्तएव पृथग्विधाः'' भगवान् कह रहे हैं. मतलब भगवान् जब आत्मसृष्टिके विचारसुं सोचें तो उनकुं ऐसो नहीं लगेगो के मेरे अतिरिक्त कोई ओर सुखी या दुःखी हो रह्यो है. ''**मत्तः स्मृतिर्ज्ञानमपोहनञ्च**'' भी भगवान् सम्भवतः वा ही सेन्समें कहते होंगे. फिर भी सृष्टिकालमें भी भगवानने अपने कर्तृत्वकुं कुछ कम कियो होवे ऐसो ''**दैवं चैवात्र पञ्चमम्**'' वचनसुं नहीं लगे है.

गो. श्या. म. : अब मैं समझ गयो. मैं आपकी बातकुं प्रश्नके बजाये आक्षेपके रूपमें लेके चलूंगो. या आक्षेपको प्रतिबन्दी बतानो चाहूंगो के भगवान्को ये वचन ''**अधिष्ठानं तथा कर्ता करणञ्च पृथग्विधं, विविधाश्च पृथक्चेष्टा दैवं चैवात्र पञ्चमम् ... तत्रैवं सति कर्तारम् आत्मानं केवलन्तु यः, पश्यत्यकृतबुद्धित्वात् न स पश्यति दुर्मतिः**''. या वचनमें भगवान् अपने एकाकी कर्तृत्वकी निन्दा कर रहे हैं के नहीं? ये तो प्रतिबन्दी उत्तर है, सदुत्तर नहीं है ये मैं अच्छी तरह जान रह्या हूं. प्रक्रियाके तौरपे दूसरी बात बता रह्यो हूं के जब भगवान् अपने कर्तृत्वको दावा कर रहे हैं तब अंशिताके कर्तृत्वको दावा कर रहे हैं. और खास या वचनमें जो कर्तृत्वको निरूपण कियो है वामें जो दैव है वो भी अंश है वाकुं मत भूलियो. क्योंके सदंशसुं जड़ भये, चिदंशसुं जीव भये और आनन्दांशसुं अन्तर्यामी उत्पन्न भये हैं. यासुं अपने भीतर जो अन्तर्यामी है वो भी अंश है. वो अंश है वाके कारण अपनने समष्टि अन्तर्यामीकुं पृथक् कियो. क्योंके अपने कर्तृत्वमें वाको रोल आंशिक ही है, सम्पूर्ण रोल् नहीं है. और जहां अपनी नहीं चल रही है, जैसे जगत्की उत्पत्तिके क्रियाकलाप, उनमें वाको समष्टि अन्तर्यामित्व मानके दो तरहको अन्तर्यामी माननो लोजिकलि फैलसी कही जा सके है, केटेगरिको मल्टिप्लिकेशन्. पर अपन वा फैलेसीकुं या लिये बलाये ताक रखे हैं क्योंके ''**यः आत्मनि तिष्ठन् आत्मानम् अन्तरो यमयति, यस्य आत्मा शरीरं, यम् आत्मा न वेद, एष त आत्मा अन्तर्याम्यमृतः**''. और ''**यः सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन् सर्वेभ्यो भूतेभ्यो अन्तरो, यं सर्वाणि भूतानि न विदुः, यस्य सर्वाणि भूतानि शरीरं, यः सर्वाणि भूतानि**

अन्तरो यमयति, एष त आत्मा अन्तर्याम्यमृतः'' ऐसे दानों तरहके वचन श्रुतिमें मिले हैं करके अपन माने हैं के अन्तर्यामी दो तरहके होंगे. जा तरहसुं श्रुतिमें मिल रहे हैं वा तरहसुं अपन केटेगरिको निरूपण कर रहे हैं. प्रमाणसिद्ध केटेगरिमें कल्पनाको गौरव-लाघव नहीं विचारनो. उत्प्रेक्षामूलक चिन्तनमें कल्पनाको गौरव-लाघव अपन भी दोष माने हैं. धर्मकीर्ति भी कहे है के ''यदिदं स्वयम् अर्थानां रोचते तत्र के वयम्!''. तो यहां अंशत्वकी बात है. वहां भगवान्को भी आंशिक कर्तृत्व है. और या आंशिक कर्तृत्वमें यदि भगवान् भी ऐसो दावा करें ... ऐसे कहां अपने भाग्य पर समझो के अन्तर्यामी बाहर प्रकट हो के कहे के ''या सबको कर्ता मैं हूं'' तो मैं कहूंगो के कृपानाथ याद करो ''**तत्रैवं सति कर्तारम् आत्मानं केवलन्तु यः, पश्यत्यकृतबुद्धित्वात् न स पश्यति**''. आपने ही कही हती के अधिष्ठान, कर्ता, करण, चेष्टा भी कर्ता हैं. समष्टि अन्तर्यामी अंशी है पर व्यष्टि अन्तर्यामी अंश है. यासुं ही श्रीमहाप्रभुजीने व्यष्टि अन्तर्यामीको प्रतिपादन करते भये सुबोधिनीमें कह्यो है के अन्तर्यामी बहोत भरोसा करने लायक नहीं है. क्योंके तुम यदि खड्डामें पड़ने जाते होगे तो वो तुमकु ना नहीं पाड़ेगो. क्योंके वो पांचमें एक है. वो जा बखत माईनोरीटीमें आ जावे तो वाको मत नहीं होवे तो भी वो समर्थन कर देवे है. यासुं श्रीमहाप्रभुजी कहे हैं के ''वेदेन पूतश्चेत् न मारयति अन्यथा तु मारयति''. भगवान् रक्षक हैं पर ''वेदेन पूतश्चेत् न मारयति''. अन्यथा पर यदि तुम कह रहे हो के मरनो है तो वो कहे गो के तुम चारों इकठ्ठे हो गये हो तो फिर मैं भी आ जाउंगो. हमारे दादाजीकुं हरिश्चन्द्रजी छेड़ते रहते. दादाजी कहते के ''जा तू नरकमें''. वो कहते ''बड़ी अपूर्व आज्ञा करी. आपकुं भी पधारनो पड़ेगो. नहीं तो वहां मेरो उद्धार कौन करेगो!''.

गो. शरद् : अन्तर्यामीके स्तरपे अपने यहां इतरेतराध्यास स्वीकार्य है?

गो. श्या. म. : वचन तो कोई या आशयके मिलें नहीं हैं और होवें तो मोकुं ध्यानमें नहीं है पर जहां तक मैं समझुं हूं के सिच्युएशन् ऐसी होनी चहिये के अन्तर्यामीकुं इतरेतराध्यास नहीं है, केवल स्वत्वाध्यास है. पर अपनकुं तो इतरेतराध्यास है. क्योंके अन्तर्यामीमें आनन्दको

प्राकट्य है वासुं ऐश्वर्य-वीर्यादि सब धर्म वामें प्रकट हैं. वासुं वाकुं तो अध्यास होनो सम्भव नहीं है. और अपने चिदंशमेंसुं आनन्दांश तिरोहित भयो है करके अन्तर्यामी जो प्रेरणा करे है वो अपनकुं अन्तर्यामीकी प्रेरणा नहीं लगके अपनी इच्छा लगे है. स्पिनोज़ाने बहोत सुन्दर बात कही है के पहाड़की चोटीपेसुं लुढ़कतो पथ्थर यदि चेतन होतो लो ऑफ् ग्रेवीटेशनकुं कभी कबूल नहीं करतो. वो कहेतो के मोकुं नीचे जानो है या लिये नीचे जा रह्यो हूं. ये तो अपन जान रहे हैं के गुरुत्वाकर्षणके कारण वो नीचे जा रह्यो है. इन सारे प्रश्न पे स्पिनोज़ाको श्रीमहाप्रभुजीके जैसो ही अभिप्राय है. तो लगभग वो स्थिति अपनी आत्माकी है.

दूसरे दो आलेख आसुरावेश और शिक्षापत्र के विषयमें हते. आसुरावेशमें असितने शिक्षाश्लोककी चर्चा करी है. इन दोनों पत्रनकी उल्लेखनीय बात मोकुं ये लगी के बहोत सारे प्रतिबन्धनको विचार जब अपन षोडशग्रन्थके या साधनप्रकरण के सन्दर्भमें करें हैं. पर शिक्षाश्लोक और शिक्षापत्र को रोल् प्रतिबन्धके स्वरूपकुं समझनेमें बहोत अहम है जो छूट जाते यदि इनकी चर्चा नहीं होती. शिक्षाश्लोकमें प्रमुख तीन प्रतिबन्ध वर्णित भये हैं. बहिर्मुखता जाको जबरदस्त व्याख्यान शिक्षापत्रमें भयो है के वाको निराकरण कैसे करनो. प्रभुमें लौकिकभाव नहीं रखनो और प्रभुकुं अपनो सर्वस्व मानके व्रजकी भावनासुं प्रभुकी सेवा करनी ये बात श्रीमहाप्रभुजीनें शिक्षाश्लोकमें समझायी है. इनको विस्तार अपनकुं यत्र-तत्र शिक्षापत्रमें मिले है. इनमेंसुं अनेकविध प्रतिबन्ध और उनके निवारणके उपाय भी अपन खोज सके हैं.

एक बात और, भागवतमें अधर्मकी विवेचनामें एक सुंदर श्लोक आवे है : **"विधर्मः परधर्मश्च आभासः उपमा छलम्, अधर्मशाखा पञ्चेमा धर्मज्ञो अधर्मवत् त्यजेत्, धर्मबाधो विधर्मः स्यात् परधर्मोन्यचोदितः, उपधर्मस्तु पाखण्डो, दम्भो वा शब्दभिच्छलम्"**. ध्यानसुं देखो के धर्मके साथ "तत्सादृश्यम् अभावश्च तनन्यत्वं तदल्पता, अप्राशस्त्यं विरोधश्च नञर्था षट् प्रकीर्तिता" वाले छेओं अर्थनमें अधर्म छे तरहके हैं. "अधर्मशाखा पञ्चेमा" कहके कुल छे अधर्म बताये हैं. इन पांच शाखानको भी

अधर्मवत् त्याग करो. यहां ये सारे प्रतिबन्धकी तरह नहीं गिनाये हैं, अपराधकी तरह गिनाये गये हैं ये मत भूलियो.

गीतामें भगवानने कही के **"संकल्पप्रभवान् कामान् त्यक्त्वा सर्वान् अशेषतः"** वाके सामने भागवत कहे है **"असंकल्पात् जयेत् कामम्"**. काम स्वभावप्राप्त होनेसुं प्रतिबन्धरूप है. पर वाकु प्रतिबन्धतया चलने देनो के नहीं वो संकल्पसुं सम्भव है. जाकु अपन गत्यवरोध कहें. संकल्पसुं काममें गत्यवरोध पैदा कियो जा सके है. ऐसे ही जैसे असितने आसुरावेश और भगवदावेश के साथ्कल्की बात कही. सड़कपे गत्यवरोध स्पीड्कुं खतम करनेकेलिये नहीं होवे हैं पर बेफाम दौड़ती गाड़ी दूसरेकुं कुचल न दे वाकेलिये होवे हैं. अपन दौड़ती गाडीकुं सडन्ली रोक भले न सकें पर वाकी स्पीड् तो कम कर सकें उतनो तो कर ही सके हैं. भागवत वाकी प्रोसेस् बतावे है : **"क्रोधं कामविवर्जनात्"**. क्रोध भी स्वभावसुं प्राप्त है. पर जापे क्रोध आवे है वाकी कामनापे काबू पाओ. कामना नहीं करोगे तो अपने आप गुस्सा कम हो जायेगो.

लोभके बारेमें भागवत कहे है के जाको लोभ होवे वो अर्थरूप है के अनर्थरूप वाको ईक्षण करो : **"अर्थानर्थेक्षया"**. ईक्षणसुं लोभ कम होयगो.

भयसुं बहोत सारे घोटालाएं होते होवे हैं. वो गोस्वामी हमारे एरियामें ब्रह्मसम्बन्ध दे गये तो भय होवे, हमारे वैष्णवकुं यात्रामें ले गये तो भय...निरन्तर भयमें अपन जीये हैं. भयपे काबू पानेको उपाय भागवत बतावे है : **"तत्त्वावमर्शनात्"**. तत्त्वके विमर्शसुं आधो भय खतम हो सके है. डरो मत. जासुं भय पैदा हो रह्यो है वाके नेचरकुं बराबर समझो. सांपको स्पेश्यलिस्ट कहे है के हिन्दुस्तानमें सांप काटनेसुं मरनेवालेमें आधे लोग सांपके जहरसुं नहीं मरे हैं पर सांप काट्यो वाके भयसुं मर जावे हैं. तत्त्वावमर्शन नहीं करनेके कारण भय होवे है और भयके कारण लोगनकुं विधर्म, परधर्म, उपधर्म, धर्माभास की शरण लेनी पड़े है.

"आन्वीक्षिक्या शोक-मोहौ". आन्वीक्षिकीसुं शोक-मोहको निरसन हो सके है. पदार्थको स्ट्रक्चर् यदि समझ जाओ के

वो किन केटेगरिसुं बन्यो भयो है तो भी बहोत सारे शोक-मोह नष्ट हो सके हैं. जो दिखलाई दे रह्यो है वो ईक्षण है. 'अन्वीक्षा' मतलब जो दिखलाई दे रह्यो है वामें फिरसुं देखनो. अन्वीक्षणसुं जब पदार्थको स्ट्रक्चरल् केरेक्टर् समझमें आवे तो अपन अपने बहोत सारे शोक-मोहपे काबु पा सके हैं. जैसे हाथके कोई भागमें कैंसर् भयो, आदमी कैंसरको नाम सुनते ही सोच लेवे के अब तो मरे. पर थोड़ी धीरजसुं वो अन्वीक्षण करे के हाथ शरीरको अंग है. हाथके कटनेसुं आदमी मर नहीं सके है. यासुं कैंसरवालो भाग यदि कटवा दियो जाये तो वो बच सके है. **''सर्वनाशे समुत्पन्ने अर्धं त्यजति पण्डितः, अर्धेन कुरुते कार्यं सर्वनाशो हि दुःसहः''**. ये इन्साईट् अन्वीक्षणके बिना नहीं आ सके है. तो अन्वीक्षणसुं मृत्युकी आशंकासुं होते शोक-मोहसुं बच्यो जा सके है.

दम्भके बारेमें भागवत समझावे है के **''दम्भं महदुपासया''** अदाम्भिक महान् लोगनकी संगति नहीं होनेके कारण अपन दम्भ करें हैं. उनकी यदि सङ्गति करें तो अपनकुं भी भरोसा आयेगो के वो जब दम्भके बिना जी सक रहे हैं तो मैं क्यों नहीं जी सकुं!

''कृपया भूतजं दुःखम्'' दूसरे प्राणी यदि अपनकुं दुःख दे रहे हैं तो उनपे कृपाको भाव रखो के वो उनके वैसे स्वभावके कारण दुःख दे रहे हैं तो अपने आप काबू आ जायेगो.

''योगान्तरायान् मौनेन'' योगमें आते अन्तरायनकुं मौनसुं काबुमें लाओ.

''हिंसां कायाः''. कायाकी ईहापे कंट्रोल् लानेसुं दूसरेकुं मारनेकी वृत्ति स्वतः कम हो जायेगी.

''आत्मजं योगवीर्येण'' और आत्मज दुःख, तुम्हारेसुं तुम्हारेमें पैदा होते दुःख काम-क्रोधादि कुं ये योगवीर्यसुं काबु कर पाओगे.

''निद्रां सत्त्वनिषेवया'' सात्त्विक जीवनसुं निद्रापे काबु पायो जा सके है.

यद्यपि ये सब स्वभावसुं आते भये प्रतिबन्ध हैं फिर भी इनपे या प्रक्रियासुं काबु पा सके हैं. जब काबु नहीं पावे हैं या वैसो

उपक्रम नहीं करें हैं तब वो अपराधमें कल्मिनेट् होवे है.

श्रीमदाचार्यचरणकों तो भगवदाज्ञासूं एकादशस्कन्धमें भगवदुक्त जो सुगोप्य सत्सङ्गलभ्य भाव है वह भक्तितया अभिप्रेत है. यासूं ही सिद्धान्तमुक्तावलीमें "**चेतस्तत्प्रवणं सेवा**" कह्यो है. वाके विवरणमें प्रभुचरणन्नें द्वादशाध्यायोक्त "**ता नाविदन्**" श्लोकको उद्धरण दियो है. (भ.व.१.श्रीपुरु.टि)

भागवत निर्गुणभक्तियोग' कहे है :

सर्वगुहाशय ऐसे भगवान्में प्रतिबन्धरहित अविच्छिन्न जो मनकी

गतिः होय जैसे पर्वतादिनकू हु भेदिके गङ्गाको जल समुद्रकी ओर अविरत बहे है वैसे लौकिकवैदिकप्रतिबन्धनुकुं दूरी करीके भगवान्में मनकी गतिः बहे यह निर्गुणभक्तियोग को लक्षण=ज्ञापक है. यहां मन तो उपलक्षण है जैसे गोपीजनन्की कायिक गतिः हु भक्ति है. आत्यन्तिकभक्तिको लक्षण कह रहे है अहैतुकी, पुरुषोत्तममें न कि पुरुषन्में या अवतारन्में भक्ति होय वा भक्तिको आत्यन्ति कही जाय है. कालसुं या कर्मसुं जहां सेवामें व्यवधान न होय, न तो निद्राभोजनादिसुं क्यो वह तो सेवाहेतुरूप है. वह भक्ति ही आत्यन्तिक है जो स्वतः रसभावरूपा होइ के अन्यफलकी प्राप्ति न करावे. मत्सेवनम् कहिके सेवा ही आनन्दरूपा बने है यह समासद्वारा जनायो. क्यो जो करिवेवारे जन=सेवक है. या सेवाकी भगवान के समान फलसाधकतः कहि जो त्रिगुणताको उल्लंघन करिके भगवत्व के योग्य होवे है.(सुबो.३।९।११-१२)

भक्ति मूलमें तो आत्मरति :

भगवान्ने ब्रह्माजीकों कह्यो है :

"अहं आत्मात्मना धातः प्रेष्ठसन् प्रेयसामपि,
अतो मयि रतिं कुर्यात् देहादियत् कृते प्रियः"

(भाग.पुरा.३।९।३४).

सुबोधिनी : 'सर्व आत्मान्की हु मैं आत्मा हुं यासूं प्रीतिको विषय होयवेसुं मोमें रति करो... में तो सर्वदा प्रिय ही हुं परन्तु स्वभावके कारण मेरो ग्रहण नहीं हो रह्यो है करके अप्रिय हुं ऐसो लगे है. जैसे कोई स्वयम्पें नाराज होय. वाको निवृत्त करवेके काज रति करो ऐसे कह्यो है मूलमें तो यहां नित्यप्रीतिकों उजागर करवे की कही है.

प्रह्लादजीनेहु कह्यो है' "हे असुरात्मजो अच्युतकों स्नेह करिवेमें बहोत प्रयतन नहीं करनो पडे है क्यो जो वे तो सर्वके आत्मा हैं अरु यहां सर्वतः सिद्ध हु है यासूं सर्वदा साथमें ही रहे है."

पुष्टिभक्तिकी प्रकीया समुझाते भये श्रीपुरुषोत्तमजी लिखे हैं :

"भक्ति को कारण तो अनुग्रहनामक भगवद्धर्मविशेष हि है यह बात भक्तिहेतुनिर्णयमें कही है. यह पुष्टिभक्ति क्वचित् सहसा अभिव्यक्त होवे है क्वचित् सत्सङ्गश्रवणादिद्वारा. वामें जो

शुद्धपुष्टिमें अङ्गीकृत है उनमें सहसा हि अभिव्यक्यत होवे है जैसे गोकुलस्थभक्तन्में. मिश्रपुष्टिमें जिनको अङ्गीकार है उनमें तो साधनद्वारा अभिव्यक्त होवे है उनमें प्रतिबन्ध अरु वाकी निवृत्ति: देखि जा सके है''.

श्रीलालूभट्टजी कहे हैं ''पुष्टिविशेष तो केवल भगवत्स्वरूप जाको फल है ऐसी भक्तिकों सिद्ध करे है यासूं पुष्टिविशेषजनित भक्ति: 'पुष्टिभक्ति:' कही जाय है... पुष्टिभक्तिको लक्षण तो ''**भगवत्स्वरूपा-तिरिक्तफलाकाक्षां रहितत्वे सति भगवत्स्वरूपात्मक फलाकांक्षावत्वम्**'' (पु.भक्ति.वि.).

२.भक्तिकी विभिन्न अवस्थायें :

जैसे एक बीजकी वृक्षके रूपमें वृद्धि एक सतत चलती प्रक्रिया है तोहु वामें अङ्कुरण कन्दलन शाखावृद्धि आदि विभिन्न अवस्थायें देखि जा शके है. वैसे भावरूपा भक्तिकी वृद्धिमें हु मुख्यतया १.साधनावस्था=अदृढबीजभाव अरु २.सिद्धावस्था=दृढबीजभाव ये अवस्थायें है. वामें **१.दृढबीजभावमें** क.रुचि ख.प्रेम घ.आसक्ति अवस्थायें बताई है. अरु **२.अदृढबीजभावमें** च.व्यसनावस्था छ.व्यसनोत्तर सर्वात्मभाव की अवस्था बताई गई है.

श्रीकल्याणरायजी : स्वविषयमें स्वत: प्रवृत्ति करायवेवारो भाव प्रेमशब्दसूं कह्यो जाय है. भगवत्सेवा या श्रवणादिसुं चित्तासङ्गावस्थावत् प्रेम पनपें है. प्रेम भये पाछे स्वविषयमें विविधमनोरथजनक जो भाव होय है वाको आसक्ति कही जाय है. जो सङ्कल्पावस्थावत् होवे है. वा पाछे जब स्वविषयके बिना जा भावके कारण रह्यो न जा शके वा भावकों व्यसन कह्यो जाय है. प्रभुमें व्यसन भये ,पाछे प्रत्येक सर्व इन्द्रियन्की हु प्रभुमें अहमहमीकया वृत्ति होनी 'सर्वात्मभाव' कह्यो जाय है.

श्रीगोपेश्वरजी :

स प्रेम य: संविदधाति भाव: स्वतप्रवृत्तिं विषये स्वकीये।
यश्चाभिलाषान् जनयेद् अनेकान् भाव: स आसक्तिरिति प्रसिद्ध:।।

स्थातुमेव न शक्नोति विषयव्यतिरेकत:।
येन भावेन तं भावान् आहु: व्यसनसंज्ञकम्।।

स्नेहके कारण भगवदितर विषयन्में रागविनाश होय है. आसक्तिके कारण भगवदनुपयोगि गृहमें अरुचि पनपें है अरु गृहस्थितन्की बाधकता अरु अनात्मता लगे है. कृष्णमें व्यसन होई तबही भक्तिमार्गीय जीव कृतार्थ होय है अन्यथा नहिं (भ.व.४-५).

श्रीहरिरायजी : ने या वर्णनको व्यतिरेकमुखसूं दिये जाये अवस्थान्के लक्षण कहे है. सेवात्मिका भक्तिकी दो अवस्था बताई है १.साधनावस्था=तनुवित्तजासेवा २.फलावस्था=मानसीसेवा.

३.प्रतिबन्धस्वरूप :

श्रीआचार्यजी भाष्यमें समुझावे है :

''ईश्वरेच्छासुं चिदंश जीवके भगवद्धर्मन्को तिरोभाव होवे है. जीवमें १.ऐश्वर्यके तिरोभावसूं दीनत्व पराधीनत्व आवे है. २.वीर्यके तिरोभावसूं सर्वदु:खसहन करनो पडे है. ३.यशके तिरोभावसूं सर्वहीनता आवे है. ४.श्रीके तिरोभावसूं जन्मादिसर्वआपदान्को भागी बने है. ५.ज्ञानके तिरोभावसूं देहादिमें अहंबुद्धि पनपें है अरु सारो विपरीतज्ञान होवे है. ६.वैराग्यके तिरोभावसूं विषयासक्ति उत्पन्न होवे है. पहले चारके तिरोभावसूं बन्धन होवे है अरु ज्ञानवैराग्यके तिरोभावसूं अन्यथाज्ञान होवे है''.

भगवद्धर्मन्को तिरोभाव ही सारे प्रतिबन्धन्को मूल है. भगवद्धर्म जामें तिरोहित भये एसो जीवपें जब व्यामोहिका मायाको प्रभाव पडे है तब वह भगवान्कों भूलीके संसारासक्त होई के जन्मजन्मान्तरमें संसारचक्रमें भ्रमत है.

शुद्धपुष्टिमें प्रतिबन्ध :

प्रभुके प्रकटिवेके पश्चात् बहुत सारी बाधायें उत्पस्थित भई. जैसे पुतना राक्षसी आई. तृणावर्त-बकासुर आदि असुर आये. श्रीमहाप्रभुजीने उनकों अविद्या, मोह, दम्भ, अहंकार आदि बताये है.

मिश्रपुष्टिभक्तिमें प्रतिबन्ध :

प्राथमिक अवस्थामें दृढसंसारासक्तिके कारण रुचि को अभाव, प्रमाद, विषयासक्ति इत्यादि प्रतिबन्ध होवे है. प्रेमावस्थामें बहिर्मुखता, अन्याश्रव, असमर्पितभोग, असदालाप, असत्सङ्ग, प्रभुमें लौकिकबुद्धि आदि तथा आसक्तिमें दुःसङ्ग, असमर्पितभोगादि प्रतिबन्ध होवे है.

षोडशग्रन्थादिमें प्रतिबन्धविचार :

श्रीआचार्यजीने अरु श्रीप्रभुचरणनें निषेधात्मक उपदेश जा ठोरपे दियो है वहां प्रतिबन्धकता दोषरूपता देखिवेमें आवे है. षोडशग्रन्थादिकन्में मुख्यतया साधनावस्थाके प्रतिबन्धन् को निरूपण है. व्यसनावस्थामें तो भगवद्गतचित्तता ही भक्तिमें आते प्रतिबन्धन्को सम्हाल ले है. **"शास्त्राणाम् उपदेशो यावत् मन्दरसः नरः रतिचक्र प्रवृत्ते तु न च शास्त्र न च क्रमः."**

उदाहरणतया :

बालबोधः धर्मशास्त्राणि नीतिश्च कामशास्त्राणि च क्रमात् त्रिवर्ग साधकानीति न तन्निर्णय उच्यते. प्रतिबन्ध-(भ्रम). जीवास्वभावतो दुष्टा (स्वाभाविकदोष). स्वधर्मम् अनुतिष्ठन् वै अन्यथा भारद्वैगुण्यम् (अधर्म).

सिद्धान्तमुक्तावलीः श्रीप्रभुचरण-स्वतःपुरुषार्थत्वेन सेवाकृति स्वसिद्धान्तो न तु अन्यशेषत्वेन (अन्यशेषता). वित्तं दत्वा अन्येन पुरुषेण कृत्वा कारिता एका, एतादृशेन पुंसा कृता च अपरा, एतादृश्यौ तत्साधिके न इति अभिप्रायज्ञापकं समस्तपदम् (तनुवित्तजास्वरूपखंडन). श्रीआचार्यजी-लोकार्थी चेद् भजेद् कृष्णं क्लिष्टो भवति सर्वथा (लोकार्थीतया भजन). भक्त्यभावेतु तीरस्थो यथा दुष्टैः स्वकर्मभिः...स्थानात् च नश्यति (भक्तिके अभावमें सेवाकृति).

सिद्धान्तरहस्यः असमर्पितवस्तूनां तस्माद् वर्जनम् आचरेत् (असमर्पित-वस्तूपभोग). न मतं देवदेवस्य सामिभुक्तसमर्पणम् (सामिभुक्तसमर्पण).

नवरत्नः चिन्ता कापि न कार्या (चिन्ता).

अन्तःकरणप्रबोधः आज्ञैव कार्या सततं स्वामिद्रोहो अन्यथा भवेत् (आज्ञानुसारी नहि बरतनो). लौकिकप्रभुवत् कृष्णो न दृष्टव्यः कदाचन (कृष्णमें लौकिकबुद्धि). प्रौढापि दुहिता यद्वत् स्नेहात् न प्रेष्यते वरे तथा देहे न

कर्तव्यम् (देहादिको अविनियोग).

विवेकधैर्याश्रयः प्रार्थिते वा ततः किं स्यात् (प्रार्थना). अभिमानश्च सत्त्याज्यः (अभिमान). आपद्गत्यादिकार्येषु हठः त्याज्यश्च सर्वथा (हठ). स्वयम् इन्द्रियकार्याणि कायवाङ्मनसा त्यजेत् (इन्द्रियकार्याणि). अन्यस्य भजनं तत्र...सर्वथा बाधकस्तु सः (अन्याश्रय, अविश्वास).

कृष्णाश्रयः (लोकाश्रय, वेदाश्रय).

चतुःश्लोकीः स्मरणं भजनं चापि न त्याज्यम् (भजनत्याग).

भक्तिवर्धिनीः तादृशस्यापि सततं गेहस्थानं विनाशकम् (कथाव्यसनवारेकी सतत गृहस्थिति). त्यागे बाधकभूयस्त्वं दुःसंसर्गात् तथा अन्नतः (दुःसंसर्ग, दुष्टान्न).

जलभेदः क्षेत्रप्रविष्टाः ते चापि संसारोत्पत्ति हेतवः, वेश्यादिसहितामत्ता गायकाः गर्त संज्ञिताः, जलार्थमेव गर्तास्तु नीचा गानोपजीविनः (सत्सङ्गके नामपे दुष्टसंग).

संन्यासनिर्णयः श्रवणादिप्रसिद्ध्यर्थं कर्तव्यः चेत् स नेष्यते... पाषण्डी स्यात् तु कालतः (भक्तिकीसाधनास्थामें त्याग). विषयाक्रान्त देहानां नावेशः सर्वदा हरेः (विषयाक्रान्तता).

निरोधलक्षणः संसारावेशदुष्टानाम् इन्द्रियाणाम् हिताय (संसारावेश). अमत्सरैः अलुब्धैश्च वर्णनीयाः सदा गुणा (मात्सर्य, लोभ). यस्य वा भगवत्कार्य यदा स्पष्टं न दृश्यते तदा विनिग्रहस्तस्य कर्तव्य इति निश्चयः (अनिग्रह).

सेवाफलः उद्वेगः प्रतिबन्धो वा भोगो वा स्यात् तु बाधकम् (उद्वेग, प्रतिबन्ध, भोग). नतु आद्ये दातृता नास्ति (भगवत्कृत प्रतिबन्ध). तृतीये बाधकं गृहम् (भगवदविनियुक्तगृहस्थिति). सर्वम् अन्यत्र मनोभ्रमः... कुसृष्टि वा काचित् उत्पद्येत स वै भ्रमः (भ्रमः).

साधनप्रकरणः अधुनातु कलौ... तत्र धर्मः कथं भवेत्, वर्णाश्रमवतां धर्मे...त्यक्त्वा मार्गे (भक्त्येतरधर्मन्की साधकता माननी). अत्रापि वेदनिन्दायाम् अधर्मकरणात् तथा...जायते (वेदनिन्दा, अधर्म) अत्यन्ताभिनिवेशः चेत् संसारे न भवेत् तदा (संसाराभिनिवेश). विरुद्धकरणं नास्ति...कल्पितैरेव बाधः स्याद् (मायावाद). प्रतिकूले गृहं त्यजेत् (भक्तिप्रतिकूलगृह) वैराग्यं परितोषं च सर्वथा न परित्यजेत् (अवैराग्य, अपरितोष), सर्वापेक्षां परित्यज्य (अपेक्षा) वृथालापक्रियाध्यानं

सर्वथैव परित्यजेत् (सर्वथाप्रतिबन्धक:वृथालाप, वृथाक्रिया, वृथाध्यान) एतद्-विरोधि यत् किञ्चित् तत्तु शीघ्रं परित्यजेत् (स्वधर्माचरणविरोधि, विधर्माचरणनिवर्तन्विरोधि, इन्द्रियाश्वविनिग्रहविरोधि). सर्वथा तद्गुणालाप...निर्भयो निस्पृहस्ततः (भय, स्पृहा). पठनीयं प्रयतवेन निर्हेतुकम् अदम्भतः (भागवतको सहेतुक या दम्भपूर्वकपाठ). पठनीयं प्रयतवेन सर्वहेतुविवर्जितम् वृत्यर्थम् नैव पुञ्जीत प्राणैः कण्ठगतैरपि तदभावे यथैव स्यात् तथा निर्वाहम् आचरेत् (आत्यन्तिक प्रतिबन्ध:भागवतको सहेतुक या वृत्यर्थक पाठ).

श्रीगोपीनाथजी आज्ञा करे हैं **"अशून्या दिवसा यामाः मुहूर्त-धटिका-लवाः भगवद्भजनैः कार्या संसारासक्तिः अन्यथा"** (सा.दी.४६).

४.प्रतिबन्धकी निवृत्तिः प्रभुसूं/भक्तिसूं

भक्तिमार्गमें आते प्रतिबन्धन्की निवृत्ति भक्तिभावभावित प्रभुसूं या भगवद्दत्त निरूपाधिक भक्तिसूं ही होवे है. भगवान् सर्वभक्तसम्बन्धि सर्वलीला करते भये सदा बिराजे है. न तो वे या उनकी लीला कालमें बंधि भई होवे है. सर्वक्रिडायुक्त हरिको सर्वलोकदर्शनके काज बहिः (समुदाय) प्रकट होनो अवतारसमयमें जन्म कह्यो जाय है. वा प्रभुमें आसक्तिके कारण भक्तन्को प्रपञ्चविस्मृतिपूर्वक निरोधात्मक उद्धार प्रभु करे है. वैसे ही अनवतारसमयमें हु जा भक्तको निरोधात्मक उद्धार करिवो प्रभु इच्छे है वाके हृदयमे वाहिके दर्शनार्थ सर्वक्रीडायुक्तप्रभुको प्रकट होनो (समुदाय) जन्म कह्यो जाय है. श्रीमहाप्रभुजी समुझावे हैं :

> "बाहर प्रकट भये स्वात्मारूप प्रभु जब बहिन की नांई भीतर प्रवेश करे है तभी सारे बन्ध नष्ट होवे है अन्यथा नहिं." (सं.नि.११)
>
> जहां ताई जीव प्रभुके अभयरूप चरणन्को वरण नाहीं करे है तहां ताई बाके द्रव्य, देह अरु सुहृद् के निमित्तसुं होते शोक, स्पृहा, परिभव अरु विपूललोभ अरु सारी आर्तिन्को मूल अहं-ममभाव निवृत्त नाहीं होवे है.

तहां ताईं रागादि चोर लूटेरे लटते रहे है, तहां ताईं यह गृह कारागृह जैसो है, तहां ताईं मोह चरणमें पडी बेडी है जहां ताईं हे कृष्ण जीव आपको नहिं होय जाव है.

जिनकूं आप अन्य(पृथक्) मानो हो वे स्वयं को विमुक्तमानवे पर हु उनको आपमें भाव अस्त होइ जायवेके कारण अविशुद्धबुद्धिवारे बहुत कष्टसूं परं पदको प्राप्त करे है तोहु आपके चरणकमलकों अनादर करिके अधःपात के भागी बने है.

परन्तु हे माधव जो आपके जन=सेवक है उनकों कबहुं अपने मार्गसुं भ्रंश नहिं होवे है क्यो जो आपसुं उनको स्नेह बन्ध्यो भयो है. ऐसे उनकि आप रक्षा करो हो करिके (वा कारण) वे विघ्नकर्ता(प्रतिबन्धादिकन्)की सेनान् के सेनापतिंन्के हु मस्तक पर निर्भय होई के विचरण करे है.(भाग.पुरा.१०।३।३२)

सुबो. : जीवन्ने आपके चरणारविन्दसूं स्नेहकी डोरसूं अपने आपको बांध रखे है उनको कबहुं भ्रंश नही होवे है. जो यह शंका होय जो दूसरे कालादि केसे उनको नाश नहि करे है वापें कह्यो जो आपके द्वारा रक्षित होई विचरण करे है. जो दूसरेन्के लिये त्यागके या भयके स्थान होवे है वेही इनके परिभ्रमण करिवेके स्थान होवे है यह कहे रहे है विनायकानिकपमूर्धसुद्वारा. विघ्नकरीवेवारेनकी सेनाके अधिपतिन्के मस्तकपर भगवद्भक्तें चरण राखिके फिरे है. अधःपात करिवे अक्षम एसे वे ही भक्तन्की प्रतिष्ठाके हेतु बने है. हे प्रभो यह आपहीको सामर्थ्य है.

आपके मङ्गल्य नाम अरु रूप को श्रवण करिके, गाई के, स्मरण करिके अरु क्रियासुं आपके चरणकमलमें जिनकों चित्त आविष्ट भयो है ऐसे भक्त तो संसारार्थ नहिं होवे है[१२].

गृहपरिवारकी संसारासक्तिमें फंसे रहेनो हु मुक्तिमें अत्यन्त अन्तरायरूप मान्यो गयो है. तो हु अपनो सर्वस्व भगवान्को निवेदित करिके अपने घरमें भगवत्सेवा-कथा निभावेवारेके गृह-परिवार हु भगवदुपयोगी होय जाय है. या प्रकार बाधक हु साधक बनी जाते होईवेसूं भक्तिको उत्कर्ष अनितरसाधारण होवे ही है.

शुद्धपुष्टिभक्तिमें प्रतिबन्ध अरु उनके उपायन्को विचार:

दशमतामसप्रकरणके अवान्तर चार प्रकरणन्को निरूपण करते भये श्रीआचार्यचरण कहे हैं :

सर्वतस्तु अधिक स्नेहः पूर्वत्र विनिरूपितः।
आसक्तिस्तु द्वितीये हि तृतीये व्यसनं मतम्।
फलप्राप्तिः चतुर्थे हि सिद्धो रोधः चतुर्विधः।।

अपने निःसाधनजीवन् के उद्धारार्थ उनके बीच कृष्ण प्रकट होवे है अरु उनके स्वभावानुसारी एसी लीलाए करे है जासुं वे प्रपञ्चको भूलीके संपूर्णतया कृष्णासक्त होइ जाय है. परि या भगवन्मार्गमें बहुत बाधाए=प्रतिबन्ध आवे है परि वाको स्वयं कृष्ण ही दूर करिके भक्तन्के हृदयमें क्रमशः प्रेम आसक्ति व्यसन अरु सर्वात्मभाव प्रकट करीके स्वयंमें पूर्णनिरुद्धता प्रकट करे है. या कारण ही प्रेमादि अवान्तरप्रकरणके अध्यायन्की व्याख्या श्रीमहाप्रभुजी ऐश्वर्यादिषड् धर्म अरु सातवे धर्मि के रूपमें करे है.

> कृष्ण स्वयं सर्वपुरुषार्थरूप है तोहु दोषन्के वश अन्य उनकों ग्रहण नहिं कर शके है वातें कृष्ण दोषन्कों दूर करिके भक्तन्को श्रेयधारण करे है.
>
> प्रभुचरणनें यहां शंका उठाई है जो स्वयं भगवान् जहां बिराजमान है वहां दोषन्की प्रतिबन्धकरूपता ही संभव नहिं है. तब तो उन दोषन्को दूरकरवेवारे भगवान् है ऐसो कैसे कहे शके? या शङ्काको समाधान दे है जो लीलामें निरोधसिद्धिके काज हमारें प्रभुने लोकरीतिकों स्वीकार कियो है यासूं स्वरूप हु वैसो धारण कियो है "बभूव प्राकृतः शिशुः". लोकमें हुं जैसे जैसे प्रतिबन्ध बहोत होय वैसे वैसे दुर्लभता जानीके वा फलमें अधिकाधिक आसक्ति होवे है यह देखिवेमें आवे है. वैसे ही नन्दादीक व्रजजननकी आसक्ति सिद्ध करिवेके काज स्वेच्छासूं ही प्रभुने पुतनादीकको प्रतिबन्धकतया भावन करिके उनके निराकरणद्वारा स्वयम् ही व्रजभक्तन्के श्रेयरूप फलित भये.[१४]

यामेंसू तामसप्रमाणप्रकरणकों 'प्रेमप्रकरण' हु कह सके है वामें

निरूपित २-४लीलान् को विहंगावलोकन् करे तो :

अध्याय १ में जन्ममहोत्सव ऐश्वर्यलीला है. प्रभुनें व्रजमें ही वैकुण्ठ प्रकट कीयो. ऐश्वर्यतिरोधानसूं आतो दीनत्व पराधीनत्व दूर किये.

अध्याय २ में पुतनामारणलीला है. वह वीर्यलीला है. प्रभुने पुतनाको नाश कीयो "अविद्या पुतना नष्टा गन्धमात्रावशेषिता. अतः परं निरोधस्तु गोकुले सुगमो भवेत्." विर्यतिरोधानसूं आते आन्तर-बाह्य दुःख निवर्तन किये.

अध्याय ३ में शकटभङ्गतृणावर्तवध यह यशलीला है. यशतिरोधानसूं आती सर्वहीनता(बहिर्मुखता) को निवर्तन किये.

अध्याय ४ में नामकरण भयो वह श्रीलीला है. श्रीतिरोभावसूं आते जन्मादि सर्व आपदान्कों निवर्तन किये. इत्यादि.

मिश्रपुष्टिमें प्रतिबन्ध अरु उनके उपायन्को विचार

यामें मुख्यतया रुचि, प्रेम, आसक्ति, व्यसन अवस्थान्में आते प्रतिबन्ध अरु आधुनिक परिप्रेक्ष्यमें प्रतिबन्धको विचार कियो है.

रुचिमें प्रतिबन्धको विचार:

पुष्टिभक्तिमार्गमें अरुचि(रुचिको अभाव): सुबोधिनीमें भागवतके अधिकारीके वर्णनमें कह्यो है जो "बुद्धि आयु और दोषन्को अभाव जिन्में है वे ही भागवतश्रवणके अधिकारी है."[१५]

> श्रीआचार्यजी सर्वनिर्णयमें आज्ञा करे हैं
>
> **बुद्धिमान् आदरः तस्मिन् छलेसाध्येऽपि दुःखतः।**
> **त्यक्त्वा मार्गे ध्रुवफले भक्तिमार्गे समाविशेत्।।**
> **सर्वथा चेद् हरिकृपा न भविष्यति यस्य हि।**
> **तस्य सर्वं अशक्यं स्यात् मार्गेऽस्मिन् सुतरामपि।।**
> **कृपायुक्तस्य तु यथा सिद्धयेत् कारणम् उच्यते।**
>
> (त.दी.नि..२२४...२२६)

प्रकाश : **बुद्धिमान् इति. परमादरो बहुषु न सम्भवति. अतएव एकस्मिन् कर्तव्यः... परमत्र न सर्वेषां फलमुख्याधिकारः किन्तु येषु भगवत्कृपा, कृपापरिज्ञानं च मार्गरुच्या निश्चीयते.**

आचार्यजीने यहां मात्र 'रुचि' पदको प्रयोग नाहि कियो है परि मार्गरुचि पदकोप्रयोग कियो है. मार्गरुचि मे सर्वप्रथम मार्गप्रवर्तकाचार्यमें श्रद्धा होनी जरुरी है वह व्यक्तिके रूपमें नहिं पर मार्गोपदेशक आचार्य के रूपमें. "आचार्यचरणमें "आचार्यचरण के साधनोपदेशमें "आचार्यचरणके प्रयोजनमें इन तीनोन्में जब श्रद्धा है तो ही वह मार्गप्रवर्तकाचार्यमें श्रद्धा कही जायेगी. वैसे ही मार्ग तो प्रमाण-प्रमेय-साधन-फलके चतुष्टयसूं बने है यदि वामेंसू एकमें हु अरुचि होय तो वह मार्गरुचि केसे कही जायेगी? अज्ञानके कारण रही भई अरुचि महत्सङ्ग माहात्म्यज्ञान आदिसूं निवृत्त हो शके है. मार्गरुचि पनप सके.'

प्रह्लादजी कहे हैं :

> गृहही जिनकों व्रत है ऐसे संसारासक्त अरु वासूं ही अशान्त इन्द्रियन्के सङ्ग संसारमें पतित लोगन्की बुद्धि स्वतः या परतः कृष्णमें नहिं लगे है वे तो चर्वित को ही चर्वण करते रहे है. वे बाह्येन्द्रियविषयन्को ही प्रिय मानी के अन्धेन्के पीछे चलते अन्धेन्की नाईं चलते रहे है वेदवाणीसूं बन्धेभये वे काम्यकर्मन्के बन्धनमें बन्धे भये है. स्वयं के स्वार्थ अरु परमार्थरूप विष्णुकुं जाने नहि है. जिनने निष्किञ्चन् भगवत्प्रेमी भागवदीयन्के चरणकी रजमें स्नान नहिं कियो उनकी बुद्धि प्रभुके चरणन्कों स्पर्शहु कर नहीं पावे है.[१०]

तृतीयस्कन्धसुबोधिनीमें महाप्रभुजी आज्ञा करे है जो "स्वाभाविक (लौकिक)कथान्के निरन्तरश्रवणसूं वा संस्काराभिनिविष्ट हृदय अरु कर्ण होई जात है वासूं भगवत्कथाको ग्रहण नही करे है. जैसे हिमालयस्थित प्राणि धूप सहन नही कर शके है वैसे." पर सत्पुरुषन् के प्रकृष्ट सङ्ग के कारण भगवानके पराक्रमज्ञापिका कथा होवे है वासूं भक्ति प्रकटे है. भागवत जहां कामादिप्रतिबन्धनके जयकी बात कहे है जो **"असङ्कल्पात् जयेत् कामं क्रोधं कामविवर्जनात्..."** वहीं सारे प्रतिबन्धनिवृत्तिको एक सरल उपाय हु बतावे है **"एतत् सर्वं गुरौ भक्त्या पुरुषो हि अञ्जसा जयेत्"** (भाग.पुरा.७।१५।२२-२५) श्रीआचार्यजी हु आज्ञा करे है **"महतां कृपया यावत् भगवान् दययिष्यति"** (नि.ल.५).

प्रेमावस्थामें प्रतिबन्धको विचार :

१.अन्यशेषता: यह रुचिमें बहोत बडो प्रतिबन्ध है. जो रुचिको मार्गरुचि बनवे नहि दे है. भक्तिमें इतरपुरुषार्थन्की भक्त्यङ्गता कही है जेसे **"धर्मः स्वनुष्ठितः पुसां विष्वकसेन कथासु यः न उत्पादयेत् रतिं श्रमएव हि केवलम्"** (भाग.पुरा.१।२।८).

पूर्वमें किये गये भगवद्गुणगान अन्यशेषतया हते यासूं हि व्यासजी की खिन्नता न गई. तब नारदजीने उपदेश दीयो जो "भागवतधर्म तो स्वतन्त्र है वे यदि अन्यशेषतया निरूपित किये गये तब तो न निरूपित ही है. यद्यपि आपने महाभारतमें भगवद्यशको प्रतिपादिन कियो है वामें गीतामें विशेषतया कियो है तथापि इतरशेषतासूं प्रतिपादन कियो है." (सुबो.१।५।८). वा इतरशेषताके कारण महाभारतादिकि अन्तःकरणशोधकता नहिं है."[११] या कारण अनन्यशेषतया भगवद्गुणवर्णनके काज भागवतको प्राकट्य भयो.

सिद्धान्तमुक्तावलीविवृत्तिमें श्रीप्रभुचरण आज्ञा करे है:**"फलात्मक-नामोक्त्या स्वतः पुरुषार्थत्वेन सेवाकृतिः स्वसिद्धान्तो न तु अन्यशेषत्वेन इति ज्ञाप्यते."**

२.बहिर्मुखता: पुष्टिभक्तिमार्गमें बहिर्मुखता सबतें बडो प्रतिबन्ध है. भगवद्विमुख पुष्टिजीवन्के काज कालकर्मस्वभावादि बाधक बनत है.

> "अव्यक्त अक्षरब्रह्म से व्यक्त परब्रह्म पुरुषोत्तम श्रीकृष्ण तक भक्तिके प्रवाहमें तैर कर पहुंचा जा सकता है. परन्तु कालके प्रवाहमें बहनेवाले हमारे सभी प्रियतम लौकिक विषय व्यक्तसे अव्यक्त अर्थात् अस्तित्वसे विनाश की ओर सरक रहे हैं. भक्तिके प्रवाहमें माहात्म्यज्ञान से सुदृढ सर्वतोधिक स्नेहकी ओर आगे बढा जा सकता है. किन्तु कालके प्रवाहमें उभरते सारे विषयानन्दोंके आवर्त अन्तमें हमें शोक-मोहके गर्तमें डुबो देते हैं...भक्तिके प्रवाहमें तैरनेवाले भगवदभिमुख भक्तके देहेन्द्रियादि सभी कुछ उसकी आत्मा के रक्षक बन जाते है. उसे भजनानन्दके दानके द्वारा अव्यक्तब्रह्मानन्दमें लीन होने से बचा लेते है. किन्तु काल के प्रवाहमें बहते लौकिकविषयोमें आसक्त भगवद्विमुख

व्यक्ति के देहेन्द्रियादि ही उस बहिर्मुख की आत्मा के भक्षक बन जाते है. उसे शोक-मोह के गर्तमें डुबो देते है.''
(गो.श्रीश्याममनोहरजी)

श्रीद्वारिकेशजीके अनुसार बहिर्मुखताके चार कारण मुख्य है १.अन्याश्रय २.असमर्पितभोग ३.असदालाप ४.असत्सङ्ग.

३.असत्सङ्ग-अन्याश्रय-असदालाप: वेदस्तुती सुबोधिनीमें आचार्यजी समुझावे है ''जब सेव्यप्रभु अरु सेवासाधन हु अनुकूल है तोहु जो सेवा न करे है वामें कारण असत्सङ्ग है. असत्की उपासनाके कारण नही भजे है. 'उपासना'पदसुं बाह्यदेवता हु कहे गये है. उनको अल्प सङ्ग होइवे पर भगवद्भजन नष्ट होवे है. अथवा असत् इन्द्रियकी उपासना के कारण नहिं भजे है.

असत्सङ्गो न कर्तव्यो भक्तिमार्गस्य बाधकः।
देहे ह्यनुगुणे कृष्णे न इन्द्रियाणां प्रियम् चरेत्।।

४.असर्पितभोग: श्रीहरिरायजी कहे हैं :

सर्वथा सर्वदैवापि न चाद्याद् असमर्पितम्।
तद्भक्षणे भवेदेव अब्रह्मसम्बन्धिवस्तुतः।।
सर्वत्र ब्रह्मसम्बन्धभावना नाशएव हि।

(श.स.से.नि.)

५.कृष्णमें लौकिकबुद्धि: **''लौकिकप्रभुवत् कृष्णो न दृष्टव्यः कदाचन्''** (अन्तः.प्र.७) **''न लौकिकः प्रभु कृष्णो मनुते नैव लौकिकम्''** (शिक्षा.२).

कृष्ण फलात्मा प्रभु है. सर्वकरणसमर्थ है. वह कबहुं लौकिक नहि होय है. यासूं लौकिक बाहिर्मुख्यसुं कि गइ सेवा हु स्वीकार नहिं करे है. न तो उनको बहिर्मुखजनकी सेवा की अपेक्षा हु है.

आसक्तिमें प्रतिबन्ध:

कथासक्तिके लिये कह्यो जो:

भगवद्गतचित्तेन ये श्रुता भगवद्गुणाः।

ये वा संकीर्तिता नित्यं यावत् ते रसतां ययुः।
तावत् त्यक्तैः तदियैश्च बाधा भवति सर्वथा।।
विविधा अपि ते तापाः सोढव्या तापसत्वतः।

व्यसनमें प्रतिबन्ध:

व्यसनमें बीजभावदृढ होइवेसुं दुःसङ्गादिसुं प्रतिबन्धक नहि बने है तोहु चतुःश्लोकी मे श्रीमहाप्रभुजीने आज्ञा करी है जो **''स्मरणं भजनं चापि न त्याज्यं इति मे मतिः''** कथापक्षवारे व्यसनवान् के लिये आप भक्तिवर्धिनीमें आज्ञा करे है **''तादृशस्यापि सततं गेहस्थानं विनाशकम्''**.

रुचिसुं लेकर प्रेम-आसक्ति-व्यसन अरु व्यसनोत्तर सर्वोत्तमभावको यह पद्य अनतारकालमें जीव एकही जन्ममें ब्रह्मसम्बन्धके कारण तय करी शके ऐसो हु नाहिं. जन्मान्तरसहस्रमें तपोध्यानसमाधिआदिसुं जिनके पापक्षीण होय तब कृष्णमें भक्ति होवे है या प्रकार शास्त्रमें कह्यो होइवेसुं परमभाग्यसुं हि प्रीति प्रकटे है.

श्रीमहाप्रभुजी दोष दूर करिवेके क्लेशरहित दो साधन बतावे है १.प्रभुप्रत्यक्षमें चरणसेवा २.परोक्षमें कथामृताब्धिको अवगाहन.

''यच्चरित्रं शृण्वतः पुरुषस्य भगवच्चरित्रविषयिणी या अरतिः सा अपैति, माहात्म्ये स्वोपकारे च ज्ञाते तथात्वम्, विशेषेण संसारविषयिणी तृष्णा च अपैति, संसारस्य बाधकत्वे ज्ञाते... सत्वम् अन्तःकरणं शुद्ध्यति कामक्रोधादिवासनारहितं भवति, ज्ञानात्मनः संसारातीत चरित्रे श्रुते. भक्ति हरौ (भवति) यथा उलूखलबन्धे, तत्पुरुषे भगवत्सेवके सख्यं यथा यमलार्जुनभञ्जने चकारात् तत्सेवकसेवकेपि.'' (सुबो.१०।७।२).

श्रीआचार्यजीने अल्पबर्हिमुखतादिमें हु उपायतया भागवत बतायो है. क्योंजो रुच्यादिसुं पनप्यो भयो प्रेम दोषदर्शनसूं निवर्तित होवे है. दोष शास्त्रके अभावमें लोकदृष्टिसूं होवे है. यासूं श्रीभागवत ही सर्वशास्त्रार्थनिर्धारक सर्वमाहात्म्यज्ञापक अरु प्रेमोत्पादक है. भागवतके हृदयरूप दशमस्कन्धीय

निरोधलीला जामें वर्णित है ऐसी त्रिविधनामावली के जप-चिन्तन करवेको कह्यो है जो:

बाललीलानाम पाठात् श्रीकृष्णे प्रेम जायते।
आसक्तिः प्रौढलीलाया नामपाठात् भविष्यति।।
व्यसनं कृष्णचरणे राजलीलाभिधानतः।
तस्मात् नामत्रयं जाप्यं भक्तिप्राप्तीच्छुभिः सदा।।

श्रीप्रभुचरणने श्रीसर्वोत्तमको विनियोग भक्तिमें आते प्रतिबन्धन् की निवृत्तिमें बतायो है. श्रीपुरुषोत्तमजी समुझावे है जो श्रीयमुनाष्टकादि हू भागवतके सहकारी है. श्रीपुरुषोत्तमजी आज्ञा करे है:

"सतां द्वारंभूतगुरोः वा सङ्गेन शिक्षया वा श्रीमदाचार्यचरणेषु भगवदभेदबुद्धिः सर्वोत्तमादिभिः तद्भजनम्. ततः एतन्मार्गीयसङ्गे पूर्वोक्तरीत्या भगवद्भजनं, ग्रन्थावलो-कन-श्रवणादिना च तत्तत्प्रतिबन्धनिवृत्तौ दोषनिवृत्तिः, सेवोपयोगि-गुणोपचयः च".

आधुनिकपरिस्थितिमें प्रतिबन्धको विचार :

श्रीहरिरायजी यमुनाष्टकटीकाके मङ्गलाचरणमें कहे है:

एवं षोडशभिः ग्रन्थैः पुरुषोत्तमसेवनम्
प्रतिपाद्य फलत्वेन सर्वे जीवोद्धृतिं विभुः।।२१।।
अवतारद्वयावां तु उद्धृती रूपदर्शनात्।
इह तापत्रयैः ग्रस्ताः स्वदासाश्च सदोद्धृतिः।
तस्मात् सर्वप्रयत्नेन दैवैः कर्तव्यमेव हि।
सेवनं श्रीव्रजेशस्य तद्ग्रन्थानां च पाठनम्।

इतनो कहिके आधुनीक बहिर्मुखताको कारण अरु वाकी निवृत्तिको उपाय हू बतावे है :

इति सिद्धं तथापि इह लोके जीवा बहिर्मुखाः।
कृता भगवदाज्ञप्तैः रुद्रांशैः ब्राह्मणैः ततः।
तेषां सामुख्यसिद्ध्यर्थम् अर्थज्ञानम् अपेक्षितम्।
तदर्थं ग्रन्थटीकास्तु प्रभुप्रभृतिभिः कृताः।।२५।।

"यहां जानने लायक बात यह है कि यद्यपि तत्वदृष्टिसे जीवात्माकी रति तो कहीं भी हो पर उसकी रति तो भगवद्रति ही होती है. किसी लीलादृष्टिसे अन्याश्रयका त्याग और अन्यरतिका त्याग भगवत्प्राप्ति और भगवद्भक्ति में अतिशय अपेक्षित होता है, दोनोंके सुदृढ होनेके लिये और स्नेहके सर्वतो अधिक होनेके लिये. अन्यथा तो भक्ति अपने लक्षणके अनुरूप ही हो नहीं पायेगी. इनमें अन्याश्रय भक्तिके पूर्वांगभूत माहात्म्यज्ञानके प्रतिकूल मन वाणी या कर्म की प्रवृत्ति है. इसी तरह अन्यरति भी भक्तिके उत्तरांगभूत सुदृढ सर्वतोधिक स्नेहके प्रतिकूल मन वाणी या कर्म की प्रवृत्ति है. अतः उन्हें भलीभांति संयत करनेपर ही भगवदनुग्रहसे जन्य भक्ति अपना स्वरूप निभा पाती है. अतः भगवदनुग्रहरूप प्रमुख साधनके ये अनन्याश्रय और अनन्यासक्ति अवान्तरव्यापाररूप हैं. सारे उपनिषदोंकी सारभूत श्रीभगवद्गीता और उसके विस्ताररूप श्रीभागवतपुराण के निष्कृष्ट तात्पर्यका अज्ञान ऐसी प्रतिकूल प्रवृत्तिका हेतु बन जाता है. यह सारे शास्त्रोंके निर्गलितार्थके उपदेशक निजाचार्यके वचन परब्रह्म परमात्मा भगवान् श्रीकृष्णके स्वरूप और उनके भजनकी रीति के उपदेशक षोडशग्रन्थोंमें मिलते हैं. उनके अवगाहन करनेपर सारे प्रतिबन्धोंकी निवृत्ति हो सकती है, ऐसा अपना अभिप्राय प्रभुचरण कह रहे है."

(पु.प्र.प्र.वि.श्रीश्याममनोहरजी.पृ.१८२)

सदा सर्वात्मना कृष्णः सेव्यः कालादिदोषनुत्।
तद्भक्तेषु च निर्दोषभावेन स्थेयम् आदरात्।।
भगवत्येव सततं स्थापनीयं मनः स्वयम्।
कालोऽयं कठिनोऽपि श्रीकृष्णभक्तान् न बाधते।।

(श.स.से.नि.)

परिशिष्ट :

(१).स्वयं श्रीमदाचार्यचरणानुसारी षोडशग्रन्थकी प्रतिबन्धनिवारकता

१.यमुना : तवाष्टकम् इदं मुदा पठति सूरसूते सदा समस्त-दुरित-क्षयो...स्वभावविजयो भवेद् वदति वल्लभ श्रीहरेः।

२.बाल : न एतत् ज्ञाने भ्रमः पुनः.

३.सि.मु : एवं स्वशास्त्रसर्वस्वं मया गुप्तं निरूपितम्. एतद् बुद्ध्वा विमुच्येत पुरुषः सर्व-

भावः प्रेम शब्देन उच्यते. प्रेमानन्तरं पूर्वोक्तादेव सङ्कल्पावस्थावद् आसक्तिः भवति. स्वविषये विविधमनोरथजनको भावः आसक्तिः. व्यसनं स्वविषयं विना स्थातुम् अशक्तिजनको भावः.(श्रीकल्याणरायजी)

७."पराभिध्यानात्तु तिरोहितं ततो ह्यस्य बन्धविपर्ययौ" (ब्र.सू.३।२।५) भाष्य : ईश्वरेच्छया जीवस्य भगवद्धर्मतिरोभावः ऐश्वर्यतिरोभावाद् दीनत्वं पराधीनत्वम्, वीर्यतिरोभावात् सर्वदुःखसहनम्, वीर्यतिरोभावात् सर्वदुःखसहनम्, यशः तिरोभावात् सर्वहीनत्वम्, श्रीतिरोभावात् जन्मादिसर्वापद्विषयत्वम्, ज्ञानतिरोभावाद् देहादिषु अहंबुद्धिः सर्वविपरीतज्ञानं च...वैराग्यतिरोभावाद् विषयासक्तिः बन्धचतुर्णां कार्यः विपर्ययो द्वयोः तिरोभावादेव एवम्, नान्यथा. युक्तो अयम् अर्थः. एकस्य एकांशप्राकट्येपि तथा भावात्. आनन्दांशस्तु पूर्वमेव तिरोहितः येन जीवभावः. (अणुभाष्य)

८.दोषार्थमेव स्वरूपाज्ञानार्थमेव गृहीता गुणा यया. इयमेव स्वशक्तिद्वारा जीवान् व्यामोहयति. तेषामपि निद्रालस्यादिरूपेण व्यामोहिका वर्तते.(वेदस्तुती.सुबो).

९. बहिश्चेत् प्रकटः स्वात्मा जन्तिवत् प्रविशेद् यदि। तदैव सकलो बन्धो नाशमेति न चान्यथा।। (सं.नि.११)

१०.तावद्भयं द्रविणदेहसुहृन्निमित्तं शोकः स्पृहा परिभवो विपुलश्च लोभः।
तावन्ममेत्यसदवग्रह आर्तिमूलं यावन्न तेऽङ्घ्रिम् अभयं प्रवृणीत लोकः।।
(भाग.पुरा.३।९।६)

११.तावद्रागादयस्तेन तावत्कारागृहं गृहम्। तावन्मोहोऽङ्घ्रिनिगडो यावत् कृष्णः न ते जनाः।।

१२.वेऽन्येरविन्दाक्ष विमुक्तमानीनः त्वय्यस्तभावाद् अविशुद्धबुद्धयः।
आरुह्य कृच्छ्रेण परं पदं ततः पतन्त्यधो अनादृतयुष्मदङ्घ्रयः।।
तथा न ते माधव तावकाः क्वचिद् भ्रश्यन्ति मार्गात् त्वयि बद्धसौहृदाः।
त्वयाभिगुप्ता विचरन्ति निर्भया विनायकानीकपमूर्धसु प्रभो।।
(भाग.पुरा.१०।३।३२)

१३.श्रृण्वन्गृणन् संस्मरयंश्च चिन्तयन् नामानि रूपाणि च मङ्गलानि ते।
क्रियासु युष्मत् चरणारविन्दयोः आविष्टचित्तो न भवाय कल्पते।

१४.लौकिकेषु भावेषु यत्रैव हरिवेशनम्। निवर्तते तदेवात्र बह्नेः दारुमये यथा।।
(सुबो.१०।५।का.५)

यथा काष्ठस्थितो वह्निः न तद् दहति ततः उद्गतः तु पुनः तत्र प्रविशन् तद् दहति एवं लौकिकेषु तत्त्वकालादिषु यतः उद्गत्य यत्रैव हरिप्रवेशनं तदेव स्वपूर्वरूपाद् निवर्तते भगवद्रूपं भवति. भगवत्कार्यमेव करोति इति अयं प्रकारः (पुरु.प्रकाश)

१५.स्वयं सर्वपुरुषार्थरूपोपि दोषवशाद् गृहीतुम् अन्यैः न शक्यते इति दोषदूरीकरणद्वारा श्रेयोधारकत्वम्.(सुबो.१०।८।१७) यद्यपि भगवति विद्यमाने दोषाणां प्रतिबन्धकत्वमेव न सम्भवति कथं निवर्तकत्वेन उपचारः. तथापि लीलायां निरोधसिद्धयर्थम् अस्मत् प्रभुणाः लोकरीतिरेव स्वीकृता यतः तदर्थं स्वरूपमपि तथा प्रदर्शितवान्. तदुपपादितं "बभूव प्राकृतः शिशुः" इत्यत्र. लोके च यथा यथा प्रतिबन्धबाहुल्यं तन्निवृत्त्या पुनः फलानुभवः तथा तथा दुरापत्वज्ञानेन फलेपि आसक्तिः अधिकतरा भवति इति दृश्यते. अतो

नन्दादीनाम् आसक्तिसिद्ध्यर्थं स्वेच्छयैव दोषकरान् पूतनादीन् प्रतिबन्धकत्वेन उद्भाव्य तन्निराकरणद्वारा स्वदमेव तच्छ्रेयोरूपः फलति इति मनसि अभिसंधाय साधूक्तं स्वयम् इत्यादि तात्पर्यतः.''

१६.बुद्धिश्च आयुश्च दोषाणाम् अभावः कारणं यतः यस्य नैते भविष्यन्ति तस्य नास्ति अधिकारिता''.

१७.मतिः न कृष्णे परतः स्वतो वा मिथोऽभिपद्येत गृहव्रतानाम्।
अदान्तगोभिः विशतां तमिस्रं पुनः पुनः चर्वित चर्वणानाम्।।
न ते विदुः स्वार्थगतिं हि विष्णुं दुराशया ये बहिरर्थमानिनः।
अन्धा यथान्धैः उपनीयमानाः वाचीशतन्त्यामुरुदाम्नि बद्धाः।।
नैषां मतिस्तावद् उरुक्रमाङ्घ्रिं स्पृशत्यनर्थापगमो यदर्थः।
महीयसां पादरजोभिषेकं निष्किंचनानां न वृणीत यावत्।।

(भाग.पुरा.७।५।३०-३२)

१८.न यद्वचश्चित्रपदं हरेर्यशो जगत्पवित्रं प्रगृणीत कर्हिचित्।
तद्वायसं तीर्थम् उशन्ति मानसा न यत्र हंसा निरमन्त्युशिक्क्षयाः।।

सुबो : हंसा इति उच्यन्ते क्षीरनीरविवेकिनश्च सहजसिद्धमपि संश्लेषं त्यजन्ति न तु संश्लेशजनके रमन्ते... ततश्च युक्तितो दृष्टान्तात् च न भारतादेः अन्तःकरणशोधकत्वम्.''

चर्चा

भक्तिकी विभिन्न अवस्थान्में आते प्रतिबन्ध अरु प्रतिबन्धनिवृत्तिके उपाय

श्रीधर्मेन्द्रसिंह झाला

असित शाह : विविध अवस्थान्के बारेमें खुलासा करनो चाहूंगो के पेपेरमें भक्तिकी अवस्था तो अच्छी तरहसुं बताई है. पर यदि अपन व्रजलीला और वार्ता को सन्दर्भ लेवें तो एक ओर दिशामें सोचनो अपनकुं जरूरी है. वहां भक्तिकी दो अवस्था बतायी गयी है. एक भक्तिकी निरुद्ध अवस्था होवे है और दूसरी अनिरुद्ध अवस्था होवे है. व्रजभक्तन्की भक्तिकी निरुद्ध अवस्था है. उनकुं वो अवस्था प्रमासक्तिव्यसनके क्रमसुं मिली है. उनकुं वो पता होवे के नहीं पर प्रभुने उनके बारेमें मान रख्यो है के मैं इनमें निरुद्ध हूं और ये मेरेमें निरुद्ध होंगे. प्रभु जब मानके चल रहे हैं तब उनकी हर कृति के जहां वो प्रभुसुं दुर हो रहे हैं प्रभु वाकुं प्रतिबन्ध मानके उनकुं प्रतिबन्धसुं छुड़ा रहे हैं. फिर वो ज्ञातिभोजन करते होवें या साधनप्रकरणमें आवे है, व्रत तीर्थयात्रा याग करते होवें. प्रभुकुं लग्यो के ये इनके लायक नहीं है तो प्रभु जाके बामें प्रतिबन्ध करे हैं. और वार्तामें भी देखें तो बहोत बातें ऐसी होवे हैं के जो निरुद्धावस्थामें प्रतिबन्धरूप हो जावे हैं. जैसे गज्जन धावनको प्रसङ्ग देखें तो प्रभुसेवार्थ उनकुं बजारमें पान लेने जानो भी प्रतिबन्धक हो गयो ऐसी उनकी अवस्था हती. और वाइसेवर्सा ऐसी भी कृतियां भी हैं के जो अनिरुद्धावस्थामें प्रतिबन्धक हो सके है पर निरुद्धावस्थामें वो प्रतिबन्धक नहीं रह जावे हैं. जैसे असमर्पितको उपभोग अनिरुद्धावस्थामें निश्चित प्रतिबन्धक है पर निरुद्धावस्थामें वो प्रतिबन्धक नहीं रहे है. या सम्बन्धमें आसकरणदासजी, गोविन्दस्वामी के प्रसङ्ग मिलें हैं. उनने असमर्पित उपभोग कियो है फिर भी उनकी भक्तिमें वो प्रतिबन्धक नहीं होवे है. ये केवल सिद्ध भगवदीयके बारेमें होवे ऐसी ही बात नहीं है. जैसे

तानसेनके बारेमें आवे है के वो नशा करके अच्छो कीर्तन कर सकते हते. तो नशा करनो भी उनकुं प्रतिबन्ध नहीं कर रह्यो है, सेवामें सहायक बन रह्यो है. चतुर्भुजदासजीने दूसरो ब्याह कियो वो भी प्रतिबन्धक नहीं भयो. यासुं ये डिमार्केशन् समझनो जरूरी है के प्रतिबन्ध बड़ो लचीलो है. निरुद्धावस्थामें प्रतिबन्धरूप कुछ ओर है, अनिरुद्धावस्थामें कुछ ओर है.

दूसरी बात ये है के प्रतिबन्धमें औचित्य-अनौचित्यके कारण प्रतिबन्धकता होवे है. जैसे गोविन्दरायजी सुरतवालेनके वचनामृत हैं के कोई वैष्णवने उनकुं पूछी के षोडशग्रन्थके पाठ सेवामें कब करने चहिये. तो उनने कही के कृष्णाश्रय तो सेवाके अवसरमें प्रभुके सन्मुखमें कर सके हैं पर बाकीके पाठ अनवसरमें करने चहिये. फिर वैष्णवने पूछी के कोई व्यक्ति सारे पाठ प्रभुके सन्मुख करे तो? तो उनने कही के ऐसे करे तो असदालाप हो जाये. उनको आशय षोडशग्रन्थसुं वैष्णवकुं विमुख करनेको नहीं है. न उनकुं षोडशग्रन्थके प्रति अनादर है. पर उनकुं ये लग रह्यो है के सेवा एक ऐसो अवसर है के जा बखत षोडशग्रन्थके पाठ करनो उचित नहीं है. वा समय अपनकुं समयानुसार कीर्तनको गान करनो चहिये. यासुं सेवा-कथा-शरणको विघातक जो बनतो होवे वो प्रतिबन्धात्मक है. चाहे वो पाठादिक करनो ऐसी अच्छी कृति भी क्यों न होवे. और कुछ कृति ऐसी भी होवे जैसे कह्यो के प्रभुकुं कीर्तनमें गाली देनो, पर वो सेवामें विघातक नहीं होवे है, प्रभुकुं भी वासुं सुख ही मिल रह्यो है वा कारणसुं वो प्रतिबन्धात्मक नहीं बने है. यासुं रुचि-प्रेम-आसक्ति-व्यसन आदिमें बेज़िकलि अपनकुं ये देखनो चहिये के जो उनके स्वरूपको विघात करतो होवे तो वो प्रतिबन्ध है, अन्यथा नहीं है.

गो. श्या. म. : एक बात मोकुं कहनी है. वैसे थोड़ी अतिशयोक्तिसुं भरी भयी है. पर यहां वो मोकुं उपयुक्त लगे है. अपने यहांके सेवाके प्रकारकुं जा तरहसुं कितने ही फूलनसुं गुलदस्ताकी तरह सजायो गयो है वो श्रीमहाप्रभुजीकी ओरिजिनलिटि है. फूल सब व्रजभक्तनके भावनसुं आये हैं पर गुलदस्ता व्रजभक्तनके पास उपलब्ध हतो के नहीं ये एक गम्भीर प्रश्न है. अपनकुं ठाकुरजीकी सेवा करनी है करके

श्रीमहाप्रभुजी सेवामें आते प्रतिबन्धके और वाकुं कैसे ओवरकम् करनो आदि सब इन्स्ट्रक्शन् दे रहे हैं. सचमुचमे यदि व्रजलीलाको अवगाहन करें तो या तरहकी सेवा व्रजभक्तनने करी होवे ऐसो कहीं वर्णन मिले नहीं है. बल्कि सचमें कहें तो बिचारे ठाकुरजी व्रजभक्तनकी सेवा करते दीखे हैं. यासुं लीलामें ठाकुरजी सेवक बने हैं और व्रजभक्त सेव्य लगे हैं. अपनी स्थिति उलटी है. ठाकुरजी सेव्य हैं और अपन सब सेवक हैं. करके रसखानजीने कह दियो के "देख्यो दु... कुंजकुटीरमें बैठ्यो पलोटत राधिका पांयन्". जब ठाकुरजी खुद सेवापरायण हैं तब वहां जो प्रतिबन्ध आ रहे हैं वो उनकी सेवामें प्रतिबन्ध आ रहे हैं, व्रजभक्तनकुं नहीं आ रहे हैं. कभी पूतना आ रही है, शकटासुर-तृणावर्त आ रहे हैं. उन प्रतिबन्धनको मार-मूरके वो निराकरण कर रह्यो हैं. खतम करो ये प्रतिबन्ध. ये मोकुं व्रजभक्तनकी सेवा ही नहीं करने दे रहे हैं. थोड़ी अतिशयोक्ति है पर जो बात कहनो चाह रह्यो हूं वापे ध्यान दोगे तो तथ्य समझमें आ जायेगो.

सेवाफल ग्रन्थोक्त
साधारण प्रतिबंधका व्यावहारिक स्वरूप

मनोज गोस्वामी

श्रीकृष्णं कुलदैवतं तदनु च श्रीवल्लभाख्यान् निजान् ।
आचार्यानथ विट्ठलेश्वरमहं नत्वा प्रभुं सर्वथा ।।

पुष्टिभक्तिमार्गकी महत्ता :

जिन जीवोंने पुष्टिभक्तिमार्गमें आत्मनिवेदन मंत्रकी दीक्षा लेकर परब्रह्म पूर्ण-पुरुषोत्तम श्रीकृष्णको अपने भजनीय या सेवनीयके रूपमें स्वीकारा है उनकी भक्तिकी सिद्धिके लिए श्रीआचार्यचरण एक परम उपाय यह बतलाते हैं कि उन्हें अपने स्वगृह में स्व तनु एवं स्व वित्त द्वारा ही स्व परिवार सह अपने सेव्यप्रभुकी सेवामें संलग्न होना चाहिए. यही भजनानन्दानुभव प्राप्त करनेकी प्रथम सीढी एवं कुंजी है.

यहां यह ध्यातव्य है कि पुष्टिमार्गमें भगवत्सेवासेवकका धर्म है जो स्वतः पुरुषार्थ रूप है और जीवका प्रमुख कर्तव्य है अर्थात् ऐसा पुरुषार्थ जिसके करने पर चतुर्विध पुरुषार्थोंको अतिरिक्त करनेकी आवश्यकता ही समाप्त हो जाती है क्योंकि भक्ति स्वयमेव फल रूप है, परम व पंचम पुरुषार्थ है, इसे अन्यशेषतया (धर्म प्रचारार्थ या आजीविकोपार्जनार्थ) करना श्रीमहाप्रभुजीके द्वारा प्रकटित मार्गके स्वरूप से नितांत अनभिज्ञ होना है और सर्वथा अपसिद्धान्त है.

अतएव भगवत्सेवाश्रीआचार्यचरण एवं श्रीविट्ठलनाथजीकी दृष्टिमें ऐसा कर्तव्य है जिसे आत्मनिवेदन दीक्षोत्तर नहीं करने पर जीव प्रत्यवायी बनता है. **''कृष्णसेवा सदा कार्या'', ''भगवद्रूप सेवार्थं तत्सृष्टिः नान्यथा भवेत्''** इत्यादि वचनों में हमें पुष्टिसृष्टिको कृष्ण सेवाकी आवश्यकता जीवित व्यक्तिके लिए श्वासकी आवश्यकता वत् प्रतीत होती है. इस तरह हमने भगवत्सेवाका श्रीआचार्य-चरण द्वारा अभिलषित प्रकार देखा.

सेवाफल ग्रंथका स्थान :

श्रीआचार्यचरण द्वारा प्रकटित षोडश ग्रंथ संप्रदायमें 'वल्लभ-गीता'के नाम से प्रसिद्ध हैं. प्रथम ग्रंथ श्रीयमुनाष्टक से लेकर अंतिम ग्रंथ सेवाफल तक समस्त ग्रंथोंकी एक वाक्यता भगवत्सेवाको पुष्टिभक्तिमार्गमें जीवका प्रधान कर्तव्य माननेमें पर्यवसित होती है. षोडशग्रन्थान्तर्गत एवम् अन्यत्र निबन्ध इत्यादिमें भी आते हुए श्रीमहाप्रभुजीके वचनों से इस बातकी पुष्टि हो जाती है. जैसेकि

''कृष्णसेवा सदा कार्या'' (सि. मु. २) ''समर्पणेनात्मनो हि तदीयत्वं भवेद् ध्रुवम्'' (बालबोध १८), ''क्लिष्टोऽपि चेद् भजेत् कृष्णं लोको नश्यति सर्वथा'' (सि. मु. १७), ''प्रौढापि दुहिता यद्वत् स्नेहान् न प्रेष्यते वरे. तथा देहे न कर्तव्यं वरस्तुष्यति नान्यथा'' (अन्तःकरण प्रबोध ८), ''अल्पावृत्तो भजेत् कृष्णं पूजया श्रवणादिभिः'' (भक्तिवर्धिनी २), ''सर्वदा सर्वभावेन भजनीयो व्रजाधिपः'' और ''स्मरणं भजनं चाऽपि न त्याज्यम् इति मे मतिः'' (चतुःश्लोकी १/४), ''सेवायां वा कथायां वा यस्यासक्तिर्दृढा भवेत्. यावद् जीवं तस्य नाशो न क्वापीति मतिर्मम'' (भक्तिवर्धिनी ९) ''श्रीकृष्णं पूज्येद् भक्त्या यथा लब्धोपचारकैः'' (सर्व. नि. २३१), ''एतद् देहावसाने तु कृतार्थः स्यान् न संशयः. इति निश्चित्य मनसा कृष्णं परिचरेत् सदा'' (सर्व. नि. २३६), ''एककालं द्विकालं वा त्रिकालं वापि पूजयेत्'' (सर्व. नि. २४०), ''स्वधर्माचरणं शक्त्या विधर्मात् च निवर्तनम्'' (सर्व. नि. २४१).

—इत्यादि वचन श्रीआचार्यचरणके अन्तःकरणमें रही हुई श्रीकृष्णाभिमुखता, अनन्यता एवम् जीवका केवल कृष्ण-भक्ति से ही उद्धार जैसी कृष्ण तात्पर्यात्मक भावनाओंको द्योतित करते हैं. ये सभी ग्रन्थ इसी क्रम से लिखे नहीं गए हैं तथापि श्रीमहाप्रभुजीके हृदयमें भगवत्सेवाको सुव्यवस्थित साधनाप्रणालीके रूपमें प्रकट करनेकी योजना मार्ग प्राकट्यके पूर्व ही जन्म ले चुकी थी. तदनुरूप ही आपश्रीने षोडश ग्रन्थो में, भगवत्सेवाको ही परिलक्षित करके—

१.पुष्टि भक्ति रूपा सेवाके अधिकारीकी,
२.भगवत्सेवाको उद्वेग रहित करनेके लिए चिन्ता त्यागकी,
३.भगवत्सेवामें विघ्नरूप उद्वेग व प्रतिबंधों से बचनेकी,

४.पुष्टिमार्गीय धर्मार्थकाममोक्ष समझानेकी,
५.भगवत्सेवा द्वारा जीवमें रहे हुए बीज-भाव से लेकर व्यसनावस्था प्राप्त होने का प्रकार समझानेकी,
६.भगवत्सेवाके अनवसरमें इतर व्यासंगाभावार्थ भगवत्कथाके श्रवण-कीर्तन का स्वरूप समझानेकी,
७.बीज-भावकी दृढताके पश्चात् साधक द्वारा अभिलषित गृह-त्याग का भक्तिमार्गीय प्रकार समझानेकी और अन्तमें,
८.भगवत्सेवा व्यसनावस्थाके सोपानको प्राप्त करे तदर्थ सहायक कारणोंको समझानेकी दृष्टि से ही, विशद विचार किया है.

अतः वह समझमें आता है कि सिद्धान्त मुक्तावलीमें जिस भगवत्सेवाका साधनात्मक दृष्टिसे उसकी आवश्यकता, फल-लक्षण, स्वरूप लक्षण, साधन-लक्षण और अवान्तर फल-लक्षणको ध्यानमें रखकर जो प्रकार समझाया गया था उसी भगवत्सेवाका फलात्मक दृष्टि से विचार करना ही सेवाफल ग्रन्थका मुख्य प्रयोजन है.

प्रस्तुत लेखका आशय समझने में सुगमता हो तदर्थ हम इस लेखको ५ खंडोमें विभक्त करके समझनेका प्रयास करेंगे. निम्नलिखित प्रकारसे विचारकी दिशा रहेगी :

१.सेवाफल ग्रन्थ संदर्भ,
२.विभिन्न टीकाकारोंके मतोंकी तुलना,
३.वार्ता साहित्यमें प्रतिबंधका स्वरूप,
४.वर्तमान देश-काल के संदर्भमें प्रतिबंधका स्वरूप और
५.समाधान.

१.सेवाफल ग्रन्थ संदर्भ :

श्रीआचार्यचरणने सेवाफल ग्रन्थमे पुष्टिभक्तको भगवत्सेवामें प्राप्त होने वाले फलोंका विवेचन किया है और साथ ही साथ भगवत्सेवामें आने वाले प्रतिबंधकोंकी भी. ग्रन्थमे जिन तीन फलोंका वर्णन किया गया है वे हैं... १.अलौकिक सामर्थ्य, २.सायुज्य और ३.वैकुण्ठादिमें सेवोपयोगी देहादिकी प्राप्ति. एवम् जिन तीन प्रतिबंधोका वर्णन किया गया है वे हैं : १.भोग,

२.उद्वेग और ३.प्रतिबंध.

इनमेंसे हमारे इस लेखका प्रधान वर्ण्य विषय है, प्रतिबंध. श्रीआचार्यचरणके अनुसार प्रतिबंध दो प्रकारके हैं :

१.भगवत्कृत प्रतिबंध और
२.साधारण प्रतिबंध

भगवत्कृत प्रतिबंध :

जिन प्रतिबंधोका प्रतीकार संभव न हो उन्हें भगवत्कृत प्रतिबंध समझना चाहिए. इनमें से जब जिस पुष्टि भक्तको भगवत्सेवामें भगवत्कृत प्रतिबंध उपस्थित होता है, तब भगवानकी उस जीवको फलदान करनेकी इच्छा नहीं है, ऐसा मानना चाहिए. उस स्थितिमें अन्य देवोका आश्रय भी व्यर्थ ही सिद्ध होगा क्योंकि हमारा सम्बन्ध साधारण देव से नहीं अपितु देवाधिदेवके साथ है, कोई जीव यह सोचे कि अन्य देवोके स्तोत्र-पाठ, जप, धागा-बंधन या ऐसे ही अन्य उपायों द्वारा वह स्वयंके ईष्टकी प्राप्ति कर लेगा तो यह मात्र एक भ्रमणा ही सिद्ध होगी.

ऐसी स्थितिमें "मेरे प्रभु इस जन्ममें मुझे आसुरावेशयुक्त ही रखना चाहते है" ऐसा हृदयमें तत्वनिर्धारण करना चाहिए, प्रभुके कर्तुम्-अकर्तुम् अन्यथा कर्तुम् स्वरूपका भावन करते हुए और वे सब कुछ अपनी निज इच्छा से करेंगे इस प्रकार विवेक धारण करते हुए माहात्म्यज्ञान पर अवलंबित होकर शरणागति या प्रपत्तिमार्गका आश्रय लेना चाहिए. अतः श्रीआचार्यचरण आज्ञा करते हैं कि "**तदा ज्ञानमार्गेण स्थातव्यं शोकाभावाय इति विवेकः**".

भूलना नहीं चाहिए कि यहां विवृतिमें प्रयुक्त 'ज्ञानमार्ग' पद मर्यादामार्गीय ज्ञानका वाचक नहीं परन्तु पुष्टिमार्गीय ज्ञानका ही वाचक है. क्योंकि पुष्टिमार्गमें भगवत्सेवा भक्ति है और भगवानके गुणोंका संकीर्तन, कथा इत्यादि करना ज्ञान है. भगवत्कथाका समाश्रय करके हृदयमें प्रभुके विप्रयोगात्मकका समाश्रय करके हृदयमें प्रभुके विप्रयोगात्मकका भावन करना भी पुष्टिमार्गीय ज्ञान ही है.

फलतः भगवद्गुणानुवाद से 'शोकभाव' सिद्ध होता है वही पुष्टिमार्गीय विवेक है. इसी तथ्यको समझानेके लिए मूलमें 'विवेक' पद प्रयुक्त हुआ है. अतः भगवत्कृत प्रतिबंधको हटाना श्रीआचार्यचरणकी दृष्टि से जीवको कुंठित सामर्थ्यके कारण असंभव है.

साधारण प्रतिबंध :

जहां तक साधारण प्रतिबंधका प्रश्न है, उसका निवारण बुद्धि बल द्वारा करना चाहिए, श्रीआचार्यचरणानुसार केवल वही उपाय बतलाया गया है. परन्तु साधारण प्रतिबंधका स्वरूप लक्षण, कार्य तथा कारण लक्षण क्या है?

इसकी जिज्ञासा होने पर, यह समझमें आता है कि साधारण प्रतिबंधके लक्षणोंका स्वरूप स्व बुद्धि बल द्वारा स्वयं ही समझना चाहिये इसलिए श्रीआचार्यचरणने इसका विशेष खुलासा नहीं किया है परन्तु भगवत्कृत प्रतिबंधोको ही श्रीआचार्य-चरण द्वारा समझानेका क्या प्रयोजन हो सकता है तो यहां यह स्पष्टीकरण समझना आवश्यक है कि स्वयं भगवानके अतिरिक्त उन प्रतिबंधोका प्रयोजन अन्य साधनों से समझमें आना असंभव है, अतः 'वस्तुतः कृष्णएव' के न्यायसे श्रीआचार्यचरणने जीव हितार्थ उसका अभिप्राय प्रकट किया है. अतः हम केवल साधारण प्रतिबंधके ही स्वरूप आदिका विचार करेंगे.

२.विभिन्न टीकाकारोंके मतोंकी तुलना

सेवाफल ग्रन्थ पर कुल मिलाकर चौदह टीकाएं हैं, परन्तु सभी टीकाकारोंके मतोंका संपूर्ण विचारका अवकाश न होने के कारण और विस्तार भय से यहां हम केवल ७ टीकाकारोंके मतोंका विचार करेंगे.

श्रीकल्याणरायजी/श्रीहरिरायजी: सेवाके समय अन्य लौकिक वैदिक कार्योंमें आसक्ति अथवा बाह्य लोगों द्वारा उपस्थित किया गया प्रतिबंध. वहां यह आशय है कि सेवा करते समय लोक सम्बन्धित या वैदिक विषयोंमें अभिनिवेश होना अर्थात् सेवाके अवसरमें सेवाको प्राधान्यता न देकर चिकीर्षित लौकिक कार्योंमें व्यस्त रहना या वैदिक कर्मोंको ही प्रथमतया संपूर्ण करनेका अभिगम रखना अथवा सेवा छोडकर लौकिक

व्यक्तियों से भाषणादिक करना. दोनों ही टीकाकारोंके मत समान हैं.

चाचा श्रीगोपेशजी : श्रीगोपेशजी आज्ञा करते हैं कि वेदनिन्दा करनेके कारण या म्लेच्छ बलिष्ठ बहिर्मुखके कारण जनित प्रतिबंध, अर्थात् साक्षात् नारायणके वचन स्वयं नारायणके ही स्वरूप होनेके कारण वेदोंकी निन्दा वास्तवमें नारायणकी ही निन्दा है. (श्रीआचार्यचरण भी आज्ञा करते हैं **''अत्रापि वेदनिन्दायाम् अधर्मकरणात् तथा, नरके न भेवत् पातः किन्तु हीनेषु जायत''**) अथवा मलिन इच्छावाले जो बलिष्ठ हों वा बहिर्मुख हों उनके द्वारा उत्पन्न किया गया प्रतिबंध.

श्रीवल्लभजी : श्रीवल्लभजी बहोत सुंदर अर्थ करते हैं कि कायाकी अन्यपरता प्रतिबंध रूप है. इससे यह लक्षित होता है कि जिस कायाका हमने भगवत्सेवार्थ भगवानको समर्पण किया है उस कायाका भगवत्सेवामें विनियुज्य न होना प्रतिबंध रूप नहीं तो और क्या है?

श्रीपुरुषोत्तमजी : श्रीपुरुषोत्तमजीने भी एक विशिष्ट अर्थ किया है कि प्रतिबंध माने सेवाके प्रतिकूल लक्षणोंमें बंधना अर्थात् सेवामें रुचि होने पर भी शरीरादिकी सामर्थ्य होते हुए भी सेवाके अवसरमें लौकिक, वैदिक, कायिकादि व्यापार प्रकट होना. इससे यह ध्वनित होता है कि उपर श्रीकल्याणरायजी और श्रीहरिरायजीने जो प्रतिबंधका अर्थ किया उसमें अंतर यही है कि वहां लौकिक, वैदिक कार्यान्तर आसक्ति अनिच्छयाथी और यहां वह आसक्ति इच्छया संचालित होती है, माने जानते बूझते सर्व विध सामर्थ्य होते हुए भी भगवत्सेवामे आलस्य करना अतः पूर्वोक्त अवस्था से वह अवस्था अपकृष्ट है, और जीवकी आत्यान्तिक सांसारिक अभिनिवेशिता एवं प्रमादको सूचित करती है. फलतः प्रतिबंध अवश्यंभावी है.

लालूभट्टजी : लालू भट्टजीके अनुसार प्रतिबंधका स्वरूप सुख या दुःख का अजनक होना है. अर्थात् भगवत्सेवामें सुख-दुःखानुभूतिका प्रकट न होना उदासीनताका द्योतक है क्योंकि स्नेहाभाव दुःखसुखानुभूतिके अभावका मूल है और स्नेहाभाव स्वयंको जडताका सूचक है और जडता सेवा

प्रयोजनका विरोधी भाव है. अतः प्रतिबंध रूप है ही. अथवा प्रतिबंध से उन्हें पापरूप वेदनिन्दाका पक्ष भी स्वीकृत है ही.

मठपति जयगोपालभट्ट : भगवद्विमुख भार्यादि द्वारा उत्पन्न किया गया प्रतिबंध यहां जयगोपालजीको मान्य है.

मठेश श्रीलक्ष्मणभट्ट : श्रीलक्ष्मण भट्ट कहते हैं कि सेवाके समय लौकिक वैदिक कर्मानुरोधिता, यह अर्थ भी पूर्व व्याख्याकारों द्वारा किया गया अर्थ ही है, अतः स्पष्टताकी आवश्यकता नहीं है.

३.वार्ता साहित्य में प्रतिबंधका स्वरूप

पुष्टिमार्गमें वार्ता साहित्यका अमूल्य योगदान है जिसके विषयमें स्वयं श्रीगोकुलेश आज्ञा करते हैं कि ये मात्र कथाएं न होकर कथाका फल है. ये वार्ताएं न केवल पुष्टिमार्गीयको उसके व्यावहारिक जीवनको सेवा-कथा मय बनानेमें सहायक रूप हैं परन्तु साथ ही साथ जीवको पुष्टि पथ पर चलाने में कर्तव्य दिशाका सम्यक् बांध भी कराती है.

इस संदर्भमें यह अनुसंधेय है कि साधारण प्रतिबंधका स्वरूप समझना केवल भगवत्सेवाके छूट जानेके ही परिप्रेक्ष्य में सीमित नहीं होकर 'सेवा' के स्वरूपको अखंडित बनाये रखनेके दृष्टिकोण से और तदर्थ उसके सहायक कारणोंकी मीमांसाकी दृष्टि से भी एवम् प्राचीन भगवदीयोंके अनुभवकी रोशनीमें समझना आवश्यक है, अतः अब हम तदनुसार कुछ वार्ताओंके अवलोकनमें प्रवृत्त होते हैं.

१.सेवामें लोकलाज, कुलकान व अन्यके वचन पे विश्वास, ये अन्याश्रय है

दामोदरदासकी स्त्रीने अपने पिताकी बात सुनकर जल भरनेकी सेवा नहीं की (८४ वैष्णवकी वार्ता-३ दामोदरदास संभलवारे). जो जीव लोकभय से या कुलकी मर्यादा टूट जानेके भय से या अवैष्णवोंके वचनों पर आस्था रखके तदनुकूल व्यवहार करते हैं वे प्रतिबंधको स्वयं आमंत्रित करते हैं.

२.अनधिकार होने पर भी सख्य-भाव वत् प्रभु से व्यवहार करना बाधक

"श्रीआचार्यजीने अब ही दासभावको अधिकार दियो है. और यह हांसी तो सख्य भावको अधिकार भयो होई तब ही बने : ताते तेरो धर्यो भोग नाहीं अंगीकार करंगो, या प्रकार सिक्षा किये" (८४ वैष्णवकी वार्ता-३ दामोदरदास संभलवारे)

जीवका सहज दासत्व होने का कारण आत्मनिवेदन दीक्षाके पश्चात् दासभावानुसार ही करनी चाहिये, व्यर्थ में अनधिकार चेष्टा करना प्रतिबंधको गले पतित करना है.

३.सेवामें अन्याश्रय बाधक

"अन्याश्रय बराबरि दोष दूसरो नाही है. जैसे एक पति छोडिके दूसरो पति करे तब स्त्रीको सगरो धर्म जाई. ताही प्रकार अन्याश्रय रंच करे तो वैष्णवको धर्म नाश होई : श्रीभागवतमें कहे हैं भक्तिको श्रीठाकुरजी बिना और ठौर ममत्व होई सो वस्तुको श्रीठाकुरजी तत्काल नाश करे"(८४ वैष्णवकी वार्ता-३ दामोदरदास संभलवारे)

४.सेवामें अहंकार बाधक

"खडियामें बिना कहे खरची वैष्णवको भर देते. सो श्रीआचार्यजीके आगें बडाई बहोत भई. जो आवे सो (बडाई) करे. तब श्रीआचार्यजीके मनमें यह आई, जो हृदयके भीतरको भाव सुद्ध होई तब काम होई. जो अन्याश्रय न होई." (८४ वैष्णवकी वार्ता-३ दामोदरदास संभलवारे)

"जो-प्रीतिकी लोटी मोकों प्रिय है. अहंकार करि छप्पनभोग प्रिय नाही है" (८४ वैष्णवकी वार्ता-पद्मनाभदासको नाती-रघुनाथदास)

"जो श्रीनाथजीके यहां अहंकार किये तब सहजमें सेवा छूटि गई. सो सेवा छोडि दीनी. वाको आशय यह जो श्रीगोकुलनाथजीकों अहंकार प्रिय नाहीं है : काहेतें अहंकार दास-भाव में विरोधी है. ताते उत्तम कुल मद बाधक दिखाए जो एक दिन अहंकार सों सेवा छूटे. सेवा ठाकुर न करावें. यह सिद्धान्त दिखाए." (८४ वैष्णवकी वार्ता-११ गोविन्ददास भल्ला)

गोपालदासजी द्वारा नरोडामें श्रीगुसांईजीके दर्शनार्थ जाने पर मार्गमें साथ आए वैष्णवोंको बार-बार श्रीगुसांईजी द्वारा नाम सुननेकी इच्छा होने पर भी स्वयंको ही नाम दीक्षा देने के लिये योग्य समझना. इस वार्तिके भावप्रकाशकार श्रीहरिरायजी आज्ञा करते हैं : "जैसे श्रीगंगाजीकी धारा सों जल छूटि न्यारो जले रहे, सो सगरे मनुष्यनकों पाप रूप है, ताके छूवे तें दोष लगे, तद्वत् भये. यामें यह जताये, जो-गोपालदासकों स्वामी पद आयेतें जीवनको बिगार भयो. ताते दैन्यता बडो पदार्थ है. सब फलको सिद्ध करे और अहंकार महाबाधक है यह दिखाये." (८४ वैष्णवकी वार्ता-७९ गोपालदास क्षत्री-नरोडाके)

यहां यह ध्यातव्य है कि भगवत्सुख में सुख व भगवदुःख में दुःख मानना ही पुष्टिमार्गमें सेवाका मूल मंत्र माना गया है, अतः अहंकार या अहं भाव प्रतिबंधकी प्रथम सीढी है.

५.असंभावना विपरीत भावना बाधक

"एक दिन जगन्नाथ जोसी श्रीठाकुरजीकों श्रंगार करि बागो पहिरायकें राजभोग धर्यो... तब जगन्नाथ जोसीके मनमें यह आई, जो श्रीठाकुरजी बागो पहरे आरोगत हैं. सो थार छुई जायगो. सो थार लात मारिकें चौकी सों नीचे डारि दिये"

इस प्रकार श्रीठाकुरजीने बार-बार किया. इस वचन पर श्रीहरिरायजी भाव प्रकाशमें आज्ञा करते हैं-"श्रीठाकुरजीकी लीलामें श्रीठाकुरजीके स्वरूपमें दोई भावना करे तब श्रीठाकुरजी अप्रसन्न होई. एक असंभावना, एक विपरीत भावना. असंभावना यह जो श्रीठाकुरजी पराये सो विहार किये. श्रीठाकुरजी हीन जातिके घर कैसे अरोगत होइंगे? श्रीठाकुरजीके छुये तें वह वस्तु छुई जायगी. अहीर ज्ञातिके बिना न्हाये क्यों भोजन किये? श्रीठाकुरजीको फलानो रोग भयो. श्रीठाकुरजी नित्य तो प्रमान अरोगत हैं अन्नकूटमें इतनो सब कैसे अरोगेंगे? और विपरीत भावना यह-जो श्रीठाकुरजीके मुखमें बास आवेतो. ताते वासन दातन करावनो. इतनी गाई हैं सब कैसे दुहत होइंगे? आगे व्रजमें प्रकटे अब व्रजमें कहां है? : श्रीठाकुरजी एक सगरी गोपिकान सों कैसे विहार करत होइंगे? : या प्रकार असंभावना, विपरीत भावना ते श्रीठाकुरजी

अप्रसन्न होई : सो न करनो" (८४ वैष्णवकी वार्ता-जगन्नाथ जोसी)

६.सेवामें निश्चिंतता एवं आलस्य बाधक

एक क्षत्राणी द्वारा आलस्यके कारण १०-१२ दिनकी सामग्री करके निश्चिंत होना. इस प्रसंगके भाव प्रकाश में श्रीहरिरायजी आज्ञा करते हैं कि "जो निश्चिंत रहेगी तो मनको निरोध न होइगो. मन तहां भटकेगो : और क्षत्रानीने छाती याते कूटी जो यह पुष्टिमार्गकी मर्यादा है, जो वैष्णव भोग धरे सो श्रीठाकुरजी अरोगे : मैं अपने हाथ सों धरती, तो मेरे हाथ सों फल होतो. मेरी सेवा गई, सो सेवाके लिये छाती कूटी : और यह वार्तामें यह जताये, जो सामग्री श्रीठाकुरजीके लिये विचारके करिये, तो श्रीठाकुरजी प्रीति सों आरोगें, जो और मनोरथ किये, जो लोगनको समाधान करनो है, हमकों यह वस्तु बहोत भावत है, इत्यादिक भाव होइ, तो दृष्टि सों अंगीकार करें. परन्तु प्रसन्न होईके न अरोगें. ताते श्रीठाकुरजीके भाव सों सामग्री करनी"(८४ वैष्णवकी वार्ता-४३ एक क्षत्राणी, प्रयागमें रहती)

आज परिस्थिति यह है कि भोग प्रभुके लिए न होकर अन्यार्थ रखा जाता है, उदाहरण प्रतिस्पर्धाकी भावना से रखे गए ५६ भोग, कुनबारा इत्यादि.

एक वैष्णवके आलस्यके कारण जली हुई सामग्री श्रीगोवर्धननाथजीको भोग धरना और श्रीगुसांइजी द्वारा सेवा से बाहर किया जाना. (८४ वैष्णवकी वार्ता-५३ भगवानदास सांचोरा ब्राह्मण). इस संदर्भमें यह जान लेना आवश्यक है कि अधुना प्रकटित हवेलियों में 'पहोंचो पहोंचो'की आडमें छिपा हुआ आलस्य एवं मुखिया-भीतरियाओं पर सेवाका भार सोंप कर प्रकट होती निश्चिंतता और श्रीआचार्यचरण द्वारा प्रकटित सिद्धान्तों से स्नान-सूतक का सम्बन्ध नहीं रखने वाले कतिपय वैष्णव समाजका स्वयंके सेव्य प्रभुको उपेक्षित करके स्वधर्म(माने स्वतनुवित्त द्वारा, स्व-परिवार सह स्वसेव्य-प्रभुकी सेवाके) त्याग पूर्वक स्व-कल्पनानुसार आचरण करना शत् प्रतिशत् साक्षात् प्रतिबंधको आमंत्रित करना है.

७.स्व प्रतिष्ठार्थ भगवत्सेवाका नाम लेना बाधक

श्रीआचार्यचरणका नरोडा पधारने पर गोपालदासकी अनुपस्थितिमें

उनके पुत्रका उनके विषयमें पूछने पर लौकिक व्यावृत्यर्थ बाहर जाने पर भी भगवत्सेवार्थ जानेका प्रत्युत्तर देना. इसके भाव प्रकाशमें श्रीहरिरायजी आज्ञा करते हैं कि "पुष्टिमार्गकी यह रीति है जो सेवामें जाई तऊ लौकिकको नाम लेई. भगवद् धर्म प्रकाश न करे, सो भगवदीय आछे जीन न होई सो लौकिकमें हू अपनी बडाई अर्थ सबके आगे भगवद् सेवाको नाम लेई." (८४ वैष्णवकी वार्ता-७९ गोपालदास क्षत्री-नरोडाके).

एक वैष्णव जिसने गुप्त भेंट करी. इसके भावप्रकाशमें श्रीहरिरायजी आज्ञा करते हैं कि : "वैष्णवकों भगवद्धर्मको आचरन गुप्त रीति सो करनो, काहेतें? जो भगवद्धर्म बाहिर प्रगट होई तो हृदयमें तें निकसि जाय. ताते प्रतिष्ठा आदि बाधक कहे." (२५२ वैष्णवकी वार्ता-२२८ एक वैष्णव जाने गुप्त भेंट करी)

आजकी परिस्थितिका विचार करने पर यह तथ्य सामने आता है कहां सेवाका यह उच्चतम मनोभाव कि सेवार्थ जाने पर भी लौकिक कार्यका नाम लेना और कहां अधुना पुष्टि भक्तोंका यह भाव कि भगवत्सेवाके नाम पर लौकिक में स्व-सेव्य प्रभुके लिये भीख मांगनेको भी श्रीआचार्यचरणका सिद्धान्त घोषित करना

८.भक्तिमार्गमें काम बाधक

"सो वो क्षत्राणी नित्य श्रीगोकुल आवती. श्रीगुसांईजीकों देखिके निरखिके अपने घर जाती. परि मनमें वाके विषयभाव भयो : ता पाछे एक दिन श्रीगुसांईजी सों कह्यो जो मेरो मनोरथ पूरन करो. तब श्रीगुसांईजीने नाहीं करी और कह्यो जो या बात में हठ मति करि. नहीं तो तेरो बुरो होइगो.

इस प्रसंगके भाव-प्रकाशमें श्रीहरिरायजी स्पष्ट आज्ञा करते हैं कि..."जद्यपि श्रीगुसांईजी आप पूरन पुरुषोत्तम हैं. परि आप आचार्यरूप धारन कियो है. ताते आप सास्त्रनकी मर्यादाको पालन करत हैं, सो सास्त्रनमें परस्त्री गमन निषिद्ध हैं. और दूसरो अभिप्राय यह है जो भक्तिमार्गमें काम बाधक है. काहेतें जो विषय सों आक्रांत जीवनके हृदयमें प्रभुनको आवेस सर्वथा होत नाहीं. ताते श्रीआचार्यचरण 'सन्यासनिर्णय' ग्रन्थमें कहत हैं "विषयाक्रांत देहानां नावेशः सर्वदा हरेः." सो या प्रकार भक्तिमार्गमें कामको बाधक कह्यो है". (२५२ वैष्णवकी वार्ता-६५ गंगाबाई क्षत्रानी)

९.अधर्मका धन बाधक

"सो वह बाट मारतो, रस्ता लूटतो, ऐसो कर्म करतो : सो वह श्रीगुसांईजीके पास आई कहे, जो-महाराज कृपा करि मोहूकों नाम सुनाय सेवक कीजिए, तब श्रीगुसांईजी कहे, तू बाट लूटत है ताते हम तोंको सेवक नाही करेंगे : तब बाने विनती कीनी जो महाराज, आज तें में या कामकों छोरत हूं..."

इसके भाव प्रकाशमें श्रीहरिरायजी आज्ञा करत हैं कि : "जो वैष्णवकों अधर्म करि द्रव्य जोरनो नाहीं. खेती, चाकरी, बानिज्य करि निर्वाह करे तो प्रभु प्रसन्न होंई. और काहूकों कष्ट पहोंचे सो कार्य सर्वथा न करनो" (२५२ वैष्णवकी वार्ता-२०० एक बाई जाको बेटा बाट मारतो)

ऐसे और भी कितने ही प्रसंगो से वार्ता साहित्य भरा हुआ है जिनमें सुखपूर्वक प्रतिबंध रहित भक्तिमार्गको अनुसरनेकी प्रेरणा मिलती है, परन्तु स्थलाभाव व विस्तार भय से केवल वार्ता संख्याका नाम निर्देश मात्र कर रहे हैं, विशेष जिज्ञासार्थ वहीं देखें.

१.गोविन्द स्वामीकी बहन कान्हबाईकी वार्ता-१६९
२.माधुरी दास मालीकी वार्ता-१७३
३.श्रीगुसांईजीके सेवक बलाई स्त्री-पुरुष-२१६
४.स्त्री-पुरुष ब्राह्मन जाकी स्त्रीकों श्रीनाथजी सदेह ले गए-२२५
५.राजा मानसिंह दक्षिणको-१७७
६.एक पुरुष दोई स्त्री, क्षत्री वैष्णव-१८० : आदि.

४.वर्तमान देश-कालके संदर्भमें प्रतिबंधका स्वरूप और ५.समाधान

जैसा कि हम जानते हैं कि पुष्टिभक्तिमार्गके प्रवर्तक महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्य द्वारा प्रकटित भगवत्सेवा जीवके पुरुषोत्तमके साथ सम्बन्ध स्थापित करने, सर्वेन्द्रियों से भगवद् रसकी अनुभूति करने एवं इसी लोकमें दिव्य अलौकिकानुभूति प्राप्त करनेका एक सुव्यवस्थित प्रकार है.

परन्तु श्रीआचार्यचरणकी अमृतवाणीका हृदय एवं बुद्धयया अनुसरण न करनेके कारण सेवामें प्रतिबंधोकी संभावना अत्याधिक प्रबल होती जा रही है, जिसके कारण न केवल संप्रदायकी परन्तु तदनुगामियोंकी छबि भी निश्चित

धूमिल हुई है ही, इसमें लेश मात्र भी संदेह नहीं है.

श्रीआचार्यचरण जिस भगवत्सेवाके प्रबल समर्थक हैं उसी भगवत्सेवाके त्यागका भी विधान वे स्वयं ही करते हैं, जीवको निम्नलिखित प्रतिबंध उपस्थित होते हों तो त्यागका अनुकल्प विधेय है, अन्यथा नहीं. इन प्रतिबंधोका विचार श्रीआचार्यचरणने निबंधान्तर्गत सर्वनिर्णय प्रकरणके साधन प्रकरणमें किया है. यहां हम संक्षेपमें उन्हीं श्लोको पर विचार करेंगे.

''विक्षेपादथवा शक्त्या प्रतिबंधादपि क्वचित् ।
अत्याग्रहप्रवेशे वा परपीडादिसंभवे ।।''

विक्षेप, अशक्ति, प्रतिबंध, अत्याग्रह हो जाने पर और परपीडा होने पर श्रीआचार्यचरण सेवाके त्यागका विधान करते हैं.

प्रतिबंधोका स्वयं श्रीमहाप्रभुजीकी दृष्टि से अभिप्रेत अर्थ :

१.विक्षेपाद् : स्वतः प्रवृत्तिरहितानीन्द्रियाणि बलाद्भगवति योज्यमानानि विक्षेपं जनयन्ति विग्रहकर्शितानि.

२.अशक्त्या : जरया व्याधिभिर्वा यदा शक्त्यभावो.

३.प्रतिबंधाद् : लोका वा प्रतिबन्धं कुर्वन्ति.

४.अत्याग्रह : स्वस्य वा परम आग्रह उत्पद्यते. येन तमसि प्रविष्टो भगवन्तं न स्मरति.

५.परपीडा : लोकानां वा पीडां कुर्यात्, तत्र पूजा(सेवा) त्यक्तव्या.

१.विक्षेप :

श्रीआचार्यचरण आज्ञा करते हैं कि जब इन्द्रियोंकी स्वतः प्रवृत्तिको बलपूर्वक भगवानमें योजित किया जाता है तो इन्द्रियां चित्तमें विक्षेप उत्पन्न करती हैं. यहां 'पूजा' पद से 'सेवा' ही अपेक्षित है.

पतंजतिके अनुसार विघ्नके नो प्रकार हैं जो चित्तकी एकाग्रताको प्रभावित करते हैं, जो इस प्रकार हैं :

१.व्याधि-धातु, रस और करणकी विषमता से उत्पन्न ज्वरादिक.

२.स्त्यान-चित्तकी अकर्मण्यता अर्थात् सेवा करनेकी इच्छा होने पर भी करनेकी सामर्थ्य न होना.

३.संशय-मैं भगवत्सेवा कर सकूंगा या नहीं, करने पर भी सेवा सिद्ध होगी या नहीं इन दो कोटियोंका वैषयिक ज्ञान संशय है.

४.प्रमाद-भगवत्सेवाके साधनोंका अनुष्ठान न करना.

५.आलस्य-सेवामें चित्त अथवा शरीरके भारी होने कारण ध्यान न लगना.

६.अविरति-विषयोंमें तृष्णा बनी रहना और फलतया लौकिकमें वैराग्यका अभाव.

७.भ्रान्तिदर्शन-मिथ्या ज्ञान(भगवत्सेवाके साधनों तथा फलको मिथ्या जानना)

८.अलब्ध भूमिकत्व-भूमिको न पाना अर्थात् सेवाका बीज-भाव या सेवा द्वारा उद्धारका भाव या सेव्यके प्रति श्रद्धाका भाव मनमें न आना.

९.अनवस्थितत्व-प्रभुका अश्रय भाव सिद्ध होने से पूर्व ही छूट जाना,

वैसे तो जीवनमें अस्थायी विक्षेप चलते ही रहते हैं परन्तु विक्षेपके उपरोक्त प्रकार यदि स्थायी रूप धारण कर लें तो चिन्ताका विषय होने से भगवत्सेवाके त्यागका ही पक्ष स्वीकारनेके अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं बचता. अतः श्रीआचार्यचरण आज्ञा करते हैं ''पूजा त्यक्तव्या'.

२.अशक्त्या

वृद्धावस्था अथवा शारीरिक व्याधिके कारण उत्पन्न अस्वस्थता भगवत्सेवाके त्यागका हेतु बन सकती है. अतः श्रीआचार्यचरण आज्ञा करते हैं 'पूजा त्यक्तव्या'.

३.प्रतिबंध

अपुष्टिमार्गीय स्वामिक गृहमें गृह स्वामी द्वारा अविभक्त स्वत्व वाले स्व-सम्बन्धी पर भगवत्सेवा नहीं करनेका प्रतिबंध उपस्थित करने पर भगवत्सेवाका निर्वाह अशक्य है. अतः श्रीआचार्यचरण आज्ञा करत हैं 'पूजा त्यक्तव्या.'

४.अत्याग्रह

यदि हमें भगवत्सेवामें भगवानको छोडकर तदतिरिक्त वस्तुओंका

परम आग्रह पनप जाये और भगवदाग्रह गौण बन जाये अर्थात् हम भगवानका स्मरण न करके वस्तुओंका स्मरण करने लग जाएं या होने लग जाए तो ये स्थिति भगवत्सेवा करनेके लिए योग्य नहीं है क्योंकि भगवदतिरिक्त वस्तुका आग्रह स्वयं में तामसता की प्रबलताके कारण शनैः शनैः भगवद्विमुखताके द्वार खोलनेमें पर्यवसित होगा. अतः श्रीआचार्यचरण आज्ञा करते हैं 'पूजा त्यक्तव्या'.

५.परपीडा

यदि हम भगवत्सेवाका निर्वाह कर रहे हैं परन्तु यदि हमारे इस कृत्य से किसी दूसरेको कष्ट पहुंचता है तो ऐसी भगवत्सेवाका जडाग्रह रखना स्वयं अपनी ही भगवत्सेवाके मूलको उच्छेद करना है क्योंकि पर पीडा पर प्रतिकारमें परिवर्तित होगी और पर प्रतिकार भगवत्सेवाके साधनोंको असाधन बनानेमें और अंततो गत्वा सेवाका निर्वाह अशक्य बन जायेगा, अतः श्रीआचार्यचरण आज्ञा करते हैं 'पूजा त्यक्तव्या'.

श्रीहरिरायजीने भी प्रतिबंधका स्वतंत्र विचार 'शिक्षापत्र' नामक ग्रन्थमें किया है, २७वें शिक्षापत्रमें श्रीहरिरायजीने साधारण प्रतिबंधोका ही सुविशद विचार किया है, ध्यान से देखा जाए तो श्रीआचार्यचरण द्वारा उपरोक्त प्रतिबंधके स्वरूपका ही विस्तार यहां श्रीहरिरायजीने किया है, ऐसा प्रतीत होता है, यहां हम संक्षेपमें उन्हीं प्रतिबंधोका विचार यहां करेंगे. श्रीहरिरायजीने ४० बाधक गिनाये हैं जो कि इस प्रकार हैं :

१.धन : धनमद से जीवकी विवेक शक्ति नष्ट हो जाती है.
२.गृह : मेरा या मेरे पिता द्वारा बनाया गया है, ऐसी ममता बाधक है.
३.गृहासक्ति : अष्टप्रहर गृहादि कार्यो में आसक्ति.
४.लोक-वेद प्रतिष्ठा : लौकिकमें यह करूंगा तो मेरी प्रतिष्ठा बढेगी इत्यादि भाव.
५.कर्मादिमें निष्ठा : संध्या-वंदन, तर्पण, व्रत, नियम इत्यादि में निष्ठा.
६.मनमें स्वर्गादि फलकी आकांक्षा : सेवा द्वारा स्वर्ग लोकमें जाकर नाना प्रकारकी भोगेच्छा.
७.लौकिकमें परम प्रीति : देहसम्बन्धी स्त्रीपुत्रादिमें प्रीति.

८.विरुद्ध विषयेष्णा : भक्ति विरुद्ध लौकिक विषयेच्छा.
९.अविरुद्धमें आसक्ति : भक्ति विरुद्ध लौकिक विषयों में आसक्ति.
१०.विषय भोगार्थ भोजन : भगवत्सेवार्थ भोजनका भाव न रख कर विषयार्थ भोजनका भाव.
११.देहाभिमान : मदांध होना, स्वदेहको देख कर बार-बार मनमें फूलना.
१२.कुलाभिमान : "मैं उच्च कुल में हूं, मेरे समान कोई नहीं" ऐसा भाव.
१३.विद्याभिमान : "मुझे षट्शास्त्रका ज्ञान है, अन्य सभी मूर्ख हैं" इत्यादि भाव दैन्य सिद्धिमें बाधक.
१४.लौकिक-वैदिक कार्योमें दिन व्यतीत करना, भगवत्सेवामें मन नहीं लगना.
१५.देह-पोषण भाव : देह रक्षाका भाव भगवत्सेवाके लिये न होकर लौकिकके लिये होना.
१६.असत्संग : बहिर्मुखोंका संग.
१७.असमर्पित भक्षण.
१८.निवेदनके अनुसंधानका त्याग.
१९.शरण विस्मृति : अष्टाक्षर मंत्रकी विस्मृति.
२०.अन्य देवाश्रय.
२१.अन्य देवों से फलेच्छा हेतु प्रार्थना.
२२.भगवच्चित्तरहित व्यावृत्ति : मनमें असंभावना, विपरीतभावना, मिथ्याध्यान
२३.अष्ट प्रहर लौकिक व्यावृत्ति : लौकिकावेश.
२४.गुरु द्रोह.
२५.स्वाधिक्य विभावन : पुष्टिमार्गीय भगवदीयोंमें स्वयंको अधिक जानना.
२६.देहात्यंत सामर्थ्य : अहंकारके कारण किसीको कुछ नहीं गिनना.
२७.इन्द्रिय पोषण.
२८.गृहादिमें प्रीति.
२९.भार्या पुत्रादिमें मनोगति.
३०.श्रीकृष्णानुभाव रहित देशमें सतत संस्थिति.
३१.सांसारिक दुःख-सुखमें मग्नता.
३२.द्रव्य एवं कुटुम्ब वर्धनकी भावना.
३३.स्वयंके भगवद्दासत्वका विस्मरण.
३४.जीव स्वभाव गत स्वाभाविक दुष्टता.

३५.अधिकारत्व : अधिकारत्वेन अनेक जीवोंके अहितमें प्रवृत्ति.
३६.पापरति.
३७.पक्षपात : असत् मनुष्योंके साथ सहकार.
३८.हृदयक्रूरता : किसीका हित न विचारना, छल रखना.
३९.दीनजनोपेक्षा.
४०.अक्षमा : अकारण क्रोध आना, असहनशील होना.

श्रीहरिरायजी आज्ञा करते हैं कि दोष तो अन्य भी हैं परन्तु ये दोष हरिके विस्मारक होनेके कारण श्रीकृष्णके दासोंको इनसे सावधान रहना चाहिये.

स्वतंत्र विचार

जैसा कि सर्व विदित है कि प्रतिबंधके एक नहीं अनेक प्रकार हैं जिनमें से कुछ प्रतिबंधोके स्वरूपको श्रीहरिरायजीने शिक्षापत्रके अन्तर्गत निरुपित किया. कुल मिलाकर यह प्रतीत होता है कि प्रतिबंधके मुख्यतया निम्नलिखित प्रकार दृष्टिगोचर होते हैं : प्रतिबंध मुख्यतया तीन प्रकारके हैं : १.पारिवारिक २. सामाजिक और ३.सांसारिक.

१.पारिवारिक प्रतिबंध

पारिवारिक प्रतिबंध तो लगभग ८४ वैष्णवोंकी वार्ताके अन्तर्गत आए हुए सभी वैष्णवोंको आया ही है, जैसा कि हम उपरोक्त प्रसंगोमें देख ही चुके हैं, परन्तु इन उदाहरणोंमें :

"आपुकी कृपा तें मेरे द्रव्य बहोत है. मैं तो काहूसों जलको व्यौहार हू न राखोंगो. आप आज्ञा करोगे तेसें करूंगों." [१]

"अबमें आपको दास भयो अब संसारी जीव सों व्यौहार मेरे नाहीं है : कृपा करिके सरन लीजिये. और यह बहिर्मुख कब कहेगो, जो तु सेवक होउ." [२]

"जो यह माला हमारे सिरके काटे हैं. माथो जाय तो चिंता नाही

परन्तु माला तो न छोडेंगे : तुम्हारो मन होय तो हमारे भेले रहो, चहिये सो और कहो तो तुमको न्यारो घर करिकें देय : तुम कहो तेसे करे. क्लेश मति कर. परन्तु हम माला सर्वथा न छोडेंगे." [३]

"मैं तो तुम्हारो जल न पीउंगो. तुम जाय श्रीआचार्यजीके सेवक ह्वै आवो तो मेरे तुम्हारे बने. नाहीं तो मोकों थोरी सी जगह न्यारी करि देउ. तामें में रहंगो". [४]

"तब श्रीआचार्यजी कहें, तुमहु ब्राह्मन हो, योग्य हो, सेवक कैसे होउगे? तब दोउ जने कहे, महाराज हम ब्राह्मन काहे के हैं, ब्राह्मनको कर्म तो हम जानत नाही, ताते हमपे कृपा करो, सरनि लेउ, जो हमारी बुद्धि कछु उत्तम होई." [५]

"तब माता-पिता ने कही, जो यह सगरी जगह तिहारी है, जहां चेहे तहां रहो. तब दोउ भाई ने कही, जो नाही, न्यारी करि देउ. तिहारी जगहमें हम न आवे. हम रहें तहां तुम मति आवो, तो हम घरमें रहें." [६]

(१.रामदास सारस्वत, २.गदाधरदास, ३.पुरुषोत्तमदास स्त्री-पुरुष, ४.गोपालसाद बांसवाडे, ५.उत्तमदास सांचोरा ब्राहन, ६.आनन्ददास विश्वंभरदास)

यह बात स्पष्ट हो जाती है कि आत्मनिवेदन दीक्षाके पश्चात् पुष्टिमार्गको अनुसरनेकी जो ललक, निष्ठा एवं आत्मविश्वास उपरोक्त वैष्णवोंकी वार्तामें झलकता है उसका आज भयंकर दारिद्रय ही दिखलाई देता है, यह वास्तवमें खेदका विषय है और विचारणीय भी है क्योंकि श्रीआचार्यचरणने कभी किसीको कहीं भी बल जबरन पुष्टिमार्गीय बनाया हो ऐसा एक भी प्रमाण नहीं मिलता. सभी स्वयं ही स्वयंकी इच्छा से मार्गमें दीक्षित हुए हैं. अतः उन लोगोंको आए हुए प्रतिबंधोंका निवारण स्वयं उन्होंने ही स्व-बुद्धि से किया.

अधुना ब्रह्मसम्बन्धोत्तर कर्तव्योंका विचार अनावश्यक समझनेके कारण कभी हमें द्रव्यका अहंकार, कभी स्व-जातिका अहंकार अथवा पुष्टिमार्गको प्रवाह मार्ग समझकर केवल समय व्यतीत करनेका भाव या

आचार्य सम्बन्धको मिथ्या माननेका भाव अथवा प्रभु-सम्बन्धको अवास्तविक समझनेका भाव प्रतिबंधक रूप होता है, अतः जब तक जीवके हृदयमें ये भाव विद्यमान हैं तब तक प्रतिबंध रहित मार्गानुसरण असंभव है.

२.सामाजिक प्रतिबंध

सामाजिक प्रतिबंध उपस्थित होने पर भी यदि स्वयं में पूर्ण भगवद्-भाव हो, श्रीआचार्यचरणके प्रति संपूर्ण निष्ठा हो और मार्गके प्रति समर्पणका भाव हो तो सामाजिक प्रतिबंध बडी ही सरलता से दूर किया सकता है जैसा "तब सबनने कही महाराज वह वेस्या अटकावमें हू बहोत बरजे परन्तु मानत नाही सेवा करत है : पाछे श्रीगुसांईजी कहे जो-यह वेस्या करे, सो करन देउ : बाकी देखादेखी और कोई मति करियो. वा पर श्रीठाकुरजी याही भांति प्रसन्न हैं, तुम पर मर्यादा ही सों प्रसन्न होईंगे. "बेनीदास माधवदासकी वार्ताके इस प्रसंग में उल्लेख आया है.

अतः कभी जिस समाज से हम जुडे हुए हैं उस समाजके साथ कटि-बद्ध होकर स्व-धर्मको भूल कर चलनेका भाव जब भी मनमें पनपता है तो निश्चित ही प्रतिबंधोके द्वार खुलनेकी संभावना प्रबल हो जाती है.

३. सांसारिक प्रतिबंध

सांसारिक प्रतिबंध दो प्रकारके हो सकते हैं, १.आहंकारिक, २.मामकारिक.

स्वयंके अहंकार और स्वयंके ममकार प्रभुको समर्पित नहीं करनेके कारण प्रतिबंध रूप हो सकते हैं अन्यथा नहीं क्योंकि अहंकार और ममकार वास्तवमें इतने बंधनकारी नहीं हैं जितना इनको समझा गया है प्रत्युत ये तो प्रभु द्वारा प्रदत्त ऐसी भावनाएं हैं जिनका सर्वथा त्याग भगवदद्त्त अहंकार एवं ममकारके निरुपयोगमें पर्यवसित होगा और सर्वथा भोग दुरूपयोग में, अतः इनका सम्यक् तया प्रभु विनियोग ही प्राप्तका समुपयोग है. आवश्यकता है अपने अहंकारके भावोंमें श्रीकृष्णके दास होनेके अहंकार और स्वयंके ममकारमें सर्वथा कृष्णके हो जानेके ममकारको जोड देने की.

अत्यधिक स्वाहंकार या अत्यधिक स्वममकार निश्चित प्रतिबंधको आमंत्रित करनेमें मुख्य भूमिका निभाता है.

श्रीआचार्यचरण स्व-तन से स्व-वित्त सहित स्व परिवार सहित स्वसेव्य प्रभुकी समर्पणात्मिका सेवाका उपदेश करते हैं, यहां यह समझ लेना जरूरी है कि स्व-तन से अहंकारका और स्व-वित्त से ममताका प्रभु विनियोग श्रीमहाप्रभुको अभीष्ट है. अतः जब भी हम स्व-तनका सेव्य प्रभुके लिये उपयोग न करके पर-सेव्य स्वरूपार्थ करते हैं और स्व-वित्तका विनियोग स्व-सेव्य-प्रभुके लिये न करके पर-सेव्य स्वरूपार्थ करते हैं तो इसे प्रतिबंध रूपी बंध द्वारके तालेको खोलनेकी कुंजी मानना चाहिये क्योंकि यह श्रीआचार्यचरणके दिव्य एवं अलौकिक सिद्धान्तोंको तोडनेका अशुभारंभ है.

सांसारिक प्रतिबंधका उल्लेख भी वार्तामें इस प्रकार आया है कि, "गोविन्ददास भल्ला तामसी हते, सो अहंकार सो करते. स्त्री तो त्याग हू अहंकार सों कर्यो... सरीरको कष्ट पावते. परन्तु सगरे सेवकनकों नीचे करि दिये. जो मो बराबर कौन करेगो. तातें श्रीगोवर्धनधरकों आछो न लगतो." (८४ वैष्णवकी वार्ता-गोविन्ददास भल्ला) (११)

इस प्रकार अहंकार और ममकार, दोनों ही प्रतिबंध रूप हैं यदि हम उनका प्रभु से सम्बन्ध नहीं जोड पाये तो. और भी ऐसे कई वार्ता प्रसंग हैं जिनमें हमें प्रतिबंध विचारकी दिशा मिलती है परन्तु जिनको हम यहां स्थलाभावके कारण संग्रहित नहीं कर पाएं हैं, अतः केवल उन वार्ताओंका उल्लेख मात्र कर देना उचित होगा जिससे विशेष जिज्ञासाकी पूर्ति हो सके.

द्रष्टव्य (२५२-वैष्णवकी वार्ता)

१.एक बाई जाको बेटा बाट मारतो : वार्ता संख्या-२००

२.कान्हबाई : वार्ता संख्या-१६९

३.माधुरीदास माली : वार्ता संख्या-१७३

अंतमें केवल इतना कहना चाहूंगा कि वैसे तो श्रीआचार्यचरणने 'विक्षेपादित्यादि' इत्यादि श्लोकों द्वारा प्रतिबंधका स्वरूप और श्रीहरिरायजीने

उपरोक्त जिन चालीस बाधकोंके विषयमें समझाया है, उनका स्वरूप वही सम्यक् प्रकार से समझ लेने पर समाधान स्वयं ही प्राप्त हो जाता है, अतः विशेष स्पष्टीकरणकी आवश्यकता नहीं है, फिर भी श्रीआचार्यचरणकी अनुकंपा, बडो के आशीर्वाद एवं नित्य प्रातः स्मरणीय गो. १०८ श्रीश्याममनोहरजी काकाजीकी प्रेरणा व आशीर्वाद से जो समझमें आया है वही उनके शब्दों में एवं व्यक्तिगत विचार भी समाधानरूपेण लिखनेका प्रयास मात्र कर रहा हूं.

यह संभव नहीं है कि किसी कार्य वा कर्मके आरंभ होने पर और उसका साधनानुष्ठान करने पर उसमें कोई प्रतिबंध न आये और उद्वेग न हो परन्तु प्रतिबंध चाहे किसी भी प्रकारका क्यों न हो, समाधान तो प्राप्त हो ही सकता है, परन्तु यहां यह अवश्य ध्यान में रखना चाहिये कि कार्यका विषय क्या है और यदि कार्यका विषय भगवद्सम्बन्धित है, तो फिर वह केवल कार्य न होकर धर्म है, धर्मानुष्ठान है या साधनानुष्ठान है.

कोई भी साधनाप्रणाली चाहे फिर वह ज्ञानमार्गीय हो, कर्ममार्गीय हो या भक्तिमार्गीय हो उसका साफल्य तब ही सिद्ध हो सकता है कि जब वह अपने स्वरूपानुसार साधनानुष्ठानके अंगो सहितकी जाये और उसमें भी एक बात और मुख्य है, वह यह है कि साधनाप्रणालीके द्वारा जिस आराध्यकी अन्वेषणाका प्रयोजन है, उस प्रयोजन से रहित होकर तद्-तद् मार्गीय साधना या आराधना करने पर न केवल कर्ताके दिग्भ्रान्त होनेका संभावना रहती है बल्कि मार्गीय साधनाप्रणाली और मार्गका स्वरूप भी भ्रष्ट होता ही है. अतः अन्वेषणाका साधनाप्रणालीके साथ ठीक वैसा ही सम्बन्ध है जैसा देहके साथ आत्मा का. आत्मा रहित देहका अर्थ मृत शरीर है और देह रहित आत्मा, प्रेतकी स्थिति है. अर्थात् साधनाप्रणाली रहित अन्वेषणा या अन्वेषणा रहित साधनाप्रणाली दोनों ही प्रकार ईष्टतम फल प्राप्त्यर्थ अनुपयोगी हैं.

अतः जब भी कोई दीक्षा-गृहीता आत्मनिवेदन मंत्र-दीक्षा का अभिलाषी हो तब उसे अन्वेषणा किसकी है और दीक्षा दाताको किसकी अन्वेषणा है, यह जान लेना बहोत आवश्यक है क्योंकि निःस्पृह होकर भक्ति वृद्धयर्थ दीया गया दीक्षा दान और भगवत्सम्बन्धकी कामना से लिया गया

दीक्षा दान ही फलदायी सिद्ध होता है, इसमें किञ्चित् भी संदेह नहीं है अन्यथा शिष्येष्णा, वित्तेष्णा और लोकेष्णा सहित दिया गया दीक्षा दान और तैयार दर्शन-प्रसादकी भावना से अभिभूत होकर लिया गया दीक्षा-दान निश्चित ही बंध प्रतिबंधके द्वारोंको खोलेगा और खोलेगा ही यह ध्रुव सत्य है.

भगवन्मार्गमात्रस्थैस्तन्मार्गफलकांक्षिभिः।
विरक्तैरन्यतः कृष्णानुगुणासक्तांतरात्मभिः॥
स्वाचार्यं शरणं यातैस्तदिवरवाससमन्वितैः।
परित्यक्ताखिलैः स्थेयं सदा तद्दर्शनोत्सुकैः॥
इदानीमागतः कालः सर्व बुद्धिविनाशकः।
करे पतति दुःसंगो मीलिताक्षस्य चापि हि॥

चर्चा

सेवाफल ग्रन्थोक्त
साधारण प्रतिबंधका व्यावहारिक स्वरूप

श्रीमनोज गोस्वामी

गो. श्या. म. : श्रीमहाप्रभुजी सर्वनिर्णयनिबन्धमें योगको भक्तिमें विनियोग बतावें हैं. वा दिशामें व्यवस्थित विचार आज तक सम्प्रदायमें नहीं भयो है. या दृष्टिसुं सोचें तो योगमें जो प्रतिबन्ध आवे हैं उनकुं अपन भक्तिमार्गीय विघ्नकी टर्मिनोलोजीमें कैसे समझ सके हैं वो अपनकुं या पत्रसुं पता चले है.

उपनिषद्में कहे है "**एता त्रयस्त्रिंशत् देवता**". देवतान्की गणना तीनसुं शुरु होवे है. फिर बारह गिने हैं. आगे उपनिषत् ये भी कहे है के तैंतीस ही नहीं, हजार भी देवता हो सके हैं. तुमकुं वो नड़ रहे हैं! सच कहें तो देवताएं सबकुं नड़े हैं. क्योंके "**मनुष्याः वै देवपशवः**", "**तदेतत् देवानां न प्रियं यन् मनुष्या विद्युः**". देवतानकुं पसन्द नहीं आवे है के मनुष्य वो रहस्य जान जावे के जाकु जाननेसुं मनुष्य देवत्वकुं प्राप्त होवे. वहां दृष्टान्त दियो है के ऐसो कौन ग्वाला होयगो के जो अपने तबेलाकी गाय-भेंसकुं भागने देगो! व्रजलीलामें भी देवता-मनुष्यके झघड़ाकी बात खुलके वर्णित भयी है. वा झघड़ाकुं व्रजभक्तन्की सेवा करनेमें भगवानने कैसे ओवरकम् कियो वो भी वहां वर्णित भयो है. वो झघड़ा अभी भी कई लेवल्पे है. आधिभौतिक, आध्यात्मिक, आधिदैविक देवताएं कई तरहके विघ्न उपस्थित करें ही हैं. तुम घरमें सेवा नहीं कर सको हो. सेवा तो हमारी हवेलीमें ही हो सके है. सेवा तो अपरस बिना नहीं हो सके है, हम अपरस नहीं पालें तब भी सेवा कर सके हैं! सेवा नेग-भोग-राग बिना नहीं हो सके है...**तदेतत् देवानां न प्रियं यन् मनुष्या विद्युः**! जाकुं श्रीमहाप्रभुजी सिद्धान्तरहस्य तरीके समझा रहे हैं "**सेवकानां यथा लोके ...सर्वेषां ब्रह्मता ततः**" ये सब सेवाकर्ताको

युनिफायिंग् पोईन्ट है. पर ये देवानां न प्रियम्. आजके देव कहेंगे के तुम्हारे यहां तो पुरुषोत्तम बिराजे ही नहीं है. वो तो हवेलीमें ही बिराजे है. तुम्हारे यहां कोई अल्लल्लटप्पु बिराजतो होयगो. देवानां न प्रियम्. देवता और मनुष्यको निरन्तर संघर्ष है. पर उपनिषत् कहे है के ये संघर्ष एक क्षणमें दूर हो सके है "**एताः सर्वदेवता ब्रह्म इत्येकं भवन्ति**". सब देवताएं ब्रह्म सोचते ही एक हो जाये हैं. ऐसे ही ब्रह्मकी ही ये बात नहीं है. श्रीमहाप्रभुजीकी निरन्तर हैमरिंग् है के नाम-रूप-कर्मकी विविधता भी ब्रह्म इत्येकं भवति. वैसे ही जितनी भी साधनाएं हैं ...श्रीमहाप्रभुजीकी रेंज् देखो, आप कहे हैं के संसारकुं भी यदि भक्तिको अङ्ग बना रहे हो तो वो भक्ति बन जायेगो. संसार ही भक्ति बनेगो ऐसे नहीं;... ज्ञान, कर्म, संगीत, आयुर्वेद, राजनीति, व्याकरण कोईकुं भी लेलो भक्तिको अङ्ग बनानेपे वो भक्तिस्वरूप बन सके है. एक बाजु श्रीमहाप्रभुजी अन्याश्रयकुं इतनो बड़ो अपराध मान रहे हैं पर यदि वैदिक नित्य-नैमित्तिक कर्मकुं भगवदाज्ञा मानके भक्त्यङ्गतया कर रहे हो तो वामें अन्य देवताकी स्तुति भी अन्याश्रय नहीं मान रहे हैं. क्यों? ब्रह्म इत्येकता भवति. श्रीमहाप्रभुजीके या एप्रोचकुं देखें तो योगको भी भक्तिमें विनियोग करते आनो चहिये. अपन पतञ्जलिके नौकर नहीं है, अपन श्रीमहाप्रभुजीके अनुगामी हैं. पर श्रीमहाप्रभुजीकी मशाल लेके चलें तो भक्ती इत्येकता भवति.

पुष्टिभक्तिमार्गीय साधना प्रणालीमें प्रतिबन्धक : परपीड़ा

अनिल भाटिया – आशिष जोशी

उपक्रम :

श्रीमहाप्रभुजीने अपनी साधनाप्रणालीके आरम्भमें ही भक्तिमार्गपर प्रवृत्त होनेवाले जीवको पहेला उपदेश 'सिद्धान्तमुक्तावली' ग्रन्थमें "**कृष्णसेवा सदा कार्या...तत्सिद्धयै तनुवित्तजा**" बताया है. जिसकी विवृत्ति श्रीप्रभुचरण इस तरहसे कर रहे है. "**आवश्यकार्थण्यत्प्रत्यवान्त कार्यपदोक्त्या...**" इसी सेवारूपी भक्तिके बीजकी दृढता श्रीमहाप्रभुजीने 'भक्तिवर्धिनी' ग्रन्थमें "**बीजदार्ढ्यप्रकारस्तु...पूजयाश्रवणादिभिः**" श्लोकद्वारा बताई है. इस तरह सेवारूपी साधना सदा करनेसे भक्ति व्यसनदशाको प्राप्त करती है.

एक ओर तो श्रीमहाप्रभुजी देवदुर्लभ भक्तिसाधनाका उदेश कर रहे हैं तो दूसरी ओर

विक्षेपादथवाशक्त्या प्रतिबन्धादपि क्वचित्।।
अत्याग्रह प्रवेशे वा परपीड़ादि सम्भवे।
तीर्थपर्यटनं श्रेष्ठं सर्वेषां वर्णिनां तथा।।

—इस तत्त्वार्थदीपनिबन्धके सर्वनिर्णय प्रकरणके वचनमें उक्त सेवाका परित्याग कर तीर्थ पर्यटन करनेकी या पूजानुकूल देशमें स्थिति करनेकी आज्ञा कर रहे हैं. क्यों ? इस विधानको समजनेसे पहेले 'परपीड़ा' शब्दका अर्थ समझना आवश्यक हो जाता है.

परपीड़ाका अर्थ :

इस समस्तपदका विग्रह हम दो सम्भवित प्रकारसे कर सकते हैं :

१) परैः पीड़ा (तृ.त.पु): अर्थात् दूसरोंकेद्वारा सेवाकर्ताको दी जाती पीड़ा.
२) परेषां पीड़ा (ष.त.पु): अर्थात् सेवाकर्ताद्वारा दूसरोंको दी जाती पीड़ा.

परपीड़ाके पहले प्रकारको तो श्रीमहाप्रभुजीने इसी 'सर्वनिर्णय'की

कारिका "**भार्यादिरनुकूलश्चेत् ... प्रतिकूले गृहं त्यजेत्**"(२३३) में प्रतिपादित किया है. अर्थात् सेवामें जो विरोध करते हों उनका परित्याग करना. क्योंकि विष्णु विमुखका सङ्ग महाबाधक है. अतः उनके त्यागमें कोई दोष नहीं है.

'परपीड़ा'का दूसरा प्रकार 'सर्वनिर्णय' की कारिका २५०-२५१ में निरूपित है. और यही हमारे इस आलेखपत्रका मूल विषय है.

परपीड़ाका स्वरूप–मामकारिक प्रतिबन्ध/समस्या :

अपनी ममताके अतिरेकमें सेवाकर्ता घरमें स्वयं बड़ा होनेके कारण छोटोंको प्रभुमें भाव न होते हुए भी सेवा कराये तब स्वार्थ, संकोच या भय के कारण छोटे परिवार जनोंको सेवामें जुड़ना पड़ता है. ऐसेमें उनके द्वारा की जाती सेवा आन्तरिक पीड़ासे होती है. इससे प्रभुको सुख नहीं होता है. अतः इस तरहकी प्रभुको सुख न देनेवाली सेवा करनेसे तो उचित है सेवा न करना.

परपीड़ाकी परिधिमें कौन ?

अपने निवेदन करनेपर अपनी अहन्ताके साथसाथ हम अपनी ममताको भी प्रभुको समर्पित करते हैं. इस ममतामें हम किसको सम्मिलित करते हैं वो निवेदनकर्ता पर आधारित है. इस समर्पित ममताकी सीमा नहीं बांधी जा सकती. फिर भी क्योंकि श्रीमहाप्रभुजीने "**निवेदिभिः समर्प्यैव सर्वं कुर्याद् इति स्थितिः**" के नियमसे हमें बांधा है इसलिये हम कभी-कभी हमारे परिवारके सदस्य, नौकर-चाकर, पड़ोसी आदि सभीको हमारी सेवाके कारण पीड़ा देने लग जाते हैं. उदाहरणतया

(१) घरमें आजकलकी पढी-लिखी नयी बहु जिसे मार्ग या सेवा में न रुची है न उसका ज्ञान, उससे जबरन सेवा करवाना.
(२) नेग-भोग, मेंड़-मरजाद, अपरस और वैभव के कारण सेवाका ऐसा विस्तार करदें और फिर ऐसी सेवा स्वयंसे न होने पर नौकर-चाकर आदि रख कर उसे जैसे-तैसे निभानेका प्रयत्न करना.
(३) सुबह-दोपहर-शाम झांझ बजा-बजाकर अपने पास-पड़ौसीकी नीन्द/सुख-शान्ति भङ्ग करना.

क्या इस तरह सेवाद्वारा परपीड़ा दे कर हम अपने सेव्यस्वरूपमें चित्त जोड़ पायेंगे? वास्तवमें तो इस तरहके सेवाप्रकारसे तो स्वयं हमारे सेव्यप्रभु भी पीड़ा ही झेलते होंगे! तो देखो परपीड़ाके दायरेमें स्वयम् अपने सेव्यप्रभु भी आ गये!

वार्ता सन्दर्भ :

(१)कुंभनदासजीको जब श्रीगुसांइजीने पूछा " तिहारे कितने बेटा है?" तब जवाबमें कुंभनदासजीने कही "मेरे डेढ बेटा है, क्यों जो पांच तो लौकिक आसक्त है, जो वे बेटा काहे के? और पूरो बेटा चतुर्भुजदास है, और आधो बेटा कृष्णदास जो गावनकी सेवा करे है." ये सुनके श्रीगुसांइजी प्रसन्न होके कहे "जो साची बात है जो भगवदीय है वो बेटा".

(२)अम्मा क्षत्राणी के दो बेटा जो ठाकुरजीके सङ्ग खेलते. और देखके अम्मा सुख पावती...सो एक एक करकें दोनो बेटा मर गये. तब अम्मा रोवन लागी...जो प्रभुके खिलौना दोउ बेटे हते अब किनसों खेलेगें? सो भावसे अम्मा रोती और ठाकुरजी प्रसन्न होकर बरजते. अम्माको दुःख सहि न सके. और जो पुत्रको ममत्व करकें रोती तो ठाकुरजी न बोलतें.

(३) ...तब दिनकरदास मुकुन्ददास को न्हवाय नाम निवेदन कराय. सो कछुक दिन उहां रहीके मारगकी रीति सब सीखे....तब श्रीआचार्यजी ब्रह्मसम्बन्धकी पत्री लिखी हस्ताक्षर दिये. कहे इनकी सेवा करो...तब दोनो भाइ घर आये. स्त्रीजनकों रसोइ करी भोग धरि न्यारे धरी देय. काहे ते दैवी नाहीं. श्रीआचार्यजीके सेवक होनेको मन नाही...

(४)...पुरुषोत्तमदास स्त्री-पुरुषको नाम-निवेदन करवायो...और कही महाराज ठाकुरजी पधराय दीजिये तो सेवा करें. तब श्रीआचार्यजी कहे तुम्हारे माथे क्लेश आयेगो. ..तब उन दोउनकी माताने उनके गलेमें माला देखी...और कही जो ये वैरागी भये है. सो यह माला उतारो. तब पुरुषोत्तमदासने सगे-सम्बन्धी बुलायके मातासों कही कि माथो कटे पर माला न छोड़ेगें. तुम्हारो मन होय तो भेले रहो नहीं तो तुमको न्यारो घर करीके दे मनुष्य-चाकर रहेगो. जो चहिये सो लेहु...क्लेश मति करो... तब दोउकी माता

कूपमें गिरीके देह छोड़ी...तब श्रीआचार्यजीने कही क्लेश मिट्यो...तब भगवत्सेवा पधराय दीनी.

उपरोक्त सभी वार्ता प्रसङ्गोमें ये बात साफ उभरकर आती है कि प्राचीन भगवदीय वैष्णव अपनी ममताको किस तरह प्रभुकी ओर मोड़ते, जोड़ते, या तिरस्कार भी कर देते थे.

आधुनिक समयमें परपीड़ा :

आजके इस युगमें सामान्य मनुष्य भौतिक सुखको ही अपने जीवनका उद्देश्य मानकर अपने और अपनोंके भरणपोषणमें ही व्यस्त है. क्या ऐसे वातावरणमें अपने परिवारजनोंको सेवा-भक्तिकी ओर मोड़नेका कोई उपाय नहीं करना चाहिये? अवश्य करना चाहिये. जैसे किसी शिशुको आरम्भमें स्कूल जाना अच्छा नहीं लगता होत तो भी हम उसे समझा-पटाकर, चोकलेट की लालच देकर भी स्कूल भेजतें हैं. पर यह तब तक ही शक्य है जब तक वह बाल्यावस्थामें है. शिशु परन्तु जब समझदार हो जाये तब उसकी रुचि न होने पर कोई भी तरहकी जोर-जबरदस्ती उसे ज्ञानप्राप्तिके मार्गपर चलनेमें प्रवृत्त नहीं कर सकती.

इसी तरह अपने परिवारजनोंको सेवा-भक्तिके मार्गपर चलनेकेलिये कुछ हद तक कोशिश की जा सकती है. पर रुचि न होने पर उनपर सेवा लादना सभीकेलिये अतिकष्टदायक ही सिद्ध होगा.

श्रीमहाप्रभुजी 'नवरत्न' ग्रन्थमें आज्ञा करते हैं **"सर्वेषां प्रभुसम्बन्धो ...चिन्ता का स्वस्य सोऽपि चेत्"** (३) अपनी सारी आत्मीय वस्तु और सम्बन्धीओं के साथ जीवात्माका समग्रतासे प्रभुके साथ सम्बन्ध हुआ है. इस लिये अपनोंका अन्यविनियोग होता हो तो भी चिन्ता नहीं करनी. तो कैमुतिकन्यायसे हमें उनसे जबरदस्ती सेवा करवानेका प्रश्न ही कहां उठता है?

श्रीमहाप्रभुजी 'सिद्धान्तमुक्तावली'में सेवाका स्वरूप समजाते हैं **"चेतस् तत् प्रवणं सेवा"** - चित्तकी प्रवणता ही सेवा है. क्या फिर अपनोंको पीड़ा दे कर अपना चित्त सेवामें जुड़ पायेगा?

अपने प्रभु कोमल स्वभावके हैं. कृष्णदास मेघनकी वार्तामें श्रीमहाप्रभुजीके वचन "जो श्रीठाकुरजीको धुंवा समान अप्रिय और नाहीं है. ताहुं ते अप्रिय श्रीठाकुरजीकों भक्तको द्वेषी है". भावप्रकाश- "और वैष्णवको क्लेश सो धुंवा" श्रीप्रभुचरण भी श्रीगिरिधरजीको पत्रमें आज्ञा करते हैं **"जलाहरणादि कार्यं सेवकैः कार्यं किन्तु नाति श्रमेण, मत्स्वामिनः कोमल-स्वभावत्वात्"**.

ऐसी क्लेशरूप सेवासे प्रभु अप्रसन्न होते हैं यह सावधानी रखकर **"विवेकस्तु हरिः सर्वं निजेच्छातः करिष्यति"** का भाव हृदयमें स्थापन करके सेवा सहजतासे जितनी निभ सके उतनी करनी चहिये.

श्रीहरिरायजी भी 'दुःसङ्ग विज्ञानप्रकार निरुपणम्' में

बाह्याः कुटुम्बरूपा ये ते तु वित्तहराः स्मृताः।
यतस्तद्विनियोगेन वित्तं याति समर्पितम्।। (१२)

व्याख्या - जो कुटुम्बी भगवत्परायण नहीं हैं उनमें भक्तजनोंकी ममताका रहना अपने धनको लुटाना है. क्योंकि भगवत्सम्बन्धरहित कुटुम्बीजनों केलिये भगवान्को अर्पण करा हुआ धन खर्च हो जाता है.

उपसंहार :

शरीरके किसी अङ्गमें गेंगरीन् हो जाये तो उस अङ्गको एम्प्युटेट् करना अङ्गीके हितमें ही है ऐसी डॉक्टरकी सलाह मान लेनी ही उचित है. इसी तरह भक्तिमार्ग पर चलते-चलते सेवामें परपीड़ारूपी प्रतिबन्धके कारण सेवाका त्याग कर तीर्थाटन या प्रपत्तिमार्गमें रहना पड़े तो यह आज्ञा भी अन्ततः तो श्रीमहाप्रभुजीकी ही है, ऐसी श्रद्धा और निष्ठा के साथ उस आज्ञाको शिरोधारण करना चाहिये. क्यों जो श्रीमहाप्रभुजी अपने भक्तको **"कृष्ण एव तात्पर्यम्"** रूपी स्वास्थमय जीवन प्रदान करना चाह रहे हैं.

चतुर्थदिवसीय उपक्रम

गोस्वामी श्रीश्याम मनोहरजी

अपने वेदान्तिक चिन्तनके पीछे भारतको एक प्रचलित सूत्र रह्यो भयो है. वा सूत्रकुं लोगनने कितनो हॉल्हार्टेड्ली स्वीकार्यो वो बात अलग है पर सारी वेदान्तकी धारणा, उपनिषत्की अन्तरदृष्टिमें वो छायो भयो है. वो सूत्र है : **"यत् पिण्डे तद् ब्रह्माण्डे"**. गाममें भी जाओगे तो बूढे लोग याकुं बोलते भये मिलेंगे. पर आश्चर्य ये है के वेदान्तके अच्छे पण्डित भी या सूत्रकुं कोईन्की तरह वापरे हैं पर वाके इम्प्लिकेशन्पे ध्यान नहीं दें हैं. श्रीमहाप्रभुजीके विचारन्पे भी ये सूत्र एकदम छायो भयो है. यासुं **"ऐतदात्म्यमिदं सर्वं स आत्मा तत्त्वमसि"** याको दूसरे वेदान्ताचार्यन्ने जो भी अर्थ किये उनको विचार अपन यहां नहीं करेंगे पर श्रीमहाप्रभुजीको अर्थ "यत् पिण्डे तद् ब्रह्माण्डे" सूत्रके आधारपे है. "तत्त्वमसि"में न अपन 'तत्'के साथ छेड़-छाड़ कर रहे हैं, न 'त्वम्'के साथ छेड़-छाड़ कर रहे हैं. क्यों त्वम् तत् है वाको सीधोसो उत्तर है : "यत् पिण्डे तद् ब्रह्माण्डे". जब "अहं ब्रह्मास्मि" अपन कह रहे हैं तब या महावाक्यके व्याख्यानकी श्रीमहाप्रभुजीकी प्रक्रिया भी "यत् पिण्डे तद् ब्रह्माण्डे" की है. अंशाशिनोः तादात्म्यात् और उपादानोपादेययोः तादात्म्यात्. अंश पिण्ड है अंशी ब्रह्माण्ड है, उपदेय पिण्ड है और उपादान ब्रह्माण्ड है. सो "यत् पिण्डे तद् ब्रह्माण्डे" याकुं श्रीमहाप्रभुजीने हर श्रुतिवचनके व्याख्यानमें प्रक्रियाके तहत वापर्यो है. यापे अपनकुं खास ध्यान देनो चहिये. याकुं आपने स्वीकार्यो है वाके कारण **"एकविज्ञानेन सर्वमिदं विज्ञातं भवति" "यथा सौम्येकेन मृत्पिण्डेन सर्वं मण्मयं विज्ञातं स्यात् वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मत्तिकेत्येव सत्यम्"** या श्रुतिकी व्याख्या करते भये भी ये ही पॉलिसी एडॉप्ट करी है के "यत् पिण्डे तद् ब्रह्माण्डे". अंशकुं जान लोगे तो अंशी समझमें आ जायेगो. क्योंके जो पिण्डमें है सो ब्रह्माण्डमें है.

कल अपनने जो अथर्ववेदको वचन देख्यो याकुं "यत् पिण्डे तद् ब्रह्माण्डे"के प्रकाशमें देखनेको प्रयास करो. कैसे श्रुति पिण्डमें ब्रह्माण्डके सब एलिमेंट्कुं इन्कोर्पोरेट् करे है. ये ही अर्थववेदको मेसेज् है के ब्रह्माण्डके सब

तत्त्व या पिण्डमें प्रिज़र्वड् है. ये जैसे सेवाकर्ताके शरीरमें है ऐसे सेव्यके श्रीविग्रहमें भी वे ही बात है. या बातपे मैं ध्यान दिलानो चाहूंगो.

वैसे बोलनेमें अपन प्रभुकेलिये पिण्ड-ब्रह्माण्डकी बात नहीं बोले हैं. और बोलें तो इतनो मुखरतादोष भी नहीं है. क्योंके पिण्ड-ब्रह्माण्डको वहां दूसरो मोडल् **"नित्यापरिच्छिन्नतनौ प्राकट्यं चेति सा त्रिधा"**के कारण आ जावेगो. पिण्डात्मक स्वरूपप्राकट्य है और ब्रह्माण्डात्मक व्यापकता है. ये मोडल् पुष्टिमार्गके ही सेव्यस्वरूपमें है ऐसो नहीं है. याकी खुबसुरती देखें तो मर्यादाकी प्राणप्रतिष्ठाकी विधिमें "यत् पिण्डे तद् ब्रह्माण्डे"को मोडल् कैसे स्वीकार्यो गयो है वो मैं आपकुं सुनानो चाहूंगो. प्राणप्रतिष्ठाकी विधिमें वे कह्यो गयो है :

"प्राणप्रतिष्ठामन्त्रस्य ब्रह्मा-विष्णु-रुद्रा ऋषयः". ये तीनों देवता प्राणप्रतिष्ठामन्त्रके ऋषि हैं. माने उत्पत्ति-स्थिति-लय तीनों वामें आ गयो. छन्द क्या है? "ऋग्-यजुस्सामानि छन्दांसि". देवता : "क्रियामयवपुः 'प्राणा'ख्या देवता" तुम वा तरहको कर्म वा मूर्तिके साथ कर हे हो तो वो देवता प्रकट होयगो नहीं तो नहीं होयगो. "...ततः ऋष्यादिक्रमेण शिरोमुखगुह्यपादेषु विन्यस्य पृथिवी-अप्-तेजो-वायु-आकाशात्मने हृदयाय नमः". पञ्चमहा-भूतनुकुं बोलके मूर्तिके हृदयको स्पर्श करो के पञ्चमहाभूत वा मूर्तिमें हैं. "शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्धात्मने शिरसे स्वाहा". पञ्चतन्मात्राएं वाकी शिरस्थानी हैं. "श्रोत्रस्त्वक्-चक्षु-जिह्वा-घ्राणात्मने शिखायैः स्वाहा". चोटीमें सारी इन्द्रियां मौजूद हैं. "वाक्पाणि-पाद-पायूपस्थात्मने कवचाय स्वाहा. वचनादान-विहरणोत्सर्गानन्दात्मने नेत्रत्रयाय वौषट्" कर्मेन्द्रियनकी सब क्रियावें वहां हैं. "मनो-बुद्ध्यहंकार-चित्तात्मने अस्त्राय फट्" मन-बुद्धि-चित्त -अहंकार सब वामें हैं. "एवम् आत्मनि देवे च कृत्वा" या तरहसुं ये अङ्गविन्यास प्राणप्रतिष्ठा करनेवालो खुदमें भी करे और देवमूर्तिमें भी करे, रेसिप्रोकेशनकेलिये. तब प्राणप्रतिष्ठाको कर्म प्रारम्भ हो सके है. वाके बाद छेल्ले कहे हैं के "स्वागतं देवदेवेषु मद्भाग्यात् त्वम् इहागतः" मेरे बड़े भाग्यके कारण आप वहां पधारे हो. "प्राकृतं त्वम् अदृष्ट्वा मां बालवत् परिपालय" मैं प्राकृत हूं पर तू अप्राकृत है. मेरी प्राकृतताकुं माने बिना तू मेरो बालकतया परिपालन कर. "धर्मार्थकामसिद्ध्यर्थं स्थिरो भव शुभानन,

सान्निध्यन्तु सदा देव! स्वार्चायां परिकल्पय" हे देव! तुम वा अर्चामें तुम्हारो सान्निध्य परिकल्पित करो. "तावत् त्वयात्र देवेश स्थेयं भक्तानुकम्पया, भगवन् देवदेवश त्वं पिता सर्वदेहिनाम्" सब देहिनको तू पिता है. "येन रूपेण भगवन् त्वया व्याप्तं चराचरं, तेन रूपेण देवेश स्वार्चायां सन्निधौ भव" जा रूपसुं तू चराचरमें व्याप्त है वा रूपसुं तू यहां प्रतिष्ठित हो. देखो, "यत्पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे" यहां है के नहीं!

याके बाद मूर्ति विष्णुकी होवे तो विष्णुमन्त्रसुं और शिवकी होवे तो शिवमन्त्रसुं स्तुति बताई है. पर प्रतिष्ठाके पहले मर्यादामार्गके हिसाबसुं ये प्रिरिक्विज़िट् है के सारो ब्रह्माण्ड वा मूर्तिमें लाओ. अपन देवकी मूर्तिकुं पथ्थरतया नहीं पूज रहे हैं, सारे ब्रह्माण्डकुं वहां इन्वोक् कर रहे हैं. ब्रह्माण्डकी सारी समष्टिकुं वा पिण्डमें आहूत कर रहे हैं और वा तरहसुं वाकी प्रतिष्ठा कर रहे हैं.

आज तो जनोईकुं लोगनने सूतको धागा समझ लियो है. बाकि जनोई पहनते बखत भी वाके नो तासनमें ओंकार, अग्नि, नाग, सोम, पितर, प्रजापति, वायु, सूर्य, विश्वदेव, ऋग्यजुस्साम की प्रतिष्ठा और वाकी गांठमें अथर्ववेदकी प्रतिष्ठा होवे है. ऐसी जनोई अपन धारण करे हैं.

अपन समझें हैं के ये सब पुष्टिमार्गमें नहीं है. गलत बात है. अपने यहां भी ये ही मोडल् है. श्रीगुसांईजीकी पुरुषोत्तमप्रतिष्ठाविधि देखो. सबसुं पहले पुरुषसूक्तसुं मार्जन होवे है. क्यों? पुरुषसूक्तमें ये भाव है के सब कछु तू ही है. या भावसुं पहले सेव्यस्वरूपको मार्जन होवे तो वो पुरुषोत्तमको अधिष्ठान हो सके है. जाकी अपन सेवा करनो चाह रहे हैं वामें सकल ब्रह्माण्डकुं बुलाके फिर श्रीकृष्णके जन्मसुं लेके फलप्रकरण पर्यन्तकी लीलाके श्लोकनसुं स्वरूपकी प्रतिष्ठा की जावे है. ध्यानसुं समझो तो श्रीगुसांईजी माहात्म्यज्ञानकेलिये पुरुषसूक्त लावे हैं और सुदृढसर्वतोधिक स्नेहके लिये भागवतोक्त भगवत्प्राकट्यके अलग-अलग श्लोक प्रमाण-प्रमेय-साधन-फल प्रकरणनके वासुं वाकी प्रतिष्ठा करी है. ये अपनी मेथड् है "यत्पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे"की. जो पिण्डमें है वो ब्रह्माण्डमें है. ब्रह्माण्डकुं समझनो है तो पिण्डकुं समझ जाओ. अपने ठाकुरकुं समझ जाओ तो वामें सब कछु आ गयो.

कोई चीज वामें बाकी नहीं रहे है. और यदि अपने ठाकुरजीकुं ही नहीं समझे तो सारो जगत् समझ लियो फिर भी कुछ भी नहीं समझे. उपनिषत् भी ये ही कहे है के एक मिट्टिको ढेला लो, तुम सारो जगत् समझ जाओगे के मिट्टिको क्या स्वरूप है. ये "यत्पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे"की नीतिकी बात है.

"यत्पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे" को अपनो सिद्धान्त बायोलोजी भी कह रही है. एक स्टेम्सेल् लो. वामें सारो ओर्गेनिक् स्ट्रक्चर्को ब्रह्माण्ड मौजूद है. क्लोनिंग्में ये ही प्रक्रिया होवे है. एक पिण्डमें सारो ब्रह्माण्ड मौजूद है. एक स्टेम्सेल् लो, तुम चहिये जाकु क्लोन् कर सको हो. उपनिषत्ने ये बात कह रखी है के "यत्पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे" "एकविज्ञानेन सर्वमिदं विज्ञातं भवति" पर कोईकी समझमें नहीं आयी. ये अपनो बेज़िक् एप्रोच् है हर चीजकुं देखनेको. बायोलोजि वाकुं समझानेकेलिये बहोत ही मझेदार मोडल् है.

एक बात खास कहनो चाहूंगो के सेवाकर्ता, करण और सेवाके कार्य में अंकिताने विक्षेप, असिक्ति, प्रतिबन्ध, अत्याग्रह, परपीडा आदि पांचो समझाये हैं. वामें करण क्या है? करण कर्ताके द्वारा वापरी जाती कोई शक्ति है. वो कर्ताके भीतर होवे, बाहर होवे चाहे कर्ताके आसपास होवे. जैसे आंख, डंडा, मोटर आदि. करण और कर्ता मिलके अधिकरणमें रहे हैं जाकेलिये सप्तमी विभक्ति वापरी जाय है. सेल्को मेम्ब्रेन् वाको अधिकरण होवे है. न्युक्लियस् कर्ता होवे है. साय्टोप्लाइममें करण जैसे बहोत सारे एलिमेंट्स् रहे हैं जासु न्युक्लियस् सेल्फरिप्लिकेशन्के या डुप्लिकेशन्के या दूसरे काम करे है. यामें एक समस्या ये है के न्युक्लियस् जिनकुं करण तरीके वापरे है उनकी कार्यमें अक्षमताके कारण विक्षेप होवे है के जा कार्यकेलिये करण बन्यो है वाकुं वा कार्यसुं दूसरे कार्यमें वापरनेके कारण विक्षेप हो रह्यो है. पेपरमें जो पेरेललिझम् ड्रो कियो है वामें वहां क्या है और अपने यहां क्या कह्यो जा रह्यो है वामें एम्बिग्युटि है.

स्पष्टताके रूपमें एक बात समझो के श्रीमहाप्रभुजी आज्ञा करे हैं के "स्वतःप्रवृत्तिरहितानि इन्द्रियाणि बलाद् भगवति योज्यमानानि विक्षेपं जयन्ति विग्रहकर्शितानि". जिन इन्द्रियन्की सेवामें स्वतःप्रवृत्ति नहीं है उनकुं जबरदस्ती सेवामें लगानेसुं करणकी वा कार्यकुं करनेकी अक्षमताके अर्थमें विक्षेप होवे है.

एक मोडल् ये है. दूसरो मोडल् ये है के करण जा कार्यकुं करनेकेलिये बन्यो है ...क्यों? क्योंके "पराञ्चिखानि व्यतृणोत्स्वयम्भू तस्मात् पराक् पश्यति नान्तरात्मन्, कश्चिद्धीरः प्रत्यगात्मानमैक्षत् आवृत्त-चक्षुरमृतत्वमिच्छन्" न्यायसुं अपने बाह्य करण बाह्य क्रियाके साथ इंटरेक्ट् करनेकेलिये बने हैं उनकुं बाह्यमें कुछ नहीं मिले वहां लगाओगे तो वो कितनी देर वहां टिक पायेंगी! फिर तो वो विक्षेप करेंगी ही! यों दोनों तरहसुं श्रीमहाप्रभुजीके वचनको व्याख्यान हो सके है. यासुं सेल्पे भी वो मोडल् दोनों तरहसुं लागू हो सकेगो ये बात खास उल्लेखनीय हती.

ब्लड्के व्हाईट् सेल्स् अपनो डिफेन्स् मेकेनिज़ है. जब भी अपने खूनमें कोई हानिकारक तत्त्व प्रवेशे तब वो वाके ऊपर टूट पड़े हैं. वाकु घेरें हैं, चिपक जाय हैं, कुरेदके खा जायें हैं और वाकुं खतम कर देवे हैं. सोचो के ये मेकेनिज़म अत्याग्रहिल भयो. प्रतिकार करनेकी कोई परिस्थिति नहीं है फिर भी यदि ये अत्याग्रहसुं ऐसी एलर्टनेस् वापरें तब खूनमें जब कोई प्रतिकारके लायक दुश्मन नहीं मिले तो वो रक्तकणकुं ही पकड़ लेवे हैं और उनकुं ही खानो शुरु करे हैं. ये अत्याग्रह है. याके कारण ब्लड्कैंसर् होवे है.

श्वेतकण सारे ओर्गेनिक् हॉल्की रक्षाकेलिये हैं. यहां सेवा सेव्यकी रक्षकेलिये, सुखकेलिये है. मर्यादामार्गमें ऐसो नियम है के कोई भी देवकी यदि तीन दिन पूजा नहीं करी तो वाको फ्यूज़ उड जावे है. फिर वो पथ्थरकी मूर्ति हो जावे है. पूजासुं देव है और देवसुं पूजा है. अन्योन्याश्रित है. यदि आपने तीन दिन पूजा नहीं करी तो वा पथ्थर है. अपने यहां अपन ये सैद्धान्तिक तौरपे ये बात नहीं कहे हैं क्योंके आवाहन-प्रतिष्ठा अपने यहां वा नेचरमें नहीं करी गयी है. पर अपन जाने हैं के हवेलीन्में ग्वाल मंडलीको पोप्युलेशन् बढ्यो वाको कारण क्या हतो? वाकु 'ग्वालमंडली' क्यों कही, कृष्णमंडली क्यों नहीं कही? तो एम नहीं पण ओम तो अपन वो ही बात कह रेहे हैं के जब सेवा नहीं हो रही है तो दीख कृष्ण रहे हैं पर है ग्वालमंडली! पुरुषोत्तमजी साफ मना कर रहे हैं के "**उद्वासावाहने न स्तः**" पर ये एक प्रेक्टिकल् समस्या है. जब वाके साथ सेवकोचित व्यवहार करनेवालो कोई सेवक नहीं है तो बिचारो सेव्य कितनी देर बाट देखेगो? बिचारे सेव्य सोचते होंगे के जब कोई सेवा ही नहीं करे है तो मैं कृष्ण कैसो, फिर ग्वाल ही सही! बिचारे मंडलीमें जाके बिराज

जावे हैं. ये सब उपद्रव पुष्टिमार्गमें अत्याग्रहके आभारी है. वैष्णवमें अत्याग्रह पनप्यो के जा तरहकी सेवा मैं कर रह्यो हूं वा अपरसकी वा नेग-भोग-शृंगारकी तरहकी सेवा मेरो बेटा करे तो मैं मेरे ठाकुरजी घरमें रखुं नहीं तो ठाकुरजीकु घरसुं निकालके प्वालमंडलीमें विसर्जित कर दउं. एक बात सोचो के जैसी सेवा बेटाकी मां करती हती वैसी आनेवाली बहु करेगी के नहीं वा अविश्वाससुं कोई मां अपने बेटाकुं अनाथालयमें विसर्जित करे है? कोई पति ये सोचके अपनी पत्नीको विसर्जन करे है के मेरी अनुपस्थितिमें मेरो बेटा वाकी देखभाल मेरे जैसी करेगो के नहीं करेगो. इतनो अत्याग्रह कभी-कभी हत्याग्रह लगे है. या हत्याग्रहको बहोत बड़ो रोल रह्यो है पुष्टिमार्गकुं डुबोनेमें. वैष्णवके पार्टमें और गोस्वामीके पार्टमें भी के या तरहसुं नहीं कर सको तो तुम सेवा करने योग्य नहीं हो, ऐसी सेवा करो तो तुम्हारे ठाकुरजी ठाकुरजी नहीं हैं. ऐसे हत्याग्रहन्के कारण वैष्णवकी सेवा करनेकी हिम्मत, ठाकुरजीमें भावकुं निभानेको साहस खंडित हो जावे है. जैसे अपने शरीरमें श्वेतकणके अत्याग्रहके कारण कैंसर् होवे है ऐसे पुष्टिमार्गमें कैंसर् करानेमें अत्याग्रहको बहोत बड़ो रोल् है. यासुं अत्याग्रहकुं अपनकुं अच्छी तरहसुं समझनो चहिये के ये कितनो बड़ो दोष है.

श्रीमहाप्रभुजी जा अर्थमें अत्याग्रहके कारण सेवा छोड़नेकी आज्ञा कर रहे हैं वो अत्याग्रह और जा तरहके अत्याग्रहके कारण अपनने सेवा त्यागी है उन दोके बीचमें बहोत बड़ी खायी है. अपनो अत्याग्रह पुष्टिमार्गको कैंसर् है ये कहनेमें अतिशयोक्ति नहीं है.

एक उल्लेख आयो हतो के भक्ति पञ्चम पुरुषार्थ है. यामें तो कोई ननु-नचको प्रश्न ही नहीं है. ये तो श्रीमहाप्रभुजीको प्राणभूत सिद्धान्त है. पर याकी पृष्ठभूमिमें रही भयी प्राग्धारणान्पे ध्यान दो. पुरुषार्थके दो भेद हैं : त्रैवर्गिक और आपवर्गिक. धर्मार्थकाम त्रैवर्गिक हैं और मोक्ष आपवर्गिक पुरुषार्थ है. इन दोको झघड़ा एक-दूसरेकुं काटनेको है. जहां ये है वहां वो नहीं है और जहां वो है वहां ये नहीं है. भरतजी जब रामकुं पाछे लेने पधारे तब रामने भरतजीकुं पूछी है के धर्म-अर्थ-काम इन तीनों पुरुषार्थन्को तु यथाकाल अनुष्ठान कर रह्यो है के नहीं? के आपवर्गिक पुरुषार्थकेलिये भागके जंगलमें आ गयो है? तो अपने यहां पुरुषार्थके साथ कालकी धारणा

हती. सचमुचमें तो वर्णाश्रमकी धारणा पुरुषार्थके साथ जुड़ी भयी हती. ब्राह्मण चारों पुरुषार्थ करे, क्षत्रिय त्रिविध पुरुषार्थ करे, वैश्य द्विविध करे और शूद्र एकविध पुरुषार्थ करे. ऐसे आश्रम और दैनिक जीवनमें भी कालके अनुसार पुरुषार्थके विभाजन होने चहिये. अकालमें कोई भी पुरुषार्थको अनुष्ठान नहीं हो सके है. करके अपने यहां पुरुषार्थके समनुपातमें अनुष्ठान स्वस्तिक-साथिया मान्यो गयो है. बो सु अस्ति, वेल्बीइंग्, वेल्फेर क्यों है? स्वस्तिकके चारों डंडा समनुपाति होने चहिये. वो यदि लंबे-चौड़े या आडे-अवड़े भये तो समझो के अपनो स्वस्ति बिगड्यो. पुराने जमानामें पत्रकी शुरुआत 'स्वस्ति' लिखके होती हती. तुम्हारे धर्म-अर्थ-काम-मोक्षको अनुष्ठान प्रपोशनिट् बन्यो रहे. तो पुरुषार्थन्की समनुपातिता अपनी स्वस्ति हती. ये समनुपातिता वैराग्य या संसारिता की झोंकसुं बिगडी. करके एक ओर पुरुषार्थकी डिमांड् हती. वो पुरुषार्थ भक्ति तरीके आयो के जो त्रिवर्ग और आपवर्ग दोनोंके गुणन्कुं रखते भय उनके अवगुणन्कुं छोड़ सके. भक्ति वा तरहको पुरुषार्थ है. वासुं ही धर्मकेलिये जो अर्थ है, काम है या भक्ति है वो धर्म ही है. ऐसे ही अर्थकेलिये जो धर्म है, काम है, भक्ति है वो आर्थिक आयोजन ही है, धार्मिक या भक्ति नहीं है जो अपनी पुष्टिमार्गकी हवेलियें हैं. ऐसे ही कामार्थ धर्मको अनुष्ठान, अर्थको सम्पादन या भक्तिको अनुष्ठान कामपुरुषार्थ ही है, भक्ति वा धर्म नहीं है. वा ही तरहसुं मोक्षार्थ धर्मार्थकाम-भक्तिको अनुष्ठान मोक्ष ही है. ये बात जगत्कुं मिथ्या माननेवाले शंकराचार्यने भी कही है. श्रीमहाप्रभुजी भी ये आज्ञा करे हैं. वाईसेवर्सा भक्त्यर्थ अनुष्ठित चारों पुरुषार्थ भक्ति ही हैं. ये रहस्य अपनकुं भूलनो नहीं चहिये. भक्त्यर्थ अनुष्ठित धर्म भक्ति ही है, भक्त्यर्थ अनुष्ठित अर्थ भक्ति ही है, भक्त्यर्थ अनुष्ठित काम भक्ति ही है और भक्त्यर्थ अनुष्ठित मोक्ष भी भक्ति ही है. ये बात अपनकुं ''सेवोपयोगीदेहो वैकुण्ठादिषु''सुं समझमें आवे है. तुम मुक्त भी भये तो भक्त्यर्थ हो रहे हो ये बात सेवाफल ग्रन्थमें बतायी है. ये अपनो सेटप् है. यामें जब अत्याग्रह आयो तब कैसे-कैसे घोटाला अपने मार्गमें भये हैं वो देखो. अपनने भक्तिकुं अत्याग्रहवश धर्मार्थ बनादी. भक्तिकुं अत्याग्रहवश अर्थार्थ बनादी. भक्तिकुं अत्याग्रहवश कामार्थ बनादी. मोक्षार्थ बनाते होते तो कोई चिन्ताकी बात ही नहीं हती, कोई कबाड़ा नहीं होते. ये सब उपद्रव अपने यहां भये करके अपनी भक्तिमें महान् प्रतिबन्ध आये हैं.

प्रभुकी लीलामें या बातकी कितनी सावधानी रखी है वापे ध्यान दो. तदर्थताके प्रश्नमें ये बात महत्वपूर्ण रोल् अदा करे है. "न पारयेहं चलितुं नय मां यत्र ते मनः". सारो झघड़ा या बातपे है के भोग्यार्थ भोक्ता है के भोक्तर्थ भोग्य है. वहांकी सुबोधिनीमें श्रीमहाप्रभुजी स्पष्ट आज्ञा कर रहे हैं के जब रामके अवतारमें सीताजीके खो जानेपे राम रो सके हैं, वृक्ष-वृक्षसुं पूछ सके हैं के सीता कहां गयी तो राधाजी थक जावें और प्रभु उनकुं उठा लेवें वामें प्रभु कौनसे घिस जायेंगे! श्रीमहाप्रभुजीने टकासो जवाब दियो है के बात तो सच है पर कृष्णावतारमें प्रभुको वो मूड नहीं है. अभी भोक्तर्थ भोग्यको मूड है या लिये भगवान् नाराज होके अन्तर्ध्यान भये. "नय मां यत्र ते मनः" क्यों कही! जो जाकेलिये है वाकुं वाकेलिये वापरनेसुं...जैसे कल देख्यो के "देख्यो वा कुञ्जकुटीरमें बेठ्यो पलोठत राधिका पांयन" वा बखत होयगो प्रभुमें भोग्यभाव तो चरणसेवा भी कर सके हैं. आपसीको रेसिप्रोकेशन् मेइन्टेईन् करते आनो चहिये के कहां धर्मार्थ भक्ति है और कहां भक्त्यर्थ धर्म है या कहां भक्त्यर्थ मुक्ति है और कहां मुक्त्यर्थ भक्ति है वाको विभेद नहीं जान पावें तो समस्या होवे है. याको एक बायोलोजिकल् दृष्टान्त अखबारमें छप्यो है के एक जातकी मछली होवे है के जो अपनो लिङ्ग आवश्यकता अनुसार बदले है! याकुं मेटामोर्फेसिस् कहे हैं. वामें मुख्य बात सर्वाइवल्की है, नर-नारी या भोग्य-भोक्ता की बात मुख्य नहीं है. एक-दूसरेपे डिपेंडेंट होके एक-दूसरेकुं निभानेको सम्बन्ध मुख्य है. ठाकुरजी राधासुं तिरोहित हो गये तो अपने जैसेनकी क्या बिसात! वहां भी प्रश्न अत्याग्रहको ही हतो. यदि सब मछलियें अत्याग्रह पकड़के बैठ जायें के हमतो नर ही रहेंगी तो सर्वाईवल् नहीं हो पायेगो. ऐसे ही सब नारी बने रहनेको अत्याग्रह रखेंगी तब भी सर्वाइवल् कैंसल् हो जायेगो. "एकोऽहं बहुस्याम्" बहुभवनको आखो प्रोजेक्ट फ्लोप् हो जायेगो. बहुभवनता कायम रखनेकेलिये कोई नर होवे है तो कोई नारी होवे है, कोई भोग्यभावापन्न होवे है तो कोई भोक्तृभावापन्न होवे है. ये आखो बायोलोजिकल् मोडल् है, रसात्मक मोडल् है, भक्त्यात्मक मोडल् है, लीलात्मक मोडल् है. याकु कभी भूलनी नहीं चहिये.

वाके बाद अशक्तिको पत्र हतो. अशक्ति कायमें? सेवामें अशक्ति. दूसरी कोर्स अशक्तिको विचार यहां नहीं है. सेवा साधनरूपा भी है और फलरूपा भी है ये मछलीकी तरह. जब सेवाकुं साधनरूपा कह रहे हैं तब वामें

धर्मता आवे है. या पहलूमें अशक्तिको विचार है. गोपालने कही हती के धैर्यको आश्रय अलग है और भक्तिको आश्रय अलग आश्रय है. वो कौनसे एक्स्टेंट तक के साधनावस्थाको आश्रय, फलानुभूतिको आश्रय, लीलानुभूतिको आश्रय यों सब जगह आश्रयके रूप भिन्न-भिन्न होंगे. उनमेंसुं जा बखत जा तरहको आश्रय अपेक्षित है वा तरके आश्रयकेलिये अपने भीतर प्लास्टिसिटि होनी चहिये, अत्याग्रह नहीं होनो चहिये. अशक्तमें अत्याग्रह शक्तिको दम्भ है. वा दम्भसुं यहां कुछ भी होने जानो नहीं है. अशक्त अपनी अशक्तिकुं स्वीकारे और इनेक्टिव् हो जावे तो बात निभ जायेगी. और यदि दम्भ करेगो तो कुछ होयगो नहीं. क्योंके कोई भी धर्मकी धर्मताको निकष शास्त्रमें ये मान्यो गयो है के वो 'विहित होनो चहिये, 'शक्य होनो चहिये, तुम वाके 'अधिकारी होने चहिये. इन तीन कसौटीपे कोई बात यदि खरी उतर रही है तो तो कोई धर्म तुम्हारेलिये धर्म है अन्यथा वो धर्म नहीं है. सेवा अपनेलिये धर्म है पर यदि वो अपनेसुं शक्य है तो धर्म है. पर यदि अपन कोई कारणसुं अशक्त हैं तो सेवा अपनेलिये धर्म नहीं है. अपन सेवाके अधिकारी हैं तो श्रीमहाप्रभुजी अपनकुं वो अधिकार किन सूरतमें दे रहे हैं वो अपनेकुं समझनो पड़ेगो. सेवाधिकार या तो आश्रयके कारण मिले है या समर्पणके कारण मिले है. आश्रितकुं सेवककी सेवाके द्वारा सेवाधिकार है और समर्पितकुं स्वयं सेवाधिकार है. ये सेवाधिकारमें आती बाते हैं. शक्यत्वे सति विहितत्वे सति अधिकारवत्त्वे सति धर्मत्वम्. जहां इनमेंसुं एक ईंट भी सरकी सो ही सारो तामझाम गिर पड़ेगो. यापे ध्यान देनो चहिये. यामें यदि अपनने खोटो अत्याग्रह कियो के अपन समर्पित नहीं हैं ...जैसे वैष्णव सोचे हैं के गुरुके पास जायेंगे तो वो अपने गले अपरस बांध देंगे, ये करनेको कहेंगे वो कहेंगे यासुं आत्मनिवेदन मत करो, सेवा स्टार्ट करदो. ये एक अत्याग्रह है. आजके गुरु क्या कहे हैं के तुम सेवा कर ही नहीं सको हो यदि कुवा नहीं है, नेग-भोग-राग-शृंकार नहीं है तो. ये दूसरो अत्याग्रह है. या सबके कारण अपने यहांकी सेवाकी दिव्यतम साधना गड़बड़में पड़ गयी. यामें सीधो निकष ये समझनो चहितो हतो के शक्यत्वे सति विहितत्वे सति अधिकारवत्त्वे सति धर्मत्वम् अन्यथा धर्मत्वमेव नास्ति. जब धर्म ही नहीं है, साधनरूपता ही नष्ट हो गयी तब फिर फलरूपता कहांसुं आयेगी! ये विवेक अपनने खोयो.

पञ्चविध प्रतिबन्धके बारेमें मोकुं एक बात खास कहनेकी है के

श्रीमहाप्रभुजीने ''परपीडादि''में 'आदि' शब्द वापर्यो है. यासुं दोष इतने ही नहीं हैं, ओर भी हो सके हैं जो श्रीहरिरायजीने गिनाये हैं. उनने गिनाये हैं वामें भी एकाध 'आदि' मिल जायेगो. यासुं मनोजबावाने योगके प्रतिबन्धनकुं पुष्टिमार्गकी टर्मिनोलोजीमें इंटरप्रीट् करके जोडी वो अच्छी बात है. या सन्दर्भमें ये बात खास कहनो चाहूंगो के भाषासाहित्यमें श्रीमहाप्रभुजी या श्रीगुसांईजी को सेवापराध ग्रन्थ हतो. वो कितनो प्रामाणिक है वो मोकु पता नहीं है. पर सबसुं पहलो सेवापराध अष्टसखामेंसुं कोईकुं इन पिता-पुत्रमेंसुं कोईने कह्यो है. द्वारकादास परीखने बजरंग पुस्तकालय, मथुरा सुं छपवायो हतो. वाके बाद चोंसठ सेवापराध श्रीहरिरायजीने लिखे हैं. याके अलावा एक बत्तीस और सोलह सेवापराधके ग्रन्थ ओर हैं. ये सारे सेवापराध पाञ्चरात्र तन्त्रागमसुं आये भये हैं. हार्डली दो-चार अपराध प्योर् पुष्टिमार्गी हैं. तन्त्रागममें जो अपराध माने गये हते उनको पुष्टिमार्गीकरण कियो गयो है. ये अपनी एक इन्साईट् है के वो अपराध जैसे वहां है ऐसे वो अपने यहां भी हो सके हैं. वहां पूजाके सन्दर्भमें अपराध हैं, अपने यहां सेवाके सन्दर्भमें हैं. ये इन्साईट् अपनेकुं होनी चहिये. क्योंके अक्सर ऐसो होवे है के इतने ही अपराध होवे हैं ऐसो यदि अत्याग्रह अपनने रख्यो तो दुनिया ऐसी चालाक है के इन अपराधनकी मर्यादासुं बाहर जाके कोई अपराध करे तो वाकुं रोकनो कैसे! लोग तो गिना देंगे के पुष्टिमार्गमें अपराध तो इतने ही होवे हैं. मेरे साथ ऐसी ही घटना भयी. एक बालकने मोसुं आके कही के आप भागवत सप्ताहके पैसा लेनेकी ना पाड़ो हो तो ठीक है. हम सप्ताहकी घोषणा बिना पैसाके करें. पर सप्ताहके अन्तिम दिन तो पैसा ले सकें के नहीं!! वामें तो कोई दोष नहीं है न! तो आदमी चतुर है. जाकुं अपराध करनो ही है वो अपराधसुं बचनेके रस्ता निकाल ही लेवे है. यासुं ये खुशीकी बात है के अपनने नये-नये अपराधनकुं खोजे हैं. ये अपने जिंदा होनेको प्रमाण है. राधाकृष्णन् कहे है के डालीपे नये-नये पत्र उग रहे हैं वो वाके जीवित होनेको प्रमाण है. तो जैसे अपराधी नये-नये अपराधके तरीका खोजते रहे हैं ऐसे अपने पुष्टिमार्गमें नये-नये अपराधनकुं अपराधतया पहचाननेकी प्रणाली भी जिंदा रहनी चहिये.

याके बाद झालाको पत्र हतो. वाको थ्रस्ट उपदेशनिष्ठापे हतो. इनको एक चोरस बने है : उपदेश, उपदेशक, उपदिष्ट कर्तव्य और उपदिष्ट प्रयोजन. उपदेशमें निष्ठाके कारण उपदेशकमें निष्ठा. उपदेशकमें निष्ठाके कारण उपदिष्ट

कर्तव्यमें निष्ठा. उपदिष्ट कर्तव्यमें निष्ठाके कारण उपदिष्ट प्रयोजनमें निष्ठा. वों इन चारोंनको चोरस बननो चहिये. कोई भी कारणसुं ये चोरस टूट्यो तो वो जीवित धर्म नहीं रहके मिकेनिकल् धर्म बन जायेगो. सबसुं पहलो अपनो आचार्य है. वामें अपनी निष्ठा क्यों होनी चहिये? क्योंके वाके उपदेशमें अपनी निष्ठा है. उपदेशनिष्ठासुं रहित उपदेशकमें निष्ठा है, मतलब कुछ गड़बड़ी है. पहचानो के कोई प्रतिबन्ध है, अपराध है. उपदेश-उपदेशक दोनोंमें निष्ठा है पर उनके उपदिष्ट कर्तव्यमें निष्ठा नहीं है. जैसे वल्लभपन्थीकुं रोग है. ये भी गड़बड़ी है. ऐसे ही उपदिष्ट कर्तव्यमें निष्ठा वाके पीछे रहे भये प्रयोजनके कारण होनी चहिये. या तरहसुं पूरी फ्रेम बननी चहिये. अपने पुष्टिमार्गके सन्दर्भमें कर्तव्यके पीछे प्रयोजन श्रीमहाप्रभुजी बतर रहे हैं : **''श्रीकृष्णार्थं जगत् सर्वम्''**. सारो जगत् श्रीकृष्णकेलिये है. ये ब्रह्माण्डवाली स्थिति है. पिण्डमें अपने लिये उपदेश है **''भगवद्रूपसेवार्थं तत्सृष्टिः अन्यथा न भवेत्''**.

याके बादके पत्र विक्षेप और परपीडा के विषयमें हते. विक्षेप आत्मपीडा है. वाके सामने परपीडा है. एब्नोर्मल् मनोविज्ञानमें यासुं जुड़े भये तीन दोष बताये गये हैं. एक दोष है मैसेकिज़म्, दूसरो है सेडीज़म् और तीसरो है ऑब्सेसिव् पर्सनालिटि साधनावस्थाको और सिद्धावस्थामें वो होवे है ऑब्सेसिव् न्युरोसिस्. ऑब्सेसिव् पर्सनालिटि मतलब अत्याग्रह. ये तराजूको कांटा है जाके एक पल्लामें परपीडा है और दूसरेमें आत्मपीडा है. मैसेकिज़म् = आत्मपीडा और सेडीज़म् = परपीडा. श्रीमहाप्रभुजीके या सेटप्में विक्षेप और अशक्ति दोनों आत्मपीडाके उदाहरण हैं. तुम मन-शरीरसुं कमजोर हो पर अत्याग्रहके कारण लगे भये हो सेवामें तो एक बाजु आत्मपीडा होवे है. ऐसी अत्याग्रहवाली सेवाके कारण अपनेमें एक तरहको साय्कोलोजिकल् डिज़ोर्डर् पैदा भयो है जाके कारण अपन सेल्फटोर्चरिंग् करें हैं. या बाजू परपीडा और प्रतिबन्ध सेडीज़म् है. याको मुख्य लक्षण है दूसरेकुं पीडा देनेमें मजा आनो. एग्ज़र्टेशियलिज़म्को बहोत बड़ो विद्वान मोर्क्विस् द सेद भयो जाने सेडीज़म्पे बहोत नोवेल् लिखी हैं. प्रतिबन्ध क्यों परपीडा है? जिनपे अपनो बस नहीं चल रह्यो है उनकुं कोई तरहसुं परेशान करनो. परपीडा यहां वाकुं कही जा रही है के जिनपे अपनो बस चलतो होवे वाकुं परेशान करनो. मतलब, गाम विरोध कर रह्यो है, बड़े विरोध कर रहे हैं फिर भी सेवा करेंगे. तुम कौन ना पाड़नेवाले! ये सेडिस्टिक् वृत्ति है. या बाजु विक्षेप और अशक्ति में सेवा करनी

मूलमें आत्मपीडाकी वृत्ति है. वे साय्कोलोजिकल् डिज़ोर्डर् हैं ये बात अपनकुं समझनी पड़ेगी. इनकी साय्कोथेरपी करनी पड़ेगी. श्रीमहाप्रभुजी भी "विक्षेपादथवाशक्त्या"सुं अपनी साय्कोतेरपी ही कर रहे हैं जासु कि अपन स्वस्थ हो पावें.

कल एक बात आई हती के भक्तिवश अशक्ति अशक्ति नहीं है, भक्ति ही है. और अशक्तिवश भक्ति अशक्ति है, भक्ति नहीं है. ऐसे ही भक्तिवश विक्षेप भक्ति है, विक्षेप नहीं है. पर विक्षेपवश भक्ति विक्षेप ही है, भक्ति नहीं है. ऐसे ही प्रतिबन्ध, परपीडा में भी समझनो चहिये. ऐसे कहां भक्ति है और कहां भक्ति नहीं है वाके बेलेंसकु समझनो चहिये.

पुष्टिभक्ति–साधनामें महाप्रतिबंध अन्याश्रय

डॉ. गजानन शर्मा.

पुष्टिभक्ति–साधनाका सुदृढ आधार है–अन्याश्रयरहित कृष्णाश्रय

पुष्टिमार्गीय भक्ति–साधनाका केन्द्र बिन्दु और सुदृढ आधार है पुष्टिपुरुषोत्तम प्रभु श्रीकृष्णका अनन्य आश्रय. महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्यचरणने शरणमंत्र एवं ब्रह्मसम्बन्धमंत्रके द्वारा प्रभु श्रीकृष्णको ही पुष्टि जीवोंकेलिए एकमात्र शरण, अनन्य आश्रय और एकमेव गति बताते हुए उन्हींकी शरण लेकर, उन्हींको सर्वस्व समर्पित कर दासत्व भावनासे उन्हींकी भावमयी सेवा करनेका स्पष्ट एवं बारम्बार निर्देश किया है. साधन और फल दोनों ही रूपोंमें श्रीकृष्ण ही पुष्टिजीवके एकमात्र आश्रय हैं. वही पुष्टि जीवकेलिए परम श्रेयस्कर, परम हितकर एवं उद्धारका एकमात्र साधन, मार्ग और लक्ष्य है. इसीसे श्रीकृष्ण–सायुज्य रूपी फल शीघ्र ही और सुनिश्चित रूपसे मिलता है. श्रीगुसांईजी, श्रीगोपीनाथजी एवं अन्य आचार्य श्रीमहाप्रभुजीके इस अटल सिद्धान्तकी ही बारम्बार सम्पुष्टि करते हैं.[१]

अनन्यता, अन्याश्रयत्यागपूर्वक भगवत्–शरणागति या अनन्याश्रय ही भक्तिके प्रासादकी मजबूत नींव है अतः पुरुषोत्तम भगवान् श्रीकृष्णने श्रीमद्भगवद्गीतामें भक्तको केवल अपनेमें (भगवानमें) ही मन और बुद्धि लगाने तथा अन्य सर्वधर्मोंका परित्याग कर एकमात्र उन्हींकी शरणमें आनेकी आज्ञाकी है. यही अनन्ययोग तथा अव्यभिचारिणी भक्ति ही श्रेयस्करी है. नारदभक्तिसूत्रमें भी भक्ति–साधनाकेलिए अन्याश्रय–त्यागपूर्वक अनन्यताको अनिवार्य माना गया है.[२] अतः दयारामभाईने गाया है– *"हरिने भजे वळी अन्य आराधे ते अनन्य भक्त न कहावे रे."* न केवल पुष्टिमार्गमें अपितु सभी भक्ति समुदायोंमें अनन्यताको अनिवार्य माना गया है.

पुष्टिमार्गका अविचल सिद्धान्त है कि एकमात्र प्रभु श्रीकृष्णमें ही सुदृढ, अनन्य विश्वास रखो. उन्हींकी शरण लो. वे ही तुम्हारे शरण–स्थल हैं, एकमात्र आश्रय हैं. वे ही सभी ओरसे हर स्थितिमें, सब प्रकारसे रक्षा करेंगे, इसमें किसी भी प्रकारका कोई संशय नहीं है. वे ही तुम्हारा उद्धार करेंगे.

उन्हींसे तुम्हारा सब कुछ, ऐहिक-पारलौकिक तथा परम श्रेयस् सिद्ध होगा. श्रीगुसांईजीका मत है कि श्रीमद्भागवतके बारहवें स्कन्धमें भिन्नाश्रय-निवारणपूर्वक परमार्थरूप परब्रह्म श्रीकृष्णका ही गान हुआ है.[1]

आश्रयकी चर्चा किनकेलिए और क्यों?

जो व्यक्ति वैष्णवपरिवारमें जन्म लेकर, परिवारके बडे लोगोंके हठाग्रहसे अनिच्छा और अश्रद्धापूर्वक ब्रह्मसम्बन्धकी विधि जैसे-तैसे पूरी कर डालते हैं तथा जिनकी प्रभुमें प्रीति एवं निष्ठा नहीं होती उन्हें आत्मनिवेदी नहीं कहा जा सकता. उनकेलिए आश्रय या अनन्यताकी चर्चा ही व्यर्थ है. ऐसे लोग शनिवारको शनि महाराजको मत्था टेकने जाते हैं, रविवारको गायत्री मन्दिरमें साधना करने पहुंचते हैं, सोमवारको शिवजीके सामने हाथ जोडकर शिव-स्तोत्रका पाठ करते हैं, मंगलवारको हनुमानजीके मन्दिरमें हनुमान-चालीसा पढते हैं, बुधवारको गणेशजीको लड्डू चढाकर कामना पूर्तिकेलिए प्रार्थना करते हैं, गुरुवारको साईं मन्दिरमें भजन गाते हैं, शुक्रवारको देवी मन्दिरमें पूजा करते हैं. कभी मनोकामनाकी सिद्धि पर मजार पर लोबानकी धूनी देते हैं. ऐसे लोगोंकेलिए पुष्टिमार्गमें प्रवेश और सेवाके अधिकार रूप ब्रह्मसम्बन्धकी कोई सार्थकता नहीं रह जाती. उनकी न तो किसीके प्रति निष्ठा होती है और न उनका कोई आश्रय ही होता है. वे तात्कालिक लाभ या स्वार्थसिद्धिकेलिए इधर-उधर दौडते-भटकते रहते हैं. उनका ऊपरी और दिखावटी प्रेम तथा भक्तिका पाखंड स्वार्थसिद्धि तक ही रहता है. ये सच्चे वैष्णव नहीं माने जा सकते वे तो आत्मवंचना करते हैं, अपने आपको तथा समाजको छलते हैं. ये बवंडरमें निरुद्देश्य तथा विवश होकर उडते हुए सूखे पत्तोंके समान हैं. ऐसे व्यक्तियोंकेलिए आश्रय, अन्याश्रय आदिकी चर्चाका कोई महत्व नहीं है.

आश्रय-अन्याश्रयकी चर्चा तो उनकेलिए है जो प्रभु श्रीकृष्णके प्रति समर्पित होकर, प्रीतिसे, भावपूर्वक उनकी सेवा करते हैं किन्तु कभी भगवद्विमुख या महाप्रभुजीके सिद्धान्तोंसे अनभिज्ञ, या सिद्धान्तोंके अन्यथा-भ्रान्त ज्ञानसे भरे हुए अपसिद्धान्तोंके प्रचारकोंके संसर्गसे तात्कालिक लाभकी भावनासे प्रेरित होकर, या अपसिद्धान्त-प्रचारकोंसे दिग्भ्रमित होकर, सर्वसमर्थ प्रभुका आश्रय लेनेके बाद भी अन्य विभूति रूपोंका या अन्य साधनोंका

आश्रय ले लेते हैं, ऐसे लोगोंको सही दिशा और वास्तविक गन्तव्यका बोध करानेकेलिए ही आश्रयका निरूपण तथा अन्याश्रयका ज्ञान कराते हुए उससे बचनेकी चर्चाकी जाती है.

आश्रयके स्वरूपका सम्यक् ज्ञान होनेसे प्रभुके सामर्थ्य और कृपा पर उनका विश्वास जम जाता है तथा भगवद्-आश्रय सुदृढ हो जाता है. ऐसा व्यक्ति दुःसंगसे दूर रहता है, यदि कभी उसे दुःसंग हो भी जाए तो उस पर उसका प्रभाव नहीं पडता, यदि तात्कालिक कुछ प्रभाव हो भी जाए तो आश्रय भावसे विवेक सम्पन्न होकर उस कुप्रभावको धो डालता है. अन्याश्रय नहीं करता है. ऐसे व्यक्तियोंकेलिए ही आश्रयके स्वरूपका निरूपण तथा अन्याश्रयकी व्याख्या तथा उसके महाबाधक रूपका अंकन आवश्यक होता है.

आश्रयका तात्पर्य

'आश्रय' शब्दका अर्थ होता है : सहारा, अवलम्बन, शरणस्थल आदि. इसमें मुख्यतः दो भाव सन्निहित हैं १.सहारा देनेवाला तत्व और २.सहारा लेनेकी क्रिया. सभीको सहारा-आश्रय देनेवाला सबसे महान् तत्व, सर्वसमर्थ या एकमात्र वास्तविक और यथार्थ आश्रय तो परब्रह्म परमात्मा श्रीहरि ही है, जो कि सम्पूर्ण जगतका उपादान कारण, उसकी उत्पत्ति-पालन-प्रलय करनेवाले हैं.[2]

श्रीमहाप्रभुजी उन्हीं परब्रह्म परमात्मा श्रीकृष्णको एकमात्र आश्रय मानते हैं और उन्हींका आश्रय लेनेकी आज्ञा पुष्टि जीवको करते हैं.[3] उन सर्वसमर्थ और परमहितैषीका आश्रय अनन्य भावसे, सम्पूर्ण निष्ठा और अविचल विश्वासके साथ लेना चाहिए.

आश्रयका ही समानार्थी शब्द 'शरण' है. शरणमें भी दो अर्थ समाहित हैं १.रक्षक, रक्षा करनेवाला तत्व और २.घर या आश्रयस्थल. भक्तको यह भली-भांति जान लेना चाहिए कि सर्वत्र, सर्वतः, सर्वथा, सर्वथा रक्षा करनेवाले हमारे एकमात्र रक्षक प्रभु श्रीकृष्ण ही हैं अतः केवल उन्हींकी अनन्य शरणागतिसे ही हमारी कृतार्थता है.

यों भी कह सकते हैं कि साधनावस्थामें जो प्रभु शरणागतके रक्षक हैं, वे ही फलावस्थामें परम आश्रयरूप घर बनकर जीवको परमानन्द और शाश्वत शांतिके प्रदाता बन जाते हैं. वास्तवमें प्रभु ही तो एकमात्र रक्षक और परमानन्द स्वरूप है अतः वे ही साधन भी है और साध्य भी.

कुछ लोग आश्रयका विपरीत अर्थ ग्रहण कर अनर्थ करते हैं. प्रभुका अनन्य आश्रय लेनेका अर्थ यह नहीं है कि हम स्वयंको सर्वथा विवश, लाचार, असमर्थ मानकर प्रयत्न-विमुख, अकर्मठ और पुरुषार्थ-विहीन बन जावें. भगवदाश्रयी जीव प्रभुप्रदत्त साधनों-शरीर, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, प्राण, चेतना-सभीको प्रभुकेलिए ही विनियोजन कर प्रभुको ही कर्ता-कारयिता-प्रेरक-अनुमन्ता तथा स्वयंको केवल माध्यम या निमित्त मानकर, सर्वसमर्थ परमात्मा श्रीकृष्ण पर अटल-अडिग-अगाध विश्वास रखकर भगवदर्थ कर्म करता हुआ कर्तव्य-परायण होता है. वह फलरूप भी केवल भगवानको ही मानता है. भगवदाश्रयी स्वयंको दीन-हीन-पतित मानकर घिघियाता नहीं है, न परावलम्बी या अकर्मण्य बनता है और न भयग्रंथिसे आक्रान्त होकर पलायनवादी बनता है. किन्तु उसे अपने गुण, योग्यता, सामर्थ्य का अहंकार भी नहीं होता. वह भगवानको ही शक्तिका स्रोत और केन्द्र मानकर पूर्णतः निरहंकार, विनम्र (दैन्यभावयुक्त) होकर भगवदर्थ कर्म करता रहता है.

आश्रय दो प्रकारका

आश्रयके अनुरूप प्रभुका सामान्य या विशेष अनुग्रह होता है. आश्रय भी दो प्रकारका होता है : मर्यादामार्गीय आश्रय और पुष्टिमार्गीय आश्रय. मर्यादामार्गके आश्रयमें भक्त प्रभुके चरणारविन्द(प्रपद) पकडकर शरणागत होता है. ऐसे मर्यादामार्गीय प्रपन्न भक्तको प्रभु कर्म, ज्ञान, भक्ति आदि शास्त्रविहित साधन करवाकर आश्रय कराते हैं. इस साधनरूप सामान्य आश्रयसे प्रपन्न भक्त पर प्रभुका सामान्य अनुग्रह होता है.

पुष्टिमार्गीय आश्रय विशेष प्रकारका है. इसमें भगवानका अनुग्रह ही साधन है, कृपासे ही उद्धार है और स्वयं भगवान ही फल हैं. यह आश्रय फलरूप है. भगवान् अपने आनन्दात्मक स्वरूपका अनुभव कराकर भक्तको आश्रय कराते हैं. यह प्रपत्तिमार्गसे भिन्न पृथक् शरणमार्ग है.

साधनरूप आश्रय और फलरूप आश्रय

जब आश्रयभाव साधनरूप रहता है तब भक्त आश्रयरूप भगवान् श्रीकृष्णका सतत भावन, चिन्तन, मनन और विचार करते हुए तदनुसार वाणी और क्रियाके स्तर पर व्यवहार करता है. इस अवस्थामें भगवदाश्रयी जीव भगवन्निष्ठा, गुरुनिष्ठा और भगवदीय निष्ठासे युक्त होकर भगवत्सेवापरायण होता है. अनवसरमें वह सत्संग, अष्टाक्षर-पंचाक्षरकी शरणभावना-तदीय भावनासे परिपूरित होकर भगवल्लीलाके चिन्तन तथा भगवद्-गुणगानमें मग्न रहता है. उसकी वाणी और क्रिया भी तदनुकूल ही होती है. "एवं चित्ते सदा भाव्यं वाचा च परिकीर्तयेत्."[९]

आश्रयकी फलावस्थामें पूर्णानन्द, निरवधि-निरतिशय परमात्मा भावरूप भगवान् अनन्य भावसे समर्पित एकनिष्ठ भक्तके मनमें सदासर्वदाकेलिए बस जाते हैं, इस प्रकार आनन्दनिधि प्रभु रमण करने लगते हैं, वहां अन्य किसीकेलिए स्थान ही शेष नहीं रहता. सूरदासजीके शब्दोंमें कहें तो *"नाहिन रह्यौ मनमें ठौर. नन्दनन्दन अछत कैसे आनिये उर और"* यह निरोध अवस्था है. यह फलावस्थाका आश्रय भगवत्कृपासे ही सिद्ध होता है. इसीलिए चाचाजी श्रीहरिवंशजीने कहा था "मेरी सुनी हे, तेरी अब सुनेंगे."

धर्मपर्यवसायी और धर्मिपर्यवसायी आश्रय

प्रभुचरण श्रीगुसांईजीने आज्ञाकी है कि कर्म, ज्ञान, भक्ति आदि शास्त्रोक्त मार्ग जीवको मोक्ष तक ले जाते हैं, इसलिए वे धर्मपर्यवसायी हैं, धर्मिपर्यवसायी नहीं. ध्यान रहे कि भगवद्-विमुखका कोई भी धर्म सिद्ध नहीं होता. कलिकालमें ये साधन न केवल दुःसाध्य हो गये हैं अपितु इनकी फलसाधकता भी नहीं रही है.

सर्वात्मभाव ही केवल धर्मिपर्यवसायी आश्रय है. जब भक्त धीरे-धीरे प्रेम, आसक्ति और व्यसन अवस्थाओं तक चढता हुआ निरोधकी स्थितिमें भगवत्कृपासे पहुंचता है तब भक्त सेव्य-स्वरूपमय हो जाता है और समग्र जगत् भी उसके सेव्यस्वरूपमें समा जाता है. प्रभुके अतिरिक्त न कुछ दृष्टिगोचर होता है और न अन्य किसीका भान ही रहता है. यह सर्वात्मभाव ही धर्मिपर्यवसायी आश्रय है, यही श्रेष्ठ है. सर्वात्मभावकी यही परमस्थिति

जिसमें भगवदाश्रयी भक्तकी धर्मिस्वरूपमें ऐसी तन्मयता, तत्प्रवणता हो जाती है, पुष्टिभक्तिकी परमफलरूपता है. यही भगवदाश्रयी भक्तका परम सौभाग्य है.[७]

आश्रयणीय कौन होता है?

श्रीमहाप्रभुजीने दृढ एवं अनन्य आश्रय पर बल दिया है. आपने आश्रयणीय तत्वको ही भजनीय माना है. उस तत्वमें सात गुण आवश्यक बताये हैं. १.आश्रयणीय या भजनीय वही होता है जो कि स्वयं अभय हो. २.उसमें ऐसी करुणा होनी चाहिए कि जो जीव एक बार उसकी शरणमें आ जाए, उसका आश्रय लेले उसे सदाकेलिए सर्वतः भयसे मुक्त कर दे. ३.उसमें ऐसा सामर्थ्य एवं उदारता होनी चाहिए कि वह शरणागतको इस लोककी मुक्ति और परलोककी मुक्ति (मोक्ष) प्रदान करे. ४.भजनका सन्देह हो तो भी अनुषंग (अति निकट सम्बन्ध मात्र)से ही मुक्ति प्रदान करे. ५.जो स्वयं निर्दोष एवं पूर्ण गुणवाले विग्रह (स्वरूप)से युक्त हो. ६.जो अधिकारी न हो, उसे भी गति (मोक्ष)का दान करे. ७.जो दूसरे (भक्त)केलिए स्वयंके बनाये नियमका विरोध भी न माने.[८]

आश्रयणीय केवल प्रभु श्रीकृष्ण ही क्यों?

अखिल जगतके उपादान, स्रष्टा, पालक, भयकर्ता सदानन्द परब्रह्म श्रीकृष्ण ही है. जीव उन्हींका अंश है, जो कि उनसे बिछुडनेके बाद अविद्याग्रस्त और दुःखी हो गया है तथा जन्म-मृत्युके दुष्चक्रमें फंस कर भयभीत हो रहा है. भगवान् श्रीकृष्णके अतिरिक्त अन्य सभी देव प्राकृत है, अक्षरब्रह्म भी गणितानन्द है. पूर्णानन्द और सर्वथा अभय रूप तो श्रीकृष्ण ही है. उनसे जो भिन्न देखता है, वही भयग्रस्त होता है. उस अभय स्वरूप ब्रह्मके भय से, उसके शासनमें तो वायु, सूर्य, इन्द्र, अग्नि और मृत्यु भी दौडता है. वही एकमात्र अक्षय तत्व है.[९] इस प्रकार पूर्णतः अभय परम तत्व परब्रह्म श्रीकृष्ण ही है.

जो एक बार उनकी शरणमें चला जाता है. उसे वे पूर्णतः अभय प्रदान कर देते हैं. पूर्णानन्द प्रभुः आनन्दको जानने वाला कभी किसीसे नहीं डरता.[१०] प्रभु शरणागतको, आश्रितको कभी नहीं छोडते.

प्रभु श्रीकृष्ण सर्वसामर्थ्य युक्त है. उनसे ही ऐहिक-पारलौकिक सब कुछ सिद्ध होता है. वे स्वयं ही परमार्थ स्वरूप है.[११]

एकमात्र प्रभु श्रीकृष्ण ही सर्वथा निर्दोष, पूर्णगुण विग्रह है. अन्य सभी देव प्राकृत हैं.[१२]

प्रभु श्रीकृष्ण परम कृपालु हैं. वे जीवके साधन और उसकी पात्रता या अधिकारका विचार न कर अपने प्रमेय बलसे शरणागत जीवका उद्धार कर देते हैं. उन्होंने सुसाधन, निःसाधन, पुष्ट साधन यहां तक कि निन्दित कर्मोंमें निरत और अनधिकारी जीवोंका भी उद्धार किया है. यहां तक कि वे शास्त्र-विहित, अविहित, निषिद्ध कर्मोंको भी उद्धारका बहाना बना लेते हैं. वे काम, भय, द्वेष पूर्ण सम्बन्धोंको भी उद्धारका आधार बनालेते हैं. वास्तवमें वे साधनों पर विचार ही नहीं करते उनकी कृपा ही जीवके उद्धारका एकमात्र साधन हैं. अतः दुराचारी, पापियों तकका उद्धार कर देते हैं. ऐसा परम कृपालु और परम उदार अन्य कौन है?[१३]

प्रभु श्रीकृष्ण भक्तोंकेलिए अपने नियम और प्रतिज्ञाके विरुद्ध कार्य करनेमें भी संकोच नहीं करते. भीष्मजीका उदाहरण प्रसिद्ध ही है. *"परम प्रेमके पाले पडकर प्रभुको नियम बदलते देखा."*

इस प्रकार एकमात्र आश्रयणीय केवल भगवान् श्रीकृष्ण ही है. यदि इस तत्वको समझ लिया तो शरणागत कभी अन्याश्रयका विचार भी मनमें नहीं आने देगा. प्रभुके स्वरूप और सामर्थ्यका अज्ञान अन्याश्रय दोषका कारण बनता है. अतः यह विवेचन किया गया है.

अन्याश्रय महाबाधक क्यों है?

श्रीमहाप्रभुजी, श्रीगोपीनाथजी, श्रीगुसांईजी, श्रीहरिरायजी सभीने अन्याश्रयको महाबाधक मानकर अन्याश्रयत्यागपूर्वक भगवान् श्रीकृष्णकी सेवा करनेकी आज्ञा की है. श्रीगुसांईजी अन्य सम्बन्धकी गन्धको भी गलेकी फांसकी तरह मानते हैं तथा श्रीहरिरायजी इससे डरते रहनेकी आज्ञा करते हैं.[१४]

इन आज्ञाओंके सन्दर्भमें यह जान लेना उचित होगा कि अन्याश्रय बाधक क्यों है? कुछ कारण इस प्रकार हैं :

१.अन्याश्रय भगवत्-पदाश्रयका विरोधी है.[१५]

२.प्रभु अनन्य भक्तिसे ही प्रसन्न होते हैं. अन्याश्रयसे प्रभु अप्रसन्न होते हैं तथा अन्याश्रय लेनेवालेसे उदासीन हो जाते हैं.[१५]

३.ब्रह्मसम्बन्धी जीव प्रभुको सब कुछ समर्पित कर पतिव्रत धर्मको स्वीकार करता है-''जो पतिव्रत तो या ढोटासों, इन्हें समर्प्यो देह.'' अन्याश्रय पतिव्रत धर्मकी दृष्टिसे चरित्रहीनता है. महा अपराध है. गीतामें भी भगवानने अव्यभिचारिणी भक्ति पर बल दिया है. अन्याश्रय तो व्यभिचार ही होगा.[१६]

४.अन्याश्रयसे शरणधर्म भंग हो जाता है.[१८]

५.यदि अन्याश्रय है, तो भक्ति नहीं है, छल है. जो सबके होते हैं, वे किसीके नहीं होते. ऐसे लोगोंको दयारामभाई अनन्य भक्त नहीं मानते-''हरिने भजे बळी अन्य आराधे, ते अनन्य भक्त न कहावे रे.'' पतिव्रता केवल पतिकी होती है, गणिका सबकी होती है.

६.अन्याश्रय तो सत्पुरुषके चित्तको भी तत्काल, तत्क्षण बहिर्मुख, भगवद्विमुख बना देता है.[१९]

७.यदि जीवनमें अन्याश्रय है, तो सत्संग, असमर्पितका त्याग और भगवद्गुणगान भी सिद्ध नहीं होंगे. फिर भगवत्सेवा कैसे सिद्ध हो सकती है? अतः अन्याश्रय सर्वथा त्याज्य है.

८.प्रभु परम दयालु हैं, कृपा सागर हैं अतः स्वयंके सेवकोंके अन्याश्रयका निवारण भी करते हैं. उन्होंने व्रजभक्तोंको इन्द्रपूजनरूप अन्याश्रयसे छुडाया. अम्बिकापूजनरूप अन्याश्रयसे नन्दरायजीको दंड देकर छुडाया. अतः अन्याश्रय त्यागपूर्वक निरन्तर प्रभु श्रीकृष्णका स्मरण और उन्हींकी सेवा करनी चाहिए.[२०]

९.प्रभु जिसे अपना लेते हैं, उसका सर्वथा परित्याग नहीं करते. दंड देकर भक्तोंके अन्याश्रय दोषका परिमार्जन भी कर लेते हैं तथा पुनः उन्हें अपना लेते हैं. इसी कारण अलीखान और उसकी बेटीको अगले जन्ममें श्रीगुसांईजीके सेवक बननेकी प्रेरणा दी और अपना लिया. इसी प्रकार दामोदरदास संभलवाले दम्पत्तीको म्लेच्छपुत्रके माता-पिता बननेका दंड मिला किन्तु महाप्रभुजीने इन भगवदीयोंका त्याग नहीं दिया.

१०.प्रभु कभी-कभी अन्याश्रय लेनेवाले भक्तोंके प्रति अत्यन्त कठोर हो जाते हैं तथा उन्हें सेवासे वंचित कर देते हैं. उदाहरणार्थ उज्जैनके पासकी वैष्णवने भूमि नापनेवाले अधिकारीके प्रति आश्रय भाव व्यक्त किया तो

श्रीठाकुरजीने उसके घरका त्याग कर दिया. कृष्णभट्टने उचित ही कहा था कि लोगोंके सामने श्रीठाकुरजी और अपनी वैष्णवताका प्रदर्शन तो वैष्णवताको बेचना है. ऐसे व्यक्तिकी सेवा प्रभु स्वीकार नहीं करते. जो व्यक्ति आज श्रीठाकुरजी एवं अपनी वैष्णवताका प्रदर्शन कर वैष्णवताको बेचते हैं, उनकी सेवा भी पुष्टि पुरुषोत्तम स्वीकार नहीं कर रहे हैं. यही लगता है.

११.सभी भक्तिशास्त्रोंमें अन्याश्रयको महाबाधक माना गया है. हारितस्मृतिमें भी अन्य देवके दर्शन, नमस्कार, उनके मन्दिरमें जाने और उनका प्रसाद लेनेका निषेध है.[१०३]

अन्याश्रयके सन्दर्भमें अन्य कौन है?

महाप्रभुजीने अन्याश्रयके सन्दर्भमें 'अन्यके भजन'की वर्जनाकी है. यह विचारणीय है कि अन्य किसे माना जाए तथा अन्यकी परिधिकी व्याप्ति कहां तक है? गो. श्रीगोपीशजीने श्रीगुसांईजीके 'न्यासादेश'के अनुरूप अन्यका अर्थ 'अन्यदेवता' मानकर आज्ञाकी है कि महाप्रभुजीने अन्य देवताका भजन न करनेका निर्देश दिया है तथा श्रीगुसांईजी भी 'न्यासादेश'में यही आज्ञा करते हैं.[११] श्रीगुसांईजीने स्पष्टतः आज्ञाकी है कि यदि परिवारमें परम्परासे किसी इतरका भजन होता चला आ रहा है तो भी भगवदाश्रयी वैष्णवको इतर देवताका भजन (सेवा-पूजा) नहीं करना चाहिए.[११] श्रीगोपीनाथजी भी 'अन्य'का अर्थ 'अन्यदेव' ही मानते हैं.[११]

गो. श्रीरघुनाथजी 'अन्य' का अर्थ ''भगवद्भक्तके अतिरिक्त अन्य'' मानकर उनके भजन, सेवनका निषेध करते हैं. संभवतः उन्हें श्रीगोपीनाथजीसे यह संकेत प्राप्त हुआ होगा. क्योंकि आपश्रीने अवैष्णवोंके साथ रहने-बसने और संसर्ग रखनेका निषेध किया है.[२४] गो. श्रीरघुनाथजीने श्रीगोपीनाथजीकी 'साधनदीपिका'के अनुरूप अपनी विवेकधैर्याश्रयकी टीकाको भी 'दीपिका' कहा है, इससे उपर्युक्त अनुमानको बल मिलता है.

गो. श्रीश्याममनोहरजीके अनुसार 'अन्यदेव'का अर्थ है : ''भगवानके ऐसे देवरूप कि जिनको पुष्टिमार्गीय सेवा-प्रणालीमें मान्य नहीं किया गया है.'' 'कृष्णएव गतिर्मम' तथा 'कृष्णएवाश्रयो मतः'के संदर्भमें अन्य या इतरकी

व्याख्या करते हुए आपश्रीने स्पष्ट किया है कि 'एवकार इतर व्यावर्तक' माना जाता है. श्रीकृष्णके मूलरूपके अलावा अन्य सारे विभूति रूप, लौकिक हों या अलौकिक, जड हों या चेतन, देव-दानव-मानव-पशु-पक्षी इत्यादि सभी रूपोंको भक्तिमार्गीय एवं पुष्टिमार्गीय आश्रयके दृष्टिकोणसे इतर (अन्य) माना जाता है. अतएव सभी विभूतिरूप एवकारके द्वारा व्यावर्तनीय माने जाते हैं. अतएव विभूतिरूप आश्रयणीय नहीं है.[१५] एकमात्र रसात्मा श्रीकृष्ण ही आश्रय हैं. वे ही आश्रय लेने योग्य हैं अतः केवल उन्हींका आश्रय लेना चाहिए, अन्य किसीका नहीं.

क्या श्रीयमुनाजी, श्रीगिरिराजजी, श्रीमहाप्रभुजी और भगवदीय भी 'अन्य' है?

यदि मूलरूप श्रीकृष्णके अलावा अन्य सभी रूप इतर या अन्य है, आश्रयणीय नहीं है तो श्रीयमुनाजी, श्रीगिरिराजजी, श्रीमहाप्रभुजी और भगवदीयोंका गुणगान भी अन्याश्रय माना जाएगा. किन्तु पुष्टिमार्गमें तो इनके आश्रयका महत्व है. सैद्धान्तिक दृष्टिसे सही स्थिति क्या है? इस पर विचार किया जाना आवश्यक है, जिससे वैष्णवोंके मनमें किसी प्रकारकी द्विधाकी स्थिति न रहे.

श्रीयमुनाजी

पुष्टिमार्गमें श्रीयमुनाजीका स्तवन होता है. उनके गुणगान-सम्बन्धी पद भावपूर्वक गाये जाते हैं. स्वयं श्रीयमुनाजीकी स्तुति श्रीमहाप्रभुजीने 'यमुनाष्टक' स्तोत्रकी रचना करके की है. वैष्णवजन नित्य व्यक्तिगतरूपसे तथा सामूहिकरूपसे यमुनाष्टकका पाठ करते हैं.

इस विषयमें यह ज्ञातव्य है कि पुष्टिमार्गमें जिन श्रीयमुनाजीको सेव्य कोटिमें माना जाता है, वे पुराणोंमें वर्णित कूर्मवाहिनी यमुनादेवी नहीं है. पुष्टिमार्गमें श्रीयमुनाजी गोलोकमें स्थित स्वामिनीजी स्वरूपा हैं, जो कि साक्षात् भगवद्रूपा हैं. उनके सम्बन्धमें ब्रह्मवैवर्त पुराणमें श्रीगर्गाचार्यने कहा है कि भगवान् श्रीकृष्ण ही लीलार्थ श्रीकृष्ण और श्रीयमुनाजी, इन दो रूपोंमें विभाजित हुए हैं. इस प्रकार श्रीयमुनाजी द्विगुणभावसे कृष्णस्वरूपा हैं.[१६]

श्रुतियोंके आधार पर श्रीहरिरायजी यह प्रमाणित करते हैं कि

श्रीयमुनाजी सूर्यमण्डलमें स्थित घनीभूत रसात्मा भगवान् नारायणके हृदयानन्दसे आविर्भूत द्रवीभूतरसात्मिका हैं, वे पुष्टिलीलाकी प्रसिद्धिकेलिए भूतल पर पधारी हैं. २७ वे कालप्रवाहमें बहते हुए जीवोंको वहांसे बरबस खींच कर अपने साथ बहाती हुई, उन्हें श्रीकृष्णकी दिव्य, मधुरलीलाओं तक पहुंचा देती है. वे जीवको साक्षाद् भगवत्सेवोपयोगी देहकी प्राप्ति, विविध पुष्टिलीलाओंके दर्शन करपानेका सामर्थ्य, लीलारसानुभवका सामर्थ्य, सर्वात्मभाव आदि पुष्टिमार्गीय सिद्धियां प्रदान करती हैं, भगवद्भावसे सम्पन्न करती हैं, भगवत्सम्बन्धीके प्रतिबन्धों/विघ्नों और कलि-दोषोंको भी दूर करती हैं, परमानन्दात्मक प्रभुके उच्छलित आनन्दकी इस रसधारामें स्नानसे प्रभुअंगसंगकी सिहरन पैदा होती है, उनकी कृपासे पुष्टिजीवोंका स्वभावविजय होकर भगवत्प्रेमभाजनता सम्पादित होती है और जीव पुष्टिमार्गमें प्रवेशयोग्य बनता है. पुष्टिप्रभुने अपने गुणधर्म और रूप श्रीयमुनाजीमें भी प्रकट किये हैं अतः श्रीयमुनाजीसे सम्बन्ध होना परब्रह्म परमात्मा भगवान् श्रीकृष्णके साथ अनायास सम्बन्ध होना है. अतः उनका आश्रय अन्याश्रय नहीं है. यह स्मरणीय है कि पुष्टिमार्गमें स्वतन्त्र रीतिसे भजनीय-आश्रयणीय तो एकमात्र श्रीकृष्ण ही है, श्रीयमुनाजी उनके साथ तद्रूपमें भजनीय है. उनकी स्तुतिसे फलरूप श्रीकृष्णकी ही प्राप्ति होती है.

श्रीमहाप्रभुजी

श्रीगुसांईजीने श्रीसर्वोत्तमस्तोत्र, श्रीवल्लभाष्टक, स्फुरत्कृष्णप्रेमामृत आदिमें श्रीमहाप्रभुजीके दिव्य स्वरूपको प्रकट करते हुए सार रूपमें आपश्रीको 'वस्तुतः कृष्णएव', कृष्णरूप ही बताया है.

श्रीहरिरायजीने स्पष्ट किया है कि भगवद्भाव प्रमेयबलके बिना अन्य किसी साधनसे उपलब्ध नहीं होता. अतः अनवतार दशामें दैवी जीवोंके उद्धारकेलिए प्रभु श्रीकृष्णने करुणा करके भावात्मक मुखारविन्दरूप वैश्वानरको श्रीमदाचार्यरूपमें प्रकट किया है. उन्हींके सम्बन्धसे भगवद्भाव, भगवद्-स्वरूपानन्दकी प्राप्ति होती है. अतः श्रीआचार्यजीका आश्रय करके सदानन्द श्रीकृष्णका भजन करना चाहिए. आचार्यश्री ही पुष्टिपुरुषोत्तमका स्वरूप तथा रहस्य जताते हैं और उनसे जीवका पुष्टिसम्बन्ध सिद्ध करते हैं. प्रभु उन्हींके द्वारा जीवका वरण करते हैं. अतः उनके अतिरिक्त अन्य किसीको आश्रयणीय

कहना या उनके समान बताना आसुरत्व है. इसी कारण आचार्यजीके वचनों पर सन्देह करनेको अन्याश्रयरूप दोष/अपराध वार्ता-साहित्यमें बताया गया है.[२८]

श्रीगुसांईजीकी स्पष्ट घोषणा है कि श्रीमदाचार्यके आश्रयसे भक्तिके प्रतिबन्धोंका विनाश होकर कृष्णाधरामृतके आस्वादरूपा सिद्धिकी प्राप्ति होती है तथा उनका सेवक प्रभुको जो निवेदित करता है, प्रभु उसे साक्षात् आरोगते हैं. इस प्रकार श्रीमदाचार्यका आश्रय तत्वतः कृष्णाश्रय ही है और उसका फल स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण हैं. परमार्थरूप एवं आश्रय तो भावात्मा श्रीकृष्ण ही हैं किन्तु श्रीमदाचार्यकी कृपासे ही भावका उदय होता है. श्रीगुसांईजीका मत है कि भागवतजीमें 'वचोविभूतीः' कहनेसे श्रीमदाचार्यका ही बोध होता है.[२९]

श्रीहरिरायजी महाप्रभुने स्पष्ट किया है कि पुष्टि प्रभु, श्रीयमुनाजी और श्रीमदाचार्यचरण समानधर्मा हैं. वे तीनों सजातीय धर्मवाले हैं क्योंकि तीनों ही भाववृद्धि करते हैं. प्रभु विरह देकर, श्रीयमुनाजी अपने दर्शनोंसे तथा प्रभुका स्मरण कराकर और आचार्यश्री ब्रह्मसम्बन्ध करवा कर निजजनोंको तापक्लेश प्रदानकर भाववर्धन करते हैं. इस प्रकार तीनों सजातीय धर्मवाले हैं.[३०]

उपर्युक्त विवेचनसे स्पष्ट हो जाता है कि श्रीयमुनाजी और श्रीमदाचार्यका आश्रय भगवदाश्रयसे भिन्न आश्रय नहीं है. यह भगवदाश्रयको दृढ करनेवाला परम उपकारक है अतः इनके आश्रयसे कृतार्थता मानी जाती है.

भगवदीय

गो. श्रीरघुनाथजी अन्याश्रयका अर्थ 'भगवद्-भक्तके अतिरिक्त अन्य'के भजनको मानते हैं. अर्थात् उनके मतानुसार भगवद्भक्तका आश्रय भगवदाश्रय ही है. श्रीगुसांईजीकी भी आज्ञा है कि भावात्मा भगवानकी अलौकिक लीलोपयोगी संसिद्धि हो जानेसे भगवद्भक्तकी देह भावसे परिपूरित हो जाती है. उस स्थितिमें भगवदीय (मेघके समान) श्रीहरिका भी हरि (दुःखहर्ता) हो जाता है. ऐसे भक्तको आश्रय समझना चाहिए.[३१]

श्रीगिरिराज

व्रजवासी जब इन्द्रपूजन करके अज्ञानवश अन्याश्रयकी भूल करने जा रहे थे तब स्वयं प्रभु श्रीकृष्णने उन्हें श्रीगिरिराजपूजनकी आज्ञा करके उनके अन्याश्रयका निवारण किया था. प्रभुने स्वयं गिरिराजरूपसे व्रजवासियोंका पूजन स्वीकार किया था. गिरिराज हरिदासवर्य हैं. वे प्रभुकी लीलाके साधन, वातावरण उपस्थित करते हैं. प्रभुके सम्बन्धसे ही उनका भगवद्रूपमें भगवल्लीलाके परम उपकारक और हरिदासवर्य एवं परम भगवदीय रूपमें वन्दन, पूजन, अर्चन किया जाता है. यह अन्याश्रय-निवारक है, अन्याश्रयका कारक नहीं. श्रीगिरिराजकी कृपासे भगवल्लीलाकी स्मृति, अनुभूति और साक्षात्कार होता है.

अन्याश्रयका स्वरूप, भेद और विविध आयाम

भगवदाश्रयके बाधकरूप अन्याश्रयकी श्रीमहाप्रभुजीने तीन स्थितियां मानी है. १.अन्यका भजन, २.वहां स्वतः गमन और ३.अन्यत्र प्रार्थना करना. पुष्टि भक्तको इन तीनोंका सर्वथा परित्याग कर देना चाहिए.[३२]

१.अन्यका भजन

भगवानके ऐसे देवरूपका भजन सर्वथा नहीं करना, जिसे पुष्टिमार्गीय सेवाप्रणालीमें मान्य नहीं किया गया हो. अन्य देवका भजन चाहे सकामरूपसे किया जाए अथवा निष्कामरूपसे, दोनों ही रूपोंमें अन्य देवभजन अन्याश्रय है. अतः अन्य देवका भजन-पूजन-अर्चन नहीं करना चाहिए. केवल प्रभु श्रीकृष्ण ही भजनीय हैं.

२.अन्य देवके मन्दिरमें स्वतः नहीं जाना

स्वतः अर्थात् अपनी ओरसे-चलाकर-स्वेच्छासे किसी अन्य देवके मन्दिरमें जाना अन्याश्रय है. उससे बचना चाहिए. कुछ आचार्योंका मत है कि श्रीमहाप्रभुजीने 'स्वतोगमनमेव च'में 'च'के द्वारा यह भी व्यंजित किया है कि किसी अन्यकी प्रेरणासे भी अन्य देवके मन्दिरमें नहीं जाना. ३३

३.किसी अन्य देवसे प्रार्थना भी नहीं करना

किसी अन्य देवसे किसी भी प्रकारकी प्रार्थना, चाहे वह लौकिक

प्रयोजनकेलिए हो अथवा अलौकिक प्रयोजनकेलिए हो, नहीं करनी चाहिए. दोनों ही स्थितियोंमें अन्य देवसे की गयी प्रार्थना अन्याश्रय ही है. गो. श्रीरघुनाथजीका मत है कि जो कार्य स्वधर्ममें, पुष्टिधर्ममें विहित हो तथा स्वधर्मके विरुद्ध न हो ऐसे कार्यकेलिए प्रार्थनाकी जा सकती है. किन्तु ऐसी प्रार्थना भी अपने प्रभुसे या भगवद्-भक्तोंसे ही करनी चाहिए, किसी अन्यसे नहीं. इसका भाव यही समझना चाहिए कि स्वधर्ममें विहित प्रत्येक कार्य करनेके पूर्व भगवानकी वन्दना, स्तुति, मंगलाचरणरूपमें प्रार्थना करना उचित है. इसमें यह भाव भी संनिहित है कि दासधर्मके अनुरूप किसी भी कार्यको आरंभ करनेके पूर्व स्वामी, कर्ता-कारयिता सर्वसमर्थ प्रभुके चरणोंमें विज्ञापना करनी चाहिए. यह अन्याश्रय नहीं अपितु आश्रयकी दृढता एवं समर्पित जीवकी भगवदधीनताका द्योतक है. अन्य देवसे प्रार्थना न करनेमें यह ध्वनि भी छिपी हुई लगती है कि यदि कठिन परिस्थिति आ पडे तो प्रभुके चरणोंमें आर्त भक्त प्रार्थना कर सकता है किन्तु भगवानके अतिरिक्त अन्य किसीसे भी प्रार्थना या विज्ञापना कदापि नहीं करनी चाहिए. अतः "तथाऽन्यत्र विवर्जयेत्"में जोर देकर कहा गया है. सिद्धान्ततः श्रीमहाप्रभुजी प्रार्थना करनेका निषेध करते हैं क्योंकि प्रभु तो सर्वज्ञ हैं, हमारे परम हितैषी हैं, उनसे प्रार्थना करना स्वामीके अभिप्रायके प्रति शंकाका द्योतक है.[५]

उपर्युक्त तीनों स्थितियां भगवदाश्रय-विघातक एवं अन्याश्रय-विधायक हैं. इन तीनों स्थितियोंसे बचना चाहिए.

मानसिक, वाचिक और कायिक अन्याश्रय

अन्याश्रय पहले मनमें अंकुरित होता है, फिर वाणीसे स्फुटित होता है, तदुपरांत हमारी कायिक चेष्टाओं, क्रिया-कलापोंमें व्यावहारिक रूपसे व्यक्त होता है. इन तीनों स्तरों पर सजाग और सावधान रहकर अन्याश्रयसे बचना चाहिए. अतः महाप्रभुजीकी आज्ञा है कि मनमें सतत शरण भावना, भगवदाश्रयका भाव रखें, वाणीसे वही व्यक्त करें तथा जीवनके समस्त छोटे-बडे लौकिक-वैदिक कार्योंमें शरण भावनाको व्यक्त होने दें.[५]

सूक्ष्म और स्थूल अन्याश्रय

स्थूल अन्याश्रय-वाणी या व्यवहारके द्वारा किया जानेवाला आश्रय

स्थूल अन्याश्रय है. वाणीके द्वारा होनेवाले अन्याश्रयका उदाहरण उज्जैनके पासकी वैष्णवीके प्रसंगमें मिलता है. दामोदरदास संभलवालेकी पत्नीके मनमें महाप्रभुजीके वचनोंके प्रति संशय हुआ था. पूर्व जन्ममें अलीखान और उसकी बेटीने व्यवहारके धरातल पर अन्याश्रय किया था. कहा जाता है कि तृतीय गृहके किन्हीं गोस्वामी बालकके द्वारा सरस्वती मंत्र जीभ पर लिखा गया जिसे अन्याश्रय मानकर द्वारकाधीश प्रभुने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए आज्ञाकी थी कि अन्याश्रय करनेके कारण आप हमारी सेवाके पात्र नहीं रहे. स्वार्थसिद्धिकी आशासे नेताओं, अधिकारीयों और धनिकों की चाटुकारिता करना भी स्थूल अन्याश्रय है.

लौकिक हितकी कामनासे अन्य देवकी

उपासना-जप-अनुष्ठान-व्रत आदि करना, उनकी मानता (मन्नत) लेना, नवरात्रि व्रत, सप्तशतीपारायण आदि भी सर्वसमर्थ प्रभुके सामर्थ्यको भुलाकर, उपेक्षा कर अन्याश्रय लेना ही है. ग्रहशांतिकी कामनासे ग्रहोंके अनुष्ठान-व्रत-दान आदि रोग-मुक्तिकेलिए या मारक योग टालनेके उद्देश्यसे महामृत्युंजय जप आदि भी पुष्टिधर्मकी दृष्टिसे अन्याश्रय है. पुष्टिभक्तके मनमें सुदृढ विश्वास होना चाहिए कि जो समस्त जगतके सखा हैं, वे परम हितैषी प्रभु अपने भक्तोंका अहित कैसे होने देंगे? कदापि नहीं होने देंगे.[५]

सूक्ष्म अन्याश्रय

सूक्ष्म अन्याश्रय विचारके धरातल पर होता है. जैसे ठंडी हवाका झोंका आने पर पवनदेवकी कृपाको श्रेय देना या सुवृष्टिकेलिए इन्द्रदेवकी कृपाकेलिए आभारी होना भी वैचारिक धरातल पर सूक्ष्म अन्याश्रय है. वास्तवमें सभीके नियामक तो श्रीहरि हैं उन्हींकी इच्छासे सब होता है. अतः अन्य किसीको श्रेय देना उपयुक्त नहीं है.

इसी प्रकार अपने गुण, योग्यता या सामर्थ्य पर गर्व करना, अहंकार करना कि "मैं हि योग्यतम हूं, में ही यह कार्य कर सकता हूं, अन्य कोई नहीं कर सकता". ऐसा अहंकार भी घातक है. वास्तवमें हमें जो गुण, योग्यता, क्षमता, सामर्थ्य प्राप्त है, वह प्रभु-प्रदत्त ही है. वेही हमारे प्रेरक हैं. वास्तविक कर्ता-कारयिता तो वे ही हैं, हम तो निमित्त मात्र हैं. हमारा वही चिन्तन होना

चाहिए.

कुछ विशिष्ट स्थितियां, जिनमें अन्याश्रय नहीं होता

१.वेद भगवद्रूप है. वेदवाणी भगवदाज्ञा है. वैदिक अनुष्ठान, यज्ञादि भी ब्रह्मरूप हैं. अतः नित्य-नैमित्तिक वैदिक कर्मानुष्ठान यज्ञादि अन्याश्रय नहीं है. (सर्व. नि. २५२)

२.श्रुतिमें नित्यकर्मके रूपमें विहित उनके अधिष्ठातृ देवोंका पूजन कर्माङ्गभूत होनेके कारण अन्याश्रय नहीं है.

३.नित्य संध्योपासनमें अंगभूत गायत्रीका आवाहन, गायत्री मंत्रका जप, सूर्यको अर्घ्यदान, उपस्थान, वैश्वदेव, होम आदि अन्याश्रय नहीं है. ये द्विजकेलिए विहितकर्म हैं, भगवदाज्ञा रूप हैं. (सा.दी.१९-२०)

४.भगवदाश्रयमें रहनेवाला सेवा-परायण भक्त अन्य देवके मन्दिरमें न जावे किन्तु उनका अपमान कदापि न करे. ३७ यदि कहीं जाते समय देवमन्दिर सामने हो और वहां विराजित देवके दर्शन हो जाएं तो उन्हें भगवद्-अंग मानकर, हाथ जोडकर उनके प्रति आदरभाव व्यक्त करे, भगवत्स्मरण करे. पुष्टिमार्ग तो प्राणिमात्रमें भगवद्-दृष्टि रखता है, वह किसीका भी अपमान नहीं करता. अतः अन्य देवके अपमानकी बात तो वह सोच भी नहीं सकता. अन्य देवको भगवद्-अंश मानकर सम्मान देनेसे अन्याश्रय नहीं होता. किन्तु अन्य देवकी उपासना, उनका व्रत, उनके मंत्रादिका अनुष्ठान, उनके दर्शन करनेका नियम बनाने, किसी कामना-पूर्तिकेलिए उनसे प्रार्थना करनेसे अवश्य अन्याश्रय होता है.

यज्ञोपवित, विवाह आदि षोडश संस्कार, नवनिर्मित भवनके वास्तु आदिमें कर्माङ्गभूत गणेशपूजन, गृहशान्ति, कुलदेवस्थापन-पूजन आदिसे भी अन्याश्रय नहीं होता. इनका भगवानका अंशरूप मानकर एवं मंगलप्रसंगमें पधारे हुए मान्य अतिथि मानकर पूजन करना चाहिए, किन्तु उन्हें इष्टदेव या आराध्य मानकर नहीं. इस भावनासे भी पूजन न करें कि वे पूजनसे प्रसन्न होकर हमारा हित करेंगे. और न इस डरसे पूजन करें कि यदि इनका पूजन-अर्चन नहीं करेंगे तो मंगलकार्यमें विघ्न उपस्थित होगा या अनिष्ट होगा.

व्यक्तिगत जीवनमें या सार्वजनिक समारोहमें औपचारिकरूपसे या शिष्टाचारके निर्वाहके रूपमें धन्यवाद देने या आभार-प्रदर्शन करनेसे अन्याश्रय

नहीं होता. यह औपचारिकताका निर्वाह या शिष्टाचारका पालन है.

किसी कर्मको सम्पन्न करानेकेलिए आये हुए ब्राह्मण, पुरोहितको कर्मानुष्ठानके बाद तिलक करके दक्षिणा देकर सम्मानित करना अन्याश्रय नहीं है.

यद्यपि भगवद्धर्मकी अपेक्षा लौकिक-वैदिक कर्म हीन हैं. किन्तु लोक-वेद-कुलके आचार-कर्म भी करने चाहिए किन्तु इन्हें शरणभाव बनाये रखकर, करणीय मानकर करें, इनमें लिप्त न हों.

तीर्थोंमें तीर्थ देवताका तथा तीर्थ पुरोहितका सम्मान एवं पूजन करना अन्याश्रय नहीं है.[३८]

पितृकर्म-श्राद्ध आदिके समय तर्पण, ब्राह्मण भोजन, आहूत ब्राह्मणका तिलक, दक्षिणासे सम्मान, पूजन आदिसे अन्याश्रय नहीं होता.

गौ, ब्राह्मण, अतिथि एवं भगवद्भक्तोंको प्रणाम करना, उनका अर्चन करना अन्याश्रय नहीं है.

गंगादि तीर्थोंकी यात्रा, जगन्नाथपुरी, द्वारिका, बद्रीनाथ, व्रजमण्डल, श्रीरंग, वेंकटेश्वर-तिरुपति, श्रीविट्ठल-पंढरपुर आदि स्थानों पर, विष्णु क्षेत्रमें रहकर भगवत्पूजन करना अनुकल्पके रूपमें स्वीकार है. इससे अन्याश्रय नहीं होता.[३९ ४०]

तीर्थयात्राके अनुकल्पको स्वीकार करने पर भी तीर्थोंसे पुण्यलाभकी भावना मनमें रखनेसे तीर्थाश्रयके रूपमें अन्याश्रय होगा किन्तु भगवन्नाम एवं गुण-गान करते हुए कृष्णतत्पर होकर निस्पृह, शान्त, एकाकी तीर्थवास या पर्यटन करें तो अन्याश्रय नहीं होता.[४०]

एकादशी तथा चार जयन्ती पर व्रत करना चाहिए. अन्य व्रत शिवरात्रि, नवरात्रि, सोमवार-शनिवार आदि वैष्णवोंको नहीं करने चाहिए. इनसे अन्याश्रय होता है.[४१]

सूर्यनारायण, विष्णु पत्नी पृथ्वी, भगवत्प्रिया तुलसी आदिको भगवत्सम्बन्धसे प्रणाम करनेमें अन्याश्रय नहीं होता.

राष्ट्रगान/राष्ट्रगीत गानेमें अन्याश्रय नहीं होता. यह देशके नागरिक होनेके कारण हमारा कर्तव्य है. इसी प्रकार राष्ट्रध्वजका वन्दन भी हमारा नागरिकके रूपमें कर्तव्य है.

यदि किसी समारोहमें अतिथिके रूपमें सरस्वतीदेवीके चित्रको माला चढाने या दीप प्रज्वलनकेलिए कहा जाय तथा किसी महापुरुषकी जयन्तीके

अवसर पर उनके चित्रको माल्यार्पण करनेकेलिए आग्रह किया जाय तो यह आदर व्यक्त करना है. अतः ये कार्य सम्पन्न किये जा सकते हैं. इसमें अन्याश्रय जैसी कोई बात नहीं है.

अन्याश्रय है या नहीं इसका निर्णय कैसे हो?

अन्याश्रयका निर्णय क्रिया मात्रसे नहीं हो सकता. उस क्रियाके अन्दर निहित भावसे ही निर्णय हो सकता है. उदाहरणार्थ एक वैष्णव बैलगाडीमें सामग्री भरकर गोकुल जा रहा था. मार्गमें चढाई पडने पर लोगोंने आग्रह किया कि यहां भैरवको दो नारियल चढाने होते हैं. वैष्णवने चढा दिये. श्रीगुसांईजीसे शिकायत हुई. उससे स्पष्टीकरण मांगा गया तो उसने कहा "मैंने भैरवसे प्रार्थना नहीं की कि आप मेरा यह कार्य कर दें. मैंने तो उनके मेहनतानेके रूपमें दो नारियल दिये थे." इस प्रसंगमें सेठ पुरुषोत्तमदासका प्रसंग भी विचारणीय है. उनका काशीविश्वनाथ मन्दिरमें श्रीठाकुरजीका प्रसाद लेकर जाना कुछ लोगोंको भले ही अन्याश्रय प्रतीत हुआ हो किन्तु वे अन्याश्रयी नहीं थे. उनके मनमें शंकरजीका आश्रय लेनेकी, उनसे किसी प्रकारकी कामनापूर्तिकी कोई आकांक्षा नहीं थी. किन्तु यह भूलना नहीं चाहिये कि स्वयं शंकरजीके कहने पर वे उनसे भगवत्स्मरण करने जाते थे.

कई बार ऐसे कार्य करनेका अवसर आता है जो कि ऊपरी तौर पर अन्याश्रय लगते हैं तब मनमें प्रश्न करें.

१.क्या मैं यह कार्य किसी लौकिक या अलौकिक स्वार्थकी पूर्तिकेलिए कर रहा हूं?

२.मैं जिन देवका आदर देनेकेलिए नमन कर रहा हूं, वह क्या स्वेच्छासे है? क्या स्वार्थ सिद्धिकेलिए है? क्या मैं उनके माहात्म्य या सामर्थ्यको नमन कर रहा हूं.

यदि केवल औपचारिकताकेलिए निर्वाह या शिष्टाचार या भगवद्-शेष (अंश) रूपमें आदर भाव व्यक्त करनेकेलिए नमन-वन्दन है तो अन्याश्रय नहीं होगा.

हमारे जीवनका सम्पूर्ण व्यवहार श्रीमहाप्रभुजीके सिद्धान्तोंके अनुरूप, प्रभु श्रीकृष्णको ही परब्रह्म, सर्वसमर्थ एवं एकमात्र आश्रय मानकर होना

चाहिए. हर क्षर शरण भाव बना रहे, भगवदाश्रय सुदृढ रहे तो अन्याश्रय होनेकी संभावना समाप्त हो जाती है. अपने विचारों, भावनाओं, वाणी और क्रिया-कलापोंको इसी कसौटी पर कसते चलें.

अन्याश्रय क्यों होता है?

अन्याश्रय होनेके दो मुख्य कारण हैं : १.अज्ञान और २.अविश्वास. यदि भगवानके सर्वकारणकाररूप, सर्वरूप, सर्वसमर्थरूप, हितैषी स्वरूप और परमकृपालु स्वरूपका ज्ञान न हो तथा अपने और प्रभुके अंश-अंशी सम्बन्धका बोध न हो तो कठिन समयमें जीव घबरा कर अन्याश्रय कर बैठता है.

प्रभुके स्वरूप और उनके साथ जीवके सम्बन्धोंका ज्ञान होना ही पर्याप्त नहीं है. प्रभुके सर्वसमर्थ, हितैषी और कृपालु होने पर पूर्ण, अविचल विश्वास भी होना चाहिए. प्रभु सर्वसमर्थ हैं, वे हर स्थितिमें सदा, सर्वदा, सर्वतः, सर्वथा मेरी रक्षा करेंगे और उन्हींसे मेरे लौकिक-अलौकिक सब सिद्ध होंगे. अन्य सभीमें उन्हींके द्वारा दी गयी अल्प सामर्थ्य है. मैं सर्व शक्तिमानको छोडकर अल्प शक्तिशालीके पास क्यों जाउं? मैं अन्य किसीका आश्रय कदापि नहीं लूंगा.

यदि ऐसा बोध और विश्वास बना रहे तो किसी भी स्थितिमें अन्याश्रय नहीं हो सकता? होता यह है कि जैसे डूबता हुआ व्यक्ति घबराकर प्राणोंकी रक्षाकेलिए बिना सोचे-समझे जो भी वस्तु मिले, उसे पकड लेता है, यही स्थिति अज्ञानी, अविश्वासी, अविवेकी और अधीर व्यक्तिकी होती है. ऐसे ही व्यक्ति अन्याश्रय करते हैं.

श्रीमहाप्रभुजीने भगवदाश्रयके विघातक, बाधक तत्वोंमें अविश्वासको सबसे बडा और प्रबल माना है तथा स्पष्टतः आदेश दिया है "**अविश्वासो न कर्तव्यः सर्वथा बाधकस्तु सः.**" इसके सन्दर्भमें ब्रह्मास्त्रका उदाहरण आपश्रीने दिया है. हनुमानजी ब्रह्मास्त्रमें बंध गये थे किन्तु बांधनेवालोंके द्वारा अविश्वास करने पर वे उसके बन्धनसे मुक्त हो गये. इसी प्रकार भगवदाश्रयके सामर्थ्यके प्रति अविश्वास होनेके कारण अन्य धर्मकी

मिलावट या उससे सम्बन्ध हो जाता है तब शरणमंत्र भी व्यर्थ चला जाता, टिकता नहीं है. अतः अविश्वास कदापि नहीं करना चाहिए.[१२] अविश्वास ही प्रधानरूपसे अन्याश्रयका कारण बनता है.

यदि श्रीमदाचार्यके बनाये गये मार्गके प्रति अविश्वास हो तो भी सब कुछ व्यर्थ चला जाएगा. प्रभुके प्रति तथा आचार्योपदिष्ट मार्गके प्रति, पूर्ण विश्वास आवश्यक है. दोनों ही दृष्टियोंसे अविश्वास महाबाधक है.[१३]

लौकिक-वैदिक कर्म एवं कुलाचार-अन्याश्रयके सन्दर्भमें

पुष्टिमार्गमें भगवद्धर्मको सर्वोत्तम माना गया है. वैदिक-लौकिक कर्मों और कुलाचारोंको उसकी तुलनामें हीन और गौण माना जाता है. वैदिक कर्ममें षोडश संस्कार, विहित नित्य अनुष्ठेय कर्म, संध्यावन्दन, जप, होम, बलिविश्वदेव, यज्ञ, श्राद्ध-तर्पण आदिका समावेश हो जाता है. लौकिक कर्मोंमें पारिवारिक-सामाजिक-राष्ट्रीय-माननीय दायित्वोंका निर्वाह, आजीविकाकेलिए दिये जानेवाले कार्य और तत्सम्बन्धी दायित्वोंका समावेश है. लोकाचार तथा कुलाचारमें मांगलिक कार्योंमें गणेश-स्थापना, कुल-देवता-स्थापना, जन्माक्षर मिलाना, मुहूर्त देखना आदि सम्मिलित किये जा सकते हैं. इन्हें करना चाहिए या नहीं? इसके विषयमें आचार्योंकी सामान्य राय यह है कि इन्हें करना चाहिए. इनके न करनेसे अपकीर्ति, सामाजिक निन्दा आदि होंगे, उससे चित्तमें उद्विग्नता होगी जिससे भगवद्धर्ममें, भगवत्सेवामें भी व्यवधान होगा तथा चित्तकी भगवत्प्रवणता भी प्रभावित होगी. दूसरा कारण यह है कि पुष्टिमार्गको वेदविरुद्ध, आर्यमर्यादाके प्रतिकूल तथा सामाजिक-राष्ट्रीय-माननीय दायित्वोंकी उपेक्षा करनेवाला गैरजिम्मेदार मार्ग न माना जावें, इस दृष्टिसे भी इनका करना उचित है-"**कार्याणि मार्गप्रामाण्यार्थं.**" इन्हें प्रभुने भी करणीय बताया है-"**सहजं कर्म कौन्तेय सदोषमपि न त्यजेत्.**" अतः प्रभु आज्ञा मानकर भी इन्हें करना चाहिए. "**प्रभोराज्ञां ज्ञात्वा तानि कार्याणि.**"[१४] इस दृष्टिसे ये कार्य करें, तो शरणधर्म भंग नहीं होगा "**करिष्ये वचनं तव.**"

अब प्रश्न यह उठता है कि इन्हें कैसे किया जाए? श्रीमहाप्रभुजीकी आज्ञा है कि लौकिक-वैदिक कर्म कापट्यसे करने चाहिए और भगवद्धर्म पूर्ण

तन्मयतासे सहजरूपसे करने चाहिए. गीतामें भगवानने स्पष्ट कर दिया है कि मेरेलिए कोई भी कर्म करणीय या कर्तव्यरूप नहीं है किन्तु लोग बडोंका अनुसरण करते हैं, लोग मेरा अनुकरण करके कर्म करना छोड देंगे इससे लोक नष्ट हो जाएगा तथा आर्य-मर्यादा भी मिट जाएगी लोगों बुद्धिभेद-भ्रम न हो इसलिए ज्ञानवान् व्यक्तिको लोकसंग्रहकेलिए, लोककल्याण तथा आदर्श उपस्थित करनेकेलिए लौकिक-वैदिक कर्म आसक्ति रहित होकर करने चाहिए. यद्यपि उपरसे तो उसे आसक्त अज्ञानी लोगोंके समान कर्मरत समझा जाएगा किन्तु मनसे वह अनासक्त और भगवत्परायण बना रहता है.[१५] कापट्यसे करनेका अर्थ यही है कि कर्मेन्द्रियोंसे कर्म करते हुए भी मन सदा प्रभुमें ही लगा रहे, भगवदाश्रय दृढ रहे, शरणभाव बना रहे, कोई आसक्ति कर्ममें न रहे तथा कोई फलाकांक्षा भी न रहे. ये कर्म इसलिए करें कि केवल प्रभुकी आज्ञाका पालन होता रहे. श्रीगोपीशजीका भी यही मत है "**प्रभोराज्ञा ज्ञात्वा तानि कर्माणि, न तु स्वधर्मत्वेनेति.**" "**प्रभोराज्ञां मत्वा कर्मकरणयावातं नान्यथा.**"

शुद्धाद्वैत ब्रह्मवाद और अन्याश्रय

महाप्रभु श्रीमद्वल्लभाचार्यके दार्शनिक सिद्धान्तमें शुद्धाद्वैत परब्रह्म श्रीकृष्ण ही रूप-नामके विभेदसे जगत् रूपमें क्रीडा कर रहा है और समस्त देवी उसीके अंश और विभूति रूप है. इस दृष्टिसे वे श्रीकृष्णसे अभिन्न है. अतः उनके भजनमें क्या आपत्ति है? जब प्रभुके अलावा कुछ है ही नहीं तो अन्य कौन और अन्याश्रय क्या? "**सर्वं खल्विदं ब्रह्म**" की धारणाके अनुसार यह ज्ञान उत्तम है. श्रीमहाप्रभुजीका स्पष्ट है कि ये सभी विभूतिरूप भगवान्से अभिन्न बुद्धिसे ज्ञातव्य है किन्तु ये भजनीय या आश्रयणीय नहीं है. यों तो सम्पूर्ण जगत्, जड-चेतन सभी भगवद्रूप हैं क्या सभी आश्रयणीय या भजनीय है? हां, प्रसंगवश इन विभूति रूपोंका पूजनादि किया जावे तो उस समय उन्हें भगवत्शेषतया, भगवानके अंश या सेवक मानकर उनका प्रासंगिक या कर्माङ्गभूत रूपमें पूजन-अर्चन करनेमें कोई दोष नहीं है. किन्तु आश्रय तो मूलरूप, आदिदेव, पूर्णानन्द, सर्वसमर्थ परब्रह्म श्रीकृष्ण ही है, उन्हींका आश्रय लेना चाहिए. अतः श्रीमहाप्रभुजीने "**कृष्णएव गतिर्मम**", "**कृष्णएवाश्रयो मतः**" की सैद्धान्तिक उद्घोषणाओंमें एवकारके द्वारा आश्रयरूपमें विभूति रूपोंका व्यावर्तन किया है. जिस प्रकार समुद्रकी एक बूंदकी संरचना वही है,

जो कि समुद्रके अगाध जलकी है, दोनोंमें तत्वतः कोई भेद नहीं है. फिर भी बूंदमें यह सामर्थ्य नहीं है कि उसमें जहाज चल सकें और उनमें बैठ कर हम गंतव्य तक पहुंच सके. ओसकी बूंदें चाटनेसे भी कभी किसीकी प्यास नहीं बुझती. अतः आश्रय पूर्णका लें अंशका नहीं, भूमाका आश्रय लें, अल्पका नहीं.

अन्याश्रय-चर्चाकी सम्प्रति प्रासंगिकता

कलियुगमें लोकाश्रय और वेदाश्रय फलसाधक उपाय नहीं रहे. कालकी प्रतिकूलता, देशकी अनुपयुक्तता, द्रव्योंकी अशुद्धताने लोकाश्रयरूप साधनको अब फल-साधक नहीं रहने दिया. वेदाश्रयकी दृष्टिसे वैदिक कर्मानुष्ठान करनेवाले सुयोग्यकर्ता नहीं रहे, मंत्रोंका ज्ञान नहीं और न सुपात्र मंत्र-साधक है अतः मंत्रोंकी दैवी शक्ति तिरोहित हो गयी, वैदिक कर्मोका वास्तविक स्वरूप ही आज ज्ञान नहीं होता. आज तो कर्ममार्गकी दृष्टिसे सुसाधन, निःसाधन और दुष्टसाधन सभी प्रकारके जीवोंके अर्थात् सर्वोद्धारक श्रीकृष्ण ही एकमात्र आश्रय हैं, जो कि किसी भी भावमूलक कर्मको अनुग्रहका निमित्त बना लेते हैं. ज्ञानदृष्टिसे सभी देव अंश-फलावतार रूप तथा प्राकृत होनेसे आविर्भाव-तिरोभावशाली हैं. अक्षरब्रह्म भी गणितानन्द होनेसे ज्ञेय है. अतः ज्ञानमार्गीय दृष्टिसे भी आश्रयणीय एकमात्र श्रीकृष्ण ही हैं. भक्तिमार्गीय दृष्टिसे भी विवेक, धैर्य, भक्ति आदिसे रहित और पापासक्त दीन जीवकेलिए एकमात्र श्रीकृष्ण ही गति है. अतः आज जब कि भगवत्प्राप्तिके सभी साधन दुःसाध्य हो गये हैं तब श्रीमहाप्रभुजी हमें शरणागतोंके एकमात्र समुद्धारक भगवान् श्रीकृष्णके सर्वोद्धारक और सर्वार्थसाधक स्वरूपका परिचय कराते हैं तथा यह पक्का श्वासन देकर निर्भय करते हैं कि यदि तुम्हारा शरणभाव सच्चा है तथा तुम अन्य सभीका आश्रय त्याग कर देते हो एवं श्रीकृष्णकी ही सन्निधि और आश्रय ग्रहण करते हो तो वे आज भी तुम्हारे आश्रय बन कर उद्धार करनेकेलिए तत्पर हैं **"तस्याश्रयो भवेत् कृष्ण इति श्रीवल्लभोऽब्रवीत्"** उनका निर्णय है कि अन्याश्रयरहित कृष्णाश्रय ही आज भी सबकेलिए हितकारी है **"एवमाश्रयणं प्रोक्तं सर्वेषां सर्वदा हितम्."**

श्रीमहाप्रभुजीके चिन्तनका केन्द्रबिन्दु भगवदाश्रय है, कृष्णाश्रय है. भगवदाश्रयकी दृढताके चार उपाय हैं १.मन और वाणीसे निरन्तर प्रभुके प्रति

शरण-भावना रखना, २.चातकके समान प्रभु पर सर्वदा सुदृढ और अविचल विश्वास करना तथा कभी भी किञ्चित् भी प्रभु पर अविश्वास नहीं करना, ३.प्रभुकी इच्छासे जो भी प्राप्त हो उसे प्रभुको समर्पित कर ममतारहित उपभोग करना, ४.किन्तु इस दिशामें एक सावधानी सबसे आवश्यक है कि हम मनमें, वाणीमें और क्रियामें प्रभुके अलावा अन्य किसीका आश्रय कदापि न लें. यदि अन्य किसीका आश्रय लिया तो यह प्रभुके प्रति अविश्वास होगा, शरण-भावनाका सर्वनाश होगा और प्रभुकी कृपाको ठुकराना होगा. ऐसी स्थितिमें अन्याश्रय सब कुछ नष्ट कर देगा. यदि हम प्रभुप्राप्तिके मार्ग पर न चल पा रहे हों या थक कर बैठ गये हों तो भी अन्य किसीकी बैसाखीका सहारा न लेकर सच्चे मनसे पुकारें, प्रभु श्रीकृष्णको. यदि उनका आश्रय ले लिया, उनके चरणोंमें बैठ गये तो समझो कि बिना चले भी गन्तव्य तक पहुंच गये. क्योंकि भगवानके चरण-शरण अपने आपमें मार्ग भी है और गन्तव्य भी, परम आश्रय भी है. अतः महानुभाव सूरदासजीने गाया है *"सब तज तुम सरनागत आयो, दृढ करि चरन गहे रे, 'सूरदास' प्रभु तुम्हारे मिले तें, पाये सुख जु घने रे"*.

पुष्टिमार्गीय भगवदीयोंने श्रीमहाप्रभुजीकी शरण लेकर अन्याश्रयसे सर्वथा बचानेकी गुहार लगाई है :

'भूल जिन जाय अनत मन मेरो।
रहौं निसि दिवस श्रीवल्लभाधीश पदकमलसों लागि, बिना मोलको चेरो।
अन्यसम्बन्धसों अधिक डरपत हौं, सकल साधन हू तें करो निवेरो।।

अन्याश्रयरहित कृष्णाश्रय, भगवदाश्रय ही पुष्टिजीवकी कृतार्थता है. अन्याश्रय भगवत्सेवामें महाबाधक प्रतिबन्ध है.

सन्दर्भसूची

१.
ऐहिके पारलोके च सर्वथा शरणं हरिः। वि. पै. आ. १०
अशक्ये वा शुशक्ये वा सर्वथा शरणं हरिः। वि. पै. आ. ११
अलौकिक मनः सिद्धौ सर्वथा शरणं हरिः। वि. पै. आ. १३
अशक्ये हरिरेवास्ति सर्वमाश्रयतो भवेत्। वि. पै. आ. ९
एवमाश्रयणं प्रोक्तं सर्वेषां सर्वदा हितम्। वि. पै. आ. १७

'कृष्ण एव गतिर्मम' यह उद्घोष पूरे 'कृष्णाश्रय'में है

''सर्वत्यागेऽन्यभावे कृष्णमात्रैकभानसे।
सायुज्यं कृष्णदेवेन शीघ्रमेव ध्रुवं फलम्।।'' त. दी. नि. (सर्वनिर्णय प्रकरण-२१८, २१९)

अन्याश्रयो न कर्तव्यः सर्वथा बाधकस्तु सः। (श्रीगुसांईजी-चतुश्लोकी २)

दास्यं तदेकशरणं तत्प्रसादैकभोजनम्। साधनदीपिका-३०

अन्याश्रयाणां त्यागः अनन्यता। ना. भ. सू. १०

२.

मय्येव मन आधत्स्व मयि बुद्धिं निवेशय। गीता १२।८

सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज। गीता १८।६६

मयि चानन्ययोगेन भक्तिरव्यभिचारिणी। गीता १३।१०

३.

हरिस्तु सर्वतो रक्षां करिष्यति न संशयः। सर्वमाश्रयतो भवेत्। वि. धै. आ. १

'बलोद्विभूति' रित्युक्त्वा भिन्नाश्रयनिवारणम्।

स आश्रयः परं ब्रह्म श्रीकृष्ण इति गीयते'भाग. १२।३।१४ पर प्रभुचरण विरचित कारिका-१

४.आभासश्च निरोधश्च यतश्चाध्यवलीयते।

५.'कृष्णाश्रय' और 'विवेकधैर्याश्रय'में यही आज्ञा है.

६.वि. धै. आ.-१३

७.

कर्म-ज्ञान-भक्तिमार्गा हि मोक्षान्ताः, भगवद्धर्म-पर्यवसाना एव न तु धर्मिपर्यवसाना...सर्वात्म-भावस्य केवल धर्मिपर्यंतसानात्स एव उपदिष्टो भवति.-गुसांईजी- न्यासादेश विवृतिः

भगवद्विमुखस्य न कोऽपि धर्मः सिद्ध्यति. सुबोधिनी ३।१५।१३

८. भजनीयः स एव स्यात्-१.यः स्वयमभयः, २.सकृदपि प्रपन्नं सर्व तो भयान्मोचयति, ३.ऐहिका-मुष्मिकां च मटद्धि मोक्षं च प्रयच्छति, ४.भजन-सन्देहेऽपि अनुषंगादपि यो मुक्तिं प्रयच्छति, ५.स्वयं च निर्दोषपूर्णगुणविग्रहः, ६.अनधिकारिणोऽपि गतिं प्रयच्छति, ७.परार्थं स्वकृतनियम मपि विरुद्धं न मन्यते, एवं यः सप्तगुणो भवति, षडंगसहितभजनोपयोगिमहागुणवान् स भजनीयः. (सुबोधिनी-३।२।१८)

९. भीषास्माद्वातः पवते. भीषोदेति सूर्यः, भीषादस्माद्मग्निश्चेन्द्रश्च.मृत्युर्धावति पञ्चम इति. (तै. ति. ३४।२।८।१), द्वितीयाद्वै भयं भवति. बृह. उप. १।४।२

१०. ''सकृदेव प्रपन्नायतवास्मीति च याचते. अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम'' (वा. रामायण), ''आनन्दं ब्रह्मणोविद्वान् न बिभेति कदाचनेति. (तै. ति. उप. २।४)

११. ऐहिके पारलोके च सर्वसामर्थ्य संयुतः. स एव गोकुलाधीशः. शिक्षापत्र-८।२,

सर्वमाश्रयतो भवेत्. वि. धै. आ. १३,

आदिमूर्तिः कृष्ण एव सेव्यः सायुज्य कामया. त. दी. नि. शा. प्र. १३

पारमार्थ्यमिदं ज्ञेयं नान्यत् श्रीगोकुलेश्वरात्. भाग. १२।३।१४ प्रभुचरणकारिका-४

१२. निर्दोषः पूर्णगुणविग्रहः. त. दी. नि. शा. प्र. ४३

कृष्णात् परं नास्ति दैवं वस्तुतो दोषवर्जितम्. अन्तःकरणप्रबोध-१

१३.

शरणस्थममुद्धारं कृष्णं विज्ञापयः स्वात्. कृष्णाश्रय-१०

पापासक्तस्य दीनस्य कृष्ण एव गतिर्मम. कृष्णाश्रय-९

अपि चेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक्. गीता ९।३०

मां हि पार्थ व्यपाश्रित्यये ऽपि स्युः पापयोनयः. गीता ९।३२

१४.

महाप्रभुजी-विवेकधैर्याश्रय १४, १५ तथा साधनप्रकरण २१८

गुसांईजी विज्ञप्ति-अन्यसम्बन्ध गन्धोऽपि कन्धरायेव बाधते.

अन्याश्रयत्यागपूर्वकं गुरुपदिष्ट-श्रीभागवत, भक्तिवर्धिनी, नवरत्न-प्रकारेण स एव भगवान् -श्रीकृष्णो भजनीयः. (पुरुषोत्तमप्रतिष्ठाप्रकार)

अन्याश्रयो महानेव बाधको भीषतां ततः. शिक्षापत्र ८।४

श्रीगुसांईजी चतुःश्लोकी-२

१५. अन्याश्रयस्तदीयैकः पदाश्रयविरोधकृत. शिक्षापत्र

१६.ईशो ह्यनन्यैव संतुष्यति. प्रभोरुदासीनतायाः कारणं त्यज्यतां द्रुतम्. शिक्षापत्र १४।२

१७.गीता १३।१०

१८.(देवतान्तरभजन) यदि न वर्जयेत्तदा शरण पदार्थो गच्छे दित्यर्थः. इदमेवोक्तं 'न्यासादेशेषु' इत्यत्र 'मदितरभजनापेक्षणमि'ति. वि. धै. आ. गो. गोपीशानां विवृतिः.

१९.तत्क्षणमेव सच्चेतो विमुखं च विधास्यति. शिक्षापत्र ८।४

२०.यः स्वतः सेवकानां हि पराश्रय-निवारकः।
कृपासरित्यतिः कृष्णस्तत्स्मृतिः क्रियतां सदा।। शिक्षापत्र १५।३

२०अ. नान्यं देवं नमस्कुर्यान्नान्यं देवं निरीक्षयेत्।
नान्यत्प्रसादयाच्च नान्यदायतनं व्रजेत्।। (हारीतस्मृति)

२१.'अन्यस्य देवतान्तरस्य भजनम्'. इदमेवोक्तं 'न्यासादेशेषु' इत्यत्र 'मदितर भजनापेक्षणमि'ति. गो. गोपीशाजीः वि. धै. आ. विवृतिः

२२.इतरदेवताभजनं पारम्पर्यगतमपि न कार्यम्. (श्रीगुसांई टिप्पणी)

२३.नान्यदेवं व्रजेत्. सा. दी. ६८

२४. ना वैष्णवैः सह वसेत्, न तैः संसर्गमाचरेत्. सा. दी. ६२

अन्यस्य भगवद्भक्तव्यतिरिक्तस्य भजनं सेवनं. (वि. धै. आ. दीपिका)

२५. देखें-गो. श्याममनोहरजी द्वारा लिखित 'विवेक-धैर्याश्रय' एवं 'कृष्णाश्रयस्तोत्र'का ग्रंथपरिचय.

२६. श्रीकृष्णतेजसोऽर्धेन सा च मूर्तिमती सती एका मूर्तिर्द्विधाभूता, भेदो वेदे निरूपितः. (ब्रह्मवैवर्त पुराणः श्रीकृष्णजन्मखंड)

२७.श्रीयमुनाऽपि प्रथमं सूर्यमण्डलान्तर्वर्तिनारायण-हृदयानन्दमदादाविर्भूता द्रवीभूतरसात्मिका ...भूमावागता ततो लीलास्थाने समागत्य तादृग्भक्तसंवलिता जाता. द्रवीभूतरसात्मैषा सर्वाङ्गीणश्रमाम्बुभिः. नारायणस्य हृदयाच्छुद्धसत्त्वस्वरूपयतः. प्रादुरासीन्मूलरूप पुष्टि लीला

प्रसिद्धये. (श्रीहरिरायप्रणीतं टिप्पणम्) वहीं उद्धृत बृहन्नारायणोपनिषद्, मधुविद्यासे सम्बद्ध श्रुतिवाक्य भी द्रष्टव्य है.

२८.

प्रमेयबलतो नान्यत्साधनं तत्रमा मतम्, अतः सर्वैः प्रकर्षतो निजाचार्यपदाश्रयः।[वि.प्र.१.१५]
चक्रे करुणया कृष्णो भावात्माऽऽत्मयं व्यधिष्म। मूर्तिमद् भावसम्बन्धात् तत्प्राप्तिरिति वेद यः।[वि.प्र.१.१६]
सर्वदा सर्वभावैकहेतुभूतेषु सर्वथा। श्रीमदाचार्यपादेषु स्थाप्यतां तन्मयं मनः।[वि.प्र.११.९]
तत एव कृतार्थत्वं निश्चयः क्रियतां हृदि। आसुरत्वं विनिश्चेनमन्यतत्साम्यवादिषु।[वि.प्र.११.१०]
सा तु स्वाचार्यशरणगतौ तैर्ज्ञापितः प्रभुः। यदैव कुरुते कृष्णस्तदा भवति सर्वदा।[वि.प्र.११.११]
आचार्यद्वारकं तत्र वरणं न हरेः स्वतः।[विप्रप्र.११.१४]
शरणस्थसमुद्धारं कृष्णं विज्ञापयाम्यहम्।[वि.प्र.१.१०]

२९.

विनियोगो भक्तियोग-प्रतिबन्ध-विनाशने। कृष्णामृताधरास्वाद-सिद्धिरत्र न संशयः[सर्व.नि.१]
अतः सर्वोत्तमं स्तोत्रं जप्यं कृष्णरसार्थिभिः. सर्वो.३५
यस्मादस्मिन् स्थितो यत् किमपि कथमपि क्वाप्युपाहर्तुमिच्छत्यद्धा तद् गोपिकेशः
स्ववदनकमले चारुहासे करोती।। (श्रीवल्लभाष्टकम्-४)
'वचोविभूति' रित्युक्त्वा भिन्नाश्रयनिवारणम्, स आश्रयः परं ब्रह्म श्रीकृष्ण इति गीतयेति।
('कथा ह्यास्ते' भाग. १२।३।१४ पर प्रभुचरण विरचित कारिका-१)
श्रीमदाचार्यकृपया भवेद् भावो न चान्यथा, भावात्मा भगवान् कृष्णः साक्षाद् ब्रह्माश्रयो मतः।[वि.धै.आ.का.२]
'पारमार्थ्यं'मिदं ज्ञेयं नान्यत् श्रीगोकुलेश्वरात्। 'वचोविभूतीः' कथनात् श्रीमदाचार्यबोधनम्।[वि.धै.आ.का.११]

३०.

पुष्टिप्रभोः श्रीयमुनायाः श्रीमदाचार्यचरणानां च समानो धर्मः. त्रयाणां सजातीयधर्मवत्वे च सिद्धम्.
भगवान् विरहं दत्त्वा भावबृद्धिं करोति हि, तथैव यमुना स्वामिस्मारणात्स्वीयदर्शनात्।।१।।
अस्मदाचार्यवर्यास्तु ब्रह्मसम्बन्धकारणात्, तापक्लेशप्रदानेन निजानां भावबृद्धिकाः।।२।।
(श्रीयमुनाष्टकम्: हरिरायप्रणीतं टिप्पणम्)

३१.

द्रष्टव्य-वि. धै. आ. पर गो. रघुनाथजीकी दीपिका.
अलौकिकस्य संसिद्ध्या भावपूरितविग्रहः। तमाश्रयं विजानीयाद् हरेरपि हरिर्यदि।।
('कथा ह्यास्ते' भाग. १२।३।१४ पर प्रभुचरणकी कारिका-१९)

३२.अन्यस्य भजनं तत्र स्वतोगमन मेव च, प्रार्थना कार्यमात्रेऽपि तथान्यत्र विवर्जयेत्। वि.धै.१४

३३.चकारादन्यप्रेरणयापि तत्र न गच्छेत्. (वि. धै. आश्रय, गोपीशजीकीविवृत्ति)

३४.कार्यमात्रेऽपि कर्तुं विहिते स्वधर्माऽविरोधिनि कर्तव्यर्थे प्रार्थना कार्येति रोषः. प्रार्थनीयो भगवान् तद् भक्तो वा. अतएव विष्णुधर्मोत्तरे शंकरगीतासु "अपृष्ट्वा वस्तु यां काञ्चित् क्रियां नारभते हरिम्, असम्भिन्नार्यमर्यादस्तस्य तुष्यति केशव" इति. (वि. धै. आ. रघुनाथजीकी दीपिका)

३५.

एवं चित्ते सदा भाव्यं वाचा च परिकीर्तयेत्।[वि.धै.आ.१३]

यथाकथञ्चित् कार्याणि कुर्वतुल्यावचान्यपि, किं वा प्रोक्तेन बहुना शरणं भावयेद् हरिम्।[वि.धै.आ.१५]
३६. अहितं निजभक्तानां विदधाति हरिर्न हि, सन्नस्तानां सतस्त्या स्वीय भक्तानां न कथं भवेत्।[वि.आ.१.३८]
३७.नान्यदेवं व्रजेद् नैव प्रसक्तौ ह्यपमानयेत्. सा. दी. ६८
३८.तीर्थेषु तीर्थदेवानां भूदेवानां समर्चनम्. सा. दी. ६८
३९.

भक्तवृन्दान् नमेद् अर्चेद् दृष्ट्वा हृष्येत समानयेत्. सा. दी. ४८
विप्रागावो हरर्भक्ता सदा पूज्या हरेः प्रियाः। गृहस्थस्यातिथिर्यस्मात् पूज्यः....।। सा. दी. ३५

४०.

तीर्थपर्यटनं श्रेष्ठं सर्वेषां वर्णिनां तथा; वज्रास्तीर्थानि च पुनः समानि हरिणा कृता:; एकाकी निस्पृहः शान्तः पर्यटेत् कृष्णतत्परः. सर्व नि. २५१-२५३

४०अ.

जगन्नाथेविट्ठले च श्रीरङ्गे वेङ्कटे तथा, यत्रपूजाप्रवाहः स्यात् तत्र तिष्ठेत् तत्परः,[सर्व.नि.२५०]
जगन्नाथे द्वारिकायां श्रीरंगे व्रजमण्डले, यत्र पूजाप्रवाहः स्यात् तत्र तिष्ठेत् तत्परः.[वि. धै. आ.]
गङ्गादितीर्थवर्येषु यथा चित्तं न दुष्यति.[वि. धै. आ.]

४१. एकादश्युपवासादि कर्तव्यं...तथा कृष्णाष्टमी चापि...अन्यापि तथा कुर्याद् उत्सवो यत्र वै हरेः.
सर्वे नि. २४८।२४९

पूर्वविद्धं परित्याज्यं व्रतं तद्विष्णुपञ्चकम्. सा. दी. ३९

४२."तेषामविश्वासेन धर्मान्तरसम्बन्धे ततो निर्गतमासीत्तथात्ताप्यविश्वासेन धर्मान्तर-सम्बन्धे शरणमन्त्रो यास्यति शरणधर्मो न तिष्ठतीति स न कर्तव्यः".(वि.धै.आ. गोपीशजीकी विवृत्ति)

४३.आचार्योक्तमार्गे यद्यविश्वासस्तदा कृतं सर्वं व्यर्थं भवेदित्यर्थः. अविश्वासस्य महाबाधक-त्वानुसन्धानेन सर्वथा न कार्य इत्येत्यर्थः. (गो. रघुनाथजीः वि. धै. आ. दीपिका)

४४.देखें वि. धै. आ. रघुनाथजीकी टीका एवं गोपीशजीकी विवृत्ति.

४५.गीता अध्याय ३ श्लोक १६से ३१ तक इसका सुन्दर विवेचन है.

चर्चा

पुष्टिभक्ति-साधनामें महाप्रतिबंध अन्याश्रय

श्रीगजानन शर्मा

गो. श्या. म. : अन्याश्रयत्यागके बारेमें गजाननजीने कहा कि जितने भी भक्तिमार्ग हैं उनमें सभीका यह सिद्धान्त है. पर एक बात समझो कि ज्ञानमार्गमें और कर्ममार्गमें भी ये ही सिद्धान्त है. वेदकी संहितामें स्पष्ट लिखा हुवा है कि जो यज्ञ जिस देवकेलिये किया जाता है उसके अलावा ओर किसी देवका वहां विचार करना भी उस यज्ञको भ्रष्ट कर देता है. "**अयथादैवतं यज्ञं स्वार्थाद् भ्रश्यते**". कर्ममें भी ये ही सिद्धान्त है. इसलिये निरुक्तकार स्पष्ट कहते हैं कि साधकके महाभाग्यसे किसीको एक देवका अनन्याश्रय होता है. ये कर्ममार्गके तहत कही गयी बात है. अतः अन्याश्रयत्याग तो अपनी सामान्य धारणा थी कि जो जिस देवका आश्रय कर रहा है उसको उसीका आश्रय करना चाहिये. कुछ देव आश्रयणीय होते हैं तो कुछ देव केवल पूजनीय होते हैं. कुछ देव आदरणीय होते है. कुछ देव इष्टदेव होते हैं, कुछ कर्माङ्गदेव होते हैं, कुछ तीर्थदेव होते हैं. सभी देव देव हैं. और वेदोपनिषत्में देखें तो 'देव'शब्द इतना व्यापक है कि पृथ्वि एक देव है. कल अपनने देखा कि धूर्तता भी एक देव है. देवोंकी कोई सीमा नहीं है इतने सारे देवता हैं. मुंडन होता हो तो नाईका उस्रा भी देव होता है. देव अपने यहां कोई भी हो सकते हैं. पर जिस प्रसङ्गमें जिस तरहसे कर्माङ्ग या ध्यानाङ्ग होता है वो देव उतना ही अपेक्षित है. इष्टदेव इन सबसे अलग होता है. वह एक ही होता है. ओर सब देव आदरणीय हैं. देवकी बात जाने दो अपने यहां यहां तक कहा गया है कि "**यत्किञ्च भूतं प्रणमेदनन्य**" अनन्यका यह कर्तव्य है कि वह सबके प्रति नमनशील रहे. लोग समझे बिना अपने अन्याश्रयत्यागके सिद्धान्तके ऊपर आक्षेप कर देते हैं. और एक कारण इसका यह भी है कि अपन भी समझे बिना कुछ गलत व्यवहार कर बैठते हैं इसलिये लोगोंको अवसर मिल जाता है.

गो. शरद् : इन दिनोंमें ऐसा देखा गया है कि हमारे शुद्ध सामाजिक प्रसङ्गोंके साथ धार्मिक और सम्प्रदायके अन्तरङ्ग अनुष्ठानों को मिला दिया जा रहा है. इस तरह शुद्ध सामाजिक प्रसङ्गोंको अनावश्यक रूपसे धार्मिक बना दिया जाता है. इसी तरह शुद्ध धार्मिक या साम्प्रदायिक अनुष्ठानके प्रसङ्गोंमें सामाजिक मीटिंग्-ज्ञातिभोज-पार्टीकी घालमेल होने लगी है. राजनीति शुद्ध सामाजिक प्रवृत्ति है. पर आजकल राजनेता इफ्तार पर्टी भी देते हैं, दरगाहमें माथा टेकने भी जाते हैं, गुरुद्वारेमें भी जाते हैं और चर्चमें प्रेयर् भी कर आते हैं. राजनैतिक पक्षसे जुडे हुवे तत्तत् कार्यकर भी उसी फैशनमें अपनी धार्मिक-साम्प्रदायिक निष्ठाको ताकपर रखकर उनके नेताओंका अनुकरण करते हैं. इसी तरह गणेशोत्सव, नवरात्रि, शिवरात्रि आदि शुद्ध धार्मिक अनुष्ठान हैं. इनका आज सामाजिकीकरण कर दिया गया है. सोसायटीमें किसीको गणेशकी प्रतिष्ठा करनेकी इच्छा हुई तो वह सोसायटीमें रहने वाले सभी लोगोंको, उनकी व्यक्तिगत धर्मनिष्ठाकी परवाह किये बिना, गणेशप्रतिष्ठा-विसर्जनमें निमन्त्रित करता है. और उसमें यदि कोई सम्मिलित नहीं होता है तो उसका बुरा मानता है. अच्छी और सच्ची बात यह है कि हम हमारे सामाजिक प्रसङ्गोंके साथ धार्मिक-साम्प्रदायिक अनुष्ठानोंको न जोड़ें. इसी तरह शुद्ध धार्मिक-साम्प्रदायिक प्रसङ्गोंमें सामाजिक प्रसङ्गोकी घालमेल भी न करें. और यदि कोई ऐसा करता है तो अनन्यभक्तोंमें अपनी निष्ठाका उद्घोष करनेका साहस प्रदर्शित करना चाहिये. अनन्यभक्तोंको ऐसे प्रसङ्गोमें यथासम्भव सम्मिलित नहीं होना चाहिये.

दूसरी बात यह है कि आजकल आरोग्य और चिकित्सा केलिये धार्मिक-साम्प्रदायिक चीज-वस्तुओंका उपयोग होने लगा है. जैसे कई लोग क्रोधको काबूमें करनेकेलिये मोती पहनते हैं. थोडा सिद्धान्त समझते हैं वो ऐसा सोचते हैं कि ग्रहबाधाके निवारणकेलिये रत्नोंको पहनना तो ठीक नहीं है पर भौतिक उपायके रूपमें हम रत्न पहन सकते हैं. ऐसे ही कुछ लोग विल्पावर् बढ़ानेकेलिये और हृदयरोगसे बचनेकेलिये रुद्राक्ष पहनते हैं. कई लोग अपने घरमें लाफिंग् बुद्ध, कछुआ, स्टार् जैसी वस्तुएं रखते हैं. पुष्टिमार्गके अनन्य आश्रयके सिद्धान्तको सोचें तो इन सबका कितना औचित्य है यह

हमें सोचना चाहिये.

શ્રીઆચાર્યજી મહાપ્રભુજીએ ભક્તિને દઢ કરવામાટે 'વિવેકધૈર્યાશ્રય' ગ્રન્થમાં ત્રણ સાધનો બતાવ્યા છે : વિવેક, ધૈર્ય અને આશ્રય જ્યારે પ્રપત્તિને દઢ કરવામાટે વિવેક અને ધૈર્ય.

ધૈર્યનું સ્વરૂપ લક્ષણ છે : "**त्रिदुःख सहनं धैर्य आप्तते सर्वतः सदा**" અર્થ-મરણ પર્યંત આધિભૌતિક વગેરે ત્રણે પ્રકારના દુઃખોને સહન કરવા, હંમેશા સહન કરવા, સામનો ન કરવો તે ધૈર્ય છે.

શરૂઆતમાં આટલું ધૈર્ય ધારણ થવું શક્ય નથી. તેથી શ્રીઆચાર્યજીએ ચાર ઉપાય બતાવ્યા છે :

१.प्रतीकारो यदृच्छातः सिद्धश्चेन नाग्रही भवेत्
२.भार्यादिनां तथान्येषां असतश्चाक्रमं सहेत्
३.स्वयमिन्द्रिय कार्याणी कायवांग मनसा त्यजेत्
४.अशूरेणापि कर्तव्यं स्वस्या सामर्थ्य भावनात्

—આ ચાર 'त्रिदुःखसहन' સુધી પહોંચવાના સાધનો છે.

ધૈર્ય અને તેના સાધનને નિભાવવાના ઉપાયના સ્વરૂપમાં ભક્તિ કે પ્રપત્તિ ની સાધનામાં કંઈ બાધકતા પ્રકટ થતી નથી. પરંતુ આ ચારેય સાધનને જ્યારે ઉલટા કરવામાં આવે, દા.ત. ૧.પ્રતિકારનું ઉલટું અપ્રતિકાર, ૨.સહનનું અસહન, ૩.ત્યાગનું અત્યાગ, ૪.અસામર્થ્યની ભાવનાની સામે સામર્થ્યની ભાવના ત્યારે તે પ્રતિબન્ધક બને છે.

૧.પ્રતિકાર :

ભગવદ્ ઇચ્છાથી દુઃખને દૂર કરવાનો ઉપાય મળી આવે તો દુઃખ ભોગવવાનો આગ્રહ ન રાખવો એ ધૈર્ય ધારણ કરવાનું પ્રથમ સોપાન છે. અહીં દુઃખ સહન કરવું તે ધૈર્ય નથી. પરંતુ દુઃખને મળી આવતા ઉપાયો દ્વારા પ્રતિકાર કરવો તે ધૈર્ય છે. દા.ત. આપણે બિમાર પડીએ તો દવાથી બિમારીને દૂર કરવી પરંતુ "ત્રિદુઃખ સહનં ધૈર્યમ્" એમ માની પ્રતિકાર ન કરીએ તો આપણી સેવા જ છૂટી જશે, તેથી તે ભક્તિમાં બાધકરૂપ છે. અને મેં પ્રભુ ઉપર વિશ્વાસ રાખ્યો તો પણ દુઃખ વધ્યું, આવી પ્રભુમાં અન્યથા બુદ્ધિથી શરણાગતિ છૂટી જશે.

૨.સહન :

પત્નિ વગેરેના, અન્ય સમ્બન્ધિઓના અને અસત્પુરુષોના અતિક્રમોને સહન કરવા. સહનનું ઉલટું અસહન દા.ત. આપણા ઘરે કોઈ મહેમાન આવે ત્યારે આપણે પત્નિ વગેરે ઘરના સભ્યો સાથે આપણે ઝઘડતા હોઈએ તો આવનાર મહેમાનની શું દશા થશે. એમ પ્રભુ પણ આપણા ઘરે મહેમાન થઈને પધાર્યા છે, તેમની સામે જ્યારે આપણે પત્નિ વગેરેના અતિક્રમોને સહન ન કરતા ઝઘડતા હોઈએ તો પ્રભુને તે નહીં ગમે. કારણ કે આપણા પ્રભુ અક્લિષ્ટ કર્મા છે. એટલે શ્રીઆચાર્યજી નિબંધમાં આજ્ઞા કરે છે કે **"સર્વં સહેત પરમં સર્વેષાં કૃષ્ણભાવનાત્"** (સ.નિ.૨।૨૩૩).

૩.ત્યાગ :

એટલે કે જે કારણથી દુઃખ ઉત્પન્ન થતું હોય એવા કોઈક, વાચીક અને માનસિક વ્યાપારોનો વ્યર્થમાં આરંભ જ ન કરવો એટલે કે અનારંભ આનું ઉલટું દુઃખ ઉત્પન્ન થાય તેવા કાયિક વગેરે વ્યાપાર કરવા એ ભક્તિ અને પ્રપત્તિની સાધનામાં બાધકરૂપ થઈ જશે. દા.ત. શ્રીહરિરાયજી શિક્ષાપત્રમાં આજ્ઞા કરે છે કે **"યો વદત્યન્યથાવાક્યમ્ આચાર્યવચનાજ્જનઃ, સંસૃતિપ્રેરકો વાઽપિ તત્સંગો દુષ્ટસંગમઃ"** અર્થ : જે શ્રીઆચાર્યજીના વાક્યથી અન્યથા વાક્ય કહે અથવા અહંતા-મમતાત્મક સંસારમાં આસક્તિ કરવાની પ્રેરણા કરે તેનો સંગ દુષ્ટસંગ જાણવો. (શિક્ષા.૩૮) અને સંસાર વધવાથી તે દુઃખી થાય છે. **"સંસારી યસ્તુ ભજતે સ દુરસ્થો યથા તથા, અપેક્ષિત જલાદીનામ્ અભાવાત્ તત્ર દુઃખભાક્"** આમ દુઃખ પ્રકટ થાય તેવા કાઈક, વાચીક અને માનસિક વ્યાપારોનો ત્યાગ કરવો.

૪.અસામર્થ્યની ભાવના

આનું ઉલટું જ્યારે આપણે સામર્થ્યની ભાવના અહંકાર કરીશું તે ભક્તિ અને પ્રપત્તિ બન્નેમાં બાધકરૂપ થશે. કારણકે કોઈ પણ કર્મ કરવામાં આપણે સંપૂર્ણ સશક્ત નથી અને સંપૂર્ણ અશક્ત પણ નથી. જો સંપૂર્ણ અશક્ત હોત તો પ્રથમમુનિઓએ હજારો વર્ષ સુધી હવા ભક્ષણ કરીને કરેલી તપસ્યા એક અપ્સરાના નાચ-ગાનથી ભંગ શા માટે થઈ જાત? અને શ્રીભાગવતજીના (૧૦।૮૯।૩૩,૩૪) માં શ્લોકમાં બ્રાહ્મણના મૃત પુત્રોને પાછા લાવવાની પ્રતિજ્ઞા (સામર્થ્યની ભાવના) જ્યારે અર્જુન કરે છે :

> "અર્જુને કહ્યું-હે બ્રાહ્મન્! હું બલદેવ, શ્રીકૃષ્ણ અથવા પ્રદ્યુમ્ન નથી.. હું તો અર્જુન છું, જે એકલો જ ગાંડીવ ધનુષ ધારણ કરી જાણે છે. બ્રાહ્મણ દેવતા! આપ મારા પરાક્રમનો તિરસ્કાર ન કરો, આપ જાણતા નથી કે મેં મારા પરાક્રમથી (મૃત્યુંજય) શંકર ભગવાનને પણ સંતુષ્ટ કર્યા હતા. હે ભગવન્! હું આપને વધારે શું કહું? યુદ્ધમાં સાક્ષાત્ મૃત્યુને પણ જીતી લઈ હું આપનું સંતાન લાવી આપીશ, એટલી મારામાં શક્તિ છે".

આખરે અર્જુનજી બ્રાહ્મણના મૃત પુત્રોને ન લાવી શક્યા ત્યારે પ્રતિજ્ઞા ભંગ થવાથી ખૂબ દુઃખ પામ્યા અને પ્રતિજ્ઞા પ્રમાણે અગ્નિમાં પ્રવેશવા તૈયાર થયા. આવી સામર્થ્યની ભાવના (અહંકાર) ને દૂર કરવાની અકસીર દવા શ્રીઆચાર્યજી નિબંધમાં બતાવે છે.

"પ્રવર્તકત્વં કૃષ્ણસ્ય ન વિધ્યર્થસ્ય કર્હિચિત્,
કાર્યતાદિપરિજ્ઞાનમ્ ઉત્પાદ્યૈષ પ્રવર્તયેત્"

અને

"સાધનં ચ ફલં ચૈવ હરિઃ વેદે નિરૂપ્યતે
તદભિવ્યક્તિતઃ સર્વં પુરુષાર્થં સ્વરૂપતઃ

સાધનં ચ ફલં ચૈવ ઈતિ ઉભયાત્મકો હરિઃ વેદે નિરૂપ્યતે તતશ્ચ વેદાનુસારેણ તદભિવ્યક્તો સત્યાં સર્વ એવ પુરુષાર્થ સિધ્યતિ, યતો ભગવાન્ સર્વ પુરુષાર્થ રૂપઃ" (ત.દી.નિ.પ્ર.૨,૧૭૭-૧૭)

અને

"નહીં સાધન સંપત્યા હરિસ્તુષ્યતિ કસ્યચિત્,
ભક્તાનાં દૈન્યમેવેકં હરિ તોષણ સાધનમ્" (દશ.સ્ક. કારિકા)

આમ સામર્થ્યની ભાવના ભક્તિ અને પ્રપત્તિની સાધનામાં બાધકરૂપ થાય છે.

આપણે જે સેવા કરીએ છીએ તે સેવાનું એક પાસું જ્ઞાનસમ્બન્ધ છે, એક પાસું ભગવાનનું મહાત્મ્યજ્ઞાન છે, એક પાસું ભગવત્સ્નેહ છે, એક પાસું તનુવિત્તજા છે અને એક પાસું કૃષ્ણકથાની લીલાભાવના છે. ધૈર્યના ચાર સાધનો અનાગ્રહ, સહન, ત્યાગ અને અસામર્થ્યની ભાવના એ પાયા છે કે જેના ઉપર ધૈર્યનું ભવન ઉભું રહી શકે છે. ધૈર્યના ભવનના ઉભા રહેવાથી આપણું મન અધીર ન થાય તો તે સેવામાં લીલાભાવનામાં પ્રવણ થશે. અને જ્યારે મન અધીર થશે ત્યારે સેવામાં ક્લેશ ઉત્પન્ન થશે. તે ક્લેશની સીધી અસર તનુવિત્તજા વગેરે પાસાઓ ઉપર નહીં પડે પણ કૃષ્ણકથાની લીલાભાવના ઉપર પડશે. અને આપણી સેવા ભાવભાવનાત્મિકા, ભગવદ્ તન્મયતા રૂપા (**"चेतस्तत्प्रवणं सेवा"**) ચિત્ત ભગવદ્ પ્રવણતા રૂપા, થવી જોઈએ તે નહીં થાય અને અધૈર્યથી ક્લેશ રૂપા બની જશે, ક્રિયાત્મક બની જશે. જ્યારે કોઈ પણ કામ આપણે તન્મયતાથી, ભાવનાથી કરીએ છીએ તો ક્લેશની કોઈ સંભાવના નથી. પરંતુ કોઈ કામ આપણે ક્રિયાત્મક કરીએ ત્યારે તે ઉદ્વેગ ઉત્પન્ન કરે છે. એટલે શ્રીઆચાર્યજી નિબંધમાં આજ્ઞા કરે છે કે **"सप्रेम ईति अनुद्वेगार्थम्"** અને ઉદ્વેગને સેવાફલમાં પણ બાધકરૂપ કહ્યો છે.

અધૈર્યનો જન્મ માયાના ગુણધર્મો ૧.કામ ૨.ક્રોધ ૩.લોભ ૪.મોહ ૫.મદ અને ૬.માત્સર્યમાંથી થાય છે તે આપણે ૮૪-૨૫૨ વૈષ્ણવોના પ્રસંગ દ્વારા સમજીએ.

૧.કામથી પ્રકટ થતું અધૈર્ય :

દામોદરદાસ સંભરવારા ૮૪ વાર્તા પ્રસંગ-૩ "તબ શ્રીઆચાર્યજીને કહ્યો. જો તુ જાય કે અપની સ્ત્રીસોં પૂછિ આઉ. તબ દામોદરદાસ અપની સ્ત્રી સોં પૂછી, જો તેરે કાહૂં બાતકો મનોરથ હૈ? તબ સ્ત્રીને કહ્યો. જો ઓર તો કછુ મનોરથ રહ્યો નાંહી, એક પુત્રકો મનોરથ હૈ. ભાવપ્રકાશ-એક પુત્ર સેવા અર્થ હોય, સો યહ વિચાર નાહીં આયો જો પુષ્ટિમાર્ગકી સેવા માંગે તે મિલે. પુત્રકો કહાં પ્રમાણ હૈ, જો સેવા કરૈંગો? ઈતને યહ વચનમેં શ્રીઆચાર્યજીને જાન્યો જો મેરો આશ્રય છુટ્યો. જાઉં પુત્રકો લેકે સગરી ભક્તિ સકામી હોઈ ગઈ. તાતે મુકુંદદાસ સપ્તમ સ્કન્ધમેં પ્રહ્લાદ નૃસિંહજી સોં કહે હૈ, "સ્વામિકો નિજ અર્થ હિ

ચાહે નિદન ભક્તિ અવગાહૈં. સ્વામિ સો લૌકિક વૈદિક અપનો સુખ કછૂ ચાહે સો નિંદિત હૈ, વાકો ભક્તિ ન મિલે".

"लोकार्थी चेद् भजेत् कृष्णं क्लिष्टो भवति सर्वथा" (શિ.મુ.૧૬)

શ્રીભાગવતજીના ત્રીજા સ્કન્ધમાં ૧૪ માં અધ્યાયમાં કશ્યપપ્રજાપતિની પત્નિ દિતિને સંધ્યાસમયે કામ ઉત્પન્ન થયો તેથી કશ્યપે કહ્યું કે આ સંધ્યા સમય જવા દો કારણ કે સંધ્યા સમય ઘોર પ્રાણીઓ, રાક્ષસો વગેરેનો છે. તે વખતે ભુતનાથના ગણ ભૂત-પ્રેતાદિ ફરતા હોય છે. તો પણ કામાતુર બનેલી દિતિની ધીરજ ન રહેવાથી અકાલમાં ગર્ભધાનથી હિરણ્યકશિપુ અને હિરણ્યાક્ષ અસુર પુત્રો ઉત્પન્ન થયા. **"स्वयमईन्द्रिय..."** રિવર્સ અત્યાગ.

ભગવદ્ભક્ત પુત્ર ઉત્પન્ન થાય એવી કામનાથી શાસ્ત્ર વિરુદ્ધ કામોપભોગ(વ્યભિચાર) દુષ્કૃત્ય છે. આવું શાસ્ત્રવિરુદ્ધ (શ્રીઆચાર્યજીના સિદ્ધાન્તથી તદ્દન વિરુદ્ધ) દુષ્કૃત્ય આચરનાર પુષ્ટિમાર્ગની ફલાનુભૂતિથી વંચિત જ રહે છે **"विषयाक्रान्त देहानां नावेशः सर्वदा हरेः"** (સં.નિ.).

આમ કોઈપણ કામનાથી થતું અધૈર્ય ભક્તિ અને પ્રપત્તિમાં બાધકરૂપ બને છે.

૨.ક્રોધથી પ્રકટ થતું અધૈર્ય :

પ્રસંગ ૮૪-૭૪ ગોપાલદાસ જટાધારી "સો એક વૈષ્ણવકો લરીકા અપુને શ્રીઠાકુરજી કે લીયે.... નિત્ય દ્વા-પાંચ ફુલ ચુરાય લે જાય. સો ગોપાલદાસ બહોતેરો જતન કિયો જો કોન ફૂલ લે જાત હૈ. પરંતુ જાની ન પરી. તબ એક દિન ગોપાલદાસ ઉહ બાગમેં છિપ રહે. સો ઉહ વૈષ્ણવકો લરીકા વર્ષ, ગ્યારહ કો, સો ચારો ઓર ગોપાલદાસ સો દેખ્યો. જાન્યો જો અબ યે નાહીં હૈ. તબ પાંચ ફૂલ તોર્યો. તબ ગોપાલદાસ દોરિકે આયો. સો ઉહ લરીકાકો પકરીકે માર્યો. તબ વહ લરિકા છુડાય કે ભાગ્યો. શ્રીનાથજીકે મંદિરમેં છિપ્યો. તહાં ભોગ કે કિવાડ ખુલે હતે. તહાં આઈ વહ લરિકા દરસનમેં છિપ્યો. સો ગોપાલદાસ રીસકે મારે ચલે આયે. સો ક્રોધમેં મંદિરકો જ્ઞાન ન રહ્યો. (**"क्रोधात् भवति संमोह"**) ઉહ બાલક કો ધોલ મારી, તબ સબનને છુડાય દિયો. સો શ્રીનાથજીકો બહોત બુરી લાગી જો ગોપાલદાસ મેરી હું કાની ન કરી? મંદિરમેં માર્યો..... જો શ્રીનાથજીકે ફૂલ, ઘરકે ઠાકુરકો ઘરનો નાહીં" (**"भार्यादिनां तथा.... सहेत"**નું રિવર્સ અસહન).

વર્તમાન સમયમાં કોઈ જો.બાલકને ગ્રન્થ ભણાવવાનું કહીએ તો

ક્રોધિત થઈ ખવાસને કહે છે કે "ભગાવો આને અત્યારે, અમારે પોઢવાનો સમય છે". અથવા એમ કહે કે "અત્યારે અમારે સમય નથી, પછી ક્યારેક? ભણાવશું". આવી આજ્ઞા કરનાર ગુરુને પાછો પધરામણી-ઉદ્ઘાટન વગેરેમાટે સમય છે!

૩.લોભથી પ્રકટ થતું અધૈર્ય :

૮૪-૪૮ રામાનંદ પરિડત "સો પિછલી રાત્રીકો રામાનંદને ઉઠિકે સ્ત્રીકો કહી, બેગિકે ગોબર સોંકિ, નાતર વૈષ્ણ ઉઠિકે સબ ગોબર લે જાઈંગે. સો યહ બાત રામાનંદકી શ્રીઆચાર્યજીને સુની. સોં આપ ઉઠિકે મનમેં બહોત ક્રોધ કિયે. જો યા પ્રકાર ગોબરકો કહત હૈ, ઉઠાઈ બે જાઈંગે. તો વૈષ્ણવકો ઔર સમાધાન કહાં કરેંગો? વૈષ્ણવ મેરે પ્રાણપ્રિય, તિનકો યહ ઐસી બાત કહે. તબ શ્રીઆચાર્યજી ક્રોધ કરી હાથમેં જેવ લેકે જેહમંત્ર પઢિ રામદાસ ઉપર છિરકિ કે કહે, મૈને તેરો ત્યાગ કિયો".

૨૫૨૨૦૩ એક રેવી બ્રાહ્મણીકો બેટા "યહ વૈષ્ણવ આગે કોન હતો? તબ શ્રીગુસાંઈજી શ્રીમુખતે કહે જો યહ વૈષ્ણવપૂર્વ જન્મમેં શ્રીઆચાર્યજી મહાપ્રભુજીકો સેવક હતો. સો જીભકી લાલચ સોં સ્વાદ કરી નિરયો. તબ ચાચા હરિવંશજીને શ્રીગુસાંઈજી સો બિનતી કીની, જો મહારાજ? યહ કોન અપરાધ પર્યો? તબ શ્રીગુસાંઈજી આપ શ્રીમુખતે કહે, જો એક સમય અડેલમેં વૈષ્ણવકે સાથ આયો હતો. સો શ્રીનવનીત પ્રિયાજીકી રાજભોગ આરતીકો સમય હતો. સો શ્રીઆચાર્યજી મહાપ્રભુજીને સબ વૈષ્ણવનકો મહાપ્રસાદ લિવાયો હતો. તબ કછુ ઘી-દૂધ ઈત્યાદિ શ્રીઅકબરશાહકે ઈનકી પાતરિમેં ઘોરો ધર્યો. સો જબ યહ મહાપ્રસાદ લેન બેઠ્યો તબ પાતરી દેખીકે યાકે મનમેં આઈ જો મેરે કાંધેકો જગ શ્રીનવનીત પ્રિયાજી આરોગત હૈ. સો આજ મેરી પાતરી મેં ઓછી વસ્તુ ક્યોં ધરી હૈ? સો યહ બાત ઉનમેં શ્રીઅકબરશાહકે કહી. સો તાંહી સમે શ્રીનવનીત પ્રિયાજી જૈસી કૃપા આગે કરતે તૈસે પાછે જ્ઞાનુભાવ કછુ ન જનાવે. સો જીવતને દિન ઈનકી દેહ રહી તિતને દિન સેવા તો કરી, પરી પ્રભુ જ્ઞાનુભાવતા ન જનાએ. ભાવપ્રકાશ-ઔર રસના ઈન્દ્રિયકે બસ હોય સો ગિરે યે હૂં કહે". (રસનાના લોભથી પ્રકટ થતું અધૈર્ય)

૨૫૨૧૩૮ એક બ્રાહ્મણી ઉજ્જૈનકે પાસ રહતી "તબ યહ શાક્ત ભૂમિ નાપ કે આયો. તબ યા સાક્તને યા બાઈસો કહ્યો જો બાઈ! મેં તેરી ભૂમિ બાનિ કે ઈતનો તોકો અહસાન કરૂયો હૂં. તબ યા બાઈને યા સાક્ત (ઝરીફ) સોં કહ્યો જો પુત? તેં મોકો જીવાઈ. એસે યા બાઈને સો કહેતે, જો (યા બાઈકો ઘાચિક) અન્યાશ્રય ભયો. અન્યમાર્ગીયકો અહસાન મોલ લિયો. "કૃષ્ણભટ્ટને કહ્યો જો બાઈ! હમારે શ્રીઠાકુરજી બનજ વ્યોપાર કરત નાહીં હૈ" જો એસો લોગનકો દિખાઈએ. ઔર યે લોગ એની ભાંતિ વૈષ્ણવજનનિ અહસાન કરે તો વૈષ્ણવતા તો બિકની. તાતેં અબ શ્રીઠાકુરજી તોંસો સેવા સ્વીકા

ન કરાવેંગે. ભાવપ્રકાશ-ઔર અપને શ્રીઠાકુરજી કે ઢૂંઢન અન્યમાર્ગીકો ન કરાવન યહું જનાયો".

આ પ્રસંગમાં લોભ અને પુષ્ટિમાર્ગમાં સિદ્ધાન્તના અજ્ઞાન (મોહ) થી પ્રકટ થતું અધૈર્ય છે. **"સ્વયમિન્દ્રિય કાર્યાણી..ત્યજેત્"** નું રિવર્સ ત્યાગ.

વર્તમાન સમયમાં લોભથી પ્રકટ થતું અધૈર્ય :

વર્તમાન સમયમાં દ્રવ્ય, પ્રતિષ્ઠા વગેરેના લોભ વશાત અમે જો.બાલકોએ તનુવિત્તજાના ભાગલા પાડી વૈષ્ણવોને ખોટી રીતે ભરમાવી દીધા કે તમે તમારી ઘરે ઠાકોરજીને મિશ્રી ઘરો અને અમારે ત્યાં દ્રવ્ય આપી મનોરથો કરાવી જાવ! તમારી સેવા થઈ જશે!! આમ વિત્તજા વૈષ્ણવોની "પૈસા ફેંક તમાસા દેખ" અને તનુજા મુખીયા ભીતરીયાની. આવો ઝોરખધંધો, હવેલીઓ રૂપી દુકાનદારીઓનો ધંધો (વેપાર) ખુબ ફૂલ્યો-ફાલ્યો છે. એટલું જ નહીં પણ ભોગ વૈષ્ણવોના પૈસે ધરાય અને તે ભોગનો પ્રસાદ પાછો વેચવામાં આવે! ડબલ નફો ડબલ પ્રોફીટ!!

૪.મોહ અજ્ઞાનથી પ્રકટ થતું અધૈર્ય :

૮૪૧૩ દામોદરદાસ સંભરવાળા "એક દિન દામોદરદાસ શ્રીઠાકુરજીકો રાજભોગ સમર્પિ સૈય્યા મંદિરમેં સૈયા સંવારન લાગે તબ દેખે તો દુશીયા ઉપર બિલાઈને બિગાડ્યો હૈ. તબ દામોદરદાસને કહ્યો, જો શ્રીઠાકુરજી તો અપની સૈયા હું રાખિ સકત નાહીં. એસે કહ્યો તબ શ્રીઠાકુરજીને ચાર ચૌકી ઉપરસુ ચાતમારી ડારિ દીનો. ઔર દામોદર દાસ સો શ્રીઠાકુરજીને કહ્યો. જો સેવક તું કે સેવક મૈં? સેવક હોયકે એસો બોલત હૈ. (શ્રીઠાકુરજી હોય માલ લો બોલે નાહીં)"

અહીં સ્વામીના સ્વરૂપના અજ્ઞાન (મોહ) થી પ્રકટ થતું અધૈર્ય છે. **"ભાર્યાદિનાં...અસતશ્ચાકામો સહેત્"** સહનનું રિવર્સ અસહન.

૨૫૨૧૮૩ એક સ્ત્રી ક્ષત્રાણી, બિલાઈવાલી "બાઈ અપને શ્રીઠાકુરજીકો અપને સાથ લે સોવે તબ એક દિન રાત્રિ પ્રહર ડેઢ ગઈ હતી તબ તા દિના બિલાઈ દોઈ પાકે પલંગકે નીચે રહ ગઈ હતી. સો દોઉ બિલાઈ આપુસમેં લરન લાગી. તબ ઠાકુરજી ડરપન લાગે. તબ યહ બાઈ યા બિલાઈકો ગારી દેન લાગી. ઔર યા બિલાઈ સોં કહે, જો મેરે લાલજી ડરપત હૈં. પરિ યહ બિલાઈ તો ચરતતં રહે નાહી. શ્રીઠાકુરજી ઉન બિલૈયાન સો ડરપે સોવા બાઈ સો આપસું વપટાત જાઈ, ઔર શ્રીઠાકુરજી કહત જાઈ, જો અરી બાઈ! મેં તો ઈન નિગોડી બિલૈયાન તે ડરપત હોં. તબ યહ બાઈ

બિલૈયાનકો ગારી દેન લાગી, ઔર તુમ દેખો તો સહી સબારે મૈં તુમકો ઢકરીન સોં મારોં. આજુ તુમ મેરે લાલજકો ડરપાવત હો? ઔર યે બિલૈયા તો ઘરતનેં રહેં નાહીં તબ શ્રીઠાકુરજી ફેરી ફેરી બોલે, જો એરી આઈ! મૈં તો ઈન નિગોડીન બિલૈયાન તે ડરપત હોં. યોં કહિ કે યા બાઈ સો લપટાત જાઈ (બાઈની ધીરજ ખુટી) તબ યહ બોલી જો-અહો શ્રીલાલજી મહારાજ! તુમને તો પુતના મારી હૈ, ઔર બડે બડે દૈત્ય હું મારે હૈ. તબ તો તુમ ડરતે નાંહી. ઔરે સબ ઈન બિલૈયાન તે ક્યોં ડરપત હોં? જબ યા બાઈને એસો કહી તબ બાઈ કોં છોડિકે શ્રીઠાકુરજી કહન લાગે, જો અરી બાઈ આજ તક તો તેરો હમારો યહ સમ્બન્ધ હતો. પરિ અબ તો યહ સમ્બન્ધ રહ્યો નાહીં. તબ તા દિન સોં શ્રીઠાકુરજી યા બાઈસોં કછુ કહે ન બોલે" ભાવપ્રકાશ- સોં કહેં તે જો જહાંતાંઈ બાલક જાને તહાં તાંઈ તો લાલજી બ્હે રહે. ઔર જબ બડે જાને મહાત્મ્ય કરિ કે તબ તો પ્રભુજી ભગે. તાંતે જહાં (સેવા કરતી વખતે) મહાત્મ્ય આયો તબ તહાં સ્નેહ તો ગ્યો."

અહીં સેવાના સ્વરૂપના અજ્ઞાનથી પ્રકટ થતું અધૈર્ય છે. મહાત્મ્ય ખુબ જ જરૂરી છે પરંતુ સેવા કરતી વખતે પ્રકટ કરવાથી સ્નેહ જતો રહેશે. ક્ષત્રાણી સ્ત્રીને પ્રભુ બાલભાવનો આનંદ આપતા હતા. ત્યારે ક્ષત્રાણીએ (ધીરજ ખુટતા) તે લીલાનો આનંદ ન લેતા અધીર બની મહાત્મ્ય પ્રકટ કર્યું એટલે રસાભાસ થયો.

શ્રીભાગવતજીના સ્કન્ધ ૫ માં ભરતરાજા પોતાનું રાજ્ય છોડી ભગવદ્ભજન કરવા વનમાં ગયા. ત્યાં મોહવશ હરણીના બચ્ચામાં આશક્તિ થવાથી ફલપ્રાપ્તિમાં વિલંબ થયો.

વર્તમાન સમયમાં મોહથી (અજ્ઞાન) પ્રકટ થતું અધૈર્ય :

"સબસે બડો અજ્ઞાન (મોહ) તો યહ હૈ કિ હમ પુષ્ટિમાર્ગી હો કે ભી શ્રીઆચાર્યજીકે ગ્રન્થનકો અધ્યયન-અધ્યાપન નહીં કરેં હૈં. ક્યોંકિ અપન ગો.બાલક ઔર તુમ વૈષ્ણવન, અપન દોનોંકો જોડનેવાલી જો કડી હૈ સો શ્રીઆચાર્યજીકે ગ્રન્થ હૈ. શ્રુતિને કહ્યો હૈ **"આચાર્યઃ પૂર્વ રૂપં, અંતેવાષ્યુત્તર રૂપં, વિદ્યા સંધિઃ"** ઔર અપની સ્થિતિ તો ઐસી હૈ **"ઉભાવપ્યશ્રુતગ્રન્થૌ ઉભયોપિજડાત્મકૌ, અહો મોહસ્ય મહાત્મ્યં તત્રૈકઃ શિષ્યતાંગતઃ"**, મતલબ સમજે, ગો.બાલક ઔર વૈષ્ણવ દોનોંને ગ્રન્થનકો અધ્યયન નહીં કિયો, દોનોં જડ પાની (ભેંસકે અવતાર) હૈં, અરે!!! યે મોહકો મહાત્મ્ય તો દેખો ફિર ભી એક શિષ્યા હૈ, ઔર એક ગુરુ હૈ. યે કૈસે ગુરુ શિષ્ય હો ગયે? ગ્રન્થે પઢે બિના, યે તો "અંધે ગુરુ લાલચી ચેલા, દોનો નરકમેં ઠેલમઠેલા" મહાવનકે અજ્ઞારકો પાદ

કરો, વાને ચરણભેટ લે લેકે એશ કિયો ઔર શિષ્યનકો ઉદ્ધાર નહીં કિયો. ઐસે અપન ભી શ્રીઆચાર્યજીકે નામ પે ચર ખા રહે હૈં. યે અજ્ઞાનકું એક ન એક દિન તો દુર કરનો હી પડેગો". (ગો.શ્યામમનોહરજીના વચનામૃતમાંથી સાભાર)

૫.મદ અહંકારથી પ્રકટ થતું અધૈર્ય :

૮૪૧૧ ગોવિંદદાસ ભલ્લા. "શ્રીગોવર્ધનધરકી પરચારકી કરન લાગે. દોઉ સમયકે પાત્ર માંજે, રાત્રિ પહર ડેઢ રહે પાછલી, તબ ઉઠી કે દેહકૃત્ય કરી ન્હાઈકે જાગરી લે મથુરા આઈ, શ્રીયમુનાજલકી જાગરી ભરી રાજભોગ પહલે આવતે. પાત્ર સબ માંજ રસોઈ પોતિ અપની સબ સેવા સોં પહોંચી પર્વતકે નીચે આઈ, તીલક ધોઈ માલા ઉતારી ઝાંટી બાંધી ગોવર્ધનકે આસપાસ સોં કોરી ભિક્ષા માંગી લાવતે. સો સેર પાંચ-સાતકો આહાર હું હતો. સો આહાર લાઈ કે આવે તબ આઈ કે અપને હાથ સોં પીસ રોટી કરી શ્રીગોવર્ધનકી ધજાકો દિખાઈ ચરણામૃત મિલિકે લેતે. પાછે રોજ, ભોગકે પાત્ર માંજતે રસોઈ પોતિ સેવા સો પહોંચી સેન કરતે. યા પ્રકાર સેવા કરતે. પરંતુ શ્રીગોવર્ધનનાથજીકો આછો ન લાગતો. ભાવપ્રકાશ-"તાકો કારન યહ જો ભાવ પ્રીતિ સો ઐસી સેવા કરે તો શ્રીગોવર્ધનધર પાકે પાછે લગે ડોલતે." પરંતુ ગોવિંદદાસ ભલ્લા તામસી હતો. સો સગરી સેવા અહંકાર સોં કરતે, શરીરકો કષ્ટ પાવતે. પરંતુ ગગરે સેવકનકો નીચે કરી દિયે. જો મો બરાબર કોન કરેગો. તાતેં શ્રીગોવર્ધનધરકો આછો ન લગે અપ્રસન્ન કરત હૈ".

૮૪૧૪ પાર્વતીકો બેટા રઘુનાથદાસ "પાછે રઘુનાથદાસ કછુ દિન સેવા કરી. પાછે જ્ઞાન ભયો. જો પાર્વતીકી સેવા અહંકાર કરી છુડાઈ. તાતેં પ્રભુ મો પર અપ્રસન્ન હૈ. તાતેં ભગવદીય સોં મિલિકે ચલુંગો. તો શ્રીઠાકુરજી પ્રસન્ન હોઈંગે. અહંકાર કિયે મેરી યહ સેવા જાઈગી..." ભાવપ્રકાશ- "પ્રીતિકી લોટી મોંકો (પ્રભુકો) પ્રિય હૈ. અહંકાર કરી છપ્પનભોગ પ્રિય નાહીં હૈ."

૮૪૧૨ કૃષ્ણદાસ મેઘન "ઔર એક સમય શ્રીઆચાર્યજી સોં કૃષ્ણદાસને પ્રશ્ન પુછ્યો, જો ભક્ત હોઈ કે શ્રીઠાકુરજીકી લીલાકો ભેદ નાહીં જાનત સોં કહેંતે? તબ શ્રીઆચાર્યજીને કહ્યો "...જો સબ દાસ ભયો. પ્રભુ આધીન હોં. પ્રભુ કરે સો સર્વોપરિ સિદ્ધાન્ત હૈ. યહ ભેદ અપનેમેં નાહીં. ઔર અપની યોગ્યતા માની ભગવદીયકો સંગ નાહીં કરત હૈ. તાતે યોગ્યતા જાને તબ પ્રભુ અપ્રસન્ન હોઈ જાત હૈ. યહ માર્ગ કૈસ કા હૈ. સો કૈસ નાહીં હૈ".

આ **"અસૂરેણાપિ કર્તવ્યં સ્વસ્યાસામર્થ્ય ભાવનાત્"**નું વિરુદ્ધ સામર્થ્યની ભાવનાથી પ્રકટ થતું અધૈર્ય.

વર્તમાન સમયમાં મદથી પ્રકટ થતું અધૈર્ય :

"અપન ગોસ્વામી લોગ આજ અપને પુરુષોત્તમ હોનેકો ઘવા કર રહે હૈં. પર શાસ્ત્ર પુરુષોત્તમકી કયા ડેફીનેશન દેવે હૈ? દેખો **"યસ્માત્ ક્ષરમ અતિતોઽહં અક્ષરાદપિ ચોત્તમઃ, અતોસ્મિ લોકે વેદે ચ પ્રથિતઃ પુરુષોત્તમઃ"** (ગીતાજી.૧૫।૧૮) (અર્થ : હું ક્ષરથી અતીત છું અને અક્ષરથી ઉત્તમ છું, તેથી લોકમાં તથા વેદમાં 'પુરુષોત્તમ' એમ પ્રસિદ્ધ છું.)

દુસરો ઉદાહરણ દેખો : **"યત્ર યેન યતો યસ્ય યસ્મૈ યદ્ યદ્ યથા યદા, સ્યાદિદં ભગવાન્ સાક્ષાત્ પ્રધાનપુરુષેશ્વર"** (ભાગ.પુરા.૧૦।૮૫।૪) (અર્થ : જ્યાં પણ, જે સમયે પણ, જેના દ્વારા પણ, જેનાથી પણ, જેના માટે પણ અને જે રૂપમાં પણ જે કંઈ પણ થાય છે, કે થઈ રહે છે એ બધું આપ જ છો. તાત્પર્ય આ છે કે બધા કારકો અને વિભક્તિઓ દ્વારા વાચ્યકે બોધ્ય અર્થ આપ જ છો) પ્રકૃતિ (ના રૂપમાં ભોગ્ય), પુરુષ (ના રૂપમાં ભોક્તા) અને (બન્નેના નિયામક) ઈશ્વર, સાક્ષાત્, ભગવાન્ આપ જ છો.

"યે ગીતાજી ઔર શ્રીભાગવતજીકે વચન યે સફેદ્ય પોતકે આજ હમ ગો.બાલક સબ અપને આપકો પુરુષોત્તમ માનને લગે. ઔર તુમ વૈષ્ણવનને "બોલતે ઠાકુર, બોલતે ઠાકુર" કર કર કે હમમેં એસો અહંકાર પનપા દીયો. યામેં અપન દોનોંકો બિગાડ ભયો હૈ. શ્રીઆચાર્યજીને એસો નહીં કહ્યો. ઉનને તો કહ્યો હૈ કે **"ઈતિ 'શ્રીકૃષ્ણદાસસ્ય વલ્લભસ્ય હિતં વચઃ"** (ગો.શ્રીશ્યામ-મનોહરજીના વચનામૃતમાંથી સાભાર)

૬.માત્સર્યથી પ્રકટ થતું અધૈર્ય :

૨૫।૨।૧૩ ધની ધન્યાની "(પરોસનકે ઘર) જાપકે દેખે તો વાકે ઘરમેં ઘણો વૈભવ. સો વૈભવ દેખિકે વાકો મન લલચાયો. સો વા(પરોસન) ને યા (વૈષ્ણવ સ્ત્રી) કો મન લલચાયો દેખકે કહી, જો તુમ અપને શ્રીઠાકુરજીકી સેવા કરો હો, કુલદેવતાકો પુજન નાહીં. તુમહારે વૈભવ કહાંતે હોય? તબ વાને કહી, જો હમારે ઘરમેં તો કુલદેવતા નાહીં હૈ. તબ વા (પરોસન) ને એક દેવીકો પુતરા દીયો. તબ આગામેં બેઠારે. ઈતનેમેં વા (વૈષ્ણવ સ્ત્રી) કો ધની આયો. કહી જો ઉત્થાપન નાહીં કિયે? તબ વાને કહી જો મેં કુલદેવી લે આઈ હું. સો તાકો કછુ સરંજામ હૈ નાહીં. સરંજામ લે આવો તો ન્હાઉ. ભાવપ્રકાશ-"જો અવૈષ્ણવ કો પાસ જાનો નાહીં".

આ વાર્તા પ્રસંગમાં પડોસનના ઘરે દેવીનો વૈભવ જોઈ વૈષ્ણવ-

વૈષ્ણવની સ્ત્રીમાં માત્સર્ય પ્રકટ થયું કે આવો વૈભવ મારે તો નથી. જેવી રીતે આજ-કાલ હવેલીઓમાં કેસરના હિંડોળા, અન્નકુટના મોટાં-મોટાં ઈંટો જેવડા ઢેફલા, શ્રીઠાકુરજીના બાહ્ય આડંબર રૂપ, રાગ, ભોગ, શૃંગાર, મેંડ મરજાદ, આવો ઠાઠ જોઈ વૈષ્ણવોના મનમાં એવી હીનતાની ભાવના આવી ગઈ કે આવી સેવા અમે ઘરે કેવી રીતે કરી શકીએ એટલે બધા હવેલીઓમાં મનોરથો કરાવતા થઈ ગયા. એક વૈષ્ણવ ૧૦૦ રૂા. ભેટ લખાવે તો બીજો ૨૦૦, ત્રીજો ૪૦૦ આમ પરસ્પર માત્સર્ય પ્રકટ થયું. અને પોતાના સેવ્ય સ્વરૂપમાંથી સ્વરૂપ નિષ્ઠા ખણ્ડિત થઈ. બધા સેવા છોડી-છોડી હવેલીઓમાં ભટકતા થઈ ગયા. ગો.શ્યામુબાવાના શબ્દો તો આ છે કે "જેટલી જાહેર હવેલીઓ છે તે શ્રીમહાપ્રભુજીની ભક્તિ રૂપી ગાયને કાપવાના કતલખાના છે. અને હવેલીઓનો જે પ્રસાદ છે, તે ભક્તિ રૂપી ગાયનું માંસ છે. અને તે દેવદ્રવ્ય રૂપી (માંસ) વેચનારા અમો કસાઈયો છીએ અને તે દેવદ્રવ્ય રૂપી (માંસ) ખાનારા તમો વૈષ્ણવો ગૌમાંસ ભક્ષી ગ્રાહકો છો" (સર્વનિર્ણય પ્રવચન ૨૦૦૧ મુંબઈ) આપણે જો પુષ્ટિ પ્રભુની પ્રાપ્તિ કરવી હોય તો, વર્તમાન સમયમાં શ્રીઆચાર્યજીના સિદ્ધાન્તથી સદંતર વિરુદ્ધ ચાલતા પ્રકારોનો પ્રતિકાર કરવો જ જોઈએ. **"પ્રતીકારો યદચ્છાતઃ સિદ્ધશ્ચેત્ નાગ્રહી ભવેત્".**

અધૈર્યનિવારણ-ઉપસંહાર :

"શાસ્ત્રમ્ અવગત્ય મનોવાગ્દેહૈઃ કૃષ્ણઃ સેવ્યઃ" શાસ્ત્ર (શ્રીઆચાર્યજીના ષોડશગ્રન્થ, નિબંધ વગેરે) નું અધ્યયન કરીને જ પછી મન, વાણી અને દેહથી કૃષ્ણની સેવા કરવી.

૮૪।૭૦ કનૈયાલાલ ક્ષત્રી "સો શ્રીઆચાર્યજી જિતને છોટે ગ્રન્થ કિયે હતે સો સબ કનૈયાલાલકો પઢાયે." તબ "ઝારે ગ્રન્થકે ભાવ, બીચકે ભાવ, પુષ્ટિમાર્ગકો સિદ્ધાન્ત કનૈયાલાલકે હૃદયમેં સ્થાપન કિયે. "સો શ્રીગુસાંઈજી કનૈયાલાલ પાસ શ્રીઆચાર્યજીકે સારે ગ્રન્થ પઢે. પાછે શ્રીગુસાંઈજી શ્રીઅડ્યાજી સોં પૂછ્યો, શ્રીઆચાર્યજીકે ગ્રન્થ કહાં મીલે? તબ અડ્યાજીને કહી, આગરેમેં કનૈયાલાલ ક્ષત્રીકે પાસ ગ્રન્થ હૈ, તહાં તે લેહું. પાછે શ્રીગુસાંઈજી કનૈયાલાલ પાસ શ્રીઆચાર્યજીકે સારે ગ્રન્થ પઢે. પાછે શ્રીગુસાંઈજી ગ્રન્થકી ટીકા કરી કનૈયાલાલકો કૃપા કરી પઢાયે".

૮૪।૭૬ સંતદાસ ચોપડા "શ્રીઆચાર્યજી સો બિનતી કરો" જો મહારાજ મો પર ઐસી કૃપા કરિયે જો યા દેહસોં શ્રીઠાકુરજી અનુભવ જતાવે. આપકો સ્વરૂપ હૃદયારઢ હોઈ. પુષ્ટિમાર્ગીય ફલકો અનુભવ હોઈ. તબ શ્રીઆચાર્યજી સંતદાસકો 'પુરુષોત્તમ સહસ્ત્રનામ' પઢાયે. ઔર આપુને ગ્રન્થ

કિયે હતે સો પોથી સંતદાસકો દેકે કહે, તુમકો યહ ગ્રન્થ દ્વારા સબ મનોરથ પૂર્ણ હોઈંગો".

૮૪૧૪ રઘુનાથદાસ "શ્રીઆચાર્યજીકે માર્ગકી પરિપાટી ઔર માર્ગકી બાત નાહીં જનત હૌં." તબ શ્રીગુસાંઈજીને રઘુનાથદાસકો ચાર ગ્રન્થ સિદ્ધાન્તરહસ્ય, કૃષ્ણાશ્રય, નવરત્ન, ઔર સેવાફલ અર્થ સહિત પઢાયે ઔર માર્ગકી પ્રણાલીકા કહી.

૮૪૧૫ પદ્મનાભદાસકી બેટી તુલસા "યદિ શ્રીઆચાર્યજીકે ગ્રન્થકો પાઠ નિત્ય કરિયત હૈ" "જો ઉનકે ગ્રન્થકે પાઠ તે કૃપા પ્રભુ કરત હૈ" તબ શ્રીગુસાંઈજી બહોત પ્રસન્ન ભયે.

૮૪૧૬ શેઠ પુરુષોત્તમદાસ "ઔર શ્રીઆચાર્યજીકે પાસ વાદી બહોત આવે. તબ શ્રીઆચાર્યજી પત્રાવલંબન ગ્રન્થ મહાદેવકે પાસ ભીતમેં લગાઈ, છોટે ગ્રન્થમેં હમરેન માયાવાદીનકો નિરસ્તર કિયે."

શ્રીઆચાર્યજીએ એક ગ્રન્થથી જ માયાવાદીને નિરસ્તર કર્યો, તો પછી આપણા અધૈર્યની શું વિશાદ? માત્ર શ્રીઆચાર્યજીના ગ્રન્થોના અધ્યયન,અધ્યાપનથી આપણું અધૈર્ય જ નહીં, પણ આપણને ભક્તિમાર્ગમાં આડું આવતા બધા જ પ્રતિબંધો દૂર થાય છે, એમાં કોઈ સંશય નથી.

૮૪૧૬૭ ગોપાલદાસ ક્ષત્રી "શ્રીઆચાર્યજી સો બિનતી કરી "સો મોપે એસી કૃપા કરો, જો પુષ્ટિમાર્ગકો સિદ્ધાન્ત હૃદયારૂઢ હ ।, ઔર આપકે સ્વરૂપકો કછુ જ્ઞાન હોય. તબ શ્રીઆચાર્યજીને સિદ્ધાન્ત રહસ્ય" ગ્રન્થ પઢાયે. ગોપાલદાસકે હૃદયમેં પુષ્ટિમાર્ગકે સિદ્ધાન્તકો ભાવ હૃદયારૂઢ ભયો. શ્રીઆચાર્યજીકે સ્વરૂપકો જ્ઞાન ભયો".

"જ્યાં સુધી ષોડશગ્રન્થની ચારણામાંથી પસાર નથી થયા ત્યાં સુધી પુષ્ટિમાર્ગી બની જ નથી શકતા." (ગો.શરદભાવા) વર્તમાન સમયમાં પુષ્ટિ પ્રભુ સુધી પહોંચવા માટે તો શ્રીઆચાર્યજીના ગ્રન્થોનું અધ્યયન, અધ્યાપન કરી, પુષ્ટિ પ્રભુની પોતાના ઘરમાં પોતાના તન, મન અને ધનથી સેવા જ સર્વોત્કૃષ્ટ સાધન છે. આથી અધૈર્ય આપ મેળે જ દૂર થઈ જશે. અને ધૈર્યની પ્રાપ્તિ થશે.

नह्यन्यो वाग्धीशाद् श्रुतिशतवचसां भावमाज्ञातुमीष्टे
यस्मात् साध्वी स्वभावं प्रकटयति पदैरग्रतः प्रत्युदेव
तस्माद् श्रीवल्लभाख्य! त्वदुदितवचनाद् अन्यथा वृथयन्ति
ज्ञातं ये ते निसर्गोत्रिदशरिपुतया केवलान्धन्तमोगाः"

श्रीवल्लभाष्टकम्

आधुनिक न्यायप्रणाली और पुष्टिमार्गीय साधनाप्रणाली का आपसी टकराव

(भगवत्सेवामें प्रतिबन्ध होनेके सन्दर्भमें)

गोस्वामी श्याम मनोहर

१.औपक्रमिक परिभाषा :

'आधुनिक न्यायप्रणाली' पदका प्रयोग भारतवर्षके अंग्रेज़ोंके उपनिवेश बननेके बाद जो लिखित न्यायप्रणाली अंग्रेज़ोंद्वारा साक्षात् प्रशासित प्रदेशोंमें लागू की गयी तथा उनसे प्रभावित देशी राज्योंमें भी जो शनैः-शनैः प्रस्तुत हुयी; और, स्वाधीनता मिलनेके बाद राष्ट्रके गणतन्त्र घोषित होनेपर जो संविधान देशमें मान्य हुवा उससे जो न्यायप्रणाली प्रस्थापित हुयी, उस अर्थमें विवक्षित है. इसी तरह 'पुष्टिमार्गीय साधनाप्रणाली'पदका प्रयोग महाप्रभु श्रीमद्वल्लभाचार्यचरणद्वारा कण्ठतः उपदिष्ट और उनके उपदेशोंपर परवर्ती व्याख्याकारोंद्वारा लिखी गयी विवेचनाओंमें प्रकट होती भगवत्सेवाकी प्रणालीका जो स्वरूप प्रकट हुवा है उस अर्थमें विवक्षित है.

२.विचार्यविषयके आधारभूत प्रमाणोंकी परिधि :

यह तो स्वाभाविक ही है कि चाहे राजकीय न्यायप्रणाली हो या धार्मिक साधनाप्रणाली कोई भी अपने मूल प्रवर्तनाके वचनोंमें बंध कर सदा रह नहीं पाती. क्योंकि परवर्ती विवेचनाकारोंकी अपनी समझ, परम्परामें उसके अनुसरणमें आती सुविधा/असुविधा; तथा अन्तमें तत्तद् देश-कालकी अनुकूलता/प्रतिकूलता ये ऐसे तथ्य हैं, जो किसी भी न्याय या धर्म की प्रवर्तमान या जीवित प्रणालीके स्वरूपको घड़नेमें महत्त्वपूर्ण घटक बन जाते हैं. अतः इन्हें भी निकष तो मानना पड़ता है. फिरभी न्यायप्रणाली हो या धर्मप्रणाली या अन्यभी जीवित प्रणालियोंका उनके मूल स्वरूप एवं प्रयोजन के अनुरूप स्वस्थरूपेण विकसित होना एक सम्भावना है. ऐसे ही दूसरी सम्भावना उसके विकृत हो जानेकी भी उतनी ही सहज होती है.

अतएव प्रस्तुत पुष्टिमार्गीय साधनाप्रणालीकी विवेचनामें देश-

कालकी विषम परिस्थितिके वश प्रकट हुए विकृत स्वरूपको आदर्श माननेके बजाय ग्रन्थोपदिष्ट स्वरूपको ही हम प्रामाणिक मान कर यहां विमर्शार्थ प्रवृत्त होना चाहेंगे. क्योंकि उपदिष्ट सिद्धान्तके बारेमें सावधानीके साथ जो छूटछाट परम्परामें ली गयी हों अथवा देश-कालवश पनपी अनचाही विकृतियां जो परम्परामें जुड़ गयी हों, उन्हें कभी न कभी तो अपने मूलरूपमें स्वस्थ बनानेका नैतिक उत्तरदायित्व अनुगामिओंका होता ही है. यह यदि अभीष्ट न हो तो उन्हें मूल स्रोतसे जोड़ना या उनके साथ मूल स्रोतका नाम जोड़ना अनीतिपूर्ण कृत्य बन जाता है. वह यदि जगतवंचना नहीं तो उससे भी गर्हित आत्मवंचना ही होती है. अतः पुष्टिमार्गीय साधनाप्रणालीका ग्रन्थोपदिष्ट स्वरूप ही इस आलेखनकी वह प्रामाण्यपरिधि है जिसके भीतर रह कर ही जो कुछ प्रस्तुत करना है सो करना है.

३.विचार्यविषयकी परिधि :

आधुनिक न्यायप्रणाली और पुष्टिमार्गीय साधनाप्रणाली के महावृत्तोंके अन्तर्भूत कतिपय परिगणित लघुवृत्त ही यहां विचारणार्थ अभिलषित हैं. क्योंकि अन्य भी अनेक लघुवृत्तोंकी विवेचना इस अल्पपरिमाणके आलेखनमें न शक्य है और न अभीष्ट ही.

एतदर्थ अनपेक्षित विस्तारसे बचनेके लिये 'सिद्धान्तवचनावली' नामक पुस्तिकामें से ही वचन उद्धृत करना चाहूंगा. यह वचनावली सन् १९९२के जनवरी मासकी तारीख १० से १३ तक चार दिनों तक विश्वकर्माबाग (पार्ले-मुंबइ) में पुष्टिसिद्धान्तचर्चासभामें विचारणार्थ प्रस्तुत की गयी थी. इसमेंसे भी केवल चार मुद्दोंको ही उपलक्षणविधिसे यहां उपस्थापित करना चाहूंगा : [1]सेवास्थल [2]सेव्यस्वरूप [3]सेवाधिकारी सेवाकर्ता तथा सेवापरिचारक [4]सेवास्वरूप. क्योंकि इस सेवास्वरूप मुद्देके भीतर अन्य चार मुद्दे यथा : [5]सेवोपदेशदीक्षा [6]सेवाप्रदर्शन [7]सेवाप्रयोजन तथा [8]सेवार्थ-आजीविका का भी स्वारसिक अन्तर्भाव सिद्ध है ही. तदर्थ यथापेक्षा उद्धरणसन्दर्भ भी प्रायः उस सिद्धान्तवचनावलीसे प्रस्तुत किये जायेंगे. अस्तु.

४.प्रसंगोपात्त स्पष्टीकरण :

इस वचनावलीमें इन विषयोंके बारेमें विचारणीय मूलवचनोंका

संकलन और भावानुवाद भी तभी प्रस्तुत किया गया था. तबसे आज तक सैद्धान्तिक दृष्टिसे कोई भी गम्भीर त्रुटि या अर्थान्तर इनमें कोई भी दिखला नहीं पाया. कुछ बचकानी छीछालेदर अवश्य प्रकाशित हुयी थी. अन्य कुछ आलोचकोंद्वारा भूतकालमें स्वयंघोषित विधानोंके वदतोव्याघात करनेवाली आलोचना भी प्रकाशित की गयी. परन्तु उनकी पूर्वस्वीकृतिको प्रामाणिक मानना या आत्मस्वीकृतिके खण्डनको प्रामाणिक मानना यह सवाल उठाये जानेपर सर्वार्थसाधकं मौनं ही प्रत्युत्तर मिला

अतः अगतिकतया मूलवचनोंके आधारपर यह निश्चित हो जाता है कि पुष्टिसम्प्रदायमें—

[1]भगवत्सेवार्थ अपेक्षित स्थल सेवाकर्ताका अपना निजी घर होता है, सार्वजनिक देवालय नहीं.

[2]सेव्यस्वरूप भी सेवाकर्ता और उसके परिवार द्वारा की जाती भगवत्सेवाके हेतु स्वार्थ-प्रतिष्ठापित होता है, परार्थ नहीं. अर्थात् पुष्टिमार्गानुगामी जनसाधारणकी धार्मिक साधना या धार्मिक हित के हेतु प्रतिष्ठापित नहीं.

अतएव ऐसे निजगृहमें बिराजमान निजी आराध्य स्वरूपके भजनार्थ अधिकार भी [3]सेवाकर्ता, और उसकी अनुमतिके आधारपर, उसके पारिवारिक या इष्ट जनोंका ही होता है, पुष्टिमार्गमें दीक्षित हर किसी वैष्णव या जनसाधारण का नहीं.

तदनुसार [4]भगवत्सेवाका स्वरूप भी निजी ही होता है सार्वजनिक नहीं.

और अतएव [5]ब्रह्मसम्बन्ध या आत्मनिवेदन की साम्प्रदायिकी दीक्षा भी स्वयं तथा स्वयंके पारिवारिक जनोंके भगवत्सेवाके अधिकारार्थ ली जाती है, पुष्टिसम्प्रदायमें प्रवेशार्थ अथवा साम्प्रदायिक सार्वजनिक देवालयोंमें दर्शनार्थ, अन्य किसी द्वारा की जाती भगवत्सेवाके हेतु धनप्रदानार्थ अथवा भगवत्प्रसादग्रहणार्थ नहीं.

परिणामतया [6]पुष्टिमार्गीय भगवत्सेवामें दर्शनार्थ सम्मिलित होनेका कर्तव्य था अधिकार भी निजी ही होता है, सार्वजनिक नहीं.

यही तथ्य पुष्टिमार्गमें की जाती भगवत्सेवाके "प्रयोजनके बारेमे कहा जा सकता है : सेवाका प्रयोजन भक्तिरूपा या भक्तिवृद्ध्यर्थ सेवाद्वारा स्वयं-निवेदित अहन्ता-ममतास्पद पदार्थोंका अपने घरमें बिराजते भगवत्स्वरूपके हेतु विनियोजन होता है. जनकल्याण या जनप्रशिक्षण आदि नहीं.

अन्तमें निष्कर्षतया पुष्टिमार्गमें "भगवत्सेवा सेव्यस्वरूपकी आराधना, अर्थात् प्रसन्नता, के लिये होती है नकि सेवाकर्ता या उसके परिवार की आजीविकाके उपार्जनार्थ.

(द्रष्ट.सिद्धा.वच.१-८ तथा पुष्टिसिद्धान्तचर्चासभाका संक्षिप्त विवरण पृ.५-३८)

यों सिद्धान्ततः तो सिद्ध हो जानेपर भी एक नग्न सत्य यह है कि ऊपर दिखलायी गयी प्रणालीसे सर्वथा विपरीत ही पुष्टिमार्गीय भगवत्सेवाका विकृत प्रकार वर्तमान कालमें चल रहा है. अपनी आजीविकाके उपार्जनार्थ आत्मविश्वास खो बैठे हम धर्मोपदेशकोंकी क्षुद्र धनलालसाके कारण जनताको भी भगवत्सेवाकी विकृत प्रणालीको ही अनुसरनेको आज लुभाया या बहका दिया गया है. ऐसे बहकानेवाले ग्रन्थोपदिष्ट सिद्धान्तोंको गौण दिखला कर परम्पराकी दुहाई देते हैं. परन्तु परम्पराके संवाहक उन पूर्वजोंके वचन भी, अतएव, उस सिद्धान्तवचनावलीके परिशिष्टमें 'अमृतवचनावली' शीर्षकके नीचे संकलित किये गये थे. ताकि पुष्टिमार्गकी सच्ची मान्यतासे परम्पराकी दुहाई कितनी विपरीत है, यह स्वयं देखा जा सके.

एतावता यदि कोई ऐसे कहे कि सिद्धान्तदृष्टि चाहे जो कुछ रही हो, व्यवहारमें उसका अनुसरण नहीं किया गया होनेसे, उसकी प्रभाविता निःशेष हो गयी, तो यह विधान असंगत है. क्योंकि समाजमें चोरी-डाका-हत्या आदि अपराध भी सभी युगोंसे चलते ही आ रहे हैं, एतावता उन्हें अपराध न मान सामाजिक अनुमति नहीं माना जा सकता. इसी तरह सिद्धान्तवचनावली और अमृतवचनावली से विपरीत पुष्टिमार्गीय धर्मोपदेशकोंके तथा धर्मानुयायियोंके आचरणोंको अपराधरूप ही मानना चाहिये, साम्प्रदायिक अनुमति नहीं.

अन्यथा सभी वल्लभवंशजोंको साक्षात् पुरुषोत्तम माननेकी

अन्धरूढ़िके कारण पनपी अन्यान्य विकृतियोंको भी पुष्टिमार्गीय साधनाप्रणालीका आवश्यक अंग मानना पड़ेगा आधुनिक न्यायप्रणालीके प्रवर्तक अंग्रेज़ न्यायाधीशोंने श्रीयदुनाथजी महाराजके लायबल-केसमें तो ऐसा स्वीकार भी लिया था मुझे, किन्तु, खयालमें नहीं आता कि किसी भी पुष्टिमार्गीय गोस्वामी-आचार्यने "कानूनके आगे किसीकी क्या चल सकती है?" ऐसी विवशता दिखला कर उन अन्धरूढ़िरूप विकृतियोंको सार्वजनिक रूपमें पुष्टिमार्गीय सिद्धान्त या आदर्श के रूपमें मान्य रखा हो कारण स्पष्ट है कि नैतिक रूपमें तब विक्टोरिअन मोरेलिटीका जोर अधिक होनेके कारण पुष्टिमार्गकी समाजमें इतनी तीव्र निन्दा हुयी कि कोई धृष्ट अपराधी ऐसा स्वीकारना चाहता होगा तो भी स्वीकार नहीं पाया होगा आज जबकि धार्मिक साधनाप्रणालीको उसके विशुद्ध रूपमें अनुसरनेकी निष्ठा स्वयं पुष्टिमार्गकी अनुगामी जनता ही लगभग खो चुकी होनेसे उपदेशकवर्ग भी, कानूनका बहाना बना कर, अपसिद्धान्तका खुल्ला समर्थन करने लगे हैं यह सर्वप्रथम मौलिक प्रतिबन्ध आधुनिक न्यायप्रणालीके कारण हमारी साधनाप्रणालीमें प्रकट हुवा है.

फिरभी पुष्टिमार्गीय सिद्धान्त या आदर्श को उसके विशुद्ध रूपमें जो अनुसरना चाहते हों उनकी धार्मिक स्वतन्त्रताका अपहरण होना तो स्वयं न्यायप्रणालीके अस्वस्थ बन जानेकी शोकान्तिका सिद्ध होगी. एतदर्थ मौलिक सिद्धान्तका विमर्श सभीके लिये अवश्यमननीय तथा अवधारणीय लगता है.

१.पुष्टिमार्गीय इतिहासके कालखण्ड :

सामान्यतया किसी भी वंशकी चार पीढ़ीकी अवधि प्राय सौ वर्षकी मानी जाती है. तदनुसार 'पुष्टिमार्गकी प्रथम शतीके महाप्रभु श्रीवल्लभ और उनके वंशजोंकी तीन पीढ़ीका इतिहास, मार्गके प्रवर्तन-प्रसारणका प्रभातकालीन श्रद्धोत्पादक वृत्तान्त है. 'द्वितीय चार पीढ़िओंका वृत्तान्त मध्याकाशमें चमकते मार्तण्डके मध्याह्नकालीन प्रतापके जैसा मार्गमें श्रद्धावर्धक माना जा सकता है. 'तृतीय चार पीढ़ीका अर्थात् नौवींसे बारहवीं पीढ़ीके वल्लभवंशजोंका वृत्तान्त शनैः-शनैः अपनी चमक-दमक खोते जाते ढलते सूरजकी तरह विवश अपनी धर्मनिष्ठाकी चमक-दमक खोते जानेवालोंका वृत्तान्त अपनी श्रद्धाको कथञ्चित् निभानेका है. 'चौथी चार

पीढ़ीका वृत्तान्त अर्थात् तेरहसे सोलहवीं (या अगली पांचवीं शतीकी सतरहवीं-अठारहवीं पीढ़ी भी गिन लेनी हो तो इन) पीढ़ियोंका वृत्तान्त, परिगणित अपवादोंको छोड़ कर, धर्मनिष्ठाके सूरजके अस्त हो जानेके कारण निर्मूल परम्पराओंके सर्वमान्य बन जानेका श्रद्धाके विलोपनका वृत्तान्त है. अतएव तेरहवीं-चौदहवीं पीढ़िओंके सावधान धर्माचार्योंके ये क्लेशपूर्ण उद्गार नितान्त मननीय हैं १. "श्रीमदाचार्यकी कहा इच्छा है सो जानी नहीं परत है... जो नित्यनेम है सो नित्य भोजन करे हैं और नित्य गपोड़ा मारे हैं, और नित्य चैन उठावे हैं. सो ये हमारे चरित्र हैं सो पलंगड़ीवारे ही पार लगावेंगे २. "जो आगे सो-सवासो बरस पहेले तो श्रीगो.बा.कुं तथा बहु-बेटीनकुं अब आजकल नहीं है ताको कारण अन्नदोष, दुःसंगदोष वगेरे बहोत बढ़ गये हैं, जो देवी जीव हते वो तो सब... वैकुण्ठमें पहोंच गये... और देवीन्की देखादेखी आसुरी जीवने भी ब्र.सं. ले लियो उनकुं ब्रह्मसम्बन्ध तो नहीं भयो... उनको दुःसंग हू श्रीगो.बा.कुं भी भयो तब अपनो तथा प्रभून को स्वरूप भूल गये. और लौकिकमें आसक्त होय गये... सो शोख-साहिबी देव गो.बा.कुं पड़ी है... घरमें प्रभु बिराजते होंय उनके विनियोग न करायके अपने अर्थ लगायवेसुं स्वरूपकी विस्मृति होय जाय है... और श्रीमहाप्रभुजीने जा प्रमाण रहवेकी आज्ञा करी ता प्रमाण अबसूं रह्यो नहीं जाय. घरमें वैभव बढ़ जायवेसुं पैसावालेको आश्रय करवेसुं भगवद्भावकी हानि होय जाय है" (१२०वचना.३०. श्रीगोवर्ध.वचना.२१). अतः इत्थंवर्णित धर्मगुरुओंद्वारा पोषित निर्मूल परम्पराकी दुहाई आजकी सोलहसे सतरहवीं पीढ़ीके हम गोस्वामिवृन्द दे रहे हैं. यह गहेरी अन्धेरी रातमें दिशाबोधसे रहित पुष्टिमार्गमें भटकनेवाले हम आधुनिकोंकी शोकान्तिका है अतः टकरावके लिये प्रमुख उत्तरदायी आधुनिक न्यायप्रणालीको ठहराना कितना उचित हो सकता है?

६.ऐतिहासिक तथा साम्प्रतिक टकरावोंका तुलनात्मक रूप :

[1][*]पुष्टिभक्तिसम्प्रदायके प्रवर्तक महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्यचरणके इतिवृत्तमें भी तदानीन्तन कानूनसे टकरावके कतिपय प्रसंग उपलब्ध होते हैं. इनमें प्रस्तुत सन्दर्भमें उल्लेखनीय प्रसंग चौरासी वैष्णवोंकी वार्तिके अन्तर्गत धनसम्पन्न व्यापारी श्रीदामोदरदास संभलवालेकी वार्तामें आता है. तब जो हिन्दु मुसल्मान बन जाते थे उन्हें अपनी पैतृक सम्पत्तिपर अबाधित उत्तराधिकार मिलनेका कानून था. जो परन्तु अपना धर्म बदलते न थे उन्हें प्रशासनसे

उत्तराधिकार मान्य करवाना पड़ता था. अतएव संभलवालेके पुत्रने धर्मपरिवर्तन कर लिया था. श्रीदामोदरदासकी देह छूटनेके बाद उनकी पत्नीने अपने पतिकी मृत्युके समाचार अतएव छिपा कर श्रीद्वारकाधीशका स्वरूप और घरकी सारी चलसम्पत्ति महाप्रभुको भिजवा दी. उसे यह न सुहाया कि सेवार्थ समर्पित दैवी सम्पत्ति अपने मुसल्मान पुत्रके हत्थे पड़ जाये परन्तु लक्ष्मीके साथ नारायणके घरमें पधारनेके समाचार सुन कर महाप्रभुने सारी लक्ष्मीरूपा चलसम्पत्ति श्रीयमुनाजलमें विसर्जित करवा दी. केवल नारायणरूप श्रीद्वारकाधीशके स्वरूपको ही अपने घरमें पधरानेकी आज्ञा दी. यों सारे सम्भावित कानूनी अड़ंगों या झगड़ों की जड़ ही महाप्रभुने तो तब काट दी थी. अतः टकराव हो नहीं पाया (द्रष्ट.८४ वै.वा.३।८). इतनी सामर्थ्य आज उनके हम वंशजोंमें होती तो आज भी आधुनिक न्यायप्रणालीके साथ बहोत सारे टकरावसे बचा जा सकता था अधिकांश श्रीवल्लभवंशज गोस्वामी धर्मगुरुओंने कराधानके कानूनी दावपेंचसे बचनेके लिये अपने परिवारमें जुटे वैभव या सम्पदा पर [1]भोगाधिकार [2]व्यवस्थाधिकार [3]आनुवंशिक उत्तराधिकार यों तीनों अधिकारोंकी सुरक्षाके मोहमें निजी स्वामित्वको इन्कार दिया. वैसे तो ट्रस्टकी मौलिक अवधारणासे ही यह सर्वथा विपरीत बात है; क्योंकि ऐसा करनेपर निजी स्वामित्व और न्याससम्पदाकी व्यवस्था के अधिकारके बीच भेदरेखा ही लुप्त हो जाती है. फिरभी आधुनिक न्यायप्रणालीने अपवादरूपेण इस विरोधाभासको पुष्टिमार्गीय धर्माचार्योंके बारेमें मान्य कर लिया देवोत्तर सार्वजनिक स्वामित्ववाली सम्पत्तिमें भी उक्त[1,2,3] तीनों अधिकारोंको भोगनेकी छूट गोस्वामिओंको न्यासी माननेके बावजूद मिल गयी इस चक्करमें, परन्तु, अपने मांथे बिराजते नारायणके स्वरूपको तो सार्वजनिकताकी यमुनामें पधराना पड़ा. यह तो किसी कुमारी कन्याको पाणीग्रहणद्वारा विवाहिता पत्नी बना कर उसे परपुरुषके लिये घरमें रखनेके जैसी रसाभासकी कथा है. वह है उदाहरण महावैपरीत्यका. इसे भगवत्सुखके विचारका बाना पहराया जाता है. यह, परन्तु, सचाई हो तो न्यासीको निजी उपभोगके स्वार्थको छोड़ देना चाहिये. महाप्रभु और प्रभुचरण के कण्ठोक्त निषेध "**जो श्रीठाकुरजीको द्रव्य खायगो सो मेरो नाहिं अरु मेरो सेवक भगवदीय होयगो सो देवद्रव्य कबहू न खायगो. जो खायगो सो महापतित होयगो**" (अमृ.वच.१) "**श्रवणादिनवकमपि... वृत्त्यर्थं चेत् कृषिवत् लौकिकएव; शौचार्थिगंगास्पर्शवत् च. नहि तस्य मलनिवृत्त्यरिक्तो धर्मः उत्पद्यते प्रत्युत निषिद्धाचरणात् पापमपि**" (भक्तिहंस).

।/"पुष्टिमार्गके प्रभातकालकी दूसरी पीढ़ीपर अवस्थित गोस्वामी श्रीविट्ठलनाथ प्रभुचरणके इतिवृत्तमें भी ज्येष्ठपुत्रके उत्तराधिकारवादका झंझावातोपम कानूनी मुद्दा उठा था. स्वयं महाप्रभुके शिष्य अष्टछाप श्रीकृष्णदासजीने यह कलह खड़ा किया. जतिपुरामें श्रीनाथजीकी सेवा करनेके प्रभुचरणके अधिकारपर तब प्रतिबन्ध लगा दिया गया उस समय यह देवालय सार्वजनिक था इसे तो नकारा नहीं जा सकता परन्तु बादमें यह निजी पारिवारिक बना लिया गया, यह भी ऐतिहासिक तथ्य अकसर भुला दिया जाता है.

वैसे ऐतिहासिक दृष्टिसे देखें तो श्रीनाथजीके स्वरूपकी सेवा स्वयं महाप्रभु तो अपने सिद्धान्तके अनुरूप किसी सेवाकर्ताके घरमें ही नन्दालयकी भावनाके साथ करवाना चाहते थे. वे स्वयं, किन्तु, तब गृहस्थ न हो कर पर्यटनशील ब्रह्मचारी थे. सो इतने बड़े स्वरूपको साथ पधरा कर यात्रा शक्य न होनेसे, व्रजके अपने अनुयायिओंके मांथे श्रीनाथजीके स्वरूपको पधराना चाहते थे. किसीके भी, किन्तु, समुद्यत न होनेपर अन्तमें सदु पांडेने सुझाव दिया कि "राधाकृष्णकुंडपर देवीभक्त बंगाली ब्राह्मण बसे हुवे हैं उन्हें श्रीनाथजीकी सेवा सौंप देनी चाहिये." महाप्रभुने एतदर्थ अपनी अनुमति तब दे दी (द्र.८४ वै.वा.४८।२). श्रीनाथजीके इन बंगाली अर्चकोंको ब्रह्मसम्बन्ध मन्त्र देकर न तो पुष्टिसम्प्रदायमें दीक्षित किया गया और न पुष्टिभक्तिके अनुसार स्वयं श्रीनाथजी किसीके घरमें नन्दालयकी भावनाके साथ तब बिराज पाये. वैसे स्वयं महाप्रभुने भी पुष्टिभक्तिके शक्य न होनेपर मर्यादाभक्तिके अनुसरणको भी सिद्धान्ततः तो मान्य रखा ही था (द्रष्ट.भ.व.८,त.दी.नि.२।२५५, सा.दी.३६). अतएव प्रथम तो श्रीनाथजी मर्यादामार्गीय प्रणालीके अनुसार सार्वजनिक देवालयमें ही बिराजे. सार्वजनिक देवालयके निर्माणार्थ अर्थराशि प्रदान करनेवाले ब्राह्मणेतर श्रीपूरण मल क्षत्रियको इसीलिये साक्षात् स्वरूपसेवाकी अनुमति महाप्रभुने प्रदान की थी(८४वै.वा.२४।१). भगवान्‌की भोगसामग्रीकी सेवाके हेतु भी क्षत्रिय रामदास चौहानको अधिकृत किया गया था (८४ वै.वा.४८।२). यह सब महाप्रभुकी गृहसेवामें बिराजते स्वरूप श्रीमदनमोहनजी श्रीगोकुलनाथजी या श्रीविट्ठलनाथजी आदिकी पुष्टिमार्गीय रीतिके अनुसार की जाती सेवामें प्रचलित न था. इसी तरह श्रीनाथजीकी सेवार्थ अपेक्षित सामग्री भक्तजनतासे जुटाने आदिकी व्यवस्थाका अधिकारी उक्त श्रीकृष्णदासजीको बनाया गया था. सो

रुष्ट होनेपर उन्होंने प्रभुचरणपर ही श्रीनाथजीकी सेवामें प्रतिबन्ध लागू कर दिया. वैसे प्रभुचरणने तो इसे निष्प्रतिवाद मान्य ही रखा. फिरभी तत्कालीन मुगल राज्यके प्रमुख मन्त्री बीरबलने श्रीकृष्णदासजीको कारागृहमें डाल दिया. चौं सरकारी अनुज्ञा प्राप्त कर श्रीनाथजीकी सेवा करना उचित न माननेके कारण प्रभुचरणने स्वयं महाप्रभुद्वारा अधिकृत श्रीकृष्णदासजीके द्वारा कहे जानेपर ही सेवा करनी उचित मानी थी (८४ वै.वा.८४।७). इससे सिद्ध होता है कि प्रभुचरणने धार्मिक विषयमें राज्याज्ञाके बजाय अपने पिता महाप्रभु अर्थात् धर्माचार्यकी आज्ञाके पालनको आदर्श माना "**सो गुसांईजी तो सेवा-सिंगार करि जांय और काहूसों कछु कहे नहीं. कोई सेवक श्रीगुसांईजीसों पूछे तब श्रीगुसांईजी आप कहें जो कृष्णदास अधिकारीके पास जावो-हम जानें नहीं**" (८४ वै.वा.८४।२). स्वयं धर्माचार्य जब धर्मके विषयमें भी धर्मग्रन्थोंकी आज्ञासे अधिक प्रमुखता कानूनकी स्वीकारने लगता है, तब वह स्वयं ही कानूनके अधिकारिओंकी अपनेसे अधिक श्रेष्ठताका छद्मस्वीकार कर लेता है. कानून धर्मेतर विषयमें समाजमें सर्वोपरि हो सकता है. धर्म और कानून की किन्तु अपनी-अपनी क्षेत्रमर्यादा तो होती ही हैं. आजके हम वल्लभवंशज धर्माचार्योंने इस विषयमें अपना आत्मविश्वास खो दिया. अतः अपनी साधनाप्रणालीमें न्यायप्रणालीके हस्तक्षेपको स्वयं हमने आमंत्रित किया है. स्वधर्मसे विपरीत आचरणके कारण हमारे पुष्टिसम्प्रदायके भगवत्सेवास्थल और सेव्यस्वरूप कानूनके क्षेत्रमें अन्तर्गत हो गये. कानूनी क्षेत्रमें आती बात-जनताके हेतु, जनताके द्रव्यसे और जनताके प्रतिनिधितया -भगवत्सेवारूप स्वधर्मके अनुष्ठानको हमने अपने परमधर्मके रूपमें अब मान्य कर लिया होनेसे

।/"पुष्टिमार्गके प्रभातकालकी तीसरी पीढ़ीपर अवस्थित श्रीविट्ठलनाथ प्रभुचरणके चतुर्थात्मज श्रीगोकुलनाथजीके इतिवृत्तमें भी एक महान् झंझावात या कानूनसे टकराव पैदा हुवा था. उज्जयिनीके चिद्रूप संन्यासीके प्रभावमें आ कर जब बादशाह जहांगीरने हमारेद्वारा भगवत्सेवामें अवश्यधारणीय तुलसीमाला और ऊर्ध्वपुण्ड्रतिलक पर प्रतिबन्ध लगा दिया था. तब उस प्रतिबन्धसे डरे बिना अपना मुद्दा बादशाहके सामने श्रीगोकुलेशने प्रस्तुत किया. "तिलक-माला उतारी क्यों नहीं?" पूछे जानेपर "हमारी गरदन उतारी जानेके साथ ये उतारी जा सकती हैं" ऐसी निर्भीक वाणीमें दो-टूक बात कह देनेका साहस प्रकट कर दिखाया. तब बादशाहने माला-तिलक न छोड़ने हों तो गोकुलमें अपने घरको

छोड़ दो ऐसा विकल्प सामने रखा. इसपर अपनी भवनसम्पत्तिके बजाय अपने सेवार्थ धारणीय तिलक-मालाके चिह्नोंकी उपादेयता अधिक स्वीकारनेवाले श्रीगोकुलनाथजी सोरम जा कर बस गये. ऐसी स्वधर्मनिष्ठा आज हमारे भीतर कहां बच पायी है

ऐसी है अपनी साधनाप्रणाली और न्यायप्रणाली के आपसी टकरावकी पुष्टिमार्गके प्रभातकालके इतिहासकी कथा

१/२-१-१प्रथम चार पीढ़िओंमेंसे तीन पीढ़ीके उल्लिखित इतिवृत्तके बाद दूसरी चार पीढ़ियोंमें अर्थात् पांचवीं छट्ठी सातवीं और आठवीं पीढ़ीमें हुवे कतिपय टकरावोंमें एक उल्लेखनीय टकरावका वृत्तान्त १२०वचनामृतकार श्रीगिरधरलालजीने विस्तारपूर्वक ६०वें वचनामृतमें दिया है. विवादका मुद्दा था : ज्येष्ठभ्राताके घरमें उत्तराधिकारी न रह जानेपर लघुभ्राताओंके घरोंमेंसे उत्तरोत्तर श्रेयश्चकनिष्ठगृहोंके क्रममें जो ज्येष्ठ हो तदनुसार गोद लेना या जो [1]वयःक्रममें ज्येष्ठ हो तदनुसार गोद लेना. क्या इस विषयमें [2]दिवंगत भ्राताकी विधवा पत्नीका निर्बाध स्वातन्त्र्य होता है या [3]कुलपरिवारकी किसी तरहकी रूढ़ि प्रबल होती है. इस विवादमें कुल-परिवारके सदस्योंका निर्णय [4-1-1]कल्पके पक्षमें था. आग्रामें मुगल बादशाहके सामने रखी गयी फरियादमें भी पहले तो यही कल्प मान लिया गया. बादमें, किन्तु, बादशाहको कथञ्चित् खुश कर यह निर्णय बदलवा दिया गया. और तदनुसार परिवारमें सेव्यस्वरूपका बंटवारा करना ही पड़ा. लिहाज़ा दुबारा कभी बादशाही निर्णय बदल न जाये इस भीतिसे दोनों विवादशील परिवारके सदस्य बादशाही प्रदेशको छोड़ कर एक हिन्दुराज्य मेवाड़में जा बसा और दूसरा अंग्रेज़ोंको प्रशासनार्थ प्रदत्त सुरत शहरमें जा बसा. तबसे उठा हुवा यह विवाद अभी तक स्वतन्त्र भारतके न्यायालयोंमें चल ही रहा है

वैसे मूलमें तो यह भगवान्के सेव्य स्वरूपको परमनिधि माननेवालोंके बीच भगवत्सेवाके उत्तराधिकारके बारेमें विवाद था. भवन सम्पदा पद या पदवी के बारेमें उत्तराधिकारका विवाद नहीं परन्तु विगत मध्यपाती कालमें इसने दूसरा ही रूप ले लिया है. अब यह सेव्यस्वरूपके आधारपर गृह/पीठका स्वरूप निर्धारित होता है या सेवाकर्ताके परिवारके गृह/पीठके आधारपर

सेव्यस्वरूपोंमें ज्येष्ठत्व या वरीयस्त्व क्रम मान्य करना, यों पदवी सम्बन्धी विवादका रूप ले चुका है. इस विषयमें 'पुष्टिमार्गीय पीठाधीश स्वरूप और कर्तव्य' शीर्षकके साथ पहले भी एक ग्रन्थका प्रथम प्रकरण मैंने लिखा तथा प्रकाशित भी करवाया है. इस बारेमें मेरे विचारोंको वहांसे जाना जा सकता है.

जो इसमें साम्प्रदायिक चिन्ताका विषय है वह तो दूसरा ही है. क्योंकि मान कर चलें कि आधुनिक न्यायालय इस विकल्पमें सेव्यस्वरूपके किसी तथाकथित वरीयताके ही आधारपर गृह/पीठकी वरीयता निर्धारित कर दें, तो उसकी सीधी असर हमारेद्वारा उपस्थापित विचारणीय मुद्दोंके अन्तर्गत दूसरे-तीसरे मुद्दोंपर पड़ेगी–

[1]सेव्यस्वरूप भी सेवाकर्ता और उसके परिवार द्वारा की जाती भगवत्सेवाके हेतु स्वार्थ-प्रतिष्ठापित होता है, परार्थ नहीं. अर्थात् पुष्टिमार्गानुगामी जनसाधारणकी धार्मिक साधनाके हेतु प्रतिष्ठापित नहीं. अतएव ऐसे निजगृहमें बिराजमान निजी आराध्य स्वरूपके भवनार्थ अधिकार भी [2]सेवाकर्ता, और उसकी अनुमतिके आधारपर, उसके पारिवारिक जनोंका ही होता है, पुष्टिमार्गमें दीक्षित हर किसी वैष्णव या जनसाधारण का नहीं.

अपने सिद्धान्तके ये मुद्दे अब सर्वनाशी कानूनके साथ टकरायेंगे ही. यह विशेषमें इसलिये भी कि अब यह विवाद देशके उच्चतम न्यायालयमें निर्णयार्थ प्रस्तुत हुवा है. अतः उसका निर्णय सारे देशमें कानूनकी हैसियत रखता होनेसे जिन पुष्टिमार्गीय घरोंमें ऐसा विवाद न हो उनपर भी एक सार्वभौमिक कानूनकी तरह लदने लगेगा क्योंकि निचली अदालतोंमें यह मुकदमा स्वयं पीठाधीश होनेके दावेदारोंने दायर नहीं किया, अपने अनुगामिओं द्वारा दायर करवाया गया. अतः जाने-अनजाने अपने सेव्यस्वरूपकी परार्थ-प्रतिष्ठाका आत्मघाती सिद्धान्त मान लेनेके दुष्परिणामोंसे वे ग्रस्त होंगे ही. वैसे तो मुकदमेमें सम्भावित जय/पराजयसे स्वयंको अप्रभावित रखनेकी अविचारित लालसाके वश ऐसा किया गया. फिरभी जय या पराजय किसी भी स्थितिमें यह अपने सेव्यस्वरूपकी स्वार्थप्रतिष्ठाकी हैसियतको प्रभावित तो करेगा ही. यों सैद्धान्तिक विकृतिको कानूनी जामा पहनाये जानेकी दुर्घटना यह सिद्ध हो जायेगी.

तीसरी-चौथी सदिओंकी नौमींसे सोलहवीं पीढ़ियोंमें हुए टकरावोंके इतिवृत्तोंकी तो इतनी भरमार है कि न तो सभीकी विवेचना और न परिगणना भी इस लघुकाय आलेखमें समेटी जा सकती है. फिरभी कुछ अवश्य उदाहरणीय इतिवृत्तोंकी चर्चा विचार्यविषयकी गम्भीरताको भलीभांति समझनेमें अतीव उपकारक होनेसे करनी ही पड़ेगी.

मुगल बादशाह ओरंगज़ेबकी बर्बर नीतिओंसे बचनेके लिये मेवाड़में आश्रय लेनेके बावजूद वाल्लभ सम्प्रदायके प्रधानपीठाधीश प्रायः सभी गोस्वामितिलकायित महाराज सर्वदा, अपने नीजी ठाकुरजी श्रीनवनीतप्रियजी तथा श्रीवल्लभवंशज गोस्वामिपरिवारके अविभक्त स्वत्ववाले श्रीगोवर्धनाथजी को, पुनः अपने स्वामित्ववाले गोकुल-जतिपुरा गामोंमें पधरा कर लौट जानेका मनोरथ संजोते ही रहे मेवाड़के राणाओंके, परन्तु, कभी भक्तिभावके वश तो कभी राजाज्ञाके बन्धनमें बंधे होनेके कारण वह स्वप्न कभी पूर्ण न हो पाया अंग्रेज़ोंके साथ मेवाड़ राज्यके मैत्रीके समझौतेके मसौदेके कई अनुबन्धोंमें एक अनुबन्ध यह भी था कि मेवाड़ राज्यके तत्कालीन कानूनकी तरह अंग्रेज़ों द्वारा प्रशासित प्रदेशोंमें गोस्वामितिलकायित महाराजश्रीको कभी किसी विवादमें न्यायालयमें स्वयं उपस्थित होनेको बाधित नहीं किया जायेगा (द्र.गो.ति.गोवि. विरु.राज.सर.आवे.साक्ष्य.). इसी तरह मेवाड़ राज्यने भी अंग्रेज़ोंके हितके विपरीत जानेवालोंको अपने राज्यमें प्रश्रय न देनेका अनुबन्ध स्वीकारा था. फिरभी सन् ११ फरवरी १८५९में स्वातन्त्र्य सेनानी श्रीतात्या टोपेके भाग कर मेवाड़ प्रदेशमें आ जानेपर, शायद ये लोग विजयी हो जायें तो राणाके बन्धनसे हमें भी मुक्ति दिलवा देंगे, ऐसी महत्त्वांकाक्षाके वश तत्कालीन गोस्वामितिलकायित महाराजश्रीने स्वतन्त्रताके सेनानिओंकी पूरे तीन दिनों तक नाथद्वारामें आवभगत की थी. तबसे मेवाड़ राज्य और गो.ति.म.के सम्बन्ध कटु बनते चले गये. सो इस हद तक कि स्वातन्त्र्य संग्रामको शान्त हो जानेके बाद अंग्रेज़ी राजके स्थिर हो जानेपर गो.ति.म.श्रीने गवर्नरजनरलके एजेंट रिचर्ड केंडविशके पास अपने प्रतिनिधि भेजने शुरु किये कि उन्हें स्वतन्त्रता प्रदान की जाये (वीरविनो.पृ.१७९३-९५). बादमें तो सम्बन्धोंके पूरी तरह बिगड़ जानेपर १८७५में २१मईके दिन राजद्रोहके आरोपमें गो.ति.म.श्रीको क़ैद करके देशनिकाला दिया गया "इन दिनोंमें नाथद्वाराका गोस्वामी गिरधरलाल अपने क़दीमी ढंगको छोड़ कर रईसानह मग़रूरीके सबब रियासती हुकूमतसे बाहिर

निकलनेकी चेष्टा करने लगा... इस वक्त बहुतसे बखेड़े उठे. श्रीगोवर्धनाथजीकी जो भेट कोटा गुजरात वगेरहसे आती थी उसमें भी... खलल डालना चाहा." (वीरविनो.पृ.२१५३-५७).

उल्लेखनीय है कि वाल्लभ सम्प्रदाय न तो मेवाड़में राजाज्ञासे प्रवर्तित धर्म था, न राज्याश्रित धर्म था और न वह राज्यकी सीमाओंमें घिरा ही कोई धर्मसम्प्रदाय था. हां मुगल बादशाह ओरंगज़ेबकी बर्बरतासे बचनेको उसकी प्रधानपीठ मेवाड़में स्थलान्तरण अवश्य कर चुकी थी. अतः मेवाड़राज्यमें आती चलाचल सम्पत्तिपर गो.ति.के स्वामित्वको मान्य रखना या उनसे छीन लेना, यह तो राज्यकी सार्वभौमिक इच्छा या नियम का विषय निश्चित था ही. परन्तु सम्प्रदायविशेषके प्रधानपीठाधीश होनेके अधिकारोंको निरस्त करना मेवाड़राज्यके नरेशोंके अधिकारसे बाह्य विषय था. अतएव श्रीगिरिधरलालजीको गोस्वामितिलकायितके पदसे च्युत कर एवं नाथद्वारासे निष्कासित कर वह पद उनके पुत्र श्रीगोवर्धनलालजीको सोंप देना भी राज्यहितमें होनेपर भी एक अन्याय ही था. यही कारण था कि मेवाड़राज्यसे श्रीगिरिधारीजी महाराजके निष्कासनके बावजूद देशके अन्यान्य भूभागोंमें रही उनकी सम्पत्तिपर गो.ति.श्रीगिरिधरलालजीके स्वामित्वको देशकी अन्यान्य रियासतोंने, नामशः, हैदराबाद कोटा आदिने अमान्य नहीं किया. स्वयं अंग्रेज़ोंद्वारा प्रशासित प्रदेशोंके न्यायालयोंने भी अमान्य नहीं किया. इस बारेके कई दस्तावेज भी उच्चतम न्यायालयमें गो.ति.म.श्रीने प्रस्तुत किये थे पर जिरहके समय उनपर न्यायाधीशका ध्यान नहीं खींचा गया.

अवधेय है कि गोस्वामितिलकायित होनेका पद श्रीनाथजीकी मूर्तिके प्रधानपुजारी होनेपर निर्भर न था. क्योंकि ऐसा होता तो आरम्भमें जब असम्प्रदायिक बंगाली पुजारिओंको सेवाधिकारी बनाया गया तब, स्वयं महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्य, प्रभुचरण गोस्वामी श्रीगोपीनाथजी तथा श्रीविट्ठलनाथजी भी विद्यमान थे ही, अतः तब भी वाल्लभ सम्प्रदायमें बंगाली पुजारिओंको प्रधान धर्माचार्य मानना पड़ेगा वस्तुतः तो श्रीविट्ठलनाथ प्रभुचरणके समय हुवे निजात्मजोंके साथ गृहविभाजनमें प्रमुख घर पिताका और शेष सात घर पुत्रोंके, यों एक प्रधानपीठाधीश और सात उपपीठाधीश, ऐसा वरिष्ठताक्रम निर्धारित हुवा था. गो.ति.म.श्रीको, अतएव संयुक्त परिवारकी

अविभक्त निधिस्वरूप श्रीनाथजीकी सेवाका विशेषाधिकार सौंपा गया. यह भी वर्षके केवल ६० दिनोंका ही था. इसके विपरीत यद्यपि तीन दिनसे अधिक किसी भी एक वल्लभवंशज व्यक्तिका सेवाधिकार न होनेपर भी शेष वल्लभकुलके गोस्वामिऒके बदमें ३०० दिन मुक्त रखे गये थे. गो.ति.म.श्रीके प्रमुख सेव्यस्वरूप तो श्रीनवनीतप्रियजी ही थे. अतएव आजकी तारीख तक इन्हें श्रीनाथजीके स्वरूपसे पृथग्-भवन पृथग् नेग भोग राग तथा कर्मचारी वृन्दकी पृथग्-व्यवस्थाके अन्तर्गत पधराये रखा गया है. न केवल इतना प्रत्युत इनके राजभोग धरनेके समय श्रीनाथजीको भी भोग धरनेकी भावना रख कर दो थाल पधराये जाते हैं. यह पृथग् व्यवस्था ही इस तथ्यका प्रमाण थी (द्र.१२०वचना.६,४६,५१,६८). यह खुलासा भी मिलता है कि **"सो सात स्वरूप और श्रीनाथजी तो एक ही हैं, यामें सन्देह नांही है. परि श्रीनाथजीको घर है सो श्रीमहाप्रभुजी-श्रीगुसांईजीने देवद्वार राख्यो है; और, और स्वरूप तो अपने-अपने घरमें बिराजे हैं"** (वहीं.वचना.८१). पहले यह देवालय सार्वजनिक था परन्तु प्रभुचरणके सतघरामें श्रीनाथजीके बिराजनेके बाद अर्थात् पुनःप्रतिष्ठाके बाद जतिपुराके देवालयके चारों ओरकी भूमि निजी स्वामित्वके हेतु खरीद कर बादशाह अकबरसे उसकी सम्पुष्टि करवायी गयी थी. यह बादशाह अकबरके फरमान (द्र.) को देखनेपर स्पष्ट हो जाता है. अतः इसके बाद वह पारिवारिक निजी देवालय बन गया. परिवारमें बंटवारेके समय इसे अविभक्त संयुक्त पारिवारिक स्वत्ववाला बना दिया गया था.

फिरभी मेवाड़ राज्यने अन्यायपूर्ण तरीकेसे गो.ति.के आत्मजके तब अल्पवयस्क होनेके कारण वाल्लभ सम्प्रदायकी प्रधानपीठको मेवाड़ राज्यके आधीन वैष्णवोंका मन्दिर घोषित किया. पुनः वहां उल्लेखनीय हो जाता है कि गो.ति.श्रीगोवर्धनलाल महाराजश्रीने अपनी आयुके उत्तरार्धमें उदयपुरनरेशको प्रेषित एक घोषणापत्रमें मेवाड़ राज्यद्वारा नियुक्त प्रबन्धसमितिके अनुसार संस्थानके प्रबन्धको सम्प्रदायाभिमत सिद्धान्त और परम्परासे अविपरीत होनेपर ही मान्य रखनेके सशर्त आश्वासनके साथ-साथ अपने संस्थानसे जुड़ी यच्च-यावत् चलाचल सम्पत्तिपर अपने पूर्ण स्वामित्वकी घोषणा भी की थी. वह भी इस स्पष्टीकरणके साथ कि देवोत्तर सम्पत्ति उनके व्यक्तिगत उपभोगमें ली जानेकी न तो परम्परा है और न ऐसा कार्य वे कभी करेंगे ही (द्र.अमु.वच.८). इस घोषणापत्रमें किये गये दावेको न तो तत्कालीन मेवाड़राज्यके नरेशने

अमान्य किया था और न कोई अनधिकारचेष्टा करनेका अपराधी गो.ति.महाराजश्रीको माना था. इसी अवधिके बीच इनके पुत्र गो.श्रीदामोदरलालजीका अवांछनीय प्रकरण छिड़ जानेसे स्वयं पिताने अपने पुत्रको गो.ति.के पदके अयोग्य घोषित कर अपने पौत्र गो.श्रीगोविन्दलालजीको उत्तराधिकारी घोषित किया इसकी सम्पुष्टि मेवाड़राज्यके नरेशद्वारा की गयी (द्र.).

बादमें देशके स्वतन्त्र होनेपर स्वयं गो.ति.श्रीगोविन्दलाल महाराजश्री श्रीनाथद्वाराका प्रबन्धाधिकार स्वयं अपनी ओरसे सरकारको सौंपने उद्यत हो गये. तब राजस्थानके उच्च न्यायालयमें सभी गोस्वामिऒंके प्रतिनिधिओंने मिल कर स्वयं गो.ति.महाराजश्री तथा सरकार दोनोंपर अपने अधिकार और हित के विरुद्ध कार्य करनेका मुकदमा चला कर जीत लिया था. इससे रुष्ट हो कर भारतसरकारने राष्ट्रपतिके अध्यादेशद्वारा श्रीनाथद्वारास्थित मन्दिरको सरकारके ताबेमें अधिगृहीत कर लिया. बादमें वैसे तो गो.ति.महाराजश्रीने भी अन्यान्य हेतुओंके कारण सरकारपर दावा किया कि सरकार इस कारवाईसे उनके मौलिक अधिकारोंका हनन होता है. सो राजस्थानके उच्चन्यायालयमें तो वे अंशतः जीते भी. लेकिन देशके उच्चतम न्यायालयमें किन्तु उन्हें अन्तमें पराजित होना ही पड़ा. क्योंकि उच्चतम न्यायालयका सोच यह था कि सरकार यदि अधिगृहीत न कर सकती हो तो गो.ति.म.श्री स्वयं ( ) उसे सौंपने क्यों गये?

यह है वाल्लभ सम्प्रदायकी प्रधानपीठकी आधुनिक न्यायप्रणालीके साथ टकराव और पराजय की कथा. यह कथा इस सम्प्रदायके प्रधान धर्माचार्यको नाथद्वाराके मन्दिरमें कानूनन जनप्रतिनिधि प्रधानपुजारी तथा आनुवंशिक व्यवस्थापक न्यासी बना देनेकी

इस टकरावमें प्रमुख उल्लेखनीय पहलु यह है कि गो.ति.महाराजश्रीके वकीलोंने उनके सम्पत्तिके उपभोग और व्यवस्था के मौलिक अधिकारके हननका मुकदमा किया था, धार्मिक स्वातन्त्र्य तथा पदाधिकारोंके धार्मिक हितके मौलिक अधिकारोंके हननका नहीं. इसी तरह सम्प्रदायके सिद्धान्त भी स्वयं सम्प्रदायप्रवर्तक आचार्यचरण-प्रभुचरण आदिके ग्रन्थोपदिष्ट

सिद्धान्तवचनोंके उद्धरण न्यायालयके समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत नहीं किये गये. सर्वपल्ली श्रीराधाकृष्णनका 'भारतीय दर्शनका इतिहास' और श्रीआर्.जी.भाण्डारकरका 'शैविज़म् एंड् वैष्णविज़म्...' आदि असम्प्रदायी लेखकोंके वचनोंको प्रस्तुत किया गया था. इन ग्रन्थकारोंमेंसे प्रथमने तो अपने लेखनमें कहीं भी भगवत्सेवाके निजी या सार्वजनिक होनेकी चर्चा ही नहीं की है. दूसरेने जबकि निजी गृह तथा सेवारीति का उल्लेखमात्र किया है. ऐसा किन्तु न तो एतत्सम्बन्धी मूलग्रन्थोंमें उपलब्ध होते सिद्धान्तोंके अवगाहनद्वारा किया गया और न उनका नामोल्लेख भी. सेवास्थल सेव्यस्वरूप सेवाधिकार तथा सेवाप्रयोजन को अकाट्य रूपमें निजी सिद्ध करनेवाले जो तथ्यदर्शी दस्तावेजोंके अंबार न्यायालयमें प्रस्तुत किये गये, उनपर भी जिरहके समय न्यायाधीशोंका ध्यान आकृष्ट नहीं किया गया अतएव उच्चतम न्यायाधीशोंके ये उद्गार कि–

> "इस सम्प्रदायके कुछ मन्दिर भूतकालमें निजी रहे होंगे, कुछ वर्तमान कालमें भी निजी हो सकते हैं. कोई मन्दिर निजी है या नहीं इस बातका निर्णय उस मन्दिरसे जुड़े तथ्योंपर अवलम्बित होना चाहिये. ऐसा कोई सामान्य नियम नहीं है कि वल्लभ सम्प्रदायमें सार्वजनिक मन्दिर निषिद्ध हो और अतएव नाथद्वाराको सार्वजनिक न माना जाये."
>
> (अनु.२२।एस्.सी.आर्.४३९/१९६८. गो.ति. श्रीगोविन्दलाल विरु. राजस्थान सरकार).

> "यदि यह मन्दिर निजी होता और मन्दिरकी सम्पत्ति तिलकायतकी होती तो बात दूसरी थी परन्तु एक बार यह स्वीकार लेनेपर यह मन्दिर सार्वजनिक है यह तर्क दुर्बोध हो जाता है कि सम्पत्तिकी व्यवस्था तिलकायतद्वारा होनी सम्प्रदायके सिद्धान्तके अनुसार एक धार्मिक विषय है. वस्तुतः ऐसा कोई सिद्धान्त हमारे सामने प्रस्तुत किया ही नहीं गया."
>
> (वहीं अनु.६९)

हम देख सकते हैं कि न केवल सैद्धान्तिक वास्तविकता सर्वथा ही विपरीत है प्रत्युत राणाओंके द्वारा जारी किये गये विभिन्न प्रपत्रोंमें न केवल उक्त संस्थानकी चलाचल सम्पत्तिपर अपितु नाथद्वारा गांव और वहां

विराजमान श्रीनाथजीकी मूर्तिपर भी गो.ति.म.श्रीका स्वामित्व भूतकालमें स्वीकारा गया था. फिरभी न्यायाधीशोंने यह और कह दिया मन्दिरका बाहरी रूप महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्य और प्रभुचरण श्रीविट्ठलनाथजी ने ओरंगज़ेबकी मन्दिरोंको तोड़ देनेके नीतिके कारण जानबूझ कर घर जैसा रखा होगा, तूटनेसे बचानेके उपायके रूपमें (द्र.). जबकि ओरंगज़ेबके पूर्वज शाहजहां जहांगीर अकबर हुमायु और बाबरसे भी पहले सिकन्दर लोदीके कालमें महाप्रभुने तो अपने सैद्धान्तिक मुख्यकल्पके अनुसार निजगृहमें सेवाके शक्य न होनेपर अनुकल्पतया सार्वजनिक मन्दिरमें भी कृष्णसेवा ही करनेके आग्रहके अनुरूप सार्वजनिक देवालय बनवाया था. जिसे बादमें अकबरके पूर्ण सद्भाव और आदरभाव रखनेके कालमें महाप्रभुके आत्मज प्रभुचरणने निजी होनेके मुख्यकल्पका रूप दिया था. यह मन्दिरके चारों ओरकी भूमिके निजी स्वामित्वके हेतु परिक्रयद्वारा किया गया. महाप्रभुके समयकी भगवत्स्वरूपकी प्रतिष्ठा अक्षयतृतीयाके दिन सार्वजनिक देवालयमें की गयी थी. उसके स्थानपर अपने निजी निवास सतघरामें फागुन वद सप्तमीको जो पुनःप्रतिष्ठा हुयी उसके उत्सवके प्रवर्तनद्वारा भी. वैसे आज तक यह परम्परा अपनी आत्माको खो कर भी विद्यमान है.

यों सम्प्रदायकी प्रधानपीठके बारेमें साम्प्रदायिक सिद्धान्त परम्परा और दस्तावेजों के आधुनिक न्यायप्रणाली द्वारा परिवर्तित विपरीत स्वरूपके चित्रको देखने लेनेके बाद उनसे टकरानेवाली न्यायप्रणालीके भी कुछ पहलुओंपर दृष्टिपात कर लेना उचित होगा :

प्रस्तुत आलेखपत्रकारके पितामहने अपनी अन्तिम अवस्थामें अपनी आधी सम्पत्तिका अपने सात पुत्रोंके बीच समविभाजन कर अवशिष्ट आधी सम्पत्ति अविभक्त परिवारके न्यासके रूपमें रखी थी. अपने सेव्य भगवत्स्वरूपोंको इसी अविभक्त पारिवारिक न्यासके अन्तर्गत ही पुत्रोंको सौंपे थे. उनके देहावसानके बाद ज्येष्ठपुत्र और उनके अन्य छह भाईओंके बीच ज्येष्ठपुत्रके एकाधिकारके बारेमें विवाद बढ़ कर न्यायालय तक पहुंच गया. परिवारकी प्रमुख सेव्यमूर्तिकी सेवाका अधिकार ज्येष्ठपुत्रका न माननेपर चेरीटी-कमिश्नरके पास अव्यवस्थाकी फरियाद ले कर बड़े भाईके जानेपर परिवारके शेष छोटे भाईओंने अपने बड़े भाईको देनेके बजाय भगवन्मूर्तिओंको

तथा भगवन्मन्दिरकी चलाचल सम्पत्तिको सार्वजनिक न्यास मान लेनेका मन बना लिया. इसके समर्थनार्थ यह युक्ति खड़ी की गयी कि वैष्णव जनताको जब ब्रह्मसम्बन्धदीक्षा दी जाती है तब वह भगवन्मूर्तिके सामने ही दी जाती है और वह उस मूर्तिकी सेवाका वैष्णव जनताको दिया जाता धार्मिक अधिकार है. इस युक्तिके अलावा मन्दिरके संस्थापक गो.श्रीगोवर्धनेशजी महाराजने अपनी अन्तिम अवस्थामें उत्तराधिकारी सन्ततीके न रह जानेके कारण, योग्य उत्तराधिकारी न मिलने तक, अपने विश्वस्त वैष्णवोंको सुचारु प्रबन्धके हेतु न्याससमिति बनायी थी. वह वैष्णवोंकी न्याससमिति महाराजश्रीकी विधवा पत्नीके द्वारा गो.श्रीजीवनलालजीको धर्मपुत्रतया गोद लेनेपर वैसे तो स्वतोविसर्जित हो गयी थी, किन्तु गो.श्रीजीवनलालजीकी भी अन्तिम अवस्थामें उत्तराधिकारी सन्ततीके अभावके कारण पुनः वैसी प्रबन्धक-न्याससमिति बनानी पड़ी थी. यह न्याससमिति भी महाराजश्रीकी विधवा पत्नीके द्वारा उक्त गो.श्रीगोकुलनाथजीको धर्मपुत्रतया लेनेपर स्वतोविसर्जित हो गयी थी. फिरभी न्यायालयने इन पूर्वकालमें गठित प्रबन्धक-न्याससमितिओंको सार्वजनिक न्यासके प्रमाणतया स्वीकार लिया. और गो.श्रीगोकुलनाथजीके उक्त सम्पत्तिके अर्धांश अविभक्त संयुक्त पारिवारिक न्यासको सार्वजनिक न्यास मान लिया. अवधेय होता है कि हवेलीके संस्थापक गो.श्रीगोवर्धनेशजीके न्यासप्रलेखका यदि कोई दस्तावेजी महत्त्व वस्तुतः हो तो सम्पूर्ण सम्पत्तिको सार्वजनिक मानना तर्कसंगत होता, क्योंकि अर्धांशका अपने सात पुत्रोंके बीच समविभाजन और अर्धांशका अविभक्त पारिवारिक न्यासका प्रलेख स्वयंमें अनधिकारचेष्टा मानी जानी चाहिये थी. पर यह मुद्दा वादी-प्रतिवादी दोनोंमें से किसीने छेड़ा नहीं सो न्यायालयके भी ध्यानसे बाहर चला गया यह सन् साठके दशककी कथा है. परन्तु तीसवें दशकमें एक मुकदमा अंग्रेज़ न्यायाधीशके पास, धरणगांवमें गो.श्रीजीवनलालजीकी एक स्वयंकी हवेली थी जो उनके अवसानके बाद प्रबन्धक-न्याससमितिकी देखरेखमें थी, इसके बारेमें चला था. उस प्रबन्धक-न्याससमितिको धर्मपुत्र गो.श्रीगोकुलनाथजीका उत्तराधिकार मान्य नहीं था. परन्तु अंग्रेज़ न्यायाधीशने यह निर्णय दिया था–

> ''पुष्टिमार्गके सिद्धान्त नितान्त वेतुके हैं कि अपने अनुगामिओंका अधिकार अपने मन्दिरोंमें इस सम्प्रदायमें स्वीकारा नहीं जाता है. आशा

> करनी चाहिये कि वैष्णवजनताके पढ़-लिख जानेपर ऐसे सम्प्रदायका त्याग कर वह अन्य योग्य सम्प्रदायकी अनुगामी बन जायेगी परन्तु इस सम्प्रदायके सिद्धान्तोंको देखते हुये सार्वजनिक मन्दिर इस सम्प्रदायमें माना नहीं जा सकता.''(११).

यह ईसाई चर्चके स्वरूपकी पूर्वधारणासे ग्रस्त सोचवाले विदेशी न्यायाधीशका न्यायनिर्णय था. इसे परन्तु मुंबइके उच्च न्यायाधीशके सामने या तो विमर्शके हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया होगा या उन्होंने इसपर ध्यान नहीं दिया होगा. अतः तब मुंबइ उच्च न्यायालयके न्यायाधीश सम्मान्य गजेन्द्र गड़करने मुंबइस्थित गोस्वामिओंके भगवत्सेवोपयोगी आवाससंकुलको सार्वजनिक मन्दिर घोषित कर दिया.

स्वयं मेरे जन्मसे पहले हमारे आवासस्थलको 'मोटी हवेली' कहा जाता था वह न जाने कब-कैसे 'बड़ा मन्दिर' मेरे बाल्यकालमें बन गया. बादमें महात्मा गांधीके 'हरिजन-मन्दिर-प्रवेश'के आन्दोलनके समय भगवद्-दर्शन बंद करनेके हेतु पुनः उसे निजी आवासमें परिवर्तित करनेको मेरे पितामह गो.श्रीगोकुलनाथजीके जन्मनामके साथ उसे 'गोविन्दभुवन' बनाया गया. इस पारिवारिक निर्णय लेनेको एकत्रित परिवारके सभी सदस्योंके अन्तर्गत मैं भी अबोध मूक द्रष्टा बना तब उपस्थित था जो आज तक मेरे स्मृतिपटल अंकित है. बादमें हरिजन मन्दिरप्रवेशके आन्दोलनके मन्द पड़ जानेपर बन्द हुवा भगवत्सेवाका प्रदर्शन मेरे चचेरे भाईके जन्मकी खुशीमें दोबारा टेरा खोल कर शुरु किया गया. और अन्तमें वह गोविन्दभुवन आज तो 'बड़ा मन्दिर-सार्वजनिक न्यास' बन गया. अब हमारे परिवारको अपने सेव्य भगवत्स्वरूपकी सेवाके हेतु वहां न्यासी बन बैठे वैष्णव धनिकोंको आवेदन करनेपर अनुज्ञा मिलती है जबकि न्यायालयोंमें कहा जाता रहा है कि गोस्वामी महाराजोंकी अनुज्ञा और माध्यम के बिना वैष्णव अनुयायिओंको भगवत्सेवा करनेकी मार्गरीति नहीं है किम् आश्चर्यम् अतः परम्

अस्तु. इस तरहका न्यायनिर्णय प्रदान कर जब सम्मान्य गजेन्द्र गड़कर देशके उच्चतम न्यायालयमें न्यायाधीश बन कर पहुंचे तभी गो.ति.म.श्रीका मुकदमा राजस्थानके उच्च न्यायालयमें चल रहा था. वहां इस मुंबइके उच्च

न्यायालयके निर्णयका अनुसरण करते हुवे गो.ति.म.श्रीको न्यायनिर्णयमें आंशिक विजय प्रदान की गयी. परन्तु जब गो.ति.म.श्री देशके उच्चतम न्यायालयमें इस आंशिक जयके विरोधमें आवेदक बन कर गये तब वहां प्रमुख न्यायाधीश स्वयं श्रीगजेन्द्र गड़कर ही थे. और उनके न्यायनिर्णयोंपर अवलंबित हो कर दिये गये निर्णयपर जब उन्हें देशके उच्चतम न्यायालयके न्यायाधीशकी हैसियतमें निर्णय देना था तब दूसरे किसी तरहके निर्णयकी सम्भावना स्वतः क्षीण बन जानी स्वाभाविक बात थी. अतः प्रधानपीठाधीशको वहां पराजित होना पड़ा. इस आश्वासनके साथ कि सरकारद्वारा अधिगृहीत किये जानेके कारण जो आर्थिक हानि गो.ति.म.श्रीको होती हो उसे नाथद्वाराके प्रसादविक्रयके बीस-प्रतिशत भुगतान द्वारा भरपाई किया जायेगा. सिद्धान्ततः नाथद्वाराकी आय-सम्पत्ति यदि देवस्वामिक हो तो उसका उपभोग गो.ति.म.श्रीको वाल्लभ सम्प्रदायके अनुगामी माननेमें भी बाधक होना चाहिये था, प्रधानपीठाधीश होनेकी तो कल्पना भी अशक्य है. देवद्रव्यके उपभोगके अतिशय वर्जित होनेके कारण (द्र."दाने न स्वविनियोगो नतु निवेदने" नव.र.प्रका.१ अमृ.वच.१,४,८,१६,१७,१८). और इस आय या सम्पत्ति को अंशतः उपभोग करनेका गो.ति.म.श्रीका कानूनी अधिकार हो तो नाथद्वाराकी आय-सम्पदा देवोत्तर-सम्पदा होनी नहीं चाहिये, यदि यह संस्थान पुष्टिसम्प्रदायका हो तो पर इस सिद्धान्तको अब कैसे न्यायालय और अनुगामी जनताके गले उतारना?

वाल्लभ सम्प्रदायकी प्रधानपीठमें ही जिस सिद्धान्तकी निष्ठुर अवहेलना हो रही हो तो अन्य स्थानोंके बच पानेके कोई न्यायपूर्ण आधार भी बच नहीं जाते.

इस न्यायनिर्णयको आदर्श निकष मान कर बादमें नडियादकी हवेलीको भी सार्वजनिक मन्दिर मान लिया गया. जब वह अपना विवाद ले कर देशके उच्चतम न्यायालयमें पहुंची. बादमें कच्छ-मांडवीके घरके सार्वजनिक मन्दिर होनेका दावा वहांके कतिपय वैष्णवोंने किया. गुजरातके उच्च न्यायालयमें इस विवादमें, मुंबइके उच्च न्यायालयमें चले विवादके अन्तर्गत जो ब्रह्मसम्बन्धदीक्षाको जनताको दिये जाते सेवाधिकारके रूपमें माना गया, उसे प्रमुख निकष मान लिया गया. सौभाग्यवश वह पुनः

चेरीटीकमिश्नरके पास रिफर होनेको जब गया तब विवादशील वादी-प्रतिवादिओंने आपसी मतभेदका त्याग कर सिद्धान्तसे अविपरीत प्रबन्धयोजनाके अन्तर्गत गिरते-गिरते अपने-आपको सम्हाल लिया.

यह न्यायप्रणाली और साधनाप्रणाली के आपसी टकरावके बावजूद पुष्टिसम्प्रदायके इतिहासमें दूसरी उल्लेखनीय घटना है. पहली घटना इस सम्प्रदायकी चतुर्थपीठके भी न्यायलयमें पराजयके बावजूद प्रबन्धयोजनामें सिद्धान्तोचित सुधार पानेकी सिद्धिके बाद

जहां तक दीक्षाद्वारा सेवाधिकार मिलनेके सैद्धान्तिक तथ्यका प्रश्न है तो स्वयं 'अधिकार' शब्द 'संस्कृतभाषामें 'आरम्भ 'कर्तृत्वोपभोगी भोक्तृत्वोपभोगी और व्यवस्थोपभोगी स्वामित्व 'योग्यता 'कर्तव्य या 'अनुवृत्ति आदि अनेक अर्थोंमें प्रयुक्त होता है. इसपर ध्यान नहीं दिये जानेके कारण बिफर गया. सिद्धान्ततः ब्रह्मसम्बन्धदीक्षा द्वारा दिया जाता सेवाधिकार उपभोग व्यवस्था आदि करनेके अधिकारके अर्थमें नहीं प्रत्युत योग्यता या कर्तव्य के अर्थमें ही प्रयुक्त हुवा है. अन्यथा गोस्वामिओंके घरोंमें साक्षात् भगवन्मूर्तिको छू कर की जाती सेवामें जनताका निर्बाध प्रवेशाधिकार और ऐसी सेवा प्रमुख कर्तव्य होनी चाहिये थी (द्र."...निवेदनं... साक्षाद् गोकुलेशभजनाधिकाररूपत्वात्" नव.र.प्रका.१). अतीव आत्मग्लानिके साथ स्वीकारना पड़ता है कि स्वयं हम गोस्वामिमहानुभावोंने अपनी आजीविकाके उपार्जनके लोभवश हमारी भगवत्सेवामें दर्शन-भेंट-प्रसाद-मनोरथके हेतु वैष्णव जनताको सम्मिलित होनेको लुभाया. इसका परिणाम यह हुवा कि जनता और न्यायप्रक्रिया दोनों इस अपसिद्धान्तको पुष्टिमार्गीय धर्म मान कर चलने लगे जबकि वस्तुतः तो अपनी भगवदाराधनामें अपने निजी भक्तजनोंके अलावा अन्यको दर्शन कराना सर्वथा वर्जित माना गया है (द्र.सि.व.३) पराये किसीसे अपनी भगवत्सेवाके हेतु धन स्वीकारना ही नितान्त गर्हित माना गया है. दूसरे किसीकी भगत्सेवामें धनप्रदान कर प्रसाद लेना आदि भी नितान्त गर्हित कृत्य माने गये हैं (द्र.सि.व.२,४,७,११ तथा अमृ.वच.२,३, ४,५,७,९,११,१३,१५,१७,१८). ऐसा स्पष्टीकरण या तो मुंबइके उच्चन्यायालयमें सुनवाईके समय दिया नहीं गया अथवा उसपर ध्यान नहीं दिया गया होगा. हमारे घरोंमें भगवत्सेवा करनेके जनताके अधिकारकी बात

सिद्धान्ततः सर्वथा अप्रसक्त होनी चाहिये थी; क्योंकि ब्रह्मसम्बन्धदीक्षा उन्हें स्वयं अपने घरोंमें भगवान्‌के स्वरूपकी सेवाको अवश्यकर्तव्यतया निभानेको अनुबंधित करती थी (सिद्धा.वच.५, अमृ.वच.३,५,६,११,१२,१९,२१). परन्तु व्यवहारकी विपरीतताने सिद्धान्तका चित्र ही बिगाड़ कर रख दिया.

उदाहरणतया उपनयन-संस्कारार्थ आठ वर्षके ब्राह्मणपुत्रको अधिकारी माना जाता है. यह योग्यता या कर्तव्य के अर्थमें प्रयुक्त 'अधिकार' शब्द है, अन्य किसी अर्थमें नहीं. इसके विपरीत पुत्रका अपनी पितामहकी सम्पत्तिमें दायाधिकार केवल योग्यताके अर्थमें नहीं प्रत्युत वयस्क होनेपर उपभोगानुकूल स्वामित्वके अर्थमें होता है. इस तरह सेवाके अधिकार स्वरूप और प्रयोजन के सिद्धान्ताभिमत रूप प्रवर्तमान न्यायनिर्णयोंके साथ सीधे टकरावकी स्थितिमें आ पड़े हैं.

इससे भी अधिक भयंकर परिस्थिति इन मुकदमोंके बाद, अस्सी प्रतिशत गुरुकी चरणभेटसे जिसका खर्चा चलता था ऐसी, जुनागढकी हवेलीके बारेमें दिये गये न्यायनिर्णयके कारण उत्पन्न हुयी है. नाथद्वारा नडियाद बंबई के मुकदमोंमें यह कहा गया था कि वैष्णव साक्षात् भगवत्सेवा नहीं करते परन्तु पुष्टिमार्गीय हवेलियोंके भीतर रहनेवाले गोस्वामिओंके द्वारा स्वयं अपने मनोरथके अनुसार द्रव्यप्रदान कर भगवत्सेवा करवाते हैं. अतः गुजरातके उच्च न्यायालयने हवेलियोंके गोस्वामिओंको देवमूर्तिकी साक्षात् सेवा द्वारा जनताकी धनराशिको देवमूर्ति तक पहुंचानेवाली मोरी (कॉनड्युइट पाइप्) के रूपमें बिरदा दिया. और अतएव धर्मगुरुकी हैसियतमें उन्हें मिलती चरणभेंटको भी देवोत्तर सम्पत्तिके रूपमें सार्वजनिक घोषित कर दिया, क्योंकि ब्रह्मसम्बन्धकी दीक्षामें सब कुछ भगवान्‌को समर्पित कर देनेकी भावना बतायी गयी है.

यह 'समर्पण'='निवेदन', 'दान' और 'त्याग' के बीच रहे प्रभेदको समझे बिना किया गया विधान है. समर्पणकी प्रक्रियाद्वारा कुछ किसीको केवल उपभोगार्थ ही दिया जाता है, इसमें देनेवालेके स्वामित्वका न तो त्याग और न हस्तान्तरण ही अभिलषित होता है. इसके विपरीत दानकी प्रक्रियाद्वारा कुछ किसीको दिये जानेपर देनेवाला अपने स्वामित्वको निरस्त कर लेनेवालेके पक्षमें उसे हस्तान्तरित करता है (सिद्धा.वच.११). त्यागकी प्रक्रियाद्वारा

देनेवाला दी जाती वस्तुपर अपना स्वत्व या स्वामित्व निरस्त तो करता है पर अन्य किसीको हस्तान्तरित नहीं करता. क्योंकि समर्पण, दान और त्याग के बीच रहे सूक्ष्म तारतम्यको माना न जावे तो ब्रह्मसम्बन्ध दीक्षा लेनेवाली वैष्णव जनताके गृह-सम्पदा-आय सभीका स्वामित्व जिस हवेलीमें ब्रह्मसम्बन्ध लिया हो वहां बिराजती भगवन्मूर्तिका होना चाहिये था फिर तो निरपवाद पुष्टिसम्प्रदायके अनुगामिओंकी सम्पत्ति तथा आय देवोत्तर होनेसे सार्वजनिक न्यास घोषित होनी चाहिये थी

अभी तक सार्वजनिक देवालयमें सेवाधिकारी (शेबाइट) की तथा आनुवंशिक उत्तराधिकार द्वारा प्राप्त होते व्यवस्थापक होनेके अधिकारकी हैसियतमें देवोत्तर सम्पत्तिमें न्यायालयद्वारा मिले भोगाधिकार व्यवस्थाधिकार और दायाधिकार को भोगनेवाले हम गोस्वामिमहाराजोंने, निजी न हो तो न सही न्यासीके रूपमें ही सम्पत्तिके उपभोग करनेमें सन्तुष्ट थे. इस चक्करमें किन्तु निजी चरणभेंट भी खोनेकी बारी आनेपर सभी उद्विग्न हो गये अतः प्रायः सभी गोस्वामिमहानुभावोंने प्रस्तुत आलेखकारको सूचित करनेपर इस जुनागढ़के मुकदमेमें, वादी या प्रतिवादी न होनेपर भी, बाह्य आवेदनकर्ता व्यक्तिके रूपमें उच्चतम न्यायालयमें उपस्थित होनेको प्राधिकृत किया था. तब मैंने उच्च न्यायालयमें प्रस्तुत उस आवेदनमें न केवल जुनागढ़ अपितु नाथद्वारा-नड़ियादके मुकदमोंकी भी सैद्धान्तिक समीक्षा दी थी, जिसे प्रकाशित हो जानेपर अवलोकन किया जा सकेगा. मुकदमेकी सुनवाईके दरमियान किन्तु सारा विवाद सम्पत्तिके सार्वजनिक या निजी होनेपर वादी-प्रतिवादीके बीच चलता रहा. अतः न्यायाधीशोंने प्रस्तुत आलेखकारको न्यायालयके उठनेसे पहले केवल दस मिनिट प्रदान की. भारपूर्वक अनेकधा अनुरोध करनेपर भी सैद्धान्तिक मुद्दोंपर कुछ सुनना न्यायाधीशोंको आवश्यक नहीं लगा. फिरभी गोस्वामिममहाराजोंकी चरणभेंटको सार्वजनिक माननेके गुजरात-न्यायालयके निर्णयको अमान्य करनेके अलावा अन्य किसी भी सैद्धान्तिक मुद्दोंपर ध्यान नहीं दिया गया. परिणामस्वरूप जो गोस्वामिमहाराज प्रस्तुत आलेखकारके समर्थक थे वे भी आगे इस मुद्देको और न भड़कानेके मतके हो गये.

एतदर्थ पुष्टिमार्गीय धर्माचार्योंका संयुक्तघोषणापत्र प्रकट करनेकी बात

चलानेपर भी उस घोषणापत्रपर हस्ताक्षर कर देनेके बाद पुनः मुकर जाना आदि अनेकविध कूटनीति खेली गयी. बादमें पुष्टिसिद्धान्तचर्चासभामें भी उसी कूटनीतिके खेलको खेल कर उसे भी अनिर्णीत रखवा दी गयी. साथ ही साथ अपसिद्धान्तोंके पक्षको सच्चे सिद्धान्तोंकी प्रस्तुतिके रूपमें सहस्ताक्षर बिरदा दिया गया. यह उन महानुभावोंके द्वारा जो स्वयं चर्चासभामें अनुपस्थित थे जबकि वास्तविकता यह थी कि उक्त घोषणापत्र या चर्चासभा में विचारार्थ प्रस्तुत सिद्धान्तवचनावलीके भावानुवादमें जो कुछ प्रस्तुत आलेखकारने संकलित किया था, उसे प्रायः सभी विरोधकर्ता पहले स्वीकृति दे ही चुके थे. नाथद्वाराके मुकदमेमें पराजयके बाद दिवंगत श्रीआर.के.भट्ट द्वारा लिखित 'श्रीवल्लभाचार्यके दार्शनिक आचारकी परम्परा' नामक पुस्तिका जो नाथद्वारामन्दिरकी प्रबन्धयोजनाके मसौदेके रूपमें प्रस्तावित थी उसकी स्तुतिमें ये ही महानुभाव बहुत कुछ स्वीकार चुके थे (इसे विस्तारसे देखना हो तो प्रस्तुत आलेखकारद्वारा लिखित 'विशोधनिका' के तीन भागोंमें देखा जा सकता है).

मुद्दा यह नहीं कि प्रस्तुत आलेखकार सही था या उसके विरोधकर्ता. परन्तु [1]न्यायालयोंमें सिद्धान्तकी अप्रस्तुति [2]जनताके समक्ष भी पूर्वस्वीकृत धारणाओंका अस्वीकार, [3]व्यवहारमें वही सिद्धान्तविपरीत आचारणोंके उदाहरणोंको प्रोत्साहित करनेकी रीतिनीति, ये कुछ ऐसी बातें हैं जो वर्तमानमें पुष्टिमार्गीय सिद्धान्तोंके आधुनिक न्यायप्रणालीसे टकरावको मार्गकी ध्रुवनियति बना देती हैं. स्वयं बहोत पहले कभी सिंहगर्जनाके साथ "...ब्रह्मसम्बन्ध ले कर सेवा करनेसे प्रत्येक इन्द्रियोंका भगवान्में विनियोग होता है... मन्दिर=गुरुघर तो केवल उपदेशग्रहण करनेके लिये हैं. सेवा तो हमें अपने घरोंमें करनी है" कहनेवाले महानुभाव उक्त सिद्धान्तचर्चासभामें अपना मत मेरे द्वारा विचारार्थ प्रस्तुत सिद्धान्तवचनावलीके भावानुवादके विरोधमें दे कर; पुनः एक दिन, मुझे मिलने आये. दबी आवाज़में सफाई देने लगे कि बात तो आपकी सच्ची है परन्तु जिन लोगोंने अपने घरोंको सार्वजनिक मन्दिर न्यासके रूपमें सरकारके सामने रजिस्टर्ड करवा लिया हो वे कहां जायें? मैंने कहा "वे भी सिद्धान्तको तो खुल कर जनतामें कबूल तो कर ही सकते हैं, जब तक कोई कानूनी उपाय मिल नहीं जाता". मेरी यह बात सुन कर प्रसन्न हो गये और बोले कि *"अच्छा सिद्धान्त सिर्फ जनताके सामने कहते रहनेकी बात आप कह रहे हो*

हम तो समझे कि आप उसे अमल लानेका झगड़ा कर रहे हो मेरा तो मन नहीं मानता था कि श्याम मनोहरजी ऐसी अव्यावहारिक बात कभी कर सकते हैं" ऐसी अपनी प्रशंसा सुन मैं इतना लज्जत हुवा कि पहले कभी कई सारी त्रुटियोंकी निन्दा सुन कर भी जीवनमें कभी इतना लज्जत नहीं हुवा

यह किसी व्यक्तिनिन्दाके रूपमें प्रकट नहीं कर रहा हूं परन्तु प्रायः अधिकांश हम गोस्वामिओंकी स्वसिद्धान्तमें अस्थिर आस्था और तत्कालिक लौकिक स्वार्थपूर्ण हितोंकी तुलनामें सनातन आत्मिक हितोंकी अवहेलना की बचकानी मनोवृत्तिके निदर्शनार्थ ही है. क्योंकि इसके कारण अपना वास्तविक दूरंगामी हित हमें बहुधा बुद्धिगत नहीं हो पाता और पिटते रहते हैं. यह देशके स्वतन्त्र होनेसे पहले अमरेलीकी हवेलीके बारेमें वह सार्वजनिक देवालय है या निजी, इस बारेमें एक मुकदमा गायकवाड़ी राज्यमें चला था, उसकी दुर्नियतिको देखनेपर समझी जा सके ऐसी घटना है. उस समय सिद्धान्तविद् शास्त्रिओं और सुविज्ञ वैष्णवप्रतिनिधिओं की जुबानी सुननेके बाद रियासती अदालतने अमरेलीकी हवेलीको निजी घोषित कर दिया था. जुनागढ़के मुकदमेमें इस न्यायनिर्णयको उद्धृत भी किया गया, जिरहके समय; और उसपर न्यायाधीशोंका ध्यान भी आकृष्ट किया गया. गुजरात उच्चन्यायालयके न्यायाधीशोंने परन्तु उसे इसलिये महत्त्वपूर्ण प्रमाण नहीं माना; क्योंकि, उसके बाद वहांके महाराजश्रीने चला कर उसे सार्वजनिक न्यासके रूपमें सरकारमें दर्ज करवा दी थी हमारे सिद्धान्तोंके बारेमें हमारी ऐसी अस्थिर निष्ठा हमारी सेवाके निर्बाध सिद्धान्तानुरूप अनुसरणमें सबसे बड़ा प्रतिबन्ध है. कानूनी प्रतिबन्ध तो बहुधा इस अस्थिरनिष्ठाके कारण ही हमपर लदते रहते हैं.

अन्तमें पुष्टिमार्गपर सनातन बदनामीके सनातन ठप्पा(!) जैसा 'श्रीयदुनाथजी महाराज लावबलकेस' के बारेमें कुछ देख लेना उचित होगा. इस केसका मूल दो विवाद थे : [1]अपुष्टिमार्गीय महादेवमन्दिरमें छप्पनभोगका मनोरथ हो सकता है या नहीं? [2]विधवा स्त्रीका पुनर्विवाह हो सकता है या नहीं?

इसपर हम पुष्टिमार्गके धर्मगुरुओंने तब बड़ा बवंडर खड़ा कर दिया था कि ऐसा सनातनधर्मके शास्त्रोंके आधारपर हो नहीं सकता.

उस समय "शिवभक्तोंकी, "सुधारवादियोंकी और मुंबइमें अब 'वी.पी.रोड़' कहे जाते मार्गपर तब खुले "ईसाई चर्चके पादरी विल्सन की एक संयुक्त धुरी पुष्टिमार्गके विरोधमें सामने आ खड़ी हुयी.

"इन शिवभक्त ब्राह्मणों तथा वल्लभवंशज गोस्वामी महानुभावों का तब आपसी साम्प्रदायिक वैमनस्य काम कर रहा था. सो डेढ़ सो वर्षपूर्व मुंबइके भुलेश्वर महादेव मन्दिरोंमें कुछ लोगोंने छप्पनभोगके मनोरथका आयोजन किया. तब छप्पनभोगके आयोजनोंकी प्रतिस्पर्धामें पुष्टिमार्गसे महादेवमन्दिर आगे बढ़ कर जनताको आकर्षित न करने लगे, इस भीतिके कारण उसके विरुद्ध पुष्टिमार्गीय धर्मगुरुओंने बवंडर खड़ा कर दिया. क्योंकि उनके अनुसार यह तो केवल पुष्टिमार्गीय हवेलियोंमें ही हो सकता था. सैद्धान्तिक वास्तविकता जबकि यह है स्वयं अपने द्रव्यसे करना हो तो "नन्दगांवके बड़े गोप श्रीनन्दरायजीने बरसानेके बड़े गोप श्रीवृषभानजीको उनके गांवके सहित गोठ दे कर आमन्त्रित किया" ऐसी लीलाभावना करनेको वह कोई भी पुष्टिमार्गीय छप्पनभोग कर ही सकता है. इसी तरहकी लीलाभावनाके बिना तो कोई भी अपने आराध्यको छप्पन या एक सौ अड़सठ तरहकी भोगसामग्री क्यों निवेदित नहीं कर सकता?

उल्लेखनीय है कि वस्तुतः तो ५६ल३=१६८ से भी अधिक खाद्यसामग्री अपने यहां भगवान्‌को भोग धरी जाती होंगी. फिरभी जनसाधारणके सामने यह लुभावनी रखी जाती है कि ८४,००००० योनियोंके बाद मिली अन्तिम मानवयोनिके बाद दूसरे ८३,९९९९९ योनियोंके चक्रको शुरु होनेसे रोकना हो तो "८+३+९+९+९+९+९८३(योनियां)=४५ योग होता होनेसे छप्पनभोगके उत्सवमें भेंट-दर्शन-प्रसादग्रहण द्वारा मुक्त हुवा जा सकेगा सवाल यह नहीं कि सचमुच ऐसे उपहासास्पद व्यावसायिक सामग्रीप्रदर्शनोत्सवमें सम्मिलित होनेपर चौरासी लाख योनिका चक्र बंद होगा या नहीं भीषण समस्या तो यह है कि जब हमारे आराध्य स्वरूपके सामने छप्पनभोगकी सजावटके प्रदर्शनका ऐसा आयोजन हम परार्थ करते हैं, तब वह भक्तिभावरूप न हो कर एक थोथा कर्मकाण्ड बन जाता है. वह तो भुलेश्वरके महादेवजीके मन्दिरकी तरह ईसाई चर्च और मुसल्मानी दरगाह या पंचतारक होटल या क्लबहॉल में भी क्यों नहीं हो सकता? अतः या तो भक्तिके ऐसे

व्यावसायिक प्रदर्शनोंमें भोगसामग्रीकी संख्या सर्वथा ५६ ही होनी चाहिये थी अन्यथा "(८४,०००००-१)=(८+३+९+९+९+९+९)=५६ भोग" समीकरण त्रुटिपूर्ण लगता है. खैर, ऐसे उपहासास्पद बचकाने लुभावनका कोई भी सैद्धान्तिक या वैचारिक अथवा भावनात्मक महत्त्व तो नहीं होता. फिरभी इसके कारण हमारे सम्प्रदायमें की जाती भगवत्सेवा न तो पुष्टिभक्तिरूप न पुष्टिभक्त्यर्थ न आत्मोद्धारार्थ ही परन्तु कानूनन जनताके द्रव्यसे जनताके हेतु जनताके प्रतिनिधिओं द्वारा किया गया तथाकथित धार्मिक कर्मकाण्ड होनेसे हमारे सेव्यस्वरूप सेवास्थल सेवाप्रयोजन और सेवास्वरूप को सार्वजनिक सिद्ध करनेका पर्याप्त हेतु सिद्ध हो जाता है. विस्मयजनक बात तो यह है कि इसपर भी हम कायम न रहे और अब अपुष्टिमार्गीय मन्दिरोंमें स्वयं गोस्वामी महाराजश्री सम्मिलित होने लगे खैर.

"हिन्दुसुधारवादी कवि नर्मद स्वयं किसी विधवा स्त्रीके प्रति आसक्त होनेके कारण तब विधवाविवाहकी पैरवी कर रहे थे(!). उन्होंने गोस्वामी श्रीयदुनाथजीको इस विषयमें सहमत करना चाहा. वैसे पुष्टिभक्तिके सिद्धान्तकी दृष्टिसे देखनेपर स्वयं महाप्रभु "**वर्णाश्रमवतां मुख्ये धर्मे नष्टे छलेन तु क्रियमाणे न धर्मः स्याद् अतः तस्माद् न मोचनम् अथापि धर्ममार्गेण स्थित्वा कृष्णं भजेद् बुधः**" (त.दी.नि.२।) खुलासा दे ही चुके थे. तो भी विधवाविवाहके सनातन वर्णाश्रमधर्मसे विरुद्ध होनेका बवंडर खड़ा कर व्यर्थमें पुष्टिसम्प्रदायको बदनाम करवानेका हमने पुरुषार्थ किया. जबकि आजीविकार्थ देवमूर्तिकी आराधना करनेवाला स्वयं असत् शूद्रसे जघन्यकोटिका पतित होता है, पक्वान्नरूप प्रसादका विक्रय करनेवाला तो स्वयं सद्यःपतित हो जाता है, ऐसी वर्णाश्रमशास्त्रोंकी व्यवस्था हमारे भजनके सारे प्रकारोंके विरोधमें मुखरित थी ही. ऐसी स्थितिमें कोई विधवा स्त्री; या उसके साथ विवाह करनेवाला पुरुष, और कितना अधिक जघन्यकोटिमें पतित होता? और होता तो होता वर्णाश्रमशास्त्रोंके पाबंद अन्य भी सनातनी हमें पिटते हुवे बचाने तो न आये फिरभी व्यर्थमें सनातनधर्मके ठेकेदार बन कर हमने महाराजलायबलकेसकी दुर्घटनाको स्वयं आमन्त्रित किया था. हेतु केवल एक ही था : न तो वर्णाश्रमधर्ममें हमारी निष्ठा स्थिर थी और न वर्णाश्रमधर्माविरोधी फिरभी वर्णाश्रमधर्ममें न बंधनेवाली पुष्टिभक्तिमें हमारी निष्ठा स्थिर थी आज भी वर्णाश्रमधर्मकी पाबंदीके बावजूद धड़ल्लेसे हमें यूरोप-अमरीकाकी यात्रा डॉलर आदि महंगी मुद्राओंके लाभके

कारण लुभावनी लगती है. बादमें वहां यात्रा करनेका प्रायश्चित्त और नियत कर रखा है. वह भी १२,००० गउओंके दानका काशीके पण्डितोंने पूछनेपर बताया था, जिसके निमित्त अब कुछ पांच हजार रुपयोंका प्रायश्चित्त हम करते हैं! यह है हमारी अस्थिर धर्मनिष्ठाका अकाण्डताण्डव! अब तो स्वयं हमें ही पुनर्विवाह या विधवाविवाह में कोई आपत्ति गम्भीर नहीं लगती!

"हिन्दुधर्मके ग्रन्थोंका अध्ययन करनेवाले युरोपके विद्वानोंको तब लग रहा था कि ऋग्वेद आदिकी संहिताओंमें वर्णित धर्म तो वैसे भी प्रभावहीन हो गया है. भारतमें जो चल रहा है वह तो शैव वैष्णव शाक्त आदि पौराणिक धर्म ही. अतः उन्हें यदि समाप्त किया जा सके तो ईसाई धर्मके प्रचारको मुक्त वातावरण मिल पायेगा. अतः मेक्समूलर(१६), मोनियर विलियम(१७), पूर्वोक्त चर्चके पादरी विल्सन आदि अनेक भारतीयविद्याविदोंने इस दिशामें पुरुषार्थ प्रारम्भ कर ही रखा था(१८). साथ ही साथ स्वयं हिन्दुओंमें भीतरसे सुधारकी हवा चलानेको नये पन्थ भी चलवाये गये थे. ऐसा सिनारियो तब था. अब तो स्वयं यूरोप-अमरीकाके लोग हमारे पौराणिक धर्मके विविध सम्प्रदायोंमें दीक्षित अनुयायी बन कर उनका अनुसरण करने लगे हैं. तब छप्पनभोग कुंडवारा आदिके व्यावसायिक प्रदर्शनोंके साथ अब प्राचीन यज्ञयागादि और खेचरीयोग जैसी साधनाओंके आर्थिक लाभकारी मार्गदर्शनकी महत्ता हम बहांकी जनताको समझाना चाहते हैं. यह पुनः हमारी अधूरी निष्ठा हमें कहीं अन्तरराष्ट्रिय स्तरपर ले न डूबे!

ये थे मूल हेतु हमें लायबल केस करनेको विवश कर देनेकी सीमा तक उकसानेके. उसके बाद उस केसमें हमारे भगवत्समर्पणके दिव्य सिद्धान्तको अनैतिक व्यभिचारको प्रोत्साहित करनेवाले सिद्धान्त और सम्प्रदायकी दीक्षाके रूपमें विकृततया व्याख्यायित कर दिया, अंग्रेज़ न्यायाधीशोंने. लायबल केसका मुकदमा दायर करनेवाले श्रीयदुनाथजीपर जो अपमानजनक आरोप थे उन्हें सिद्ध न होनेके कारण उनकी प्रतिष्ठा अभियाचित पचास हज़ारके स्थानपर पचास पैसा मान कर उन्हें आरोपमुक्त कर दिया गया!

७.वर्तमान टकरावके निवारणका उपाय :

अब भी समय रहते हमारे आचार्यचरणकी वाणीमें हार्दिक निष्ठा हम

पनपा पायें और तदनुसार वैष्णव जनताको भी प्रेरित करते रहनेकी आचार्योचित निर्भिकता और उत्तरदायिता स्वीकारें तो मार्गका वास्तविक उत्कर्ष हो नहीं सकता, ऐसा कमसे कम मुझे तो नहीं लगता. आवश्यकता है सच्चे हृदयसे भगवदाश्रयकी, वाक्पतिकी वाणीके साथ प्रतिबद्धताकी और अपनी चार्वाकोंके जैसी मनोग्रन्थिके छेदनकी कि "आगे भी जाने न तू पीछे भी जाने न तू जो भी है बस यही एक पल है"

सन्दर्भसूची :

(१) श्रीनाथजीको उदयपुरराज्यके सिंहाड गांवमें विराजनेकी सुविधाप्रदान करते समय गोस्वामितिलकायितकी तरह महाराणा उदयपुरकी भी समझ यही थी कि परिस्थिति सुधरनेपर श्रीनाथजी पुनः ब्रज पधारनेवाले है :

"Maharajadhiraj Maharana Shri Rajsinghji commands from the auspicious Udaipur the Jagirdar of Sinhad and Brahmans and all inhabitants. Be it known that Shrinathji residing at Sinhad let uncultivated land as may desire be cultivated till such time, when Shrinathji goes back to Brij the land of those to whom it belong will... in fact. If any one then obstructs in any way he will be rebuked. Grant masani loghs in smt.1729 on Asoj sudi 15 Thursday.",

"Maharana Maharajadhiraj Shri Rajsinghji commands from the auspisious place of victory. Brahman Joshi Krisna Khemia Mohan Hari Jagha and Hava Pitha and all inhabitants of the Kheda of Sinhad. Be it known that when Shrinathji goes to Brij from Sinhad Brahmins will get the land which is of the Brahmins. They will get the land as is entered in previous records. So long as Shrinathji... Loghu in smt.1736 on Bhadwa sudi 6 Monday."

(As an Annexture No.5/13, 5/13A along with appppeal in Supreme Court case no.652 and 757 in the year 1962 by T.G. against State of Rajsthan)

(२-३) महाराणा उदयपुर द्वारा भारतके अंग्रेज़ गवर्नर जनरलको दि. १७ जनवरी १८२५ के दिन भेजा गया पत्र :

"In time of Maharana Rajsingji the God Shri Govaerdhannathji and the ancestors of Gosainji or the High Priest of the Vaishnavas came from Brij to Mewar in the month of Falgun Samvat 1735. Our ancestors kept the Thakurji Maharaj and the Gosainji

Maharaj at the village of Sinhad... After this our ancestors and all other Rajas great or little i.e. Jaipur Jodhpur Bundi Kota etc. became followers of that religion and agreed to obey orders... These are the practices and usages confirmed from old times of our ancestors. All the former Rajas and chiefs of Hindosthan did obey and the present to obey the orders of Sr Thakurji and Sri Gusainji Maharaj. The orders will not be departed in any way... As a friend I earnestly request Government to issue orders to the several Agents of Government, accredited at the courts of the different Rajas to see that in any case in which the Maharaj is concerned, no agent is to raise any dispute with regard to the above-mentioned matters "

(As an Annexture No.13 along with appppeal in Supreme Court case no.652 and 757 in the year 1962 by T.G. against State of Rajsthan).

(४)फ़रमान ब-आलाशान अलिए जलालुद्दिन मोहम्मद अकबर बादशाहे ग़ाज़ी : "इस मुबारिक वक़्तमें फरमान जारी हुवा कि गुसांई विट्ठलराय साकिन गोकुल मौज़े जतिपुरा मुत्तसिल परगने गोरधन में ज़मींदारों से रुपया दे कर ज़मीन खरीद कर मक़ानात व बाग़ात व गायों के छिड़क व मंदिर गोरधननाथ के कारखाने तैयार करा कर रहता है. इसलिये हुक्म जारी हुवा कि ऊपर लिखे मौज़े को गुसांई मज़कूर के क़ब्ज़े में नसलन बाद नसल माफ़ वा बाग़ुज़ाफ़्त छोड़ा गया है. इसलिये मौजूदा व आइन्दा होनेवाले हाकिम, आमिल, मुहिम्मो के मुतसद्दी क्रोडी, जागीरदार व ज़मींदार इस बड़े हुक्म की तामील कर मौज़े मज़कूर को मय ज़मीन ज़र खरीद के उसके क़ब्ज़े में नसलन बाद नसल रहने देवें. और अबवाब ममनूआ तकालीफ़ दीवानी व मतालबात सुलतानी व माल वजहात व कुल अवारिज़ात व सरदरखती वहां के बाबत मुज़ाहम न हो कर एतराज़ न करें. और हर साल नया फरमान व परवाना न मांगे व इसके खिलाफ न करें. ताके मारिफत आगाह गुसांई बादशाही महरबानियों से मशकूर हो कर इस सलतनत के हमेशा क़याम की दुआ करता रहे. तहरीर तारीख़ २ खुरदाद माह इलाही ३९ जलूसी (मुताबिक १५९४ इस्वी).

(५) नाथद्वाराकी गादीके उत्तराधिकारके विवाद छिड़नेपर उदयपुरराज्यके तीन महाराणाओं (A)भीमसिंहजी द्वारा दि. २५/९/१८२६ के दिन, (B)सज्जनसिंहजी द्वारा दि.२५/३/१८७३ तथा (C)उदयपुरराज्यके महाराणाके कार्यालयसे जारी किये गये दि.१०/१०/१९३३ तथा दि.२३/३/१९४८ के दिन घोषित राजाज्ञापत्र :

(A)"Father Gosain Shri Damodarji Maharaj has departed this life, after which Gosain Gopeshwarji and Shri Krishnraiji having raised despute... you were found to be in the right. No one else has therefore heritable right to your house(eststo), you are Malik (owner) of the Shriji's sewa...". ""Our salutation be known... to Shri Shri Shri Dadi Kamala Bahuji Maharaj... Moreover you may do service and worship of Shriji(God) in accordance with your

wishes. It is your house. You are the owner. You live with pleasure."

(ibid.Annexture 5/4-5).

(B)"... on 8th may 1876 A.D.... Shri Maharajadhiraj Shri Sajjansinghji ... and the politica agent... Bahadur of Mewar enthroned on the seat of divine estate of Nathdwara Shri lalbaba Shrigovardhanlalji Maharaj after reminding him for the said seat... Goswami Maharajshri Govardhanlalji Maharaj will enjoy the whole income movable and immovable concerned with the temple of Nathdwara. Now the owner of the said Devasthan Nathdwara and the properties of all kinds movable and immovaaable connected with it will be of the said Tilkayat Goswami Maharajshri Govardhanlalji alone. The said removed Maharajshri Giridhanlalji has no connection what so ever with the said Devasthan Nathdwara. Dt.25th March 1878 A.D...

(ibid. Annexture 15)

(C)"Nathdwara estate [(Note : like other 16 estates of jagirdars of the then Mewar State. But nay, never. the main religious seat of Shri Vallabha's sect(] has been established by kingdom of Mewar and is dependent on it. in continuity Tilkayt Goswami Govardhanlalji Maharaj absented himself. The immoral character and the conduct against the eternal usage of his son Damodarlalji has not left him a fit person so that he can be appointed in the place of his father as Tilkayat Goswami of Nathdwara... Beside this on the very day Goswami Govardhalalji also after getting consent with the written letter of Damodarlalji presented the following in writing "if the character of Damodarlalji be not good then he should remain aloof from the office of Tilkayat and the seat. and my grandson Govindlalji will be the owner of the seat." ""Government of Mewar order no.7676 of 1948 : Government are pleased to order that the management of Thikana Nathdwara may be withdrawn with effect from 1st April 1948. The advisory committee appointed during the period of minority of Tilkayat Goswami Shri Govindlalji Maharaj is also dissolved. Sd. S.V.Rammurty Prime Minister".

(Ibid. Annexture 30).

(६) "The Tilkayat also expressed his concurrence with the proposal made in this report and signed in token of his agreement. It appears that after orders were issued in accordance with the decision of the

Tilkayat, the two templs were treated as part of the bigger temple of Srinathji. This is evident by the resolution which was passed at the meeting of the Power of Attorney Holders of the Tilkayat on the same day i.e. 15 October 1956. One of the resolution passed at the said meeting shows that the proposal regareing the Temple and Baithaks owned by His Holiness stating therein that His Holiness had been pleased to transfer the ownership theirof to Srinathji was considered. That proposal along with the list of temples and Baithaks was produced before the Committee. The Tilkayat was present at the meeting and he confirmed the proposal and put his signatuer thereon before the Committee. Thereupon, the Committee accepted the proposal with thanks and instructed the Exicutive Officer to the needful in that behalf. Thus, the Tilkayat propossed to the committee of his Power Of Attorney Holders that the two idols and their Baithaks should be transferred from his private estate to the pincipal temple of Srinathji and that proposal was accepted and therafter the two idols were treated as part of the principal temple. After this transfer was thus formally completed it appears that the Tilkayat was inclined to change his mind and so, in submitting to the committee a list of temples and Baithaks transferred by him to the principal temple of Srinathji he put a heading to the list which showed that the said transfer had been made for management and administration only and was not intended to be an absolute transfer. This was done on or about 23 November 1956."

(T.G.Vs. State of Raj. A.I.R.1963 SC 1638).

(७) "The Firman then clearly provides that the Tilkayat Maharaj is merely a Custodian, Manager and Trustee of the said property and finally determines the nature of the office held by Tilkayat Maharaj. He can claim no better and no higher rights after the Firman was issued [Note : 1.Even after the Firman ex-Tilkayat in his declaration of the successor clearly intimated to the State of Mewar that his grandson would be owner of the estat Nathdwara which the State had also taken care to mention without any rebuke 2.If the Tilkayats, were not de facto as well as de jure owners of the Nathdwara estat, where the temple of Shri Nathji was happen to be situated due historical and accidental condition, why the committee was dissolved?].

(T.G. Vs. State of Raj. A.I.R.1963 SC 1638 para 34)

(८) "If Shri Lal Baba of Goswami (Girdharlalji) Maharaj intends to come here, then it is proper now also that permission be got issued

from Shriman Goswami Sri Tilkayat Govindlalji Maharaj for touching of feet and toilet (of deity)... Therefore according to old custom, the independence of Sriaman Tilkayat Maharaj should be maintained... In this State, the owner is minor..."

(ibid. The Annexture no.10)

(९) "(Havelies)... though they are grand and majestik inside, the outside appearance is always attempted to resemble that of a private house. This feature can, however, be easily explained if we recall the fact that during the time when Vitthalnathji with his greate missionary zeal spread the doctrine of Vallabh, Hindu temples were constantly faced with the danger of attack from Aurangzeb... Faced with this immediate problem Vitthalnathji may have started building the temples in the form of Havelies so that outside nobody should knwo that there is temple within".

(T.G. Vs. State of Raj. SC AIR 1962 para 21).

(१०)जतिपुरमें श्रीनाथजीके अक्षयतृतीयाके दिन पाटोत्सवके बाद फागुन वद सप्तमीके दिन श्रीविट्ठलनाथ प्रभुचरणके घरमें पुनःपाटोत्सवका प्रमाण :

"When the big temple was completed, at that time Sri Acharyji Mahaprabhu came to vraj... And Srinathji was installed in the newly constructed and big temple by Sri Acharya Mahaprabhu in Smt.1579 on Vashakh Sudi 3 Akshay Tritiya".

(ibid. the Annexture no.54).

"अथ फाल्गुनोत्सवाः अथ श्रीगोवर्धननाथप्रभुप्राकट्योत्सवः : अथ उत्सवाः निरूप्यन्ते मासि फाल्गुनसंज्ञके फाल्गुन्यसितसप्तम्यां श्रीमद्गोवर्धनाधिपः प्रेमातिशयबोधार्थं प्रेमातिशयवत्सलः व्याजं लौकिकम् आश्रित्य श्रीविट्ठलगृहे अगमत्, उत्सवस्तु महान् आसीत्, स न शक्यो अस्ति वर्णने तदागमनसञ्जातः श्रीविट्ठलकुले तदा..."

"अथ फाल्गुनोत्सवविधिः अथ फाल्गुनके मासि सप्तम्यां कृष्णपक्षके श्रीगोवर्धननाथस्य प्रभो. पट्टमहोत्सवः."

(उत्सवप्रतान : श्रीव्रजरायकृत संवत्सरोत्सवकल्पलता मठेराश्रीइन्दिराकृत संवत्सरोत्सवविधिप्रकाश प्रकाशनवर्ष-१९४९).

(११) "This conclusion that a temple, which is managed out of the funds collected from the public, is the Maharaja's property may seem startling, but it is non the less inevitable by reason of the peculiar tenets of the sect and the blind faith with which they were adhered to by its followers. The Maharaja having already acquired proprietary rights by what was done by himself and his devotees at the time of, and subsequent to, the construction of the temple, he can

not be deprived of them by the mere modern change in the angle of the vision of some of his present devotees. The latter may disallow the tenets if they deem hard or unjust, refuse to pay contribution and even establish an independent public place of worship. But so far as the existing tempel and its property are concerned, they are not at liberty to question the Maharaja's title to them"

(The Judgement given on the date 1st June 1927 in the court of the District Judge, East Khandesh, at Jalgaon. In the Civil Suit no.2 of 1927 by The Distruct Judge N.S.Lokur).

(१२)

(A)"The participation of the member of the public in the Darshan in temple and in the acts of worship or in celebration of festival occasions may be a very important factor to concider in determining, the character of the temple."

(T.G. Vs. State of Rajasthan para.23).

(B)"There is nothing on record to indicate that in the long past in Patadi, any ruler had put any restriction on the use of temples for Darshan over a fairly long period during which public visited the temples, as if they were thier temples and this establishes thier right... Although there was a sort of private passage running from Darbargadh to the public road, presumably meant for the use of 'pardanashin' ladies of royal family, this would not indicate that that the temples were attached to the Darbargadh... The general public and particularly the members of the vaishanva sect had unrestricted right of worship at temples as a matter of course and participated in the the festivals of Hindola and Annakut functions and seva"

(Pratapsinji Vs. Deputy Charity Commissioner Gujrat SC.1987).

(१३)

द्रष्टव्य : जुनागढ़ हवेली गुरुद्वोंके फैसलाके पृष्ठ : १३८-१३९, १४३-१४६, १५६-१५८, १६१-१६२ तथा ३०६. इन पृष्ठोंपर यह भारपूर्वक कहा गया है कि भगवन्मूर्तिके सामने ब्रह्मसम्बन्धदीक्षा लेनेपर सर्वसमर्पण कर देनेके बाद भवन या सम्पत्ति पर समर्पणकर्ताके स्वामी होनेका दावा मान्य नहीं हो सकता. यह परन्तु सिद्धान्ततः सत्य हो तो पुष्टिमार्गकी अनुगामी जनता भी ब्रह्मसम्बन्ध दीक्षा लेती होनेसे उनके भी अपने भवन उद्योग एवं सम्पत्ति पर स्वामित्व निरस्त हो कर मन्दिरकी मूर्तिका स्वामित्व प्रस्थापित होना चाहिये था. केवल पुष्टिमार्गीय गोस्वामी महाराज ही थोड़े ब्रह्मसम्बन्धदीक्षा लेते हैं. अपने घरमें पणधरसेवा करनेमें सक्षम सभी स्त्री-पुरुष बाल-वृद्ध धनवान्-अधनवान् सभी वर्णजातिके लोग ले सकते हैं और लेते भी हैं.

(१४) "पुष्टिमार्ग अथवा महाराजोनो पंथ पृ.४१६-४१७ : "आसरे संवत् १९१४ के १५ मां सालमां मुंबइमां धुलेश्वर महादेवनो छप्पनभोग केटलाक ब्राह्मणो तरफथी करवामां आव्यो हतो. ते वखते ते वखते अे लोकोअे महादेवनुं छप्पनभोग थाय नही अेवी बाबत लावी ब्राह्मणोपर मोटे जुलम गुजारावा प्रयत्न कर्यो. तेथी ब्राह्मणोअे नोराती नात अेकठी करी अने पोतानी हकीकत निवेदन करी. ते उपरथी चोराशीमातवाळाओअे करी घणांक श्रीमंतोने समजावी अे लोकोनो जूठो दोर तोडी नाख्यो. ते वखते अेक शिवभक्ते अेओनी उत्पत्ति विषे वात लखी ते आ प्रमाणे छे : ... ते त्रिशूल वडे देवीअे महिषासुर... स्वर्गमांथी नसाडी मुक्या... पछी पृथ्वी उपर लोकोने सिद्धाइ देखाडवा पोतानी मायाथडे अग्नि करीने बच्चे बालक थइने रह्यो तेने लक्ष्मणभट्ट लइ गयो त्यां महोटो थवा पूर्वे पशु हतो माटे तेने पशुमार्ग, पुष्टिमार्ग के जेमां कोइनी मर्यादा नहीं ते चलाव्यो.

(१५) "''(...) तथा करेलां कृत्यो संबंधी अने मारा स्वाभाविक गुण विषे मारां ज करेलां विवेचन संबंधी हाल लखवाथी मने बोडुं; पण मारा संबंधीओने घणुं ज नुकसान थाय अने तेवी हो-हो थइ रहे माटे ते वातो घटते प्रसंगे घटतीरीते लखाय तेम लखवाने मुलतवी राखुं छुं" (मारी हकीकतपृ.९४) "आ वधी नबळाओमां हजी अेक उमेरो थइ शके तेम छे. अे छे नर्मदनी स्त्रीओसंबंधीनी नबळाई. स्त्रीओ साथेना पोताना संबंधो बाबतमां नर्मदने नैतिक बंधनो बहु थोडा नडतां(...) विधवा नर्मदागौरीने परणवानो तेणे जेनिर्णय कर्यो, तेमां पण आवी जातनी हिंमतनी जरूर हती. अेक पत्नी जीवती होवा छतां अने ते पण चळी शांत अने सुशील होवा छतां तेणे जे आ पगलुं भर्युं ते साचुं हतुं तेम तो कोई ज कहे(...) आपणे सत्यने साक्षी राखीने नर्मदविषे पण कही शकीअे के तेणे पण व्यभिचार कर्यो ज हतो...('नर्मद' पृ.८७-८८. ले. गुलाबदासब्रोकर).

(१६)

(A)"India is much riper for Cristianity than Rome and Greece were at the time of St.Paul. The rotten tree has for some time had artificial supports, because its fall have been inconvient for the government... I would like to live for ten years quietly and learn language, try to make friends, and then see whether I was fit to take part in work by means of which the old mischief of Indian priestcraft could be overthrown and way opened for the entrance of simple Cristian teaching, that entrance which finds into every human heart, which is freed from ensnaring powers of priests and from the obscuring influence of philosophers.

(B)"... the ancient Indian relgion of India is doomed‹{‹and if Cristianity does not step in whose fault will it be‹?"

(C)"That religion is still professed by at least a hundred and ten million of human souls... and yet I do not shrink from saying that the religion is dying or dead".

("Max Muller and his contemporaries' Papers read at seminar held at the RKmission Kolkta 15-15/12/2000 p.207-8).

(१७) "...I must draw attention to the fact that I am only second occupant of the Boden Chair, and that its Founder, Colonel Boden, stated most explicitly in his will (dated August 15, 1811) that the special object of his munificent bequest was to promote the translation of the Scripture into Sanskrt, so as "to enable his countrymen to proceed in the coversion of the natives of India to Cristian Religion.'... I have made it the chief aim of my professorial life to provide facilities for the translation of our sacred Scripture into Sanskrit... "

(In Preface to 'A Sanskrit-English Dictionary' by Sir Moneir William p.ix-x).

(१८) इस विषयमें कुछ सावधानतया अवधेय तथ्य वीर नर्मदने अपनी उत्तरावस्थामें प्रकटकिये जो 'धर्मविचार' नामक ग्रन्थमें खुल कर स्वीकारे हैं :

''सम्प्रदायना देवोने न मानवा पण अेक परमेश्वरने मानवो(...)अेवो ते काळनो वा हतो(...)अे धर्मे वल्लभी सम्प्रदाय उपर कोरटमां जय मेळव्यो. सुधारावाळानुं अैक्य प्रकास्युं; अने कृष्णदासनी कीर्ति थई. ख्रिस्तीओअे मोटी वखाणी (पादटिप्पणी : बीजावैष्णव धर्मवाळा राजी थई गया वल्लभमार्ग पीछाव्यो जोई;(...) हिंदुधर्मनी पोखणमां ख्रिस्ती पादरी उमंगी होय ज ने डाक्टर विलसन ते कृष्णदासने सारी पेठे सहाय थवा हता, कोरटमां पण अने ते पछी पण(... पृ.२८ ...) अमे नथी समजतां के सुधारो महाराजोनो पीछो शा माटे नथी मुकतो? (...)स्वामीदयानंद पण तेना उपर उलट्यो हतो. शुं बीजा पंथो नथी सुधारानी सळवळती नीभने चळवळती लेखणीने माटे(...)? (शुं बीजापंथोमां दुराचार अनाचार छळ प्रपंच नथी? ने अेनुं पाप विशेष के वल्लभपंथना जारकर्मनुं? यमराजा के तेनो चित्रगुप्त जाणे (३५...) (सुधारावाळा)सघळाअे स्वधर्मथी अजाण, सघळाअे परलोकविषयनी परंपरानो अनादर करवावाळा नेसघळा अेस्वदेशी बंधुओनुं संसारी कल्याण करवा कोदीला हता. ख्रिस्ती बैबलनी नीति उपर मोहित(... पृ.४९...)पंडित दयानंद जे उच्छेदक सुधाराने वेदधर्मनुं, वेदना देवताने न माने, अधिकारपरत्वे धर्मबोधने नमाने ते मूर्तिने केम माने? पणपृच्छा निकळे के पदार्थविद्यान शोधकार्य अमणां जे बधा छे बधा वेदमां कहेला छे तेम ते कहे छे तो मूर्तिपूजानो विषय वेदमां केम नहि? पछी खंडनेके मंडने? वळी मूर्तिपूजा नहि त्यारे बीजाकर्मनी चेष्टा शा माटे? ग्यास पाणी बरफ अे त्रण स्थिति जळ; मानसिक वाचिक कायिक अे त्रण प्रकार कर्मना; तेम संकल्प स्फुरण छायास्वरूपने प्रकटस्वरूप केम नहि? (...)ईश्वरनुं सर्वव्यापीपणुं मंजदेवताने प्राणप्रतिष्ठा, भक्तिभावनासिद्धि माने ते मूर्तिपूजाने खोटी नहि कहे (...)पवित्रता तथा स्वच्छता थी आत्मसंबंधी मोटो सुधारो आर्य पोताने राखी रह्यो छेज (...)केटलाक फेरफार थवा जोईअे; पण वळी परधर्मीना सहवासथी केटलो बगाड थाय छे (पादटिप्पणी : अे आपणे सारी पेठे जाणुं छे के, हवे सुधारावाळा परधर्मी विचारथी केटलो बगाड थयो छे ते. पराया विचारे लोकने संशयी भ्रमिष्ठ कीधा छे तेने ठेकाणे आणवाने केटलो श्रम पहोंचे छे अने मोहने ठामे धिक्कार अणावता केटली वार लागशे?-अेम थया विना स्वधर्मनुं तेजबळ वधनारुं नथी. (अे विषयमां पूर्वजोनी केवी पुख्त बुद्धि! पृ. ६४)

॥प्राक्कथन॥

प्रभु श्रीवल्लभाचार्यद्वारा प्रवर्तित पुष्टिसम्प्रदायमें हमारी-उपदेशक
। जनोंकी-आज सबसें बडी कोई समस्या है तो वह यही कि यदि
संप्रदायके प्रवर्तक-प्रसारक पूर्वाचार्योंके द्वारा लिखित ग्रन्थोंकों
हैं तो जो कुछ आज महाप्रभुके नामपर चल रहा है वह नितान्त
त्य ही है; और यदि जो कुछ चल रहा है उसे ही आदर्श माननेके
। हम उसे छोडना न चाहते हों तो ग्रन्थोपदिष्ट सिद्धान्त सर्वथा
ंगत एवं अनुयायिजनोंके समक्ष अनुच्चारणीय ही हो जाते हैं. इस
करनेको जो स्पष्टीकरण दिये जाते हैं उनमेंके परिगणित मुद्दे प्रायः
हैं :

ः सिद्धान्त क्या हम ही जानते हैं-हमारे पूर्वजोंको क्या महाप्रभुके
ः सिद्धान्तोंका ज्ञान नहीं था?

पाँचसौ वर्ष पूर्वके समाज देश और काल को देखकर महाप्रभुने
द्धान्त घड़े थे. आज तो वह स्थिति ही नहीं रही है; और कई
नई भी अब हमारे ही सामने उठ खडी हुई हैं. समाज-देश-
परिवर्तित परिप्रेक्ष्यमें अब उभरी समस्याओंका व्यावहारिक
किये बिना केवल सैद्धान्तिक जड़ाग्रह रखना सारे संप्रदायको
कर देनेकी नादानी होगी

ः सिद्धान्त तो सभी स्वसंप्रदायिओंको मान्य होने ही चाहिवें. परन्तु
र्मनिरपेक्ष संविधान तथा कराधानों के भीषण प्रावधानोंसे बचनेके
छ बातें स्वसिद्धान्तोंके विपरीत भी अपनानी पड़ी हैं. इस
का सिद्धान्त-जड़ाग्रहिओंके पास भी क्या समाधान है?

। सिद्धान्तवचनोंके नामपर बावेला मचा रहे हैं वे स्वयं भी सर्वांशमें
का पालन कहाँ कर रहे हैं?

ने जन-जनमें व्याप्त किसी भी संप्रदायसे संबन्धित सभी धार्मिक
केवल लिखित ग्रन्थोंके आधारपर लिये नही जा सकते, जीवित
का भी अपना कोई महत्त्व होता ही है.

य सिद्धान्त तो सभीको सर्वदा मान्य होने ही चाहिये परन्तु ग्रन्थोक्त

कई सिद्धान्त उच्चकक्षाके अधिकारिओंके लिये प्रकट किये गये हैं. आज ऐसी उच्चकक्षाके अधिकारी जीव है कहाँ निम्नकक्षाके जैसे अधिकारी आज दृष्टिगत होते हैं उनके लिये परंपरया जैसा प्रकार प्रचलित है वह ठीक ही है.

(७)आजकी प्राथमिक आवश्यकता सम्प्रदायमें रचनात्मक कार्यक्रमको अपनानेकी है, न कि कलहपूर्ण सैद्धान्तिक विवादोंमें सम्प्रदायको उलझानेकी.

(८)अपना मार्ग तो प्रमाणमूलक सिद्धान्तोंपर अवलम्बित नहीं. यह मार्ग तो परमात्माकी प्रमाणातीत पुष्टिशक्तिपर अवलम्बित है. सार्वजनिक मन्दिर, अतः, यदि बन्द किये जाते हैं तो भोग-राग-शृंगारद्वारा पुष्टिपुरुषोत्तमको लाड़ लड़ानेकी सेवाप्रणालिका ही लुप्त हो जायेगी. सार्वजनिक मन्दिर यदि बन्द कर दिये जाते हैं तो अपने मार्गके वैष्णव इतर मार्गमें प्रविष्ट हो जायेंगे.

(९)सिद्धान्ताप्तसिद्धान्तकी चर्चा सार्वजनिक रूपसे नहीं करनी चाहिये. अन्यथा मूर्ख अनुगामिजनता स्वमार्गीय आचार्योंके प्रति आदरविहीन हो जायगी. अतः ऐसी चर्चा गोस्वामी आचार्योंको बंद दरवाजेमें ही करनी चाहिये.

(१०)सिद्धान्त तो सभी मान्य होने ही चाहिये परंतु आजीविकाका दूसरा कोई सुलभ उपाय मिल नहीं जाता तब तक सार्वजनिक मन्दिरोंमें भगवत्सेवाका आजीविकार्थ प्रदर्शन रोकनेका दुराग्रह व्यावहारिक कैसे माना जा सकता है?

(११)हमें जो कुछ करना है हम करेंगे- किसीको भी हमारी आलोचना करनेका क्या अधिकार है

देवताशास्त्रमें रुद्रकी संख्या ग्यारह मानी जाती है और हमें लगता है कि ये एकादश रुद्र ही आजकी तारीखमें वाल्लभसम्प्रदायके संहरणकी रौद्रलीला प्रकट कर रहे हैं.

इन रौद्र विधानोंके संक्षिप्त और शान्त समाधान हमें खोजने होंगे. हम यह दावा तो नहीं कर सकते कि हमारा यह प्रयास सभीके लिये सन्तोषकारी ही होगा. फिर भी इन रौद्र विधानोंके प्रति हमारी शान्त वैचारिक प्रतिक्रियाको शब्दोंमें अभिव्यक्त करना ही इस प्राक्कथनका मुख्य प्रयोजन है:

(१)हमारे पूर्वज-बापदादा महाप्रभुके सिद्धान्तोंको जानते थे या नहीं यह, उनके

दिवंगत होनेके बाद, केवल उनके द्वारा लिखित ग्रन्थोंके आधारपर ही जाना जा सकता है. कोई कारण नहीं है कि पूर्वजोंकी समझकी सुध सिर्फ पिता या पितामह की समझ तक ही लेनी और उससे ऊपर नहीं. महाप्रभुसे प्रारंभ कर परवर्ती ग्रन्थकारोंके वचन प्रस्तुत वचनावलीमें संकलित हैं ही.

(२)शास्त्रतः प्रामाणिक कई बातें देशकालादिके परिवर्तनके कारण कई बार अशक्य बन जाती हैं. परिवर्तित देश-कालमें उभरी नई समस्याओंको सुलझानेके लिये नये समाधान भी खोजने ही पड़ते हैं. उन समाधानोंको, परन्तु, किसी दूसरेके नामपर थोप देना नीतिमत्ता नहीं. महाप्रभुके सिद्धान्तोंका अनुसरण, यदि, अशक्य हो गया हो तो नया मार्ग अवश्य प्रवर्तित किया जा सकता है. उस नये मार्गको, परन्तु, महाप्रभुके नामपर हठात् थोप नहीं देना चाहिये.

(३)हाल ही में राजस्थानके उच्चन्यायालयने वाल्लभ सम्प्रदायके सिद्धान्तोंकी सुविशद समीक्षा करते हुवे, एक पुष्टिमार्गीय मन्दिरको 'सार्वजनिक-प्रन्यांस' घोषित करनेवाली सारी सरकारी कारवाईओंको निरस्त कर दिया है. अतः इस लाचारीके बहानेमें अब कोई दम नहीं रहा. जो सेवास्थल सार्वजनिक न्यास घोषित हो चुके है वहाँ भी अपसिद्धान्तके मोहको छोड़ कर: तनुवित्तजा सेवाके व्यावसायिक विभाजनपर; और नित्यसेवा-मनोरथों-के सार्वजनिक व्यावसायिक प्रदर्शनपर, यथासम्भव सहसा अथवा शनैः-शनैः, अंकुश लगाना ही चाहिये. इस तरहकी कारवाईमें यदि कोई हस्तक्षेप करता है तो सिद्धान्तोंके प्रकाशमें न्यायालयोंसे पुनर्विचार भी करवाया जा सकता है. इस देशमें इतने सारे करोडपति धनिक हैं तो कराधानोंके भीषण प्रावधानोंसे बचनेका कोई न कोई उपाय वे भी तो अपनाते ही होंगे कराधानके भयसे किसी करोडपतिने अपना घर सार्वजनिक धर्मशालाके रूपमें घोषित किया हो ऐसा सुननेमें तो नहीं आया. तब भगवत्सेवार्थ धार्मिक अनिवार्यतावाले निजी घरको सार्वजनिक मन्दिरके रूपमें क्यों विकृत किया जाता है?

(४)हमारा दावा न तो यह है कि इस सम्प्रदायमें केवल हम ही सभी सिद्धान्तोंका पालन कर रहे हैं और न हम किसी व्यक्तिविशेषपर ऐसा आरोप ही लगाना चाहते हैं कि वह सिद्धान्तोंको तोड़ रहा है. हमारा अभिप्राय तो केवल यही है कि हमसे या अन्य किसीसे निजसौभाग्यवश स्वसिद्धान्त पाले जा सकते हो तब भी वाल्लभ संप्रदायके सिद्धान्त वही

रहेंगे जो महाप्रभु प्रभृति पूर्वाचार्योंने निर्धारित किये हैं. हमसे या अन्य किसीसे निजदौर्भाग्यवश न भी पाले जा सकें हो तब भी सिद्धान्त तो वही रहेंगे जो पूर्वाचार्योंने निर्धारित किये हैं. निजसामर्थ्यके आधारपर न तो सिद्धान्त प्रस्थापित हो सकते हैं और न निज-असामर्थ्यके आधारपर प्रस्थापित सिद्धान्त विस्थापित ही हो सकते हैं.

(५)हम भी जीवित परंपराके महत्त्वका अस्वीकार नहीं करते परन्तु शर्त उसमें यही है की कोई भी परंपरा मूलाचार्योंके वचनोंसे विरुद्ध नहीं होनी चाहिये. पत्थर या धातुसे बनी जड़ मानवमूर्ति उतनी सरलतासे रुग्ण नहीं हो पाती जितना कि जीवित मानव-देह. अतः जो कुछ जीवित है उसका स्वस्थ होना भी आवश्यक है ही.

(६)उच्चाधिकार या निम्नाधिकार को परखनेकी वाचनिकी व्यवस्था यदि उपलब्ध न होती तो अपनी कल्पनाको या स्वार्थप्रेरित सुविधाको इस विषयमें प्रमाण माना जा सकता था. सेवा-कथा-प्रपत्तिके भेदसे जब वाचनिकी अधिकारव्यवस्था उपलब्ध है ही ऐसी स्थितिमें अपसिद्धान्तके अनुकरणकी ही क्या आवश्यकता है?

(७)किसी भी रचनात्मक कार्यक्रमको एक धार्मिक कार्यक्रमके रूपमें समाजमें प्रस्तुत करना हो तो उसका धर्मशास्त्राभिमत होना अनिवार्य है ही. अन्यथा रचनात्मक कार्यक्रमके नामपर शराब या जुए के अड्डे तो खोले नहीं जा सकते

(८)अपना मार्ग यदि प्रमाणमूलक सिद्धान्तोंकी अपेक्षा रखता ही न हो तो पुष्टिमार्गीय मन्दिरोंमें नमाज़ क्यों नहीं पढ़ी जा सकती या बकरेकी बली क्यों नहीं चढ़ाई जा सकती? यदि किसी सैद्धान्तिक भेदके कारण यह शक्य न होतो सिद्ध हो जाता है कि सकल प्रमाणातीत पुष्टिशक्ति ही केवल नियामिका नहीं है. अन्यथा अनेकविध अकाण्डताण्डवोंको भी अनुमति देनी ही पडेगी. भोग-राग-शृंगारका सेवामें विनियोग भावात्मक होना चाहिये या भावाडम्बरात्मक यह भी निर्धारित करना चाहिये. जो जनता धर्म न चाहती हो और आडम्बर ही चाहती हो वह तो पुष्टिमार्गको छोड़कर अन्य मार्गमें प्रविष्ट हो जाय इसमें पुष्टिमार्गका श्रेय ही मानना चाहिये.

(९)सिद्धान्त-वैपरीत्यका अनुष्ठान जब खुले द्वारोंमें निःशंक हो रहा है तब सिद्धान्तचर्चाको बन्ध द्वारोंमें करनेकी तुक क्या रह जाती है? अनुगामी

जनताका मूर्ख होना उपदेशक महानुभावोंके उत्तरदायित्वविहीन अधिकारोपभोग अथवा असामर्थ्य का द्योतक है.

(१०)स्वमार्गीय सिद्धान्तोंके प्रति अपनी निष्ठापूर्ण स्वीकृति आज जनताके समक्ष घोषित कर देनी चाहिये. कल स्वधर्मसे अविरुद्ध आजीविकाके उपायोंको खोजना कठिन कार्य नहीं रह जायेगा.

(११)जिसे जो कुछ करना है वह निःसंकोच तथा सहर्ष करता रहे- हमें जो कुछ करना है वह तो अपने सिद्धान्तोंका केवल उद्घोष ही है. किसीको टोकनेका न हम अपना अधिकार मानते हैं; और न हमें भी टोकनेका अन्य किसीका अधिकार स्वीकारनें तैयार हैं.

व्यक्ति-चाहे चिकित्सार्थी हो या चिकित्सक-के रुग्ण होनेपर चिकित्सालयमें उसकी चिकित्सा शक्य है. चिकित्सालय ही, परन्तु कभी, रुग्ण हो जाय तो कहीं जाना इसी तरह उपदेशक या अनुगामी व्यक्तिका धर्ममार्गसे विचलित हो जाना एक वैयक्तिक स्खलनके रूपमें गिना जा सकता है. परन्तु एक धर्मसम्प्रदायमें उसके अपने धार्मिक सिद्धान्तोंसे विरुद्ध प्रकारका सार्वजनिक धर्मानुष्ठान() कथमपि वैयक्तिक स्खलन माना नहीं जा सकता. हम केवल इसी सन्दर्भमें सिद्धान्तोंका उद्घोष करना चाहते हैं.

इस स्पष्टीकरणके साथ एक स्पष्टीकरण यह भी आवश्यक है कि प्रस्तुत वचनावलीके अनुवादको विचारार्थ प्रकाशित करवानेमें सहयोग प्रदान करनेवाले सभी महानुभावोंका हमारे द्वारा प्रस्तुत भावानुवादसे सर्वांशमें सहमत होना अनिवार्य नहीं है, तथापि सम्प्रदायमें व्याप्त अज्ञान एवं अविचार की मोहनिद्राको तोडनेमें पूर्वाचार्योंके वचनोंका प्रकाश यदि सफल होता हो तो हो जाय, बस इसी सदाशयसे हमें सभीका सहयोग प्राप्त हुआ है. एतदर्थ हम सभी सहयोगी प्रकाशक महानुभावोंके आभारी हैं.

गोस्वामी श्याम मनोहर

२६।१२।९१

मुम्बई

।। वचनावली ।।

(हिन्दी भाषाभावानुवादसहिता)

जयति श्रीवल्लभार्यो जयति च विठ्ठलेश्वरः प्रभुः श्रीमान्।
पुरुषोत्तमश्च तैश्च निर्दिष्टा पुष्टिपद्धतिर्जयति।।
श्रीवल्लभमताभ्यासे कृपया येन दीक्षितः।
दीक्षितं तमहं नौमि श्रीतातचरणं सदा।।
श्रीवाक्पतेर्वागनुगामिना वै सद्यःस्वकर्तव्यविनिश्चयाय।
कृतो मया तद्वचनानुवादः पुण्योपहारोपम एष नूनम्।
स्वलाभपूजार्थपरायणानां तदीयसिद्धान्तविलोपकानाम्।
भवेत् खलानां खलु मस्तकेषु पदप्रहारोपम एषएव ।।

१. सेवोपदेशदीक्षा-विषयकमूलवचनानि

(क) परमत्र न सर्वेषां फलमुखाधिकारः; किन्तु येषु भगवत्कृपा, कृपापरिज्ञानं च मार्गरुच्या निश्चीयते. तत्र आदितः साधनानि आह-

कृष्णसेवा परं वीक्ष्य दम्भादिरहितं नरम्। श्रीभागवततत्त्वज्ञं भजेत् जिज्ञासुरादरात्।।
(त.दी.नि.२।२२७)

'कृष्णसेवापरम्'इति. यो हि गुरुः सेवाम् उपदेक्ष्यति स स्वयं चेत् तां उत्तमां जानीयात् तदा कथं स्वयं न कुर्यादिति 'सेवापर'एव गुरुः. तत्रापि निमित्तानि वारयति 'दम्भादिरहितम्'इति. सेवाच प्रमाणमूलैव पुरुषार्थपर्यवसायिनी. अन्यथा मनसि अन्यद् विधाय अन्यथा करणे न फलसिद्धिः इति अभिप्रायेण आह 'श्रीभागवततत्त्वज्ञम्'इति. 'जिज्ञासु' नतु कौतुकाद्याविष्टः. 'भजेत्'-सर्वभावेन-तदा तदुक्तप्रकारेण भगवत्सेवा कर्तव्या.(त.दी.नि.प्र.२।२२७)

'वीक्ष्य' इत्यनेन मार्गान्तराद् अत्र वैलक्षण्यं ज्ञापितम्. 'ईक्ष'दर्शनाङ्कनयोः, 'वि'ना च सम्यक्त्वं परीक्षणे द्योत्यते. तथाच तन्त्रे-''गुरुः परीक्षयेत् शिष्यम्'' इति वाक्यात् शिष्यो यथा परीक्ष्यते तथा अत्र गुरुः. नोचेद् अतादृशस्य लोकानुगतपशुरूपत्वात् तादृशो अनुसरणे अन्धानुगान्धवद् उभावपि पतेताम्. एतदर्थमेव जलभेदग्रन्थकरणं ज्ञेयम्...तेन ब्रह्मसम्बन्धोपि फलमुखः तस्यैव इति सिद्ध्यति. एवम् अधिकारसूचनेन अनधिकार्यपि व्यावर्तितः. (त.दी.नि.प्र.आवरणभङ्गः२।२२७)

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(क)यह मार्ग, परन्तु, फलदायक ही सिद्ध हो ऐसा अधिकार सभीका नहीं होता. वह तो जिनपर भगवत्कृपा हो उन्हींके लिए फलदायक बन पाता है. किसी व्यक्तिपर भगवत्कृपा

है कि नहीं इसका निर्णय उस व्यक्तिको भगवत्कृपैकलभ्य भक्तिमार्ग या प्रपत्तिमार्ग में रुचि है या नहीं इस कसोटीपर जांचनेपर निश्चित हो पाता है.

जिनपर भगवत्कृपा है उनके प्रारम्भतः साधनोंका निरूपण करते हैं-

कोई पुरुष कृष्णसेवामें परायण है कि नहीं, दम्भादि दुर्गुणोंसे रहित है कि नहीं; और श्रीमद्भागवतपुराणके मर्मका विज्ञ है कि नहीं, यह सर्वप्रथम देखना चाहिये और तभी किसी जिज्ञासुको ऐसे व्यक्तिमें गुरुबुद्धि रखकर उसके पास जाना चाहिये.(त.दी.नि.२।२२७)

जिसे गुरुकी हैसियतमें भगवत्सेवाका उपदेश देना है वह स्वयं भगवत्सेवाको उत्तम मानता हो तो स्वयं भी भगवत्सेवा क्यों नहीं करेगा? अतः गुरु तो कृष्णसेवामें परायण ही होना चाहिये. कृष्णसेवा भक्तिभावके अलावा अन्य किसी भी निमित्त (दंभ-काम-लोभ-प्रतिष्ठा) के वश की जाती नहीं होनी चाहिये. अतः गुरुका दम्भादि दुर्गुणोंसे रहित होना दूसरी शर्त है. यह सेवा भी जब यथोपदिष्ट प्रामाणिक हो तभी पुरुषार्थमें पर्यवसित हो सकती है. अन्यथा, बुद्धि या हृदय में कुछ और विचार या भाव रखकर, जब कोई सेवामें प्रवृत्त होता है तो वह सफल नहीं हो पाती है. अतः गुरुका श्रीभागवतका तत्त्वज्ञ होना भी आवश्यक है. ऐसे गुरुको खोजनेवाला व्यक्ति जिज्ञासु होना चाहिये, केवल कौतुक आदि भावोंवाली मनोवृत्तिवाला नहीं. गुरुके द्वारा उपदिष्ट प्रकारसे तब सर्वभावपूर्वक भगवत्सेवामें प्रवृत्त हो जाना भजनका सच्चा प्रकार है (त.दी.नि.प्र.२।२२७).

मूलकारिकामें 'वीक्ष्य'पदका प्रयोग किया गया है, इससे अपने मार्गका अन्यमार्गोंसे कुछ वैलक्षण्य सिद्ध करना अभीष्ट है. 'ईक्ष' का अर्थ होता है: 'देखना-अंकित करना', उसके साथ 'वि'उपसर्ग जोडनेपर यह अर्थ बनता है कि किसी व्यक्तिको गुरु बनानेसे पहले उसका भलीभाँति परिक्षण कर लेना चाहिये. तन्त्रशास्त्रमें जैसे शिष्यकी परीक्षा करनेका नियम है वैसे ही यहाँ गुरुकी परीक्षाका नियम है. अन्यथा, जिस पुरुषमें उल्लिखित लक्षण न मिलते हों, उसे लोकानुगत पशु समझना चाहिये. ऐसेका अनुसरण करनेपर एक अंधा दूसरे अंधेका अनुसरण करता हो जावेगा. और दोनों ही, एकदूसरेके कारण, एकसाथ ही गिरेंगे, जब भी गिरेंगे श्रीमहाप्रभुने गुरुके परीक्षणार्थ ही 'जलभेद' ग्रन्थ प्रकट किया है...इन सारी बातोंकी सावधानी रखनेपर ही ब्रह्मसम्बन्धदीक्षा सफल होती है. इस तरह ब्रह्मसम्बन्धकी दीक्षा प्रदान कर पानेवाला अधिकारी कौन हो सकता है यह सूचित करके श्रीमहाप्रभुने यह भी समझा दिया है कि ब्रह्मसम्बन्धदीक्षा कैसे व्यक्तिसे नहीं लेनी चाहिये.(त.दी.नि.प्र.आवरणभंग:२।२२७).

(ख) माहात्म्यज्ञापनायैव श्रवणं गुणकर्मणाम्। शास्त्राणामुपयोगोऽत्र तत्राकाङ्क्षा गुरोर्भवेत्।।
कृष्णसेवापरं वीक्ष्य दम्भादिरहितं नरम्। श्रीभागवततत्त्वज्ञं भजेत् जिज्ञासुरादरात्।।

देहद्रोण्या वियासून्नं परं पारं भवाम्बुधेः। गुरुणा कर्णधारेण उत्तार्या स्वोपदेशतः।।

(साधनदीपिका.९-११).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(ख) भगवन्माहात्म्यज्ञानकी प्राप्तिके लिये भगवद्गुणों एवं भगवल्लीलाओं का श्रवण आवश्यक होता है. शास्त्रोंकी उपयोगिता भी यहाँ है और अतएव गुरुकी भी अपेक्षा रहती है. अतः कृष्णसेवामें परायण, दम्भादि दुर्गुणोंसे रहित; और श्रीभागवतके मर्मज्ञ होनेके रूपमें भलीभाँति पहचान कर ही जिज्ञासुको किसी पुरुषको आदरसहित गुरु बना कर भजनमें प्रवृत्त होना चाहिये. स्वदेहकी डोंगीसे भवसागरको पार कर लेनेकी इच्छा रखनेवालोंका कर्णधार बनकर गुरुको अपने सदुपदेशद्वारा उन्हें पार लगाना चाहिये.(सा.दी.९-११).

(ग) क्षेत्रप्रविष्टास्ते चापि संसारोत्पत्तिहेतवः (जलभेद.४).

ननु ब्रह्मवैवर्ते श्रीकृष्णजन्मखण्डे "कल्याणसूक्तसामानि हरेर्नामैकमङ्गलं कुर्वन्ति विक्रयं ये वै तेषां भारेण पीडिता" इति ब्रह्माणं प्रति पृथिवीवाक्यात्, "मन्नामविक्रयी विप्रो नहि मुक्तो भवेद् ध्रुवं मृत्युकाले च मन्नामस्मृतिमात्रं न विद्यते" इति श्रीनन्दं प्रति भगवद्वाक्याच्च नामविक्रयस्य दोषत्वे शिष्येभ्यो भगवन्नामोपदेशस्यापि दोषत्वापत्तिः, तत्र शिष्योपढौकितग्रहणेन नामविक्रयसम्भवाद् इति चेत्, सत्यम्, तथापि गुरुत्वस्य साहजिकब्राह्मणवृत्तित्वेन अत्याज्यत्वात्...एवञ्च यत् प्रभुचरणैः उक्तं "विचार्यैव सदा देयं कृष्णनाम विशेषतः अविचारितदानेन स्वयं दाता विनश्यति" इति; तत्रापि स्वस्य शिष्यस्य च उद्धारं विचार्यैव देयम्, लोभाद् अविचारितदाने तु नामविक्रयापत्त्या दाता स्वयम् अपराधभाग् भवति इति अर्थो ज्ञेयः.(जलभेद.श्रीपुरुषोत्तमजीकृत.विवृति ४).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(ग)घरगृहस्थीके निर्वाहार्थ भगवद्गुणगान करनेवालोंके मुखसे सुनी हुई भगवत्कथा संसारासक्तिको बढानेवाली होती है.(ज.भे.४).

यहाँ एक प्रश्न उठता है कि ब्रह्मवैवर्तपुराणके श्रीकृष्णजन्मखंडमें "कल्याणसूक्तसामानि हरेर्नामैकमङ्गलं कुर्वन्ति विक्रयं ये वै तेषां भारेण पीडिता" ब्रह्माजीको कहे गये इस पृथ्वीके वचनके आधारपर; तथा "मन्नामविक्रयी विप्रो नहि मुक्तो भवेद् ध्रुवं मृत्युकाले च मन्नामस्मृतिमात्रं न विद्यते" श्रीनन्दको कहे गये इस भगवद्वचनके आधारपर भी, भगवन्नामके विक्रयको दोषरूप माना गया है. ऐसी स्थितिमें गुरुभेंट धरनेवाले शिष्यको भी भगवन्नामोपदेश दोषरूप सिद्ध हो जायेगा. क्योंकि शिष्यद्वारा रखी गयी भेंटको भी स्वीकारना एक तरहसे नामविक्रय ही तो हुवा यह बात तो ठीक ही है

फिरभी गुरुत्व ब्राह्मणोंकी सहज एवं शास्त्रानुमोदित वृत्ति है, अतः उसे त्याज्य नहीं मानी जा सकती...इसी तरह जो बात प्रभुचरणने कही है "पात्रापात्रका विचार करके ही कुछ दान करना चाहिये, श्रीकृष्णके नामके दानमें तो इसकी आवश्यकता और अधिक है, क्योंकि बिना विचारे उसका दान करने पर स्वयं नामदानकर्ताका ही विनाश हो जाता है", अतः अपने और शिष्यके उद्धारकी केवल भावनावश नामदीक्षा प्रदान करनेपर दोष नहीं लगता. अन्यथा लोभके कारण पात्रापात्रके विचार किये बिना नामदीक्षा प्रदान करना एक प्रकारका नामविक्रय ही है, जिसके कारण दीक्षादाता अपराधी बन जाता है

(श्रीपुरुषोत्तमजीकृत ज.भे.विवृति ४).

(घ) सच दुर्लभइति तेनापि वक्तव्यप्रकारम् आह-

तदभावे स्वयं वापि मूर्तिं कृत्वा हरेः क्वचित्। परिचर्यां सदा कुर्यात् तद्रूपं तत्रच स्थितम्।।

'तदभावे' इति. 'क्वचिद्'-देशविशेषे सत्परिपन्थिनाम् अभावमुक्ते, 'हरेः मूर्तिं कृत्वा' भजेत्. अयमेव अस्य मार्गस्य प्रकारः उत्तमः, यत् मूर्तौ कृतं सर्वं भगवति कृतं भवति.(त.दी.नि.प्र.२।२२८).

ननु अत्र मूलएव कुठारपात इति आकाङ्क्षायां कलेः बलिष्ठत्वेन अग्रिमेषु गुरुलक्षणाभावम् आलोच्य स्वस्मिन्नेव एतन्मार्गीयगुरुत्वं नियच्छन्त आहुः 'सच'इत्यादि. 'तदभावे'इत्यादि आज्ञापनाद् इदं ज्ञात्वा करणे "यस्त्विच्छत्वा कृतः पुम्भिराभासो ह्याश्रमात्पृथग्" इति आभासत्वाभावः सेवायाः, तृतीयस्कन्धोक्त-मौढ्याभावश्च सेवाकर्तुः साधितः स्वयमेव सेवाकरणेपि प्रकारविशेषसन्देहे तादृशा यदि मिलन्ति तदा प्रकारांशो प्रष्टव्याः इत्यपि सूचितम्.(त.दी.नि.प्र.आ.भे.२।२२८).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(घ)ऐसा गुरु तो बडी कठिनाईसे ही मिल सकता है अतः कभी न मिलनेपर क्या करना चाहिये यह अब दिखलाया जा रहा है-

ऐसे गुरुके न मिलनेपर भगवानकी मूर्तिको अपना आराध्य बना कर उसकी परिचर्या-भजन तो सदा करना ही चाहिये. क्योंकि मूर्तिमें भगवानका रूप एवं सत्त्व दोनों ही विद्यमान होते हैं.

किसी ऐसे देशमें कि जहाँ सज्जनोंसे दुर्व्यवहार करनेवाले लोग न रहते हों, हरिकी मूर्तिको (अपना आराध्य) बनाकर भजन कर लेना चाहिये. भजनका यही प्रकार ऐसी अवस्थामें इस मार्गमें उत्तम है. जो-जैसा कुछ भगवन्मूर्तिके लिये किया जाता है उसे साक्षात् भगवदाराधन ही समझ लेना चाहिये (त.दी.नि.प्र.२।२२८).

यहाँ एक ऐसी शंका उठती है कि जिसके कारण इस बातके मूलपर ही कुठाराघात हो जाता है. जैसा गुरु श्रीमहाप्रभुके अनुसार इस मार्गमें अपेक्षित है वैसे

लक्षणवाला व्यक्ति आगे चलकर बलवान् कलियुगके कारण उपलब्ध न होता तो क्या करना चाहिये इस समस्याके समाधानरूपेण श्रीमहाप्रभु एतन्मार्गमें गुरुत्व स्वयं ही में प्रस्थापित करते हुवे कहते हैं कि निर्दिष्ट लक्षणयुक्त गुरुके न मिलनेपर स्वयमेव भगवत्सेवामें प्रवृत्त हो जाना चाहिये. इस तरहकी श्रीमहाप्रभुकी ही आज्ञा है जिसे शिरोधार्य करना ही चाहिये, ऐसी भावना रखते हुवे जो स्वयं ही भगवत्सेवामें प्रवृत्त हो जाता है, उसके द्वारा की जाती भगवत्सेवामें "यस्त्विच्छया कृतः पुम्भिराभासो ह्याश्रमात् पृथक्" इस वचनमें निन्दित धर्माभासता-पाषण्डका आरोप नहीं लगता; और इसी तरह तृतीयस्कन्धमें निन्दित मूढताका आरोप भी सेवाकर्तापर नहीं लग सकता. स्वयं ही सेवामें प्रवृत्त होनेपर भी भगवत्सेवासम्बन्धी किसी प्रकारविशेषके जिज्ञास्य होनेपर किसी वैसे जानकार भगवदीयको मिलकर कुछ पूछ-जान लेनेमें कोई आपत्ति नहीं है, यह भी सूचित होता है (त.दी.नि.प्र.आ.भं.२।२२८).

२. सेवास्वरूप-विषयकमूलवचनानि

(क) एतदेव सेवास्वरूपम् इति आहुः 'चेत्' इति-

चेतस्तत्प्रवणं सेवा तत्सिद्धयै तनुवित्तजा।

उक्तसेवासाधने इतरे इति आहुः 'तद्' इति. वित्तं दत्वा अन्येन पुरुषेण कृत्वा कारिता एका, एतादृशेन पुंसा कृता च अपरा, एतादृश्यौ ते तत्साधिके न इति अभिप्रायज्ञापकं समस्तं पदम्. एतेन भगवदर्थं निरुपधि-स्वसर्वस्व-निवेदन-पूर्वकं तत्रैव स्वदेहविनियोगे प्रेम्णि जाते सा भवति इति भावः.

(श्रीप्रभुचरणकृत-सिद्धान्तमुक्तावली-विवृत्ति २).

तद् चेद् वित्तं वेतनत्वेन दत्वा कार्यते तदा सा चित्तस्य राजसत्वं कुर्वन्ती वित्तस्य तत्प्रवणत्वं न करोति. यदि च वित्तं वेतनत्वेन गृहीत्वा क्रियते तदा ऋत्विजो यागवत् स्वस्य तत्प्रवणत्वरूपं फलं न साधयति.(सि.मु.वि.प्रकाश.२)

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(क)कृष्णसेवाका यही स्वरूप है ऐसा 'चेतस्...'द्वारा श्रीमहाप्रभु समझाना चाहते हैं-

चेतस्=चित्तका कृष्णमें प्रवण=तन्मय होना ही सेवा है, वह चित्तकी कृष्णप्रवणतारूप कृष्णसेवा सिद्ध होती है तनुवित्तजा सेवा करनेसे.

चित्तको कृष्णप्रवण बनानेके साधन अन्य (=तनु और वित्त) हैं ऐसा निरूपण कर रहे हैं 'तद्...'इत्यादि. एक प्रकार सेवाका यह भी हो सकता है कि वह वित्त देकर किसी अन्य पुरुषद्वारा करा ली जाये; और दूसरा प्रकार यह भी हो सकता है कि वह सेवा किसी दूसरेसे वित्त लेकर की जाये. ऐसे दोनों प्रकारोंसे की जाती सेवाओंसे चित्त कभी कृष्णप्रवण हो नहीं सकता. इस अपने अभिप्रायको प्रकट करनेको श्रीमहाप्रभुने

'तनुवित्तजा'रूप समस्तपदका प्रयोग किया है. इससे यह सिद्ध होता है कि किसी भी तरहके लौकिक भावोंके आधीन हुवे बिना अपने सर्वस्वका निवेदन भगवान्को करके, अपने देहका भी भगवदर्थ विनियोग करनेपर, जब भगवत्प्रेम प्रकट होता है तब कहीं जाकर चित्त कृष्णप्रवण हो पाता है (सि.मु.वि.२).

वह आभ्यन्तरभक्तिसाधक बाह्योपाय, यदि किसी अन्य तनुजा सेवाके कर्ता को वेतन-तनुजासेवाके मूल्य-के रूपमें वित्त देकर, कराया जाता है तब वह वित्तजा सेवा हुई, जो चित्तको राजसभाव=दर्प-दम्भादिसे युक्त बना देती है, पर कृष्णप्रवण नहीं बना पाती. यदि किसी अन्यसे वेतन तनुजा सेवाके मूल्यके रूपमें वित्त ग्रहण करके तनुजा सेवा की जाती है, तब पुरोहितोंको जैसे यज्ञ-यागका फल नहीं मिलता वैसे ही दूसरेके वित्तसे तनुजा सेवा करनेवालेको भी कृष्णप्रवणतारूप फल कभी नहीं मिलता (सि.मु.वि.प्रका २).

(ख) "यद् यद् इष्टतमं लोके...तत् कृष्णे साधयेद् ध्रुवम्". भगवत्सेवावामपि क्लिष्टं न समर्पयेत्...सन्मार्गोपार्जितं, न अन्येषां भागरूपम्...इतरनिषेधार्थम् एतद् उक्तम्.

(त.दी.नि.प्र.२।२३६).

ननु भवतु एवं तथापि भगवति यत् समर्पणीयं तद् उत्तममेव समर्पणीयमिति तदर्थम्-अधिकमपि लोकानुरञ्जनार्थं प्रतिबन्धकनिवृत्त्यर्थं च... लौकिकचातुर्यप्राप्तौ पुनः बहिर्मुख्यप्राप्तिरिति तन्निवृत्त्यर्थम् आहुः-'भगवद्'इत्यादि. तथाच एवम् अक्लिष्टस्य सन्मार्गेण उपार्जने तावद् अपि तन्न भविष्यति इति अर्थः एतदेव बोधयितुम् आहुः 'इतर' इत्यादि. (त.दी.नि.प्र.आ.भं.२।२३६).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(ख) "जो कुछ लोकमें इष्टतम है...उसे कृष्णकी सेवामें लगाना चाहिये." भगवत्सेवामें भी क्लेशयुक्त सामग्रीका समर्पण नहीं करना चाहिये...सेवामें समर्पित की जानेवाली सामग्री भी सन्मार्गसे उपार्जित की गई होनी चाहिये, ऐसी कि जिसमें किसी दूसरेका हिस्सा न हो... अन्य प्रकारसे उपार्जित सामग्रीके सेवामें विनियोगके निषेधार्थ यह बात कही गई है (त.दी.नि.प्र.२।२३६).

यहाँ ऐसी शंका उठती है कि भगवत्सेवामें जो कोई वस्तु या सामग्री भगवानको समर्पित करनी है वह उत्तम तो होनी ही चाहिये तदर्थ; इसी तरह लोगोंको खुश करनेको अथवा प्रतिबंधकी निवृत्तिके लिये भी अधिक भी समर्पित करनेके लिये, कुछ लौकिक चतुराई तो अपनानी ही होगी. इस तरह फिर बहिर्मुख हो जानेकी संभावना पैदा हो जाती है. इस शंकित बहिर्मुखताकी निवृत्तिके उपायको समझानेके लिये श्रीमहाप्रभुने 'भगवत्...' पदका प्रयोग किया है. इस तरह क्लेशरहित वस्तु भी सन्मार्गसे उपार्जित हो तो प्रायः बहिर्मुखता पनप नहीं पायेगी ऐसा आशय है. यही बात समझानेके लिये श्रीमहाप्रभुने

'अन्य...'पदका प्रयोग किया है (त.दी.नि.प्र.आ.भं.२।२३६).

(ग) स्वमार्गीयप्रकारोऽयं सर्वोपि हि निरूप्यते। गृहीत्वा नाम शरणं गत्वा सर्वं समर्प्य च ॥
सेवासार्थकतासिद्धयै देहादीनां तथा पुनः। अन्यत्राविनियोगाय क्रियतां तनुवित्तजा ॥
(श्रीहरिरायजीकृत-स्वमार्गीय-शरण-समर्पण-सेवा-निरूपणम्.१-३).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(ग)स्वमार्गीय साधनाका यह सारा प्रकार निरूपित किया जाता है:नामग्रहण करके, शरणदीक्षा लेकर; और सब कुछ समर्पित करके सेवा तथा देहादि की सार्थकता सिद्ध करनेको जिससे देहादिका कहीं अन्यत्र विनियोग न हो जाय, तनुवित्तजा सेवा करनी चाहिये (स्व.श.स.से.नि.१-३).

(घ) यस्तु स्वमार्गीय-सेवास्वरूप-ज्ञानाभाववान् मार्गरीत्या श्रद्धया यथाकथञ्चित् स्वरूपसेवां चेत् करोतीति तत्सेवायाः केवलभौतिकत्वात् "लोकार्थी चेद् भजेत् कृष्णम्" इति न्यायस्य जातत्वात् तदा सर्वथा संक्लिष्टो भवति, तदा भजनत्यागः.(स्वरूपतारतम्यनिर्णय).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(घ)जिसे स्वमार्गीय सेवा-स्वरूपका ज्ञान न हो ऐसा व्यक्ति जब इस मार्गकी मात्र रूढिके अनुसार, श्रद्धापूर्वक ही सही, यथाकथंचित् स्वरूपसेवा करता है तो ऐसी सेवा केवल आधिभौतिक सेवा होती है अतः "लोकार्थी चेद् भजेत् कृष्णम्..." न्यायके अनुसार ऐसी सेवा करनेवाला क्लेश ही पाता है. ऐसी स्थितिमें भजन छोड देना चाहिये (स्व.ता.नि.).

३. सेवाप्रदर्शन-विषयकमूलवचनानि

(क) भगवद्भावस्य रसात्मकत्वेन गुप्तस्यैव अभिवृद्धिस्वभावकत्वाद् आश्रमधर्मैरेव लोके स्वं भगवद्भावम् अनाविष्कुर्वन् भजेत् इत्येतदाशयेन ते धर्मा उक्ताः. गोपने मुख्यं हेतुम् आह 'अन्वयाद्' इति. यतो भगवता समम् अन्वयं=सम्बन्धं प्राप्य वर्तते, अतो हेतोः तथा. अत्र "त्यब्लोपे पञ्चमी" एतेन यावद् अन्तःकरणे साक्षात् प्रभो प्राकट्यं नास्ति, तावदेव बहिराविष्करणं भवति, प्राकट्ये तु न तथा सम्भवति इति ज्ञापितम्.(अणुभाष्य.३।४।४९).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(क)भगवद्भावके रसात्मक होनेके कारण वह गुप्त रहता है तभी वृद्धिंगत हो सकता है. अतः लोकमें आश्रमधर्मोकी ओटमें अपने भगवद्भावको छिपाये रखना चाहिये. इसी

आशयसे भगवद्भावके साथ-साथ आश्रमधर्मोका भी निरूपण किया गया है. जिसके हृदयमें भगवान बिराजते नहीं है वही व्यक्ति अपने भावोंको जनतामें प्रदर्शित कर सकता है. प्रभु यदि हृदयमें बिराजते अनुभूत हों तो भावोंका बाहर आविष्करण=प्रदर्शन सम्भव नहीं है (अणुभाष्य ३।४।४९).

(ख) स्वीयान् भक्तान् प्रदर्शयेत्.(साधनदीपिका.१०८)

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(ख)जो अपने स्वजन हों और भक्त हों ऐसोंको ही श्रीठाकुरजीके दर्शन कराने चाहिये (साधनदीपिका.१०८).

(ग) ३८ तमो अपराधः = गुरुदेवतयोः गुप्तप्रकटीकरणम्. फलं=श्वानयोनित्रयम्.
११अपराधः = अवैष्णवस्य स्वसेव्यप्रदर्शनम्. फलं=वार्षिकसेवा-निष्फलत्वम्. प्रायश्चित्तं=पञ्चामृतस्नानम्.
३६तमो अपराधः = भगवन्नाम्ना याचनम्. फलम्=उपचारनैष्फल्यम्. प्रायश्चित्तं = पञ्चगुणित-नैवेद्य-दानम्.
३५तमो अपराधः = गुर्वाज्ञोल्लङ्घनम्. फलम्=असिपत्रादि-घोर-नरक-पातः. प्रायश्चितम् = वैष्णव-गुरु-प्रसादनम्.
(श्रीहरिरायजी-विरचित-षट्षष्टिरपराधस्तत्फलानि-प्रायश्चितानि-च).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(ग)३८वां अपराध: गुरु या दैवत(=श्रीठाकुरजी सम्बन्धी बातों)के गुप्त-रहस्य-को प्रकट करना. फल: तीन जन्मों तक श्वानयोनि.
११वां अपराध: अवैष्णवके समक्ष अपने घरमें बिराजते श्रीठाकुरजीका प्रदर्शन करना. फल: एक वर्षकी सेवा निष्फल हो जाती है. प्रायश्चित्त: श्रीठाकुरजीको पंचामृतसे स्नान कराना.
३६वां अपराध: श्रीठाकुरजी (या श्रीभागवतजी या श्रीयमुनाजी) के नामसे ('भेट', 'सामग्री', 'पोथीसेवा' या 'न्योछावर') मांगना. फल: सेवा सर्वथा निष्फल हो जाती है. प्रायश्चित: जितना मांगा था बटोरा हो उससे पांचगुने नैवेद्यका प्रभुको दान (नहीं कि समर्पण) करना.
३५वां अपराध: गुरु-श्रीमहाप्रभु आदि-की आज्ञाका उल्लंघन करना. फल: असिपत्रादि नामोंवाले घोर नरकोंमें पतन. प्रायश्चित: वैष्णव और गुरु को प्रसन्न करना (श्रीहरि.वि.षट्.).

४. सेवाप्रयोजन-विषयकमूलवचनानि

(क)

न लौकिकः प्रभुः कृष्णो मनुते नैव लौकिकम्। भावस्तत्राप्यस्मदीयः सर्वस्वत्रैहिकश्च सः।।
परलोकश्च तेनायं सर्वभावेन सर्वथा। सेव्याः सएव गोपीशो विधास्यत्यखिलं हि नः।।

(शिक्षापद्यानि)

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(क)न तो श्रीकृष्ण लौकिक प्रभु है और नही वे कभी लौकिक भावका अङ्गीकार ही करते हैं. हमारा भाव तो श्रीकृष्णके बारेमें यही है कि श्रीकृष्ण ही हमारे सर्वस्व हैं, ऐहिक भी और पारलौकिक भी. इसलिये सर्वभावसे सर्वथा सेव्य वे गोपीश ही हैं. वे ही हमारा सब कुछ करेंगे (शिक्षापद्य).

(ख) "लौकार्थी चेद् भजेत् कृष्णं क्लिष्टो भवति सर्वथा ।" (सि.मु.१६).

ननु कश्चिद् जीविकाद्यर्थमपि भजते तस्य का गतिः ? इत्यत आहुः 'लोकार्थी' इति. 'लोक'पदेन लौकिको अर्थः उच्यते. तदर्थी चेत् कृष्णं भजेत् तदा व्यापारवद् अर्थे सिद्धे तस्यापि अनर्थरूपत्वेन तत्कृतभजनस्य भक्तित्वाभावात् तत्कृतं सर्वं क्लेशरूपमेव, अतः क्लिष्टो भवति इति अर्थः, न केवलम् ऐहिकः क्लेशः किन्तु परलोकोपि नश्यति निषिद्धाचरणादिति 'सर्वथा' इति उक्तम्. यस्य स्वल्पमपि ज्ञानं स नैवं करोति; सर्वथा तद्रहितः कश्चिद् एवं कुर्यादपि इति 'चेद्' इति उक्तम्.

(श्रीप्रभुचरणविरचित-सि.मु.विवृत्ति.१६).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(ख)"यदि कोई लौकार्थी होकर कृष्णका भजन करता है तो वह सर्वथा क्लेश ही पाता है."(सि.मु.१६).

कोई आजीविका कमाने या यशआदि पानेके लिये भी भजन करता हो तो उसकी क्या गति होगी? ऐसी जिज्ञासाके समाधानरूपेण श्रीमहाप्रभु 'लोकार्थी'की चर्चा कर रहे है. 'लोक'का मतलब है लौकिक धनादि. ऐसी लौकिक कामना रखनेवाला यदि कृष्णका भजन करता हो तब जैसे घंचा करने पर धनादि प्राप्त होता है वैसे धन तो कमाया जा सकता है. भजनद्वारा, परन्तु, उपार्जित धन तो स्वयं अनर्थरूप होता है. अतः एसे लौकार्थीके द्वारा किया गया भजन तो भक्ति ही न होनेके कारण उसके द्वारा किया गया सब कुछ (पारिवारिक-सामाजिक-सांप्रदायिक) क्लेशरूप ही होता है. इसलिये वह व्यक्ति भी क्लेश ही पाता है. ऐसा श्रीमहाप्रभुके वचनका साफसाफ अर्थ है. न केवल उसे ऐहिक(पारिवारिक-सामाजिक-सांप्रदायिक)क्लेश ही होता है प्रत्युत उसके सारे पारलौकिक अधिकार एवं फल भी नष्ट हो जाते हैं, ऐसे निषिद्धाचरणके कारण, यह

स्पष्ट करनेके लिये श्रीमहाप्रभुने 'सर्वथा'पदका प्रयोग किया है. जिसे (शास्त्र-मार्ग-परम्परा-भगवत्स्वरूप-भक्तिभाव-नीतिका) अत्यल्पभी ज्ञान हो वह तो ऐसा कुकृत्य नहीं कर सकता है. फिर भी जो इस ज्ञान या संस्कार से सर्वथा ही रहित हो वह ऐसा कुकृत्य कदाचित् कभी कर सकता है. ऐसी संभावनाको देखते हुए श्रीमहाप्रभुने 'चेद्'पदका प्रयोग किया है.(श्रीप्रभु.वि.सि.मु.वि.१६).

(ग) तस्य सेवां प्रकुर्वीत यावज्जीवं स्वधर्मतः। न फलार्थं न भोगार्थं न प्रतिष्ठाप्रसिद्धये।।
श्रीमदाचार्यमार्गेण नान्येनापि कदाचन। न कल्पितप्रकारेण न दुर्भावसमन्वयात्।।

(शिक्षापत्रम् १८।१२-१३).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(ग)अपने माथे बिराजते श्रीठाकुरजीकी सेवा स्वधर्म (स्व-तन-मन-धन-गृह-परिजनके ही विनियोग)को निभाते हुए करनी चाहिये, न किसी फलके लिये, न भोगके लिये; और न किसी तरहकी प्रतिष्ठा ही प्राप्त करनेके लिये. यह सेवा भी श्रीमदाचार्यचरणद्वारा निर्दिष्ट मार्गके अनुसार ही करनी चाहिये (संगठन-प्रशिक्षण-जनकल्याणके लोकाभिमत तथाकथित उदात्त आशयके) कल्पित प्रकारोंसे नही. और न दुर्भाव(किसी दूसरे सार्वजनिक या व्यावसायिक देवालयोंके साथ प्रतिस्पर्धा)वश ही करनी चाहिये.(शिक्षापत्र.१८।१२-१३).

५. सेवास्थल-विषयकमूलवचनानि

(क) बीजदार्ढ्यप्रकारस्तु गृहे स्थित्वा स्वधर्मतः...भजेत् कृष्णम्...(भक्तिवर्धिनी.२).

'तु'शब्देन एतदतिरिक्तप्रकारान्तरव्युदासः उक्तः स्वमार्गीयभगवद्भजनं तु गृहस्थित्यभावे न संभवतीति पूर्वं गृहस्थितिमेव आहुः 'गृहे स्थित्वा' इति. भगवद्भजनानुकूले गृहे स्थित्वा स्वधर्मतः कृष्णं भजेत्. (श्रीगोकुलनाथजीकृतविवृति.२)

अत्र गृहस्थान-विधानेन स्वगृहाधिष्ठित-स्वरूप-भजन-परित्यागेन अन्यत्र तत्करणे भक्तिः न भवति इति सूचितं भवति. (श्रीवल्लभात्मज-बालकृष्णजीकृतविवृति.२)

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(क)"पुष्टिभक्तिके बीजभावको दृढ करनेका प्रकार तो बस घरमें रहकर स्वधर्मतः...कृष्णको भजना है.(भक्तिवर्धिनी.२).

यहां 'तो'शब्दके प्रयोगसे यह ध्वनित होता है कि इस श्लोकमें अभिप्रेत भजनके प्रकारसे अतिरिक्त भजनका अन्य कोई भी प्रकार सिद्धान्ताभिमत नहीं है. स्वमार्गीय भगवद्भजन घरमें रहे बिना संभव न होनेसे सर्वप्रथम गृहस्थितिका ही निरूपण श्रीमहाप्रभु करते हैं "घरमें रहकर" विधान द्वारा. भगवद्भजनानुकूल घरमें रह कर

कृष्णको भजना चाहिये (श्रीगो.वि.२).

यहां सेवोपयोगी स्थानके रूपमें घरका विधान किया गया है अतः यदि अपने घरमें विराजते प्रभुका भजन छोड़ कर और कहीं भजन (भेटसामग्री, मनोरथ या झांकी के रूपमें) किया जाता है तो उसे 'भक्ति' नहीं कहा जा सकता है.(श्रीवल्ल.बाल.वि.२)

(ख) गूढलीलापरो भक्तगूढभावरसात्मक.। सेवनीयः सावधानैः विपरीतगतिक्रियः।।
श्रीमदाचार्यकृपया तिष्ठति स्वगृहे हरिः। एवंविधः सदा हस्ते योगिनः पारदो यथा।।
(शिक्षापत्रम्.२।१८-१९).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(ख)गूढलीलापरायण.भक्तके गूढभावानुसारी विपरीत-गति-क्रिया-वाली लीला करनेवाले श्रीहरिकी सेवा सावधान हो कर करनी चाहिये. श्रीमदाचार्यचरणकी कृपासे प्रभु अपने घरमें विराजते हैं. इस तरह कि जैसे योगीके हाथमें पाराकी गुटिका (शिक्षा.२।१८-१९).

(ग) गृहे स्थित्वा सेवनार्थं स्वधर्मेणैव सर्वथा। कृष्णं भजेत् यतोऽधर्मकरणात् हीनयोनिता।।
कृष्णमूर्तौ यथालब्धैः द्रव्यैः संपूजयेद् हरिम्। पूर्वं स्थानं मन्दिरादि तथा सिंहासनादि च।।
(श्रीहरिरायजीकृत-स्व.श.स.से.निरूपणम्.४५-४६).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(ग)घरमें रह कर सेवा जो करनी है वह सर्वथा स्वधर्मानुसार ही कृष्णभजनके रूपमें करनी है, क्योंकि अधर्म करनेपर हीनयोनिमें जन्म मिल सकता है. यथालब्ध द्रव्योंसे हरिका पूजन उनकी मूर्तिके रूपमें करना चाहिये. हरिपूजनसे भी पहले श्रीहरिके विराजनेके स्थान-मंदिरादि और सिंहासनादि-का भी अलंकरणात्मक पूजन करना चाहिये.

(घ) 'आचार्यकुलाद्' इति श्रुत्युक्तरीत्या गृहएव स्थित्वा भगवद्भजनं कर्तव्यं स्वधर्मरहस्यं च गोपनीयम् इति सिद्धम्. (श्रीपुरुषोत्तमजीकृत-अणुभाष्यप्रकाश.३।४।५०).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(घ)"आचार्यकुलाद्" इस श्रुतिमें कही गई रीतिके अनुसार घरही में रह कर भगवद्भजन करना चाहिये और अपने धर्मके रहस्यको गुप्त रखना चाहिये.(अणुभा.प्र.३।४।५०).

६. सेव्यस्वरूप-विषयकमूलवचनानि

(क) गुप्तो हि रसः रसत्वमापद्यते अगुप्तो रसः रसाभासः स्यात्.
(सुबो.१०।१८।५=१०।५६।४४).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(क) गुप्त रखनेपर ही रस रस रह पाता है=प्रकट होने पर वही रस रसाभास बन जाता है (सुबो.१०।१८।५=१०।५६।४४).

(ख) सच दुर्लभइति तेनापि वक्तव्यं प्रकारम् आह-
तदभावे स्वयं वापि मूर्तिं कृत्वा हरेः क्वचित्। परिचर्यां सदा कुर्यात् तद्रूपं च तत्र च स्थितम्।।

'तदभाव' इति, 'क्वचिद्' देशविशेषे सत्परिपन्थिनाम् अभाववुक्ते 'हरेः मूर्तिं कृत्वा' भजेत्, अयमेव अस्य मार्गस्य प्रकारः उत्तमो यत् मूर्तौ कृतं सर्वं भगवति कृतं भवति, तत्र मूर्तेः भगवत्वं त्रेधा निरूपयति 'तद्रूपम्' इति. वस्तु विचारेण सर्वस्य भगवद्रूपत्वाद् विशेषस्तु अयम् : "एनम् उद्धरिष्यामि" इति तदा मृदादेः प्रादुर्भूतो भक्तिमार्गानुसारेण आह 'तत्र च स्थितम्' इति. (त.दी.नि.प्र.२।२२८).

ननु अत्र मूलएव कुठारपात इति आकाङ्क्षायां कलेः बलिष्ठत्वेन अग्रिमेषु गुरुलक्षणाभावम् आलोच्य स्वस्मिन्नेव एतन्मार्गीयगुरुत्वं निवच्छन्त आहुः 'स च'इत्यादि. 'तदभाव'इत्यादि आज्ञापनाद् इदं ज्ञात्वा करणे, "यस्तु इच्छया कृतः पुम्भिः आभासो ह्याश्रमात् पृथग्" इति आभासत्वाभावः सेवायाः तृतीयस्कन्धोक्तमौढ्याभावश्च सेवाकर्तुः साधितः स्वयमेव सेवाकरणेपि प्रकार-विशेष-सन्देहे तादृशा यदि मिलन्ति तदा प्रकारांशे प्रष्टव्याः इत्यपि सूचितम्. (त.दी.नि.आ.भ.२।२२८).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(ख)ऐसा गुरु तो बडी कठिनाईसे ही मिल सकता है अतः कभी न मिलनेपर क्या करना चाहिये यह अब दिखलाया जा रहा है-

ऐसे गुरुके न मिलनेपर भगवानकी मूर्तिको (अपना आराध्य) बना कर उसकी परिचर्या भजन तो सदा करना ही चाहिये. क्योंकि मूर्तिमें भगवानके रूप एवं सत्व दोनों ही विद्यमान होते है.

किसी ऐसे देशमें कि जहां सज्जनोंसे दुर्व्यवहार करनेवाले लोग न रहते हों, हरिकी मूर्तिको (अपना आराध्य) बनाकर भजन कर लेना चाहिये. भजनका यही प्रकार ऐसी अवस्थामें इस मार्गमें उत्तम है. जो-जैसा कुछ भगवन्मूर्तिके लिये किया जाता है उसे साक्षात् भगवदाराधन ही समझ लेना चाहिये (त.दी.नि.प्र.२।२२८).

यहां एक ऐसी शंका उठती है कि जिसके कारण इस बातके मूलपर ही कुठाराघात हो जाता है-जैसा गुरु श्रीमहाप्रभुके अनुसार इस मार्गमें अपेक्षित है वैसे लक्षणवाला व्यक्ति आगे चलकर बलवान कलियुगके कारण उपलब्ध न होता हो तो क्या करना चाहिये, इस समस्याके समाधानरूपेण श्रीमहाप्रभु एतन्मार्गीय गुरुत्व स्ववं ही में प्रस्थापित करते हुवे कहते है कि निर्दिष्ट लक्षणयुक्त गुरुके न मिलने पर स्वयमेव

भगवत्सेवामें प्रवृत्त हो जाना चाहिये. इस तरहकी श्रीमहाप्रभुकी ही आज्ञा है जिसे शिरोधार्य करना ही चाहिये ऐसी भावना रखते हुवे जो स्वयं ही भगवत्सेवामें प्रवृत्त हो जाता है उसके द्वारा की जाती भगवत्सेवामें "यस्तु इच्छया कृतः पुम्भिः आभासो ह्याश्रमात् पृथक्" इस वचनमें निन्दित धर्माभासता-पाषण्डका आरोप नहीं लगता, और इसी तरह तृतीयस्कन्धमें निन्दित मूढताका आरोप भी सेवाकर्तापर नहीं लग सकता. स्वयं ही सेवामें प्रवृत्त होनेपर भी भगवत्सेवासम्बन्धी किसी प्रकारविशेषके जिज्ञास्य होनेपर किसी वैसे जानकार भगवदीयको मिलकर पुछ-जान लेने में कोई आपत्ति नहीं है यह भी सूचित होता है (त.दी.नि.प्र.आ.धं.२२८).

(ग) गुरुदत्तां स्वयंलब्धां भक्तैरपि सुपूजिताम्। व्यंगांगीमपि सेवेत यदि भावो न बाधते।।
(साधनदीपिका.९०).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(ग)भगवत्स्वरूप चाहे गुरुके द्वारा अपने मांथे पधराया गया हो, या हमें स्वयं कहींसे प्राप्त हो गया हो, या अन्य किसी भक्तके द्वारा सुपूजित हो; अथवा खंडित भी चाहे क्यों न हो, परन्तु है तो "अपने मांथे विराजता सेव्यस्वरूप" ऐसा भाव उस स्वरूपके प्रति अखंडित रहता हो ('वोल्टेज' कम न लगते हों) तो ऐसे स्वरूपकी ही सेवा अनन्यभावसे करनी चाहिये (साधनदीपिका.९०).

(घ) सेवाविधिः समग्रोपि क्रमेणैव विलिख्यते। प्रकारोत्तमतः पूर्वं मूर्तौ सेवा विधीयते।।
मूर्तौ भगवतो ज्ञानं साकारावेशतो मतम्। भक्तिमार्गप्रकारेण ज्ञानतस्तु तदात्मता।।
पूजामार्गे भवेन्मन्त्रविधानात् पूज्यसेवनम्। विशेषो भक्तिमार्गेऽयं पुरुषोत्तमरूपिणः।।
मणिस्पर्शेन ताम्रादि सौवर्णमिव तत्वतः। अतस्तत्र कृतं सर्वं साक्षात्कृष्णे कृतं भवेत्।।
(श्रीहरिरायजीकृत-स्व.श.स.से.निरूपणम्.३९-४१).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(घ)अब समग्र सेवाविधि क्रमशः लिखी जाती है. उत्तम प्रकार होनेके कारण प्रथम मूर्तिकी सेवा कही जाती है. भक्तिमार्गके प्रकारके अनुसार मूर्तिमें प्रभुका ज्ञान प्रभुके साकार होनेके कारण एवं मूर्तिमें आविष्ट होनेके कारण मान्य किया गया है. ज्ञानकी दृष्टिसे देखा जाये तो सब कुछ भगवदात्मक होनेसे मूर्ति भी साक्षात् भगवद्रूप ही है. पूजामार्गके अनुसार प्राणप्रतिष्ठा-मन्त्रादि-विधिके कारण पूजनीय प्रभुकी सेवा प्राप्त होती है. भक्तिमार्गमें, किन्तु, अन्य दोनों मार्गोकी अपेक्षा विशेषता यह है कि मूर्ति स्वयं पुरुषोत्तमरूप है (विभूति, प्रतिनिधि या केवल अक्षरात्मक नहीं). जैसे पारसमणिके स्पर्शसे तांबा आदि धातु तत्वतः सुवर्ण बन जाती है वैसे ही मूर्तिके साथ किया गया भक्त्युपचार

तत्वतः साक्षात् श्रीकृष्णके प्रति किया गया भक्त्युपचार हो जाता है.
(श्रीह.कृत.स्व.श.स.से.नि.३९-४१).

(ङ) स्वमार्गसेव्यरूपस्य चिन्तने रीतिरुच्यते। ...तदेकहृदयस्थायी तद्भावः कृष्णएव हि।
लीलासहस्रवलितः सामग्रीसहितस्तथा। भावनीयः सदानन्दः सदा नन्दादिलालितः।
इदमेवोक्तम् आचार्यैः सिद्धान्तस्य निरूपणे। 'आत्मानन्दसमुद्रस्थं कृष्णमेवे'ति यद्वचः।
तदाशयस्तु विवृतः कृपयैव प्रभोर्मया। अवगत्य जनाः सर्वे चिन्तयन्तु हरिं सदा।
(श्रीमत्प्रभोश्चिन्तनप्रकारः.१-१३).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(ङ)स्वमार्गीय सेव्यस्वरूप चिन्तनका प्रकार अब कहा जाता है:..पुष्टिभक्तके हृदयमें स्थित जो भक्तिभाव है वह निश्चित श्रीकृष्ण ही हैं जो कि अनेक लीलायुक्त हैं और उन लीलाओंकी सामग्री सहित विराजमान हैं. वैसे सदानन्द और सदा श्रीनन्दादि व्रजभक्तों द्वारा सेव्यमान श्रीकृष्णका ही भावन करना चाहिये. सिद्धान्तमुक्तावलीमें "आत्मानन्दसमुद्रमें स्थित श्रीकृष्णका ही चिन्तन करना चाहिये" इस वचनद्वारा श्रीमहाप्रभुने यह ही बताया है. प्रभुकी कृपासे ही उसके आशयका मैंने विवरण किया है. उनकी कृपासे स्वमार्गीय चिन्तनका स्वरूप जानके सर्व पुष्टिमार्गीयजन सदा हरिका चिन्तन करें ऐसी मेरी शुभकामना है (श्रीहरि.श्री.प्रभो.चिन्त.प्र.१-१३).

(च) भक्तिमार्गस्थितैः श्रीमदाचार्यपदसंश्रितैः। सेव्यमानं सदा भावैः निरोधं साधयेद् ध्रुवम्।।
(स्वमार्गीयस्वरूपस्थापनप्रकारः१८).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(च)श्रीमदाचार्यचरणोंके आश्रय पानेके सौभाग्यशाली ऐसे भक्तिमार्गीयोंद्वारा पुष्टिभावोंसे (प्रवाही भावोंसे नहीं) सदा सेव्यमान प्रभु निश्चित ही निरोध(प्रपंचविस्मृतिपूर्वक भगवदासक्ति)को सिद्ध करेंगे ही (श्रीहरि.स्व.स्व.स्था.प्र.१८).

७. सेवार्थ-आजिविका-विषयकमूलवचनानि

(क) वाममात्रं भगवत्सेवां विधाय पश्चाद् अनिषिद्धेन उपायेन जीवनं सम्पादयेत्, पारम्पर्यजीवनमपि निषिद्धं चेत् तदा त्यक्तव्यम्, "अचौराणाम् अपापानाम्..." इति वचनात्, जीविकायां चित्तं व्याकृतं पुनः भगवति वोजनार्थम् उपायम् आह "पठेच्च नियमं कृत्वा" इति. अनेन अल्पबहिर्मुखतायामपि श्रीभागवतम् अनुसन्धेयम् इति उपायः कथितः.
(त.दी.नि.प्र.२।२३२).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(क)दिनमें कमसे कम तीन घन्टा भगवत्सेवा कर लेनेके बाद अनिषिद्ध उपायोंसे आजीविकाके उपार्जनार्थ प्रवृत्त होना चाहिये, कुलपरम्परासे चली आ रही वृत्ति भी यदि निषिद्ध (देवलकादिवृत्ति-सदृश) हो तो छोड देनी चाहिये, क्योंकि "अचौराणाम् अपापानाम्..." वचनसे यही सिद्ध होता है. जीविकामें उलझे हुए चित्तको भगवानमें लगानेका उपाय कहते है "भागवतका नियमपूर्वक पाठ करना चाहिये", थोडीसि भी बहिर्मुखताकी सम्भावना रहनेपर भागवतका अनुसन्धान करते रहना उपाय कहा गया है. (त.दी.नि.प्र.२।२३२)

(ख) श्वानं श्वपाकं प्रेतधूमं देवद्रव्योपजीविनं ग्रामयाजकं सोमविक्रयिणं चितिं चितिकाष्ठं मद्यं मद्यभाण्डं स्नस्नेहं मानुषास्थिं शवस्पृशं महापातकिनं शवं स्पृष्ट्वा सचैलम् अम्भोऽवगाह्य उत्तीर्य अग्निम् उपस्पृश्य गायत्यष्टशतं जपेत्, धृतं प्राश्य स्नात्वा त्रिराचमेद् इति च्यवनवचनात्,

चितिञ्च चितिकाष्ठञ्च पूयं चंडालमेव च। स्पृष्ट्वा देवलकञ्चैव सवासा जलमाविशेत्।।
देवार्चनपरो यस्तु वित्तार्धी वत्सरत्रयम्। स वै देवलको नाम हव्यकव्येषु गर्हितः।।

(श्रीपुरुषोत्तमजीकृत-द्रव्यशुद्धि).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवादौ)

(ख)कुत्तेका चाण्डालका प्रेतधूमका देवद्रव्योपजीवीका ग्रामयाजकका सोमविक्रेताका चिताका चिताकाष्ठका चरबीयुक्तमानुषास्थिका शवस्पर्श करनेवालेका महापातकीका तथा शवका स्पर्श करने पर सवस्त्र जलमें डुबकी लगानेके बाद बाहर आने पर अग्निका उपस्पर्श करके एकसो आठ गायत्रीका जप करना चाहिये ओर घृतप्राशन कर त्रिराचमन करना चाहिये ऐसा च्यवन वचन है. चिता चिताकी लकडी पूय चण्डाल तथा देवलक का स्पर्श होनेपर सवस्त्र जलमें डुबकी लगानी चाहिये. तीन वर्ष पर्यन्त जो वित्तार्थी होकर देवार्चन करता है उसे हव्य-कव्यमें गर्हित समजना चाहिये (श्रीपुरुषोत्तमजीकृत द्रव्यशुद्धि).

८. सेवाकर्ता तथा सेवापरिचारक-विषयकमूलवचनानि

(क) एवं प्रवृत्तस्य भार्यादीनां विनियोगम् आह "भार्यादिरनुकूलश्चेद्"इति.

भार्यादिरनुकूलश्चेत् कारयेद् भगवत्क्रियाम्। उदासीने स्वयं कुर्यात् प्रतिकूले गृहं त्येजत्।।

भार्यादिकं गृहं, विष्णुपराङ्मुखाः भार्यादयो अन्यथा परित्यागे दोषएव. अनेन अवैष्णवैः सह अस्मिन्मार्गे न स्थातव्यम् इति उक्तं भवति (त.दी.नि..प्र.२।२३१)

(हिन्दी-भाषा-भावानुवादौ)

(क)भार्यादिसे, उनके भगवत्सेवार्थ अनुकूल होनेपर, भगवत्सम्बन्धि क्रिया=परिचर्या

करवा लेनी चाहिये. उनके उदासीन होनेपर स्वयं करनी चाहिये और प्रतिकूल होने पर गृहादिका त्याग करना चाहिये. इस तरह भजनमें प्रवृत्त अधिकारीके भार्यादिका भगवत्सेवामें विनियोग कहा जा रहा है "भार्यादिके अनुकूल होने पर". 'गृह'यानि भार्यादि. इनका परित्याग विष्णुपराङ्मुख होनेपर ही विहित है अन्यथा नहीं दोषरूप होनेसे. इससे यह कहना अभिप्रेत है कि इस मार्गमें अवैष्णवोंके साथ नहीं रहना चाहिये (त.दी.नि.प्र.२।२३१).

(ख) तत्रादौ शरणं यातः किं कुर्यादिति चोच्यते। श्रीमदाचार्यमार्गीयगुरुणा शरणं गतः।।
स्वामित्वेन हरिं स्वं तु सेवकत्वेन भावयेत्। .....
एवमाश्रित्य धर्मोऽयं संक्षेपेण निरूपितः। ...अतः परं क्रमेणैव जीवः कृतसमर्पणः ।।१।।
... ... सेवासंस्कारूपत्वाद् विदुष्यास्सेवनं सदा।
... ...सर्वथा सर्वदैवापि नचाद्यादसमर्पितम्।।२५-२६।।
तद्भक्षणे भवेदेवाब्रह्मसम्बन्धि वस्तुतः। सर्वत्र ब्रह्मसम्बन्ध-भावना-नाशएव हि।।२७।।
यथा समर्पणे योग्यं यत् तथा तत् समर्पयेत्। .....
गृहे स्थित्वा सेवनार्थं स्वधर्मेणैव सर्वथा। कृष्णं भजेत् यतो अधर्मकरणात् हीनयोनिता।।४५।।
कृष्णमूर्तौ यथालब्धैर्द्रव्यैः सम्पूजयेद् हरिम्। पूर्वं स्थानं मन्दिरादि तथा सिंहासनादि च।।४६।।
... ... भार्यादीनामानुकूल्ये तैः सेवामेव कारयेत्।।५६।।
स्वयं कुर्याद् उदासीनतया तेषां पुनः स्थितौ। अपकीर्तिभयात् कृष्णसेवा-वैयग्र्य-संभवात्।।५७।।
स्वकृत-ब्रह्मसंबन्धं विभाव्य हृदि सर्वथा। तत्पोषणं प्रकुर्वीत रुग्णदेहवदातुरः।।५८।।

(श्रीहरिरायजीकृत.स्व.श.स.से.नि.९-५८).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवादौ)

(ख)प्रारम्भमें शरणागत अधिकारीको क्या करना चाहिये यह कहा जाता है:श्रीमद्वल्लभाचार्य द्वारा प्रवर्तित मार्गके गुरुद्वारा जिसने शरणागतिकी दीक्षा ली हो उसके लिये यह आवश्यक है कि हरिको स्वामी मानकर स्वयंको सेवक मानना चाहिये...इस तरह संक्षेपसे शरणागत अधिकारीके धर्मका निरूपण किया... इसके बाद क्रमानुसार ही जिस जीवने समर्पण किया है उसका धर्म बताया जाता है. समर्पणकी दीक्षा सेवार्थ अपेक्षित संस्काररूप ही होनेसे वह दीक्षित व्यक्तिको तो सदा सेवा ही करनी चाहिये... सर्वथा सर्वदा ही असमर्पितका भक्षण नहीं करना चाहिये क्योंकि असमर्पितका भक्षण करनेपर वस्तुतः अब्रह्मसम्बन्धी बन जाता है और ब्रह्मसम्बन्धकी भावनाका भी सर्वत्र नाश ही हो जाता है. जो वस्तु जिस प्रकारसे प्रभुको समर्पित हो सकती हो उस प्रकारसे उस वस्तुको समर्पित करनी चाहिये. घरमें रह कर सेवा जो करनी है वह सर्वथा स्वधर्मानुसार ही कृष्णभजनके रूपमें करनी है. क्योंकि अधर्म करनेपर हीनयोनिमें जन्म मिल सकता है.

यथालब्ध द्रव्योंसे हरिका पूजन उनकी मूर्तिके रूपमें करना चाहिये. हरिपूजनसे भी पहले श्रीहरिके बिराजनेके स्थान मंदिरादि और सिंहासनादि का भी अलंकरणात्मक पूजन करना चाहिये. भार्यादिके अनुकूल होनेपर उनसे भगवत्सेवा ही करानी चाहिये. उनके उदासीन होनेपर स्वयं ही करनी चाहिये. अपयश, कृष्णसेवामें संभावित निरर्थक व्यग्रता; एवं स्वयं अपनेद्वारा ग्रहीत ब्रह्मसम्बन्धकी भावनाका विचार करके, जैसे अपना ही देह कभी रुग्ण-भगवत्सेवामें भी असमर्थ-हो जाये तो भी उसका पालन तो करना ही पडता है वैसे ही ऐसे भगवत्सेवामें उदासीन परिवारजनोंके पालनमें भी रुग्णपरिवारकी भावना करनी चाहिये (श्रीहरि.स्व.श.स.से.नि.९-५८).

९. सेवोपदेष्टा-विषयकमूलवचनानि

(क)परमत्र न सर्वेषां फलमुखाधिकारः किन्तु येषु भगवत्कृपा कृपापरिज्ञानं च मार्गरुच्या निश्चीयते. तत्र आदितः साधनानि आह-

कृष्णसेवापरं वीक्ष्य दम्भादिरहितं नरम्। श्रीभागवततत्त्वज्ञं भजेत् जिज्ञासुरादरात्।।

(त.दी.नि.२।२२७)

'कृष्णसेवापरम्'इति. यो हि गुरुः सेवाम् उपदेक्ष्यति स स्वयं चेत् तां उत्तमां जानीयात् तदा कथं स्वयं न कुर्याद् इति सेवापरएव गुरुः. तत्रापि निमित्तानि वारयति 'दम्भादिरहितम्' इति. सेवाच प्रमाणमूलैव पुरुषार्थपर्यवसायिनी. अन्यथा मनसि अन्यद्विधाय अन्यथा करणे न फलसिद्धिः इति अभिप्रायेण आह 'श्रीभागवततत्त्वज्ञम्' इति. 'जिज्ञासु' न तु कौतुकाद्याविष्टः. भजनं-सर्वभावेन, तदा तदुक्तप्रकारेण भगवत्सेवा कर्तव्या. (त.दी.नि.प्र.२।२२७).

'वीक्ष्य'इत्यनेन मार्गान्तराद् अत्र वैलक्षण्यं ज्ञापितम्. 'ईक्ष' दर्शनाङ्कनयोः, 'वि'ना च सम्यक्त्वं परीक्षणे द्योत्यते. तथाच तन्त्रे-"गुरुः परीक्षयेत् शिष्यम्" इति वाक्यात् शिष्यो यथा परीक्ष्यते तथा अत्र गुरुः. नोचेद् अतादृशस्य लोकानुगतपशुरूपत्वात् तादृशो अनुसरणे अन्धानुगान्धवद् उभावपि पतेताम्. एतदर्थमेव जलभेदग्रन्थकरणं ज्ञेयम्...तेन ब्रह्मसम्बन्धोपि फलमुखः तस्यैव इति सिद्ध्यति. एवम् अधिकारसूचनेन अनधिकार्यपि व्यावर्तितः. (त.दी.नि.प्र.आवरणभङ्ग.२।२२७).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवादौ)

(क)यह मार्ग, परन्तु, फलदायक ही सिद्ध हो ऐसा अधिकार सभीका नहीं होता. वह तो जिनपर भगवत्कृपा हो उन्हींके लिए फलदायक बन पाता है किसी व्यक्तिपर भगवत्कृपा है कि नहीं इसका निर्णय उस व्यक्तिको भगवत्कृपैकलभ्य भक्तिमार्ग या प्रपत्तिमार्ग में रुचि है या नहीं इस कसोटीपर जांचनेपर निश्चित हो पाता है.

जिनपर भगवत्कृपा है उनके प्रारम्भतः साधनोंका निरूपण करते हैं-

कोई पुरुष कृष्णसेवामें परायण है कि नहीं, दम्भादि दुर्गुणोंसे रहित है कि नहीं; और श्रीमद्भागवतपुराणके मर्मका विज्ञ है कि नहीं, यह सर्वप्रथम देखना चाहिये और तभी किसी जिज्ञासुको ऐसे व्यक्तिमें गुरुबुद्धि रखकर उसके पास जाना चाहिये.

जिसे गुरुकी हैसियतमें भगवत्सेवाका उपदेश देना है वह स्वयं भगवत्सेवाको उत्तम मानता हो तो स्वयं भगवत्सेवा क्यों नहीं करेगा? अतः गुरु तो कृष्णसेवामें परायण ही होना चाहिये. कृष्णसेवा भक्तिभावके अलावा अन्य किसी भी निमित्त(दम्भ-काम-लोभ-प्रतिष्ठा)के वश की जाती नहीं होनी चाहिये. अतः गुरुका दम्भादि दुर्गुणोंसे रहित होना दूसरी शर्त है. वह सेवा भी जब यथोपदिष्ट प्रामाणिक हो तभी पुरुषार्थमें पर्यवसित हो सकती है. अन्यथा, बुद्धि या हृदयमें कुछ और विचार या भाव रखकर, जब कोई सेवामें प्रवृत्त होता है तो वह सफल नहीं हो पाती है. अतः गुरुका श्रीभागवतका तत्वज्ञ होना भी आवश्यक है. ऐसे गुरुको खोजनेवाला व्यक्ति जिज्ञासु होना चाहिये, केवल कौतुक आदि भावोंवाली मनोवृत्तिवाला नहीं. गुरुके द्वारा उपदिष्ट प्रकारसे तब सर्वभावपूर्व सेवामें प्रवृत्त हो जाना भजनका सच्चा प्रकार है (त.दी.नि.प्र.२।२२७).

मूलकारिकामें 'वीक्ष्य'पदका प्रयोग किया गया है, इससे अपने मार्गका अन्य मार्गोंसे कुछ वैलक्षण्य सिद्ध करना अभीष्ट है. 'ईक्ष'का अर्थ होता है:'देखना-अंकित करना'. उसके साथ 'वि'उपसर्ग जोडनेपर यह अर्थ बनता है कि किसी व्यक्तिको गुरु बनानेसे पहले उसका भलीभांति परीक्षण कर लेना चाहिये. तन्त्रशास्त्रमें जैसे शिष्यकी परीक्षा करनेका नियम है वैसे ही यहां गुरुकी परीक्षाका नियम है. अन्यथा, जिस पुरुषमें उल्लिखित लक्षण न मिलते हों, उसे लोकानुगत पशु समझना चाहिये. ऐसेका अनुसरण करनेपर एक अन्धा दूसरे अन्धेका अनुसरण करता हो जायेगा. और दोनों ही, एकदूसरेके कारण, एकसाथ ही गिरेंगे, जब भी गिरेंगे श्रीमहाप्रभुने गुरुके परीक्षणार्थ ही 'जलभेद'ग्रन्थ प्रकट कीया है...इन सारी बातोंकी सावधानी रखनेपर ही ब्रह्मसम्बन्धदीक्षा सफल होती है. इस तरह ब्रह्मसम्बन्धदीक्षा प्रदान कर पानेवाला अधिकारी कोन हो सकता है यह सूचित करके श्रीमहाप्रभुने यह भी समझा दिया है कि ब्रह्मसम्बन्धदीक्षा कैसे व्यक्तिसे नहीं लेनी चाहिये (त.दी.नि.आवरणभङ्ग.२।२२७).

(ख) महात्म्यज्ञापनायैव श्रवणं गुणकर्मणाम्। शास्त्राणामुपयोगोऽत्र तत्राकाङ्क्षा गुरोर्भवेत्।।
कृष्णसेवापरं वीक्ष्य दम्भादिरहितं नरम्। श्रीभागवततत्त्वज्ञं भजेत् जिज्ञासुरादरात्।।
देहद्रव्येष्वियासूनां परं पारं भवाम्बुधेः। गुरुणा कर्णधारेण उत्तार्यो स्योपदेशतः।।

(साधनदीपिका.९-११)

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(ख)भगवन्महात्म्यज्ञानकी प्राप्तिके लिये भगवद्गुणों एवं भगवल्लीलाओं का श्रवण आवश्यक होता है. शास्त्रोंकी उपयोगिता भी वहीं है और अतएव गुरुकी भी अपेक्षा रहती

है. अतः कृष्णसेवामें परायण, दम्भादि दुर्गुणोंसे रहित; और श्रीभागवतके मर्मज्ञ होनेके रूपमें भलीभांति पहचान कर ही जिज्ञासुको किसी पुरुषको आदरसहित गुरु बना कर भजनमें प्रवृत्त होना चाहिये. स्वदेहकी डोंगीसे भवसागरको पार कर लेनेकी इच्छा रखनेवालोंका कर्णधार बनकर गुरुको अपने सदुपदेशद्वारा उन्हें पार लगाना चाहिये (सा.दी.९-११).

(ग) गुरुश्च भक्तिमार्गीयः कृष्णसेवापरायणः। श्रीभागवततत्त्वज्ञो दम्भादिरहितो नरः।।
तदभावे तथाभूतोपदेशोऽत्र नियामकः। अथाधुनिकतीर्थानाम् अतथाभूतोऽपि हि।।
उपदेशस्तथाभूतगुरोरिव फलिष्यति। यदि दुःसङ्गदोषेण नान्यथा चेद् भवेन्मतिः।।
(श्रीहरिरायजीकृत.स्व.श.स.से.निरू.४९-५१).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(ग)गुरु भी भक्तिमार्गानुसारी, कृष्णसेवापरायण, भागवतके तत्वको जानने वाला तथा दम्भादिसे रहित पुरुष होना चाहिये. ऐसे लक्षणोंवाले गुरुके न मिलनेपर आचार्यवाणीरूप गुरुसे भी स्वकर्तव्यनियामक उपदेशग्रहण किया जा सकता है. आचार्यकुलोद्भूत गुरुस्थानापन्न आधुनिक गोस्वामिमहानुभाव यदि उक्त लक्षणोंवाले न भी हों फिर भी उनसे भी सर्वलक्षणसम्पन्न-श्रीकृष्णज्ञानप्रद-गुरु-श्रीमदाचार्यचरण-वचनानुसारी उपदेश मिलता हो तो सद्गुरुके समान ही फल देनेवाला हो सकता है. यदि उनकी बुद्धि दुःसंगादि (अर्थलोलुप-वणिक-ट्रस्टी-संगादि) दोषोंसे अन्यथा (मार्गविपरीत) न हो गई हो (श्रीहरि.स्व.श.स.से.नि.४९-५०).

(घ) अदम्भः सर्वथापेक्षारहितः करुणापरः। विचार्य वरणं श्रीमदाचार्यपदसंश्रयः।।
स्वसेवकाय शुद्धाय सततं प्रयतात्मने। प्रवच्छेत् तत् स्वरूपं तु फलरूपतया पुनः।।
(श्रीहरि.कृत.स्वमा.स्वरू.स्थाप.प्र.१६-१७).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(घ)श्रीमदाचार्यचरणोंका भलीभांति आश्रय ग्रहण कर, किसी भी प्रकारके दम्भकी या शिष्यसे कुछ अपेक्षा रखनेकी मनोवृत्तिसे रहित हो कर, उपस्थित जीवात्माका परमात्माके द्वारा पुष्टिमार्गमें वरण किया गया है, अतः ऐसा जीव पुष्टिलाभसे कहीं वंचित न रह जाय बस इसी करुणाभावको रखते हुवे, पुष्टिमार्गपर अग्रसर होनेका सतत प्रयास करनेवाले अपने शुद्ध सेवकके माथे पुष्ट किया हुवा स्वरूप फलरूपतया (न कि गुरुभावतया या स्वसेव्यसे न्यून पुरुषोत्तमभावतया) पधरा देने चाहिये.

(श्रीहरि.कृत.स्वमा.स्वरू.स्थाप.प्र.१६-१७).

(ङ) वञ्चकस्तु ततोऽप्येष दुष्ट इत्येव बुद्ध्यताम्।।१६।।
यतः तदाकृतिश्चेष्टा तथाचारश्च भाषणम्। विनयः शान्तता वेशः शङ्खचक्रादिचिह्नतः।।१७।।
एवमाद्यखिलं तुल्यं भगवद्धर्मवर्तिभिः। ततो ज्ञानाभावऽतोपि सर्वथा नाशनं मतम्।।१८।।
दुर्घटं तस्य विज्ञानं सर्वथा भक्तसाम्यतः। अतएव न कर्तव्यो विश्वासो ह्यविचारितः।।१९।।
तदीयत्वभ्रमात्तस्मिन् विश्वासो संगदोषतः। असत्यपि च सद्भावात्पतनं भक्तिमार्गतः।।२०।।
अतएवोक्तमाचार्यैः गुरोरपि च वीक्षणम्। 'कृष्णसेवापरं वीक्ष्ये'त्यादिपद्ये निबन्धगे।।२१।।
.....
सतोऽपि किञ्चिदाधिक्यं वञ्चके तु प्रतीयते। प्रदर्शनार्थत्वतस्तु वेषादेरिह सर्वथा।।२५।।
.....
भगवद्भक्तसाम्येपि तदसाधारणो गुणः। निरपेक्षत्वमेतस्मिंस्तदभावाद्धि वंचकः।।३२।।
अनाकारितएवासौ सङ्गे लगति सर्वथा। प्रार्थिता भगवद्भक्ताः कृपयन्ति कथञ्चन।।३३।।
स द्रव्यमेव विज्ञाय सज्जते स्वार्थमोहितः। दीनेषु भगवद्भक्तास्तदर्थैकप्रसादकाः।।३४।।
चालयत्ययमुन्मार्गे मायाचाटुकसूक्तिभिः। ते तु मार्गे चालयन्ति वचोभिः कटुकौषधैः।।३५।।
(श्रीहरिरायजीकृत दु:संगविज्ञान निरू.१६-३५).

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(ङ)वञ्चकको तो अन्दर तथा बाहर-दोनों तरहके चोरोंसे भी कुछ अधिक ही दुष्ट समझना चाहिये. क्योंकि उसकी आकृति, चेष्टा, आचार, भाषा, विनीतता, शान्तता, वेश, तथा शंखचक्रादि चिह्न सभी भगवद्धर्मानुसार चलनेवालोंके समान ही होते हैं. अतः जिसे ऐसे वञ्चकोंकी यथार्थताका ज्ञान नहीं होता है, उसका सब तरहसे नाश होता है. भक्तोंके समान दीखनेवाले इन वञ्चकोंका ज्ञान सर्वथा अशक्य सा होता है. इसी कारणसे विचार किये बिना किसीपर भी विश्वास नहीं करना चाहिये. भ्रमवश भगवदीय मान कर यदि ऐसे लोगोंका विश्वास कर लिया जाय तब तो सङ्गदोषवशात् तथा असत्पुरुषमें सद्भाव रखनेके दोषवशात् निश्चित ही भक्तिमार्गसे अधःपतन हो जाता है. इसी कारणसे श्रीमहाप्रभुने निबन्धमें "कृष्णसेवापरं वीक्ष्य" द्वारा गुरुके जो लक्षण बतलाये हैं, उसी प्रकारसे गुरुकी भी परीक्षा करनी चाहिये...सच्चे भक्त और वंचक के बीच एक उल्लेखनीय अन्तर यही होता है कि वंचक अपनी वेषभूषा (तिलक-छापा, आचार-अपरस, नित्यसेवा, छप्पनभोगादिमनोरथ, "मेरा बालूडा" जैसी मिथ्या भावुकवाणी) आदि केवल प्रदर्शनार्थ ही अपनाता है. अतः एक सच्चा भक्त अपनी वास्तविक भावसामर्थ्य के अनुरूप जितनी मात्रामें इन बाह्यलक्षणोंको निभा पाता है, उससे कुछ अधिक ही इन बाह्यलक्षणोंका प्रदर्शन वंचक करता होता है. इस तरह अन्य सभी बातोंमें वंचक सच्चे भक्तोंकी बराबरी कर लेता है. अपने भक्तिभावको जनता ('क्यू' लगा कर) देखने आये ऐसी अपेक्षा एक सच्चा भक्त (जैसे कि वंचक अखबारोंमें विज्ञापन दे कर

तथा घरके द्वारपर सूचनापट्ट लगा कर आम जनता उसके सेव्यस्वरूपकी सेवा-मनोरथको देखने आये ऐसी अपेक्षा रखता है) कभी नहीं रखता. अपने सेव्य प्रभुको रिझानेमें रूपिया-पैसा-फेंकनेवाले दर्शनार्थिओंकी अपेक्षा न रख पाना वंचकसे निभ नहीं पाता बस, इस एक असाधारण लक्षणके आधारपर वंचकको शीघ्र पहचाना जा सकता है. अतएव कोई न भी बुलाये पर वंचक हरेक धनदाताके पीछे लग ही जाता है (बहुधा स्वयं नहीं तो अपने एजेंट या समाधानी को ही लगा कर:अनुवादक). सच्चे भगवद्भक्त तो अनेक बार प्रार्थना करनेपर भी बड़ी मुश्किलसे कभी कुछ कृपा कर देते हैं, जबकि वंचक तो स्वार्थसे मोहित होनेके कारण कोई द्रव्यसम्पन्न है इतना पता चलते ही (लप्पुपंडा बन कर) पीछे पड जाता है. सच्चा भगवद्भक्त तो दीन-दरिद्रोंके साथ भी भेद बरते बिना उनके भक्तिभावोंका पोषण करता है. वञ्चक लोग कपटपूर्ण तथा चाटुकारितापूर्ण वचनोंसे लोगोंको सच्चे मार्गसे विपरीत दिशामें ले जाते हैं. जबकि सच्चा भगवद्भक्त तो औषधिके समान कडवे सिद्धान्तवचनोंके द्वारा सन्मार्गकी ओर ही ले जाता है (श्रीहरि.दु.वि.प्र.१६-३५)

(च) यो वदत्यन्यथावाक्यम् आचार्यवचनात् जनः। संसृतिप्रेरको वापि तत्सङ्गो दुष्टसङ्गमः।।
यश्च कृष्णे रतिं नित्यं बोधयत्यप्रयोजनाम्। निरपेक्षः सात्विकश्च तत्सङ्गः साधुसङ्गमः।।
(शिक्षापत्र.३।८-९)

(हिन्दी-भाषा-भावानुवाद)

(च)आचार्य वचनके विपरीत जो बातें करता हो अथवा संसारप्रेरक बातें जो करता हो उसका सङ्ग दुष्टसङ्ग है. जो श्रीकृष्णमें निष्प्रयोजन नित्यरति बढानेकी बातें करता हो और स्वयं भी निरपेक्ष और सात्विक हो उसका सङ्ग साधुसङ्ग है. (शिक्षापत्र.३।८-९).

